Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार
पुस्तकालय

विषय संख्या
पुस्तक संख्या
आगत पंजिका संख्या
पुस्तक पर किसी प्रकार का निशान लगाना वर्जित है। कृपया १५ दिन से अधिक समय तक पुस्तक अपने पास न रखें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

सन्दर्भ ग्रन्थ
REFERENCE BOOK

स्टाक प्रमाणीकरण १९८४-१९८५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

[संवत् २०२१ वि०]

वर्ष ६९ — अंक १

CHECKED 1973

संपादकमंडल

डा० संपूर्णानंद : श्री कमलापति त्रिपाठी
डा०.नगेंद्र : श्री शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र'
श्री करुणापति त्रिपाठी : श्री सुधाकर पांडेय
—संयो०, संपा० मंडल
—संयो०, पत्रिका एवं सह-संयो०, संपादकमंडल

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्रिका के उद्देश्य

१—नागरी लिपि और हिंदी भाषा का संरक्षण तथा प्रसार।

२—हिंदी साहित्य के विविध अंगों का विवेचन।

३—भारतीय इतिहास और संस्कृति का अनुसंधान।

४—प्राचीन अर्वाचीन शास्त्र, विज्ञान और कला का पर्यालोचन।

सूचना

१—प्रतिवर्ष, सौर वैशाख से चैत्र तक पत्रिका के चार अंक प्रकाशित होते हैं।

२—पत्रिका में उपर्युक्त उद्देश्यों के अंतर्गत सभी विषयों पर सप्रमाण और सुविचारित लेख प्रकाशित है।

३—पत्रिका के लिये प्राप्त लेखों की प्राप्तिस्वीकृत शीघ्र की जाती है और उनकी प्रकाशन संबंधी सूचना एक मास में भेजी जाती है।

४—लेखों की पांडुलिपि कागज के एक ओर लिखी हुई, स्पष्ट एवं पूर्ण होनी चाहिए। लेख में जिन ग्रंथादि का उपयोग या उल्लेख किया गया हो उनका संस्करण और पृष्ठादि सहित स्पष्ट निर्देश होना चाहिए।

५—पत्रिका में समीक्षार्थ पुस्तकों की दो प्रतियाँ आना आवश्यक है। उनकी प्राप्तिस्वीकृति पत्रिका में यथासंभव शीघ्र प्रकाशित होती है। परंतु संभव है उन सभी की समीक्षाएँ प्रकाश्य न हों।

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२१-१-६५

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से भेंट

वर्ष ६९
संवत् २०२१
अंक ३

संपादकमंडल

श्री डा० संपूर्णानंद
श्री कमलापति त्रिपाठी
श्री डा० नगेंद्र
श्री शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र'
श्री करुणापति त्रिपाठी
—संयोजक, संपादकमंडल
श्री सुधाकर पांडेय
—संयोजक पत्रिका एवं
सहसंयोजक, संपादकमंडल

वार्षिक मू० १०·००
इस अंक का ५·००

नागरीप्रचारिणी सभा
वाराणसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

110783
Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
110783

विषयसूची

१. अर्जुन का विषादयोग : एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण
—डा० कन्हैयालाल सहल ... २४१
२. समुद्रगुप्त : मेहरौली-स्तंभ-अभिलेख का नरेश—श्रीराम गोयल २६१
३. अमरकोश का मध्यकालीन हिंदी कोशों पर प्रभाव
—डा० अचलानंद जखमोला, एम० ए०, डी० फिल० . २८२
४. भर्तृहरि की दृष्टि में अष्टाध्यायी का 'प्रकार' शब्द
—डा० कपिलदेव शास्त्री ... ३०२
५. बंबई का पारसी रंगमंच—डा० रणधीर उपाध्याय ... ३१६
६. हिंदी नखशिख-काव्य-परंपरा—डा० शालग्राम गुप्त ... ३२५
७, इतिहासवाद और ऐतिहासिक उपन्यास की सामाजिक उपयोगिता
—डा० रमेश कुंतलमेघ ... ३३५
८. हिंदी व्याकरण का संक्षिप्त इतिहास—डा० राजाराम रस्तोगी ३४८
९. पौराणिकी
सभा संग्रह से आचार्य पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी के कुछ पत्र ३६३
१०. विमर्श
संत नामदेव की हिंदी पदावली : एक आलोचना
—डा० माताप्रसाद गुप्त ... ३७४
आंचलिक उपन्यास—डा० पुष्पा हजेला ... ३८१
जोधराज-हम्मीररासो के रचयिता या परिष्कारक ?-मूलचंद 'प्राणेश' ३८७
राम-काव्य-धारा का एक दुर्लभ बृहत् काव्य—डा० गोपीवल्लभ नेमा ३९५
साँया झुला कृत नागदमण—डॉ० अंबाशंकर नागर ... ३९८
स्मृति काल में वैदिक एवं पांचरात्र विचारधारा का संबंध
—प्रो० सिद्धेश्वर भट्ट, एम० ए० ... ४०३
राजस्थानी भाषा और बोलियाँ—रूपचंद पारीक, एम० ए० ... ४१४
चयन
राम और कृष्ण के मध्य कालांतर ४२१
निर्देश ४२४
समीक्षा
भागवतदर्शन—डा० देवेंद्रनाथ शर्मा ४२६
हिंदी भाषा आंदोलन-एक समीक्षा—जी० नायक ... ४२७

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साहित्य और मनोविज्ञान, राजवाड़े लेखसंग्रह, मानसमयूख, प्रासादमंडन, औचित्यविमर्श, भक्ति-रसामृत-सिंधु, दसवेआलियं
—डा० रामखेलावन पांडेय ... ४३१

शीलनिरूपण : सिद्धांत और विनियोग,
लक्ष्मीनारायण मिश्र के सामाजिक नाटक—डा० शितिकंठ मिश्र ४३२
ईहामृग—डा० त्रिभुवन सिंह ४३४
सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य—डा० वासुदेव सिंह ४३५
मूल बीजक—नैयायिक ४३६
स्वगता, संक्रांत—सुधाकर पांडेय ४३७
नाटक बहुरूपी—मनु शर्मा ४३८
रागकोष, रवींद्र संगीत—डा० प्रेमलता शर्मा ४३९
बिसराम के बिरहे—श्याम तिवारी ... ४४०
एक शिकारी हजार शेर, स्कूल से पूर्व बच्चों का लालन पालन, सामुदायिक विकास, कविता : १९६४, नन्ही नर्तकी, निमाड़ी और उसका लोकसाहित्य, राजस्थानी लोककथाएँ भाग १, २, रेल की पटरियाँ, 'जनसाहित्य' का नेहरू-स्मृति-अंक, अभिसार, नेहरू : अंतिम झलक, नटरंग—कुँवरजी अग्रवाल ... ४४०
समीक्षार्थ प्राप्त ... ४४२
सभा की प्रगति—सहायक मंत्री ... ४४५

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

वर्ष ६६] कार्तिक, संवत् २०२१ [अंक ३

अर्जुन का विषादयोग—एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

डा० कन्हैयालाल सहल

रवि बाबू ने अपने व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) नामक व्याख्यानसंग्रह में एक स्थान पर लिखा है कि हमारी सबसे बड़ी आशा ही यह है कि संसार में दुःख का अस्तित्व है। बच्चे को माता में पूर्ण विश्वास रहता है, इसीलिये तो वह चिल्लाता है। यदि ऐसा न हो तो उसकी वाणी मूक हो जायगी। इसी प्रकार मनुष्य की अपूर्णता का अर्थ ही यह है कि पूर्णता में उसकी श्रद्धा है। इस दुःख से प्रेरित होकर ही तो मनुष्य उपासना द्वारा अपने ही हृद्देश में प्रच्छन्न असीम परमात्मा के द्वार खटखटाता है जिससे उसकी गहन अंतर्वृत्ति का उद्घाटन होता है और बिना तर्क वितर्क के वह आदर्श की सचाई में विश्वास करने लगता है।

बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्यों[1] में से दुःख को प्रथम आर्य सत्य के रूप में स्वीकार किया गया है। इसी प्रकार सांख्य दर्शन के चतुर्व्यूहात्मक मोक्षशास्त्र[2] में भी हेय अर्थात् दुःख पहला व्यूह माना गया है।

१ : चार आर्य सत्य : (१) दुःख, (२) दुःखहेतु, (३) दुःखनिरोध, (४) दुःख-निरोध-गामिनी प्रतिपत्ति [मार्ग]।

२ : सांख्य के चतुर्व्यूह : (१) त्रिविध दुःख, (२) हान, दुःखों की आत्यंतिक निवृत्ति, (३) हेय हेतु, अविद्या, (४) हानोपाय, तत्त्वज्ञान।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एक दृष्टि से देखा जाय तो दुःख विभु का वरदान है क्योंकि दुःख में चित्त की कठोरता दूर होती है, अहं विगलित होता है, हृदय में करुणा जाग्रत होती है, पाप से डर पैदा होता है और मनुष्य ईश्वरोन्मुख होने लगता है। कवि-कुल-गुरु कालिदास के शब्दों में भली भाँति तपाए जाने पर लोहा भी मृदुता धारण कर लेता है, प्राणधारियों का तो कहना ही क्या है !'

अभितप्तमयोऽपि मार्दवं भजते कैव कथा शरीरिषु ।

रहस्यवादी निर्गुण संतों तथा कवियों ने भी दुःख की महिमा का गान किया है। कबीर कहते हैं कि जब मैं सुख की खोज कर रहा था, तभी दुःख से मेरा साक्षात्कार हो गया। मैंने सुख से विदा लेते हुए कहा कि हे सुख ! अब तुम अपने घर जाओ = अब तो हम जानें और हमारा दुःख :

कबीर सुख कौं जाइ था, आगैं आया दुक्ख।
जाहि सुक्ख घरि आपणैं, हम जाणौं अरु दुक्ख॥

कबीर की दृष्टि में सुखिया संसार तो खाने और सोने में मस्त रहता है, कबीरदास जैसा 'दुखिया' ही जाग्रत रहता है और दुःख सहता है।[3] सुख में परमात्मा के दर्शन नहीं होते, दुखी व्यक्ति अपने आँसुओं द्वारा परमात्मा को प्राप्त करने में समर्थ होता है।[4]

जायसी भी दिव्य लोक की प्राप्ति में दुःख की अनिवार्यता स्वीकार करते हैं :

एहि रे पंथ सो पहुँचै, सहै जो दुक्ख वियोग।

किंतु मीरा की निम्नलिखित उक्ति को हम परमार्थता अथवा गंभीरता के रूप में ग्रहण नहीं कर सकते :

जो मैं ऐसा जानती, प्रीत करै दुःख होय।
नगर ढिंढोरा पीटती, प्रीति करै ना कोय॥

कोई भी सच्चा प्रेमी दुःख के भय से प्रेम करना नहीं छोड़ता। कबीर के शब्दों में वह भली भाँति जानता है कि प्रेम का घर खाला का घर नहीं होता, इसमें तो वही प्रवेश कर सकता है जो अपना सिर काटकर पृथ्वी पर रख देता

३ : सुखिया सब संसार है, खावै अरु सोवै।
दुखिया दास कबीर है, जागै अरु रोवै॥

४ : हँसि हँसि कंत न पाइए, जिनि पाया तिनि रोइ।
जे हाँसें ही हरि मिलै, तो नहीं दुहागनि कोइ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है।[1] इस संबंध में तो टेनिसन की वह उक्ति सार्थक प्रतीत होती है जहाँ कहा गया है :

इट इज बेटर टु हैव लव्ड एंड लॉस्ट
दैन नेवर टु हैव लव्ड ऐट ऑल

वस्तुतः, जैसा जायसी कहते हैं, दुःख में जो प्रेम का माधुर्य है, उसी के कारण प्रेमी को सुख और विश्राम की प्राप्ति होती है :

दुख भीतर जो प्रेम मधु जामा।
सुख पाइअ मन होइ बिसरामा॥

हिंदी के छायावादी कवि भी दुःख के गौरव का गान करने में किसी से पीछे नहीं रहे हैं। श्री सुमित्रानंदन पंत दुःख के बिना सुख को निःसार समझते हैं; बिना आँसू के जीवन, उनकी दृष्टि में भार है। दुनिया में दीनता और दुर्बलता के कारण ही क्षमा, दया और प्यार दिखलाई पड़ते हैं :

बिना दुःख के सुख है निःसार
बिना आँसू के जीवन भार;
दीन दुर्बल है रे संसार
इसी से क्षमा, दया औ प्यार।†

जो व्यक्ति सदा सुखी रहता है, वह दूसरों के दुःखों की ओर ध्यान नहीं देता। 'आँसू' के कवि के शब्दों में :

बेसुध जो अपने सुख से
जिनकी हैं सुप्त व्यथाएँ
अवकाश भला है किनको
सुनने को करुण कथाएँ ?

खाली न सुनहली संध्या मानिक मदिरा से जिनकी
वे कब सुननेवाले हैं, दुख की घड़ियाँ भी दिन की।

श्रीमती महादेवी वर्मा का काव्य तो प्रायः वेदना और दुःख से ही मुखरित है। कवयित्री की दृष्टि में दुःख जीवन का ऐसा काव्य है जो सारे संसार को एक

१ : कबीर यहि घर प्रेम का, खाला का घर नाहिं।
सीस उतारै भुँइ धरै, सो पैठे एहि माहिं॥

† दुःख इस मानव आत्मा का रे, नित की मधुमय भोजन
दुःख के तम को खा खाकर, भरती प्रकाश से वह मन। —पंत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सूत्र में बाँधे रखने की क्षमता रखता है। उनके 'करुणामय' को तम के परदों में आना अच्छा लगता है, इसलिये वे नभ की तारावली को क्षण भर बुझ जाने के लिये कहती हैं :

करुणामय को भाता है, तम के परदों में आना।
हे नभ की दीपावलियो! तुम क्षण भर को बुझ जाना।

प्रसिद्ध है कि कुंती से जब वर माँगने के लिये कहा गया तो उसने भगवान् से दुःख का ही वर माँगा था क्योंकि, कबीर के शब्दों में, दुःख के समय ही मनुष्य भगवान् को याद करता है :

सुख के माथे सिल पड़ो, नाम हृदय तें जाय।
बलिहारी वा दुःख की पल पल नाम रटाय॥[1]

यही कारण है कि साधक तथा भक्त दुःख को अभिशाप न समझकर भगवान् का वरदान समझते हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता में चार प्रकार के भक्तों का उल्लेख हुआ है, जिनमें 'आर्त' की गणना सर्वप्रथम की गई है :

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥

जिज्ञासु, अर्थार्थी और ज्ञानी भगवत्स्मरण में भले ही कुछ देर कर दें, किंतु आर्त के लिये विलंब असह्य हो उठता है।

जब गजेंद्र के प्राण संकट में पड़ गए और ग्राह से अपने छुटकारे का कोई उपाय उसे न सूझा तो उसने भगवान् की शरण लेते हुए कहा :

भीतं प्रपन्नं परिपाति यद्भयान्मृत्युः प्रधावत्यरणं तमीमहि। ८।२।३३

अर्थात् कालरूपी सर्प से भयभीत तथा शरणागत की जो रक्षा करता है एवं जिसके भय से काल चारों ओर भगा करता है, मैं उसी परमेश्वर की शरण लेता हूँ।

गजेंद्र की पुकार पर जब भगवान् उसके स्थान पर पहुँचे तो गजेंद्र ने कमलसहित सूँड को ऊपर उठाकर आर्त स्वर में पुकारकर कहा :

उत्क्षिप्य सांबुजकरं गिरमाहकृच्छ्रा,
नारायणाऽखिलगुरो भगवन्नमस्ते।

१. डेंजर पास्ट, गॉड इज़ फॉरगॉटेन।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हे नारायण हे सकल जगत् के गुरु भगवान्। आपको मेरा नमस्कार है।

जब भगवान् ने उस पीड़ित गजराज को देखकर यह समझा कि गरुड़ यथासमय उस तक नहीं पहुँच सकेगा तो गरुड़ से उतरकर वे तत्काल ही उसके पास पहुँचे और उसका उद्धार किया।

श्रीमद्भगवद्गीता जैसे विश्वविश्रुत ग्रंथ का प्रारंभ जो अर्जुन के विषाद से होता है, वह सर्वथा उचित है, क्योंकि विषाद अथवा दुःख ही ऐसी तीव्रानुभूति है जिसके द्वारा आत्मजागृति तथा आत्मोपलब्धि होती है। गीता के प्रथम अध्याय को केवल अर्जुनविषाद न कहकर 'विषादयोग' की संज्ञा दी गई है। 'योग' शब्द के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए डा० राधाकृष्णन् लिखते हैं :

'अध्याय का अंत निराशा और दुःख में होता है और इसे भी 'योग' कहा गया है, क्योंकि आत्मा का यह अंधकार भी आध्यात्मिक जीवन की ओर प्रगति के लिये एक आवश्यक सोपान है। हममें से अधिकांश लोग प्रश्नों का सामना किए बिना ही सारा जीवन बिता देते हैं। कभी विरले संकट के क्षणों में ही, जब हमारी महत्वाकांक्षाएँ ढेर हुई हमारे पैरों के पास पड़ी होती हैं, जब हमें पश्चात्ताप तथा व्यथा के साथ अनुभव होता है कि हमने अपने जीवन की क्या दुर्दशा कर डाली है, हम चिल्ला उठते हैं : 'हम यहाँ किसलिए हैं ? और हमें यहाँ से कहाँ जाना है ?' 'मेरे परमात्मा, मेरे परमात्मा, तूने मुझे क्यों त्याग दिया है ?' द्रौपदी चिल्ला उठती है : 'न पति मेरे हैं, न पुत्र, न संबंधी, न भाई, न पिता मेरे हैं और हे कृष्ण, तुम भी मेरे नहीं हो।'

नैव मे पतयः सन्ति, न पुत्रा न च बान्धवाः।
न भ्रातरो न च पिता, नैव त्वं मधुसूदन॥

अर्जुन महान् आत्मिक तनाव में से गुजर रहा है। जब वह अपने आपको सामाजिक दायित्व से पृथक् कर लेता है और पूछता है कि उसे समाज द्वारा उससे प्रत्याशित कर्तव्यों को क्यों पूरा करना चाहिए, तो वह अपने सामाजिकीकृत आत्मा को पीछे कर देता है और अपने आपको व्यष्टि, एकाकी और सबसे पृथक् रूप में पूरी तरह अनुभव करता है। वह संसार के संमुख भयावनी अवस्था में पटक दिए गए एक अजनबी व्यक्ति के समान खड़ा होता है। यह नई स्वतंत्रता चिंता, एकाकीपन, संदेह और असुरक्षा की गंभीर अनुभूति उत्पन्न कर देती है। यदि उसे सफलतापूर्वक काम करना हो, तो उसे इन अनुभूतियों पर विजय पानी ही होगी।'[1]

१. श्री विराज एम० ए० द्वारा अनूदित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने ही बंधु बांधवों को युद्ध में समुपस्थित देखकर अर्जुन जैसे प्रसिद्ध योद्धा के हाथ से गांडीव धनुष छूट गया और उसका मस्तिष्क चक्कर खाने लगा। प्रश्न यह है कि क्या अर्जुन कौरवों की विशाल वाहिनी को देखकर भयभीत हो गया था? अर्जुन जैसे धनुर्धारी के संबंध में यह शंका नहीं की जा सकती। वस्तुस्थिति यह है कि अर्जुन अपने संबंधियों को मारना नहीं चाहता। अपने ही चचा, भाई, भतीजों आदि की हत्या वह कैसे कर डाले? उसने इस बात को साफ स्वीकार भी किया है 'स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव ?' यदि अर्जुन को किसी अन्य शत्रु से मुकाबला करने के लिये भेजा जाता तो वह अवश्य बड़े हर्षपूर्वक युद्ध करने के लिये चला जाता, उसपर रणोन्माद छा जाता, हर्ष से उसकी छाती फूल जाती। तब वह युद्ध की बुराइयों का उपदेश भी किसी को नहीं देता। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि गीता के प्रथम अध्याय में जितने थोड़े शब्दों में युद्ध की अधिक से अधिक हानियाँ दिखलाई गई हैं, वे शायद ही इस रूप में अन्यत्र वर्णित हुई हों। वस्तुतः हमारा हृदय जो चाहता है, उसी का समर्थन मोहवश हम करने लगते हैं। हृदय की अदम्य इच्छा के सामने बुद्धि का कुछ वश नहीं चलता, वह भी हाँ में हाँ मिलाने लगती है। मनोविज्ञान की भाषा में यह 'युक्तीकरण (राशनलाइजेशन) के नाम से प्रसिद्ध है। कामायनी के यशस्वी कवि श्री जयशंकरप्रसाद ने इस मनोवैज्ञानिक तथ्य को निम्नलिखित रूप में प्रकट किया है :

बन जाता सिद्धांत प्रथम फिर, पुष्टि हुआ करती है
बुद्धि उसी ऋण को सबसे ले सदा भरा करती है।
मन जब निश्चित सा कर लेता, कोई मत है अपना
बुद्धि दैव बल से प्रमाण का सतत निरखता सपना।

आसक्ति के कारण निर्णय दूषित हो जाता है, जैसा निम्नलिखित उदाहरणों से स्पष्ट है :

१ : एक न्यायाधीश थे जिन्होंने एकाधिक बार फाँसी की सजा सुनाई थी। एक दिन उनका लड़का ही ऐसा अपराध कर बैठा जिसकी सजा सिवाय फाँसी के और कुछ नहीं हो सकती थी। किंतु न्यायाधीश सोचने लगे, यह फाँसी कोई अच्छी चीज नहीं, इससे न समाज का भला होता है, न अपराधी का। फाँसी के बदले किसी दूसरी सजा का आविर्भाव किया जाना चाहिए। न्यायाधीश की युक्तियाँ चाहे युक्त हों, किंतु उनके चित्त के मोहाविष्ट हो जाने के कारण उनकी युक्तियाँ आसक्ति और पूर्वग्रह से दूषित हो गई थीं।

इस प्रसंग में अंग्रेजी की एक कहावत भी उल्लेखनीय है जिसमें कहा गया है :

'देन क्वोद प्लाउडेन, द डिफ्रिन इज चेंज्ड।'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्लाउडन नाम के एक न्यायाधीश थे जिन्होंने पहले तो अनासक्ति और तटस्थता के कारण उचित निर्णय दिया था, किंतु जब उन्हें पता चला कि उनका यह निर्णय स्वकीय हितों के विरोध में है तो वे चट बोल उठे : तब तो निर्णय भी बदल गया। रवींद्र की एक कथा में भी जब यह पता चला कि अपराधी राजकुमार है तो दंड की घोषणा वापस ले ली गई।

एक भोजपुरी लोककथा के अनुसार पाँच सात लड़कों ने मिलकर एक गदहे को मार डाला। पंडित जी के पास लोग न्याय के लिये पहुँचे। पंडित जी ने कहा कि गदहे की हत्या के कारण लड़कों को अवश्य कड़ा दंड मिलना चाहिए। किंतु किसी ने कहा कि पंडित जी महाराज ! गदहे की इस हत्या में आपका लड़का संतोष भी शामिल है। इतना सुनना था कि सिर खुजलाते हुए पंडित जी बोल उठे :

पाँच सात लरिका एक संतोष
गदहा मरिले कौना ना दोष।

अच्छा, पाँच सात लड़कों ने मिलकर गदहे की हत्या की है और उनमें एक संतोष भी था तब तो गदहे के मार डालने में कोई दोष नहीं रहा।

२ : संस्कृत विश्वपरिषद् में संमिलित होने के लिये हम लोग बनारस गए थे। एक स्टेशन पर मैंने देखा, गाड़ी आने में विशेष देर नहीं थी। यात्री पंक्तिबद्ध खड़े थे और प्रतिक्षण खिड़की खुलने की आवाज की प्रतीक्षा कर रहे थे। थोड़ी देर बाद खिड़की खुली; किंतु टिकट बाबू अपने एक मित्र से बातचीत करने में संलग्न था। मित्र को वह बतला रहा था कि मेरी पत्नी की बहिन बहुत अच्छा गाती है, रेडियोवालों की ओर से भी उसे निमंत्रण मिलते हैं और उसकी सुमधुर आवाज का तो क्या कहना। एक यात्री धीरे धीरे गुर्राया; लगा कहने : इस स्टेशन मास्टर को गोली से उड़ा दिया जाए तो कितना अच्छा रहे। यह नहीं देखता, गाड़ी आनेवाली है; यात्री जाड़े से ठिठुर रहे हैं और इसे अपनी पत्नी की बहिन और रेडियो की पड़ी है। जहन्नुम में जाए यह बहिन और उसका रेडियो।

एक क्षण के लिये आप कल्पना कीजिए, संयोग से यदि यही टिकट बाबू अपनी वृद्धा माता को लेकर यात्रा के लिये निकले और उसको भी हड्डियों तक को कँपा देनेवाले शीत में पंक्तिबद्ध खड़े होकर प्रतीक्षा करनी पड़े और वह किसी टिकट बाबू को इसी प्रकार की घरेलू बातों में रस लेता हुआ देखे तो उसी सामान्य मुसाफिर की सी प्रतिक्रिया क्या उसके मन में नहीं उत्पन्न होगी ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३ : एक बार एक सज्जन, जो मुझसे बिल्कुल अपरिचित थे, सपत्नीक मेरे यहाँ आए। कहने लगे : देखिए, 'इनको' पढ़ाने में मैंने क्या नहीं किया, ट्यूशनों की व्यवस्था की, घर का काम छुड़ाया, किंतु अब नौका मँझधार में है। आप ही इस नौका को पार लगा सकते हैं। फिर कुछ ठहरकर बोले : स्त्रीशिक्षा का तो हमारे देश में वैसे भी अभाव है, आप जैसे विद्वान् यदि सहारा नहीं लगाएँगे तो कैसे पार पड़ेगा ?

वे चाहते थे कि मैं उन्हीं की उपस्थिति में उक्त महिला की उत्तर-पुस्तक निकालकर उन्हें मुक्तहस्त होकर अंक दे दूँ।

ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट है कि 'स्व' की भावना से अभिभूत होने के कारण हम उचित निर्णय नहीं कर पाते। अर्जुन के तर्कों का भी मूल स्वर यही है : 'स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव ?' अपने ही लोगों को मौत के घाट उतारकर हम कैसे सुखी होंगे !

अर्जुन के मन में विषाद ने कैसे घर किया, इसपर थोड़ा विचार कीजिए। जब कौरवों की ओर से शंख बजाए गए और युद्धारंभ की सूचना दी गई, तब श्वेत घोड़ोंवाले बड़े रथ में विराजमान कृष्ण और अर्जुन ने अपने दिव्य शंख बजाए। अर्जुन ने अपना देवदत्त शंख बजाया जो उसे खांडवदाह के समय अग्नि से प्राप्त हुआ था। कपिध्वज अर्जुन ने शस्त्रप्रहार प्रारंभ होने के समय अपना धनुष उठाकर हृषीकेश भगवान् श्रीकृष्ण से कहा कि हे अच्युत, इन दोनों सेनाओं के बीच मेरा रथ खड़ा कर दीजिए जिसमें मैं युद्धार्थ खड़े हुए लोगों को देख लूँ। दुष्ट बुद्धिवाले दुर्योधन का हित चाहनेवाले जो इस युद्ध में आए हैं, मैं देख रहा हूँ, उन सबसे युद्ध होगा ही।

जब भगवान् ने दोनों सेनाओं के बीच में रथ खड़ा कर दिया तो अर्जुन को वहाँ सब अपने ही बांधव दिखलाई पड़े। उसका युद्धोत्साह जाता रहा, वह कृपा से आविष्ट हो गया और विषादयुक्त होकर भगवान् से कहने लगा अपने स्वजनों को युद्ध में खड़ा देखकर मेरे शरीर के अवयव टूट से रहे हैं, मुख सूखा जा रहा है, शरीर काँपने लगा है, सब रोम खड़े हो गए हैं, गांडीव हाथ से छूटा पड़ता है, सब शरीर की त्वचा मानों जल रही है। मैं तो खड़ा भी नहीं रह सकता। मेरा मन चक्कर सा खा रहा है। मुझे चारों ओर बुरे-बुरे शकुन दिखलाई पड़ रहे हैं। युद्ध में अपने लोगों को मारकर मैं कोई कल्याण नहीं देखता। बड़े खेद की बात है कि केवल राजसुख के लोभ से हम इतना बड़ा पाप करने को उद्यत हो गए, केवल राज्य से थोड़ा सुख प्राप्त करने के लोभ से हम अपने बांधवों को मारने के लिये तैयार हो गए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयं।
यद्राज्यसुखलोभेन हंतुं स्वजनमुद्यताः॥

अर्जुन जिस दया के वशीभूत होकर युद्ध से पराङ्मुख हो रहा है, वह दया वास्तव में सच्ची दया नहीं है। इस दया के मूल में स्वार्थवृत्ति है जिसके कारण वह ऐसा कार्य करने से हिचकता है जिसमें उसे अपने ही लोगों को चोट पहुँचानी होगी। वह आत्मदया की भावुकतापूर्ण मनोवृत्ति के कारण पीछे हटना चाहता है। यह दया उसके आध्यात्मिक विकास या सत्वगुण की प्रधानता का परिणाम नहीं है, अपितु अज्ञान और वासना अथवा तमोगुण की उपज है। जिस दया के वशीभूत होकर वह अपने नियत कर्तव्य का त्याग करना चाहता है, वह त्याग तामसिक ढंग का त्याग है :

नियतस्य तु संन्यासः कर्मणो नोपपद्यते।
मोहात्तस्य परित्यागस्तामसः परिकीर्तितः॥ १८।७

अर्थात् नियत कर्म का त्याग उचित नहीं है। मोह से यदि उसका परित्याग कर दिया जाय तो यह त्याग तामस कहा जायगा। अर्जुन के हृदय में जो दया और अहिंसा की भावना जगी है, उसका कारण यह नहीं है कि वह आध्यात्मिक विकास की उस स्थिति तक पहुँच गया है जहाँ करुणा और मानवी प्रेम व्यक्तित्व का सहज अंग बन जाता है। यह वस्तुतः मोह का परिणाम है जिसके कारण राजस प्रवृत्तिवाला अर्जुन 'तामस त्याग और वैराग्य' की ओर उन्मुख हो रहा है।

उक्त मिथ्या आत्मदया के साथ साथ अर्जुन विषाद के वशीभूत हो रहा है जो एक अप्रिय 'संवेग' है। आशा, हर्ष, प्रेम, साहस, हास आदि प्रिय संवेग हैं तथा क्रोध, भय, घृणा, चिंता, निराशा, विषाद आदि अप्रिय संवेगों के अंतर्गत आते हैं। अप्रिय संवेगों का हमारे शरीर और मन पर बड़ा बुरा प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिये एक अप्रिय संवेग क्रोध को लीजिए। डा० एल० पी० वर्मा के मतानुसार क्रोध का निम्नलिखित प्रभाव पड़ता है :

(१) पाचन क्रिया रुक जाती है।
(२) अँतड़ियाँ सिकुड़ जाती हैं।
(३) हृदय की गति तीव्र होकर ८० से १०० तक हो जाती है।
(४) रक्तचाप जो साधारणतया १२० रहता है, २३० हो जाता है।
(५) कभी कभी अत्यधिक क्रोध से मस्तिष्क की रक्तकोशिकाएँ फट जाती हैं। हृदय की छोटी सी रक्तकोशिका, जिसे 'कोरोनरी आर्टरी' कहते हैं, और भी छोटी हो जाती है जिसके परिणामस्वरूप क्रोधी व्यक्ति कभी कभी अपनी जान से भी हाथ धो बैठता है। जान हंटर नामक एक चिकित्सक के लिये कहा जाता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कि उसे खराब कोरोनरी आर्टरी के साथ साथ क्रोधी स्वभाव भी मिला था। एक दिन एक विद्यार्थी ने कुछ बेतुके सवाल उससे पूछे जिससे वह क्रोध से अभिभूत हो गया और उसकी इहलीला समाप्त हो गई।

जब हनुमान ने लंका जला दी तो उन्हें बड़ी चिंता हुई कि क्रोध के कारण मुझसे बड़ा अनर्थ हो गया। लंका जब भस्मीभूत हो गई है तो जानकी भी अवश्य जल गई होंगी। मैं स्वामिघातक हूँ, अब मेरे जीवित रहने से भी क्या प्रयोजन सिद्ध होगा। वे पुरुष श्रेष्ठ हैं जो उठे हुए क्रोध को बुद्धिबल से रोक लेते हैं। जो ऐसा नहीं कर पाते, उनके लिये क्रोध बड़ा घातक है।

क्रुद्धः पापं न कुर्यात्कः क्रुद्धो हन्याद् गुरूनपि।
क्रुद्धः परुषया वाचा नरः साधूनधिक्षिपेत् ॥५।५५।४
वाच्यावाच्यं प्रकुपितो न विजानाति कर्हिचित्।
नाकार्यमस्ति क्रुद्धस्य नावाच्यं विद्यते क्वचित् ॥५।५५।५

क्रुद्ध मनुष्य कौन सा पाप नहीं कर डालता ? हो सकता है, क्रुद्ध व्यक्ति गुरुओं की भी हत्या कर दे ? क्रुद्ध पुरुष अपनी कठोर वाणी से साधुओं की भी निंदा करने लगता है। कुपित होने पर उसके लिये वाच्यावाच्य का विचार नहीं रह जाता, क्रुद्ध के लिये न कहीं कुछ अकार्य है और न कहीं कुछ अवाच्य।

क्रोध की ही भाँति एक दूसरा अप्रिय संवेग है विषाद जिसका गीता के प्रथम अध्याय में चित्रण हुआ है। विषाद के शारीरिक प्रभावों की दृष्टि से अर्जुन की निम्नलिखित उक्तियाँ उल्लेखनीय हैं :

सीदन्ति मम गात्राणि मुखं च परिशुष्यति।
वेपथुश्च शरीरे मे रोमहर्षश्च जायते ॥ २९ ॥
गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक्चैव परिदह्यते।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः ॥ ३० ॥

पारिभाषिक शब्दावली का आश्रय लेकर कहें तो कह सकते हैं कि अंगों का ढीला पड़ना, मुँह का सूखना, शरीर का काँपना, रोंगटों का खड़ा होना, हाथ से गांडीव धनुष का फिसलना और खड़ा न रह सकना, ये सब 'विषाद' नामक संवेग के 'अनुभाव' हैं। अर्जुन का यह कथन भी कि मुझे बुरे बुरे शकुन दिखलाई पड़ रहे हैं, उसके हृदयदौर्बल्य का द्योतक है :

निमित्तानि च पश्यामि विपरीतानि केशव।
न च श्रेयोऽनुपश्यामि हत्वा स्वजनमाहवे ॥ ३१ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

11.07.83

यद्यपि पुष्पिका में गीता के प्रथम अध्याय को 'विषादयोग' का नाम दिया गया है, तथापि इस विषाद के साथ साथ वह भय भी मिला हुआ है जो स्वजनवधजन्य विचारमात्र से उद्‌भूत हुआ है। अर्जुन का यह भय कौरवों की विशाल सेना को देखकर उत्पन्न नहीं हुआ है। आयुर्वेद के विद्वानों का कहना है कि भय और शोक के लक्षणों का पूर्ण चित्रण ऊपर के श्लोकों में हुआ है।

राजस्थान के प्रसिद्ध कवि बाँकीदास ने कहा है कि शूरवीर न तो जन्मपत्र देखता है और न शकुन अपशकुन का ही विचार करता है[1]। निश्चय ही अर्जुन भी यदि स्वजनों को छोड़कर अन्य शत्रुओं से युद्ध करने के लिये जाता तो अपशकुनों की बात नहीं करता। किंतु आज तो वह यह समझता है कि इससे बड़ा अपशकुन और क्या होगा कि स्वजन ही उससे लड़ने के लिये रणभूमि में एकत्र हुए हैं। और तो और, भीष्म तथा द्रोणाचार्य से बाण लेकर वह कैसे युद्ध करे ? वे तो पूजा के योग्य हैं, युद्ध में लड़ने के योग्य नहीं हैं। गुरुओं की हत्या की अपेक्षा तो भीख माँगना अच्छा है। गीताकार ने अर्जुन की आत्मदया, उसके भय, उसके विषाद और उसकी दुविधा का मार्मिक चित्रण किया है। अर्जुन के मुख से 'भ्रमतीव च मे मनः' कहलवाकर गीताकार ने उक्त विषाद के मानसिक प्रभाव का सूत्ररूप में पूर्ण चित्रण कर दिया है। अर्जुन का मन क्यों चक्कर खा रहा है, इसका प्रमुख कारण यह है कि वह ऐसे तनाव की स्थिति में से गुजर रहा है कि अपना कर्तव्य निश्चित नहीं कर पाता, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया है। उसकी दृष्टि में इस किंकर्तव्यविमूढ़ता का कारण है उसके स्वभाव का कार्पण्य अथवा दीनता के दोष से उपहत होना। डा० राधाकृष्णन् के शब्दों में 'अर्जुन केवल निराशा, चिंता या संशय से ही प्रेरित नहीं है अपितु वह निश्चय के लिये तीव्र इच्छा से भी प्रेरित है। अपनी अविवेकशीलता को अनुभव करना व्यक्ति के विकास की ओर आगे बढ़ना है। अपूर्णता की सजग अनुभूति इस बात की द्योतक है कि आत्मा सचेत है और जब तक वह सचेत है, वह सुधर सकती है, जैसे जीवित शरीर किसी जगह चोट खा जाने या कट जाने पर फिर स्वस्थ हो सकता है। मानव प्राणी पश्चात्ताप के संकटकाल में से गुजरकर उच्चतर दशा की ओर बढ़ता है।

जिज्ञासुओं का यह सामान्य अनुभव है कि वे जब प्रकाश की देहली पर खड़े होते हैं, तब भी संशयों और कठिनाइयों से ग्रस्त रहते हैं। जब प्रकाश किसी

१. सूर न पूछे टीपणौ, सकुन न देखे सूर।
मरणां नूं मंगल गिणै, समय चढ़े जद नूर॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मा में चमकना शुरू होता है तो वह उसके प्रतिरोध के लिये अंधकार को भी बुलवा देता है। अर्जुन के सामने बाह्य और आंतरिक कठिनाइयाँ, उदाहरण के लिये संबंधियों और मित्रों का प्रतिरोध, संशय और भय, वासनाएँ और इच्छाएँ विद्यमान हैं। इन सबको वेदी पर बलि कर देना होगा और ज्ञान की आग में भस्म कर देना होगा। अंधकार के साथ संघर्ष तब तक चलता रहेगा जब तक व्यक्ति का संपूर्ण अपनापन प्रकाश से न भर उठे। दीनता के बोझ से दबा हुआ, क्या सही है और क्या गलत, इस विषय में दुविधा में पड़ा हुआ अर्जुन अपने गुरु से, अपने अंदर विद्यमान भगवान् से प्रकाश और पथप्रदर्शन प्राप्त करना चाहता है। जब किसी का संसार नष्ट हो रहा हो, तब वह केवल अंतर्मुख होकर भगवान् की असीम दया के रूप में ज्ञान की खोज कर सकता है।

अर्जुन किसी अधिविद्या की माँग नहीं करता, क्योंकि वह ज्ञान का अन्वेषक नहीं है। वह तो कर्मशील मनुष्य है, इसलिये वह कर्म का विधान जानना चाहता है। वह अपना कर्तव्य जानना चाहता है। वह जानना चाहता है कि उसे इस कठिनाई के अवसर पर क्या करना है। 'स्वामी, तुम मुझसे क्या करने की अपेक्षा करते हो ?'

अर्जुन की भाँति साधक को अपनी दुर्बलता और अज्ञान का अनुभव करना होगा और फिर भी उसे परमात्मा की इच्छा के अनुसार कार्य करने, और वह इच्छा क्या है, उसे खोज निकालने के लिये कटिबद्ध होना होगा।'[1]

अर्जुन के आंतरिक संघर्ष का विश्लेषण करने के लिये हमें उसकी चेतना के विभिन्न स्तरों पर विचार करना होगा। उसके चेतन मस्तिष्क में रह रहकर यह विचार उठता है कि अपने ही व्यक्तियों को वह मौत के घाट कैसे उतार दे ? ऐसा करने से वह बड़े भारी पाप का भागी होगा। किंतु उसके अवचेतन मन में यह विचार भी आता होगा कि दुर्योधन आदि कौरव बड़े अन्यायी हैं और भविष्य में कभी भी वे नीतिपूर्वक शासन करने की इच्छा नहीं करेंगे।

फ्रायड आदि मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार हमारी संपूर्ण चेतना के दस अंशों में से नौ अंश अचेतन हैं तथा शेष अंश अर्धचेतन। अर्जुन के अचेतन मन में योद्धा-सुलभ उन संस्कारों का पुंज एकत्रित है जिनके वशीभूत होकर वह अब तक अनेक युद्ध कर चुका है। किंतु इस समय क्षत्रियोचित उन सभी संस्कारों को वह भूला हुआ है। जिस वैराग्य की अर्जुन बात करता है, वह उसकी प्रकृति अथवा स्वभाव नहीं

१. श्री विराज एम० ए० द्वारा अनूदित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। यह वैराग्यभावना मोह से उद्भूत है और तात्कालिक प्रतिक्रिया मात्र है। अर्जुन की चेतना के गहनतम स्तरों से उसका कोई संबंध नहीं है। अर्जुन वह बनना चाहता है जो वह स्वयं नहीं है। वह स्वधर्म को छोड़कर परधर्म अपनाने की बात करता है। आगे चलकर श्रीकृष्ण ने स्पष्ट शब्दों में कहा भी है :

> सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि।
> प्रकृतिं यांति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति॥

अर्थात् ज्ञानी भी अपनी प्रकृति के अनुरूप चेष्टा करता है। सभी प्राणी प्रकृति की ओर जाते हैं। यहाँ निग्रह से क्या होगा? बुद्ध ने जो 'महाभिनिष्क्रमण' किया, संसार छोड़कर जिस वैराग्य का आश्रय लिया, वह उनकी प्रकृति के अनुरूप था। इसलिये गीता भी इस तरह के वैराग्य का निरोध नहीं करेगी। किंतु अर्जुन जिस संन्यास का आश्रय लेना चाहता है, वह उसका स्वभाव अथवा स्वधर्म नहीं है। जिस काम की हमें आदत है, जो हमारा स्वभाव है, उसे पूरा करने में हमारे मन पर कोई बोझ नहीं पड़ता, उसे हम अनायास कर डालते हैं, किंतु जो हमारी प्रकृति नहीं है, उसे अपनाने में मस्तिष्क पर भार पड़ता है और उस अवस्था में मानसिक तनाव उत्पन्न होना अवश्यंभावी है।

फ्रायडवादियों के मतानुसार मानसिक तनाव का कारण है सुखसिद्धांत। (प्लेजर प्रिंसिपुल) और आदर्श अहं (सुपर इगो) का संघर्ष। संसार में प्रत्येक मनुष्य सुख प्राप्त करना चाहता है किंतु कभी कभी जब उसका आदर्श अहं बीच में आकर बाधा डालता है तो तनाव पैदा हुए बिना नहीं रहता। यह हम नहीं कह सकते कि अर्जुन की राज्यसुख भोगने की वासना अथवा इच्छा का नाश हो चुका है, राज्यसुख भोगना वह चाहता है किंतु उसका आदर्श अहं अथवा उसका अंतःकरण बीच में बाधक सिद्ध होता है। उसका अंतःकरण इस बात की गवाही नहीं देता कि अपने ही लोगों की हत्या कर वह राज्यसुख भोगे। यही कारण है कि अर्जुन बड़ी उलझन में पड़ गया है और वह निश्चय नहीं कर पाता कि वह क्या करे?

मनुष्य किस प्रयोजन को लेकर कर्म में प्रवृत्त होता है, इस संबंध में दार्शनिकों ने अनेक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है। उनमें से एक है सुखवाद का सिद्धांत (हिडोनिज्म)। यदि मनुष्य केवल व्यक्तिगत सुख को दृष्टि में रखकर कोई कार्य करता है तो स्वार्थ की प्रधानता के कारण इस प्रकार के कर्म को प्रशंस्य नहीं माना जाता। इसलिये कुछ दार्शनिक व्यक्तिगत सुखवाद (इगोइस्टिक हिडोनिज्म) के स्थान पर सार्वजनीन सुखवाद (युनिवर्सलिस्टिक हिडोनिज्म) का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समर्थन करते हैं। गीता के प्रथम अध्याय में अर्जुन भी कर्म के प्रयोजन को दृष्टि में रखकर कहता है कि अपने ही आदमियों की हत्या कर हम सुखी कैसे होंगे? राज्यसुख के लोभ से स्वजनों का वध करने के लिये जो हम उद्यत हो गए हैं यह तो बहुत बड़ा पाप है।[1]

अर्जुन की उक्तियों से स्पष्ट है कि उसकी दृष्टि व्यक्तिगत सुख की ही ओर है, समष्टि के सुख की ओर नहीं। उसका ध्यान इस ओर नहीं जाता कि जो युद्ध में उसकी सहायता के लिये एकत्र हुए हैं, उनका क्या होगा, यदि वह युद्ध से पराङ्मुख हो जायगा। वह इस ओर से भी उदासीन है कि उसके युद्ध से विरत होने पर दुर्योधन आदि द्वारा अत्याचार किए जाने पर प्रजा की क्या हालत होगी। अत्याचारी शासक के राज्य में जनता कैसे सुखी रह सकती है? निश्चय ही जिस भावना से प्रेरित होकर अर्जुन युद्ध से मुख मोड़ रहा है, वह भावना दूषित है।

कर्म के प्रयोजन के संबंध में सुप्रसिद्ध दार्शनिक कांट का कहना है कि कर्तव्य केवल कर्तव्य की दृष्टि से किया जाना चाहिए। समष्टि के सुख को लक्ष्य में रखकर जो भी कार्य किया जायगा, उसके संबंध में भी 'गारंटी' क्या है कि समष्टि को सुख मिल ही जायगा? कर्मफल के नियामक केवल हम ही नहीं होते, अन्य बाह्य शक्तियाँ भी कर्म-फल-निष्पत्ति में योग देती हैं। अतः कर्म का प्रयोजन न व्यक्तिगत सुखवाद होना चाहिए, न समष्टिगत सुखवाद। केवल कर्तव्य को दृष्टि में रखकर अनासक्त भाव से कर्म किया जाना चाहिए। कर्तव्यभावना में किए गए कर्म का फल कर्तव्यभावना ही है, कर्तव्यभावना के अतिरिक्त और किसी फल की आशा नहीं रखनी चाहिए। वस्तुतः कर्म की अनासक्त प्रक्रिया ही उसका फल है, उसका पुरस्कार है।

कुछ विचारकों का कहना है कि किसी भी कर्म के शुभाशुभ निर्णय के संबंध में कर्ता की बुद्धि (इंटेंशन) ही एकमात्र कसौटी होनी चाहिए। किंतु बुद्धि को कसौटी स्वीकार कर लेने पर भी हम कर्तव्य से बाह्य किसी दूसरी वस्तु को कसौटी के रूप में ग्रहण कर रहे हैं; कर्म का प्रयोजन वस्तुतः कर्तव्यभावना के अतिरिक्त और किसी बाह्य वस्तु को नहीं मानना चाहिए।

युद्ध न करने के संबंध में अर्जुन का जो दृष्टिकोण है वह व्यक्तिगत सुखवाद से ऊपर नहीं उठता, इसलिये किसी भी प्रकार ग्राह्य नहीं माना जा सकता।

१. स्वजनं हि कथं हत्वा सुखिनः स्याम माधव।
अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम्।
यद्राज्यसुखलोभेन हन्तुं स्वजनमुद्यताः॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि मन में बुराई और भलाई का संघर्ष हो तथा यह निश्चित रूप से मालूम हो कि यह बुराई है तो निर्णय पर पहुँचने में कोई कठिनाई नहीं होती। किंतु कठिनाई वहाँ उपस्थित होती है जहाँ संघर्ष 'सचाई' और भलाई' अथवा 'औचित्य' और 'सुख' के बीच हो। अर्जुन का संघर्ष 'औचित्य' तथा 'सुख' का संघर्ष है। इसीलिये वह उचित निर्णय के अभाव में किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया है।

यदि उचित काम करने से अपना तथा दूसरों का भला होता है तो कोई नैतिक समस्या उत्पन्न नहीं होती और आसानी से निर्णय किया जा सकता है। किंतु नैतिक समस्या वहाँ उत्पन्न होती है जहाँ 'औचित्य' और भलाई' में परस्पर विरोध होता है। उदाहरण के लिये कल्पना कीजिए कि दो देशों में युद्ध के परिणाम-स्वरूप संधि होती है किंतु संधि की एक शर्त के रूप में शत्रु एक निरापराध व्यक्ति की जान लेना चाहता है, अन्यथा वह निर्बल राष्ट्र को तहस नहस कर देगा। ऐसी स्थिति में एक निरापराध व्यक्ति की जान बचाई जाय अथवा समूचे राष्ट्र को नष्ट होने से बचाया जाय? औचित्य की दृष्टि से निरापराध व्यक्ति की रक्षा राष्ट्र का कर्तव्य है, किंतु राष्ट्र के सुख की दृष्टि से निरापराध व्यक्ति की बलि कर देना आवश्यक है। राजस्थान के इतिहास में प्रसिद्ध है कि हमीर ने एक व्यक्ति की रक्षा के लिये अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी।

सामान्यतः यह देखा जाता है कि मनुष्य भलाई के लिये औचित्य का बलिदान करने को तैयार हो जाता है, न कि औचित्य के लिये भलाई का। अर्जुन भी यही करता हुआ दिखलाई पड़ता है। अंतर केवल यही है कि अर्जुन भलाई को उचित भी ठहरा रहा है। किंतु, जैसा ऊपर कहा गया है, यदि भलाई और औचित्य में कोई संघर्ष न हो तो विकट नैतिक समस्या का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। यदि युद्ध न करना उचित है और उससे भला भी होता है तो फिर समस्या है ही कहाँ? किंतु वस्तुतः अर्जुन के साथ बड़ी भारी उलझन है। युद्ध के लिये जब दोनों सेनाएँ लड़ाई के मैदान में जुटी हुई हैं, अर्जुन का आत्मदयावश युद्ध से पराङ्मुख होना बड़ा अनुचित कार्य होगा, और जैसा आगे चलकर कृष्ण ने समझाया, ऐसा करने से वह अपने क्षत्रियोचित कर्तव्य का पालन नहीं कर सकेगा, उसकी अपकीर्ति होगी और उसे पाप लगेगा। लोग यह समझेंगे कि डरकर अर्जुन युद्ध से भाग गया, शत्रु अनेक प्रकार से उसकी निंदा करेंगे। और सच तो यह है कि प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिये अपयश मरण से भी बढ़कर है। इस प्रकार कृष्ण ने अर्जुन को जो मार्ग दिखलाया, वही उचित मार्ग था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किंतु कर्म और अकर्म का निर्णय करना, जैसा गीताकार ने कहा है, वास्तव में बड़ा कठिन कार्य है। 'भलाई' किसी कार्य का प्रयोजन हो अथवा 'औचित्य', इस संबंध में दो अतिवादी दृष्टिकोणों का उल्लेख यहाँ अप्रासंगिक न होगा। पहला दृष्टिकोण जी० ई० मूर का है जिसके मतानुसार ऐसे किसी कार्य का जान बूझकर समर्थन नहीं किया जा सकता जिसके कारण किसी वैकल्पिक कार्य की अपेक्षा कुल मिलाकर दुनिया की हालत और भी खराब हो जाय।[1] दूसरा दृष्टिकोण कांट का है जिसके अनुसार कुछ कर्तव्य ऐसे होते हैं जिनका पालन करना हर हालत में उचित है चाहे उसके परिणामस्वरूप दुनिया की दशा और भी बिगड़ जाय अथवा दुनिया का खात्मा ही हो जाय।[2]

हिंदुस्तान का, भारत और पाकिस्तान, इन दो भागों में बाँटा जाना यद्यपि उचित नहीं था तथापि भलाई की दृष्टि से राष्ट्र ने औचित्य को तिलांजलि दे दी थी। दूसरी स्थिति आक्रांता चीन और भारत के सीमा संबंधी विवाद के उदाहरण से स्पष्ट की जा सकती है। भारत अपने स्वाभिमान को तिलांजलि देकर, औचित्य की सर्वथा अवहेलना कर, केवल 'भलाई' को लक्ष्य में रखकर चीन से कोई अपमानजनक संधि नहीं कर सकता, चाहे उसका परिणाम कुछ भी क्यों न हो। और फिर इस प्रकार की अपमानजनक संधि से लोगों का भी अंततः भला ही होगा, यह भी कैसे मान लिया जाय?[3] न्यूयार्क विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सिडनी हुक के निम्नलिखित विचार यहाँ उल्लेखनीय हैं :

"बुद्धिस्ट सेंट आन् एनी अदर हू, आउट आव रेस्पेक्ट फॉर द राइट टु लाइफ आव मैन आर बीस्ट रिफ्यूजेज, इवेन टु यूज फोर्स, रिफ्यूजेज इवेन टु किल, इवेन ह्वेन दिस इज द ओनली मेथड, ऐज इट समटाइम्स इज, दैट विल सेव मल्टीट्यूड्स फ्राम सफरिंग ऐंड डेथ, मेक्स हिम सेल्फ रेसपांसिबुल फार

१. द फर्स्ट इज जी० ई० मूर्स व्यू दैट इट इज सेल्फ-एविडेंट दैट इट कैन नेवर बी राइट नोइंगली टु एप्रूव ऐन ऐक्शन दैट वुड मेक दि वर्ल्ड ऐज ए होल वर्स दैन सम आल्टरनेटिव ऐक्शन।

२. द सेकेंड इज कांट्स व्यू दैट देयर आर सम ड्यूटीज दैट इट वुड आलवेज बी राइट टु परफॉर्म, इविन इफ द कांसिक्वेंसेज आव द ऐक्शन रिजल्टेड इन ए वर्स वर्ल्ड आर इन नो वर्ल्ड ऐट आल।—प्रैग्मैटिज्म ऐंड द ट्रैजिक सेंस आव लाइफ (दि अमेरिकन रिव्यू, अप्रैल, १९६१, पृ० ३७)।

३. किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द ग्रेटर ईविल, आल द मोर सो बिकाज ही क्लेम्स टु बी ऐक्टिंग आउट आव कंपैशन। ही कैननाट एवायड गिल्ट हेंदर वी रिगार्ड हिम ऐज मोर दैन मैन आर लेस दैन मैन। नो मोर दैन वी, इज ही एस्केप टु ट्रैजिक डिसिजन।"

कभी कभी ऐसी परिस्थिति आती है जब औचित्य की रक्षा के लिये युद्ध, हत्या और बलप्रयोग के अतिरिक्त और कोई चारा ही नहीं रह जाता। उस समय भी यदि कोई बौद्ध संत युद्ध और वध का दयावश समर्थन न करे तो परिणाम-स्वरूप जो अपेक्षाकृत अधिक अनिष्ट अथवा बुराई संभव है, उसका सारा दायित्व उसी संत पर होगा। ऐसी स्थिति में दया दिखलाना अपराध होगा जिससे वह बौद्ध संत मुक्त नहीं हो सकेगा, चाहे हम उसे मानव से वह अधिक मानें या मानव से कम। इस प्रकार के दुःखात्मक निर्णय के दायित्व से वह बच नहीं सकता। यहाँ यह स्मरणीय है कि महात्मा गांधी जैसे अहिंसावादी संत ने भी काश्मीर में सेना भेजने की अनुमति दे दी थी।

कृष्ण ने कौरवों को समझाने का पूरा प्रयत्न किया किंतु जब दुर्योधन 'सूच्यग्र भूमि' देने के लिये भी तैयार नहीं हुआ तो कृष्ण के पास युद्ध के अतिरिक्त और कोई चारा नहीं रह गया था। किंतु कौरवों और पांडवों दोनों की सेनाएँ जब लड़ाई के मैदान में एकत्रित हुईं, अर्जुन मोह और मिथ्या दया के वशीभूत हो गया। महाराज हरिश्चंद्र के जीवन में भी एक बार कुछ ऐसी ही विकट समस्या उपस्थित हुई थी। रोहिताश्व की मृत्यु पर शैव्या जब उसे दाह संस्कार के लिये श्मशान भूमि में ले गई तो हरिश्चंद्र ने उससे मृत्युकर की माँग की। किंतु उसके पास कर देने के लिये कुछ था ही नहीं। उसने गहरी साँस लेते हुए कहा—हाय! आज चक्रवर्ती सम्राट् की महारानी के पास मृत्युकर चुकाने के लिये भी कुछ नहीं! इसपर हरिश्चंद्र शैव्या को पहचान गए। और शैव्या ने जब हरिश्चंद्र को पहचाना तो कहने लगी, 'महाराज! आपकी यह हालत।' हरिश्चंद्र बोल उठे, 'देवि! मुझे महाराज' शब्द से संबोधित न करो; आज तो मैं डोम सरदार का सेवक मात्र हूँ।'

हरिश्चंद्र यदि शैव्या पर दया दिखलाकर उससे मृत्युकर वसूल न करते, उसे यह समझकर छोड़ देते कि देखनेवाला कौन है, तो निश्चय ही वे अपने कर्तव्य से च्युत हो जाते। दूसरी बात यह कि अपनी पत्नी के प्रति दया दिखलाना तो अपने ही प्रति दया दिखलाना होता। हरिश्चंद्र जागरूक थे और वे अपने कर्तव्य से च्युत नहीं हुए। उन्होंने शैव्या से कहा, 'यदि तुम्हारे पास मृत्युकर के रूप में देने के लिये कुछ भी नहीं है तो तुम अपनी साड़ी का आँचल फाड़कर दे दो।' यह देखकर देवताओं ने आसमान से पुष्प बरसाए। आज भी हम हरिश्चंद्र और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शैव्या के उस पुराकालीन उपाख्यान का स्मरण कर भावसुमनों की वृष्टि किया करते हैं। हरिश्चंद्र के सत्य और कर्तव्यभाव ने महात्मा गांधी पर भी अपनी गहरी छाप छोड़ी थी।

स्पष्ट है कि हरिश्चंद्र का निर्णय सही निर्णय था। उन्होंने आत्मदया की कमजोरी नहीं दिखलाई, वे ममता के वशीभूत नहीं हुए और उन्होंने कठोरता से अपने कर्तव्य का पालन किया। दूसरों से कर वसूल किया जाय और अपने संबंधियों को यों ही छोड़ दिया जाय, यह कौन सा न्याय है? दूसरे अनुचित कार्य करते हों, अत्याचार और अन्याय का आश्रय लेते हों तो उन्हें मौत के घाट उतार दिया जाय किंतु अपने ही बंधु बांधव जब अत्याचार करें तो उनके प्रति दया दिखलाकर उन्हें छोड़ दिया जाय! क्या यह उचित होगा? धर्मशास्त्रों में तो कहा गया है कि यदि कोई आततायी सामने आ रहा हो तो बिना विचारे उसका वध कर डालना चाहिए :

'आततायिनमायान्तं हन्यादेवाविचारयन्।'

अर्जुन जानता है कि दुर्योधन आदि कौरव आततायी हैं किंतु ममता, मोह तथा आत्मदया के वशीभूत होकर वह कहता है :

'पापमेवाश्रयेदस्मान् हत्वैतानाततायिनः।'

अर्थात् इन आततायियों को मारने पर भी हमें पाप ही लगेगा।

कर्तव्यपालन करते समय जब कोई मनुष्य 'स्व' और 'पर' के आधार पर निर्णय करने लगता है तो उसकी विवेकबुद्धि जाती रहती है और उसका निर्णय दूषित हो जाता है। इसी स्व और परविषयक भेदबुद्धि के वशीभूत होने के कारण अर्जुन कहने लगा कि अपने ही आदमियों को मौत के घाट उतार देने की अपेक्षा संन्यासी का जीवन व्यतीत करते हुए भिक्षा माँगना अच्छा है, तीनों लोकों का राज्य मुझे मिलता हो तो भी स्वजनवध जैसा जघन्य कार्य करने के लिये मैं तैयार नहीं। किंतु अर्जुन की इस त्यागभावना का यदि विश्लेषण किया जाय तो स्पष्ट प्रतीत होगा कि यह कितना खोखला और निस्सार भाव है। त्याग तो उस वस्तु का किया जाता है जो किसी के पास हो। त्रैलोक्य का राज्य तो दूर रहा, उसके पास इस लोक का ही राज्य कहाँ है जिसका त्याग वह कर सके। बल्कि उसे तो यह भी संदेह है कि युद्ध होने पर हम जीतेंगे या प्रतिपक्षी विजयी होंगे :

'न चैतद्विद्मः कतरन्नो गरीयो यद्वा जयेम यदि वा नो जयेयुः।'

जिसे अपनी विजय तक का पूरा भरोसा नहीं, वह कौन से राज्य का त्याग कर सकेगा? वास्तव में जिसका त्याग वह कर रहा है, वह है मात्र कर्तव्य का त्याग।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब यह कहने में तनिक भी संदेह नहीं रह जाता कि अर्जुन बड़े विषाद और मानसिक तनाव की स्थिति में है। इस मानसिक तनाव की स्थिति में से जब तक कोई व्यक्ति निकल नहीं जाता, तब तक उसका मन बड़ी बेचैनी का अनुभव करता है। गंभीर मनोविज्ञान (डेप्थ साइकालाजी) के विशेषज्ञ डा० इरा प्रोगाफ के शब्दों में 'जीवन के किसी मोड़ पर जब तक विकट संघर्ष की स्थिति नहीं आती, तब तक मनुष्य स्वभाव (सेल्फहुड) की सड़क की ओर उन्मुख नहीं होता। आध्यात्मिक विकाससुख की प्रक्रिया यही है, किंतु इस प्रक्रिया में मानस की गहराइयों में ऐसी हलचल उत्पन्न होती है जिससे कोई ऐसी बहुमूल्य वस्तु प्रादुर्भूत होती है जो अन्यथा संभव नहीं है। किंतु बहुधा तनाव हमारे विकास में सहायता पहुँचाने की अपेक्षा हमारे नाश का भी कारण बन सकता है, जैसा आज के युग में हो रहा है।' इसीलिये गुरु की आवश्यकता होती है। वास्तव में उच्च आत्मा ही गुरु की संज्ञा है। आत्मबीज तो हममें से प्रत्येक में है। गुरु के द्वारा उसका प्रस्फुटन और विकास होता है। बीज का पुष्पित होना वांछनीय है।[1]

मानसिक तनाव की स्थिति में से गुजरते हुए अर्जुन को कृष्ण जैसा पथ-प्रदर्शक मिल गया। बड़े बेचैन होकर अर्जुन ने कृष्ण से पूछा, 'जो मेरे लिये श्रेयस्कर हो, उसे निश्चित रूप में आप मुझे बतलाएँ।' इसपर कृष्ण ने जो गीता का उपदेश दिया, उससे अर्जुन का मोह दूर हुआ और वह स्वस्थ बना।

युद्धविजय के उपरांत अर्जुन ने एक दिन श्रीकृष्ण से कहा कि आपने मुझे पहले जो उपदेश दिया था भ्रष्टचित्त होने के कारण मैं उसे भूल गया हूँ और वही उपदेश आपसे फिर सुनना चाहता हूँ —

> यत् तद् भगवता प्रोक्तं पुरा केशव सौहृदात्।
> तत् सर्वं पुरुषव्याघ्र नष्टं मे भ्रष्टचेतसः॥ ६॥
>
> (अश्वमेध पर्व, अध्याय १६)

१. ऐट-एनी-प्वाइंट क्राइसिस इज द रोड टु सेल्फहुड। ग्रोथ इज रेयरली ए हैप्पी प्रोसेस बट इन द प्रोसेस, द डेप्थ्स आव द साइक गेट स्टर्ड ऐंड समथिंग कम्स आउट, समथिंग वैल्युएबुल, ह्विच वी वुड नाट अदरवाइज हैव आर यूज बट टेंशन वेरी आफेन इंस्टेड आव हेल्पिंग आवर डेवलपमेंट, हेल्प्स आवर ओन डिस्ट्रक्शन सच ऐज इज हैपेनिंग टुडे हेंस, गुरु इज नेसेसरी टु इज नो अदर दैन हायर सेल्फ। द सीड इज देयर इन एवरीबडी बट द फ्लावरिंग आव द सीड इज मोस्ट इंपार्टेंट ह्विच इज पासिबुल थ्रू द स्पिरिचुअल गाइड।

—डा० इरा प्रोगाफ; साइकोलाजिस्ट आव द डेप्थ.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इसपर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि हे अर्जुन ! तुमने अपनी नासमझी के कारण उस उपदेश को जो याद नहीं रखा, यह बात मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आई। उन बातों का पूरा पूरा स्मरण अब संभव नहीं :

अबुद्धया नाग्रहीर्यस्त्वं तन्मे सुमहदप्रियम् ।
न च साद्य पुनर्भूयः स्मृतिर्मे संभविष्यति ॥ १० ॥ (वही)

हे पांडुनंदन ! निश्चय ही तुम बड़े श्रद्धाहीन हो, तुम्हारी मेधाशक्ति बहुत मंद जान पड़ती है। हे धनंजय ! मैं अब उस उपदेश को ज्यों का त्यों नहीं कह सकता :

नूनमश्रद्दधानोऽसि दुर्मेधा ह्यसि पांडवः ।
न च शक्यं पुनर्वक्तुमशेषेण धनंजय ॥ ११ ॥ (वही)

इस प्रकार अर्जुन को फटकार बताकर श्रीकृष्ण ने अनेक आख्यानों की सहायता से फिर उपदेश दिया जो 'अनुगीता' के नाम से प्रसिद्ध है। 'अनुगीता' के अंत में भी अनासक्ति योग की प्रशंसा तथा ममता का खंडन किया गया है :

कुर्वते ये तु कर्माणि श्रद्दधाना विपश्चितः ।
अनाशीर्योगसंयुक्तास्ते धीराः साधुदर्शनः ॥ ६ ॥
(अश्वमेध पर्व, अध्याय १०)

जो विद्वान् समत्वयोग में स्थित हो श्रद्धा के साथ कर्तव्यकर्मों का अनुष्ठान करते हैं और उनके फल में आसक्त नहीं होते, वे धीर और उत्तम दृष्टिवाले माने गए हैं। 'मम' की भावना को मृत्यु ठहराते हुए आगे कहा गया है :

द्व्यक्षरस्तु भवेन्मृत्युस्त्र्यक्षरं ब्रह्मशाश्वतम् ।
ममेति च भवेन्मृत्युर्न ममेति च शाश्वतम् ॥२६॥
(अश्वमेध पर्व, अध्याय ५१)

दो अक्षरों का पद 'मम' मृत्युरूप है और तीन अक्षरों का पद 'न मम' यह मेरा नहीं है यह भाव शाश्वत ब्रह्म की प्राप्ति करानेवाला है।

वस्तुतः जब तक ममत्व बुद्धि बनी रहती है, तब तक आसक्ति दूर नहीं होती और सच्चा स्वास्थ्यलाभ भी तभी होता है जब हम ममत्व और आसक्ति से ऊपर उठ जाते हैं।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समुद्रगुप्त : मेहरौली-स्तंभ-अभिलेख का नरेश

ले० श्रीराम गोयल

देहली से नौ मील दक्षिण की ओर मेहरौली नामक स्थान पर सुप्रथित कुतुबमीनार के निकट रायपिथौरा के प्राचीन दुर्ग में स्थित लौहस्तंभ पर एक लेख उत्कीर्ण है, जो पिछले सवा सौ वर्षों से भारतीय विद्याविशारदों के लिये घोर वादविवाद का विषय बना हुआ है। इसमें एक शासक के एकाधिराज्य स्थापित करने और सुदूरस्थ स्थानों पर विजय प्राप्त करने का विवरण दिया गया है। प्रारंभ में यह अभिलेख देहली - लौह - स्तंभ - अभिलेख नाम से प्रसिद्ध था। कालांतर में फ्लीट ने इसे 'मेहरौली - लौह - स्तंभ अभिलेख' नाम दिया, क्योंकि उनके विचार से मेहरौली नाम 'मिहिरपुरी' का विकृत रूप है और 'मिहिरपुरी' नाम हूणराज मिहिरकुल का स्मरण दिलाता है।[1]

'चंद्र' के अभिज्ञान की समस्या

वैमत्य का कारण — मेहरौली अभिलेख को सर्वप्रथम जेम्स प्रिंसेप ने १८३४ ई० में लेफ्टिनेंट विलियम इलियट द्वारा लिखित प्रतिलिपि से तैयार किए गए लिथोग्राफ की सहायता से प्रकाशित किया। उन्होंने इसमें उल्लिखित नरेश का नाम 'वाव' पढ़ा।[2] १८७५ ई० में भाऊदा जी ने इसका संशोधित पाठ सानुवाद प्रकाशित कराया। इसमें उन्होंने राजा का नाम 'चंद्र' पढ़ा।[3] इस पाठ को फ्लीट ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रंथ में मान्यता प्रदान की।[4] तब से भारतीय - विद्या - विशारद प्रायः निर्विवाद रूप से उस अभिलेख में उल्लिखित नरेश को 'चंद्र' नामधारी मानते रहे हैं। परंतु उसके अभिज्ञान के प्रश्न पर उनमें भारी वैमत्य है। भारतीय इतिहास में चंद्रगुप्त मौर्य से लेकर गुप्तसम्राट् चंद्रगुप्त द्वितीय

१. कॉर्पस, ३, पृ० १३६।
२. जे० ए० एस० बी०, ३, (१८३४), पृ० ४९४।
३. जे० बी० बी० आर० ए० एस०, १०, पृ० ६३।
४. फ्लीट, कार्पस, ३, पृ० १३९-४२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विक्रमादित्य तक जितने 'चंद्र' नामधारी राजा हुए हैं उनमें प्रायः प्रत्येक को मेहरौली अभिलेख का 'चंद्र' सिद्ध करने की चेष्टा किसी न किसी विद्वान् ने की है। परंतु समस्या का सही समाधान ढूँढ़ने में किसी को सफलता नहीं मिली है। इस असफलता का कारण इस गुत्थी को गलत सिरे की ओर से सुलझाने की चेष्टा करना रहा है। बहुधा इस समस्या पर विचार करनेवाले पंडित भाऊदा जी और फ्लीट के इस सुझाव को निर्विवाद सत्य मानकर चले हैं कि इस प्रशस्ति में उल्लिखित नरेश का नाम 'चंद्र' था। तत्पश्चात् उन्होंने यह खोजने की चेष्टा की है कि 'चंद्र' नामधारी वह कौन सा भारतीय नरेश हो सकता है जिसको उन सफलताओं का श्रेय प्रदान किया जा सके, जिनका उल्लेख मेहरौली प्रशस्ति में हुआ है। परंतु जैसा कि खुद फ्लीट ने ध्यान दिलाया है[४] और एलन ने स्वीकृत किया है[५], मेहरौली अभिलेख की जिस पंक्ति में इस राजा का नाम दिया गया है, उसका अन्वय दूसरे प्रकार से करने पर यह भाव निकलता है कि वस्तुतः 'चंद्र' उसका व्यक्तिगत नाम नहीं था, वरन् उसके मुख की शोभा चंद्रमा के समान होने के कारण वह 'चंद्र' नाम से भी विख्यात था। इससे संकेत मिलता है कि उसका वास्तविक नाम कुछ और रहा होगा। इसलिये हमारा सुझाव है कि मेहरौली के 'चंद्र' का तादात्म्य स्थापित करने के लिये हमें पहले उसकी सफलताओं का अध्ययन करना चाहिए और तब यह विचार करना चाहिए कि किस भारतीय नरेश को उन सफलताओं को प्राप्त करने का श्रेय निस्संकोच दिया जा सकता है।

'चंद्र' के विषय में ज्ञात सुनिश्चित तथ्य

अभिलेख में प्रदत्त तथ्य – मेहरौली अभिलेख के अनुसार 'चंद्र' ने :

(१) बंग में संगठित रूप से आक्रमण करने के लिये उद्यत शत्रुओं को परास्त किया,

(२) सिंधु के सात मुखों (सप्तमुखानिसिंधोः) को पार करके वाह्लिकों पर विजय प्राप्त की,

(३) अपनी कीर्ति से दक्षिण जलनिधि को सुवासित किया,

(४) अपनी भुजाओं के बल से (स्वभुजार्जितम्) पृथिवी पर 'एकाधिराज्य' स्थापित किया, और उसका चिरकाल तक (सुचिरम्) उपभोग किया तथा

४. वहीं, पृ० १४२; फु० नो० २।
५. ऐलन, कैटेलॉग, भू०, पृ० ३७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(५) विष्णुपद नामक पर्वत पर विष्णुध्वज (लौहस्तंभ) स्थापित किया।

कुछ व्युत्पादित तथ्य—इसके अतिरिक्त इस अभिलेख से कुछ अन्य तथ्य भी अप्रत्यक्षतः ज्ञात होते हैं। उदाहरणार्थ इससे मालूम होता है कि जिस समय यह उत्कीर्ण किया गया, 'चंद्र' संसार त्यागकर अपने दिव्य कर्मों से स्वर्ग में निवास कर रहा था लेकिन पृथिवी पर उसकी कीर्ति वर्तमान होने के कारण जीवित मालूम होता था। दूसरे शब्दों में मेहरौली अभिलेख उसका मरणोत्तर अभिलेख है। जैसा कि गोवर्धनराव शर्मा ने साग्रह कहा है, वाह्लीक और वंग में चंद्र के द्वारा शत्रुओं को पराजित किए जाने से यह संकेत मिलता है कि इन अभियानों के समय पंजाब, देहली उत्तर प्रदेश और बिहार इत्यादि उत्तर भारतीय प्रदेशों में शांति थी। दूसरे शब्दों में ये मध्यवर्ती प्रदेश इन युद्धों के लड़े जाने के पूर्व उसके साम्राज्य के अंग बन चुके थे। अतः मेहरौली अभिलेख में उल्लिखित इन युद्धों को उसके साम्राज्य का सीमायुद्ध मानना चाहिए।[1] श्री शर्मा का यह सुझाव निस्संदेह अत्यंत समीचीन है। परंतु अभाग्यवश उन्होंने अपने तर्क से एक अन्य आवश्यक निष्कर्ष न निकालकर उसे अधूरा छोड़ दिया है। मेहरौली - स्तंभ - लेख 'चंद्र' को 'स्वभुजार्जित एकाधिकाराज्य' स्थापित करने का श्रेय प्रदान करता है। उसका आशय केवल यही हो सकता है कि वंग और वाह्लिक प्रदेशों में प्राप्त विजयों के अतिरिक्त इस मध्यवर्ती साम्राज्य की स्थापना का महनीय कार्य भी उसने खुद ही किया था। अभाग्यवश इस तथ्य पर श्री शर्मा तथा अन्य विद्वानों ने इतना ध्यान नहीं दिया है जितना देना चाहिए था।

मेहरौली अभिलेख के अंतःसाक्ष्य के अतिरिक्त इसकी लिपि से भी इसमें उल्लिखित शासक की तिथि और उससे उसके अभिज्ञान की सहायता मिलती है। यद्यपि प्रारंभ में भाऊदा जी ने इस अभिलेख की लिपि को गुप्तोत्तरयुगीन माना था तथापि आजकल अधिकांश विद्वान् यह स्वीकृत करते हैं कि पुरालिपिशास्त्र के आधार पर इसे प्रारंभिक गुप्तयुग में रखना चाहिए। प्रिंसेप ने इसे तीसरी या चौथी शताब्दी ई० की माना है और फ्लीट ने लोहे की कठोरता के कारण अक्षरों में उत्पन्न होनेवाले काठिन्य को छूट देते हुए, इसके अक्षरों को समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति के अक्षरों के सदृश स्वीकृत किया है। इस मत का समर्थन मेहरौली स्तंभ की कला की समीक्षा करने से भी होता है। श्री फर्ग्युसन ने मेहरौली-स्तंभ के शीर्ष पर द्रष्टव्य फारसी प्रभाव के आधार पर इसकी तिथि चतुर्थ शताब्दी ई० का

१. आई० एच० क्यू० २१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तरार्ध घोषित की है। इससे स्पष्ट है कि 'चंद्र' निश्चित रूप से कोई प्रारंभिक गुप्त सम्राट अथवा उनके कुछ पहले शासन करनेवाला नरेश था।

कुछ विवादास्पद शब्दों की विवेचना

'वंग' शब्द का अर्थ — चंद्र के विषय में प्रदत्त उपर्युक्त तथ्यों में कुछ का अर्थ पूर्णतः असंदिग्ध नहीं है। उदाहरणार्थ 'वंगेषु' शब्द के दो अर्थ हो सकते हैं। या तो यहाँ इससे बंगाल के निवासियों की ओर सामान्य संकेत किया गया है अथवा आधुनिक बंगाल के एक विशिष्ट प्रदेश की ओर। जो विद्वान् यह कहते हैं कि वंग की विजय सर्वप्रथम चंद्रगुप्त द्वितीय ने की थी और उसी ने इसे जीतकर पुंड्रवर्धन भुक्ति के रूप में परिणत किया था वे स्पष्टतः इसका प्रथम अर्थ ग्रहण करते हैं क्योंकि पुंड्रवर्धनभुक्ति में आधुनिक बंगाल का उत्तरी भाग संमिलित था जब कि बंगाल के एक विशिष्ट प्रदेश के नाम के रूप में वंग से तात्पर्य संभवतः दक्षिणी बंगाल में गंगा के मुहानेवाले प्रदेश से होता था। रघुवंश में इसी प्रदेश को वंग कहा गया है।[1] इसके पूर्व में हुगली, पश्चिम में ब्रह्मपुत्र, उत्तर में वारेंद्र (पुंड्रवर्धन) तथा दक्षिण में बंगाल की खाड़ी माने गए हैं। हरिकेल और समतट इसमें संमिलित थे या नहीं, कहना कठिन है। आर्यमंजुश्रीमूलकल्प[2] में वंग, हरिकेल और समतट का एक साथ उल्लेख हुआ है। १२वीं शताब्दी ई० के गुजराती लेखक हेमचंद्र और जयमंगला के लेखक यशोधर[3] ने हरिकेल और वंग को एक बताया है। इत्सिंग[4] के अनुसार हरिकेल पूर्वी भारत[5] की पूर्वी सीमा था। अन्य साक्ष्य से भी हरिकेल का समुद्र तटवर्ती होना सिद्ध होता है। इससे लगता है कि इसमें समतट (दक्षिण पूर्वी बंगाल) भी संमिलित था। उस अवस्था में यह निष्कर्ष निकलेगा कि लगभग संपूर्ण दक्षिणी और दक्षिण पूर्वी बंगाल को सामान्यतः वंग नाम से पुकारा जाता था। इस निष्कर्ष का समर्थन १३वीं शताब्दी ई० के नरेश विश्वरूपसेन के मदनपाढ ताम्रपत्र अभिलेख से भी होता है जिसमें फरीदपुर जिले में स्थित कोटालिपाडा को वंग में स्थित बताया गया है।[6]

१. रघुवंश, ४।३६।

२. पॉल, अ० हि० बं०, १, पृ० ३-४।

३. मजूमदार, र० च०, हि० बं०, १, पृ० १५।

४. मजूमदार, वही।

५. वही, पृ० १७।

६. डी० आर० भंडारकर वॉल्यूम, पृ० ३५९, फु० नो० २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'सप्तमुखानिसिन्धोः' का अर्थ —'सप्तमुखानिसिन्धोः' पद का तात्पर्य क्या है, इसके विषय में भी विद्वानों ने विभिन्न मत रखे हैं। एस० के० आयंगर,[1] राधागोविंद बसाक[2], सुधाकर चट्टोपाध्याय[3] तथा अन्य अनेक विद्वानों ने इसको 'सिंधु नदी का मुहाना' अर्थ में ग्रहण किया है। डॉ० दि० चं० सरकार ने पूरी प्रशस्ति के वर्णन को रूढ़ अर्थ में लिया है। उनका कहना है कि मेहरौली अभिलेख में 'चंद्र' की दिग्विजय का वर्णन साहित्य और अभिलेखों में मिलनेवाली दिग्विजय के परंपरागत वर्णन से सादृश्य रखता है। भारत में प्राचीन काल से ही चक्रवर्ती क्षेत्र की कल्पना थी जिसके उत्तर में हिमालय, दक्षिण में मलय या महेंद्र पर्वत अथवा दक्षिण पयोधि, पूर्व उदयाचल अथवा लौहित्य नदी और पश्चिम में पश्चिम पयोधि अथवा मंदार पर्वत माने जाते थे। यशोधर्मन की दिग्विजय का विवरण इस प्रकार के परिपाटीबद्ध वर्णन का अच्छा उदाहरण है। मेहरौली - स्तंभलेख में उल्लिखित बाह्लीक प्रदेश, दक्षिण जलनिधि, वंग और 'सप्तमुखानिसिन्धोः' भी इसी प्रकार 'चंद्र' की दिग्विजय की उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी सीमा माने जा सकते हैं। स्पष्टतः डॉ० सरकार उपर्युक्त विद्वानों के समान 'सप्तमुखानिसिन्धोः' का अर्थ 'सिंधु नदी का मुहाना' मानते हैं।[4]

परंतु जैसा डॉ० र० च० मजूमदार ने ध्यान दिलाया है, 'सप्तमुखानिसिन्धोः' से 'सिंधु का मुहाना' अर्थ ग्रहण करना नितांत भ्रामक है।[5] एक तो संस्कृत में नदी के मुख से तात्पर्य मुहाने से न होकर 'उद्गम स्थान' से होता है। इसलिये यहाँ पर इस पद का वही अर्थ मानना अधिक समीचीन होगा जो 'सप्तसिंधु' पद से ग्रहण किया जाता है। दूसरे शब्दों में प्रशस्तिकार के अनुसार 'चंद्र' ने 'सप्तसिंधु' (संभवतः पंजाब की पाँच नदियाँ और काबुल तथा कुनार) को पार किया था। 'सप्तमुखानिसिन्धोः' का यह अर्थ अस्वाभाविक भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि प्राचीन काल में अगर सिंधु और उसके अतिरिक्त छः नदियों को संमिलित रूप से सप्तसिंधु कहा जा सकता था तो सिंधु के सप्तमुखों का उल्लेख भी हो सकता था। दूसरे, 'सप्तमुखानिसिंधोः' पद से 'सिंधु' का मुहाना अर्थ ग्रहण करना निश्चयतः असंगत है क्योंकि इस अर्थ को स्वीकृत करने से यह बताना

१. आयंगर, एस० के०, रा० इ० सा० इ० हि० क०, १, पृ० १६८।
२. बसाक, हि० नॉ०. ई० इ०, पृ० १४।
३. चट्टोपाध्याय, एस०, अ० हि० ना० इ० पृ० १७०।
४. पी० वी० काणे फ़ेतशक्रिफ्त वॉल्यूम (१९४१), पृ० ४६१।
५. जे० आर० ए० एस० बी० (एल०), ६, पृ० १७६ और आगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

असंभव हो जाता है कि 'चंद्र' 'सप्तमुखानिसिंधोः' को पार करके वाह्लिक प्रदेश अर्थात् बैक्ट्रिया या बलख किस प्रकार पहुँच सकता था। डॉ० सरकार खुद बाह्लिक प्रदेश का तादात्म्य बैक्ट्रिया से स्थापित करते हैं परंतु इसके साथ चक्रवर्ती क्षेत्र की कल्पना को 'मेहरौली - अभिलेख के वर्णन से संबद्ध करने का प्रयास भी करते हैं जिससे बड़ी विचित्र स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उनके दोनों सुझावों से केवल एक निष्कर्ष निकालना संभव है, और वह यह कि 'चंद्र' सिंधु के मुहाने को पार करके बैक्ट्रिया पहुँचा। परंतु स्पष्टतः ऐसा अनुमान करना उत्तर - पश्चिमी भारत के भूगोल से अपरिचय दिखाना मात्र होगा। वस्तुतः मेहरौली अभिलेख के वर्णन का चक्रवर्ती क्षेत्र की कल्पना से कोई संबंध नहीं है; क्योंकि न तो साहित्य में किसी स्थल पर वंग को ऐसे क्षेत्र की पूर्वी सीमा माना गया है और न वाह्लिक प्रदेश को उत्तरी सीमा। मेहरौली प्रशस्ति का वर्णन निश्चयतः तथ्यात्मक है और 'चंद्र' की विशिष्ट विजयों का विवरण प्रदान करता है।

'वाह्लिक' शब्द का अर्थ—बहुत से विद्वानों से इस समस्या को सुलझाने के लिये यह सुझाव रखा है कि 'चंद्र' ने जिन वाह्लिकों को पराजित किया था वे हिंदुकुश के पार वंक्षु की घाटी में नहीं वरन् पंजाब में विपाशा (व्यास) के तटवर्ती प्रदेश में निवास करते थे। इस मत का विशेष रूप से प्रतिपादन डा० डी० आर० भंडारकर[1], डॉ० एस० के० आयंगर[2] और राधागोविंद बसाक[3] ने किया है। उनके मत का आधार मुख्यतः रामायण में प्रदत्त एक श्लोक है जिसमें विष्णुपद, विपाशा और शाल्मली को परस्पर निकटवर्ती और वाह्लिक देश में स्थित बताया गया है।[4] एलन के विचार से भी वाह्लिक शब्द चौथी शताब्दी ई० तक पहलव और यवन शब्दों के समान भारत में विदेशी आक्रमणकारियों के लिये प्रयुक्त होनेवाला सामान्य शब्द हो गया था। इसलिये उन्हें भी मेहरौली के वाह्लिकों को भारत का निवासी मानने में कोई आपत्ति नहीं है।[5]

१ ज० आं० हि० रि० सो०, १०, पृ० ८६।
२. आयंगर, वही।
३. बसाक, वही।
४. वयुर्मध्येन वाह्लिकान् सुदामानम् च पर्वतम्।
विष्णोः पदम् प्रेषमाणाविपाशाम् चापि शाल्मलीम्॥
—रामा० २।६८।१८-१९।
५. एलन, वही, पृ० ३६।

CC-0. In Public Domain, Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परंतु 'वाह्लिके' शब्द की यह व्याख्या अत्यंत भ्रामक तर्कों पर आधारित है। एक तो मेहरौली स्तंभ अभिलेख की इस स्पष्ट उक्ति के विरुद्ध, कि 'चंद्र' ने सिंधु के सात मुखों को पार करके वाह्लिकों को पराजित किया, यह मानना कि उसके द्वारा पराजित वाह्लिक बल्ख या बैक्ट्रिया के निवासी न होकर पंजाब के निवासी थे, खुद अभिलेख के साक्ष्य के विरुद्ध जाना है, क्योंकि निश्चयत: विपाशा तक पहुँचने के लिये चंद्र' को 'सप्तमुखानिसिंधोः' अर्थात् 'सप्तसिंधु' को पार करने की आवश्यकता नहीं थी। दूसरे, जैसा डॉ० सरकार ने प्रदर्शित किया है, रामायण का उपर्युक्त पाठ संभवतः अशुद्ध है।[1] महाभारत और पुराणों में अनेक स्थलों पर पंचनद अथवा पंजाब को 'वाहीक' देश कहा गया है। महाभारत में कर्णपर्व में शल्य द्वारा शासित राज्य को पंचनद और वाहीक तथा वहाँ के रहनेवालों को मद्रक, जार्तिक और आरट्ट कहा गया है। दूसरे शब्दों में मद्रक, जार्तिक और आरट्ट संमिलित रूप से वाहीक नाम से पुकारे गए गए हैं। लेकिन महाभारत के इसी पर्व में एक स्थल पर केवल विपाशा प्रदेश के निवासियों को 'वही' और 'हीक' नामक पिशाचों की संतान होने के कारण 'वाहीक' कहा गया है।[2] स्पष्ट है कि मूलतः केवल विपाशा के तटवर्ती प्रदेश के निवासी वाहीक कहलाते थे। कालांतर में यह नाम पंजाब की सब जातियों के लिये प्रयुक्त होने लगा। विवेचन से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि रामायण में उक्त श्लोक में उल्लिखित 'वाह्लिकान्' पाठ अशुद्ध है। वास्तव में यहाँ रामायण के लेखक का तात्पर्य 'वाह्लिकान' से नहीं वरन् उस जाति से है जिसे महाभारत में 'वाहिकान्' कहा गया है। अतः निष्कर्ष निकलता है कि रामायण के एक मात्र श्लोक के आधार पर (जिसका 'वाह्लिकान्' पाठ संभवतः अशुद्ध है) मेहरौली के वाह्लिकों को पंजाब का निवासी मानना भूल होगी। वाह्लिक शब्द का अर्थ निर्विवाद रूप से बल्ख अथवा बैक्ट्रिया मानना चाहिए। बैक्ट्रिया को पहलवी भाषा में बाख्त अथवा बह्ल कहते थे। इसी से संस्कृत का 'वाह्लिक' शब्द निकला है, जबकि 'वाहीक' शब्द की व्युत्पत्ति खुद महाभारत में वही और 'हीक' पिशाचों के नामों से बताई गई।

कुछ विद्वानों ने आग्रह किया है कि मेहरौली प्रशस्ति में उल्लिखित वाह्लिक प्रदेश विपाशा का तटवर्ती प्रदेश ही होना चाहिए क्योंकि रामायण के उक्त श्लोक

१. सरकार, दि० च०, वही।

२. वहिश्च नाम हीकश्च विपाशायां पिशाचकौ।
तयोरपत्यं वाहीका नैषा सृष्टिः प्रजापतेः॥
—महा० कर्ण०, ४४।१०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में वहाँ पर विष्णुपद की स्थिति का निर्देश भी है जिसका उल्लेख मेहरौली अभिलेख में किया गया है। परंतु स्मरणीय है कि विष्णुपद पर्वत वाह्लिक प्रदेश में था ऐसा कोई संकेत अभिलेख नहीं देता। इसलिये इन दोनों को अलग अलग स्थान पर स्थित मानने में कोई दोष नहीं है। उदाहरण के लिये डॉ० जायसवाल ने विष्णुपद को हरिद्वार के समीप अवस्थित माना है जबकि वाह्लिक का तादात्म्य बैक्ट्रिया से स्थापित किया है।

दक्षिण में प्राप्त सफलता की प्रकृति:—'चंद्र' की दक्षिण में प्राप्त सफलता का वर्णन अस्पष्ट होने के कारण इसमें कुछ भ्रामक धारणाएँ प्रचलित हो गई हैं। और विद्वानों को यह अवसर मिल गया है कि वे इसकी व्याख्या मनमाने ढंग से कर लें। परतु अभिलेख की तथ्यात्मक भाषा को देखते हुए यह स्वीकृत करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि 'चंद्र' ने दक्षिणापथ में अवश्य ही कोई विशेष महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की थी। हमारे विचार से किसी राजा के लिये इस प्रकार की सफलता प्रकृत्या राजनीतिक और सैनिक ही हो सकती है। कम से कम 'चंद्र' ने दक्षिण भारतीय राजाओं के पास अपने दूत भेजने और व्यापारिक तथा वैवाहिक संबंध स्थापित करने से कोई महत्तर कार्य अवश्य किया होगा। क्योंकि यह मानना कि केवल वैवाहिक और व्यापारिक संबंध स्थापित करके वंग से लेकर वाह्लिक प्रदेश तक विजय प्राप्त करनेवाले नरेश के विषय में अभिलेख में यह दावा किया जाएगा कि दक्षिण जलनिधि उसकी कीर्ति से सुवासित हो रहा था, नितांत हास्यास्पद और 'चंद्र' की महत्ता को जान बूझकर कम करना होगा।

प्रचलित मतों की समीक्षा

क्या 'चंद्र' प्राक्-गुप्तयुगीन नरेश था?—'चंद्र' के अभिज्ञान की समस्या सुलझाने के लिये अभी तक जितने सुझाव आए हैं उनको दो वर्गों में बाँटा जा सकता है। पहले वर्ग में हम उन विद्वानों के सुझावों को रख सकते हैं, जिन्होंने उसे प्राक् गुप्तयुगीन नरेश माना है और दूसरे में उनके सुझावों को जो उसे गुप्तवंशीय नरेश मानते हैं। पहले वर्ग के विद्वानों में सर्वश्री एच० सी० सेठ[1], रमेशचंद्र मजूमदार[2], हरप्रसाद शास्त्री[3] तथा हेमचंद्र रायचौधरी[4] उल्लेखनीय हैं।

१. इं० आई० एच, १६।
२. जे० आर० ए० एस० बी० (एल), १, पृ० १७९।
३. इ० आई० १२०।
४. पो० हि० ए० इ० पृ० ४८१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन्होंने 'चंद्र' को क्रमशः चंद्रगुप्त मौर्य, कनिष्क प्रथम, पुष्करण का स्वामी चंद्रवर्मन् तथा 'चंद्रांश और सदाचंद्र नामक नागराजाओं में से कोई एक' माना है। परंतु इनमें कोई भी सुझाव ऐसा नहीं है जिसको स्वीकृत करने से मेहरौली अभिलेख के उपर्युक्त तथ्यों की संतोषजनक मीमांसा की जा सके। इनमें पहले दो मत विशुद्ध पुरालिपिशास्त्रीय दृष्टि से अस्वीकृत किए जा सकते हैं और शेष दो समुद्रगुप्त का प्रयाग प्रशस्ति के कारण। इस अभिलेख से यह निश्चित रूप से ज्ञात होता है कि समुद्रगुप्त के द्वारा साम्राज्य स्थापन के समय उत्तरी भारत अनेक लघुराज्यों में विभाजित था, जिनको पराजित किए बिना मालवा अथवा उत्तर प्रदेश के किसी राजा के लिये पंजाब से लेकर बंगाल तक विस्तृत राज्य स्थापित करना असंभव था। खुद समुद्रगुप्त को भी यही करना पड़ा था। इसलिये, और ऐसी ही अन्य अनेक कठिनाइयों के कारण, इन मतों में श्रद्धा रखनेवाले विद्वानों की संख्या उत्तरोत्तर कम होती जा रही है।[1]

चंद्रगुप्त प्रथम विषयक मत—गुप्त वंशीय राजाओं में 'चंद्र' का तादात्म्य प्रायः चंद्रगुप्त प्रथम अथवा चंद्रगुप्त द्वितीय से स्थापित किया जाता है। इनमें चंद्रगुप्त प्रथम के मुख्य समर्थक रहे हैं एस० के० आयंगर[2] तथा राधागोविंद बसाक[3]। लेकिन यह सुझाव भी ऐसी मान्यताओं पर आधृत है जिनका प्रमाण केवल उनकी कल्पना शक्ति है। उदाहरणार्थ इन विद्वानों का चंद्रगुप्त प्रथम को एकाधिराज्य की स्थापना का श्रेय देना नितांत निराधार प्रयास है। पुराणों में प्रदत्त गुप्त साम्राज्य का विवरण; जिसमें इसके अंतर्गत केवल गंगा के तटवर्ती प्रदेश, प्रयाग, मगध और साकेत रखे गए हैं, संभवतः चंद्रगुप्त प्रथम के साम्राज्य की सीमाओं का ही विवरण है।[4] दूसरे, प्रयाग प्रशस्ति से समुद्रगुप्त की दिग्विजय के समय की उत्तर भारत की राजनीतिक अवस्था का जो चित्र उपलब्ध होता है उससे स्पष्ट हो जाता है कि अगर चंद्रगुप्त प्रथम ने समस्त मध्यदेशीय साम्राज्य स्थापित करने और 'सप्तमुखानिसिंधो :' को पार करके बाह्लिक प्रदेश को जीतने का चेष्टा की होती तो उसे प्रयाग प्रशस्ति में उल्लिखित उन सब राजाओं और गणतंत्रों का विरोध सहना पड़ता जिनका दमन बाद में समुद्रगुप्त ने किया। दूसरे शब्दों में, प्रयाग प्रशस्ति का साक्ष्य इस अभिमत के पूर्णतः प्रतिकूल है। डॉ० आयंगर और बसाक महोदय का वाह्लिकों को पूर्वी पंजाब में रखने का प्रयास भी, जैसा कि पहले ही देखा जा चुका है, सर्वथा निष्फल माना जाना चाहिए। क्योंकि अगर

१. विस्तृत आलोचना के लिये द्र०, आई० एच० क्यू०, २१।
२. आयंगर, वही।
३. बसाक, वही।
४. विष्णु पुराण—विल्सन का अनुवाद, पृ० ४७०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तर्क के हेतु स्वयं मेहरौली अभिलेख के साक्ष्य के विरुद्ध यह मान भी लिया जाय कि 'चंद्र' द्वारा पराजित वाह्लिक 'सप्तमुखानिसिन्धो' : के पार नहीं वरन पूर्वी पंजाब में थे, तब भी यह विश्वास दिलाने के लिये युक्तियों का पूर्णतः अभाव है कि चंद्रगुप्त प्रथम के पास इतनी शक्ति और साधन थे कि वह बंगाल और वाह्लिक में विजय प्राप्त कर पाता। ध्यातव्य है कि यहाँ हम किसी तीर्थयात्रा के विषय में यह जानने की चेष्टा नहीं कर रहे हैं कि उसे एक स्थान से दूसरे स्थान को जाने के लिये कोई मार्ग उपलब्ध था अथवा नहीं, वरन् एक महान् सम्राट् की दिग्विजय का अध्ययन कर रहे हैं। 'चंद्र' के अभिज्ञान की समस्या को हल करते समय हमें मेहरौली अभिलेख के संपूर्ण वातावरण को भी ध्यान में रखना चाहिए। मेहरौली अभिलेख निश्चित रूप से पाठक के मन में एक ऐसे शक्तिशाली नरेश का चित्र उत्पन्न करता है जिसने समस्त उत्तरी भारत में अपना प्रभुत्व स्थपित किया था, दक्षिण भारत में अतुल कार्ति अर्जित की थी और जिसके पास बंग में युद्ध के लिये संनद्ध शत्रुओं का अनायास दमन करने और सप्तसिंधु को पारकर वाह्लिकों पर विजय प्राप्त करने योग्य शक्ति थी। चंद्रगुप्त प्रथम के पास न इतनी शक्ति थी और न साधन। उसने दक्षिण भारत में किसी प्रकार की सफलता प्राप्त की थी यह भी अभी तक अनुमान मात्र है। साहित्यिक, मौद्रिक अथवा आभिलेखिक, किसी प्रकार साक्ष्य से भी उसके दक्षिणापथ के साथ संबंध पर प्रकाश नहीं पड़ता। उसके लिये प्रवरसेन की मृत्यु के पश्चात् वाकाटकों का दमन करना और तत्पश्चात् पश्चिमी भारत में शक क्षत्रपों को पराजित करना कठिन ही नहीं, वरन् असंभव बातें थीं। उसके तथा वाकाटक साम्राज्य और क्षत्रप राज्य के मध्य स्वतंत्र गणतंत्रों की एक शृंखला थी जिसे तोड़े बिना उसके लिये वहाँ तक पहुँचना असंभव था। अतः हम केवल डॉ० आयंगर और श्री बसाक के अनुमान के बल पर उसे उन सफलताओं का श्रेय नहीं दे सकते जिनको प्राप्त करना उसकी शक्ति के परे था।

चंद्रगुप्त द्वितीय विषयक मत

चंद्रगुप्त द्वितीय के समर्थकों के आग्रह — सर्वश्री का० प्र० जायसवाल,[1] दंडेकर[2] मुखर्जी[3], गंगाप्रसाद मेहता[4], दिनेशचंद्र सरकार[5], सु० चट्टोपाध्याय[6], मो० रा०

१. जायसवाल, का० प्र०, हिस्टरी ऑव इंडिया, पृ० १२७।
२. दंडेकर, हि० गु०, पृ० ८६-७।
३. मुखर्जी, रा० कु०, गु० ए० पृ० ६६-६।
४. मेहता, गं० प्र०, चंद्रगुप्त विक्रमादित्य, पृ० ६३-८।
५. सरकार, दि० च०, स० इं०।
६. चट्टोपाध्याय, एस०, वही, पृ० १६६-७०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श[1] तथा आर० सी० कर[2] इत्यादि विद्वानों ने 'चंद्र' का तादात्म्य चंद्रगुप्त द्वितीय के साथ स्थापित किया है। हार्नले ने भी पुरालिपिशास्त्र के आधार पर उसके अभिलेख का समय लग० ४१० ई० माना था। यह मत आजकल सर्वाधिक श्रद्धेय माना जाता है। इन विद्वानों के तर्कों को समवेत इस प्रकार रखा जा सकता है :

(१) विशाखदत्त के 'देवीचंद्रगुप्तम्' नाटक से चंद्रगुप्त द्वितीय के जीवन पर जो नया प्रकाश मिला है उससे स्पष्ट हो जाता है कि वह एक साहसी और निर्भीक व्यक्ति था। उसकी पश्चिमी भारत में शकों पर विजय तथा उसके साहसांक और विक्रमादित्य विरुद भी उसके युद्धप्रिय शासक होने के साक्षी हैं। हो सकता है, समुद्रगुप्त की मृत्यु के बाद रामगुप्त को निर्बल जानकर 'देवपुत्रषाहिषाहानुषाहि' ने समुद्रगुप्त से खोई पराजय का प्रतिशोध लेने के लिये आक्रमण किया हो और उसकी 'कन्योपायनदान' नीति का बदला लेने के लिये गुप्तसम्राज्ञी को माँगा हो। हो सकता है, चंद्रगुप्त द्वितीय ने उसी समय इस कंटक को दूर करने की प्रतिज्ञा की हो और सिंहासन पर अधिकार करते ही अपनी प्रतिज्ञा पूरा करने के लिये वाह्लिकों पर आक्रमण कर दिया हो। जायसवाल, दि० व० सरकार और गो० रा० शर्मा ने चंद्रगुप्त द्वितीय द्वारा पराजित वाह्लिकों को बल्ख का निवासी माना है और गंगाप्रसाद मेहता, सु० चट्टोपाध्याय और आर० सी० कर ने उन्हें सिंधु के मुहाने के पार बलूचिस्तान अथवा पूर्वी पंजाब का।

(२) जहाँ तक बंगाल की विजय का संबंध है, श्री शर्मा के अनुसार यह संभव है कि जिस समय पश्चिम से विदेशी आक्रमण हो रहे थे और रामगुप्त अपने को असहाय अनुभव कर रहा था, समतट और डवाक के शासकों ने, जिन्हें समुद्रगुप्त ने जीता था, विद्रोह कर दिया हो और चंद्रगुप्त को उनका दमन करने के लिये युद्ध करना पड़ा हो। मेहरौली अभिलेख से स्पष्ट है कि यह युद्ध 'चंद्र' ने अपनी इच्छा से प्रारंभ नहीं किया था वरन् विरोधी राजाओं के संघ का दमन करने के लिये लड़ा था। चंद्रगुप्त द्वितीय ने इन राज्यों को दबाकर अपने साम्राज्य का प्रांत, पुंड्रवर्धन भुक्ति बना डाला। श्री आर० सी० कर का कहना है कि ये प्रदेश निश्चित रूप से कुमारगुप्त प्रथम के साम्राज्य में संमिलित थे, परंतु

१. आई० एच० क्यू०, २१।

२. आई० एच० क्यू०, २६, पृ० १८७ और आगे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समुद्रगुप्त ने उनको जीता था, इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। इसलिये इन्हें जीतने का श्रेय चंद्रगुप्त द्वितीय को देना सर्वथा न्यायसंगत होगा।

(३) चंद्रगुप्त द्वितीय का दक्षिण के साथ घनिष्ठ संबंध था इसे सिद्ध करने के पर्याप्त प्रमाण उपलब्ध हैं। यह सर्वविदित तथ्य है कि उसने दक्षिण के वाकाटक नरेश रुद्रसेन द्वितीय के साथ अपनी पुत्री प्रभावती गुप्ता का विवाह किया था। रुद्रसेन की मृत्यु हो जाने पर प्रभावती गुप्ता अपने अल्पवयस्क पुत्रों की संरक्षिका बनी। उस समय चंद्रगुप्त द्वितीय को वाकाटक राजनीति को प्रभावित करने का अवसर प्राप्त हुआ। सतारा से प्राप्त १११० गुप्त सिक्के, जिनमें अधिकांश चंद्रगुप्त द्वितीय के पुत्र और उत्तराधिकारी कुमारगुप्त के हैं, इस प्रदेश में गुप्तप्रभाव के साक्षी हैं। भोज, राजशेखर और क्षेमेंद्र के अनुसार विक्रमादित्य ने 'कुंतलेश्वर' के पास कालिदास को अपना दूत बनाकर भेजा था। अनेक पंडित यह स्वीकृत करते हैं कि विक्रमादित्य चंद्रगुप्त द्वितीय ही हो सकता है। तालगुंड अभिलेख से पता चलता है कि पाँचवीं शताब्दी ई० के पूर्वार्ध में, अथवा इसके आसपास कुंतल के कदंब शासक काकुस्थवर्मन ने किसी गुप्त नृप के साथ अपनी राजकुमारी का विवाह किया था। अब यह प्रायः स्वीकृत किया जाता है कि यह विवाह संधि चंद्रगुप्त द्वितीय के साथ की गई थी। इन सब साक्ष्यों पर समवेत रूप से विचार करने पर स्पष्ट हो जाता है कि चंद्रगुप्त द्वितीय का दक्षिण भारत से अत्यंत घनिष्ठ संबंध था।

(४) चंद्रगुप्त द्वितीय ने अपने भाई की हत्या करके राज्य प्राप्त किया था और इसके लिये अपने जीवन को संकट में डाला था, इसलिये वह मेहरौली अभिलेख में यह दावा कर सकता था कि उसने अपनी भुजाओं की शक्ति से पृथ्वी पर एकाधिराज्य स्थापित किया।

(५) चंद्रगुप्त द्वितीय ने कम से कम ३३ वर्ष राज्य किया था। अतः वह मेहरौली अभिलेख की 'सुचिरम्' राज्य करने की शर्त भी पूरी करता है।

(६) चंद्रगुप्त द्वितीय के साम्राज्य में समस्त मध्यदेशीय प्रदेश था। अतः वंग और वाह्लिक प्रदेश में लड़े जानेवाले युद्ध उसके साम्राज्य के सीमांत युद्ध हो सकते थे। शक्ति और साधनों की दृष्टि से भी वह इन युद्धों को लड़ने में समर्थ था।

(७) चंद्रगुप्त द्वितीय को उसके अपने कुछ अभिलेखों में और उत्तराधिकारियों के अभिलेखों में 'परमभागवत' कहा गया है। 'परमभागवत' निश्चित रूप से वैष्णव विरुद है और 'परमवैष्णव' का पर्यायवाची है। इससे चंद्रगुप्त की वैष्णव धर्म के प्रति अभिरुचि स्पष्ट हो जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(८) मेहरौली अभिलेख की लिपि को अब प्रायः निर्विवाद रूप से ४०० ई० के आस पास की स्वीकृत किया जाता है। महान् पुरालिपिशास्त्री हौर्नले ने इसका समय ४१० ई० माना है। यह तथ्य चंद्रगुप्त द्वितीय और मेहरौली के 'चंद्र' के तादात्म्य विषयक मत के साथ संगति रखता है।

(९) भाषा और शैली की दृष्टि से भी मेहरौली अभिलेख का यह समय प्रतीत होता है। पं० क्षेत्रेशचंद्र चट्टोपाध्याय का अनुमान है कि संभवतः मेहरौली अभिलेख का रचयिता चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के उदयगिरि गुहा अभिलेख का लेखक वीरसेन साब था क्योंकि दोनों अभिलेखों की शैली में असाधारण सादृश्य है।

चंद्रगुप्त द्वितीय विषयक मत की आलोचना — उपर्युक्त सभी मतों में यह मत आजकल सर्वाधिक तर्कपूर्ण और श्रद्धेय माना जाता है। परंतु इसके समर्थकों द्वारा प्रदत्त युक्तियों का ध्यानपूर्वक विश्लेषण करने पर स्पष्ट हो जाएगा कि वस्तुतः अन्य सभी मतों की अपेक्षा यह मत कल्पना पर अधिक निर्भर है, ठोस तथ्यों पर कम। इस मत के समर्थन में जितने तर्क दिए गए हैं उनमें अधिकांश 'यह संभव है', और 'यह हो सकता है' पद से प्रारंभ होते हैं। दूसरे शब्दों में, मेहरौली के 'चंद्र' ने जो सफलताएँ प्राप्त कीं उनका श्रेय चंद्रगुप्त द्वितीय को देने के लिये हमें अनुमान और कल्पना का आश्रय लेना पड़ता है।

उदाहरण के लिये 'चंद्र' की वाह्लिक विजय को ही लीजिए। चंद्रगुप्त ने इस प्रदेश को जीता था, इसका कोई प्रमाण चंद्रगुप्त के समर्थक नहीं खोज पाए हैं। चंद्रगुप्त का स्त्रीवेश में जाकर शकराज को मारना, उसका अपने भाई की हत्या करना और साहसांक तथा विक्रमादित्य विरुद धारण करना इस बात को सिद्ध करना तो दूर रहा, इसका संकेत तक नहीं देते कि उसने 'सप्तमुखानिसिन्धोः' को पार करके वाह्लिकों को पराजित किया था। यह विचार भी केवल कल्पना-प्रसूत है कि जब रामगुप्त के शासनकाल में 'देवपुत्र षाहिषानुषाहि' ने आक्रमण किया तभी चंद्रगुप्त द्वितीय ने वाह्लिकों पर विजय प्राप्त करने का निश्चय कर लिया था। संभवतः इस सुझाव के प्रतिपादक यह भूल जाते हैं कि रामगुप्त पर आक्रमण करनेवाला राजा शक था, 'देवपुत्रषाहिषाहानुषाहि' नहीं। चंद्रगुप्त का पश्चिमी भारत के शकों को उन्मूलित करना स्पष्टतः सर्वथा पृथक् घटना है, क्योंकि कल्पना की किसी उड़ान से भी पश्चिमी भारत के शकों का संबंध वल्ख से स्थापित नहीं किया जा सकता।

इसी प्रकार बंगाल में चंद्रगुप्त द्वितीय के द्वारा विद्रोह का दमन किया जाना भी इन विद्वानों की उन्मुक्त कल्पना और 'यह संभव है' तथा 'यह हो सकती है'

५ (६६-३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शैली के तर्कों का नमूना है। किसी भी साक्ष्य से हमें यह संकेत नहीं मिलता कि चंद्रगुप्त द्वितीय के समय बंगाल में विद्रोह हुआ था और समतट तथा डवाक के शासकों ने संबद्ध होकर उसपर आक्रमण किया था, जिसका प्रतिरोध उसे करना पड़ा।

'चंद्र' और चंद्रगुप्त द्वितीय के तादात्म्य का समर्थन करनेवाले विद्वानों की शेष युक्तियाँ या तो इस प्रसंग में असंगत अथवा पूर्णतः निस्सार हैं। चंद्रगुप्त द्वितीय का दक्षिण से संबंध स्थापित करने के हेतु जो तर्क दिए गए हैं वे इस दृष्टि से उदाहरणीय हैं। कुमारगुप्त की सतारा से प्राप्त मुद्राएँ, चाहे वे सहस्रों की संख्या में क्यों न हों, चंद्रगुप्त द्वितीय की कीर्ति का कारण नहीं हो सकतीं। इसी प्रकार यह भी नितांत अस्पष्ट है कि किस प्रकार कुंतलेश्वर के दरबार में राजदूत भेजने और कदंब तथा वाकाटकों के साथ विवाह संबंध स्थापित करने से दक्षिण जलनिधि चंद्रगुप्त की कीर्ति से सुवासित हो सकता था। इसके अतिरिक्त यह भी निश्चित रूप से कहना कठिन है कि कदंबनरेश का काकुस्थवर्मन के साथ विवाह-संधि करनेवाला गुप्तनरेश चंद्रगुप्त द्वितीय ही था। यह असंभव नहीं है कि कदंबनरेश का काकुस्थवर्मन के साथ संधि करनेवाला और कालिदास को कुंतलेश्वर की राजसभा में भेजनेवाला व्यक्ति खुद समुद्रगुप्त रहा हो।

चंद्रगुप्त द्वितीय को केवल अपनी भुजाओं से 'एकाधिराज्य' स्थापित करने का श्रेय देने के लिये भी उसके समर्थक विद्वानों ने इसी प्रकार असंगत साक्ष्य को कल्पना की सहायता से संगत बनाने की चेष्टा की है। यह सर्वथा स्वीकार्य है कि चंद्रगुप्त द्वितीय के अधिकार में समस्त मध्यदेशीय प्रदेश था और बंगाल तथा वाह्लिक में लड़े जानेवाले युद्ध उसके साम्राज्य के सीमांत युद्ध हो सकते थे। परंतु यह आग्रह करना कि उसने यह साम्राज्य अपनी भुजाओं की शक्ति से स्थापित किया था समुद्रगुप्त के साथ अन्याय करना है। क्योंकि जिस साम्राज्य को चंद्रगुप्त द्वितीय ने उत्तराधिकार में प्राप्त किया उसके वास्तविक निर्माता समुद्रगुप्त ने तो अपने भाई को मारकर इसको अधिकृत किया था। उसके लिये अपने अग्रज की हत्या करना उचित था अथवा नहीं, यह प्रश्न इस प्रसंग में निस्सार है। यहाँ पर केवल इतना निवेदन किया जा सकता है कि भाई को मारकर सम्राट् बन जाने से किसी को यह दावा करने का अधिकार नहीं मिल जाता कि उसने पृथ्वी पर अपनी भुजाओं के बल से एकाधिकार स्थापित किया था।

जहाँ तक मेहरौली अभिलेख की लिपि, भाषा और शैली का संबंध है, इनसे केवल इतना निष्कर्ष निकलता है कि संभवतः इस अभिलेख को चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में उत्कीर्ण किया गया था। परंतु हम देख चुके हैं कि मेहरौली अभिलेख मरणोत्तर अभिलेख है। इसलिये इस निष्कर्ष से यह संकेत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मिलता है कि चंद्रगुप्त द्वितीय, जिसके शासनकाल में संभवतः इस अभिलेख को को उत्कीर्ण किया गया, इस अभिलेख में उल्लिखित नरेश नहीं हो सकता। इसमें उल्लिखित नरेश वस्तुतः उसका पिता समुद्रगुप्त रहा होगा जिसकी कीर्ति से दक्षिण जलनिधि चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में भी सुवासित हो रहा था।

समुद्रगुप्त और 'चंद्र' की अभिन्नता

मेहरौली और प्रयाग अभिलेखों की तुलना — समुद्रगुप्त की दिग्विजय का सर्वाधिक विश्वसनीय और विस्तृत विवरण हमें उसकी प्रयाग प्रशस्ति में मिलता है। यदि इस प्रशस्ति में प्रदत्त तथ्यों की मेहरौली अभिलेख में चंद्र के विषय में प्रदत्त तथ्यों के साथ तुलना की जाय तो दोनों में सादृश्य ही दृष्टिगोचर नहीं होगा वरन् ऐसा लगेगा मानों प्रयाग अभिलेख में जिन तथ्यों का विस्तारशः वर्णन किया गया है, मेहरौली अभिलेख में उसको संक्षिप्त करके लिख दिया गया है।

समुद्रगुप्त द्वारा 'एकाधिराज' की स्थापना — मेहरौली अभिलेख में कहा गया है 'चंद्र' ने अपनी भुजाओं के बल से 'एकाधिराज्य' स्थापित किया था। जैसा कि ऐलेन महोदय ने आनुषंगिक रूप से कहा है कि यह कथन चंद्रगुप्त प्रथम से अधिक चंद्रगुप्त द्वितीय पर और चंद्रगुप्त द्वितीय से अधिक समुद्रगुप्त पर लागू होता है। प्रयाग प्रशस्ति में कहा गया है कि समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त के नौ राजाओं का उन्मूलन करके और कितने ही गणतंत्रों को पराजित करके तथा सीमांत राज्यों को अपनी अधीनता स्वीकृत करने के लिये विवश करके उत्तरी भारत में अपनी सत्ता स्थापित की थी। इसलिये हरिषेण ने उसे 'धरणिबंध' कहा है। वस्तुतः अगर निष्पक्ष होकर देखा जाय तो संपूर्ण गुप्त इतिहास में ही नहीं वरन् चंद्रगुप्त मौर्य के पश्चात् राजपूत युग के प्रारंभ तक समुद्रगुप्त ही एकमात्र भारतीय नरेश है जो 'स्वभुजार्जित एकाधिराज्य' स्थापित करने का दावा कर सकता है।

वंग और वाह्लिक युद्ध उसके साम्राज्य के सीमांत युद्ध — अपनी दिग्विजय के कारण समुद्रगुप्त संपूर्ण मध्यदेश का स्वामी हो गया था। इसलिये बंगाल और वाह्लिक में लड़े जानेवाले युद्ध उसके साम्राज्य के सीमांतयुद्ध हो सकते थे। इसके अतिरिक्त उसके पास इन अभियानों को सफलतापूर्वक करने योग्य शक्ति और साधन दोनों ही थे। इस संबंध

१. एलन, कैटलॉग, भू० पृ० ३७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में उसकी स्थिति निश्चय ही चंद्रगुप्त प्रथम से उत्तम और चंद्रगुप्त द्वितीय के समान थी।

समुद्रगुप्त और वाह्लिक प्रदेश — जहाँ तक 'सप्तमुखानिसिंधोः' को पार करके वाह्लिका पर विजय प्राप्त करने का प्रश्न है, समुद्रगुप्त को यह श्रेय निस्संकोच दिया जा सकता है। स्मरणीय है कि चंद्रगुप्त द्वितीय की उत्तर-पश्चिमी भारत में सामरिक गतिविधि के विषय में कोई भी बात कहने के लिये हमें कल्पना का सहारा लेना पड़ता है, क्योंकि किसी भी साक्ष्य से उसकी इस प्रदेश में सैनिक सफलता प्राप्त करने का संकेत नहीं मिलता। परंतु समुद्रगुप्त की प्रयाग प्रशस्ति में यह स्पष्टतः कहा गया है कि उसने दैवपुत्रषाहिषाहानुषाहि' को अपने अधीन करने में सफलता प्राप्त की थी। जैसा सर्वज्ञात है, 'देवपुत्र' विरुद कुषाण सम्राटों का था और कुषाण निश्चित रूप से चतुर्थ शताब्दी ई० के मध्य तक बैक्ट्रिया पर आधिपत्य जमाए हुए थे। मार्टिन[1] ने यह सिद्ध किया है और अल्तेकर[2] तथा सुधाकर चट्टोपाध्याय[3] इत्यादि विद्वानों ने स्वीकृत किया है कि चौथी शताब्दी ई० के मध्य अर्थात् समुद्रगुप्त के शासनकाल में बैक्ट्रिया और अन्य उत्तर पश्चिमी प्रदेशों में घोर उथल पुथल हुई थी जिसके कारण कुषाणों को बैक्ट्रिया छोड़ना पड़ा और सासानी सम्राट् को बारंबार इन प्रदेशों में सेनाएँ लेकर आना पड़ा। इसलिये हमारा यह अनुमान अग्राह्य नहीं माना जाना चाहिये कि समुद्रगुप्त को भी किसी समय अपने नवोदित साम्राज्य की सुरक्षा के लिये 'सप्तमुखानिसिंधोः' को पार कर बैक्ट्रिया तक जाना पड़ा होगा। उसकी पंजाब से प्राप्त कुषाण शैली की मुद्रा[4] इसका अतिरिक्त प्रमाण है। इन तथ्यों के आधार पर कम से कम यह स्वीकृत करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए कि समुद्रगुप्त का वाह्लिक से घनिष्ठ संबंध संकेतित है उतना चंद्रगुप्त प्रथम अथवा द्वितीय का नहीं।

समुद्रगुप्त की वंगविजय — यही बात बंगाल के बारे में कही जा सकती है। चंद्रगुप्त द्वितीय के संबंध में कल्पना करनी पड़ती है कि उसके समय में बंगाल में विद्रोह हुआ होगा जिसका उसने दमन किया होगा। परंतु समुद्रगुप्त के

१. मार्टिन, एम० एफ० सी०, न्यूमिस्मैटिक सप्लिमेंट, ४७, पृ० ३३–५०।
२. अल्तेकर, ए० एस०, वाकाटक गुप्त एज, पृ० २७।
३. चट्टोपाध्याय, एस०, वही, पृ० २१०।
४. अल्तेकर, क्वायनेज, पृ० ५२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय में प्रयाग प्रशस्ति में स्पष्टतः कहा गया है कि समतट (दक्षिण-पूर्वी बंगाल), डवाक (मध्य आसाम में नवगाँव प्रदेश) और कामरूप (गोहाटी प्रदेश) उसके साम्राज्य के प्रत्यंत राज्य थे। कनिंघम ने समतट को हुगली से ब्रह्मपुत्र तक विस्तृत गंगा के मुहानेवाला प्रदेश माना है।[1] उनके मत को एस० एन० मजूमदार[2] तथा एच० सी० रे[3] ने स्वीकृत किया है। परंतु ह्युआनचांग के विवरण से स्पष्ट है कि समतट तत्कालीन युग में आधुनिक दक्षिणपूर्वी बंगाल को कहते थे। उसने समतट को कामरूप के दक्षिण में समुद्र का तटवर्तीय प्रदेश बताया है।[4] सर्व श्री र० च० मजूमदार[5], रायचौधरी[6] और आर० सी० कर[7] प्रभृति विद्वानों ने इस साक्ष्य को स्वीकृत किया है और तत्कालीन समतट की राजधानी पूर्वी पाकिस्तान के तिपेरा जिले में कामिल्ल के समीप स्थित बड़्कामन्त (प्राचीन कर्मांत) मानी है। महीपाल के शासनकाल के तीसरे वर्ष के बघौरा - मूर्ति - अभिलेख से ज्ञात होता है कि आधुनिक तिपेरा का कुछ भाग समतट में संमिलित था।[8] अगर, जैसा तर्कसहित दिखाया जा चुका है, बंग में आधुनिक दक्षिण-पूर्वी बंगाल भी संमिलित था, तो समुद्रगुप्त का समतट को अपने अधीन करना ही उसकी बंग-विजय का अकाट्य प्रमाण माना जा सकता है। डवाक के विषय में अपेक्षया अधिक मतभेद है। एन० के० भट्टशाली और बरुआ[9] ने इसे मध्य आसाम में नवगाँव जिले में स्थित डबोक माना है। उस अवस्था में डवाक आधुनिक यमुना, कापिली और कोलांग नदियों द्वारा सिंचित प्रदेश रहा होगा। कामरूप स्पष्टतः आधुनिक असम का एक भाग था। डॉ० दि० च० सरकार के अनुसार इसमें गोहाटी प्रदेश संमिलित था।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि समुद्रगुप्त द्वारा प्रत्यक्ष रूप से शासित साम्राज्य पूर्व में दक्षिण-पूर्वी बंगाल से लेकर मध्य असम तक विस्तृत था क्योंकि

१. कनिंघम, एंशेंट ज्योग्रफी ऑव इंडिया।
२. वही।
३. रे, एच० सी०, डायनैस्टिक हिस्टरी ऑव नॉर्थ इंडिया, १, पृ० २१४।
४. मजूमदार र० च०, हि० बं०, १ पृ० १७।
५. वही।
६. रायचौधरी, वही, पृ० ५४१।
७. आई० एच० क्यू०, २६, पृ० १८९।
८. मजूमदार, र० च०, वही।
९. बरुआ, के० एल०, अर्ली हिस्टरी ऑव कामरूप, पृ० ४२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऐसा हुए बिना उपर्युक्त राज्य उसके साम्राज्य के प्रत्यंत राज्य नहीं हो सकते थे। इस तथ्य के प्रकाश में चंद्रगुप्त द्वितीय को मेहरौली का चंद्र माननेवाले कुछ विद्वानों का यह आग्रह कि बंगाल पर गुप्त आधिपत्य का सर्वप्रथम संकेत कुमारगुप्त प्रथम के शासनकाल के ११३ गुप्त संवत् के बनैदह (राजाशाही जिला) और १२४ और १२८ गुप्त संवत् के दामोदरपुर (दीनाजपुर जिला) ताम्रपत्र अभिलेखों से मिलता है, इसलिये इस प्रदेश को समुद्रगुप्त ने नहीं, चंद्रगुप्त द्वितीय ने विजय किया होगा, बड़ा विचित्र जान पड़ता है। क्योंकि कल्पना की किसी उड़ान से भी यह सिद्ध नहीं किया जा सकता कि दक्षिण-पूर्वी बंगाल, नवगाँव और गोहाटी प्रदेश समुद्रगुप्त के साम्राज्य की सीमा पर थे परंतु शेष बंगाल स्वतंत्र था। उल्टे स्वयं बनैदह और दामोदरपुर ताम्रपत्र अभिलेख अप्रत्यक्ष रूप से हमारे मंतव्य का समर्थन करते हैं क्योंकि इनसे स्पष्ट है कि जिस समय ये निर्मित किए गए, उस समय तक गुप्त साम्राज्य बंगाल में अपनी जड़ें जमा चुका था। इससे संकेत मिलता है कि बंगाल की विजय इन अभिलेखों की तिथि के बहुत पहले की गई होगी।

बंगाल की विजय समुद्रगुप्त ने की थी, यह अत्यंत सुपुष्ट धारणा है। एक तो समतट और डवाक का समुद्रगुप्त के साम्राज्य में संमिलित होना परंतु किसी भी साक्ष्य से यह संकेत न मिलना कि शेष बंगाल को उसके पिता चंद्रगुप्त प्रथम ने जीता था, यह सिद्ध करता है कि इस प्रदेश को जीतने का श्रेय समुद्रगुप्त को दिया जाना चाहिए। दूसरे, समुद्रगुप्त ने आर्यावर्त में जिन राजाओं को उन्मूलित किया था उनमें एक का नाम चंद्रवर्मन् था। अब यह प्रायः निर्विवाद रूप से स्वीकृत किया जाता है कि यह चंद्रवर्मन बंगाल में प्राप्त सुसुनिया अभिलेख में उल्लिखित चंद्रवर्मन् ही है। अगर यह चंद्रवर्मन् घुग्रहाती अभिलेख में उल्लिखित चंद्रवर्मनकोट का निर्माता भी था तो इसे फरीदपुर प्रदेश का भी स्वामी भी मानना होगा। संभवतः इसी के द्वारा संगठित संघ को समुद्रगुप्त ने परास्त किया था। जो कुछ भी रहा हो, उपर्युक्त विवेचन से इतना अवश्य सिद्ध हो जाता है कि समुद्रगुप्त के द्वारा बंगाल में विरोधी राजाओं को परास्त किए जाने के पक्ष में अनेक प्रमाण प्राप्य हैं जबकि चंद्रगुप्त प्रथम और द्वितीय को यह श्रेय प्रदान करने का प्रयास निराधारप्रायः है।

समुद्रगुप्त की दक्षिण विजय — मेहरौली अभिलेख में 'चंद्र' के विषय में एक सूचना यह दी गई है कि इसके लिखे जाने के समय भी दक्षिण जलनिधि उसकी कीर्ति से सुवासित हो रहा था। जैसा कि ऐलेन महोदय ने कहा है, यह कथन हमें अनायास समुद्रगुप्त का स्मरण करा देता है। हमारे विचार से यह तथ्य सबको मान्य होगा कि प्रयाग प्रशस्ति में समुद्रगुप्त की दक्षिणापथ विजय का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवरण पढ़कर इस बात में कोई संदेह नहीं रह जाता कि केवल समुद्रगुप्त ही ऐसा गुप्त नरेश है, जिसके विषय में मेहरौली अभिलेख का उपर्युक्त कथन लागू हो सकता है।

समुद्रगुप्त और वैष्णव धर्म — समुद्रगुप्त के व्यक्तिगत धर्म के विषय में उसकी प्रयाग प्रशस्ति से कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिलता, परंतु साधारणतः यह स्वीकृत किया जाता है कि अपने अधिकांश उत्तराधिकारियों के समान वह भी वैष्णव धर्म को मानता था। गया और नालंदा अभिलेखों में उसे स्पष्टतः 'परम-भागवत' कहा गया है। उसके सिक्कों से ज्ञात होता है, कि उसने गरुड़ को अपने वंश का राजचिह्न बनाया था। इसलिये अगर हम 'चंद्र' और समुद्रगुप्त को एक व्यक्ति मानें तो चंद्र के वैष्णव होने में कोई बाधा उत्पन्न नहीं होती।

पुरालिपिशास्त्रीय प्रमाण — जहाँ तक मेहरौली अभिलेख की लिपि, भाषा और शैली का संबंध है, हमारा सुझाव इस मान्यता का विरोधी नहीं है कि इसका समय पाँचवीं शताब्दी ई० का प्रारंभिक भाग होना चाहिए। हमें होर्नले का यह मत कि पुरालिपिशास्त्र की दृष्टि से मेहरौली अभिलेख की तिथि ४१० ई० मालूम होती है और पं० चट्टोपाध्याय का यह झुकाव कि इसका लेखक चंद्रगुप्त द्वितीय के उदयगिरि अभिलेख का वीरसेन साब रहा होगा सर्वथा मान्य है। यहाँ केवल यह स्मरण रखना आवश्यक है कि मेहरौली अभिलेख मरणोत्तर अभिलेख है इसलिये अगर इसको चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल में लिखा गया था तो इसमें उल्लिखित नरेश स्वयं चंद्रगुप्त द्वितीय नहीं हो सकता। वह इसका कोई पूर्वज रहा होगा। और उसका वह पूर्वज जिसे मेहरौली अभिलेख में उल्लिखित सफलताओं का श्रेय निस्संकोच प्रदान किया जा सकता है, उसका पिता समुद्रगुप्त पराक्रमांक था।

नाम की समस्या — प्रश्न उत्पन्न होता है कि अगर समुद्रगुप्त मेहरौली अभिलेख का 'चंद्र' है तो उसे इस अभिलेख में 'चंद्र' क्यों कहा गया है और अगर उसे चंद्र कहा भी गया है तो इसका क्या प्रमाण है कि समुद्रगुप्त का दूसरा नाम 'चंद्र' भी था। इस प्रसंग में यह स्मरणीय है कि मेहरौली अभिलेख के नरेश के नाम के संबंध में प्रारंभ से ही बहुत विवाद रहा है। अभिलेख की पंचम पंक्ति में उसका नाम 'चंद्र' बताया गया है, परंतु छठीं पंक्ति में 'धावेन' शब्द आया है, जिसके आधार पर प्रिंसेप और अन्य अनेक विद्वानों ने उसका दूसरा नाम 'धाव' माना है। भाऊदा जी और दिनेशचंद्र सरकार ने इस शब्द को 'भावेन' पढ़ा है। परंतु फ्लीट और ऐलेन ने प्रिन्सेप के पाठ को स्वीकृति प्रदान की है; यद्यपि वे अभिलेख में उल्लिखित राजा का दूसरा नाम 'धाव' नहीं मानते। उन्होंने यह सुझाव रखा है कि संभवतः यहाँ गलती से 'भावेन' के स्थान पर 'धावेन' उत्कीर्ण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो गया है। अतः उन्होंने अभिलेख के राजा का नाम पाँचवीं पंक्ति में आए 'चंद्राह्वेन' शब्द के आधार पर 'चंद्र' माना है। परंतु यह उसका प्रमुख नाम था अथवा गौण इसमें उनको संदेह है। फ्लीट का कहना है कि अगर इस पंक्ति का दूसरे प्रकार से अन्वय किया जाय तो इससे केवल यह अर्थ निकलता है कि उसके मुख की शोभा चंद्रमा के समान होने के कारण उसे 'चंद्र' नाम से भी पुकारा जाता था। इससे यह संकेत मिलता है कि उसका मूल नाम चंद्र नहीं था। ऐलेन को फ्लीट का यह सुझाव स्वीकार्य है। वह यह सर्वथा संभव मानते हैं कि मेहरौली अभिलेख के राजा का मूल नाम 'चंद्र' नहीं था वरन् यह 'चंद्राह्वेन समग्रचंद्र सदृशी' के काव्यात्मक संकेत में छिपा हुआ है। मेहरौली अभिलेख की छठी पंक्ति में 'भावेन' के स्थान पर 'धावेन' पढ़नेवाले और धाव को इस अभिलेख में उल्लिखित नरेश का नाम माननेवाले प्रिंसेप तथा उनके समर्थक विद्वानों ने भी 'चंद्राह्वेन समग्रचंद्र सदृशी' का फ्लीट द्वारा प्रस्तुत वैकल्पिक अनुवाद सत्य के अधिक निकट माना है।

फ्लीट और ऐलेन के इस झुकाव का महत्व स्पष्ट है। जैसा कि कहा जा चुका है, मेहरौली अभिलेख के नरेश के अभिज्ञान का प्रश्न अभीतक इसलिये विवादास्पद रहा है क्योंकि इसको सुलझाने का प्रयास करनेवाले विद्वान् यह मान कर चले हैं कि उसका नाम चंद्र था। परंतु भारतीय इतिहास 'चंद्र' नामधारी किसी ऐसे राजा से परिचित नहीं है जिसे उन सफलताओं का श्रेय प्रदान किया जा सके, जिनका उल्लेख मेहरौली अभिलेख में हुआ है। परंतु फ्लीट और ऐलेन के सुझाव से स्पष्ट हो जाता है कि उसका मूल नाम 'चंद्र' था, यह विश्वास करने की कोई आवश्यकता नहीं है। हो सकता है उसका मूल नाम चंद्र न होकर कुछ और रहा हो, परंतु मुख की शोभा चंद्रमा के समान होने के कारण वह 'चंद्र' नाम से भी विख्यात था।

समुद्रगुप्त का दूसरा नाम चंद्रप्रकाश — अगर हमारे उपर्युक्त सुझाव को मान लिया जाय तो निष्कर्ष निकलेगा कि समुद्रगुप्त संभवतः 'चंद्र' नाम से भी विख्यात था। यह निष्कर्ष साहित्यसाक्ष्य से पुष्ट होता है। वामन (लग० ८०० ई०) ने अपने ग्रंथ काव्यालंकारसूत्र में उल्लेख किया है कि अयोध्यानरेश चंद्रगुप्त का पुत्र चंद्रप्रकाश साहित्य का एक महान् संरक्षक था और उसने सुप्रसिद्ध बौद्ध विद्वान् वसुबंधु को अपना मंत्री नियुक्त किया था।[1]

१. सोऽयं संप्रति चंद्रगुप्ततनयश्चंद्रप्रकाशो युवा,
जातो भूपतिराश्रयः कृतधियां दिष्ट्या कृतार्थश्रमः।
आश्रयः कृतधियामित्यस्य च वसुबंधु साचिव्योपक्षेपपरत्वात् साभिप्रायत्वम्।
— वामन, काव्यालंकारसूत्रवृत्ति, ३।२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परमार्थ[1] और शुआनचांग[2] ने भी वसुबंधु के गुप्त सम्राट् के साथ संबंध पर प्रकाश डाला है। यह प्रायः स्वीकृत किया जाता है कि वसुबंधु चतुर्थ शताब्दी ई० में आविर्भूत हुए और उनकी मृत्यु इस शताब्दी ई० के उत्तरार्ध में हुई। नोयल पेरी[3], स्मिथ[4], मैक्डूगल,[5] विद्याभूषण[6], विनयतोष भट्टाचार्य[7] और र० च० मजूमदार[8] प्रभृति विद्वानों ने वसुबंधु का यही समय स्वीकृत किया है। परंतु चतुर्थ शताब्दी ई० को वसुबंधु का समय स्वीकार करते ही यह मानना अनिवार्य हो जाता है कि चंद्रगुप्त का पुत्र चंद्रप्रकाश और कोई नहीं स्वयं समुद्रगुप्त पराक्रमांक था क्योंकि इस शताब्दी में वही ऐसा ज्ञात प्रसिद्ध नरेश है, जो चंद्रगुप्त नामक राजा का पुत्र था। वामन का चंद्रप्रकाश को साहित्य का महान् संरक्षक बताना इस तादात्म्य में अतिरिक्तरूपेण सहायक है।

निष्कर्ष — उपर्युक्त विवेचन से यह सिद्ध हो जाता है कि समुद्रगुप्त संभवतः चंद्रप्रकाश नाम से भी विख्यात था। यह तथ्य मेहरौली अभिलेख के साक्ष्य से शतप्रतिशत संगति रखता है जिसमें मुख की शोभा चंद्रमा के समान होने के कारण चंद्र नाम से विख्यात एक ऐसे नरेश का उल्लेख है जिसने अपनी भुजाओं के बल से एकाधिराज्य स्थापित किया, वंग में युद्ध के लिये सनद्ध राजाओं को पराजित किया, 'सप्तमुखानिसिन्धुः' को पार करके वाह्लिकों पर विजय प्राप्त की, दक्षिण जलनिधि को अपनी कीर्ति से सुवासित किया और दीर्घ काल तक पृथिवी पर शासन किया। समुद्रगुप्त के चंद्रप्रकाश नाम से विख्यात होने, आर्यावर्त को राजाओं को उन्मूलित करके साम्राज्य की स्थापना करने, बंगाल को जीतकर अपने साम्राज्य में संमिलित करने, उत्तर-पश्चिमी भारत के 'देवपुत्रषाहिषाहानुषाहि' को अपने अधीन करने, दक्षिणापथ के बारह राजाओं पर विजय प्राप्त करने, और दीर्घ काल तक शासन करने से सिद्ध है कि एक मात्र वही ऐसा नरेश है जो मेहरौली अभिलेख में उल्लिखित शासक हो सकता है।

*

१. जे० आर० ए० एस०, १६०५, पृ० ४४-५३।
२. वाटर्स, १, २१०-१२।
३. बी० ई० एफ० ई० ओ०, ११, पृ० ३३६-३०।
४. स्मिथ, अ० दि० इं०, पृ० ३४६-४७।
५. मैक्डूगल, हिस्टरी ऑव संस्कृत लिटरेचर, पृ० ३२५।
६. जे० (प्रो०) ए० एस० बी०, १६०५, पृ० २२७।
७. तत्वसंग्रह, भू०, पृ० ६३-६६।
८. मजूमदार र० च०, वा० गु० ए०, पृ० १५९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अमरकोश का मध्यकालीन हिंदी कोशों पर प्रभाव

(डॉ० अचलानंद जखमोला, एम० ए०, डी० फिल०)

संस्कृत में अमरकोश से पूर्व के कोश उपलब्ध नहीं हैं केवल उनका प्रसंग मात्र मिलता है। सर्वानंद ने 'अमरकोश' की टीका में व्याडि, वररुचि के कोश तथा त्रिकांड एवं उत्पलिनी का उल्लेख किया है।[1] क्षीरस्वामी ने धन्वंतरि, भागुरी तथा रत्नकोश एवं माला कोशों का उल्लेख किया है।[2] अप्राप्य होने के कारण कोश साहित्य में इनका स्थान नगण्य है।

पंडितों में प्रकांड अमरसिंह द्वारा विरचित अमरकोश उपलब्ध कोशों में सर्वाधिक लोकप्रिय, प्रचलित और प्राचीन कोश माना जाता है। इसको यदि अमरभार्षा (संस्कृत) साहित्य का अमरकोश (अक्षयनिधि) कहा जाय तो लेश मात्र भी अत्युक्ति नहीं होगी। इससे पूर्व निर्मित कोशों में या तो नामानुशासन ही था या लिंगानुशासन मात्र। पुनः वे समस्त कोश इतने असंबद्ध तथा क्रमहीन थे कि उनके समुचित उपयोग में कठिनाई पड़ती थी।

अमरकोश में नामानुशासन, लिंगानुशासन तथा अव्यय शब्दों का समवेत समावेश कर गागर में सागर भरने का स्तुत्य प्रयास किया गया है। समस्त कोश तीन कांडों में विभाजित है। प्रथम कांड में स्वर्ग, व्योम, दिक्, काल, धी, शब्दादि, नाट्य, पाताल, नर्क तथा वारि, ये दस वर्ग हैं, जिनकी छंदसंख्या क्रमशः ७१, १½, ३५, ३१, १७, २५½, ३८, ११ ३½ तथा ४३ है। द्वितीय कांड में भी भूमि, पुर, शैल, वनौषधि, सिंहादि, नृ, ब्रह्म, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र, — दस वर्ग हैं, जिनकी छंदसंख्या क्रमशः १८, २०, ८, १६६½, ४३, १३६½, ५७½, ११६½, १११ तथा ४६½ है। तृतीय कांड में विशेष्यनिघ्न, संकीर्ण,

१. "यतस्त्रिकाण्डोत्पलिन्यादीनि नाममात्र तन्त्राणी, व्याडि वररुच्यादि प्रणीतानि त्रि-लिङ्गमात्र तन्त्राणि।"

—सर्वानंद, अमरकोश टीका, प्रथम भाग, पृ० २-४।

२. क्षीरस्वामी : अमरकोश टीका (संपादक के० जी० ओक), पृ० ६२ एवं १४८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नानार्थ, अव्यय एवं लिंगादिसंग्रह, ये पाँच वर्ग हैं। इनकी क्रमसंख्या क्रमशः ११२२½, ४५½, २५७, २३, तथा ४६ है।

कोश में शब्दों का संकलन समानार्थी या पर्याय पद्धति पर किया गया है। केवल 'अनेकार्थ' वर्ग के २२५ अनुष्टुप अंत्य वर्ण के क्रम पर नियोजित हैं। समानार्थी या पर्याय से तात्पर्य यही है कि प्रस्तुत कोश में 'समान अर्थवाले' शब्दों को एक साथ छंदबद्ध किया गया है।[1] एक स्थान पर संगृहीत ऐसे शब्दों का प्रायः एक सा सामान्य भाव है।[2] इन शब्दों में पारस्परिक 'एक या इससे अधिक गुणों की साम्यता'[3] है, अर्थात् इन पर्याय या समानार्थी शब्दों का 'वही' या 'लगभग वही' अर्थ है[4]। परंतु इस 'साम्यता' के अतिरिक्त उन शब्दों में कुछ असाम्यता की भी विद्यमानता स्थान स्थान पर है। उनमें कुछ साधारणता और साथ ही बहुत कुछ 'असाधारणता वा विशिष्टता' भी है।[5]

नामपर्यायों को अमरसिंह ने वर्गों में विभाजित किया।[6] कोशकार जानते थे कि अस्त - व्यस्त तथा क्रमहीन वस्तुओं में से विशिष्ट उपकरणों में समान गुणों का अवलोकन कर उनको एक वर्ग के अंतर्गत समाहृत करना सबसे प्राचीन सरलतम एवं वैज्ञानिक पद्धति है। भाषा इसकी साक्षी है कि किस प्रकार पूर्व-वैज्ञानिककालीन मानव ने विभिन्न वर्गीकरण करके इस पद्धति की उपादेयता समझी। सत्य तो यह है कि प्रत्येक जातिवाचक संज्ञा एक विशिष्ट वर्ग का प्रतीक है[7]। अतएव समान भावों या विचार के द्योतक शब्दों को एक साथ रखकर आंतरिक भावों का द्योतन कराना पूर्णतः वैज्ञानिक है।

१. ग्राइम : वेब्स्टर्स डिक्शनरी ऑफ सिनानिम्ज़, भूमिका, पृ० १४।
२. ए न्यू इंगलिश डिक्शनरी ऑन् हिस्टॉरिकल प्रिन्सिपल्स, खंड ९, भाग २, पृ० ३८४-३८५।
३. चार्ल्स जे० स्मिथ : ए कंप्लीट कलेक्शन ऑफ सिनानिम्ज ऐंड ऐंटोनिम्ज (१८३७), भूमिका अंश।
४. जेम्स सी० फर्नाल्ड : स्टैंडर्ड डिक्शनरी (१८६४), देखिए 'सिनानिम' शब्द।
५. डॉ० हरदेव बाहरी : हिंदी सिमैंटिक्स, पृ० १२०।
६. "सम्पूर्णमुच्यतेवर्गैर्नामलिङ्गानुशासनम्" — अमरकोश १।१।२।
७. एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका (१४वाँ संस्करण), २०वाँ खंड, पृ० १२७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निघंटु के एक सूक्त 'छान्दोभ्य समाहृत्य समाहृत्य'[१] (२-४) का भाव भी अन्यत्र से एकत्र कर उनको पुनः संकलित और वर्गीकृत करने से है।[२] निघंटु का अर्थ है—'निगम्' अर्थात् ऐसे शब्द जिनके वर्ग मात्र के ज्ञान से अर्थाभास हो जाता है।[3] इस प्रणाली से अर्थ तक पहुँचने में सहायता मिलने के अतिरिक्त शब्द का स्थान वा स्थिति ज्ञात करने में भी सुविधा रही। वर्गीकरण पद्धति के द्विविध लाभ का प्रत्यक्ष प्रभाव शब्द वा अर्थ की चर्चा करनेवाले अभिधान संग्रहों पर पड़ा। लौकिक क्षेत्र में जब अमरसिंह ने अपने कोश की रचना की तो उसमें समाहृत नाम तथा लिंगों को वर्गीकृत कर उन्होंने उत्तरवर्ती कोशकारों के संमुख एक नवीन शैली का अनावरण किया। वर्गों की यह उपादेयता वैदिक अभिधानों के लिये ही नहीं, वरंच लौकिक कोशों के लिये भी परम लाभप्रद प्रतीत हुई। लौकिक कोशों का क्षेत्र अधिक विस्तृत होने के कारण उनको वर्गानुसार विभाजित कर देना अधिक उपयोगी सिद्ध हुआ।

अमरकोश में अपनाई गई वर्गानुक्रम की यह लोकप्रिय शैली केवल संस्कृत या उसका अनुसरण करनेवाले हिंदी कोशों में ही प्रयुक्त नहीं हुई है, पाश्चात्य कोशों में भी शब्दों का विषयानुसार विन्यास करना एक सुदीर्घ एवं प्राचीन परंपरा है।[४] इतना अवश्य है कि आधुनिक पाठकों के निमित्त वर्गानुक्रम पर नियोजित इन कोशों को उपयोगी संदर्भग्रंथ[५] बनाने के लिये शब्दावली को पुनः अनुक्रमणिका में भी नियोजित करना पड़ेगा. इससे उन विद्वानों के मत को भी समर्थन मिल जाएगा जो कोशों में संकलित शब्दों को सुगमता से ढूँढ़ने के लिये अक्षरानुक्रम प्रणाली को ही सर्वोत्कृष्ट, सुगम अतएव अपरिहार्य मानते हैं, जिसके अतिरिक्त उन्हें कोई भी अन्य प्रक्रिया ग्राह्य नहीं।[६]

अमरकोश का दूसरा नाम 'लिंगानुशासन' या 'त्रिकांड' भी है क्योंकि इसमें लिंगद्योतनप्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया है और यह तीन कांडों में विभक्त है।

१. यास्काचार्य प्रणीतं निरुक्तम्, प्रथमो भागः, पृ० १६।
२. श्री वी० के० राजवाड़े की टीका, वही, पृ० १६।
३. वही, पृ० २१६-२१७।
४. कार्लिंग बक्: ए डिक्शनरी ऑव सेलेक्टेड सिनानिम्ज इन दि प्रिंसिपल इंडो यूरोपियन लैंग्वेजेज, भूमिका, पृ० १३।
५. ए न्यू इंग्लिश डिक्शनरी ऑन हिस्टारिकल प्रिंसिपल्स, खंड ३, पृ० ३३१।
६. एनसाइक्लोपीडिया अमेरिकाना, खंड ६, पृ० ८७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कोशों में मणि अमरकोश अपने समय में तो लोकप्रिय रहा ही, परवर्ती काल में भी यह विद्वानों के लिये आकर्षण का केंद्र रहा। डॉ० आफ्रेश ने 'केटालागस केटालागम' में अमरकोश की ४० टीकाओं का उल्लेख किया है। इनमें से सर्वानंदकृत टीका सर्वस्व, रायमुकुट की पदचंद्रिका टीका, भानुजी दीक्षित कृत रामाश्रमी, रमानाथ विद्यावाचस्पतिकृत त्रिकांडविवेक, भरतसेन की टीका, त्रिकांडचिंतामणि एवं महेश्वर द्वारा विरचित अमरविवेक अधिक प्रसिद्ध हैं।[1]

हिंदी कोशों पर प्रभाव

संस्कृतकोश अमर ने मध्यकाल में हिंदी कोशों को तीन दिशाओं में प्रभावित किया: (१) अनुवाद, (२) अनुकरण, तथा (३) अनुसरण। यदि वास्तव में देखा जाय तो कुछ द्विभाषीय कोशों को छोड़कर मध्यकाल में निर्मित समस्त हिंदी कोश सामान्यतः संस्कृत कोशों और विशेषतः अमरकोश के अनुकरण अनुसरण पर निर्मित हुए हैं। यह अनुकरण और अनुसरण शब्दसंकलन, शब्दसंख्या, उनका नियोजन और अन्य पद्धतियों की दिशाओं में हुआ है।

मध्यकालीन हिंदी कोशकार जानते थे कि अनुवाद एक महत्वपूर्ण कला है और विशेष रूप से पुनर्जागरण काल में, जब हिंदी साहित्य के विभिन्न उपांगों की श्रीवृद्धि का भरपूर प्रयास जारी था, इन अनुदित ग्रंथों का विशिष्ट स्थान था। अनुवाद साधारणतः महान् कृतियों को ही जन्म नहीं देता, यह प्रायः महान कृतियों के निर्माण में प्रेरणा भी प्रदान करता है।[2]

इन अनूदित कोशों का एक बौद्धिक महत्व भी है। कोई भी साहित्य, कोई भी भाषा अथवा कोई भी राष्ट्र पूर्ण नहीं है। अतएव यह उपयोगी ही नहीं अपितु अनिवार्य भी था कि हिंदी शब्दों की श्रीवृद्धि के लिये संस्कृत-कोशों का आधार लिया जाता। फिर कलात्मक और भाषासंबंधी अभिवृद्धि के लिये भी अनुवाद प्रक्रिया परम महत्वपूर्ण थी,[3] और कोश जैसे विषय के लिये यह परम उपादेय सिद्ध हुई। कोशों की निर्माण पद्धति को साहित्य की अन्य विधाओं के समान मौलिक नहीं कहा जा सकता, केवल शब्दों की नियोजन प्रणाली में मौलिकता दिखाई जा सकती है[4]। संस्कृत के कोशरत्न अमरकोश का शब्दसंकलन भी प्रतिज्ञाश्लोक (१।१।२) के अनुसार अन्य कोशों के 'समाहार', 'संक्षेप' 'प्रतिसंस्क-

१. रामावतार शर्मा : कल्पद्रुकोश (संस्कृत), भूमिका, पृ० २२।
२. हिजेट : दि क्लासिकल ट्रेडीशंस, पृ० १०४।
३. पी० एम० राजेट : दि इंटरनेशनल थेसारस, भूमिका, पृ० ६।
४. मोनियर विलियम्स : ए संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी, भूमिका, पृ० ५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रण' तथा 'वर्गविभाजन' पर आधारित है। पूर्ववर्ती कोशों का पूर्णतः समाहार करने के फलस्वरूप ही प्रस्तुत कोश पर्याप्त सीमा तक मान्य, परिनिष्ठित तथा समग्रतः पूर्ण समझा जाता है।[१] पूर्ववर्ती इन अन्य 'तंत्रों' के प्रति अमरसिंह इतने अधिक ऋणी थे कि उनके द्वारा स्पष्ट शब्दों में कृतज्ञता ज्ञापित करने के उपरांत भी उनपर 'चोरी' का आरोप लगाया गया है![२]

अगले पृष्ठों में संस्कृत अमरकोश के अनुकरण, अनुसरण पर निर्मित या अनूदित कोशों को कालानुक्रम में विवेचित किया गया है :

१. नाममाला (१५६८ ई०)—अष्टछाप के प्रसिद्ध वैष्णव कवि नंददास ने दो कोशों की रचना की : (१) 'नाममाला' एवं (२) 'अनेकार्थ' ये दोनों कोश पर्याप्त लोकप्रिय और प्रचलित रहे इसीलिये इनकी सबसे अधिक हस्तलिखित और प्रकाशित प्रतियाँ उपलब्ध होती हैं।[३] 'अनेकार्थ' कोश संस्कृत में 'अनेकार्थसमुच्चय' (शाश्वत से प्रभावित है।

'नाममाला' कोश के प्रारंभ में नंददास ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि प्रस्तुत कोश में शब्दों का संकलन और नियोजन संस्कृत अमरकोश के 'भाय' पर किया गया है। शब्दों के पर्यायसंकलन के अतिरिक्त वैष्णव कवि कोशकार का उद्देश्य मानवती राधा का मानवर्णन भी है[४]। कोश में गुँथा गया यह मान प्रसंग पर्याप्त समय तक अध्येताओं को उलझन में डाले रहा। इसी व्यतिक्रमजन्य 'कठिनता' का निराकरण करने के लिये गंगादास नामक एक व्यक्ति ने

१. 'अन्यतन्त्राणि' व्याडिवररुचिप्रभृतीनां तन्त्राणि समाहृत्य। अतएव संपूर्णमिदं, दंयतस्त्रिकाण्डोत्पलिनीयादीनि नाममात्र तन्त्राणि, व्याडिवररुच्यादि प्रणीतानि तु लिंगमात्रतन्त्राणि।'—सर्वानंद, अमरकोश टीका, प्रथम भाग, पृ० २-४।

२. "अमरसिंहस्तु पापीयान् सर्वं भाष्यमचूचुरत्" (लोकप्रचलित)

३. इन प्रतियों के लिये देखिए "हिंदी कोश साहित्य" (डा० अचलानंद जखमोला), पृ० ५-६

४. गूँथौं माला नाम की, अमरकोस के भाइ।
मानवती के मान पर, मिलैं अर्थ सब आइ॥
—नाममाला (नंददास), दोहा ३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'नाममाला' में संकलित पर्याय शब्दों को अमरकोश के अनुकरण पर दस वर्गों में विभाजित कर दिया था।[१]

'नाममाला' अमरकोश का अनुवाद नहीं है। अमरकोश के 'भाव' पर, उसकी समानार्थी पर्याय शैली का अनुकरण करते हुए, निर्मित पद्यबद्ध कोश है। अपेक्षाकृत यह अत्यंत लघु है। मूल कोश में केवल २६५ दोहे थे। प्रकारांतर में क्षेपकों की मात्रा उत्तरोत्तर बढ़ती गई। हस्तलिखित प्रतियों में ६६१ तक दोहे उपलब्ध होते हैं। इनमें से अधिकांश दोहे नंददास के प्रशंसक और भक्त कवि रामहरि ने अपने समानार्थी कोश 'लघुनामावली' से मिला दिए थे[२]।

मानमंजरी, मानमाला, नाममजरी, नामचिंतामणि, नाममणिमाला आदि कोश नंददास द्वारा निर्मित होने के प्रसंग मिलते हैं, जो 'नाममाला' के ही अन्य नाम हैं। अनेकनाममाला[३], नंदकोश[४], तथा कोशमंजरी[५] नाम भी नाममाला के ही हैं।

(२) भारतीनाममाला (सन् १६२६ ई०) — यह कोश ग्रंथ फतहपुर निवासी भीखजन द्वारा निर्मित एक पद्यबद्ध समानार्थी कोश है। ग्रंथ के प्रारंभिक अंश में कोशकार ने अपना वंशपरिचय दिया है। मिश्रबंधु विनोद में ये अज्ञात-

१. तामे लखि कछु कठिनता पद विभ्रमता भास।
वर्ग सु चौपाई मिले कीन्हों गंगादास॥
कोस नाममाला रुचिर नंददास कृत जोय।
सोध्यो गंगादास तेहि, भयो सरल अति सोय॥
—हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का खोज विवरण (१९०९-११ ई०) पृ० २१६, क्र० चि० २०८ बी०।

२. दो सत पैंसठ ऊपरे, दोहा श्री नंददास।
रामहरी बाकी किये, कोश धनंजय तास॥ — वही, (१९२९-३१ ई०) पृ० ५२८; क्र० चि० २९३ डी०।

३. राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों की खोज, तृतीय भाग, पृ० १५०।

४. प्राचीन हस्तलिखित पोथियों का विवरण, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, पृ० ५।

५. हिंदी साहित्य संमेलन संग्रहालय, प्रयाग, पांडुलिपि संख्या $\frac{३०३}{२२०७}$।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालिक प्रकरण में रखे गए हैं।[१] भीखजन का रचनाकाल सन् १६२६ ई० के आसपास माना जाता है।[२]

'भारती नाममाला' कोश भीखजन ने सं० १६८५ (सन् १६२६ ई०) की आश्विन शुक्ला १५ को पूर्ण किया था[३]। खोजरिपोर्टों[४] में इसकी हस्तलिखित प्रति जिनचरित्र सूरि संग्रह बीकानेर में सुरक्षित बताई गई है, परंतु यह संग्रह दीर्घकाल से बंद पड़ा है। संस्कृत भाषा की दुर्गमता को देखते हुए भीखजन के मन में यह 'उपजी' कि भाषा में भी एक कोशग्रंथ निर्मित किया जाय[५]। श्री मोतीलाल मेनारिया के मतानुसार 'भारती नाममाला' संस्कृत अमरकोश का भाषानुवाद है।[६] भीखजन के कथनानुसार उन्होंने एक ही कोश को आधार न मानते हुए, अन्य स्रोतों की ओर जागरूक दृष्टि रखी है।[७] कोश के २० हस्तलिखित पत्रों में कुल मिलाकर पाँच सौ अठारह दोहे और आठ कवित्त हैं।[८]

(३) मानमंजरी (सन् १६६८ ई०) इस कोश की एक हस्तलिखित प्रति अभय जैन ग्रंथालय बीकानेर[९] से उपलब्ध हुई। खोज विवरणों में इसका उल्लेख है[१०]। कोश के रचयिता बद्रीदास हैं। पुष्पिका में रचनातिथि संवत् १७२५ (सन् १६६८ ई०) दी गई है।

१. मिश्रबंधु विनोद, पृ० ११२।
२. मेनारिया : राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० २२०।
३. सोलह से पच्चासिये, संवत इहै विचार।
   सेत पाखिरा का तिथू, कवि दिन मास कुवार॥—भारती नाममाला, छंद २०।
४. राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों की खोज, द्वितीय भाग, पृ० ६-७।
५. नाम माल गुन सहसक्रिति, दुगम लखी जिय जांनि।
   इह उपजी जनु भीख जिय, रची जु भाषा आंनि॥
   —भारतीनाममाला (बीकानेर प्रति), छंद ५६।
६. मेनारिया : राजस्थान का पिंगल साहित्य, पृ० १९०।
७. मथ्यो ग्रंथ गुन सारदी, बीनि सेउ नंग सिंधु।
   कछुक और सुनि आंन ते, रचौं जु दोहा बंध॥
   —भारतीनाममाला, छंद १७।
८. संख्या सबै गुन दोहरा, कित जनु भीख सुचेत।
   सत्रह ऊपरि पांच सै, आठों कवित्त सहेत। —वही, छंद ४२३।
९. अभय जैन ग्रंथालय, हस्तलिखित ग्रंथ संख्या ४९७३।
१०. राजस्थान में हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज, द्वितीय भाग, पृ० ७-८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रस्तुत कोश के २१३ सोरठों में १८३ नामशब्दों के पर्याय छंदबद्ध हैं। संस्कृत जैसी व्याकरणादुरूह क्लिष्ट भाषा के साथ कौन माथापच्ची करे, इसीलिये बद्रीदास ने 'सुमति' के अनुसार भाषा में नामों की माला पिरो दी है।[1] शब्दों के पर्याय देने में संस्कृत अमरकोश का अनुकरण किया गया है, परंतु संगुंफित मानप्रसंग को समझे बिना शब्दों के अर्थ समझ में न आएँगे।[2] । अमरकोश से आंशिक शब्दावली लेकर उनके पर्याय छंदबद्ध किए गए हैं।

(४) प्रकाशनाममाला (सन् १६६७ ई०) — यह विशाल कोश आगरा यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित 'ग्रंथवीथिका' के पृष्ठ २६५ से ३६६ तक संकलित है। कोश के रचयिता मियाँ नूर ने ग्रंथ में स्थान स्थान पर अपना नाम अंकित किया है। कोशकार औरंगजेब कालीन किसी सामंत सिपहदारखाँ का नादिर था।[3] कोश की रचना सं० १७५४ (सन् १६९७ ई०) में हुई।[4]

प्रस्तुत कोश 'अमरकोश के भाय'[5] पर या अमरकोश तैं काढ़ि के,[6] निर्मित किया गया है। समस्त कोश पाँच 'प्रकासों' में विभक्त है। प्रथम प्रकाश में दस, द्वितीय के अंतर्गत भी दस और तृतीय प्रकाश में भी अमरकोश के अनुकरण पर विशेष्यानिघ्न तथा संकीर्ण दो वर्ग हैं। यहाँ तक शब्दों का संकलन पर्याय शैली में वर्गानुक्रम पर हुआ है। प्रथम तीन प्रकाशों में कुल १०२१ दोहे हैं। चतुर्थ प्रकाश में अनेकार्थ प्रकरण और पंचम प्रकाश में एकाक्षर कोश है। अंतिम दो प्रकाशों पर संस्कृत में क्षपणक विरचित 'अनेकार्थध्वनिमंजरी' की प्रतिच्छाया है।

संस्कृत 'अमरकोश के भाय' पर निर्मित होते हुए भी प्रकाशनाममाला पूर्णतः अमरकोश का भाषानुवाद नहीं कहा जा सकता। शब्दों के संकलन में भी ग्रंथकार ने अपने विवेक से हिंदी की प्रवृत्ति का ध्यान रखते हुए उनका ग्रहण

१. सहंसक्रित नहिं कछु सकति बिना को पचि मरै।
यथा सुमति बद्री सुखद, नांम दांम प्रकटै करै॥
—मानमंजरी (बीकानेर प्रति) छंद १।

२. बहुबिधि नांम निहारि अरथ अमर जु कोश कैं।
सरब समोड बिचारि, मान छुड़ावति राधिका॥— वही, छंद २।

३. प्रकाशनाममाला, पृ० २६४।

४. सत्रह सै चवन बरस, बिजै दसमि इषु मास।
नूर नाममाला करी, भाषा नामप्रकास।—वही, पृ० २६५।

५. वही, पृ० २६५।

६. वही, पृ०२७३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथवा त्याग किया है। एकांगी दृष्टिकोण न रखते हुए अन्य स्रोतों का भी पूर्ण उपयोग किया गया है। इसके लगभग एक तिहाई शब्द संस्कृत अमरकोश में नहीं मिलते।

(५) अनेकार्थ नाममाला (सन् १७०३ ई०) इस अनेकार्थी कोश के प्रणेता महासिंह पाँडे हैं जिनके वैयक्तिक वा साहित्यिक जीवन का इतिवृत्त कहीं भी उपलब्ध नहीं होता। अभय जैन ग्रंथालय, बीकानेर, में सुरक्षित[1] प्रस्तुत कोश की हस्तलिखित प्रति के १४ पत्रों में २२० दोहे हैं, जिनमें प्रचलित नामशब्दों के भिन्न भिन्न अर्थ छंदबद्ध किए गए हैं। कोशकार के वक्तव्य के अनुसार संस्कृत-अमरकोश से उन्होंने पर्याप्त सहायता ली है।[2]

(६) हमीरनाममाला (सन् १७१७ ई०) — यह कोश 'डिंगलकोश' के अंतर्गत जोधपुर से प्रकाशित है। कोशकार 'हमीरदान रतनू' का साहित्यिक एवं वैयक्तिक जीवन का पर्याप्त विवरण मिलता है[3]। 'हमीरनाममाला' डिंगल भाषा के सर्वाधिक प्रचलित और प्रसिद्ध कोशों में से एक है। कोश के अंतिम अंश में दिए गए एक छंद के अनुसार कोश की रचना सं० १७७४ (सन् १७१७ ई०) में हुई थी[4]।

'हमीरनाममाला' की रचना में संस्कृत अमरकोश के अतिरिक्त कई अन्य कोशों से भी सहायता ली गई है[5]। समस्त कोश के ३११ छंदों में प्राचीन एवं तत्कालीन डिंगल साहित्य में प्रचलित डिंगल भाषा के अनेकानेक शब्द अपने अपने विशुद्ध रूप में सुरक्षित हैं। अमरकोश के अनुकरण पर समानार्थी शैली में एक ही भाव के द्योतक शब्दों को राजस्थान के प्रसिद्ध 'वेलियो' छंद में बद्ध किया

१. राजस्थान में हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज, द्वितीय भाग, पृ० १।

२. अमर आदि कोस जु घने, तिनि कोस तु यहाँ लीन।
महासिंह कवि यों भने, अनेकार्थ यह कीन॥
—अनेकार्थनाममाला, अंतिम अंश।

३. मेनारिया : राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० १६१।

४. संमत छहोतरे सतर मैं, मती अपनी हमीर मन।
कीधी पूरी नाममालिका, दीपमालिका तेण दिन॥
—हमीरनाममाला, छंद ३११।

५. जोइ अनेकारथ धनंजय, भीणसंजरी हेमी अमर।
नाम तिकां माहे निलरिया, उवै जेजा भेजाया आखर॥ —वही, छंद ३०६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गया है, परंतु वर्ग या कांडव्यवस्था नहीं है। अमरकोश के अतिरिक्त अन्य शब्द भी पर्याप्त मात्रा में हैं।

(७) अमरकोश भाषा (सन् १७३५ ई०) — प्रस्तुत कोश के रचयिता हरिजू मिश्र आजमगढ़ के संस्थापक आजम खाँ के आश्रित थे। कोश के प्रारंभिक अंश में दिए गए एक दोहे[1] के अनुसार इसकी रचना सं० १७९२ (सन् १७३५ ई०) में हुई।

यह कोश अप्राप्य एवं अप्रकाशित है। खोज विवरणों[2] में प्रस्तुत उल्लेख के आधार पर ज्ञात होता है कि यह संस्कृत अमरकोश के प्रारंभिक अंश का हिंदी में पद्यानुवाद है। "सिंहादि" वर्ग तक के आठ सौ छंद उपलब्ध हैं।

(८) नामप्रकाश (सन १७३८ ई०) — प्रस्तुत कोश के रचयिता संस्कृत के पंडित, हिंदी के कवि और काव्यशास्त्र के प्रणेता आचार्य भिखारीदास हैं, जिनके वैयक्तिक जीवन और साहित्यिक उपलब्धियों पर पर्याप्त शोध हो चुका है।

भिखारीदासकृत कोशग्रंथ के संबंध में हिंदी साहित्य के अनेक इतिहास लेखक अभी तक प्रायः अपरिचित से रहे हैं और इसीलिये 'नामप्रकाश' कोश के विभिन्न नामों को उन्होंने अलग अलग कोश माना है[3]। 'अमरकोशभाषा', 'अमरप्रकाश' और 'अमरतिलक' भी 'नामप्रकाश' कोश के ही दूसरे नाम हैं।

खोज विवरणों में दी गई हस्तलिखित प्रतियों[4] के अतिरिक्त गुलशन अहमद यंत्रालय, प्रतापगढ़ से सन् १८९६ में मुद्रित एक लीथो प्रति अत्यंत जीर्ण शीर्ण स्थिति में उपलब्ध हुई है। इसके प्रारंभ में दिए गए एक दोहे[5] के अनुसार ग्रंथ का प्रणयन संवत् १७९५ (सन् १७३८ ई०) में हुआ था।

१. ससि मुनि निधि ग्रह पछ गन संवत विक्रम लेहु।
वार दिवाकर द्वैज खित, साह उदित भव एह॥ —अमरकोश, छंद ४।

२. हस्तलिखित ग्रंथों का त्रैवार्षिक विवरण (सन् १९०९-११), पृ० १७३ तथा मिश्रबंधु विनोद, पृ० ७५०।

३. देखिए, हिंदी कोश साहित्य (डॉ० अचलानंद जखमोला), पृ० २५-२६।

४. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का त्रयोदश त्रैवार्षिक विवरण (सन १९२६-२८ ई०) पृ० १७०-१७१।

५. सत्रह से पचानबै अगहन को सित पच्छ।
तेरसि मंगल को भयो, नामप्रकाश प्रतच्छ॥
—नामप्रकाश (गुलशन अहमद यंत्रालय, प्रतापगढ़) पृ० २ छंद ३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह कोश मुख्य रूप से 'अनेकनि सों तिलक' संस्कृत के अमरकोश पर आधारित है[1], इसलिये इसके दूसरे नाम 'अमरकोशभाषा', 'अमरप्रकाश' और 'अमरतिलक' भी हैं। कोश तीन कांडों में विभाजित है। प्रथम कांड में दस, द्वितीय में भी दस तथा तृतीय कांड में केवल तीन वर्ग हैं। अंतिम वर्ग 'नानार्थ वर्ग' के अतिरिक्त समस्त कोश समानार्थी है। कोश पर्याप्त विस्तृत और उपादेय है।

'नामप्रकाश' संस्कृत अमरकोश पर आधारित होते हुए भी पूर्णरूपेण अमरकोश का भाषानुवाद भी नहीं कहा जा सकता। यह कोश मुख्यतः भाषा के अध्येताओं के निमित्त निर्मित किया गया था। अतएव संस्कृत के तत्सम शब्दों के 'भाषा' के ग्रंथों से भी भिखारीदास ने पर्याप्त शब्द संकलित किए। छंदों के चयन में पूर्ण प्रतिभा का परिचय दिया गया है परंतु छंदों के आग्रहवश शब्दरूपों में विकृति आ गई है। शब्दों के पर्याय छंदबद्ध करने के अनंतर कुल पर्यायों की संख्या भी अंकित कर दी गई है।

(६) अमरकोशभाषा (सन् १७५३ ई०) — संस्कृत अमरकोश के आधार पर निर्मित इस कोश के प्रणेता हरिकवि हैं। मिश्रबंधुओं के अनुसार इसकी रचना सन् १७५३ ई० हुई थी[2]।

(१० नामप्रकाश (सन् १७५६ ई०) — यह समानार्थी कोश कवि खंडन द्वारा निर्मित किया गया था। कोश अप्राप्य तथा अप्रकाशित है। खोज विवरणों[3] में दिए गए अंशों को देखकर मालूम पड़ता है कि यह संस्कृत अमरकोश का भाषानुवाद है। इसमें कुल ८५० श्लोक बताए गए हैं।

(११) अमरप्रकाश (१७७६ ई०) — प्रस्तुत हस्तलिखित समानार्थी कोश के रचयिता खुमाण कवि हैं, जिनका उपनाम 'मान' भी था। डॉक्टर ग्रियर्सन ने भ्रमवश इनको अलग अलग कवि मान लिया था।[4] इस कोशग्रंथ की दो हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख मिलता है[5]। एक प्रति में ८५० छंद और दूसरी में

१. देखि के अमरकोश तिलक अनेकनि सों।
बूझि के बुधन जों सकत शेश सारि के ॥—वही, पृ० १, छंद १।

२. मिश्रबंधु विनोद, पृ० ७६८।

३. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का त्रैवार्षिक विवरण (१९०६-१९०८ ई०) पृ० ३६; तथा १९०३ ई० क्रमचिह्न ७४।

४. ग्रियर्सन : ए माडर्न वर्नाक्यूलर लिटरेचर आव हिंदुस्तान, पृ० ७०।

५. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का वार्षिक विवरण, सन् १९०३ ई० क्रमचिह्न ७४, पृ० ५२; तथा वही, सन् १९०५ ई० क्र० चि० ८६, पृ० ८०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७७० छंद अंकित किए गए हैं। शिवसिंह के अनुसार प्रस्तुत कोश में खुमाण ने संस्कृत के अमरकोश के एक कांड का भाषा (हिंदी) में 'उल्था' किया है।[1] ग्रंथ का रचनाकाल संवत् १८३६ — (रस गुन वसु ससि) दिया गया है।

(१२) कर्णाभरण (सन् १७८१ ई०) — इस कोशग्रंथ की एक प्रति हिंदी विद्यापीठ, आगरा के संग्रहालय में सुरक्षित है। कोश के रचयिता हरिचरणदास के वैयक्तिक वा साहित्यिक इतिवृत्त का उल्लेख साहित्य के इतिहासों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होता है।[2] कोश के अंतिम अंश में दिए गए एक दोहे के अनुसार यह ग्रंथ संवत् १८३८ वि० (सन् १७८१ ई०) में समाप्त किया गया था। कोश में पर्याय गिनानेवाले मूल श्लोकों की संख्या १२०० तथा टीका अंश के छंदों की संख्या ७०० है। इनके अतिरिक्त गद्य में भी टिप्पणियाँ यत्र तत्र दी गई हैं। समस्त कोश १०६ हस्तलिखित पृष्ठों में पूर्ण है।

कर्णाभरण कोश का मुख्य आधार संस्कृत अमरकोश है। अमरकोश के अनुकरण पर यह भी तीन कांडों में विभाजित है। प्रथम कांड में दस, द्वितीय में भी दस और तृतीय कांड में केवल दो वर्ग हैं। समस्त नामपर्याय समानार्थी शैली में संकलित किए गए हैं। अनेकार्थनिरूपण इसमें नहीं है।

संस्कृत अमरकोश से प्रभावित होते हुए भी यह कई दृष्टियों से स्वतंत्र और मौलिक रचना कही जा सकती। अमरकोश के अतिरिक्त संस्कृत के भी पर्याप्त शब्द इसमें संकलित किए गए हैं। कोश में मूल के अतिरिक्त टीका अंश भी है जिसमें गद्य के माध्यम से शब्दों का संकलन है।

(१३) उमरावकोश (सन् १८०५ ई०) — प्रस्तुत कोश की चार हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख खोज विवरणों[3] में मिलता है, जिनमें क्रमशः २६१६, २५३०, १६५४ और ३०२४ छंद हैं। कोश के रचयिता सुवंश शुक्ल हैं जिनकी रचनाओं और आश्रयदाता का उल्लेख कोश के प्रारंभिक अंश और अन्य खोज

१. शिवसिंह सरोज, पृ० ३६६।
२. मेनारिया : राजस्थानी भाषा और साहित्य, पृ० १८६, राजस्थान का पिंगल साहित्य, पृ० १४४–१४५, राजस्थानी साहित्य की रूपरेखा, पृ० २३२।
३. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का वार्षिक विवरण, १६०५ ई०, पृ० ८२–८३; वही, बारहवाँ त्रैवार्षिक विवरण, सन् १६२३–२५ ई० क्र० चि० ४२२ डी०, पृ० १४५७–५८; वही, त्रयोदश त्रैवार्षिक विवरण सन् १६२६–२८, क्र० चि० ४७५ ए०, पृ० ७०५; वही पृ० ७०६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवरणों में मिलता है। शिवसिंह ने 'सरोज' में कोशकार के विषय में अनेक भ्रमात्मक विवरण दिए हैं।[1]

काशिराज के सरस्वतीभंडार (रामनगर, वाराणसी) से उमरावकोश की एक अन्य हस्तलिखित प्रति उपलब्ध हुई है। यह कोश संस्कृत अमरकोश का हिंदी भाषानुवाद सा है। अमरकोश की ही भाँति इसमें कुल तीन कांड हैं। प्रथम कांड में नौ वर्ग तथा ३६७ छंद हैं। द्वितीय कांड में दस वर्ग और १२१५ छंद हैं। तृतीय कांड में केवल दो वर्ग और २७४ छंद हैं। अंतिम वर्ग 'अनेकार्थ' अमरकोश से प्रभावित नहीं है।

उमरावकोश में सुवंश शुक्ल की मौलिकता अपेक्षाकृत न्यून है। अमरकोश के अतिरिक्त शब्द अधिक संख्या में नहीं हैं। छंदपूर्ति के लिये भरती के शब्द अन्य कोशों की अपेक्षा अधिक संख्या में हैं।

कोश के अंतिम अंश में दिए गए एक छंद के अनुसार कोश का निर्माण सं० १८६२ वि० (सन् १८०५ में) हुआ था।[2]

(१४) अनेकार्थ (सन् १८०६ ई०) —प्रस्तुत कोश के प्रणेता रीतिकालीन कवि चंदनराम हैं। इनके साहित्यिक वा वैयक्तिक इतिवृत्त के संबंध में प्रचुर उल्लेख मिलते हैं।[3] बोधोदय प्रेस, बाँकीपुर से सन् १८८० ई० में प्रकाशित 'अनेकार्थ' की एक प्रति के अंत में 'नामार्णव' नाम भी अंकित है। कोश के अंतिम अंश में प्रस्तुत एक छंद के अनुसार इसका निर्माण सं० १८६६ वि० (सन् १८०६ ई०) में हुआ था।

कोश के अंत में दिए गए एक दोहे के अनुसार चंदनराम ने संस्कृत अमरकोश के अतिरिक्त क्षपणक तथा धनंजय के अनेकार्थी कोशों से भी सहायता

१. शिवसिंहसरोज, पृ० ५०१।

२. युग रस बसु अरु निशापति संवत वर्ष विचारि।
माघ कृष्ण प्रतिपदा को भयो ग्रंथ औतारि॥
उमरावकोश (बनारस प्रति), कांड ३, वर्ग २, छंद १०४।

३. हिंदी साहित्य का बृहद् इतिहास, षष्ठ भाग, पृ० ४७१; तथा आचार्य शुक्ल-इतिहास, पृ० २६४।

४. संवद् रस ऋतु नाग ससि आश्विन दसमि स्वच्छ।
ससि सुत बासर को भयो अनेकार्थ अवलच्छ॥
—अनेकार्थ (चंदनराम), पृ० ४१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ली।[1] इसमें एकहि शब्द के भिन्न भिन्न अर्थ परंपरागत शैली में दोहाबद्ध किए गए हैं। समस्त कोश में कुल २८५ दोहे हैं जिनको तीन परिच्छेदों में वर्गीकृत किया गया है। अमरकोश के अनेकार्थवर्ग की शैली में अंत्य वर्णों के क्रम पर शब्दसंकलन नहीं है।

(१५) शब्दरत्नावली (सन् १८१२ ई० — यह हस्तलिखित कोश आर्यभाषा पुस्तकालय, वाराणसी में सुरक्षित है। कोश के रचयिता प्रयागदास चरखारी नरेश खुमाणसिंह के आश्रयदाता थे।[2] प्रारंभिक अंश में दिए गए एक छंद के अनुसार ग्रंथ का निर्माण संवत् १८६९ वि० (सन् १८१२ ई०) में किया गया था।[3]

खोज विवरणों में दिए गए उल्लेखों के अनुसार प्रस्तुत कोश में कुल १२२० छंद हैं जो संस्कृत अमरकोश के भाषानुवाद जैसे हैं। हिंदी में प्रचलित संस्कृत के तत्सम और गतप्रयोग शब्दों का संकलन भी कर लिया है। उपलब्ध अंशों को देखते हुए प्रतीत होता है कि अमरकोश के प्रथम दो कांडों में से कुछ अंशों के पर्यायशब्दों को हिंदी रूप देकर छंदबद्ध किया गया है।

(१६) नामरत्नमाला (सन् १८१३ ई०) — इस कोश का दूसरा नाम 'अमरकोशभाषा' भी है। मिश्रबंधु[4] और उन्हीं के अनुकरण पर आचार्य शुक्ल[5] ने दोनों को भिन्न भिन्न ग्रंथ मान लिया था। कोशकार बनारस निवासी गोकुलनाथ

१. छपनक अमर धनंजयो, तिहूँ ग्रंथ को सार।
अनेकार्थभाषा विषै, यह हौं कियो उचार॥
—वही, पृ० ४०।

२. मिश्रबंधु विनोद, पृ० ६४१।

३. संवत् नव षट बसु ससी, श्रावन सुदि बुधवार।
भई शब्दरत्नावली, तिथि द्वादसी प्रचार॥
—शब्दरत्नावली (प्रयागदास), छंद २१।

४. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का खोजविवरण, सन् १९०९-१९११ ई०, क्र० चि० २२८, पृ० ३१७-३१८।

५. मिश्रबंधु विनोद, पृ० ८०२।

६. रामचंद्र शुक्ल : इतिहास, पृ० ३६१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भट्ट हैं। ग्रंथ के प्रारंभ में दिए गए श्लोक[1] के अनुसार कोश का प्रणयन संवत् १८७० वि० (सन् १८१३ ई०) में हुआ था।

कोशग्रंथ अप्राप्य और अप्रकाशित है। खोज विवरणों[2] में प्रस्तुत उल्लेखों के अनुसार कोश में कुल ५०० दोहे हैं। यह संस्कृत अमरकोश के प्रथम कांड[3] का भाषा में रूपांतर मात्र है। विवेच्य शब्द का शीर्षक दिया गया है। शब्दों का संकलन पर्याय शैली में हुआ है।

(१७) अमरकोशभाषा (सन् १८१७ ई०) — इस कोश की तीन हस्तलिखित प्रतियों का उल्लेख खोज विवरणों[4] में मिलता है। एक प्रति में लेखक का नाम 'शिवप्रसाद कायस्थ' है तो अन्य दो में 'राजा शिवसिंह'। तीनों प्रतियों में क्रमशः ३७४०, ५१०० और ४६२० छंद निर्दिष्ट हैं। कोश अप्राप्त तथा अप्रकाशित है। एक दोहे[5] के अनुसार इसकी रचना संवत् १८७४ ई० में हुई थी।

'सुरवाणी संस्कृत' में विरचित कोश 'अबुध' भाषाभाषियों के लिये अनुपयोगी देखकर ही शिवसिंह ने प्रस्तुत कोश की रचना की। यह कोश संस्कृत अमरकोश का परिवर्धित छंदबद्ध भाषारूप है। प्रथम कांड में ११, द्वितीय में १० तथा तृतीय में ४ वर्ग हैं। इस दृष्टि से यह पर्याप्त व्यापक है।

(१८) अमरसार नाममाला (१८८३ ई०) —खोज विवरण में[6] प्रस्तुत उल्लेखों में इस कोश के रचयिता कृष्णदास बताए गए हैं। पुष्पिका के अनुसार यह ग्रंथ संवत् १८६५ वि० (सन् १८१८ ई०) में निर्मित हुआ था।

---

१. गगन आद्र बसु विधु संवत कार्तिक पुन्य कदंभ।
   सुकुल पंचमी पाय पुन्य सव कियो कोस प्रारंभ॥
   —नामरत्नमाला कोश, प्रारंभिक अंश।

२. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज, सन् १९०९-११ ई०, क्र० चि० ६६, पृ० १५६।

३. स्वर्ग व्योम दिग काल धी, शब्दादि नाट्य अभिराम।
   पा पातालभोगि नर्क वारि वर्ग कहे वर्ग के नाम॥
   —नामरत्नमाला, अंतिम अंश।

४. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का बारहवाँ त्रैवार्षिक खोज विवरण, सन् १९२३-२५, क्रमचिह्न २६४ ए, ३९७ ए०, ३६७ बी, पृ० १३६३, १३६७-६८, १३६८-१३६६-

५. वेद भूत अरु अष्ट कहि, पुनि ससि संवत जान।
   कृष्ण पक्ष नभ शुक्ल लखि, तिथि तेरसि पहिचानि॥
   —अमरकोश भाषा (शिवसिंह)

६. राजस्थान में हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज, चतुर्थ भाग, पृ० १७८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'अमरसारनाममाला कोश' ३६० दोहों का एक छोटा सा कोश है। कृष्णदास के ही वक्तव्यानुसार यह अमरसिंह तथा उनकी अमर कृति 'अमरकोश' से पर्याप्त मात्रा में प्रभावित है[1]। कोश के आकार को देखते हुए प्रतीत होता है कि कृष्णदास ने अमर के सार को लेकर केवल बहुप्रचलित शब्दों के ही पर्याय समानार्थी शैली में छंदबद्ध किए हैं।

(१९) नाममाला—दुर्गालाल कायस्थ द्वारा निर्मित इस कोश की निर्माणतिथि का उल्लेख कहीं नहीं मिलता। यह ग्रंथ अप्राप्य तथा अप्रकाशित है। खोज विवरण में[2] दिए गए उल्लेखों से ज्ञात होता है कि इस हस्तलिखित कोश में कुल ४५६ छंद थे और उपलब्ध अंश संस्कृत अमरकोश के प्रथम कांड का आंशिक भाषानुवाद प्रतीत होता है। शब्दों की संख्या तथा संकलन शैली प्रायः अमरकोश की सी है।

(२०) नामप्रकाश—प्रस्तुत कोश की रचनातिथि ज्ञात नहीं है। खोज विवरण में[3] में इसका उल्लेख मिलता है। बिहारीलाल अग्रवाल द्वारा निर्मित केवल १९६ छंदों के इस लघु कोश के एक ही छंद में उसी शब्द के पर्याय एवं अनेकार्थ दिए गए हैं। अन्य संस्कृत कोशों के अतिरिक्त अमरकोश से भी पर्याप्त सहायता प्राप्त की गई है।[4]

(२१) आरंभनाममाला—अप्राप्य एवं अप्रकाशित इस कोश का निर्माता खोज विवरण में[5] 'सुबुद्धि' बताया गया है। १८वीं शती में निर्मित इस कोश के प्रारंभ में कोशकार ने स्वीकार किया है कि संस्कृत के अमरकोश

---

१. अमरकोश पुनि कोस किय अमरसिंह मतिराज।
कृष्णदास मतिराम सिय, कर सुबुद्धि हितराज॥
—अमरसारनाममाला (कृष्णदास), छंद १४।

२. हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का त्रयोदश त्रैवार्षिक खोज विवरण सन् १९२६-१९२८ ई०), पृ० २३६।

३. वही, सोलहवाँ त्रैवार्षिक खोज विवरण (१९३५-३७ ई०), पृ० ९०-९१।

४. अमर धनंजय हेमिका, हारावलि हू खास।
इन कोशादिक भाव सों, बरनों नामप्रकास॥
—नामप्रकाश (बिहारीलाल अग्रवाल), अन्तिम अंश।

५. राजस्थान में हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज, द्वितीय भाग, पृ० ७-८ (६६-३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदि का आधार लेते हुए रचयिता ने अपनी बुद्धि से नए शब्द संकलित कर प्रस्तुत कोश निर्मित किया[1]।

सामान्य विवेचन

संस्कृत अमरकोश का पिछले पृष्ठों में विवेचित कोशों पर प्रभाव वा ऋण का उचित मूल्यांकन करने के लिये विवेच्य हिंदी कोशों को तीन सुस्पष्ट वर्गों में विभाजित किया जा सकता है — प्रथम श्रेणी में वे कोश आते हैं जिन्होंने अमरकोश से केवल शब्द-संकलन-पद्धति की प्रेरणा ली। पर्याय या समानार्थी शब्दों का छंदबद्ध नियोजन इन कोशों का मुख्य उद्देश्य रहा। अमरकोश की कांड या वर्गव्यवस्था इनमें व्यवहृत नहीं हुई और न शब्दों का क्रम ही अमरकोश के अनुकरण पर है। ऐसे कोश आकार में भी लघु हैं। नंददास की नाममाला, भीखजनकृत भारतीनाममाला, बद्रीदासकृत मानमंजरी, हमीरनाममाला (हमीरदान रतनू), अमरसारनाममाला, दुर्गालाल कृत नाममाला आदि इसी प्रकार के कोश हैं। अमरकोश के अतिरिक्त संस्कृत के अन्य कोशों से भी इन्होंने शब्द-संकलन में सहायता ली।

द्वितीय वर्ग के कोश अमरकोश के एक कांड या अंश से प्रभावित भावरूपांतर हैं। हरिजू मिश्र कृत अमरकोश भाषा, खंडन द्वारा निर्मित नामप्रकाश, प्रयागदास की शब्दरत्नावली, गोकुलनाथ भट्ट विरचित नामरत्नमाला इसी प्रकार के कोश हैं।

तृतीय श्रेणी में ऐसे कोश आते हैं जो पर्याप्त अंशों में अमरकोश के भाषानुवाद कहे जा सकते हैं। इनमें प्रमुख हैं— मियाँ नूरकृत प्रकाशनाममाला, भिखारीदास द्वारा विरचित नामप्रकाश, हरिचरणदास द्वारा निर्मित कर्णाभरण और सुवंश शुक्ल कृत उमरावकोश। तृतीय वर्ग के कोश पर्याप्त विस्तृत हैं इसलिये इन्हीं पर विशेष प्रकाश डालना उपादेय प्रतीत होता है।

इन कोशों की सामान्य बाह्य रूपरेखा अर्थात् शब्दों की नियोजनपद्धति अमरकोश के ही अनुकरण पर निर्मित है। चारों कोशों में तीन तीन कांड हैं। प्रथम दो कांडों के वर्गविभाजन आंशिक हेर फेर के साथ संस्कृत अमरकोश के आधार पर और उन्हीं नामशीर्षकों से किए गए हैं, तृतीय कांड में सभी कोशकारों ने स्वतंत्र दृष्टि अपनाई है। हिंदी भाषा में इस कांड की उपादेयता को

१. अमर ग्रंथ में जे कहे, सुने लहे करि शुद्ध
कछु उपजाये अर्थ सों, नये नांउ निज बुद्ध
—आरंभनाममाला, छंद ४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखते हुए ग्रहण अथवा त्याग[1] की प्रवृत्ति अपनाई गई है। संस्कृत अमरकोश के तृतीय कांड के विशेष्यनिघ्न, संकीर्ण, नानार्थ, अव्यय तथा लिंगादि संग्रह वर्ग में से विशेष्यनिघ्न चारों कोशों में आया है। संकीर्ण वर्ग केवल नामप्रकाश, कर्णाभरण और प्रकाशनाममाला में विवेचित है और अनेकार्थ अंश कर्णाभरण को छोड़कर शेष तीनों में वर्णित है। परंतु इस वर्ग में भी अमरकोश का अनुकरण केवल नामप्रकाश में किया गया है। अव्यय तथा लिंगादि-संग्रह हिंदी में उपादेय न होने के कारण चारों कोशों में छोड़ दिए गए हैं।

चारों कोशकार जानते थे कि उनके कोशों का उपयोग हिंदी भाषा के अध्येताओं के निमित्त हो रहा है। भिखारीदास के 'नामप्रकाश' में अमरकोश के संस्कृत नामों के अतिरिक्त भाषाग्रंथों से भी शब्दसंकलन किया गया है।[2] उदाहरण के लिये नामप्रकाश में संकलित अँगेटी, अहीर, आम, एरंड, करछी, कलुवा, काँटा, खिरकी, गूँगा, घट, घोड़ी, चिनगी, चौराहा, छप्पर, जामुन, ढोल, धोबी, नाऊ, नेह, पहार, फरसा, बारू, बुलबुल, भाँटा, राति, लालची, हिजरा प्रभृति भाषा के शब्द अमरकोश में नहीं हैं। कोश के अंतर्गत भी भिखारीदास ने स्थान स्थान पर स्पष्ट कर दिया है कि शब्दविशेष भाषा का है या संस्कृत का।[3] 'प्रकाशनाममाला' के 'अनेकार्थ वर्ग' तथा 'अव्यय एकाक्षर' तो नितांत भिन्न हैं ही, अमरकोश के अनुवादवाले अंशों में भी मियाँ नूर ने अन्य कोशों, साहित्यिक ग्रंथों वा सामान्य बोलचाल के शब्दों को संकलित किया है। स्थलविशेष पर भाषा के शब्दों का

१. अमर तीसरे कांड में, आठ (?) वर्ग को देखि।
चारि वर्ग भाषा विषे, आवत काज विशेषि॥

× × ×

लिंग भेद भाषा विषे, बिन कारज को पेखि।
ताते छोड़यो चाहिये, स्वार्थ रहित को देखि॥

—अमरकोश भाषा (शिवसिंह कायस्थ), हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का खोज विवरण (१९२३-२५, द्वितीय भाग) पृ० १३६८।

२. 'औरो नाम आनि भाषा ग्रंथन सों हरि कैं'।
—नामप्रकाश (भिखारीदास), पृ० १।

३. 'ये बीस संस्कृत में बिचारि, बैहरि बयारि भाषा निवाह'
—वही, पृ० १३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भी उल्लेख किया गया है।[१] तुलनात्मक दृष्टि से देखा जाय तो आलोच्य चारों कोशों में अमरकोश से भिन्न शब्दों की संख्या प्रकाशनाममाला में सबसे अधिक है। अंबया, अंबिका, आगम, कप्पर, कबंध, गंडसिला, घनसार, चिरीमार, चीता, टंक, टकना, धनिया, पदवी, पदातिक, रक्तदृग, सुराट, हव्य, आदि शब्द द्रष्टव्य हैं।

'कर्णाभरण' कोश में अमरकोश के अतिरिक्त संख्या अत्यधिक मात्रा में है। टीका अंश में तो प्रायः अमरकोश में न मिलनेवाले शब्द ही अधिकांशतः संकलित किए गए हैं। स्थान स्थान पर देश विदेश, दिशा विशेष, कोश वा टीकाकार या साहित्यिक ग्रंथों का भी उल्लेख है, जिससे शब्द लिया गया है।[२] सुवंश शुक्ल कृत 'उमरावकोश' में संस्कृत अमरकोश के अलावा अपेक्षाकृत कम शब्द आए हैं। संस्कृत शब्दों को न समझनेवाले जिज्ञासु पाठकों के लिये ही प्रस्तुत कोश भाषा में रचा गया था।[३] वनौषधि वर्ग' में प्रत्येक नाम के साथ भाषा में प्रचलित नाम भी संकलित हैं। उदाहरण के लिये अमरूद, ईंधन, ऊँट, ऐना, किसान, कुत्ता, कौवा, खीर, घुँघरू, जजमान, जाँघ, तकिया, नाक, पंखा, पूँछ, बच्चा, बढ़ई, बाघ, भात, भैंसा, माटी, मुख, मुरगा, लिंग, लोभी, हथियार, हरकारा, आदि भाषा के शब्द द्रष्टव्य हैं।

शब्दों के अतिरिक्त अमरकोश से अन्य भिन्नताएँ भी इन कोशों में उपलब्ध होती हैं। पर्याय या अनेकार्थ दिए जानेवाले प्रत्येक शब्द का नामशीर्षक चारों कोशों में दिया गया है। छंद एक ही नहीं, अनेकानेक हैं। कुल पर्याय शब्दों की छंद के अंत में गणना कर दी गई है। चारों कोशों में संस्कृत अमरकोश की अपेक्षा व्यर्थ के शब्द वा प्रसंग अपेक्षाकृत अधिक संख्या में आए हैं।

संस्कृत शब्दरूप भाषा (हिंदी) की वर्तनी में लिखे गए हैं। भिखारीदास ने अपने 'नामप्रकाश' में स्पष्ट उल्लेख कर दिया था कि 'भाषा' में कोरा ग्रंथ

१ 'बच्छ वच्छ उर को कहै, भाषा छाती जान।'

—प्रकाशनाममाला, पृ० ११२।

२. 'अधर ओष्ट पर्जाय है केतने भाषावारे कहत हैं।'

— कर्णाभरण, पत्र १६, मूल।

३. पढ़ि सकत जे नहिं संस्कृत तिन हेत भाषा छंद तें।
लहि अमरकोश कहौं उमगि, उमरावकोश अनंद तें॥

—उमरावकोश १।१।११।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्मित करने के उद्देश्य से उन्होंने कुछ अक्षरों के संबंध में अधिक विवेक' नहीं किया[1]। संस्कृत शब्दों को 'भाषा' लिखते समय सभी अनुवादकों ने यथास्थान 'य' का 'ज', 'ऋ' का 'रि', 'श' का 'स', 'ष' का 'ख', 'क्ष' का 'छ', 'ण' का 'न', 'ज्ञ' का 'ग्य' तथा 'व' का 'ब' कर दिया है। इसके अतिरिक्त स्थलविशेष पर आगम और लोप आदि का भी आश्रय लिया गया है। शब्दों के रूप विकृत करने में छंदों के आग्रह ने यथासंभव कार्यशीलता दिखाई है।

अमरकोश के अंतिम तीन वर्गों के अतिरिक्त अन्य वर्गों के अंतर्गत संकलित सभी शब्द प्रायः चारों कोशों में आ गए हैं। यहाँ तक कि कुछ मात्रा में भाषा के नितांत अप्रचलित संस्कृत शब्दों को भी इन कोशकारों ने संकलित कर दिया है। 'कर्णाभरण' के रचयिता ने इस दिशा में अपेक्षाकृत संयमित और उदार दृष्टिकोण अपनाया। संस्कृत अमरकोश के ऐसे शब्दों को, जो हिंदी के लिये उपयुक्त नहीं थे, उन्होंने त्याग दिया और साथ ही अन्य कोशों से भी शब्दसंकलन किया। फिर भी चारों कोशकारों द्वारा अमरकोश से प्रायः सभी शब्द लेने की व्यवस्था को दोषपूर्ण नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह हिंदी का प्रारंभिक युग था जिसमें दृष्टि की यह उदारता वांछनीय थी।

*

१. य ज रि ऋ स श ष ख छ क्ष न ण ग्य ज्ञ टार्‌यो सुक।
भाषा वर्नन बूझि कै, कियौ न एक विवेक॥
—नामप्रकाश (गुलशन-अहमद यंत्रालय, प्रतापगढ़, १८६६ ई०), पृ० २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भर्तृहरि की दृष्टि में अष्टाध्यायी का 'प्रकार' शब्द

डा॰ कपिलदेव शास्त्री

संस्कृत भाषा का 'प्रकार' शब्द सामान्यतया दो अर्थों में व्यवहृत हुआ है—'सादृश्य' तथा 'विशेष' जिसका उदाहरण क्रमशः पटुप्रकारो अयं माणवकः तथा 'श्यामः बहुभिः प्रकारैः भुंक्ते इन वाक्यों में देखा जा सकता है। संस्कृत कोषकारों[1] ने भी प्रकार' शब्द के विषय में इन्हीं दो अर्थों का निर्देश किया है।

आचार्य पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी के चार सूत्रों में 'प्रकार' शब्द का प्रयोग किया है। पर कहीं भी इस प्रकार का कोई संकेत नहीं दिया है कि उन्हें इन सूत्रों में 'सादृश्य' अर्थ अभिप्रेत है या 'विशेष'। इसलिये इन सूत्रों में विद्यमान 'प्रकार' शब्द के अर्थ के विषय में भर्तृहरि ने स्पष्टतः दो मतों की सूचना दी[2] है। प्रथम मत के अनुयायी आचार्य सर्वत्र इन चारों सूत्रों में—प्रकार का अर्थ 'सादृश्य' करते हैं, जबकि दूसरे आचार्य 'विशेष' अर्थ की अभिव्यक्ति के लिये 'प्रकार' शब्द का प्रयोग मानते हैं। भर्तृहरि के वाक्यपदीय के इस पूरे प्रसंग को देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि भर्तृहरि स्वयं प्रथम पक्ष के अनुयायी तथा प्रबल पोषक हैं जिसमें 'प्रकार' का अर्थ सर्वत्र 'सादृश्य' माना जाता है।

अर्थ की दृष्टि से इन दोनों मतों में बहुत अधिक अंतर नहीं है क्योंकि 'सादृश्य' में भिन्नता भी अंतर्निहित रहती ही है। जब कभी यह कहा जायगा कि यह वस्तु उस वस्तु के समान है तो यहाँ यह अर्थ भी अंतर्निहित या सामर्थ्यगम्य होगा ही कि वह वस्तु अन्य वस्तुओं से भिन्न है। उदाहरण के लिये जब यह कहा जाता है कि रामः पण्डित सदृशः वर्तते तो वहाँ यह अर्थ भी छिपा हुआ है कि 'राम मूर्खों से भिन्न हैं'। इसलिये जब कभी 'सादृश्य' को अभिधेय

१. द्र० अमरकोष (३।३।१६२), शाश्वतकोष (श्लोक सं० ६८१)

२. सादृश्यमेव सर्वत्र प्रकारः कैश्चिद् इष्यते।
भेदे पितु प्रकाराख्य कैश्चिद् अभ्युपगम्यते॥
—वाक्यपदीय, प्रकीर्ण कांड (श्लोक सं० ६२१८)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माना जायगा तो भिन्नता अर्थ भी सामर्थ्यगम्य होगा ही। अंतर इतना ही है कि सादृश्यवादी 'विशेष' अर्थ को सामर्थ्यगम्य मानता है तथा भेदवादी 'सादृश्य' अर्थ को।

अब देखना यह है कि पाणिनि के सूत्रों में जिस 'प्रकार' शब्द का प्रयोग हुआ है वह प्रधानतः किस अर्थ की अभिव्यक्ति कर रहा है। संबद्ध प्रयोगों की दृष्टि से 'सादृश्य' अर्थ को प्रधान माना जाय या 'भेद' अर्थ को। इस दृष्टि से पहले हम पाणिनि के इन चार सूत्रों के अभिप्राय तथा उदाहरण एवं वृत्तिकारों तथा व्याख्याताओं की संमतियाँ प्रस्तुत करते हैं :

पहला सूत्र है—'प्रकार वचने थाल्'[1] जिसका अर्थ है प्रकार अर्थ के द्योतन के लिये'। 'किम' सर्वनाम तथा 'बहु' शब्द से 'थाल' प्रत्यय होता है ; जैसे-यथा, तथा, सर्वथा इत्यादि।

दूसरा सूत्र है 'प्रकार वचने जातीयर्'[2]। इसका अभिप्राय है 'प्रकार' को कहने के लिये प्रातिपदिक शब्दों से 'जातीयर्' प्रत्यय होता है, यथा 'मृदु जातीयः, पटुजातीयः' इत्यादि।

तीसरा सूत्र है—स्थूलादिभ्यः प्रकारवचने कन्'[3] अर्थात् गणपाठ के स्थूलादिगण में पठित 'स्थूल' आदि शब्दों से 'प्रकार' अर्थ की अभिव्यक्ति के लिये 'कन्' प्रत्यय संयुक्त हुआ करता है। जैसे 'स्थूलकः' 'अणुकः' 'माषकः' 'चंचत्कः' बृहत्कः इत्यादि।

प्रथम दो सूत्रों में 'प्रकार' शब्द के अर्थ को स्पष्ट करते हुए काशिका के इस अध्याय के लेखक जयादित्य ने लिखा है 'सामान्यस्य विशेषो भेदकः प्रकारः'[4] अर्थात् सामान्य का भेद करनेवाला सामान्य से भिन्नता प्रस्तुत करनेवाला जो विशेष है वही यहाँ प्रकार शब्द का अभिप्राय है। तीसरे सूत्र में भी 'प्रकार' शब्द से जयादित्य को 'भेद' ही अभिप्रेत है। इसीलिये उन्होंने यहाँ भी कहा है कि 'प्रकारो विशेषः'[5] अर्थात् 'प्रकार का अर्थ है विशेष'। जयादित्य के साथ साथ जैनेंद्र

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

१. अष्टाध्यायी (५।३।२३)
२. वही (५।३।६९)
३. वही (५।४।३)
४. काशिका (५।३।२३, ६९)

सन्दर्भ ग्रन्थ
REFERENCE BOOK

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्याकरण[1], शाकटायन व्याकरण[2], सरस्वती कंठाभरण[3] तथा हैम व्याकरण[4] के आचार्यों ने भी इन उपर्युक्त प्रसंगों में 'प्रकार' का अर्थभेद ही माना है।

प्रथम दो सूत्रों की व्याख्या पतंजलि ने नहीं की है। तीसरा सूत्र महाभाष्य में मिलता तो है पर पतंजलि ने सूत्रस्थ 'प्रकार' शब्द के विषय में कुछ भी नहीं कहा है। परंतु 'यथा असादृश्ये' सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में पतंजलि ने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा है कि 'प्रकार वचने थाल्' इस सूत्र में 'प्रकार' शब्द का अर्थ 'सादृश्य' है।[5]

इसी तरह 'प्रकारे गुणवचनस्य'[6] इस सूत्र की व्याख्या के प्रसंग में पतंजलि तो नहीं, पर पतंजलि के उत्तराधिकारी व्याख्याता कैयट ने स्पष्ट कहा है 'प्रकार वचने जातीयर्' इत्यत्र सादृश्यं प्रकारः केषांचिन्मते गृह्यते। अन्येषां तु भेदः प्रकारः[7], अर्थात् 'प्रकार वचने जातीयर्' इस सूत्र में 'प्रकार' शब्द का अर्थ कुछ लोगों के मत से 'सादृश्य' है परंतु दूसरों के विचार में 'भेद' अर्थ है। यहाँ सादृश्य अर्थवाला मत संभवतः पतंजलि तथा उनके अनुयायियों का है। क्योंकि ये लोग सर्वत्र 'प्रकार' का अर्थ सादृश्य करते हैं। ध्यान देने की बात यह है कि भर्तृहरि ने वाक्यपदीय में यह स्पष्ट कहा है कि सर्वत्र प्रकार शब्द के अर्थ के विषय में दो प्रकार का दृष्टिकोण मिलता[8] है जबकि कैयट ने उस स्थिति का संकेत केवल एक सूत्र के विषय में किया है।

ऊपर कैयट ने जिन दो मतों की ओर संकेत किया है उनका स्पष्टीकरण करते हुए नागेश[9] ने कहा है कि 'सादृश्य अर्थ वामन आदि का है तथा'

१. वही (५।४।३)
२. द्र० जैनेंद्र व्याकरण महावृत्ति (४।१।८६)
३. द्र० हृदयहारिणी वृत्ति (४।३।३५, ४५)
४. द्र० हैमव्याकरण लघुप्रक्रियावृत्ति (७।२।१०२)
५. यथेत्यपन् प्रकारवचने थाल्। स च सादृश्ये वर्तते महाभाष्य (२।१।७)
६. अष्टाध्यायी (८।१।१२)
७. प्रदीप महाभाष्य (८।१।१२)
८. सादृश्यमेव सर्वत्र प्रकार कैश्चिदिष्यते।
भेदेऽपि तु प्रकाराख्या कैश्चिदभ्युपगम्यते॥
—वाक्यपदीय, प्रकीर्णकांड (श्लोकसंख्या ६१८)
९. केषांचिन्मतेनेति—वामनादीनामित्यर्थः। अन्येषान्त्विति—जयादित्यादीनाम्।
—उद्योतटीका। महाभाष्य (८।१।१२)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भेद अर्थ जयादित्य आदि का है। ऐतिहासिक की दृष्टि में लगभग यह निश्चित हो चुका है कि काशिका के प्रथम पाँच अध्यायों के लेखक जयादित्य हैं तथा अंतिम तीन अध्यायों के लेखक वामन[1] हैं। ऊपर जिन सूत्रों को प्रस्तुत किया गया है वे सब पंचम अध्याय के हैं जिनमें जयादित्य ने सर्वत्र 'भेद' अर्थ किया है। वामन चूँकि अंतिम तीन अध्यायों के लेखक हैं, जिनमें अष्टम अध्याय में 'प्रकारे गुणवचनस्य' सूत्र आता है, जिसकी चर्चा हम आगे करेंगे। इस सूत्र की व्याख्या में 'प्रकार' का अर्थ 'सादृश्य' स्वीकार किया गया है। परंतु पाँचवें अध्याय के 'प्रकार वचने जातीय[3]' सूत्र की व्याख्या जयादित्य ने लिखी है, न कि वामन ने। इसलिये इस सूत्र की व्याख्या में वामन के द्वारा 'प्रकार' शब्द का 'सादृश्य' अर्थ किया गया है। इस तरह की बात कुछ असंगत सी अवश्य प्रतीत हो सकती है पर अष्टम अध्याय के 'प्रकारे गुणवचनस्य'[2] सूत्र की व्याख्या में वामन 'प्रकार' का सादृश्य अर्थ करते हुए, सादृश्य द्योतनार्थ गुणवाचक शब्दों से, विकल्प के रूप में, जातीय' प्रत्यय की स्थिति भी स्वीकार करता है। इससे स्पष्ट है कि इस व्याख्याकार (वामन) को 'प्रकार वचने जातीय[5]' इस सूत्र में 'प्रकार' का 'सादृश्य' अर्थ ही अभिमत है। पदमंजरीकार हरदत्त मिश्र ने वामन की इस स्थिति का स्पष्टीकरण करते हुए यह कहा है कि वामन को यहाँ प्रकार के दोनों—सादृश्य तथा भेद—अर्थ अभिप्रेत हैं[6]।

तीसरे सूत्र 'स्थूलादिभ्यः प्रकार वचने कन्[7]' के प्रकार' के विषय में, जैसा ऊपर कहा जा चुका है, भाष्यकार पतंजलि तो मौन हैं परंतु उनके व्याख्याकार कैयट ने, इसी सूत्र पर लिखित कात्यायन की वार्तिक 'चंचद् बृहतोरुपसंख्यानम्' से निष्पन्न होने वाले 'चचत्क' तथा 'बृहत्क' शब्दों के अर्थ पर विचार करते हुए स्पष्ट कहा है कि 'कन्' प्रत्यय सादृश्य का द्योतक है। कैयट के कथन का

१. द्र० संस्कृत व्याकरणशास्त्र का इतिहास, भा० १-पं० युधिष्ठिर मीमांसक (पृ० ३३२)
२. अष्टाध्यायी (८।१।१२)
३. वही (५।३।६९)
४. काशिका (८।१।१२)
५. अष्टाध्यायी (५।३।६९)
६. पदमंजरी (५।३।६९)
७. अष्टाध्यायी (५।४।३)
८. चंचत्कः सादृश्यस्य द्योतकः कन् प्रत्ययः।—प्रदीप महाभाष्य (५।४।३)।
९ (६९-३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्पष्टीकरण करते हुए नागेश लिखता है कि इस सूत्र में 'प्रकार' शब्द का अभिप्राय 'सादृश्य'[1] है।

यहाँ कैय्यट 'चंचत्क' तथा 'बृहत्क' शब्दों के अर्थ के विषय में कहता है कि गतिशील या चंचल न होते हुए भी मणि इसलिये 'चंचत्क' शब्द का अभिधेय बनता है कि उसमें से निरंतर ज्योति की किरणें विकीर्ण होती रहती हैं इसलिये वह गतिशील या चंचल सा प्रतीत होता है तथा इसी प्रकार बड़ा न होते हुए भी, निरंतर प्रकाशित एवं दूर तक प्रत्यवभासित होते रहने के कारण एक विशेष मणि ही 'बृहत्क' शब्द का वाच्य बनता है क्योंकि वह बड़े शरीरवाला प्रतीत होता है।[2]

कैय्यट से बहुत पूर्व भर्तृहरि[3] ने अपने प्रकीर्ण कांड के अंत में 'प्रकार' का अर्थ सादृश्य है इस अपने अभीष्ट मत की पुष्टि में 'चंचत्क' शब्द के तीन - मणि, मंडूक तथा खद्योत अर्थों तथा 'बृहत्क' शब्द के एक मणि अर्थ की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट किया है तथा यह बताया है कि मणि, जिसमें से प्रभा की किरणें निरंतर स्फुरित हो रही हैं, मंडूक, जो एक स्थान पर स्थित होकर भी श्वास के भरने तथा निकालने से पेट को फुलाता तथा घटाता रहता है, तथा खद्योत, जो एक क्षण के लिये अपनी जगमगाहट को विकीर्ण करता है तो दूसरे क्षण उसे वह अपने अंदर निगीर्ण कर लेता है, 'चंचत्' से उपमित हुआ करते हैं। इसी तरह 'बृहत्क' शब्द का अर्थ मणि होता है जो छोटा होता हुआ भी विस्तृत रश्मिजाल को प्रसारित करता रहता है और इसलिये बड़े के समान प्रतीत होता है।

काशिका के व्याख्याकार हरदत्त मिश्र ने इस सूत्र की व्याख्या में, जयादित्य के अभिमत सिद्धांत 'प्रकारो विशेषः' की व्याख्या करने के उपरांत संभवतः

१. सूत्रे प्रकार शब्देन सादृश्य मुच्यते। —उद्योत महाभाष्य (वही)

२. अचंचन्नपि यश्चंचन्निव लक्ष्यते स चंचत्को मणिः स्पन्दमान प्रभत्वात्। अबृहन्नपि बृहन्निव प्रसृतप्रभत्वात् यो दृश्यते स बृहत्कः। —प्रदीप, महाभाष्य (वही)।

३. चंचत्प्रकारश्चंचत्क बृहत्क इतिचापरे।
मणिमण्डूक खद्योतान सादृश्येन प्रचक्षते॥
तत्रोन्मेषनिमेषाभ्यां खद्योत उपमीयते।
श्वासप्रबन्धैर्मण्डूक स्पन्दमानप्रभो मणिः॥
—वाक्य पदीय, प्रकीर्ण कांड (श्लोक संख्या ६१५-१६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भर्तृहरि तथा कैय्यट आदि की ओर संकेत करते हुए लिखता है कि कुछ विद्वानों के अनुसार इस सूत्र में 'सादृश्य' अर्थ में 'कन्' प्रत्यय का विधान किया गया है[1]। यों हरदत्त मिश्र का विचार है कि सूत्र में 'प्रकार' का 'सादृश्य' और 'भेद' दोनों ही अर्थ अभिप्रेत हैं तथा कन्प्रत्ययांत जो शब्द जिस अर्थ 'सादृश्य' या 'भेद' को कहता है, उससे उसी अर्थ में इस 'कन्' प्रत्यय की स्थिति को स्वीकार किया जाय। वृत्तिकार जयादित्य ने केवल 'उपलक्षण' की दृष्टि से इन दोनों अर्थों को न कहकर केवल एक अर्थ 'भेद' को ही कहा है[2]। पर नागेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जयादित्य की दृष्टि में 'प्रकार' का अर्थ केवल 'भेद' या 'विशेष ही है[3]।

भाषावृत्ति के लेखक पुरुषोत्तमदेव पंचम अध्याय के इन तीन सूत्रों में केवल एक सूत्र—'प्रकार वचने थाल्'—की व्याख्या में स्पष्टतः 'प्रकार' का अर्थ 'सादृश्य' करता है[4]। पर उससे अन्य दोनों सूत्रों में विद्यमान 'प्रकार' शब्द के अर्थ के विषय में उसकी स्थिति का ज्ञान हो जाता है क्योंकि इन तीनों सूत्रों का विषय एक ही है।

दुर्घटवृत्तिकार शरणदेव ने भी 'प्रकार वचने थाल्' के प्रकरण में आनेवाले 'इदमस्थमुः' सूत्र पर 'इत्थम्भूत' शब्द की व्युत्पत्ति के विषय में जो विवाद[5] उठाया है उससे यह निश्चित हो जाता है कि वह भी इन तीन सूत्रों में 'प्रकार' का अर्थ 'सादृश्य' ही मानता है।

सिद्धांत कौमुदी के लेखक भट्टोजी दीक्षित ने विवाद के विषयभूत इन तीनों सूत्रों के प्रकार शब्द के अर्थ के विषय में कहीं कुछ भी नहीं कहा है। पर उनके टीकाकारों ने इन सूत्रों में प्रकार का अर्थभेद किया है।

इस तरह 'प्रकार' शब्दवाले पहले तीन सूत्रों के 'प्रकार' शब्द के विषय में दो तरह के मत स्पष्टतः मिलते हैं। 'सादृश्य' अर्थ माननेवालों में पतंजलि,

१. अपर आह – सादृश्ये अत्र कन्। अचंचलमपि यश्चंचलमिव लक्ष्यते स्पन्दमानप्रेमत्वात् स चंचत्को सखिः। —पदमंजरी (५।४।३)।
२. प्रकारो भेदः सादृश्यं च। उभयत्रापि यथाभिधानं कन् भवति। वृत्तौ तु प्रकार इत्युपलक्षणम्। —पदमंजरी (वही)।
३. द्र० अन्येषांविति - जयादित्यादीनाम्। —उद्योत, महाभाष्य (८।१।१२)।
४. सादृश्य वृत्तिभ्यस्थाल् स्यात्। तेन प्रकारेण तथा। —भाषावृत्ति (५।३।२३)।
५. इमम् प्रकारमापन्न 'इत्थम्भूत' इति। प्रकारश्च सादृश्यम्। तत्र तृतीया युक्ता। —दुर्घटवृत्ति (२।३।२४)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भर्तृहरि, वामन, कैयट, नागेश, पुरुषोत्तमदेव तथा शरणदेव हैं एवं 'भेद' अर्थ माननेवाले विद्वानों में जयादित्य, देवनंदी, शाकटायन, भोज, तथा हेमचंद्र इत्यादि हैं।

'प्रकार' शब्दवाला अंतिम सूत्र है 'प्रकारे गुणवचनस्य'[1] जिसका अभिप्राय है 'प्रकार में वर्तमान गुणवाचक शब्दों का दो बार प्रयोग किया जाना चाहिए'। जैसे 'पटुपटुः', 'पंडितपंडितः' इत्यादि। काशिका में इस सूत्र के व्याख्याकार वामन ने 'सादृश्य' अर्थ को और भी स्पष्ट करते हुए कहा है कि 'परिपूर्ण' गुणवाले व्यक्ति से न्यून गुणवाले व्यक्ति की जब तुलना की जाती है तब इस प्रकार का द्विर्वचनात्मक प्रयोग किया जाता[2] है। जब सीधे यह कहना हो कि 'देवदत्त चतुर है' तब यही कहा जायगा कि 'पटुर्देवदत्तः'। यहाँ 'पटु' शब्द का द्वित्व नहीं किया जाता'।[3]

यहाँ भी पतंजलि ने 'प्रकार' शब्द के अर्थ के विषय में स्पष्टतः कुछ भी नहीं कहा—शायद कहने की आवश्यकता नहीं प्रतीत हुई। पर 'गुणवचनस्य' इस पद का जो प्रत्युदाहरण[4]—'अग्निर्माणवकः (बालक अग्नि के समान है) तथा 'गोर्वाहीकः' (वाहीक गौ के समान है)—पतंजलि ने दिया है उससे सर्वथा स्पष्ट है कि वे निश्चित ही 'प्रकार' का अर्थ सादृश्य मानते हैं।

इस अंतिम सूत्र पर हमें जयादित्य के विचारों का पता नहीं लगता क्योंकि काशिका में इस सूत्र की व्याख्या वामन द्वारा की गई है जो सादृश्य पक्ष के माननेवाले हैं। भेदवादी कोई दूसरा व्याख्याकार पाणिनीय संप्रदाय में नहीं दिखाई देता। इसलिये इस सूत्र पर हमें केवल सादृश्यपरक व्याख्या ही देखने को मिलती है। पर आश्चर्य की बात तो यह है कि जैनेंद्र, शाकटायन तथा हेमव्याकरण के प्रतिष्ठित विद्वानों ने भी, जो ऊपर के तीन सूत्रों में प्रकार का अर्थ 'भेद' करते रहे हैं, इस सूत्र[5] में विद्यमान 'प्रकार' शब्द का 'सादृश्य' अर्थ ही माना है।

१. अष्टाध्यायी (८।१।१२)
२. परिपूर्णगुणेन न्यून गुणस्योपमाने सति एवं प्रयुज्यते।—काशिका (८।१।१२)
३. प्रकारे इति किम्-पटुर्देवदत्तः।—काशिका (वही)।
४. महाभाष्य (८।१।१२) तथा द्र०—गौर्वाहीक इति द्वित्वे सादृश्यम्प्रत्युदाहृतम्।—वाक्यपदीय वृत्तिसमुद्देश (६२४)
५. द्र० प्रकारे गुणोक्तेः—प्रकारः सादृश्यमिह गृह्यते।—जैनेंद्र-व्याकरण—महावृत्ति (५।१।१०)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रसंगतः यहाँ एक बात और निवेदन कर दूँ कि इन चारों सूत्रों से निष्पन्न होनेवाले प्रयोगों में एक विशेष बात यह है कि प्रथम सूत्र—'प्रकारवचने थाल्'—से सिद्ध होनेवाले 'यथा', 'तथा' इत्यादि शब्द केवल 'प्रकार' या 'प्रकारता-धर्म' को कहते हैं। भले ही 'प्रकार' का अर्थ 'सादृश्य' या 'भेद' कुछ भी किया जाय। दूसरी ओर शेष तीन सूत्रों से विनिर्मित—जातीयर् प्रत्ययान्त, कन् प्रत्ययान्त तथा गुणवाचक शब्दों के द्विवचनात्मक प्रयोग केवल 'प्रकार' या प्रकारता धर्म को न कहकर उस 'प्रकार' से विशिष्ट 'प्रकारवान्' या प्रकारता-धर्म से युक्त 'धर्मी' को कहा करते हैं। उदाहरण के लिये 'यथा देवदत्तस्तथा यज्ञदत्तः'-इस वाक्य में 'यथा' और 'तथा' शब्द केवल 'प्रकार' का ही ज्ञान करा पाते हैं। परंतु दूसरी तरफ 'पटुजातीयः', स्थूलकः या 'चंचत्कः' तथा 'पटुपटुः' 'पण्डित पण्डितः' ये प्रयोग सदा ही 'प्रकारवान्' को कहते हैं केवल धर्म को न कहकर तद्विशिष्ट व्यक्ति को[1] कहते हैं।

इसलिये यदि 'प्रकार वचने थाल्' में 'प्रकार' का अर्थ 'प्रकार धर्म' है तो अन्य सूत्रों में उसका अर्थ है 'प्रकारवान् व्यक्ति' या 'धर्मी'।

अब तक 'प्रकार' शब्द के विषय में विभिन्न व्याख्याताओं के विभिन्न मतों का उल्लेख किया गया। अब यह विचारणीय है कि इन सूत्रों के उदाहरणभूत शब्दों से 'सादृश्य' अर्थ की अभिव्यक्ति होती है या 'भेद' अर्थ की।

जहाँ तक प्रथम सूत्र का प्रश्न है 'थाल्' प्रत्ययांत 'यथा' और 'तथा' शब्द 'यथा देवदत्तस्तथा यज्ञदत्त जैसे वाक्यों में देवदत्तः' तथा यज्ञदत्त की समानता या 'सादृश्य' को अभिव्यक्त करते हैं। भेदवादी विद्वानों के अनुसार इस वाक्य का अर्थ होगा—यज्ञदत्त सामान्य व्यक्ति नहीं है, अपितु जिन विशिष्ट गुणों से युक्त देवदत्त है उन्हीं गुणों से युक्त यज्ञदत्त भी है। अतः वह अन्य व्यक्तियों से भिन्न है। यह ठीक है कि यहाँ 'सादृश्य' तथा 'वैशिष्ट्य' दोनों ही अर्थ अभिव्यक्त होते हैं पर वक्ता की विवक्षा यही होती है कि देवदत्त तथा यज्ञदत्त में सादृश्य है। वह यह नहीं

1. द्र० (क) प्रकार वचनः कश्चित् प्रकार वति संस्थितः।
प्रकारमात्रे वर्तित्वा कश्चित् तद् व्यतिवर्तते॥
—वाक्यपदीय प्रकीर्ण कांड (श्लोक सं० ६१९)।
(ख) प्रकारवति चायं प्रत्ययः थाल्
पुनः प्रकारमात्रे एव भवति—काशिका (५।३।६९)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कहना चाहता कि यज्ञदत्त अन्य मनुष्यों से भिन्न है—भले ही वह अर्थ भी यहाँ सामर्थ्यगम्य रहा करता है।

'यथा' की इसी साक्षात् 'सादृश्य' वाचकता के कारण आलंकारिकों ने उपमावाचक शब्दों में 'यथा' को भी स्थान दिया है तथा 'यथा' से युक्त उपमा को 'श्रौती उपमा' का नाम दिया[1] है जिसका अभिप्राय है 'यथा' को सुनते ही तुरंत उपमा की प्रतीति हो जाती है। इसका उदाहरण है—'मुखमिन्दुर्यथा' जहाँ वाक्यगता श्रौती लुप्तोपमा मानी जाती है।

पर यदि 'यथा' को सादृश्यवाचक माना जाता है तो यह प्रश्न उपस्थित होता है कि 'अव्ययं विभक्ते'[2] इस सूत्र में 'यथा' पद से 'यथा' अर्थ में अव्ययीभाव समास का विधान कर देने पर फिर 'सादृश्य' अर्थ में उसी अव्ययीभाव समास का विधान करने के लिये पाणिनि ने उसी सूत्र में पुनः 'सादृश्य' पद को क्यों स्थान दिया ?

इस प्रश्न का उत्तर भर्तृहरि ने दो तरह से दिया है। प्रथम उत्तर में भर्तृहरि का यह कहना है कि 'यथा' शब्द द्वारा उन शब्दों में अव्ययीभाव समास का विधान किया गया है जिनमें 'सादृश्य' धर्म प्रधानतया कहा जाता है। जैसे 'हरेः सादृश्यम् सहरि' (हरि की सदृशता)। इसके विपरीत 'सादृश्य' पद द्वारा अव्ययीभाव समास का विधान उन पदों में किया जाता है जहाँ समास के द्वारा सादृश्यवान् कहा जाता है। जैसे 'सदृशः रामेण सरामः' या 'सदृशः सख्या ससखि' (राम के सदृश या सखा के सदृश)। यहाँ राम या सखा के सदृश कोई अन्य व्यक्ति कहा जा रहा[3] है।

दूसरा समाधान में भर्तृहरि ने यह कहा है कि 'यथा (अर्थ)' पद द्वारा उन स्थलों में समास अभिप्रेत है जहाँ गुणगत 'सादृश्य' की अभिव्यक्ति होती है। जैसे 'अनुरूपं वेष' (रूप के सदृश वेष)। यहाँ रूप गुण की सदृशता अभिहित

१. द्र० साहित्यदर्पण (१०।१६-२३)।

२. अष्टाध्यायी (२।१।६)।

३. सादृश्यग्रहणं सूत्रे सादृश्यस्योपलक्षणम्।
तुल्योरव्ययीभावे सहशब्दो अभिधायकः ॥
वीप्सासादृश्ययोर्वृत्तिः या यथार्थाभिधायिनः।
स चायमव्ययीभावे भेदो भेदेन दर्शितः ॥
—वाक्यपदीय वृत्ति समुद्देश (श्लोक सं० ६२०-२१)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हो रही है। इसके विपरीत 'सादृश्य' पद द्वारा उन स्थलों में अव्ययीभाव समास अभिप्रेत है जिनमें मूर्तिगत सादृश्य की अभिव्यक्ति होती है—जिसका संबंध वस्तु या व्यक्ति के अवयवों से होता है। इसका उदाहरण है—'सादृश्यं सख्यां ससखि' (सखा का सादृश्य)। इस प्रकार के 'सादृश्य' को 'सह' अव्यय कहा जाता है।

इन द्विविध स्थलों में अव्ययीभाव समास का विधान करने के लिये पाणिनि ने 'यथा' तथा 'सादृश्य' इन दोनों पदों को पृथक् पृथक् अपने उपर्युक्त सूत्र में स्थान दिया है।

आश्चर्य की बात यह है कि भेदवादी जयादित्य ने भी, जो 'प्रकार वचने थाल्' सूत्र में 'प्रकार' शब्द का केवल 'भेद' अर्थ ही स्वीकार करता है, यहाँ 'यथा' को सादृश्यवाचक मानते हुए, भर्तृहरि के ही प्रथम समाधान को संक्षेप में थोड़े शब्दांतर के साथ प्रस्तुत किया है।

एक प्रश्न और पूछा जा सकता है कि यदि 'यथा' शब्द का अर्थ 'सादृश्य' ही है तो पाणिनि ने अपने सूत्र 'यथा असादृश्ये'[3]—द्वारा 'असादृश्य' अर्थ में 'यथा' अव्यय का समास-विधान क्यों किया? भर्तृहरि ने इस प्रश्न को नहीं उठाया है। पतंजलि ने, लगभग इसी प्रकार के एक दूसरे प्रश्न के उत्तर में, यह कहा है कि केवल 'प्रकार वचने थाल्' से निष्पन्न होनेवाला व्युत्पन्न एवं थाल्-प्रत्ययांत—'यथा' शब्द ही 'सादृश्य' का वाचक है। इसके अतिरिक्त एक अव्युत्पन्न थाल् प्रतिरूपक थाल्प्रत्ययांत सदृश 'यथा' शब्द है जिसके 'सादृश्य' से इतर-योग्यता, वीप्सा तथा पदार्थानतिवृत्ति अर्थ होते हैं[4]। शाकटायन तथा हेम

१. सादृश्यं योग्यता कश्चिदनावभ्युपगम्येत।
यत्तु मूर्तिगतं साम्यं तत् सहेनाभिधीयते॥
—वाक्यपदीय, वही (श्लोक सं० ६२२)।

२. द्र०-सादृश्यं तुल्यता। किमर्थम् इदम् उच्यते यथार्थ इत्येव सिद्धम्? गुणभूते अपि सादृश्ये यथा स्यात् सदृशः सख्या ससखि।
—काशिका (२।१।६)।

३. अष्टाध्यायी (२।१।७)

४. द्र०—अथेत्ययं प्रकारवचने थाल् स च सादृश्ये वर्तते।...
अयं यथाशब्दो अस्त्येवाव्युत्पन्नः प्रातिपदिकं वीप्सावाचि। अस्ति प्रकारवचने थाल्। तत्र यद् अव्युत्पन्नं वीप्सावाचि तस्येदं ग्रहणम्॥
—महाभाष्य (२।१।७)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संप्रदाय के आचार्यों ने, पतंजलि के इस कथन के अनुसार ही, पाणिनि के 'यथा असादृश्ये' सूत्र के स्थान पर, 'यथा[१] अथा' सूत्र का प्रणयन किया है जिसका अभिप्राय है कि थाल्प्रत्यय-रहित अव्युत्पन्न 'यथा' का समर्थ सुवन्त के साथ अव्ययीभाव समास होता है।

पर केवल अर्थ की भिन्नता की दृष्टि से एक ही 'यथा' शब्द को दो तरह का मान लेना किसी भी तरह सुसंगत नहीं प्रतीत होता।

ऊपर के प्रश्न का यह उत्तर दिया जा सकता है कि पाणिनि के 'असादृश्ये' पद का 'सादृश्य से सर्वथा रहित' यह अभिप्राय कदापि नहीं निकालना चाहिए, क्योंकि वैयाकरणों की एक परिभाषा है-नञिवयुक्तम् अन्यसदृशाधिकरणे तथा हि अर्थगतिः'[२] 'नञ' तथा 'इव' से युक्त पद में उससे भिन्न पर तत्सदृश द्रव्य या व्यक्ति का ज्ञान होता है')। इसीलिये 'अब्राह्मणमानय' कहने पर ब्राह्मणेतर पर ब्राह्मण सदृश ही किसी क्षत्रिय आदि को लाया जाता है। इसी तरह 'असादृश्ये' का भी अभिप्राय यह है कि 'यथा देवदत्तस्तथा यज्ञदत्तः' में जिस प्रमुख 'सादृश्य' की अभिव्यक्ति पाई जाती है वैसी सदृशता से रहित पर सामान्य सादृश्य से युक्त अर्थ में 'यथा' इस अव्यय का समास अभीष्ट है। इसीलिये 'यथारूपम्' तथा 'यथाशक्ति' या 'यथावृद्धम्' जैसे समस्त पदों में जहाँ 'यथा असादृश्ये' सूत्र द्वारा समास का विधान किया जाता है तथा क्रमशः 'योग्यता' एवं पदार्थानतिवृत्ति' अर्थ अभिव्यक्त होते हैं, वहाँ भी 'सादृश्य' किसी न किसी रूप में रहता ही है।

इस तरह इस प्रथम सूत्र प्रकार वचने थाल् में 'प्रकार' शब्द का अर्थ प्रधानतः 'सादृश्य' ही प्रतीत होता है जिसकी अभिव्यक्ति के लिये 'थाल्' प्रत्यय का विधान पाणिनि ने किया है।

दूसरे सूत्र 'प्रकारवचने जातीयर्[३]' के 'पटुजातीयः', 'मृदुजातीयः' इत्यादि उदाहरणों में प्रायः गुणवाचक शब्दों से 'जातीयर्' प्रत्यय का संयोजन दिखाई देता है। इन सब उदाहरणों में 'सादृश्य' अर्थ की प्रधानता दिखाई देती है। 'पटुजातीयः' कहते हुए वक्ता की विवक्षा यही होती है कि 'वह पटुसदृश है, पटु नहीं है'। भेदवादी विद्वान् यह अर्थ करेंगे कि 'वह पटु गुणयुक्त व्यक्तियों के वर्ग

१. हेमव्याकरण– (३।१।३१)
२. परिभाषेन्दु शेखर (परिभाषा संख्या ७५)
३. अष्टाध्यायी (५।३।६९)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का है' इसलिये दूसरों से भिन्न है। परंतु पाणिनि को यहाँ 'वर्ग' या जाति को कहना अभीष्ट नहीं प्रतीत होता क्योंकि 'जाति' या 'वर्ग' को कहने के लिये पाणिनि का एक अन्य सूत्र है—'जात्यंतात्[1] छ बंधुनि' (जात्यंत शब्दों से, बंधु बिरादरी या जातिवाले को कहने के लिये 'छ' प्रत्यय होता है) जिसका उदाहरण है—'ब्राह्मण जातीयः', 'क्षत्रिय जातीयः' इत्यादि, जिसका अभिप्राय है—वह 'ब्राह्मण जाति का है', 'वह क्षत्रिय जाति का है'। इसलिये इस सूत्र के रहते हुए यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि 'प्रकारवचने जातीयर्' सूत्र में गुणवाचक शब्दों से ही सूत्रकार को 'जातीयर्' प्रत्यय अभीष्ट है।

यहाँ सादृश्य अर्थ की प्रबलता इसलिये भी स्वीकारणीय है कि 'प्रकारे गुणवचनस्य[2]' सूत्र से, जहाँ 'प्रकार' का अर्थ सभी विद्वान्, चाहे वे भेदवादी हों या सादृश्यवादी, 'सादृश्य' करते हैं। 'सादृश्य' की अभिव्यक्ति के लिये गुणवाचक शब्दों के द्वित्व प्रयोग के विकल्प में 'जातीयर्' प्रत्यय की स्थिति भी स्वीकार की जाती[3] है, अर्थात् पटु सदृश व्यक्ति को कहने के लिये ही 'पटुपटुः' तथा 'पटुजातीयः' इन दोनों में से किसी भी एक शब्द का प्रयोग किया जा सकता है।

इस प्रकार इस दूसरे सूत्र में भी प्रकार का अर्थ 'सादृश्य' ही अधिक युक्तिसंगत प्रतीत होता है।

तीसरे सूत्र 'स्थूलादिभ्यः प्रकारवचने[4] कन्' से निष्पन्न होनेवाले 'चंचत्क' तथा 'बृहत्क्' शब्दों के अर्थ के विषय में ऊपर भर्तृहरि तथा उनके अनुयायी कैय्यट के विचार दिए जा चुके हैं। उनके अनुसार इन शब्दों के अभिधेयभूत अर्थों की दृष्टि से यह स्पष्ट हो जाता है कि इस सूत्र में सादृश्य अर्थ में ही 'कन्' प्रत्यय का विधान माना जा सकता है और इसलिये यहाँ का 'प्रकार' शब्द भी सादृश्यवाचक ही है। इन दोनों शब्दों के अतिरिक्त 'स्थूलक', 'अणुक', 'माषक' इत्यादि शब्द भी अर्थ की दृष्टि से क्रमशः 'स्थूल', 'अणु' तथा 'माष' की समानता से युक्त होते हैं। स्थूल सदृश को 'स्थूलक', चतुर निपुण, अल्प, स्तोक को 'अणुक' तथा 'माष' से न्यून एक विशेष परिमाण को 'माषक' कहा जाता[5] है।

१. अष्टाध्यायी (५'४।६४)

२. वही (८।१।१२)

३. द्र० जातीयरो अनेन द्विर्वचनेन बाधनं नेष्यते।—काशिका (८।१।१२)

४. अष्टाध्यायी (५।४।३)

५. द्र० शब्दकल्पद्रुम
   १० (६६–३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदमंजरी के लेखक हरदत्त मिश्र ने स्थूलादिगण के कुछ अन्य उदाहरणों का भी अर्थ प्रस्तुत किया है; जैसे 'यवकः' का अर्थ 'यवसदृश' 'गोमूत्रक' का गोमूत्र सदृश झालरवाला वस्त्र या आच्छादन विशेष, 'सुरक' का सुरा वर्णवाला सर्प, 'जीर्णक' का लगभग जीर्ण हो गए धान, इत्यादि[1]। इन शब्दों के ये अर्थ, जिनकी पुष्टि कोशकार भी करते हैं, इस बात की पुष्टि करते हैं कि प्रस्तुत सूत्र में 'प्रकार' शब्द का अर्थ 'सादृश्य' ही है।

चौथे सूत्र 'प्रकारे गुणवचनस्य'[2] के विषय में विशेष कहने की आवश्यकता इसलिये नहीं है कि यहाँ तो उपरिनिर्दिष्ट भेदवादी विद्वान् भी 'प्रकार' का अर्थ सादृश्य ही करते हैं। काशिका में इस सूत्र की व्याख्या भले ही भेदवादी जयादित्य के द्वारा नहीं की गई है अपितु सादृश्यवादी वामन के द्वारा की गई है, पर जैनेंद्र आदि तो भेदवादी ही हैं परंतु उन्हें भी यहाँ सादृश्य अर्थ ही[3] अभिप्रेत है।

इस तरह इन सूत्रों के विभिन्न उदाहरणों तथा उनके अर्थों पर विचार करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि 'प्रकार', शब्द का प्रयोग पाणिनि के इन सूत्रों में 'सादृश्य' अर्थ में ही हुआ है और इस रूप में भर्तृहरि आदि सादृश्यवादी विद्वानों की स्थिति ही अधिक सुदृढ़ एवं मान्य प्रतीत होती है।

परंतु भर्तृहरि का 'सर्वत्र' शब्द यह बताता है कि भर्तृहरि न केवल इन चार सूत्रों में 'प्रकार' का अर्थ सादृश्य मानते हैं अपितु जहाँ कहीं भी 'प्रकार' शब्द का प्रयोग किया जाता है वहाँ सर्वत्र ही उसका 'सादृश्य' अर्थ ही मानना चाहिए। पाणिनि के दो अन्य सूत्रों—'इत्थम्भूत लक्षणे'[4] तथा 'संख्याया विधार्थे धा'[5] में भी 'प्रकार' शब्द अप्रत्यक्ष रूप में विद्यमान है। पहले सूत्र का अर्थ है 'किसी विशेष प्रकारता की प्राप्ति के लक्षण या चिह्न के वाचक शब्द से तृतीया विभक्ति होती है'; जैसे 'जटाभिः तापसः' या कमण्डलुना छात्रः'। यहाँ

१. द्र० पदमंजरी (५।४।३)

२. अष्टाध्यायी (८।१।१२)

३. द्र० प्रकारो गुणोक्तेः—प्रकारः सादृश्यमिह गृह्यते।—जैनेंद्र व्याकरण महावृत्ति (५।२।१०)

४. अष्टाध्यायी (२।३।२१)

५. वही (५।४।६)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'तापसत्व' या 'छात्रत्व' रूप विशिष्ट प्रकार के क्रमशः लक्षण हैं जटा तथा कमंडलु जिनसे तृतीया विभक्ति दिखाई देती है। दूसरे सूत्र का अर्थ, संख्यावाचक शब्दों से क्रिया 'प्रकार' को कहने के लिये 'धा' प्रत्यय संयुक्त होता है; जैसे 'रामः पंचधा भुंक्ते' (राम पाँच तरह से भोजन करता है)।

स्पष्ट है कि इन दोनों स्थलों में 'प्रकार' का अर्थभेद है परंतु भर्तृहरि यहाँ भी बुद्धिस्थ 'सादृश्य' मानते[1] हैं। इन प्रयोगों में 'भेद प्रतीति के ज्ञापक जटा तथा कमंडलु इत्यादि वस्तुएँ बाह्य तथा क्षणिक हैं, इसलिये उनके आधार पर जो भेदज्ञान होगा वह भी अवास्तविक ही होगा। इसी तरह 'पंचधा भुंक्ते' इत्यादि में 'प्रकारता' या 'भेद' केवल साधनों में ही हो सकता है, न कि क्रिया में; क्योंकि क्रिया तो सर्वथा भेदरहित हुआ करती है। इसलिये प्रकार का सर्वत्र 'सादृश्य' अर्थ ही मानना चाहिए, यह भर्तृहरि का अभिमत सिद्धांत है।

१. इत्थम्भावेऽपि सादृश्यं तु व्यवस्थानिबन्धनम्।
महणे भेदमात्रस्य तत्रान्यैवाभिधीयते॥
—वाक्यपदीय प्रकीर्ण कांड (श्लोक सं० ६१३)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बंबई का पारसी रंगमंच

डॉ० रणधीर उपाध्याय

अंग्रेजों के आगमन के पश्चात् भारतीय रंगमंच का आधुनिक रूप शुरू होता है। भारत में अर्वाचीन ढंग के रंगमंच का सर्वप्रथम प्रारंभ कलकत्ता में हुआ। सन् १७५७ ई० के प्लासीयुद्ध के समय कलकत्ता में आज के मिशन रो के पूर्वोत्तर भाग में लाल बाजार में अंग्रेजों का 'प्लेहाउस' नामक एक नाट्यगृह था[1] जहाँ अंग्रेजों के द्वारा अंग्रेजी नाटक खेले जाते थे। युद्ध में उसका ध्वंस होने पर सन् १७७५ ई० में पुनः उसका निर्माण हुआ। कलकत्ता के अंग्रेजी रंगमंच की यह परंपरा १९वीं शती तक चलती रही। इससे प्रेरित और प्रभावित होकर हेरेसिम लेबेडेफ नामक रूसी यात्री ने सन् १७९५ ई० में कलकत्ता के मध्यभाग में एक नाट्यगृह स्थापित किया और बाबू गोलोकनाथ नामक बंगाली भाषाविद् की सहायता से 'छद्मवेश' नामक बँगला नाटक सर्वप्रथम दिनांक २७ नवंबर, १७९५ को खेला।[2] इसमें बंगाली पुरुषों के साथ स्त्रियों ने भी भाग लिया।[3] तत्पश्चात् कई नाट्यगृह और नाटक मंडलियाँ क्रमशः बनीं और टूटीं। पर बंगाली नाट्याभिनय की यह परंपरा लेबेडेफ के अनंतर आज तक अक्षुण्णरूपेण जारी रही है। समस्त भारत में बंगाली रंगमंच सर्वप्रथम प्रारंभ हुआ और उसका चरमोत्कर्ष भी हुआ।

पारसी रंगमंच का उद्भव और विकास बंगाली रंगमंच के अनंतर हुआ है। इस पारसी रंगमंच का संबंध भारतीय संस्कृत रंगमंच से न होकर पाश्चात्य रंगमंच से रहा है। पारसी रंगमंच वस्तुतः गुजराती रंगमंच है, जिसका जन्म बंबई में गुजरातीभाषी पारसी सज्जनों के प्रयत्नों से हुआ है। इसी

१. द इंडियन स्टेज, भाग १, हेमेंद्रनाथ दासगुप्त, संस्करण १९३४, पृ० १७६।

२. वही, पृ० २२०।

३. वही, पृ० २२०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पारसी गुजराती रंगमंच पर हिंदी उर्दू नाटकों का सर्वप्रथम अभिनय बंबई में प्रारंभ हुआ और कालांतर में उसने अखिल भारतीय रूप ग्रहण कर लिया। इसी पारसी गुजराती रंगमंच का इतिहास हिंदी व्यावसायिक रंगमंच का इतिहास है। 'हिंदी का कोई अपना रंगमंच नहीं है।'[1] इस मत का समर्थन हिंदी के कई विद्वानों ने किया है।[2] 'हिंदी रंगमंच कहलानेवाली और इस नाम को सार्थक करनेवाली कोई स्थायी चीज हिंदी जगत् के पास अभी तक भी नहीं है।'[3] आशा है, हमारे स्वातंत्र्योत्तर प्रयत्नों के फलस्वरूप हिंदी का रंगमंच अस्तित्व में आएगा।

अमानत कृत 'इंदरसभा' : १८५३ ई० : के पूर्व और पारसी व्यावसायिक रंगमंच के उद्भव के पूर्व इंग्लैंड से अभिनेताओं की कंपनियाँ भारत के पश्चिमी भाग में बंबई और अन्य बड़े बड़े शहरों में आती और अंग्रेजी खेलों का प्रदर्शन करतीं।[4] इसके अतिरिक्त रशियन, इटैलियन और फ्रेंच कलाकारों का भी इसी प्रकार बंबई में आगमन होता।[5] सन् १८४५ में यूरोप की किसी ऑपेरा कंपनी ने अपने खर्च से बंबई में ग्रांट रोड पर 'रॉयल थियेटर' नामक एक छोटा सा नाट्य-गृह बनवाया।[6] इस नाट्यगृह में पश्चिमी लोगों द्वारा अभिनीत नाटकों एवं ऑपेराओं से अंग्रेजी अफसरों और उनसे संबंधित अन्य लोगों का मनोरंजन होता। अधिकतर शेक्सपियर के ही नाटक खेले जाते। बंबई के तत्कालीन नगरपति सर

१. महाकवि जयशंकरप्रसाद : 'काव्य और कला तथा अन्य निबंध, तृतीय संस्करण, संवत् २००५ वि०, पृ० १०६।

२. (अ) डॉ० नगेंद्र: 'आधुनिक हिंदी नाटक', षष्ठ संस्करण, १६६०, पृ० १।
(आ) श्री श्रीकृष्णदास : 'हमारी नाट्यपरंपरा', पृ० ६०७।
(इ डॉ० देवर्षि सनाढ्य, 'हिंदी के पौराणिक नाटक', पृ० २१६।

३. हिंदी नाटक साहित्य का इतिहास ले० डॉ० सोमनाथ गुप्त, पृ० ८३।

४. 'गुजरात : एक परिचय' नामक कांग्रेस स्मृतिग्रंथ में 'रंगभूमिना सो वर्ष' नामक लेख, ले० श्री. चंद्रवदन महेता। पृ०. २२७।

५. 'बाँध गठरिया' भाग. २, ले० श्री. चंद्रवदन महेता, प्रथम आवृत्ति, पृ. ४३।

६. 'बाँध गठरिया' भाग २, ले० श्री. चंद्रवदन महेता, प्रथम आवृत्ति, पृ. ५३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जगन्नाथ शंकर सेठ ने उक्त नाट्यगृह सन् १८४७-४८ के आसपास खरीद लिया।[1]

इन यूरोप से आनेवाली नाटक कंपनियों के अंग्रेजी नाटकों तथा स्कूल कालेजों के अंग्रेजी कॉन्सटों को देखकर बंबई के कुछ उत्साही पारसी नवयुवकों ने सन् १८५३ ई० में सबसे पहली अवैतनिक 'पारसी नाटक मंडली' शुरू की।[2] तदंतर कई शौकिया नाटक मंडलियाँ अस्तित्व में आईं। उनमें से दो एक मंडलियाँ शेक्सपियर के अंग्रेजी नाटकों के प्रयोग करती थीं। एक दो ईरानी नाटक मंडलियाँ फारसी में नाटकों का अभिनय करती थीं और शेष सभी पारसी मिश्रित गुजराती में नाटक खेलती थीं। 'रुस्तम अने सोराब' सबसे पहला गुजराती नाटक बंबई में सन् १८५३ ई० में 'पारसी नाटक मंडली' द्वारा खेला गया।[3] इस मंडली को प्रेरणा और प्रोत्साहन देनेवाले सुप्रसिद्ध देशनेता स्व० दादाभाई नवरोज़ी थे। एक कलाप्रेमी महाराष्ट्री सज्जन डॉ० भाऊदाजी इसकी परामर्शदात्री समिति में थे। बंबई में सन् १८५३ से १८६६ के बीच लगभग बीस अवैतनिक नाटक मंडलियाँ क्रमशः अस्तित्व में आईं।[4] उनमें से कुछ तो बंद हो गईं और कुछ आगे जाकर पेशेवर नाटक मंडलियों के रूप में परिवर्तित हो गईं।

फारसी के समर्थ विद्वान् सुप्रसिद्ध गुजराती नाट्यकार, पत्रकार, समाजसुधारक और शिक्षाप्रेमी केखुशरू नवरोजी काबराजी के मार्गदर्शन में बंबई में सन् १८६७-६८ में सबसे पहली व्यावसायिक नाटकमंडली का प्रारंभ हुआ, जिसका नाम 'विक्टोरिया नाटकमंडली' था।[5] इस मंडली के चार मालिकों में से एक

१. 'बाँधगठरिया' भाग. २, ले० श्री. चंद्रवदन महेता, प्रथम आवृत्ति, पृ. ४३।

२. 'पारसी नाटक तख्तानी तवारीख' ले० डॉ० धनजीभाई न० पटेल, १९३१, पृ० २।

३. 'गुजराती नाट्य' नामक गुजराती मासिक पत्रिका में लेख 'आपणी रंगभूमि', ले० डॉ० डी० जी० व्यास, अक्टूबर १९४९, पृ० ५।

४. 'गुजरात : एक परिचय' नामक कांग्रेस स्मृतिग्रंथ में 'रंगभूमि' शीर्षक लेख, ले० श्री० हरकांत शुक्ल, पृ० २२४।

५. (अ) पारसी नाटक तख्तानी तवारीख ले० डॉ० धनजी भाई न० पटेल, पृ० २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पारसी नाट्यसृष्टि के सर्वमान्य नेता, अनुभवी दिग्दर्शक एवं सफल अभिनेता श्री दादाभाई रतनजी ठूठी थे और संचालन समिति के अध्यक्ष थे 'रॉयल थियेटर' के मालिक महाराष्ट्री सद्गृहस्थ श्री विनायक जगन्नाथ शंकरशेठ। श्री केखुशरू काबराजी ने इसका मंत्रीपद ग्रहण किया था। इस मंडली ने सन् १८६६ में सबसे पहले केखुशरू काबराजी का 'बेजन अने मनीजेह' नामक गुजराती नाटक खेला[1] जिसका कथानक प्राचीन ईरानी इतिहास से संबंधित है। तत्पश्चात् 'निंदाखानु', 'हरिश्चंद्र,' 'लवकुश' आदि कई नाटक खेले। खुरशीद बालीवाला ने सर्वप्रथम 'विक्टोरिया नाटक मंडली' के नाटक 'बेजन अने मनीजेह' (१८६९) में एक स्त्री की भूमिका ली थी। इसमें उन्हें असाधारण सफलता प्राप्त हुई थी।[2] इसी प्रकार पेस्तनजी फरामजी मादन ने इसी मंडली के 'दादे दरियाव' याने 'खुशरू नो खाविंदखुदा' नामक गुजराती नाटक में 'आवान' नामक नारीपात्र का अभिनय कर अतिशय प्रसिद्धि प्राप्त की थी।[3] 'विक्टोरिया नाटकमंडली' के प्रारंभिक अभिनेताओं में दादाभाई रतनजी ठूँठी, खुरशीद बालीवाला, उनके पिता मेरवानजी बालीवाला, नसरवानजी फरामजी मादन, उनके भाई पेस्तनजी फरामजी मादन आदि थे। आगे जाकर इस मंडली के मालिकों और अभिनेताओं में काफी परिवर्तन हुए और इसी की दो मंडलियाँ हो गईं एक विक्टोरिया नाटकमंडली और दूसरी ओरिजिनल विक्टोरिया नाटकमंडली।

(आ) डॉ० शियावक्ष काबराजी, गुजराती साहित्य परिषद की त्रैमासिक पत्रिका, पुस्तक पहेलु, अंक त्रीजो, पृ० २१३।

(इ) हस्तलिखित डायरी : श्री जयशंकर 'सुंदरी', पृ० २०।

१. (अ) 'गुजराती साहित्य परिषद नी त्रैमासिक पत्रिका' पृ० १, अंक ३, 'स्व० केखुशरू काबराजी' नामक लेख, लेखक डॉ० शियावक्ष काबराजी, पृ० २१३।

(आ) पारसी नाटक तख्तानी तवारीख ले० डॉ० धनजी भाई न० पटेल, पृ० २।

(इ) 'स्मारक ग्रंथ' गुजराती नाट्य शताब्दी महोत्सव। पृ० १३।

(ई) हस्तलिखित डायरी : श्री जयशंकर 'सुंदरी', पृ० २१।

२. पारसी नाटक तख्तानी तवारीख : ले० डॉ० धनजीभाई न० पटेल, पृ० ६०।

३. पारसी नाटक तख्तानी तवारीख : ले० डॉ० धनजीभाई न० पटेल, पृ० १०५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी उर्दू भाषा का प्रयोग

प्रारंभ से ही 'बंबई बहुभाषाभाषी नगर रहा है। अतः भावे, किर्लोस्कर, डाँगरे आदि मराठी नाटकमंडलियाँ बंबई में बसे हुए सभी प्रदेशों के लोगों के मनोरंजन के लिये अपने मराठी नाटकों के साथ हिंदी में भी नाटक खेलती थी। बंबई के सर जगन्नाथ शंकरशेठ के ग्रांट रोडवाले थियेटर में भावे नाटकमंडली अथवा सांगलीकर नाटकमंडली ने सन् १८५४ में 'राजा गोपीचंद' नामक पहला हिंदी नाटक खेला। इस प्रकार हिंदी नाटक का सर्वप्रथम अभिनय बंबई में एक मराठी नाटक मंडली के द्वारा हुआ।[१] यह नाटकमंडली सन् १८४३ में महाराष्ट्र के अंतर्गत-सांगली रियासत के महाराजा सर चिंतामणिराव आप्पा साहेब पटवर्धन के प्रोत्साहन एवं प्रश्रय से उनके एक आश्रित श्री विष्णुदास भावे ने प्रारंभ की थी।[२] इस मंडली ने सर्वप्रथम 'सीतास्वयंवर' नामक मराठी पौराणिक पद्यनाटक सन् १८४३ में खेला।[३] यह मंडली सांगली के बाहर बंबई, सौराष्ट्र, धीर, गुजरात में घूम घूमकर अपने नाटक प्रदर्शित करती थी। इन नाटकों के संवाद मराठी से अनूदित हिंदी में होते थे और गीत मूल मराठी ही में रहते थे क्योंकि मराठी गीतों का हिंदी में पद्यबद्ध अनुवाद करना कठिन माना जाता था।

बंबई में शंकरशेठ का जहाँ नाट्यगृह था, उस ग्रांट रोड विभाग में अधिकांश मुसलमान रहते थे जो 'बंबइया हिंदी' बोलते थे। इसके अतिरिक्त लखनऊ की ओर से कुछ उर्दूदाँ मुसलमान पारसी नाटक मंडलियों में नौकर भी हो गए थे। व्यापारिक और व्यावहारिक मनोवृत्ति के पारसी मालिकों को हिंदी-उर्दू (हिंदुस्तानी ?) भाषा में नाटक खेलने पर अखिल भारतीय क्षेत्र प्राप्त होने की और उसके द्वारा धनोपार्जन करने की संपूर्ण संभावना दृष्टिगत होने लगी थी! बहुभाषाभाषी बंबई इसके लिये उपयुक्त प्रयोग स्थान था। भावे, किर्लोस्कर आदि मराठी नाटकमंडलियों के हिंदी नाटकों को पहले आंशिक सफलता मिल भी चुकी थी। इन सब बातों से प्रेरित होकर 'विक्टोरिया नाटकमंडली' के

१. (अ) 'बाँध गठरिया', भाग २, श्री चंद्रवदन महेता, पृ० ५३।
(आ) 'गुजराती नाट्यपत्रिका' में लेख 'आपणी रंगभूमि'। ले० डॉ० जी० जी० व्यास, अक्टूबर, १६५६, पृ० ६।

२. मराठी रंगभूमि, ले० श्री आप्पा विष्णु कुलकर्णी, द्वि० आ० १६६१, पृ० २२ और ३४।

३. मराठी रंगभूमि, ले० श्री आप्पा विष्णु कुलकर्णी, द्वि० आ० १६६१, पृ० ३४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मालिकों में से एक मालिक दादाभाई सोराबजी पटेल, एम० ए० (दादी पटेल) ने 'सोने के मूल की खुरशीद' नामक हिंदी उर्दू नाटक सर्वप्रथम बंबई में सन् १८७१ में 'विक्टोरिया थिएटर' में खेला जिसे आशातीत सफलता प्राप्त हुई।[1] यह नाटक एदलजी खोरी कृत गुजराती नाटक 'सोनाना मुलनी खोरशेद' का अनुवाद था। इसके अनुवादक थे बेहरामजी फरदुनजी मर्जबान। 'सोने के मूल की खुरशीद' की अत्यधिक लोकप्रियता से प्रभावित एवं प्रोत्साहित होकर बंबई की अन्य पारसी नाटक मंडलियों ने भी गुजराती नाटकों के साथ साथ हिंदी उर्दू नाटक खेलने शुरू किए। इनमें एल्फिन्स्टन, अल्फ्रेड, ओरिजिनल विक्टोरिया, एंप्रेस विक्टोरिया, न्यू अल्फ्रेड आदि नाटक मंडलियाँ विशेषतः उल्लेखनीय हैं।

उपर्युक्त प्रमाणों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि पारसी नाटक मंडलियों का प्रारंभ न 'इंदर सभा' की प्रेरणा से हुआ और न इन मंडलियों ने 'इंदर सभा' के अनुकरण पर हिंदी उर्दू नाटक खेलने शुरू किए। वस्तुतः बंबई में आनेवाली यूरोपियन ड्रामेटिक कंपनियों के खेलों को और बंबई के यूरोपियन क्लबों के नाट्य प्रयोगों को देखकर तथा उनसे प्रेरणा ग्रहण कर पारसी नाटक मंडलियों ने जन्म लिया। प्रारंभ में वे 'एमेच्योर क्लबों' के रूप में थीं। आगे जाकर व्यावसायिक नाटक मंडलियों के रूप में उनका परिवर्तन हो गया। इन तथ्यों के पश्चात् अब डॉ० दशरथ ओझा का यह कथन युक्तियुक्त प्रतीत नहीं होता कि 'इंदर सभा' के व्यवसाय को देखकर उत्साही पारसी सज्जनों ने एक थिएट्रिकल कंपनी खोलने का संकल्प किया।[2] सच बात तो यह है कि 'इंदर सभा' (१८५३) के उद्भवकाल से ही बंबई में पारसी ड्रामेटिक क्लबों का प्रचलन था और पारसी लोग अंग्रेजी तथा पारसी गुजराती भाषा में नाटक खेलते रहते

१. (अ) श्री फरामजी सुलतानजी दलाल का 'श्री बोधनो खास वधारो' के० न० काबरा स्मृति अंक में लेख : 'मी. काबराजीनो नाटक तख्ता साथेनो संबंध, एक जूना खेलाडीनी नजरे, पृ० ५६।
(आ) श्री चंद्रवदन महेता, 'बाँध गठरिया', भाग २. प. आ. १९५४, पृ० २५।
(इ) डॉ० डी० जी० व्यास का 'गुजराती नाट्य' नामक गुजराती पत्रिका में लेख 'आपणी रंगभूमि', पृ० ६, अंक ?, अक्टूबर १९५९।
(ई) श्री जयशंकर 'सुंदरी' की हस्तलिखित डायरी, पृ० ५४।
२. 'हिंदी नाटक : उद्भव और विकास' : डॉ० दशरथ ओझा, पृ० २६९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थे। हाँ, इसमें तनिक भी संदेह नहीं कि 'इंदर सभा' को अखिल भारत में लोकप्रियता प्राप्त होने पर उससे प्रभावित होकर पारसी, गुजराती और मराठी नाटक मंडलियों ने बाद में उसे खेला जरूर था।

नाट्यसाहित्य विषयक लगभग सभी हिंदी शोधग्रंथों में यह निर्देश किया गया है कि पेस्तनजी फ्रेमजी ने १८७० ई० के आसपास बंबई में 'ओरिजिनल थिएट्रिकल कंपनी' नामक सबसे पहली पारसी नाटकमंडली' खोली।[1] यह कथन पुनः विचारणीय है। पीछे कहा जा चुका है कि बंबई की सबसे पहली व्यावसायिक पारसी नाटक कंपनी 'विक्टोरिया नाटकमंडली' थी जिसकी स्थापना सन् १८६७-६८ में हुई थी और जिसके मालिक थे दादाभाई रतन जी ठूँठी। इसके मुख्य अभिनेता (१) दादाभाई रतनजी ठूँठी, (२) खुरशीद बालीवाला (३) मेरवानजी बालीवाला, (४) पेस्तनजी फरामजी मादन, (५) नसरवानजी फरामजी मादन आदि थे।[2] विक्टोरिया नाटकमंडली के दूसरे मालिक कुँवरजी नाजर के साथ मनमुटाव हो जाने के कारण दादाभाई सोराबजी पटेल एम० ए० ने उनसे अलग होकर 'ओरिजिनल विक्टोरिया नाटकमंडली' (न कि ओरिजिनल थिएट्रिकल कंपनी) की स्थापना सन् १८७४-७५ के आसपास की थी।[3] इसके अभिनेताओं में दादाभाई पटेल, नसरवानजी फरामजी मादन,

१. (अ) डॉ० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय, 'आधुनिक हिंदी साहित्य,' पृ० २७०।
(आ) डॉ० श्रीकृष्णलाल, 'आधुनिक हिंदी साहित्य का विकास', पृ० २०३।
(इ) डॉ० दशरथ ओझा, 'हिंदी नाटक: उद्भव और विकास', पृ० ३६९।
(ई) डॉ० सोमनाथ गुप्त 'हिंदी नाटक साहित्य का इतिहास', पृ० १००।
(उ) डॉ० श्रीपति शर्मा, हिंदी नाटकों पर पाश्चात्य प्रभाव', पृ० ४०६।
(ऊ) डॉ० वेदपाल खन्ना, 'हिंदी नाटक साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास,' पृ० ८८।
(ए) डॉ० वीरेंद्रकुमार शुक्ल, 'भारतेंदु का नाटक साहित्य', पृ० ४०।
(ऐ) श्री० श्रीकृष्णदास, 'हमारी नाट्यपरंपरा', पृ० ६०३।

२. (अ) पारसी नाटक तख्तानी तवारीख, डॉ० धनजीभाई न० पटेल पृ० १०४, १०९ और ११०।
(आ) श्री जयशंकर 'सुंदरी' की हस्तलिखित डायरी, पृ० ५०-५१।

३. (अ) पारसी नाटक तख्तानी तवारीख, डॉ० धनजीभाई न० पटेल, पृ० १३८।
(आ) श्री० जयशंकर 'सुंदरी' की हस्तलिखित डायरी, पृ० १७९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पेस्तनजी फरामजी मादन, सोराबजी ओगरा आदि प्रमुख थे। ये सभी पहले 'विक्टोरिया नाटकमंडली' में काम करते थे। दादाभाई पटेल के अवसान के पश्चात् सन् १८७६ में पेस्तनजी फरामजी मादन (न कि पेस्तनजी फ्रेमजी) 'ओरिजिनल विक्टोरिया नाटकमंडली' के मालिक बने।[1] दादाभाई पटेल के अलग हो जाने के बाद पुरानी विक्टोरिया नाटकमंडली कुँवरजी नाजर के हाथ में रही जिसके अभिनेता थे कुँवरजी नाजर, खुरशीद बालीवाला, मेरवानजी बालीवाला आदि।[2] खुरशीद बालीवाला ने इस मंडली में इतनी दक्षता से कार्य किया कि वे उत्तरोत्तर विकास करते करते सन् १८८१ में इसके मालिक बन गए।[3]

यदि कालक्रमानुसार देखा जाय तो सन् १८६७-६८ में विक्टोरिया नाटकमंडली, सन् १८७० में एल्फिस्टन नाटकमंडली, सन् १८७१ में अल्फ्रेड नाटक मंडली, सन् १८७४-७५ में ओरिजिनल विक्टोरिया नाटकमंडली और सन् १८७६ में एंप्रेस विक्टोरिया नाटकमंडली स्थापित हुई थी। इससे यह सिद्ध होता है कि 'ओरिजिनल विक्टोरिया' सर्वप्रथम नहीं थी।

पारसी रंगमंच का अखिल भारतीय रूप :

पारसी गुजराती नाटक 'बेजन अने मनीजेह' और हिंदी उर्दू नाटक 'सोने के मूल की खुरशीद' के सफल अभिनय के पश्चात् 'विक्टोरिया नाटकमंडली' ने गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में नाट्याभिनय की परंपरा स्थापित कर दी। १८७२ तक बंबई की सभी पारसी नाटक मंडलियों का प्रवृत्तिकेंद्र बंबई ही रहा।[4] तदंतर 'विक्टोरिया नाटकमंडली' सर्वप्रथम अपने हिंदी उर्दू नाटक लेकर हैदराबाद (दक्खिन) के दीवान सर सालार जंग बहादुर के निमंत्रण पर सन् १८७२ में हैदराबाद गई।[5] फिर १८७४ में दिल्ली में इस मंडली ने ही सबसे पहले पारसी लेखक नसरवानजी खानसाहब कृत 'गोपीचंद राजा' नामक हिंदी उर्दू नाटक खेला।[6] सन् १८७७ के दिल्ली दरबार के समय इसने फिर से दिल्ली जाकर

१. पारसी नाटक तख्तानी तवारीख, डा० धनजीभाई न० पटेल, पृ० १८६।
२. वही, पृ० १३७।
३. वही, पृ० १६३।
४. डॉ० डी० जी० व्यास 'गुजराती नाट्य' पत्रिका में लेख 'आपणी रंगभूमि' अक्टूबर, १९५३, पृ० ७।
५. पारसी नाटक तख्तानी तवारीख, डॉ० धनजीभाई न० पटेल, पृ० ११३।
६. वही, पृ० १४७-४८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपने कई नाट्यप्रयोग कर अपूर्व सिद्धि प्राप्त की। जहाँगीर खंभाता ने सन् १८७६ में 'पारसी एंप्रेस विक्टोरिया थिएट्रिकल कंपनी' की तो स्थापना ही दिल्ली में की जिसे वहाँ के कुछ धनिकों का आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। तत्पश्चात् विक्टोरिया नाटकमंडली' ने लखनऊ, बनारस, कलकत्ता, लाहौर, पेशावर, मद्रास, मैसूर, पूना आदि कई शहरों में जाकर नाटक खेले। इसे देखकर अन्य अनेक पारसी नाटकमंडलियाँ भारत के प्रमुख शहरों की यात्राएँ कर अपने नाट्यप्रयोग करने लगीं। इनमें से कुछ ने तो बलूचिस्तान, नेपाल, रंगून, मांडले, सिंगापुर आदि की यात्राएँ कीं और अपने हिंदी उर्दू नाटक खेलकर धनोपार्जन किया। सन् १८८५ में खुरशीद बालीवाला के नेतृत्व में 'विक्टोरिया नाटकमंडली' लंदन भी गई और वहाँ विनायकप्रसाद 'तालिब' के हिंदी नाटक 'हरिश्चंद्र' का अभिनय किया। इस प्रकार एक पारसी गुजराती नाटकमंडली ने भारत से सर्वप्रथम विलायत जाने का महान् साहस किया।

इन पारसी गुजराती नाटक कंपनियों के मालिक, अभिनेता और लेखक सदा बदलते रहे। कभी घाटे के कारण और कभी आपसी फूट के कारण ये कंपनियाँ टूट जातीं। यह भी देखा गया है कि एक ही कंपनी दो कंपनियों में विभक्त हो जाती और दोनों कंपनियाँ स्वतंत्ररूपेण अपना अपना व्यवसाय जारी रखतीं। अभिनेतागण और लेखक भी आर्थिक प्रलोभनों अथवा अन्य किन्हीं कारणों से नाटक कंपनियों की नौकरियाँ बदलते रहते। बंबई की ये पारसी कंपनियाँ सन् १९३५ तक किसी न किसी तरह अपना अस्तित्व बनाए रहीं। रेडियो एवं सिनेमा के आगमन के पश्चात् वे धीरे धीरे कालकवलित हो गईं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी नखशिख-काव्य-परंपरा

डॉ० शालग्राम गुप्त

कला और काव्य का प्रधान गुण सौंदर्य है। अतः कला की भाँति काव्य में भी बाह्य जगत् और आभ्यंतरिक जगत् दोनों का सौंदर्यवर्णन प्रचुरता से किया जाता है क्योंकि दोनों के सौंदर्य में अभिन्न संबंध है। भारतीय कवियों ने जहाँ (शृंगार रस के अंतर्गत) नारी के बाह्य सौंदर्य के अंतर्गत उसके अंग प्रत्यंग का वर्णन किया है वहीं उसके मानस की आभ्यंतरिक भावनाओं का भी सफलतापूर्वक चित्रण किया है। अस्तु मध्ययुगीन हिंदी साहित्य के जिन अनेक श्रेष्ठ कवियों ने अपनी प्रखर प्रतिभा के बल से ऐसे अपूर्व सौंदर्यजगत् की सृष्टि की है वह 'शिखनख' या 'नखशिख' वर्णन कहलाता है। 'नखशिख' देवी देवताओं अथवा अवतारों के रूपवर्णन के लिये और 'शिखनख' नरनारी के रूपवर्णन के लिये होता है। इन दोनों पद्धतियों के संबंध में आचार्य केशव ने 'कविप्रिया' में स्पष्ट रूप से लिखा है—

नख तें सिख लौं बरनियौ देवी दीपति देखि।
सिख तें नख लौं मानुषी 'केशवदास' बिसेषि॥

(प्रकाशः १४, दोहाः २)

इस प्रकार रीतिकाल में नखशिख वर्णन को एक स्वतंत्र विषय मानकर अनेकानेक ग्रंथ लिखे गए। यदि इन ग्रंथों को संख्या की दृष्टि से देखा जाए तो कदाचित् इनकी संख्या शताधिक ही होगी। यद्यपि नखशिख के माध्यम से भी कवियों ने नायिका का रूपवर्णन ही किया है तथापि अपनी रूढ़िबद्धता और अवैभक्तिक दृष्टिकोण के कारण रूप का ऐंद्रिक चित्र खड़ा करने में उन्हें बहुत कम सफलता मिल सकी है। कुछ भी हो, यहाँ हमारा विचार हिंदी नखशिख साहित्य के गुण दोषों की विवेचना करना नहीं, प्रत्युत उन शताधिक ग्रंथों की एक खोजपूर्ण सूची प्रस्तुत करना मात्र है जो खोजी जिज्ञासुओं के लिये कुछ काम की हो सकती है। प्रस्तुत सूची को तैयार करने में निम्नलिखित ग्रंथों से सहायता ली गई है—

१. हिंदी साहित्य का प्रथम इतिहास—जार्ज ग्रियर्सन कृत, अनु० किशोरीलाल गुप्त,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२. हिंदुई साहित्य का इतिहास—गार्सों द तासी, अनु० डॉ० लक्ष्मीसागर बार्ष्णेय,

३. दिग्विजय भूषण—गोकुल प्रसाद 'वृज' संपा० डा० भगवती प्रसाद सिंह

४. मिश्रबंधु विनोद, भाग १,२,३—मिश्रबंधु

५. हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास, षष्ठ भाग (रीतिकाल)—संपा० डॉ० नगेंद्र,

६. रामभक्ति में रसिक संप्रदाय– डॉ० भगवतीप्रसाद सिंह

७. त्रैवार्षिक खोज रिपोर्टें—नागरीप्रचारिणी सभा; वाराणसी

८. संमेलन संग्रहालय के हस्तलिखित ग्रंथों की सूची,

९. हिंदी पुस्तक साहित्य—श्री डॉ० माताप्रसाद गुप्त।

कवि	ग्रंथ	विवरण
१—अंबुज कवि	नखशिख	रचनाकाल सं० १८७५ वि०। ये महाकवि पद्माकर के पुत्र थे।
२—अनुनैन कवि	नखशिख	कविताकाल : सं० १९२१ वि०। उदयकाल। १८९६ वि०।
३—आजम खाँ	नखशिख	कविताकाल : १७९० वि०। ये मुहम्मदशाह रंगीले के दरबारी थे।
४—उमेदकवि	नखशिख	कविताकाल : १८८० वि०। जन्म १८५३ वि०। ये शाहजहाँपुर के आसपास किसी गाँव में रहते थे।
५—कलानिधि	नखशिख (खोज रि०१९००)	जीवनकाल : सं० १७२९–१८०९ वि०। इनका नाम कृष्ण भट्ट था। 'कवि कलानिधि' इनकी उपाधि थी। ये तैलंग ब्राह्मण थे। 'नखशिख' में प्रत्येक अंग पर एक दोहा एवं उसी आशय का एक कवित्त लिखा गया है। इसमें कुल २८ छंद हैं।
६—कान्हकवि	नखशिख	जन्म : १९१४ वि०। उपनाम कन्हईलाल, कायस्थ। ये राजनगर, बुंदेलखंड के निवासी थे।
७—कामताप्रसाद	नखशिख	असोथर, लखपुरा, जिला फतेहपुर के निवासी थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

८—कालिकाप्रसाद सिंह	राधाजी का नख-शिख	रचनाकाल : १८६६ वि० ।
६—कालिदास त्रिवेदी	(१) वारवधू विनोद (२) हजारा	रचनाकाल : १७४६ वि० । ये बनपुरा जिला कानपुर के निवासी और औरंगजेब के दरबारी कवि थे ।
१०—कुलपति मिश्र	नखशिख (प्र० त्रै० रि०)	रचनाकाल १७२४–१७४३ वि० । जन्मकाल १६७७ वि० आगरानिवासी, माथुर चौबे ।
११—कुशलसिंह	नखशिख (द्वि० त्रै० रि०)	कविताकाल १६२१ वि० के पूर्व ।
१२—केशवदास	(१) नखशिख	प्रसिद्ध कवि केशवदास । नखशिख कविप्रिया के अंतर्गत ।
	(२) शिखनख	१५वाँ प्रकाश और 'शिखनख' एक स्वतंत्र रचना ।
१३—खुमानकवि	हनुमान नखशिख	रचनाकाल : १८५२ वि० । जीवनकाल १८००–१८८० वि० चरखारी, बुंदेलखंड के बंदीजन और चरखारी नरेश विक्रमशाह के दरबारी कवि ।
१४—खूबचंद कुँवर	अंगचंद्रिका	कविताकाल : १६२० वि० । उपनाम रसीले । राठ जिला हमीरपुर निवासी ।
१५—गणेशदत्त मिश्र	नखशिख बत्तीसी	रचनाकाल : १८८२ वि० ।
१६—गणेशप्रसाद कायस्थ	शिखनख	कविताकाल : १६००–१६३० वि० । फर्रुखाबाद निवासी ।
१७—गिरधरजी महाराज	श्री जी के अंग	
१८—गोकुलनाथ	राधा नखशिख	जीवनकाल : सं० १८००–१८७५ वि० तक लगभग । ये काशिराज बलवंत सिंह और उदितनारायण सिंह के दरबारी कवि थे ।
१६—गोपालराय बंदीजन	राधाशिखनख	उपस्थितिकाल : १८५७–१८६१ वि० । बुंदेलखंडी । प्रस्तुत पुस्तक बलभद्र के नखशिख पर टीका के रूप में है ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२०—गोविंद गिल्लाभाई	(१) शिखनख चंद्रिका	रचनाकाल : १९४१-१९५३ वि० । जन्मकाल १९०१ वि० ।
	(२) राधारूपमंजरी	सिहोर भावनगर वासी ।
	(३) शृंगारषोडसी ।	
	(४) राधामुखषोडसी ।	
	(५) पयोधर पचीसी	
	(६) नैनमंजरी	
२१—गोविंद (वाजपेयी) ब्राह्मण	नखशिख (द्वि०त्रै० रि०)	कविताकाल १८८० वि० । गोपालपुर, सागर वासी ।
२२—ग्वाल कवि	नखशिख ब्रजराज श्रीकृष्ण जू के	रचनाकाल १८८४ । वि० जन्मकाल : १८४८ वि० । मथुरा के बंदीजन और प्रसिद्ध कवि ।
२३—चंदन	नखशिख	रचनाकाल : १८२१ वि० । कविताकाल सं० १८१०-१८६५ वि० । बंदीजन और कवि, नाहिल-पुवायाँ, जिला शाहजहाँपुर के निवासी ब्रह्मभट्ट । ये और राजा केसरी सिंह के दरबार में थे ।
२४—चंद्रशेखर वाजपेयी	नखशिख (खोज रि० १९०३)	जीवनकाल : सं० १८५५—१९३२ वि० । मुअज्जमाबाद, जिला फतेहपुर निवासी । हमारीहठ के रचयिता प्रसिद्ध कवि ये ही थे ।
२५—जगतसिंह विसेन—दूयोत हारी	नखशिख	लिपिकाल १८६४ वि० । उपस्थितिकाल १७७० वि० के आसपास । ये जिला गोंडा वासी थे ।
२६—जवाहिर बंदीजन	नखशिख (तृ० त्रै० रि०)	कविताकाल १८४५ वि० । विलग्राम, जिला हरदोई वासी ।
२७—तारापति	नखशिख	कविताकाल १८२० वि० । जन्मकाल १७९० वि० । आगरा निवासी चतुर्वेदी ब्राह्मण ।
२८—तोषनिधि	नखशिख	रचनाकाल १७९१ वि० के लगभग । कंपिला जिला फर्रुखाबाद के निवासी कान्यकुब्ज ब्राह्मण ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

२९—थान (कान्ह) सिंह कायस्थ	हयग्रीव नखशिख	कविताकाल : १९०५ वि०। जीवनकाल सं० १८८२–१९२४ वि०। चरखारी, बुंदेलखंड वासी।
३०—दामोदरदेव	वृंदावनचंद-शिखनख-ध्यान-मंजूषा (प्र०त्रै०रि०)	कविताकाल : १८८८ वि०। ओरछा निवासी। ये ओरछा नरेश राजा हम्मीरसिंह के गुरु थे।
३१—दिनेश कवि	रसरहस्य (नखशिख)	रचनाकाल : सं० १८८३ वि०। टिकारी, जिला गया निवासी।
३२—दिवाकर भट्ट	नखशिख	
३३—द्विज	श्रीराधानखशिख (खोज १९०३)	लिपिकाल १८५५ वि०। जन्मकाल १८२० के लगभग।
३४—द्विजदेव	(१) शृंगार बत्तीसी	कविताकाल : [?]८२९ वि० के लगभग। (अयोध्या नरेश मानसिंह का उपनाम 'द्विजदेव' था।
	(२) हनुमान नखशिख	
३५—देवकवि	नखशिख	जीवनकाल : १७३०–१८२५ वि०। इटावा वासी, धोसरिहा कान्यकुब्ज ब्राह्मण। रीतिकाल के प्रसिद्ध कवि।
३६—देवकीनंदन	नखशिख	कविताकाल : १८४०–१८५६ वि० तक लगभग। जन्मकाल १८०१ वि०। मकरंदपुर जिला फर्रुखाबाद के कन्नौजी ब्राह्मण।
३७—देवीदास कायस्थ	हनुमत नखशिख	कविताकाल : १८६५ वि०। जन्मकाल १८४० वि०। आप ८८ में छतरपुर निवासी थे।
३८—देवीदीन	नखशिख	बिलग्राम जिला हरदोई के बंदीजन, ये सं० १९४० में जीवित थे।
३९—नबीकवि	अंगदर्पण (नखशिख)	रचनाकाल १७९४ वि०। जीवनकाल १७४६–१८०७ वि०। आपका पूरानाम सैयद गुलाम नबी एवं 'रसलीन' उपनाम था। आप बिलग्राम जिला हरदोई वासी थे। अंगदर्पण में कुल १८० दोहे हैं।
४०—नवनीतकवि	श्यामांग अवयव भूषण	प्रकाशित: प्र० रामदास अरोड़ा, बंबई १८७३ ई०।

१२ (६९-३)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

४१—नृपशंभु	नखशिख बत्तीसी	कविताकाल १७३८ वि०। जन्मकाल १७०७ वि०। सितारा के राजा; आपका असली नाम शंभुनाथ सिंह था।
४२—पंचमसिंह	जुगल नखशिख	रचनाकाल १७६२ वि०। पन्ना, बुंदेलखंड वासी, रसिक संप्रदाय के रामभक्त कवि।
४३—पजनेस कवि	नखशिख	कविताकाल १६०० वि० के लगभग। उपस्थिति काल १८७१वि०। पन्ना, बुंदेलखंड वासी।
४४—परम वंदीजन	नखशिख	कविताकाल १६०० के लगभग। जन्मकाल १८७१ वि०; महोबा, बुंदेलखंड वासी।
४५—परमानंदलाल पौराणिक	नखशिख	कविताकाल १६२० वि०। जन्मकाल १८८७ वि०। अजयगढ़, बुंदेलखंड वासी।
४६—परमानंद सुहाने	नखशिख हजारा (संग्रह)	प्रकाशित; प्रकाशक नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ १८९३ ई०।
४७—परशुराम महाराज	नखशिख	कविताकाल १६८७ वि०। उपस्थितिकाल १६६० वि०। ब्रजवासी, 'परशुरामसागर' के प्रसिद्ध रचयिता और निंबार्क संप्रदायी श्री व्यासदेव के शिष्य।
४८—पारसराम	नखशिख	आविर्भावकाल १७वीं शती का द्वितीय चरण। आगरा वासी कुलपति मिश्र के पिता।
४९—पुहकर	नखशिख (खोज १६०३)	रचनाकाल १६७३ वि० के बाद। प्रतापपुर, मैनपुरी वासी कायस्थ। प्रसिद्ध प्रेमाख्यानक कवि।
५०—प्रतापसाहि	(१) जुगल नखशिख (खोज १६०३, (२) बलभद्र के नखशिख का तिलकर प्र० त्रै० रि०)	रचनाकाल १८६६ वि०। बुंदेलखंडी भाट। ये चरखारी नरेश विक्रमसाहि के दरबार में थे। 'जुगल नखशिख' में २५ छंद हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

५१—प्रेमसखी	सीताराम नख-शिख वर्णन	(रचनाकाल संभवतः १८८० वि०। जन्म १७६१ वि० के लगभग। नखशिख १३६ सवैया तथा घनाक्षरियों में कहा गया है। आप रसिक संप्रदाय के रामभक्त कवि और श्रृंगवेरपुर जिला इलाहाबाद के ब्राह्मण निवासी थे।
५२—बलभद्र कायस्थ	नखशिख	उपस्थितिकाल १६०१ वि०। पन्ना, बुंदेलखंड वासी और पन्ना नरेश नरपतिसिंह के दरबारी कवि थे।
५३—बलभद्र मिश्र	शिखनख	रचनाकाल १६४० वि० के पूर्व। जन्म १६०८ वि० के लगभग। आप ओरछा निवासी पं० काशीनाथ सनाढ्य ब्राह्मण के पुत्र थे। शिखनख में ६५ घनाक्षरी छंद और १ छप्पय है।
४५—बलबीर	नखशिख (खोज १६०२)	रचनाकाल १७४१ वि०। कन्नौज वासी।
५५—बिहारी	नखशिख रामचंद्र जी (द्वि० त्रै० रि०)	कविताकाल १८२० वि०। जन्मकाल १७६६ वि०
५६—बिहारीलाल	नखशिख	केवल उल्लेख मात्र। प्रसिद्ध सतसई कार बिहारीलाल।
५७—बिहारीसिंह	नखशिख भूषण	प्रकाशित, प्रकाशक खड्गविलास प्रेस, पटना, १८८३ ई०
५८—बेनी प्राचीन	नखशिख	उपस्थितकाल १६८० वि० के आसपास। कान्यकुब्ज ब्राह्मण, बंदीजन और असनी, जिला फतेहपुर वासी।
५९—बैजनाथ कुर्मी	नखशिख-वर्णन	जन्म १८६० वि०। बाराबंकी के डेहवामानपुर गाँव के निवासी और रामभक्ति की रसिक संप्रदाय शाखा के एक भक्त कवि।
६०—भद्र कवि	नखशिख (खोज १६०३)	
६१—मंडन	नयनपचासा (प्र० त्रै० खोज)	रचनाकाल १७१६ वि० के आसपास। उपस्थितिकाल १६८३ वि०। आपका पूरा नाम मणिमंडन मिश्र था। आप जैतपुर बुंदेलखंड के निवासी और वहाँ के राजा मंगद के आश्रित थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

६२—मनीराम	बलभद्र कृत नखशिख सटीक	रचनाकाल १८४२ वि०। आप उनियारा के राजा महासिंह तोमर के यहाँ थे।
६३—महताब	नखशिख	रचनाकाल १८०० वि०।
६४—माधवदास	नखशिख	
६५—मान	महावीर को नखशिख	कविताकाल : १७५४ वि० के पूर्व।
६६—मानालाल (द्विजराम) द्विवेदी	नखशिख	कविताकाल १९४२ वि०। जीवनकाल १९१७–१९८३ वि०। मल्लावाँ, जिला हरदोई निवासी।
६७—मीरन कवि	नखशिख	आविर्भावकाल संभवतः १९०५ वि० के पूर्व।
६८—मुनिलाल	रामनखशिख	१९वीं शती। रसिक संप्रदाय के रामभक्त कवि।
६९—मुरली	नखशिख	कविताकाल १८११–१८१९ वि०। ये आगरा के भरद्वाज गोत्रीय माथुर ब्राह्मण थे। इनका पूरा नाम मुरलीधर मिश्र था।
७०—मुबारक अली (सैयद)	(१) अलक शतक (२) तिलक शतक	जन्मकाल १६४० वि०। बिलग्राम, जिला-हरदोई वासी।
७१—युगलानंद शरण 'हेमलता'	नवल अंगप्रकाश (रामजी का नखशिख)	लिपिकाल १९२२ वि०। जीवनकाल १८७५–१९३३ वि०। ब्राह्मण, इस्लामपुर, जिला पटना निवासी। रसिक संप्रदाय के बहुत बड़े रामभक्त।
७२—योगेंद्र नारायणसिंह	शारदा का नखशिख	प्रकाशित; प्रकाशक ग्रंथकार, भागलपुर १८९९ ई०।
७३—रंगनारायणलाल	अंगादर्श	
७४—रघुनाथप्रसाद कायस्थ	राधिका नखशिख (द्वि० त्रै० रि०)	जीवनकाल १९०४–१९५० वि०। चरखारी, बुंदेलखंड वासी।
७५—रस आनंद	शिखनख	रचनाकाल १८१० वि०। जन्मकाल १७८० वि० के लगभग। जाट, बेशयाग्राम, भरतपुर वासी।
७६—रसरंग	सीताराम नखशिख	जन्मकाल १९०१ वि०; लखनऊ वासी।
७७—रसराज	नखशिख	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७८—रसरूप	शिखनख (खोज १६०५)	रचनाकाल सं० १८१० वि०।
७६—रसरूप	राधिका जू को नखशिख (प्र० त्रै० रि०)	रचनाकाल १६२४ वि०। पिपरी राज्य, छतरपुर वासी।
८०—रसालकवि	नखशिख	कविताकाल १८७५-१८६० वि० तक लगभग। इनका असली नाम अनंगेलाल बंदीजन था। ये बिलग्राम, जिला हरदोई निवासी थे।
८१—राघवदास	रामचंद्रनखशिख	१६वीं शती। रसिक संप्रदाय के एक रामभक्त कवि।
८२—राधाचरण कायस्थ	राधिका नखशिख	कविताकाल १६९१ वि०। जीवनकाल १८६३-१६५१ वि०, राजगढ़, बुंदेलखंड वासी।
८३—रूपसहाय	रामचंद्र का नखशिख	रचनाकाल १८८६ वि०। पन्ना वासी, रसिक संप्रदाय के एक रामभक्त कवि।
८४—लालबिहारी मिश्र	(१) श्रीरामचंद्र नखशिख (२) प्यारी जू को नखशिख	जीवनकाल १६१५-१६६२ वि०। इनका उपनाम 'द्विजराज' था। ये गँधौली, सीतापुर के निवासी थे।
८५—लालधर कवि	नखशिख ?	यह सं० १६६७ वि० के लगभग जोधपुर के महाराजा रामसिंह के दरबार में थे। इनके केवल तीन ही छंद देखने को मिलते हैं जिनके आधार पर यह कहा जाता है कि संभवतः इन्होंने किसी नखशिख काव्य की रचना की थी।
८६—लेखराज (नंदकिशोर मिश्र)	राधा नखशिख	जीवनकाल १८८८-१६४८ वि०। उपनाम 'लेखराज' था। आप भगवंतनगर के निवासी थे।
८७—लोकनाथ चौबे	राधिकासुषमा	रचनाकाल १७६० वि०। राधावल्लभी, बूँदीवासी।
८८—विश्वेश्वर वरुशपाल वर्मा	अंगादर्श	
८६—शंकरदत्त	राधिका-मुख-वर्णन काव्य	कविताकाल १८३० वि०। राधावल्लभी, पटना वासी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

९०—शिवसहाय उपाध्याय	नायिका-रूप-दर्शन	कविताकाल १८ ९ वि० के लगभग। संभवतः—जयपुर वासी।
९१—शिवलाल दुबे	नखशिख	कविताकाल १८६५ वि०। जन्मकाल १८३९ वि० के लगभग। डौंड़ियाखेड़ा जिला उन्नाव वासी।
९२—सुखदेव मिश्र	नखशिख (द्वि० त्रै० रि०)	रचनाकाल १७३६ वि०। जीवनकाल १६९०-१७६० वि०। कंपिला, जिला फर्रुखाबाद के कान्यकुब्ज ब्राह्मण। आपका उपनाम 'कविराज' था।
९३—सुजान कवि	शिखनख	
९४—सूरति मिश्र	राधा जू को नखशिख	कविताकाल १७६६—१८०० वि०। जन्मकाल १७४० वि० के लगभग। आगरा निवासी, कान्यकुब्ज ब्राह्मण। नखशिख में कुल ४१ छंद हैं।
९५—सूर्यनाथ मिश्र	लोचनपचीसी	प्रकाशित, प्रकाशक नंदप्रसाद मिश्र, गया, १९०६ ई०
९६—सेवक कवि	बरवै नखशिख	जीवनकाल १८७२—१९३८ वि०। असनी निवासी ब्रह्मभट्ट।
९७—सेवादास	नखशिख वर्णन	रचनाकाल १८४० वि०।
९८—हनुमान-प्रसाद कायस्थ	हनुमान नखशिख	मैहर वासी।
९९—हफीजुल्ला खाँ हजारा	(संग्रह)	प्रकाशित, प्रकाशक मुंशी नवलकिशोर कानपुर १८८६ ई०।
१००—हरिदास भट्ट	राधाभूषण	कविताकाल १९२५ वि०। जन्मकाल १९०१। बंदीजन, बाँदा बुंदेलखंड वासी।
१०१—हरीदास कायस्थ	(१) नखशतक	कविताकाल १८९६ वि० के आसपास। चरखारी वासी,
	(२) राधा शिखनख	ये पन्ना नरेश महाराज हरवंश राय के यहाँ थे।
१०२—हरिराम	नखशिख (प्र० त्रै० रि०)	कविताकाल १७०८ वि०। जन्म संभवतः १६९० वि०। संभवतः आप निरंजनी संप्रदाय के कवि थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इतिहासवाद और ऐतिहासिक उपन्यास की सामाजिक उपयोगिता

डा० 'रमेश कुंतलमेघ'

आज हम इतिहास को मात्र अतीत का वर्णन तथा विवरण ही नहीं मानते, अर्थात् नव्य इतिहास का काम केवल तथ्यों का सिलसिलेवार पेश करना ही नहीं है। आज इतिहास इतिहासवाद (हिस्टरीसिज्म) तथा इतिहासलेखन (हिस्टिरियोग्राफी), इतिहासदर्शन आदि के नए क्षेत्र विकसित कर चुका है। क्या इतिहास घटनाओं का सतही प्रवाह ही है, अथवा यह कारण परिणाम की शृंखला में बँधा है? क्या इतिहास व्यक्ति की 'मुक्त इच्छा' (फ्री विल) है अथवा भौगोलिक तत्वों और चरित्र, स्थानविशेष की आर्थिक दशा, लोगों के स्वभाव, और उनके सामाजिक गठन के द्वारा 'ऐतिहासिक निश्चयवाद' में आबद्ध है? क्या इतिहास सम्राटों की वंशावलियाँ ही पेश करता है अथवा मानवीय व्यवहार की निरंतरता और संस्कृति में परिवर्तन के हेतुओं को भी खोजता है? क्या इतिहास का विवेकशील विश्लेषण हो सकता है? क्या इतिहास और समाज और कला (यहाँ उपन्यास) का त्रित्व हो सकता है? इस प्रकार के कई प्रश्न उठाए गए हैं।

सबसे पहले इतिहास काल की निरंतरता को सिद्ध करता है। हम अतीत और भविष्य के बीच विराम या अवरोध नहीं पाते। यद्यपि इतिहास भविष्यवाणी कम कर सकता है, तथापि भविष्य का निर्देश कर सकता है।

दूसरे, इतिहास मानवीय समाज के बाबत होता है। यह इसके विकास की कहानी तथा याथातथ्यों को पेश करता है।

पहले और दूसरे तत्वों को मिलाकर कहा जा सकता है कि इतिहास विवेकशील अध्ययन तथा बोध है जिसमें मानवीय स्वभाव तथा चेतना, कर्म तथा स्वप्नों का सब कालों (अतीत, वर्तमान एवं भविष्य भी) के लिये समावेश होता है। अतएव इतिहास किसी देश की मानवता की एक संमूर्ति है जहाँ जनता, राजवश, घटनाएँ, जनता का राजनीतिक विकास, उसकी सामाजिक तथा आर्थिक संस्थाएँ, उसके विश्वास तथा आदर्श, संस्कृति तथा रुचि आदि शामिल हैं। ये सभी मिलकर संपूर्ण जनता को संघर्षों के दौरान गुजारा करती हैं। इसलिये राष्ट्रों और कालों के इतिहास तो केवल खंड हैं; पूरा प्रसार तो प्रांतीय एवं राष्ट्रीय सीमाओं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को लाँघकर कम से कम एक पूरी सभ्यता, जैसे अरब दुनियाँ यूरोप का ईसाई जगत्, बृहत्तर भारत और पूरे भौगोलिक खंड तक होना चाहिए। पड़ोसियों के इतिहास या विश्व इतिहास से अपरिचित किसी राष्ट्र के राजनीतिक नेतृत्व को कम सफलता मिलती है। 'इतिहास बीती हुई राजनीति है; तथा राजनीति वर्तमान इतिहास है।' इस आंशिक कथन में हम किसी कालखंड की सार्वजनिक घटनाओं, मामलों तथा प्रवृत्तियों को समझने की दिशा जरूर पाते हैं। अकबर के पहले तक हम अपने पड़ोसी मुसलमान देशों के इतिहास से अपरिचित थे। अतः हमने बार-बार ऐतिहासिक भूलें दुहराईं। अंग्रेज हमारे इतिहास से परिचित हो चुके थे। अतः उन्होंने घटनाओं पर काबू पा लिया।

वास्तव में इतिहास हमारे लघु जीवन तथा उसके नन्हें से अनुभव को मानव जाति के अनुभव तथा एक विशाल कालप्रवाह से एकतान कर देता है। यह हमें वर्तमान तक ले आता है। असंख्य मूर्तियाँ मंदिर, पांडुलिपियाँ, दस्तावेज, सिक्के आदि वर्तमान की सिद्धि हैं। इसीलिये क्रोचे 'सभी इतिहास को समसामयिक' मानते हैं क्योंकि इतिहासदर्शन तो वर्तमानबोध से ही होता है जबकि मानवता के विशाल कथानक और जीवन के प्रति प्यार करना शुरू करता है अतः किसी भी तरह मनुष्य अपने अतीत से पलायन नहीं कर सकता; उसे अपनी परंपरा और विरासत से समझौता करना ही होता है। राष्ट्र के रूप में जनता अपने इतिहास की परंपरा, विवेकशील तथा सर्वसाधारण बोध को धारण किए रहती है। जीवन और इतिहास तथा कला और जीवन, फलस्वरूप इतिहास और कला का अद्भुत संबंध है। यदि जीवन व्यक्तिगत क्षणिक, गतिशील और वर्तमान है तो इतिहास व्यक्तिगत को सार्वजनिक बनानेवाला, शाश्वत्, जड़ और अतीत है। किंतु इतिहास वैयक्तिक जीवन को सार्वजनिक बना देता है। अतः ऐतिहासिक अध्ययन का एक लक्ष्य यह भी होता है कि वह यथासंभव सत्य के नजदीक ले जाए, और हमें भ्रांतियों से भी मुक्त कराए। इतिहास के ज्ञान अथवा बोध के द्वारा ही चेतना का विस्तार होता है। प्रत्येक युग कुछ आचरणों, सिद्धांतों और विचार-धाराओं द्वारा जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण का प्रकाशन करता है। ये दृष्टिकोण उस विशेष युग में निरपेक्ष और सर्वमान्य समझे जाते हैं। इतिहासकार इनके काल प्रवाह अर्थात् परंपरा के परिवर्तनों को पहचानता है। इस तरह इतिहासबोध सत्य की पहचान और विश्लेषण दोनों करता है। इसके अंतर्गत वास्तव में क्या घटित हुआ है, किस प्रकार घटित हुआ है तथा क्यों घटित हुआ है, ये तीनों बातें शामिल हैं। हमारा देश इसी ऐतिहासिक बोध की कमी का शिकार रहा है। जो जनता अपने देश का क्रूर सत्यों से पूर्ण तथा भ्रांतिविहीन इतिहास नहीं जानती वह संकट के मौकों पर दिग्भ्रमित होती है या भ्रांतियों का शिकार बन सकती है। इसके अलावा गलत ऐतिहासिक परंपरा बौद्धिक विघटन और कमजोरी का स्रोत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है, चाहे कुछ काल के लिये भले ही अतीत गौरव की भावना तथा सक्रियता नजर आने लगे। इतिहास का इशारा हमेशा वर्तमान तक तो होना ही चाहिए। जब किसी जाति का अतीत महान् होता है, उसकी उपलब्धियाँ विशाल होती हैं तब वह जाति भविष्य की कीमत पर अतीत में शरणार्थी हो जाती है। एक पीढ़ी द्वारा या एक युगविशेष में जो महान् उपलब्धियाँ हुई हैं, वे दूसरी पीढ़ी द्वारा तथा दूसरे युगविशेष में खोई भी जा सकती हैं। अतः इतिहास में हमारी प्रेरणा है जो हमारे सामाजिक जीवन तथा यथार्थ बोध को आलोकित करती है। ऐसा ही इतिहासलेखन हमारी प्रेरणा है जो एक संपूर्ण जनता तथा उसकी संस्कृति एवं यथार्थ बोध को दिशाएँ दे सके। यह भी न हो कि इतिहास केवल ज्ञान का खजाना तो बढ़ाता चला जाए किंतु कर्मक्षेत्र से निरुत्साहित कर दे। इसीलिये इतिहासबोध में 'क्या', 'कैसे' तथा 'क्यों' का त्रित्व है। जो इतिहास केवल राजाओं की वंशावलियाँ या घटनाएँ पेश करता है तथा पड़ोसी राष्ट्रों के इतिहास से अनभिज्ञ होता है, वह जनता को खंडित दृष्टिदान करता है तथा केवल किताबी होता है। इतिहास केवल महान् व्यक्तियों की ही जीवनियाँ नहीं है; बल्कि इसमें उन लाखों करोड़ों गुमनाम लोगों के जीवनखंड भी शामिल हैं, जिन्होंने इतिहास की मानवीय चेतना के क्षितिजों का विस्तार किया है। अतः हम इतिहास में 'मानव' के व्यवहार तथा चेतना का सामान्यीकरण भी कर सकते हैं। यह सामान्यीकरण व्यक्तिमानव या राष्ट्रमानव का न होकर विश्वमानव का हो सकता है। कुछ उदाहरण यों हैं :

जब कोई जनता एकजुट हो जाती है, जब उसमें आत्मविश्वास तथा आत्मचेतना जग जाती है तब दूसरे लोग स्थायी रूप से उसे दबाए नहीं रख सकते;

जब किसी राष्ट्र के अस्तित्व को ही धमकी दी जाती है तब वह संगठित होकर एक मनुष्य की तरह लड़ता है;

जब किसी जनता का अपमान किया जाता है तब बहुत कुछ एक निश्चित प्रकार की प्रतिक्रिया होती है--विशेषकर एक सामाजिक समूह में यह प्रतिक्रिया काफी विश्वसनीय होगी, यद्यपि इसका प्रभाव तथा चरित्र परिस्थितियों, समूह की शक्ति, तथा प्रतिरोध की प्रकृति पर स्वभावतः आश्रित होगा ही;

जब दो जनताएँ मिलती हैं तब आरंभिक संघर्ष के बाद, उनके व्यवस्थित हो जाने पर, बहुधा राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण आता है; बशर्ते उनमें से एक की सामाजिक चेतना श्रेष्ठतर हो;

यह सही है कि व्यक्ति के बाबत कोई निश्चित भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, किंतु महान् सामाजिक समूहों, जनपरिमाणों, वर्गों, जातियों और राष्ट्रों की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रतिक्रियाओं में सादृश्य ढूँढ़ा जा सकता है। बहुधा वे 'एक तरह' की परिस्थिति में 'एक तरह' ('एक' नहीं) की प्रतिक्रिया प्रदर्शित करते हैं। इन दो स्थितियों से इतिहासदर्शन की दो धाराएँ काफी पृथक् हो जाती हैं। पहली धारा 'मुक्त इच्छा' अर्थात् व्यक्ति को इतिहासनियामक मानती है तो दूसरी धारा 'निश्चयवाद' अर्थात् किसी शर्तों में बँधे मानव के कार्यों को इतिहासनियामक मानती है। मनुष्य प्रकृति की आवश्यकताओं के अनुरूप जितना अधिक बढ़ता जाता है, उसे उतनी ही अधिक स्वतंत्रता मिलती जाती है। पहली धारा इतिहास की रोमांटिक चेतना को आत्मसात् करती है तो दूसरी सामाजिक आवश्यकता के बोध को। पहली धारा में इतिहास में व्यक्ति प्रधान है, तो दूसरी में समष्टि। पहली धारा इतिहास को महान् व्यक्तियों की जीवनी की तरह लेती है; घटनाओं को उनके प्रातिभ ज्ञान की उपज मानती है; तो दूसरी उसे समाज की कहानी के रूप में लेती है और उसमें एक प्रणाली खोजती है। इतिहासलेखन की दृष्टि से ऐतिहासिक रोमांसों के विकास में पहली धारा की, तथा ऐतिहासिक उपन्यासों के विकास में दूसरी धारा की प्रधानता दृष्टिगोचर होती है। इतिहासलेखन की दूसरी दृष्टि से पहली धारा में इतिहास इतिवृत्तात्मक तथा प्रातिभज्ञानपूर्ण है, तो दूसरी में वैज्ञानिक, विश्लेषणीय तथा बौद्धिक। पहली धारा इतिहास को कला के रूप में स्वीकार करती है तो दूसरी विज्ञान के रूप में। पहली धारा में इतिहासलेखन इतिहासकार के दर्शन तथा वैयक्तिक बोध से अनुप्राणित रहता है, तो दूसरी में उसके समाजशास्त्रीय विश्लेषण पर।

यों तो मनुष्य भी सामाजिक निर्मिति है। वह जाति और देश, धर्म और शिक्षा, परिवार और प्रांत के वातावरण में ढलकर ही बनता है। इसी अनिवार्य परिप्रेक्ष्य में हमें व्यक्ति के कार्यों का निरीक्षण करना चाहिए। इसके अलावा व्यक्ति को पूर्णतः अकथनीय भी नहीं कहा जा सकता। अब तो आधुनिक मनोविज्ञान उसके अंतर्जगत् के रहस्यों को भी खोलकर रख देता है। [इतिहास को जीवनी तथा इतिवृत्त के रूप (=उपन्यास) में लिखनेवाले 'लेखक' तो इसका उपयोग बहुतायत से करते हैं]। इसके अलावा परंपराएँ भी व्यक्तिचरित्र के कई पहलुओं को प्रकाशित करती हैं। फिर भी व्यक्ति में बहुत कुछ रहस्यात्मक चारित्रिक नैपुण्य रह ही जाता है जिसे इतिहासलेखन की कलात्मक परंपरा के अंतर्गत उपन्यास अधिक सुचारु ढंग से उद्घाटित कर सकता है। किंतु जनचित्र तथा जनघटनाओं के क्षेत्र में वैज्ञानिक विश्लेषण सर्वाधिक लागू होता है। जब हम जनमंथनों तथा जनांदोलनों का निरीक्षण करते हैं, तब ऐसा भान सर्वाधिक होता है कि इतिहास में कारण परिणाम की कोई प्रणाली अवश्य है, इतिहास में भी निश्चय है। इतिहास में जनकर्म का संबंध राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक शक्तियों से है। और ये सभी शक्तियाँ 'जनता के सार्वजनिक आचरण'

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से संबद्ध हैं। इसके द्वारा हम कुछ मान्य सामान्यीकरण प्राप्त कर सकते हैं तथा भविष्य का संकेत भी कर सकते हैं। सारांश यह है कि इतिहासलेखन में इतिहास-दर्शन के अंतर्गत के सभी सार्वजनिक आचरणों का सामान्यीकरण किया जाता है तथा कुछ निरपेक्ष या सापेक्ष निष्कर्ष निकाले जाते हैं। इसके विपरीत इतिहास-लेखन में कला इतिवृत्त के अंतर्गत इतिहास के ताल, प्लाट, आवृत्तियों, चरित्रों का चित्रण किया जाता है तथा जड़ देशकाल को दृश्यवत् जीवंत समाज के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। अतएव दोनों ही पद्धतियाँ 'शाश्वत मानव' के आदिम एवं संपूर्ण बिंब को पृष्ठभूमि में पेश करती हैं।

इतिहास में देश अर्थात् भूगोल, एवं काल अर्थात् इतिहास का संयोग है। हम भूगोल के बिना इतिहास की शक्तियों की कल्पना ही नहीं कर सकते। जहाँ जहाँ जनता को अपने भूगोल का ज्ञान नहीं होगा अर्थात् जो भूमि सीमा, उपज, निवासियों के प्रकृतिप्रेम, भूमिप्रेम, देशचित्त आदि से अपरिचित होगी, वह ऐति-हासिक बोध के अभाव में विभाजित होगी। हमारे देश में भूगोल के इस ज्ञान के अभाव के कारण ही ऐतिहासिक बोध की कमी रही है। भारतीय वाङ्मय में बृहत्तर भारत (दक्षिण पूर्व एशिया) या चीन, जापान, कोरिया आदि में गए बौद्ध भिक्षुओं के कोई भी संस्मरण, यात्रावृत्तांत आदि नहीं मिलते जिसके फल-स्वरूप हमारी ऐतिहासिक चेतना बहुत ही सीमित हो गई है। जिस इतिहासलेखन में स्थानीय राजवंशों की गाथा ही गाई जाएगी और जनकर्म की उपेक्षा होगी, उसके द्वारा देश की दशा का पर्यवेक्षण नहीं हो सकेगा और स्थानीय देशभक्तियों (प्रांतीयता, जातीयता) को बढ़ावा मिलेगा। जिस इतिहासलेखन में पुराने आदर्शों का ही जयगान किया जाएगा उसका परिणाम भविष्य की कीमत पर अतीत में आश्रय लिए रहना होगा। जिस इतिहासलेखन में जाति या संप्रदाय का आधार लिया जाएगा वहाँ एक ही ऐतिहासिक तथ्य बिलकुल विपरीत सत्यों का उद्घाटन करेगा। सर्दार पणिक्कर ने इसका उदाहरण दिया है। हिंदुओं की दृष्टि में वे ही चरितनायक हैं जिन्होंने मुसलमानों का प्रतिरोध किया, जैसे राणा कुंभा राणा प्रताप, शिवाजी, गोविंदसिंह आदि। मुसलमानों की दृष्टि में वे ही चरितनायक हैं जिन्होंने हिंदुओं को जीता, जैसे अलाउद्दीन खिलजी, फीरोजशाह तुगलक, औरंगजेब। किंतु आज इतिहासलेखन में हम व्यक्तियों या उनके आश्रितों के दृष्टिकोणों के बजाय जनता के संघर्षों, उनके राजनीतिक विकास, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संस्थाओं; आदर्शों एवं विश्वासों, लोकपरंप-राओं एवं प्रगति, विरोधों और साम्यों आदि का आधार अपना सकते हैं। राज-वंशों की गाथाएँ तो केवल सतह का प्रवाह हैं; तलस्पर्शी इतिहास तो यही है।

हमारे देश के इतिहासलेखन में उपर्युक्त जटिल समस्याएँ आती हैं जिनको

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आज विंसेंट स्मिथ, लेन पूल, जायसवाल या सरदेसाई की भाँति केवल तथ्यों के संकलन द्वारा नहीं सुलझाया जा सकता है। आज इतिहासवाद तथा इतिहास दर्शन का सहारा लेना ही होगा। साहित्य के दृष्टिकोण से तो स्पष्ट है कि 'रोमांस' तथा 'ऐतिहासिक रोमांस' अतिमानवीय चरितनायकों तथा अद्वितीय सौंदर्यगर्विता युवतियों के छद्म इतिहास हैं जिनमें केवल वातावरण ऐतिहासिक है तथा जो मूलतः प्रेम और वीरता के बिंदुओं के चारों ओर ही घूमते हैं। इसके विपरीत राजवंशों के घटनात्मक प्रमाणों के साथ साथ जनकर्म एवं जनचित्त अर्थात् जनजीवन का भी समावेश करनेवाले 'ऐतिहासिक उपन्यास' ही समाज और देशकाल को इतिहास-बोध से अनुस्यूत करते हैं। पहली कोटि में वाल्टर स्काट, ड्यूमा, किशोरीलाल गोस्वामी आदि के उपन्यास हैं, तो दूसरी में तोल्सतोय, राहुल सांकृत्यायन, वृंदावन-लाल वर्मा, हजारीप्रसाद द्विवेदी के उपन्यास हैं। इस प्रकार ऐतिहासिक उपन्यास की उसी विधा की सामाजिक उपयोगिता होगी जिसमें इतिहास व्यक्ति या वैयक्तिक घटनाओं के बजाय जनजीवन, तथा अनेक घटनाओं को कारण परिणाम में बाँधकर मानवीय चेतना के सामाजिक निर्माण का चित्र प्रस्तुत करे।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर 'ऐतिहासिक उपन्यास' इतिहास लेखन की ही एक विलक्षण, व्यक्तिकृत, कलात्मक विधा ठहरता है। उपन्यासकार पहले इतिहासकार ही होता है, किंतु वह कलाकार के रूप में अभिव्यक्ति करता है। सामग्री दोनों की एक ही है; जैसे वेशभूषा, भित्तिचित्र, वास्तु, मूर्तियाँ, पांडुलिपियाँ पुरातत्व, शिलालेख, सिक्के, दस्तावेज आदि। विश्लेषणअन्वेषण दोनों में ही है, लेकिन जबकि इतिहासकार मात्र बौद्धिक एवं वैज्ञानिक पद्धति को प्रधानता देता है, इतिहासज्ञ उपन्यासकार प्रधानतः सौंदर्यात्मक तथा प्रातिभज्ञानात्मक पद्धति अपनाता है। ये दोनों पद्धतियाँ विरोधी न होकर परस्पर पूरक भी हैं। इसीलिये इतिहासकार सौंदर्यात्मक एवं प्रातिभज्ञानात्मक तथा उपन्यासकार बौद्धिक एवं वैज्ञानिक पद्धति को भी ग्रहण कर सकते हैं और करते हैं। किंतु इतिहास के कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं (जैसे लोकजीवन, लोकचित्त, तत्कालीन देश-समाज आदि) जहाँ कल्पनात्मक व्याख्या ही सर्वोचित तकनीक है। अतः ऐतिहासिक उपन्यास में एक ओर यदि तथ्यों को संकलित करके सामान्यीकरण प्राप्त किए जाते हैं तो दूसरी ओर कल्पनात्मक व्याख्याओं द्वारा विशेषीकरण। दोनों ही युग की प्रवृत्तियों तथा कार्य-कारण-नियम की निश्चयात्मकता का निर्देश करते हैं। सारांश यह है कि यदि इतिहासबोध का धर्म मानव की चेतना तथा 'जीवन' का स्पंदन ग्रहण करना है तब तो यह कलात्मक पद्धति के द्वारा ही उपलब्ध हो सकेगा। यहाँ मानव स्वभाव तथा चरित्र की समझ पर बल दिया जाता है और इसके निमित्त विशिष्ट एवं वैयक्तिक चरित्र पात्र चुने जाते हैं। अतः इतिहासकार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और उपन्यासकार दोनों ही अतीत का पुनर्सृजन करते हैं—इतिहासकार अपनी कल्पना को सत्य के अधीन रखता है तथा उपन्यासकार सत्य को कल्पना से सजीव कर देता है। इतिहासकार न तो नई कल्पना जोड़ सकता है, न तथ्य के खिलाफ जा सकता है; जबकि उपन्यासकार समाज और जीवन की छलछल धारा को अंकित करने के लिये सत्य को भी थोड़ा घुमा फिरा सकता है, नई पताका-प्रकरी - मूलक कल्पनाएँ जोड़ सकता है। इतिहासलेखन में मूल्यों की खोज भी की जाती है किंतु यहाँ यही ध्यान रखना चाहिए कि मानदंड उसी काल के उन्हीं लोगों के हों अर्थात् उनमें कालतत्व का सापेक्ष्य हो अन्यथा हम उस समाज का जीवन नहीं समझ पाएँगे। यह सही है कि आर्थिक और राजनीतिक मूल्यों में कालतत्व की अधिकता होती है, जबकि सौंदर्यात्मक बौद्धिक एवं भावात्मक मूल्यों में क्रमशः और अपेक्षाकृत कमी। यदि इस कालतत्व को देशतत्व से भी जोड़ दिया जाए तो हम देखते हैं कि वास्तुकला सर्वाधिक ऐतिहासिक चरित्र से परिपूर्ण होती है क्योंकि वह अपने युग की जरूरतों तथा चरित्र को प्रकट करती है, चित्र तत्व तथा वेशभूषा का दर्जा दूसरा है; राजनीतिक आर्थिक साहित्य का तीसरा। किंतु संगीत, अमूर्त चित्रकला, शुद्ध काव्य और शुद्ध नाटक आदि में सबसे कम ऐतिहासिक चरित्र होता है। इस दृष्टि से ऐतिहासिक उपन्यास एक ओर यदि ऐतिहासिक चरित्र से बँधा है, तो दूसरी ओर कलात्मक सार्वभौमिकता के कारण सार्वकालिक तथा सार्वदेशिक भी हो सकता है। उपन्यास तो आधुनिक समाज की ही देन है जो समाज और व्यक्ति के बीच नए संतुलन के प्रतीक रूप में विकसित हुआ है। अतः ऐतिहासिक उपन्यास मानव के सातत्य जीवन की धारा और समाज के अनुभवों को संचित करता है। यहाँ वर्तमान को भुलाकर अतीत में पहुँचा जाता है और पुनः प्रच्छन्न रूप से काल-प्रवाह द्वारा वर्तमान की यथार्थ भूमि में लौटा जाता है जहाँ अतीत वर्तमान में एक क्रम है। भविष्य का निर्देश है। अतः यह दूरी को निकटता में परिणत कर देता है। ऐतिहासिक उपन्यास में बहुधा वर्तमान समाज की कमियों तथा खूबियों के आधार पर भी मूल्यव्यवस्था प्रदान की जाती है अर्थात् वर्तमान समाज भी पृष्ठभूमि में एक अदृश्य पोषक के रूप में रहता है। यदि देश काल के अक्ष (मैट्रिक्स) को लिया जाए तब ऐतिहिासक उपन्यास के चार प्रकार के अंतर्संबंध हो सकते हैं (यदि वर्तमान को केंद्र में रखा जाए) :

(१) अतीत में वर्तमान को परोक्ष में ग्रहण किया जाए—ऐतिहासिक यथार्थवाद।

(२) वर्तमान में अतीत को प्रत्यक्ष या परंपरा रूप में ग्रहण किया जाए—सामाजिक यथार्थवाद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(३) वर्तमान में भविष्य को संकेत रूप में ग्रहण किया जाए—क्रांतिकारी स्वच्छंदतावाद ।

(४) भविष्य में वर्तमान को निष्कर्ष रूप में ग्रहण किया जाए—असंभव संबंध ।

इन चार अंतस्संबंधों से यह स्पष्ट है कि हम समाज तथा तत्कालीन जीवन, समस्याएँ तथा संघर्ष आदि को इनमें से किसी एक संबंध के आधार पर प्रस्तुत कर सकते हैं। इस प्रस्तुतीकरण में टूटी कड़ियाँ, या अँधेरे पहलू, या अद्वितीय घटनाएँ खुद - ब - खुद संश्लिष्ट होती, जुड़ती, प्रकाशित होती चली जाएँगी। शर्त यही है कि वर्तमान अर्थात् समसामयिक बोध हमारे विवेक के केंद्र में रहें; अन्यथा वर्तमान से पलायन की स्थिति में संबंध की यह कड़ी टूट जायगी और हम रोमांस की कीमत पर इतिहास को नजरअंदाज कर देंगे। पुराण, पुराकथाएँ, रोमांस, ऐतिहासिक रोमांस आदि इसके उदाहरण हैं जहाँ देश-काल-बोध में काफी गड्डमड्ड सा हो जाता है। हाँ, यह ठीक है कि इतिहास के तथ्यों को सरसता प्रदान करने के लिये रोमांटिक मधुरता का परिपाक किया जाए अर्थात् भावात्मक ऐतिहासिकता की कल्पना भी हो। हाँ, यह भी जरूरी है कि ऐतिहासिक उपन्यास में समाज को समझने तथा वर्तमान में उसके प्रभाव को प्रतिबिंबित करने के लिये परंपराओं, जनश्रुतियों, किंवदंतियों, लोककथाओं, लोकगीतों, रीतिरिवाजों, आदि का समावेश भी किया जाए। अतः कई लघु या सहकारी काल्पनिक पात्रों, काल्पनिक घटनाओं आदि की ऐतिहासिक उपन्यासों में बहुतायत हो ही जाती है क्योंकि जब प्रमाणित तथ्य प्रमुख पात्रों के कार्यव्यापार को अनुशासन में बाँधे रहते हैं तब अनेक व्यक्तिगत घटनाएँ तथा काल्पनिक पात्र आदि समाज की किसी मान्यता, किसी दृष्टिकोण, किसी समस्या आदि का आयत्तीकरण करते हैं। इस प्रकार इनके संयोग से ही समाज तथा जीवन की संमूर्ति उभर पाती है।

देशकाल के आयाम में ऐतिहासिक उपन्यासों में घटना एवं पात्र की भी संबंधात्मकता है। जब घटना तथा पात्र दोनों ही ऐतिहासिक होते हैं तब एक समृद्ध ऐतिहासिक उपन्यास की रचना होती है चाहे उसका कलात्मक स्तर जो भी हो। जब पात्रों या घटनाओं में से दोनों अथवा एक काल्पनिक होते हैं तब मिश्रित ऐतिहासिक उपन्यास की उपलब्धि होती है। यदि दोनों काल्पनिक होते हैं किंतु देशकाल वास्तविक होता है तब वह उपन्यास समाज का एक चित्र दे सकता है। किंतु यदि देशकाल का भी अतिक्रमण होता है तब वह रोमांस बन जाता है। सारांश यह है कि घटना एवं पात्र पर आश्रित रहनेवाला उपन्यास ऐतिहासिक तथा भाव एवं रोमांस पर आश्रित रहनेवाला उपन्यास ऐतिहासिक रोमांस होता है। यहाँ पर समाज की दृष्टि से रोमांस या ऐतिहासिक रोमांस तथा ऐतिहासिक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपन्यास की तुलना करना समीचीन होगा। रोमांस का काल सीमा के परे होता है, ऐतिहासिक उपन्यास कालसीमा में बँधा होता है; रोमांस यथार्थ से भी परे होता है, ऐतिहासिक उपन्यास यथार्थोन्मुख होता है, तथा रोमांस में घटनाओं पर बल दिया जाता है जबकि ऐतिहासिक उपन्यास में चरित्रचित्रण पर बल दिया जाता है। 'शुद्ध रोमांस' में जादू टोना, अतिमानवत्व तथा अति दानवत्व होता है जो क्रमशः अंधविश्वास, अतिरोमांचक कार्यों तथा प्रबल संघर्षों में रूपांतरित होकर 'ऐतिहासिक रोमांस' में भी प्रतिष्ठित होता है। यहाँ सामंतों का युग तथा मध्यकालीन निजंधरों का चक्र होता है। इसके अगले विकास अर्थात् ऐतिहासिक उपन्यास में अंधविश्वास जनजीवन तथा राजा सामंतों की परंपराओं में; अति रोमांचक कार्य पौराणिक आदर्शों या वर्तमान बोध या व्यक्तिगत शील की स्थापना में प्रबल संघर्ष दुर्धर्ष प्रकृति या युद्ध या ऐतिहासिक आततायी या जनसंघर्षों में रूपांतरित हो जाता है। यहाँ जनसंस्कृति का युग तथा 'ऐतिहासिक उपन्यास' का चक्र होता है। अतः ऐतिहासिक रोमांस में अंधविश्वास के साथ साथ परंपराएँ, अतिरोमांचक कार्यों के साथ साथ पौराणिक आदर्श, या वर्तमानबोध, या व्यक्तिगत शील; तथा प्रबल संघर्ष के साथ साथ दुर्धर्ष प्रकृति, या युद्ध या ऐतिहासिक आततायी अथवा जनसंघर्ष भी जुड़ जाता है। इन तीन रूपों को यों अंकित किया जा सकता है:



[संकेत (I) रोमांस; (II) ऐतिहासिक रोमांस, (III) ऐतिहासिक उपन्यास]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हमें यहाँ सावधान कर देना होगा कि यदि ऐतिहासिक उपन्यास की सामाजिक उपयोगिता को धारण करना है तब जनसंस्कृति के चक्र पर ही बल देना होगा, न कि राजवंशों की विरुदावली पर। तभी समाज तथा उस समाज का जीवन, समस्याएँ, आदर्श आदि निरूपित हो सकेंगे। इसीलिये ऐतिहासिक उपन्यास के लिये जरूरी है कि उसमें लोकतत्वों, लोकपरंपराओं, जनगाथाओं, लोकभाषा तथा जन्मभूमिप्रेम, प्रकृतिप्रेम, दर्जनों चरित्र और नन्हीं नन्हीं समस्याओं को उभारने वाली कई उपकथाओं का ग्रहण हो। किंतु सर्वोपरि आवश्यकता है ऐतिहासिक तथ्यों की उपलब्धि और ऐतिहासिक बोध की अंतर्दृष्टि की ऐतिहासिक उपन्यास तथा नाटकों के द्वारा हम चाहे राजवंशावलियाँ न जान सकें लेकिन तत्कालीन 'समाज और जीवन की धारा' को बहुत कुछ समझ सकते हैं। कालिदास, शेक्सपिअर, मोलें के नाटक इसका सबूत हैं। अतः ऐतिहासिक उपन्यास में ऐतिहासिक आशंसा के साथ साथ सौंदर्यात्मक अभिरुचि के मिल जाने से दो प्रकार के पूरक बोधों का योग हो जाता है। ऐतिहासिक उपन्यास का चरम लक्ष्य है जीवन के प्रति प्रगाढ़ अनुराग की अभिव्यक्ति, उस जीवन की जो लघु होकर भी पूर्ण मानवता का अमर अंश है। यदि प्रमुख पात्रों तथा प्रमुख घटनाओं को लिया जाए तो इतिहासलेखन एक प्रकार से राजाओं या राजपुरुषों का जीवनीलेखन है। इस दृष्टि से इतिहास असंख्य जीवनियों का सारांश भी ठहरता है। यहाँ कई भटकाव आते हैं और भारतीय इतिहासलेखन में हमने पड़ोसी राष्ट्रों के इतिहास का अज्ञान, सीमित ऐतिहासिक चेतना, राजवंशों का चारण गान, पुराने आदर्शों की पूजा, जातिगत तथा धार्मिक दृष्टिकोण आदि भटकावों के प्रति सचेत किया है। अतः यदि ऐतिहासिक उपन्यास और सामाजिक दायित्व का प्रतिपादन करना है तो लेखक को इनसे भी तो बचना होगा। यदि किसी एक राजा की जीवनी को ही आधार मान लिया जाय, तो वह एकांगी वा एकपक्षीय होगी तथा उस पूरे युग के इतिहास के बारे में हमें गुमराह कर देगी। किंतु यदि ऐतिहासिक उपन्यास समाज को अंकित करता है, तब वह अनेक अज्ञात गुमनाम पात्रों के चरित्रों को अंकित करके उसे समूचे मानव की कहानी में परिवर्तित कर देता है अर्थात् अनेकानेक ऐतिहासिक तथा काल्पनिक, दोनों तरह के पात्र अपनी अपनी घटनाओं समेत अंततोगत्वा निर्वैयक्तिक हो जाते हैं — और सभी एकसूत्र में पिरो दिए जाते हैं। इतिहासलेखन में यह सब कार्य बौद्धिक तथा विश्लेषणात्मक पद्धति से पैराग्राफों में बाँट बाँटकर होता है अर्थात् उसमें 'जीवनी' हो सकती है किंतु 'कथा' नहीं। इतिहासकार को 'विषय' के अंतर्गत आर्थिक, सामाजिक, पुरातात्विक और राजनीतिक पक्षों को यथातथ्य रूप में ही ग्रहण करना होता है; जबकि उपन्यासकार विषय को 'वस्तु' में एवं पैराग्राफों को 'कथोपकथन' आदि में ढाल देता है। वह अपनी कथावस्तु को सँभालने और सुसंगठित करने के लिये उसे सीमित कर सकता है, कुछ तथ्यों को छोड़ सकता है,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुछ पक्षों को चरमोत्कर्षों द्वारा अधिक उभारकर ध्यान केंद्रित कर सकता है, तथा अपने दृष्टिकोण से सारे समाज को देख दिखा भी सकता है। ये उसके कलात्मक शिल्पविधान, समाज के प्रति उसके दृष्टिकोण तथा मानववादी आस्था की धारणाओं की सीमा सूचित करते हैं। इसलिये ऐतिहासिक उपन्यास की सामाजिक उपयोगिता इस बात पर भी निर्भर करती है कि उपन्यासकार कौन से कालखंड को, किस कथावस्तु को, किस प्रकार के पात्रों को, किन समस्याओं को तथा किस दृष्टिकोण को ग्रहण करता है। यहीं उसके इतिहासज्ञान, इतिहास-अध्ययन तथा इतिहासबोध के प्रभाव मुखर हो उठते हैं। उपन्यासकार उपदेशक न हो बल्कि समाजिक यथार्थता एवं तत्कालीन बोध से युक्त हो। एक अंतर और भी द्रष्टव्य है : सभी उपन्यास अतीत में पहुँचते ही ऐतिहासिक नहीं हो जाते; ऐतिहासिक उपन्यास का लेखक अपने से पूर्ववर्ती युग को ग्रहण करता है। इससे बिल्कुल अलग दिशा समसामयिक उपन्यासों की है जिनमें लेखक अपने युग को ही ग्रहण करता है किंतु जो कुछ काल बीतने पर इतिहास की (ऐतिहासिक नहीं) वस्तु हो जाते हैं। इनके द्वारा भी तत्कालीन समाज और इतिहास का अध्ययन हो सकता है।

इस प्रसंग में एक सवाल उठता है कि क्या इतिहास की आवृत्ति होती है? हूबहू नहीं। क्योंकि वह युग, वे मनुष्य, वह कालक्षण, वह समाज नहीं रहता। किंतु जनकार्यों में आवृत्ति के लक्षण मिल सकते हैं। क्या मनुष्य इतिहास से सीख सकता है? हीगेल का साफ उत्तर है, 'नहीं'। हमारा उत्तर है कि भौगोलिक तथ्यों और चरित्र, आर्थिक अवस्था लोगों के स्वभाव, उनके सामाजिक ढाँचे के आधार पर मनुष्य के कार्यों का अंदाजा लगाया जा सकता है। जीवन तो क्षणिक, गतिशील, वर्तमान तथा व्यक्तिगत होता है और इतिहास शाश्वत तथा स्थिर, अतीत तथा सामाजिक होता है। इसलिये एक व्यक्ति इतिहास के परिणामों को भोगता तो है किंतु सीखनेवाली बात संदेहास्पद है क्योंकि लगभग सभी राष्ट्र एक न एक तरह की गलती बारंबार करते मिलते हैं।

मानवता की चेतना के विस्तार तथा उसमें गुँथी हुई घटनाओं की कारण-परिणाम-शृंखला एक 'निश्चयवाद' का भान कराती है। यह सच है कि इतिहास में ताल या प्लाट नहीं होता किंतु यह भी सच है कि ऐतिहासिक उपन्यास में एक ताल, एक प्लाट, एक पैटर्न होता है। ऐतिहासिक उपन्यास में घटनाएँ और चरित्र कथानक में गुँथकर कारण-परिणाम-नियम का जितना सुंदर और उदात्त प्रतिपादन करते हैं वह इतिहास लेखन की किसी भी पद्धति के बूते के बाहर है। यह सच है कि इतिहास में एक ताल या एक प्लाट तो नहीं होता; किंतु—यह भी व्यापक सत्य है कि इतिहास और मानवता की गाथा में कई ताल, कई प्लाट, और कई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आवृत्तियाँ तक होती हैं। इस दार्शनिक और व्यावहारिक भूमि पर इतिहास-लेखन की कलात्मक प्रणाली और निश्चयवादी प्रणाली एकरूप हो जाती है।

अंत में हम देश तथा काल की समस्या को पुनः दूसरे मतलब से उठाएँगे। देशकाल के आयाम में ही ऐतिहासिकता, सामाजिकता तथा समस्याएँ आती हैं। ये दोनों अन्योन्याश्रित और परस्पर पूरक हैं। यदि एक ओर ऐतिहासिक पात्रों एवं घटनाओं के साथ काल्पनिक पात्र और घटनाएँ क्रमशः 'देश' और 'काल' के रंग को गाढ़ा तथा चमकदार बनाती हैं तो दूसरी ओर काल अक्ष में अतीत (युगप्रधान) के साथ वर्तमान का संयोग किया जाता है। इसके फलस्वरूप युग की तस्वीर खिंचती है, युगप्रतिनिधित्व भी होता है, तथा वर्तमान के परिणामों की मौजूदगी को कथावस्तु में भविष्यवाणी या सीख या तुलना के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। हम आसानी से वर्ण-व्यवस्था की कमजोरियों को 'मृगनयनी' में वर्णित पाते हैं क्योंकि लेखक वर्तमान में उनके परिणामों को भुगत रहा है। देशकाल के चित्रण के द्वारा पूरा ऐतिहासिक उपन्यास ही संपूर्ण संमूर्ति बन जाता है। 'देश' के अंतर्गत प्रकृति-चित्रण उपन्यास को आंचलिकता प्रदान कर सकता है। यों तो मूल प्रकृति शाश्वत होती है, किंतु आंचलिक भूखंडों की अपनी अपनी स्वगत शोभा भी है, जैसे भूमि, पर्वतों, नदियों, वृक्षों, पशुओं, पक्षियों, फूलों, ऋतुओं, आदि की। भूचित्र उपन्यासों में वातावरण की रचना करते हैं। कालानुरूप 'देश' का दूसरा पहलू, मानवीय कृतित्व है। हम कह चुके हैं कि वास्तुकला ऐतिहासिक चरित्र के सबसे अधिक नजदीक है; चित्रकला, शृंगार, वेशभूषा आदि का दूसरा नंबर है। इसलिये ऐतिहासिक उपन्यास में मकानों, नगरों, भवनों, मंदिरों, किलों, पोखरों, गढ़ियों आदि का अंकन इतिहास को गर्भित बनाता है। संगीत तथा काव्यकला इतिहास से तो अपेक्षाकृत दूर हैं किंतु मानव की शाश्वत वृत्तियों के नजदीक हैं। अतः ये चरित्रचित्रण की सूक्ष्मता में अधिक सहायता करते हैं। रीतिरिवाज, परंपराएँ, लोकोत्सव, त्यौहार; प्रथाएँ आदि 'देश' के रंग भरने में, चरित्र उभारने में, उत्कर्ष करने में और इतिहास के कंकाल को समाज के जीवन की मांसलता देने के साधन हैं। इनके द्वारा हम समाज और सामाजिक उपयोगिता का सांनिध्य पा सकते हैं। इसी कड़ी में राजदरबारों का जीवन, अंतःपुर का वातावरण, राजसभाओं की गोष्ठियाँ; भिन्न भिन्न वर्ग और पद के पात्रों की वेशभूषा और भाषा, युद्धों में प्रयुक्त शस्त्रास्त्र, संग्रामकला आदि देश का बिंबविधान रचते हैं। 'काल' का संबंध घटनात्मक प्रवाह से है, जैसे चरित्रविकास, घटनाएँ, समस्याएँ, आदि। यहाँ घटनाओं को कथात्मक मोड़ या उत्कर्ष के लिये तो 'प्रयुक्त' किया ही जाता है (उपन्यासशिल्प की दृष्टि से); किंतु समाज की समस्याओं, लोगों के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आदर्शों तथा विश्वासों एवं जनकर्मों के निरूपण के लिये भी 'घटित' किया जाता है। इनमें जो सक्रियता, उद्विग्नता, गतिशीलता आदि होती है वह मानवीय चेतना तथा ऐतिहासिक परिस्थिति आदि को प्रकट करती है। कालानुरूप राजनीतिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अवस्था, भाँति भाँति के पात्र और उनकी प्रवृत्तियाँ, सामाजिक अवस्था के फलस्वरूप विभिन्न घटनाओं के परिणाम आदि 'काल' के अन्त में राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्र की ऐतिहासिक गति की कहानी पेश करते हैं। सारांश यह है कि 'देश' उपन्यास को अचल चित्रकलात्मकता प्रदान करता है और काल गत्यात्मक प्रवाह। देश के लिये इतिहास का अध्ययन अनिवार्य है तो काल के लिये मानव प्रकृति का ज्ञान, अर्थात् मानव की आत्मा में, जीवनधारा में ही इतिहास का तत्व है। इस तत्व का परिपाक इतिहासलेखन की कलात्मक पद्धति—ऐतिहासिक उपन्यास—द्वारा सर्वोत्तम ढंग से हो सकता है। यदि इतिहास की सामाजिक उपयोगिता है तो इतिहासलेखन के सौंदर्यात्मक माध्यम के उत्पन्न इतिहास की भी सामाजिक उपयोगिता तो अधिक गहरी, किंवा, भावात्मक तथा चेतनात्मक स्तर पर होगी।

सारांश यह है कि ऐतिहासिक उपन्यास में समाजशास्त्र के ज्ञान का उपयोग हमारी सामाजिक संस्थाओं के विकास एवं निषेधों स्वीकारों का विश्लेषण कर सकता है, मनोविज्ञान का उपयोग व्यक्ति के आपसी व्यवहारों तथा बाह्य प्रतिक्रियाओं पर प्रकाश डाल सकता है, अर्थशास्त्र का उपयोग वर्गों की आर्थिक दशा तथा देश की समृद्धि या दरिद्रता के परिणामों को व्यक्त कर सकता है, इतिहास का उपयोग प्राचीन शाश्वत राष्ट्रीय धारा की क्षमताओं को उद्बुद्ध कर सकता है तथा अंत में सारी मानवीय चेतना तथा अनुभव की कहानी प्रस्तुत कर सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी व्याकरण का संक्षिप्त इतिहास

डा० राजाराम रस्तोगी

विश्व के प्राचीनतम ग्रंथों में जैसे वेद को अग्रणी माना जाता है, वैसे ही व्याकरण के निर्माण और प्रवर्त्तन में वैदिक निरुक्त के रचयिता यास्क और प्रसिद्ध वैयाकरण पाणिनि रचित अष्टाध्यायी को संसार के प्रथम वैयाकरण के रूप में स्वीकृति प्राप्त होनी चाहिए। व्याकरणलेखन और अध्ययन की भारत में दीर्घ परंपरा रही है। मैक्समूलर ने लिखा है कि ईसा के जन्म के शताब्दियों पूर्व भारत में व्याकरण का अध्ययन होता था और कोष-निर्माण-कला अपनी चरम सीमा में अवस्थित थी।[1] पाणिनि ने जिस भाषा का व्याकरण बनाया, उसकी प्रारंभिक साहित्यिक शैली वैदिक भाषा के परवर्ती काल, जिसे उदीच्य भाषा[2] के अंतर्गत रखा जाता है, देखा जा सकता है। डा० पांडेय लिखते हैं, यही वह भाषा थी, जिसको आधार बनाकर वि० पू० सातवीं शती में महर्षि पाणिनि ने शास्त्रीय संस्कृत की नींव डाली थी'[3]। पाणिनि ने संस्कृत को लौकिक भाषा कहा है और जब प्राकृत भाषा में व्याकरण का निर्माण होने लगा तो लौकिक भाषा देवभाषा बन गई। इस प्रकार कालांतर में देशी भाषाओं को महत्व और भाषा को परिनिष्ठित स्वरूप देने के लिये व्याकरण का निर्माण आवश्यक समझा गया। वररुचि, भरत, मार्कंडेय आदि वैयाकरणों ने प्राकृत का व्याकरण लिखा तथा इस साहित्य

१. सेंचुरीज बिफोर द बर्थ आव क्राइस्ट, ग्रामर वाज आलरेडी स्टडीड इन इंडिया। लेक्सिक टू अटेन्स टु ए हाइ एज।—हिस्टरी आव संस्कृत लिटरेचर, वाल्यूम—१

२. तस्मादुदीच्यां प्रज्ञाततरा वागुद्यते, उदञ्च उ एव यन्ति वाचं शिक्षितं, यो वा तत आगच्छति तस्य काशुश्रूषन्त इति।—कौशीतकी ब्राह्मण

३. हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास—ना० प्र० स०—२६४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की समृद्धि की। आधुनिक काल में पिशेल[1] का प्राकृत भाषा का व्याकरण, डा० मधुकर अनंत मेहेंडेल, डा० सुकुमार सेन, भिक्षु जगदीश काश्यप का पालि महाव्याकरण और टैगोर[2] का अपभ्रंश का ऐतिहासिक व्याकरण आदि प्रमुख व्याकरण हैं।

भारत पर मुसलमानों का जब आक्रमण हुआ तो भारत के सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक तथा राजनीतिक जीवन पर उसका बड़ा गहरा प्रभाव पड़ा। प्राकृतोत्तर युग देश में अशांति और संघर्ष का युग रहा है। फलतः बुद्धिजीवियों की प्रवृत्ति सांस्कृतिक संरक्षण और अधिक निर्माण की ओर रही होगी। आज हम अनुमान कर सकते हैं किंतु जब मुसलमानों शासक यहाँ आकर जम गए और यहाँ की जनता में घुलने मिलने लगे तो अधिकांश हिंदू जनता भय से आक्रांत होकर अपना धर्मपरिवर्तन करने लगी और उन विदेशी तुर्की और फारसी बोलनेवाले मुसलमानों के निकट संपर्क में आई, जिससे एक नई भाषा का विकास होने लगा। खुसरो, रहीम, दारा, फैजी, अबुल फजल, अकबर आदि भी इसके प्रमाण हैं। उस काल की साहित्यिक भाषा ब्रजभाषा थी। राजनीतिक स्थिरता के कारण भाषा संबंधी आकांक्षा का पुनः उदय हुआ और इसी काल में ब्रजभाषा का एक व्याकरण लिखा गया जिसका संपादन शांतिनिकेतन के उर्दू फारसी के प्रोफेसर श्री जियाउद्दीन ने किया। यह पुस्तक १७वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में निर्मित हुई थी और मुख्यतः फारसीदाँ मुसलमानों के व्यवहार के लिये लिखी गई थी। इस पुस्तक की भूमिका डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी ने लिखी है और इसकी मूल प्रति इंडिया आफिस लाईब्रेरी में सुरक्षित है। डा० चटर्जी महोदय ने लिखा है कि ब्रजभाषा के इस व्याकरण को हम हिंदी के एक विशिष्ट रूप का सबसे प्राचीन व्याकरण कह सकते हैं।[3] मेरे जानते ब्रजभाषा हिंदी का यह पहला व्याकरण है जो फारसी लिपि में लिखा गया। आज हिंदी जिस रूप में है, वह उसका व्याकरण है, ऐसा समझना भूल होगी।

इस पुस्तक का नाम तुहफत-उल-हिंद है जिसका अभिप्राय है भारतवर्ष का उपहार। इस पुस्तक के लेखक हैं श्री मीर जाँ खाँ। प्रति के पृष्ठ २६८

१. पिशेल : ग्रामातीक प्राकृत स्प्राखेन जिसका अंग्रेजी अनुवाद डा० सुभद्र झा ने किया है।
२. टैगोर : हिस्टारिकल ग्रामर आव अपभ्रंश, पोस्ट-ग्रैजुएट रिसर्च इंस्टीच्यूट, डेक्कन कालेज, पूना से प्रकाशित।
३. द्विवेदी अभिनंदन ग्रंथ, पृ० १६२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर रचनाकाल भी अंकित है—'१८वीं रज्जब, सन् ११८२ हिजरी, शुक्रवार, ३ घंटे चढ़े पुस्तक समाप्त हुई।' इसी प्रति के उसी पृष्ठ पर दूसरे हस्तलेख में लिखा है—'१६वीं शब्वल ११८२ हि०'। इस पुस्तक के ४३१ वें पृष्ठ पर लेखक ने यह लिखते हुए पुस्तक समाप्त की है'। 'मूल प्रति से तुलना करते हुए, यह प्रति बहुत ही सावधानी से की गई है। ५वीं जिलकादह ११८२ हि० को समाप्त हुई।'[1] डा० चटर्जी इस पुस्तक का रचनाकाल सन् १६०५ के पूर्व मानते हैं।[2]

तुहफत-उल-हिंद नामक ब्रजभाषा व्याकरण का सबसे पहले उल्लेख सन् १८७४ में ब्लेन्स स्मिथ ने अपने एक लेख में किया है। इस पुस्तक के विषय और विवरण की प्राप्ति उसी लेख से होती है। इस रचना का उद्देश्य फारसीविद् लोगों को ब्रजभाषा का शुद्ध और व्यावहारिक उच्चारण फारसी के माध्यम से कराना था। इस कृति के चार अध्याय[3] और सात मूल विषय हैं। इस पुस्तक की एक प्रति वोदेलियर पुस्तकालय, पेरिस (फ्रांस) में भी उपलब्ध हुई है। इस रचना का मूल विषय विविध[4] है।

इस ब्रजभाषा व्याकरण के पश्चात् भी अनेक व्याकरण लिखे गए जिन्हें इस देश के साहित्यकारों ने विदेशियों के, विशेषतः अंग्रेजों के, हिंदी-भाषा-ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से रचा। सन् १८१० में लाला लल्लूलाल जी ने

१. हिजरी सन् में ६०० वर्ष जोड़ने से प्रायः ईसवी सन् निकल आता है।

२. द्विवेदी-अभिनंदन ग्रंथ, पृ० १६५।

३. अध्याय (१) १८ ध्वनियों का विवेचन जो अरबी फारसी और भाषा में समान हैं।
,, (२) १७ ,, ,, जो अरबी फारसी में नहीं है।
,, (३) हिंदी वर्णों की संख्या और परिचय।
,, (४) स्वरों और उनके प्रतीकों का अध्ययन।

४. (१) छंदःशास्त्र या पिंगल विषयक।
(२) तुक विषयक।
(३) रसालंकार विषयक।
(४) श्रृंगार—नायक-नायिका-भेद विषयक।
(५) संगीत विषयक।
(६) काव्यशास्त्र विषयक।
(७) सामुद्रिक ज्योतिष।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'ब्रजभाषा व्याकरण के सिद्धांत' लिखा। तदुपरांत भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र के पिता ने एक छंदोबद्ध संक्षिप्त (१० पृष्ठों का) व्याकरण निर्मित किया था।

ब्रजभाषा का व्याकरण।

इसके प्रथम विभाग में 'भाषा का परिचय' दिया गया है—संसकिरत, पराकिरत और भाखा।

१ संस्कृत—कला और विज्ञान की अनेक पुस्तकें हैं। हिंदुओं का भी विश्वास है कि यह देवभाषा है और इसे वे आकाशवाणी या देववाणी भी कहते हैं।

२ प्राकृत—इस भाषा का उपयोग मुख्यतः राजा, महाराजाओं तथा मंत्रियों की प्रशंसा करने के लिये हुआ है। इस भाषा का संबंध पाताल से बताया जाता है। हिंदू इसे पातालवाणी या नागवाणी भी कहते हैं। यह भाषा 'संसकिरत' और 'भाखा' के मिश्रण से बनी है।

३ भाखा—'भाखा' में जो काव्य मिलते हैं, वे अलंकृत काव्य हैं। उनका मुख्य विषय प्रेमी प्रेमिका की कथा है। यह व्यवहार की भाखा है। संसकिरत और पराकिरत को छोड़कर प्रायः सभी बोली भाखाओं का इसमें मिश्रण है। विशेषतः यह ब्रजवासियों की भाखा है। ब्रज भारत के उस प्रदेश का नाम है जो मथुरा को केंद्र मान् कर ८४ कोस के बीच मंडलाकार स्थित है (आइने अकबरी भी देखिए)। ब्रजवासियों की भाखा सब भाखाओं से अधिक मधुर, प्रवाहशील और प्रचलित है। गंगा यमुना के बीच समस्त प्रदेश की भाखा यही प्रचलित भाखा है। 'चंदवार' (एक प्रसिद्ध जिला) भी इसमें संमिलित है।

द्वितीय उपविभाग

(अ) शब्द की परिभाषा और शब्द के प्रकार :
  १ संपादन (सब्सटैंटिव)
  २ करतब (कर्तव्य, द वर्ब)
  ३ करता (कर्ता, द नामिनेटिव)

(आ) संपादन की परिभाषा, संपादन के दो भेद—
  १ संपादन, इसे अरबी में 'रस्म' कहते हैं।
  २ विर्त, इसे अरबी में 'हर्फ' कहते हैं।

(इ) करतब क्रिया को कहते हैं इसके पांच भेद है :
  'भूत', 'बरतमान (वर्तमान), 'भविक्ख' (भविष्य) किरिया (क्रिया), किरत (कृत)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कालविवेचन : ३ भूतकाल, वरतमान काल, भविक्ख काल।
किरिया का विवेचन ४ भेद—१ संभव, २—असंभव, ३—भाव, ४—अनभाव।
(ई) कर्ता के २ भेद—स्वाधीन, पराधीन—विवेचन बहुत विस्तृत है।

तृतीय उपविभाग। लिंगविचार

१ पुलिंग (पुल्लिंग) इसके दो भेद किए गए हैं :

(क) निश्चित

(ख) अनिश्चित

चतुर्थ उपविभाग: स्त्रीलिंग २ अस्त्रीलिंग, इसके ३ भेद —

(क) निश्चित

(ख) अनिश्चत

(ग) अनियमि (अस्त्रीलिंग)

अनिश्चित के दो भेद :

१—एक वह जिसकी तुलना पुलिंग से हो जैसे—तुरंगिमी (तुरंग)

२—दूसरा वह जिसकी तुलना पुलिंग से नीं हो जैसे—बयार

(ग) अनियमि (अस्त्रीलिंग)

इसके बाद पुलिंग से स्त्रीलिंग बनाने के नियम दिए गए हैं, इसमें उन प्रत्ययों की सूची दी गई हैं जिन्हें यदि पुलिंग में जोड़ दिया जाय तो स्त्रीलिंग बन जाएँगे। वे प्रत्यय हैं :

१ (आ) : जैसे विर्ध (वृद्ध) विर्धा (वृद्धा)
२ (ई) : जैसे देव से देवी
३ (आनी) : जैसे रुद्र से रुद्राणी
४ (नी) : जैसे तुरंग से तुरंगिनी

पंचम उपविभाग : नैपुंसक लिंग :

सामान्य परिचय दिया गया है। यह संस्कृत में प्रयुक्त होता है, भाषा में नहीं।

छठा उपविभाग : बहुवचन

इस विभाग में वचनों पर विस्तार से विचार है। साथ ही इस प्रकार के प्रत्ययों का भी विवेचन है जिनके जोड़ने से एकवचन का बहुवचन बन जाता है जैसे—'न'; पग (एकवचन) से पगन (बहुवचन)।

सातवाँ उपविभाग : संकेतवाचक सर्वनाम

इस सर्वनाम के सात प्रयोग दिए हैं—ये संकेतवाचक सर्वनाम दोनों लिंगों (स्त्रीलिंग, पुलिंग) में समान रहते हैं :—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१. (वः) (दैट) एकवचन, अन्यपुरुष
२. (ता) (दैट) ,, ,,
३. (या) (दिस) ,, मध्यमपुरुष
४. (जा) (हू एवर) ,, अन्यपुरुष
५. (उन) (दे) बहुवचन ,,
६. (इन) (दीज) ,, मध्यमपुरुष
७. (जिन) (हू एवर) ,, अन्यपुरुष

आठवाँ उपविभाग : पदवित (पद-वृत्ति) वाक्यः

इसके दो तत्व रहते हैं जैसे राम आया।

नवाँ उपविभाग : संबंध

विस्तार के साथ विवेचन है—अरबी से स्थान स्थान पर तुलना की गई है।

दसवाँ उपविभाग :

उपसर्ग तथा प्रत्ययों का विवेचन है, साथ ही इनकी एक बड़ी तालिका भी दी गई है।

ब्रजभाषा व्याकरण—दोहा

संस्कृत के मधि रहति, जैसे सरत विभक्ति।
ते 'भाषा' कहें होतिहैं, लिखति तिन्हनि की पंक्ति ॥

आडिल्ल (अरिल्ल)

प्रथमा, द्वितीया, बहुरि तृतीया जानिएँ।
बहुरि चतुरथी पंचमी, षष्टी मानिएँ।
सप्तमी सात विंभक्ति, दूही सिगरे भनें।
एकवचन, बहुवचन, और संबोधनें।

इनके रूप

जो, सो, जे, ते, नको, सों, नसों, कौं, तें, नतें, कों, में, नमें, ए विभक्ति सात जानिएँ।
करता, करम, करन, संप्रदान, अपादान संवंधी सुअधिकरन सातों नाम मानिएँ ॥
संबोधन बीच होत है ओ; एकथन, पूर्व कहूँ परी विभक्ति लोप कहँ जानिएँ।
अर्द्ध लोप कहूँ देव अरे कहें तहां, देव देवन कहें हू अर्थ आनिमें ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अब आकारांत स्त्रीलिंग शब्द

सिया, तिया, सेना, प्रिया, नारि लिंग आदि ।
होइ सुधाता शब्द सम, समझौ कवि मरजादि ।।
आकारांत सियादि कों, कहुँ कवि कहहिं हलंत ।
सात सब्द सम रूप तब, होत लखो कवि-कंत ॥
गंगा-जमुना कों को कहें गंग, जमुन सब कोइ ।
दोऊ सिद्ध प्रयोग हैं, जहँ थल जैसो होइ ।।

अथ ईकारांत स्त्रीलिंग—नदी शब्द

ईकारांत नदी सबद, नारि लिंग है जोइ ।
ग्यानी के सम रूप सब, तनै भाषा होइ ।।
सखी, लच्छमी, मोहनी, बोनी, रोनी और ।
लाली, काली, कांमनी, नदी सरस सब ठौर ।।

स्फुट नियम :

ऋ, ॠ, लृ, लॄ, होत हैं, स ब इकार ।
तैसेंहिं होत हलंत सब, आकारांत निरधार ।।
भाषा के इमि जानिएँ, शब्द - नियम - परकार ।
विलहु, पढ़हु, कविता करहु, बरनत गिरिधरदास ॥

इति भाषा व्याकरण संपूर्ण

१० पृष्ठों का व्याकरण ।

अकबर के राज्यकाल (सन् १६०८) में भारत में थोड़ी स्थिरता आई थी और (सन् १६५८) में औरंगजेब के राज्यकाल में जब मुसलमान शासकों का शक्तिसूर्य अपनी चरम सीमा को स्पर्श कर रहा था उसी समय भारत में कुछ यूरोपीय व्यवसायी और सिपाही आए थे। उस समय साहित्य की भाषा ब्रजभाषा तथा जनता की 'भाषा' का विकास हो रहा था। इसी काल में हिंदुस्तानी का पहला व्याकरण भी निर्मित हुआ, पर जो एक यूरोपियन द्वारा डच भाषा में रचित है तथा जिसका मुद्रण भी विदेश में ही हुआ है। वस्तुतः हिंदुस्तानी का यह प्रथम प्राचीन उपलब्ध व्याकरण है। इसमें ग्रंथ की प्राचीन प्रति भी उपलब्ध है जो हालैंड के पुस्तकालय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में सुरक्षित है। इसके व्याकरण के निर्माता जॉन जोशुआ केटेलर हैं।[1] यह व्याकरण सन् १७४३ में हालैंड के प्रसिद्ध नगर लाइडेन से दावीद मिल मिल्यूस द्वारा प्रकाशित हुआ। इस व्याकरण को लोग प्रायः विस्मृत कर चुके थे। सन् १८६५ के जनवरी महीने में इटली के एक विद्वान् सिग्नर एमिलियो तेजा ने रोम की एक सभा रियल एकेडेमिर डेई लिन्सेइ में इस व्याकरण की ओर इटली के विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया।

इस ग्रंथ के प्रकाशन में काफी विलंब हुआ। वस्तुतः यह ग्रंथ डा० फोगल[2] के अनुसार हिंदुस्तानी और फारसी भाषा में लिखा गया था। इस व्याकरण की प्रतिलिपि हालैंड के एक निवासी इसाक फान दर हू फेर[3] ने लखनऊ में सन् १६६८ में की थी और यह कृति हेग नगर के राजकीय पुस्तकालय में अभी तक वर्तमान है।

१. जॉन जोशुआ केटेलर ने हिंदी का प्रथम व्याकरण लिखा जो लूथरान धर्म का अनुयायी था तथा प्रसिया के इलबिनजेन नगर में उसका जन्म हुआ था। डच एलची की हैसियत से शाहआलम बहादुरशाह (१७०८–१७१२) और १७११ में जहाँदारशाह से संमानित वह डच ईस्ट इंडिया कंपनी के व्यवसाय का सूरत नगर में संचालक था। वह लाहौर जाने के मार्ग में देहली और आगरा गया था परंतु उसके आगरा में रहने का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। आगरा में डच कंपनी की एक फैक्टरी थी, जो सूरत के मातहत थी। यह मिशन १० दिसंबर, १७११ को लाहौर पहुँचा और जहाँदारशाह के साथ दिल्ली लौटा और पुनः वहाँ से १४ अक्टूबर, १७११ को चला और २० अक्टूबर को आगरा पहुँचा। आगरा से वह सूरत गया। १७१६ तक वह डच कंपनी का सूरत में संचालक रहा उसके बाद उसकी नियुक्ति परसिया में हुई और वह २० वर्षों तक डच कंपनी की सेवा करता रहा। वह ज्वर से पीड़ित होकर गेसबूथ इस्फान से लौटते हुए परसियन गल्फ में मरा। उसने हिंदुस्तानी का प्रथम व्याकरण और कोष लिखा जिसे डेविड मिल ने १७४३ में प्रकाशित किया।

—एल० एस० आव इंडिया—जान जोशुआ केटेलर, वाल्यूम ९, पैरा १, पेज ६।

२. डा० जे० पी० एच० वोगल, कर्न इंस्टिट्यूट, लाइडेन।

३. इस्सक वांदेर होइव।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस पुस्तक की प्राचीनता का उल्लेख दावीदे पील ने इस व्याकरण की भूमिका में किया है। वे कहते हैं कि पुस्तक डच भाषा में थी और उसका लैटिन भाषा में अनुवाद कर उसे १७४३ में मैंने हालैंड के प्रसिद्ध नगर लाइडेन से प्रकाशित किया। स्पष्ट है कि इस व्याकरण का निर्माण १६९८ के कुछ पूर्व हो चुका था और हम अनुमान से इसे १६७५ का व्याकरण मान सकते हैं।

केटेलर का व्याकरण एक छोटा सा ३२ पृष्ठ का व्याकरण है, आद्यंत रोमन लिपि में। हिंदुस्तानी शब्द भी रोमन लिपि में हैं। केटेलर की मातृभाषा जर्मन थी पर उसने डच भाषा में डच लोगों के लिये पुस्तक लिखी। पुस्तक के पहले पैराग्राफ में उसने नामराक्षर के संबंध में विचार किया है। उसका कहना है कि ब्राह्मणों में वर्णमाला अक्षर नागरी कहलाती है। केटेलर का तात्पर्य कदाचित संस्कृत और हिंदी से है। उनका कथन है कि हिंदुस्तानी भाषा दो प्रकार की है। १ — पडनाई २ — देखनी। पुस्तक में नागरी अक्षरों के प्रत्यक्षर इस प्रकार दिए गये हैं :—

अं	ang	ट	tha	प	pa
अः	gha	ठ	tcha	फ	pha
क	ka	ड	dha	ब	ba
ष (ख)	ka	ढ	dhgja	भ	bhan
ग	ka	ण	nrha	म	ma
घ	dgja	त	ta	य	Ja
ङ	nia	थ	tha	र	ra
च	tgja	द	dha	ल	la
छ	tscha	ध	dh	व	wa
ज	dhea	न	na	श	sgang
झ	dgja			ष	tscho
ञ	nia			स	ssa
				ह	ha

क्ष — k, cha ल — rang

Beetha — बेटा, Boedia — बुढ़िया Admi

शब्द—रूप

१—नामिनेटिव(कर्ता) बेटा —बेटे बुढ़िया — बुढ़िये आदमी—आदमियों

२—जेनिटिवस बेटाका—बेटोंका बुढ़ियाका—बुढ़ियोंका आदमीका,के-आदमियों का

(संबंध कारक)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३—डैटिवस वेटों का–वेटों को बुढ़िया कीं–बुढ़िया को आदमी कीं–आदमियों कीं
(संप्रदान कारक)
४—एक्यूजेटिवस ,, ,, ,, ,, ,, ,,
(कर्मकारक)
५—वोकेटिवस(संबोधन) ऐ वेटा–ऐ वेटा ए बुढ़िया–ए बुढ़ियेंए आदमी–एआदमियों
६—एब्लैटिवस, वेटा से–वेटे से बुढ़िया से–बुढ़िया से आदमी से–आदमियोंसे
(आपादान कारक)
वेटी वेटियाँ जोरा जोरुओं बाप बापे आँख आँखें
Bethi Butia Dejoroe Dijoroeon bash babe

क :— शब्द–रूप में कर्तृ कारक और अन्य कारकों के प्रातिपदिक में पार्थक्य नहीं है का, के, की का भेद नहीं बताया गया है। सर्वनाम शब्दों के रूप इस प्रकार हैं।

१—N – में – हम ; तू – तुम	वह – इन	सर्वनाम के
२—G – मेरे–अपरे ; तेरे–तेक्मारे	इसका – इनके	उत्तम और
३—D – मुकों हमको ; तेरेकों–तुमकों	इसकों–इनकों	मध्यपुरुष
४—A – मेरा–हमारे ; तेरा—तुम्हारे	वह – इनका	के कर्मकारक
५—V – ऐ मैं–ऐ हम; ऐ तू–ऐ तुम	ऐ वह–ऐ इन	के रूप "मुझ
६—A – मेंसे–हमसे; तूसे–तुम से	इससे – इनसे	'तुझे' कर्म
		वाच्यक्रियापद
		विवेचन में लाये
		गये हैं।

ख :—प्रश्नसूचक सर्वनाम व्यक्तिवाचक बताए गए हैं क्या, क्यों, कौन। सर्वनाम के प्रयोग कौन है—कौन है उधर, कौन दौड़ता, कौन बोलता, क्या खबर, क्या चाहता, क्यों नहीं, किस वास्ते, क्यों, किचा।

ग : - सर्वनाम षष्ठी विभक्ति से संबद्ध पद स्त्रीलिंग होने से षठी में जोई प्रत्यय आता है उसका उदाहरण।

मेर बात, तेरे बाप–मेरी माँ, तेरी माँ, हमारा भाई, तुम्हारी वहन।

घ :—नयर्थक अनुज्ञा में क्रियापद के साथ मत अव्यय का प्रयोग दिखाया है। मत जाओ, मत खाओ, दौड़े मत, कहो मत, रोये मत।

इस प्रकार सर्वनाम के बाद ई तद्धित के संयोग से विशेषण शब्द किस रीति से विशेष्य बन जाते हैं उसके उदाहरण दिये हैं।

खूब, खूबी–गुस्सह, गुस्सी–दिवाना–दिवानी; जोरवर, जोरावरी–चंगा, चंगाई–अल्लाह, अल्लाही। इसके बाद विशेषण पर्याय है। इससू और सबबू से हिंदुस्तानी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का काम चलता है। उदा०—इससू काल, गहरा, इससू गहरा, मोहर इससू मोटा, सबसू खूब, सबसू कड़वा।

दार, गार ची, वाला दाज प्रत्ययों के योग से कर्तृवाचक विशेष्य बनाने की रीति सोदाहरण बताई है।

कर्ज़ — कर्ज़दार, दाढ़ी — दाढ़ीदार, चौकी — चौकीदार।

तोप — तोपची, बन्दूक — बंदूकची,

लकड़ी — लकड़ीवाला, पत्थर — पत्थरवाला।

तीर — तीरंदाज, सोना — सुनार (दार प्रत्याक्त में लिखे गये हैं)

ईकारांत शब्दों के उत्तर स्त्रीलिंग में इन प्रत्यय होता है। धोबी—धोबिन, माली-मालिन, मोची — मोचिन।

आदरार्थ — जीव शब्द का व्यवहार किया गया है। बापजीव, बहनजीव, दोस्तजीव, दोस्तानीजीव। इसके बाद सू और से अनुसर्ग से कैसे तारतम्य प्रदर्शित होता है उसके दो उदाहरण देकर विशेषण पर्याय समाप्त किया गया है।

आदमी घोड़ा सू खूब है, हाथी बैल से बड़ा है।

चः — इसके बाद क्रियापद की आलोचना की गई है। हो धातु का रूप सबसे पहले है।

वर्तमान — में है : हम हू : तू है : तुम हू : वह है। इने हू।

भूत — में हुआ : हम हुए : तू हुए : वह हुआ : इने हुए

भविष्य — में हूँगा : हम हूँगे : तू हावोंगा : तुम होवोंगे :

करता : करते : करता था : करते थे : कर चुका : कर चुके।

छः — पाँच धातुओं के रूप भी प्रदर्शित किए गए हैं।

(१) ख — धातु — खाता, खाते, खाता था, खाते थे, खाया, खाये दो प्रकार के भविष्यकाल — खाऊँगा, खाउँगे खाविगा, खाविगे।

अनुज्ञा — तू, तुम खाओ।

(२) पी — धातु — पीता, पीते, पिये थे, पिये था, पिया, पिये पिये था, पिये थे, पिऊँगा, पिऊँगे।

(३) गाना — धातु — गावता, गाइया, में गावता था चुका गावोंगा, तू गाव, गाव ना।

(४) हँस धातु — हँसते, हँसता था, हँसा, हँसे, हँसोगा।

क्रियापदों के रूप, प्रयोग, दृष्टांत—

तद में खाय चुका; में नमाज कर चुका; में सच बोल चुका था; में लंड्गा; में समझताऊँगा; में जीऊँगा; में लिखता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर्मवाच्य की क्रिया में सर्वनाम मुझे और तुझे का प्रयोग

मुझे प्यार करते ; तुझे पकड़ता है ; एक को फुसलावते ; हमको दिलासा देते ; तुमको जलाया ; जर में कपड़र पहने हुआ ; जद में मूआ हुआ ; जद तू सड़ा हुआ ; जद व्याह करा हुआ ; जद हम पुकारे हुए। ईसाई धर्म के कुछ उपदेश और विनय देकर पुस्तक समाप्त की गई है। उपदेश की भाषा दर्शनीय है।

जुम्मा का दिन तुम याद और साफ राखे छे दिन तुम काम और तुम्हारे खेजमत करो, वारे कि सातमी दिन है खुदा साहब तुम्हारे अल्लाह का, तद तुम मत काम करो, तुम और तुम्हारे बेटा, और तुम्हारी बेटी, और तुम्हारी लौंडी, और तुम्हारे जानवर और तुम्हारे मुसाफर, वह हमारे तुम्हारे दरवाजे में है, वास्ते छे दिन में खुश आसमान ओ जमीं बनाया, दर्या और सबके अंदर है; और सुस्ताई सातमी दिन, इस वाहते साहब बाका रखो, और इन्हें साथ रखते। इसके बाद फारसी व्याकरण फारसी हरफों में है।

सन् १६७५ के पश्चात् हिंदुस्तानी भाषा का एक व्याकरण सन् १७४५ में शूल्ज नामक किसी यूरोपीय विद्वान् ने लिखा थी जिसका उल्लेख एशियाटिक सोसाइटी की प्रोसीडिंग्स में मिलता है।[२]

केटेलर के समान अन्य विदेशी विद्वानों ने अपने देशवासियों को हिंदुस्तानी भाषा का ज्ञान कराने तथा राजनीतिक क्षमता की वृद्धि के उद्देश्य से कई व्याकरण बनाए और मुद्रित किए। केटेलर के व्याकरण के उपरांत हिंदुस्तानी व्याकरण की जैसे झड़ी लग गई और पचासों व्याकरण के ग्रंथ छापे गए और उनमें कुछ व्याकरण बहुत ही प्रसिद्धि प्राप्त कर सके और उनके आठ आठ, दस दस संस्करण भी निकले जो व्याकरण की लोकप्रियता का परिचायक है। इन व्याकरणों में जार्ज हैडले[1], शेक्सपियर[2], विलियम येट्स[3] मोनियर विलियम्स, जेम्स बेलेनटाईन के व्याकरण

१. प्रोसीडिंग्स आव एशियाटिक सोसाइटी आव बेंगाल, १८६९।
२. जार्ज हैंडले ग्रैमेटिकल रिमार्क्स आन द प्रैक्टिकल एंड वल्गर डाइलेक्ट आव द हिंदुस्तानी लैंग्वेज १७७२, १७७४, १७८४, १८०७, १८०१, १८०४, १८०९।
३. जान शेक्सपियर—ए ग्रामर आव हिंदुस्तानी लैंग्वेज १८१३, १८१८, १८२६, १८४६, १८५८।
४. विलियम मारेस इंट्रोडक्शन आव द हिंदुस्तानी १८२८, १८४३, १८४७, १८५१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अनेक संस्करण उपलब्ध हुए हैं। ये सभी संस्करण लंदन से प्रकाशित हुए जिनमें अंतिम तीन संस्करण लखनऊ के मिरजा मुहम्मद फितरत द्वारा परिमार्जित और शुद्ध किए गए हैं।

विलियम शेक्सपियर और येट्स द्वारा लिखित व्याकरण के ६ संस्करण हुए हैं और सभी लंदन से। मोनियर विलियम्स और वैलनटाइन द्वारा रचित व्याकरण के दो संस्करण हुए हैं। इन्होंने ब्रजभाषा का भी एक व्याकरण लिखा है। जौन गिलक्राइस्ट साहब का सन् १७६० हिंदुस्तानी व्याकरण तथा रोएबेक का सन् १८१० का अंगरेजी और हिंदुस्तानी व्याकरण जो फोर्ट विलियम कालेज में शिक्षार्थियों को पढ़ाया जाता है और टेलर के अनुसार उस युग का सर्वोत्तम व्याकरण समझा जाता था। उनके अतिरिक्त लबेडफ[1] का व्याकरण, पादरी रोजम[2] साहब का हिंदी व्याकरण जो हिंदी में लिखा गया था तथा फोरब्स और डनकन[3] का हिंदुस्तानी भाषा का एक व्याकरण है जो लंदन में मुद्रित हुआ तथा जिसकी एक प्रति कलकत्ता के पुस्तकालय में जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी है और उल्लेखनीय है। एथरिंगटन साहब का व्याकरण अंगरेजी भाषा में लिखा गया किंतु वह अनुवादित होकर प्रकाशित हुआ तथा बहुत लोकप्रियता प्राप्त कर सका। केलाग के हिंदी व्याकरण के भी अनेक अनुवाद हुए हैं और ग्रंथ की लोकप्रियता आज भी है।

जब शिक्षा के प्रचार और विकास के कारण व्याकरण के निर्माण में प्रगतिशीलता आई, शिक्षाधिकारियों ने अच्छे व्याकरण की आवश्यकता का अनुभव किया और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये ऐडम साहब का हिंदी भाषा व्याकरण (प्रश्नोत्तरी के रूप में) स्कूलों में अध्ययन के लिये निर्वाचित किया गया। पर बाद में भारतीय विद्वानों का ध्यान इस ओर गया तथा अनेक अच्छे व्याकरण निर्मित हुए।

इस प्रयास का प्रथम श्रेय बिहार के पं० श्री लालजी को है जिन्होंने सन् १८५६ में 'भाषाचंद्रोदय' की रचना की। सन् १८५८ में रामजसन पंडित ने भाषा-तत्व-बोधिनी नामक व्याकरण की रचना की जो उत्तर प्रदेश के

१. मोनिएर विलियम्स—ए प्रैक्टिकल हिंदुस्तानी ग्रामर १८६८, १८७६।
२. जेम्स आर बैलेन्टाइन—ग्रामर आव द हिंदुस्तानी लैंग्वेज १८३८, १८३९, १८६८।
३. हिंदुस्तानी ग्रामर १७६०।
४. द इंगलिश ऐंड हिंदुस्तानी डिक्शनरी ऐंड ग्रामर प्रेफिक्स्ड, १८१०।
५. एथेरिंगटन भाषाभास्कर।
६. फार्बेस ऐंड डंकन—ए ग्रामर आव हिंदुस्तानी लैंग्वेज।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्कूलों में काफी चली।[1] श्री नवीनचंद्र राय ने अपने 'नवीनचंद्रोदय' में एक 'उर्दू मार्तंड' नाम के व्याकरण का उल्लेख किया है। इन्हीं के अथक उद्योग से पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफिशिएन्सी और हाई प्रोफिशिएन्सी नाम की परीक्षाएँ हिंदी में नियत हुईं। उन्हीं परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के लिये सन् १८६८ में 'नवीनचंद्रोदय' का जन्म हुआ।"[2] इसकी विशेषता यह थी कि इस व्याकरण में, जिसमें तत्सम शब्द के लिये नियम भी दिए गए हैं। एथरिंगटन साहब ने भी पं० विष्णुदत्त जी की सहायता से भाषाभास्कर प्रकाशित किया। इसके अतिरिक्त उन्नाव उच्च शिक्षा विद्यालय के हेडमास्टर ने शब्दप्रमाणिका नामक व्याकरण ग्रंथ लिखा, जो नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से मुद्रित हुआ।

राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिंद' के हिंदी-व्याकरण-निर्माण के उपरांत दो परंपराएँ मिलती हैं। एक में हिंदी और उर्दू को एक माना गया है और कुछ ऐसे हैं जिन्होंने हिंदी को पूर्ण स्वतंत्र भाषा मानकर व्याकरण रचे। बिहार-बन्धु प्रेस, बाँकीपुर से सन् १८७७ में अयोध्याप्रसाद खत्री ने एक व्याकरण प्रकाशित कराया जो दोनों भाषाओं का मिला जुला व्याकरण था। इसके पाँच खंड हैं—वर्णविचार, शब्दविचार, वाक्यविचार, चिह्नविचार और छंदविचार। सन् १८८५ में बाबू रामचरण सिंह ने खड्गविलास प्रेस से भाषाप्रभाकर नामक व्याकरण प्रकाशित किया था। यह ग्रंथ विशुद्ध हिंदी का व्याकरण है। लेखक ने ग्रंथ की पादटिप्पणी में लिखा है 'इस हिंदी भाषा से लोग यह न समझें कि मुसलमानों की नष्ट की हुई भाषा, जिसे उर्दू कहते हैं, वही यहाँ पाई गई है। नहीं, कदापि नहीं। उस भाषा का मूल संस्कृत से कोई प्रधान संबंध नहीं रखता। परंतु और भाषाओं से अनेक प्रकार का शब्दसंग्रह करके भी वह उस फारसी और अरबी के बल से स्थिर है, जो नितांत विदेशी भाषा है। इसलिये उस त्याज्य भाषा का नियम कहना 'भाषाप्रभाकर' का उद्देश्य नहीं है।......[3]

भारतेंदुकाल में हिंदी और उर्दू के व्याकरण अलग अलग निर्मित हुए। सरस्वती के संपादन से एक नए युग का समारंभ होता है। इस युग के वैयाकरणों

१. यह 'व्याकरण' श्रीमान अति दयावान नारद पाठशालाध्यक्ष हेरप साहब की आज्ञा से रामदीन पंडित ने बनाया और जो बनारस नारमल कालेज में छापी गई (१८२६ में)।

२. हिंदी शब्दानुशासन, पृ० १।

३. काव्यानुशासन, पृ० ७.।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी को भूलना नहीं चाहिए, यद्यपि उन्होंने कोई व्याकरण नहीं लिखा था। भारतेंदुयुग की भाषा तद्भवप्रधान थी और उसका लक्ष्य उच्चारणसंमत था। द्विवेदी जी वस्तुतः उच्चारणसंमत के पक्षपाती न थे बल्कि वे व्याकरणसंमत भाषा के आकांक्षी थे। इसी उद्देश्य की पुष्टि के लिये उन्होंने 'भाषा और व्याकरण' शीर्षक एक निबंध लिखा और पं० बालमुकुंद गुप्त ने उनकी प्रेरणा से कई लेख 'भारत मित्र' में लिखे। परिणाम यह हुआ कि भाषा को व्याकरणसंमत बनाने का श्रीगणेश हुआ। इस काल के व्याकरण रचयिताओं में महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी, शीतलप्रसाद त्रिपाठी,[1] दामोदर सप्रे, केशवराम भट्ट जी के व्याकरण भी काफी प्रसिद्ध हुए।

भारतेंदुयुग और द्विवेदीयुग में व्याकरण की एक नव्य पीठिका तैयार हो चुकी थी। इस काम में ना० प्र० सभा, काशी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभा ने बाबू गंगाप्रसाद और बा० रामकर्ण शर्मा से व्याकरण लिखवाए किंतु उनके ग्रंथ चल नहीं सके। फलतः आचार्य द्विवेदी और माधवराव सप्रे के अनुरोध से पं० कामताप्रसाद गुरु से व्याकरण लिखवाया गया, जो अब तक एकदम प्रामाणिक और उत्तम व्याकरण पाया जा रहा है। इस व्याकरण का प्रकाशन होने के पूर्व एक व्याकरण 'हिंदी कौमुदी' अंबिकादत्त व्यास ने भी प्रकाशित किया था परंतु वह भी चल नहीं सका और आज तक गुरु जी का व्याकरण अपने आपमें एक है।

ना० प्र० सभा द्वारा व्याकरण लिखवा देने के बाद भी पचासों व्याकरण आज हिंदी में मौजूद हैं। किशोरीदास वाजपेयी ने तीन व्याकरण लिखे हैं[1]। प्रो० नलिन,[2] प्रो० वासुदेव,[3] अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी[4] आदि के सैकड़ों व्याकरण ग्रंथ बन चुके हैं और बनते जा रहे हैं।

❀

१ स्वतंत्र हिंदी व्याकरण।
२ दि एलिमेंटरी ग्रामर आव हिंदी एंड उर्दू, १६०६
३. ब्रजभाषा का व्याकरण, राष्ट्रभाषा का व्याकरण, हिंदी शब्दानुशासन।
४. हिंदी रचनाकोष।
५. आधुनिक हिंदी व्याकरण।
६. अभिनव हिंदी व्याकरण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पौराणिकी

[इस स्तंभ के अंतर्गत ऐतिहासिक महत्व की अप्रकाशित मूल सामग्री का प्रकाशन किया जाएगा। इस अंक में आचार्य पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी के कुछ पत्र सभा संग्रह से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ऐसी सामग्री इस स्तंभ के लिये आमंत्रित हैं।]

[१]

१६५८ श्री प्रयाग

२०-४-०६

प्रिय मित्र

जिस गद्य और पद्य प्रणाली का आप बलात्कार हिंदी में प्रचार करने पर आरूढ़ हुए हैं उसका मैं अपने तईं बहुत विरोधी पाता हूँ। मैं आपके इस मत को बिलकुल पसंद नहीं करता, हिंदी की उन्नति इससे कदापि संभव नहीं है। अफसोस है कि मुझे आपके खिलाफ लिखना पड़ेगा, परंतु मैं आशा करता हूँ कि आप बुरा न मानेंगे। मेरे लेख व्यक्तिगत आक्षेपों से रहित होंगे और भा० मि० अथवा किसी दूसरे पत्र में छापे जायंगे, क्योंकि आप लिखी चुके हैं कि आपके मत के विरुद्ध लेख सरस्वती में न छप सकेंगे। अभी तो मैं बीमार हूँ; अच्छा होने पर शीघ्र ही इस विषय को हाथ में लूँगा—

कृपापात्र

श्रीधर पाठक

कार्ड का पता

Pandit Mahavir Prasad Diwedi

Editor "Saraswati"

J U H I, cawnpore

यह पत्र गिरिधर पाठक, ४ प० खुसरोबाग, प्रयाग से प्रकाशित सूक्ति कार्ड पर लिखा गया है, जिसके एक ओर पता लिखने का स्थान छोड़कर कुछ पुस्तकों के विज्ञापन और कुछ सूक्तियाँ मुद्रित हैं। पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा अंकित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्ड पर मुद्रित विज्ञापन की पुस्तकें—

सरस कविता

एकान्तवासी योगी	=)
ऊजड़ ग्राम	॥)
श्रांत पथिक	।=)
मनोविनोद (१म खंड)	॥)
मनोविनोद (२य खंड)	।)
काश्मीर सुखमा	=)
सूक्तिकार्ड (विविध उपदेशमय) १००	।=)

कार्ड पर मुद्रित सूक्तियाँ

"जो तनमन से करता है श्रम, उचित रीति से चलता है। सारी वसुधा का क्रम क्रम से सर्वस उसको मिलता है।

"योग्यता उपेक्षित रहती है, विज्ञता अनादृत होती है। आपस का नेह नस जाने से शिष्टता भ्रष्टाद होती है।"

"बुद्धि को अपने काम में लाओ हे मनुष्य हे बुद्धि-निधान।

गिरधर पाठक,
४ प० खुसरो बाग, प्रयाग।

[२]

आजमगढ़
२७-३-०६

सज्जनवर!

दुःख है कि आपका कृपापत्र मिलने पर भी मैं आज तक कविता को समाप्त करके सेवा में न भेज सका। आज कल यहाँ ऐसी हलचल है कि किसी काम में जी नहीं लगता—और इसी से विलंब हो रहा है। तथापि अब जहाँ तक शीघ्र हो सकेगा मैं उसको समाप्त करूँगा—आप विलंब को क्षमा करें।

भवदीय
अ० सिं०

कार्ड का पता

श्रीयुत बाबू काशीप्रसाद
करकमल
गऊघाट
मिर्जापुर
Mirzapur

गऊघाट, मिर्जापुर काटकर Juhi P.O. Cawnpore
पता लाल स्याही से लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[३]

१६६०

आजमगढ़
६-५-०६

मान्यवर !

प्रणाम;

कृपा कार्ड आया, इस कार्य के अंतिम पैरे का यह वाक्य पढ़कर कि 'आज्ञा हो तो हम नोटिस दे दें कि आज से हमारे पत्र में कोई कुछ न लिखे,' मैं दुखी हुआ। इसलिये दुखी नहीं हुआ कि आपने मुझपर कटाक्ष किया है—वरन इसीलिये दुखी हुआ कि इच्छा न होने पर भी मुझसे कोई ऐसा वाक्य लिख गया है कि जिस कारण आपको ऐसा लिखना पड़ा। यदि भ्रम और प्रमादवश भी मुझसे कोई ऐसा वाक्य लिख गया है, तो उसके लिये मैं लज्जित हूँ और आपसे क्षमाप्रार्थना करता हूँ।

अ० सिं०

कार्ड का पता
श्रीयुत् पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी
करकमल
स्थान जूही
कानपूर

कविवर अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का द्विवेदी जी के नाम है। द्विवेदी जी के हाथ से इस पर संख्या अंकित है।

[४]

Controversy १६६४

मिर्जापुर
१०-३-०६

प्रिय पं० जी,

होली का संमिलन और प्रणाम। 'प्रेमघन' चौधरी का उपनाम है उनकी एक कविता 'राघवेंद्र' में छपी है। नहीं मालूम कौन वह राघवेंद्र हमारे पास आया नहीं लेकिन जहाँ तक चौधरी की जबानी मालूम हुआ वह उनकी किसी कविता की नकल है जिसे उन्होंने इधर छापी है।

आपका
का० प्र०

कार्ड का पता
Pt. Mahavir Prasad Dwivedi
Dowlatpur
P. O. Bhojpur
Rai Bareili

पत्रसंख्या और ऊपर अंग्रेजी में 'कंट्रोवर्सी' शब्द द्विवेदी जी ने लिखा है। पत्र उनके बदले हुए पते पर पुनःप्रेषित किया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[५] नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस

१७१७ ता० १८ दिसम्बर १८९७ ई०

माननीय महोदय,

आपका कृपापत्र झाँसी के हस्ताक्षर सहित मिला, अनुगृहीत किया— मैं अनेक सांसारिक उलझावों के कारण उत्तर न दे सका क्षमा कीजिएगा।

आप ऐसे भाषा के कवि और विज्ञ महोदय के सभा में न सभासद रहने से सभा में बड़ा अभाव है, क्या मैं आपसे यह कह सकता हूँ कि यदि कोई कारणविशेष न हो तो आप सभ्यों की नामावली को अपने नाम से सुशोभित करैं, केवल आप ही सरीखे गिने सज्जनों ही से तो कुछ इस कार्य में सहायता की आशा है नहीं तो शेष लोगों की दशा आपसे छिपी नहीं है।

यदि अवकाश हो तो पत्रिका के लिये कोई गद्य या पद्य लेख भेजिए। मेरे योग्य कार्यों और कुशलसमाचार से सदा स्मरण करते रहियेगा।

भवदीय

श्री राधाकृष्ण दास

१८२१

पत्र द्विवेदी जी को संबोधित है और नागरीप्रचारिणी सभा के शीर्ष-मुद्रित कागज पर लिखा गया है। पत्र-संख्या द्विवेदी जी के हाथ की है।

[६)

१७२०

श्री वेंकटेश्वर प्रसन्न

श्री वेंकटेश्वर प्रेस—मुंबई

प्रे- नं० ६३३९ ता० ११-९ स. १८९८

श्रीयुत पं० महावीरप्रसाद जी द्विवेदी

सुपारी बाजार, झाँसी

मान्य महाशय,

आपका कृपापत्र ता० ९।९।९८ का मिला पूर्णाशय जान प्रसन्नता भई उत्तर में सादर निवेदन है कि—

पेपर के विषय जो ६॥≡ का तकाजा आपसे किया गया सो वास्तव में भूल से किया गया है क्षमा करना—अब आपसे दाम न माँगा जायगा—यदि ताजी चुट पुटी खबरें भेजते रहिए तो कृपा होगी।

आपका कृपाभिलाषी—खेमराज श्री कृष्ण दास,

श्री वेंकटेश्वर प्रेसाध्यक्ष

खेतवाडी—मुंबई

(पत्र की दूसरी पीठ पर)

बा० रामदास को तो आप अच्छी प्रकार जाने रहो है यहाँ भी अपनी कीर्ति फैलाने में कसर नही रक्खी—यहाँ योग्य काम काज सदैव लिखावें और कृपादृष्टि रक्खें।

भवदीय शुभचिन्तक

(ह०) खेमराज श्रीकृष्णदास

अध्यक्ष, श्री वेंकटेश्वर प्रेस मुम्बई

इस पत्र में रेखांकित अंश लाल रंग में मुद्रित है। कागज के दोनों ओर लाल रंग का बार्डर भी मुद्रित है। शीर्ष की पत्र संख्या द्विवेदी जी द्वारा की गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[७]

१७२१ 'Bharat Kirt office,
P. O. Girgaon
Bombay the 17th Octo. 1898

श्रीमान् पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी, झाँसी

मान्यवर!

आपको यह समाचार सुनकर वास्तव में आश्चर्य हुआ होगा कि मैंने अनुमान एक मास हुआ श्री वेंकटेश्वर समाचार के संपादक का पद त्याग कर दिया है। अब मैंने 'भारतकीर्ति' नामक एक स्वतंत्र मासिक पत्रिका का यहाँ से प्रकाशन करने का दृढ़ विचार ठान लिया है। आप इस विषय को स्वयं भी स्वीकार करेंगे कि साप्ताहिक पत्र की अपेक्षा हिंदी में एक उत्तम मासिक पत्रिका की कितनी आवश्यकता है।

मैंने श्री वेंकटेश्वर प्रेस क्यों छोड़ा, बस इसे कुछ न पूछिए। उसे कहने में मेरी कृतघ्नता प्रमाणित होगी। किसी अवसर पर यह प्रगट कर दूँगा। बंबई नगर में बैठकर मुझ सरीखे असहाय पुरुष के लिये मासिक पत्र भी प्रकाशित करना कितना गुरुतर विषय है जिसे आप भलीभाँति समझ सकेंगे पर मैंने यह साहस केवल आप ही सरीखे कृपालु मित्रों की सहायता की आशा पर किया है। बस अब इसका निर्वाह आप ही के हाथ है।

क्या आप अनुग्रहपूर्वक हमारी मासिक पत्रिका के आनरेरी सहकारी संपादक का पद स्वीकार कर हमें बाधित करेंगे? कृपाकर लिखियेगा।

यहाँ के योग्य कार्य से आपका सच्चा मित्र जान बाधित करते रहिएगा।

यह पत्र शीर्ष मुद्रित कागज पर लिखा गया है। पत्र संख्या द्विवेदी के हाथ की है।

आपका मित्र
रामदास वर्मा

श्री वेंकटेश्वर प्रेस के संबंध में मुझसे जो कुछ अपराध बन पड़ा हो वह क्षमा के योग्य है क्योंकि मैं परतंत्र था।

[८]

१७२२

१७२२ 'भारतकीर्ति' कार्यालय, पोष्ट गिरगाँव,

बंबई, ता २३-१०-१८९८

श्रीयुत पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी, झाँसी

महाशय!

कार्ड आपका मिला समाचार जाना—आपने लिखा कि 'हम आपकी पत्रिका के आनरेरी सहकारी संपादक होने के सर्वथा अयोग्य हैं'—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रिय मित्र। मैं समझ नहीं सका कि इसका तात्पर्य क्या है? इतना मैं आपके इस कथन से अवश्य समझा हूँ कि आप मुझसे अप्रसन्न हैं—भाई अब तो अपराध क्षमा करो मैं आपका पुराना मित्र हूँ और आपको यह विश्वास दिला कर कहता हूँ कि यह श्री वेंकटेश्वर प्रेस की नीति थी जिसने आप सरीखे परम योग्य मित्रों को मुझसे अप्रसन्न कर दिया। केवल आपके नाम मात्र से हमारी पत्रिका की प्रतिष्ठा होगी और मुझे अभी अभी आपके सारगर्भित लेखों द्वारा सहायता मिलते रहने के अतिरिक्त भाषा तथा देश का बहुत कुछ हित होगा अतएव मेरी प्रार्थना स्वीकार करने योग्य है।

आपने यथासंभव हमारा काजकाम करने को लिखा, इस हेतु हम आपके कृतज्ञ हैं और आपको अनेक धन्यवाद देते हैं।

अँगरेजी के नोट पेपर तथा लिफाफों पर आपने Bharat Kirt के स्थान में Bharat Kirti कर देने की अनुमति दी इस हेतु आपको धन्यवाद है। वास्तव में भूल रह गई है सो सुधार दी जावगा—

यहाँ के योग्य कार्य लिखते रहिवेगा।

आपका मित्र
रामदास वर्मा

पत्रशीर्ष मुद्रित कागज पर लिखा गया है। लेखक ने एक स्थान पर भूल से 'कभी कभी' के बदले 'अभी अभी' लिख दिया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा अंकित है।

[६]

१७३६ खंडवा
२१-३-६६

प्रियप्राया वृत्तिर्विनय मधुरो वाचि नियमः
प्रकृत्या कल्याणी मतिरनवगीतः परिचयः।
पुरो वा पश्चाद्वा तदिदम विपर्य्यासित रसं
रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते।
—भवभूति।

प्रियवर

यों तो जब से आपकी कविता हमारे दृष्टिपथ में आती है तभी से आपकी सेवा में एक निवेदन करने की लालसा उत्पन्न हुई है पर इधर जब से पत्र द्वारा आपके साथ कुछ स्नेह हो गया है तब से हमारी उक्त लालसा विशेष दृढ़ हो गयी है। कई दिनों से विचार करते-२ आज वह निवेदन करने का साहस करते हैं और भरोसा करते हैं कि आप हमारी चिरोल्लिखित लालसा को पूर्ण करने के हेतु यत्नवान हो यतराशि बटोरेंगे।

आप चाहें मानें चाहे न मानें पर हमें सुदृढ़ विश्वास है कि कविता के यथार्थ तत्व को आज दिन उत्तमता के साथ समझनेवाले हिंदी भाष

पत्र सादे कागज पर लिखा गया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी के हाथ की है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के प्रेमियों में आप जैसे सहृदय बहुत ही थोड़े हैं और जो हैं वे भी समय दूषित हैं। ऐसी अवस्था में यदि आप चाहें तो हिंदी पर एक विराट् उपकार कर सकते हैं अर्थात् उसके करने की शक्ति आपमें विद्यमान है। अब रहा उसका करना, सो आपके अधीन है। करें अथवा न करें।

अंग्रेजी, संस्कृत मराठी और भाषा के काव्य तथा काव्यनियम प्रधान ग्रंथों के पठन द्वारा आपने जो काव्यामृत पान-पटुता प्राप्त की है उसका साफल्य हम तभी समझेंगे कि जब आप डाक्टर जॉनसन् के कविचरित्र की नांई हिंदी भाषा के कवियों की जीवनी तथा उनके ग्रंथों की यथार्थ समालोचना स्वरूप एक उपयुक्तग्रंथ लिपिबद्ध कर हिंदी भाषा को भेंट करेंगे। यह कार्य वास्तव में बड़ा प्रचंड कार्य्य भाग है। पर यदि आप हमारी प्रार्थना पर विचार कर उसे स्वीकृत करेंगे तो आज दिन हिंदी भाषा की कविता में जो अव्यवस्था देख पड़ती है वह दूर हो जायगी और यथार्थ कवि तथा उनके गुणविशिष्ट ग्रंथों का परिचय सर्वसाधारण को अल्प प्रयास में ही हो जायगा।

'रसिकवाटिका' के द्वितीय भाग की ११वीं क्यारी के १६वें पृष्ठ में 'रसविवेचन' शीर्षक लेख तथा 'केरल कोकिला' में 'तृ, दृ' के संयुक्ताक्षर माने तथा न माने जाने के प्रश्नोत्तर पढ़ परम प्रसन्नता हुई। अनुभव से बोध होता है कि संस्कृत के कवियों ने ऋ को स्वर ही माना है अतः तदाश्रित व्यंजन के पूर्वस्थ वर्ण को प्रायः गुरुता प्राप्त नहीं होने दी है। पर मराठी तथा हिंदी के कवियों ने इस मत का अनुधावन नहीं किया है एतवता भाषा छंदोग्रंथ के प्रणेतृगणों ने यह नियम बाँध दिया है कि जहाँ वर्ण पर आघात हो वहीं गुरुता मानी जाय अन्यथा न मानी जाय, यथा—

'शरद जुन्हैया मोदप्रद करत कन्हैया रास' उक्त पद्य में यदि 'जु' और 'क' गुरु मानें जाँय तो छंदशास्त्र की अवज्ञा कर उक्त अर्धाली में मात्रा की संख्या बढ़ी हुई पाई जाती है पर 'जु' और 'क' पर आघात नहीं होता अतः छंदोनियमानुसार उन्हें अगुरु मान उक्त अर्धाली शुद्ध मानी जाती है। सारांश संयुक्त वर्ण के भी पूर्ववर्ण का गुरु अथवा लघु होना उसके आघात पर निर्भर माना गया है।

समालोचनादर्श के देखने का अवकाश मिला हो तो उसकी सूचना दीजियेगा। पत्रोत्तर तो आप देवें होंगे। आज एक लंबा चौड़ा पत्र आपको लिख परिश्रम दिया है तदर्थ आपसे क्षमा प्रार्थी होते है।

भवदीय

गंगाप्रसाद अग्निहोत्री

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अनेक संस्करण उपलब्ध हुए हैं। ये सभी संस्करण लंदन से प्रकाशित हुए जिनमें अंतिम तीन संस्करण लखनऊ के मिरजा मुहम्मद फितरत द्वारा परिमार्जित और शुद्ध किए गए हैं।

विलियम शेक्सपियर और येट्स द्वारा लिखित व्याकरण के ६ संस्करण हुए हैं और सभी लंदन से। मोनियर विलियम्स और वैलनटाइन द्वारा रचित व्याकरण के दो संस्करण हुए हैं। इन्होंने व्रजभाषा का भी एक व्याकरण लिखा है। जौन गिलक्राइस्ट साहब का सन् १८६० हिंदुस्तानी व्याकरण तथा रोए-वेक का सन् १८१० का अंगरेजी और हिंदुस्तानी व्याकरण जो फोर्ट विलियम कालेज में शिक्षार्थियों को पढ़ाया जाता है और टेलर के अनुसार उस युग का सर्वोत्तम व्याकरण समझा जाता था। उनके अतिरिक्त लवेडफ[1] का व्याकरण, पादरी रोजम[2] साहब का हिंदी व्याकरण जो हिंदी में लिखा गया था तथा फोरवस और डनकन[3] का हिंदुस्तानी भाषा का एक व्याकरण है जो लंदन में मुद्रित हुआ तथा जिसकी एक प्रति कलकत्ता के पुस्तकालय में जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ी है और उल्लेखनीय है। एथरिंगटन साहब का व्याकरण अंगरेजी भाषा में लिखा गया किंतु वह अनुवादित होकर प्रकाशित हुआ तथा बहुत लोकप्रियता प्राप्त कर सका। केलाग के हिंदी व्याकरण के भी अनेक अनुवाद हुए हैं और ग्रंथ की लोकप्रियता आज भी है।

जब शिक्षा के प्रचार और विकास के कारण व्याकरण के निर्माण में प्रगतिशीलता आई, शिक्षाधिकारियों ने अच्छे व्याकरण की आवश्यकता का अनुभव किया और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये ऐडम साहब का हिंदी भाषा व्याकरण (प्रश्नोत्तरी के रूप में) स्कूलों में अध्ययन के लिये निर्वाचित किया गया। पर बाद में भारतीय विद्वानों का ध्यान इस ओर गया तथा अनेक अच्छे व्याकरण निर्मित हुए।

इस प्रयास का प्रथम श्रेय बिहार के पं० श्री लालजी को है जिन्होंने सन् १८५६ में 'भाषाचंद्रोदय' की रचना की। सन् १८५८ में रामजसन पंडित ने भाषा-तत्व-बोधिनी नामक व्याकरण की रचना की जो उत्तर प्रदेश के

१. मोनिएर विलियम्स—ए प्रैक्टिकल हिंदुस्तानी ग्रामर १८२८, १८७६।
२. जेम्स आर बैलेन्टाइन—ग्रामर आव द हिंदुस्तानी लैंग्वेज १८३८, १८३९, १८६८।
३. हिंदुस्तानी ग्रामर १७९०।
४. द इंग्लिश ऐंड हिंदुस्तानी डिक्शनरी ऐंड ग्रामर प्रेफिक्सड, १८१०।
५. एथेरिंगटन भाषाभास्कर।
६. फार्बेस ऐंड डंकन—ए ग्रामर आव हिंदुस्तानी लैंग्वेज।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्कूलों में काफी चली।[1] श्री नवीनचंद्र राय ने अपने 'नवीनचंद्रोदय' में एक 'उर्दू मार्तंड' नाम के व्याकरण का उल्लेख किया है। इन्हीं के अथक उद्योग से पंजाब विश्वविद्यालय में प्रोफिशिएन्सी और हाई प्रोफिशिएन्सी नाम की परीक्षाएँ हिंदी में नियत हुईं। उन्हीं परीक्षाओं के पाठ्यक्रम के लिये सन् १८६८ में 'नवीनचंद्रोदय' का जन्म हुआ।"[2] इसकी विशेषता यह थी कि इस व्याकरण में, जिसमें तत्सम शब्द के लिये नियम भी दिए गए हैं। एथरिंगटन साहब ने भी पं० विष्णुदत्त जी की सहायता से भाषाभास्कर प्रकाशित किया। इसके अतिरिक्त उन्नाव उच्च शिक्षा विद्यालय के हेडमास्टर ने शब्दप्रमाणिका नामक व्याकरण ग्रंथ लिखा, जो नवलकिशोर प्रेस, लखनऊ से मुद्रित हुआ।

राजा शिवप्रसाद 'सितारेहिंद' के हिंदी-व्याकरण-निर्माण के उपरांत दो परंपराएँ मिलती हैं। एक में हिंदी और उर्दू को एक माना गया है और कुछ ऐसे हैं जिन्होंने हिंदी को पूर्ण स्वतंत्र भाषा मानकर व्याकरण रचे। बिहार-बन्धु प्रेस, बाँकीपुर से सन् १८७७ में अयोध्याप्रसाद खत्री ने एक व्याकरण प्रकाशित कराया जो दोनों भाषाओं का मिला जुला व्याकरण था। इसके पाँच खंड हैं—वर्णविचार, शब्दविचार, वाक्यविचार, चिह्नविचार और छंदविचार। सन् १८८५ में बाबू रामचरण सिंह ने खड्गविलास प्रेस से भाषाप्रभाकर नामक व्याकरण प्रकाशित किया था। यह ग्रंथ विशुद्ध हिंदी का व्याकरण है। लेखक ने ग्रंथ की पादटिप्पणी में लिखा है 'इस हिंदी भाषा से लोग यह न समझें कि मुसलमानों की नष्ट की हुई भाषा, जिसे उर्दू कहते हैं, वही यहाँ पाई गई है। नहीं, कदापि नहीं। उस भाषा का मूल संस्कृत से कोई प्रधान संबंध नहीं रखता। परंतु और भाषाओं से अनेक प्रकार का शब्दसंग्रह करके भी वह उस फारसी और अरबी के बल से स्थिर है, जो नितांत विदेशी भाषा है। इसलिये उस त्याज्य भाषा का नियम कहना 'भाषाप्रभाकर' का उद्देश्य नहीं है।......[3]

भारतेंदुकाल में हिंदी और उर्दू के व्याकरण अलग अलग निर्मित हुए। सरस्वती के संपादन से एक नए युग का समारंभ होता है। इस युग के वैयाकरणों

१. यह 'व्याकरण' श्रीमान अति दयावान नारद पाठशालाध्यक्ष डेशप साहब की आज्ञा से रामदीन पंडित ने बनाया और जो बनारस नारमल कालेज में छापी गई (१८५६ में)।

२. हिंदी शब्दानुशासन, पृ० ३।

३. काव्यानुशासन, पृ० ७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी को भूलना नहीं चाहिए, यद्यपि उन्होंने कोई व्याकरण नहीं लिखा था। भारतेंदुयुग की भाषा तद्भवप्रधान थी और उसका लक्ष्य उच्चारणसंमत था। द्विवेदी जी वस्तुतः उच्चारणसंमत के पक्षपाती न थे बल्कि वे व्याकरणसंमत भाषा के आकांक्षी थे। इसी उद्देश्य की पुष्टि के लिये उन्होंने 'भाषा और व्याकरण' शीर्षक एक निबंध लिखा और पं० बालमुकुंद गुप्त ने उनकी प्रेरणा से कई लेख 'भारत मित्र' में लिखे। परिणाम यह हुआ कि भाषा को व्याकरणसंमत बनाने का श्रीगणेश हुआ। इस काल के व्याकरण रचयिताओं में महामहोपाध्याय पं० सुधाकर द्विवेदी, शीतलप्रसाद त्रिपाठी,[1] दामोदर सप्रे, केशवराम भट्ट जी के व्याकरण भी काफी प्रसिद्ध हुए।

भारतेंदुयुग और द्विवेदीयुग में व्याकरण की एक नव्य पीठिका तैयार हो चुकी थी। इस काम में ना० प्र० सभा, काशी का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। सभा ने बाबू गंगाप्रसाद और बा० रामकर्ण शर्मा से व्याकरण लिखवाए किंतु उनके ग्रंथ चल नहीं सके। फलतः आचार्य द्विवेदी और माधवराव सप्रे के अनुरोध से पं० कामताप्रसाद गुरु से व्याकरण लिखवाया गया, जो अब तक एकदम प्रामाणिक और उत्तम व्याकरण पाया जा रहा है। इस व्याकरण का प्रकाशन होने के पूर्व एक व्याकरण 'हिंदी कौमुदी' अंबिकादत्त व्यास ने भी प्रकाशित किया था परंतु वह भी चल नहीं सका और आज तक गुरु जी का व्याकरण अपने आपमें एक है।

ना० प्र० सभा द्वारा व्याकरण लिखवा देने के बाद भी पचासों व्याकरण आज हिंदी में मौजूद हैं। किशोरीदास वाजपेयी ने तीन व्याकरण लिखे हैं[1]। प्रो० नलिन,[2] प्रो० वासुदेव,[3] अम्बिकाप्रसाद वाजपेयी[4] आदि के सैकड़ों व्याकरण ग्रंथ बन चुके हैं और बनते जा रहे हैं।

❀

१ स्वतंत्र हिंदी व्याकरण।
२ दि एलिमेंटरी ग्रामर आव हिंदी ऐंड उर्दू, १६०६
३. ब्रजभाषा का व्याकरण, राष्ट्रभाषा का व्याकरण, हिंदी शब्दानुशासन।
४. हिंदी रचनाकोष।
५. आधुनिक हिंदी व्याकरण।
६. अभिनव हिंदी व्याकरण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पौराणिकी

[इस स्तंभ के अंतर्गत ऐतिहासिक महत्व की अप्रकाशित मूल सामग्री का प्रकाशन किया जाएगा। इस अंक में आचार्य पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी के कुछ पत्र सभा संग्रह से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ऐसी सामग्री इस स्तंभ के लिये आमंत्रित हैं।]

[१]

१६५८

श्री प्रयाग
२०-४-०६

प्रिय मित्र

जिस गद्य और पद्य प्रणाली का आप बलात्कार हिंदी में प्रचार करने पर आरूढ़ हुए हैं उसका मैं अपने तईं बहुत विरोधी पाता हूँ। मैं आपके इस मत को बिलकुल पसंद नहीं करता, हिंदी की उन्नति इससे कदापि संभव नहीं है। अफसोस है कि मुझे आपके खिलाफ लिखना पड़ेगा, परंतु मैं आशा करता हूँ कि आप बुरा न मानेंगे। मेरे लेख व्यक्तिगत आक्षेपों से रहित होंगे और भा० मि० अथवा किसी दूसरे पत्र में छापे जायंगे, क्योंकि आप लिखी चुके हैं कि आपके मत के विरुद्ध लेख सरस्वती में न छप सकेंगे। अभी तो मैं बीमार हूँ; अच्छा होने पर शीघ्र ही इस विषय को हाथ में लूँगा—

कृपापात्र
श्रीधर पाठक

फार्ड का पता

Pandit Mahavir Prasad Diwedi
Editor "Saraswati"
J U H I, cawnpore

यह पत्र गिरिधर पाठक, ४ प० खुसरोबाग, प्रयाग से प्रकाशित सूक्ति कार्ड पर लिखा गया है, जिसके एक ओर पता लिखने का स्थान छोड़कर कुछ पुस्तकों के विज्ञापन और कुछ सूक्तियाँ मुद्रित हैं। पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा अंकित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

कार्ड पर मुद्रित विज्ञापन की पुस्तकें—

सरस कविता	
एकान्तवासी योगी	=)
ऊजड़ ग्राम	।।)
श्रांत पथिक	।=)
मनोविनोद (१म खंड)	।।)
मनोविनोद (२य खंड)	।)
काश्मीर सुखमा	=)
सूक्तिकार्ड (विविध उपदेशमय) १००	।=)

कार्ड पर मुद्रित सूक्तियाँ

"जो तनमन से करता है श्रम, उचित रीति से चलता है।

सारी वसुधा का क्रम क्रम से सर्वस उसको मिलता है।

"योग्यता उपेक्षित रहती है, विज्ञता अनादृत होती है।

आपस का नेह नस जाने से शिष्टता भ्रष्टद होती है।"

"बुद्धि को अपने काम में लाओ हे मनुष्य हे बुद्धि-निधान।

गिरधर पाठक,
४ प० खुसरो बाग, प्रयाग।

[२]

आजमगढ़
२७-३-०६

सज्जनवर !

दुःख है कि आपका कृपापत्र मिलने पर भी मैं आज तक कविता को समाप्त करके सेवा में न भेज सका। आज कल यहाँ ऐसी हलचल है कि किसी काम में जी नहीं लगता—और इसी से विलंब हो रहा है। तथापि अब जहाँ तक शीघ्र हो सकेगा मैं उसको समाप्त करूँगा—आप विलंब को क्षमा करें।

भवदीय
अ० सिं०

गऊघाट, मिर्जापुर काटकर Juhi P.O. Cawnpore
पता लाल स्याही से लिखा है।

कार्ड का पता

श्रीयुत बाबू काशीप्रसाद
करकमल
गऊघाट
मिर्जापुर
Mirzapur

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[३]

१६६०

आजमगढ़

९-५-०६

मान्यवर !

प्रणाम;

कृपा कार्ड आया, इस कार्य के अंतिम पैरे का यह वाक्य पढ़कर कि 'आज्ञा हो तो हम नोटिस दे दें कि आज से हमारे पत्र में कोई कुछ न लिखे,' मैं दुखी हुआ। इसलिये दुखी नहीं हुआ कि आपने मुझपर कटाक्ष किया है—वरन इसीलिये दुखी हुआ कि इच्छा न होने पर भी मुझसे कोई ऐसा वाक्य लिख गया है कि जिस कारण आपको ऐसा लिखना पड़ा। यदि भ्रम और प्रमादवश भी मुझसे कोई ऐसा वाक्य लिख गया है, तो उसके लिये मैं लज्जित हूँ और आपसे क्षमाप्रार्थना करता हूँ।

अ० सिं०

कार्ड का पता

श्रीयुत् पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी

करकमल

स्थान जूही

कानपूर

कविवर अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का द्विवेदी जी के नाम है। द्विवेदी जी के हाथ से इस पर संख्या अंकित है।

[४]

Controversy

१६६४

मिर्जापुर

१०-३-०६

प्रिय पं० जी,

होली का संमिलन और प्रणाम। 'प्रेमघन' चौधरी का उपनाम है उनकी एक कविता 'राघवेंद्र' में छपी है। नहीं मालूम कौन वह राघवेंद्र हमारे पास आया नहीं लेकिन जहाँ तक चौधरी की जबानी मालूम हुआ वह उनकी किसी कविता की नकल है जिसे उन्होंने इधर छापी है।

आपका

का० प्र०

कार्ड का पता

Pt. Mahavir Prasad Dwivedi

Dowlatpur

P. O. Bhojpur

Rai Bareili

पत्रसंख्या और ऊपर अंग्रेजी में 'कंट्रोवर्सी' शब्द द्विवेदी जी ने लिखा है। पत्र उनके बदले हुए पते पर पुनःप्रेषित किया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[५] नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस

१७१७ ता० १८ दिसम्बर १८९७ ई०

माननीय महोदय,

आपका कृपापत्र झाँसी के हस्ताक्षर सहित मिला, अनुगृहीत किया—मैं अनेक सांसारिक उलझावों के कारण उत्तर न दे सका क्षमा कीजिएगा।

आप ऐसे भाषा के कवि और विज्ञ महोदय के सभा में न सभासद रहने से सभा में बड़ा अभाव है, क्या मैं आपसे यह कह सकता हूँ कि यदि कोई कारणविशेष न हो तो आप सभ्यों की नामावली को अपने नाम से सुशोभित करें, केवल आप ही सरीखे गिने सज्जनों ही से तो कुछ इस कार्य में सहायता की आशा है नहीं तो शेष लोगों की दशा आपसे छिपी नहीं है।

यदि अवकाश हो तो पत्रिका के लिये कोई गद्य या पद्य लेख भेजिए। मेरे योग्य कार्यों और कुशलसमाचार से सदा स्मरण करते रहियेगा।

भवदीय

श्री राधाकृष्ण दास

पत्र द्विवेदी जी को संबोधित है और नागरीप्रचारिणी सभा के शीर्ष-मुद्रित कागज पर लिखा गया है। पत्र-संख्या द्विवेदी जी के हाथ की है।

[६]

१७२० १८२१

श्री वेंकटेश्वर प्रसन्न

श्री वेंकटेश्वर प्रेस—मुंबई

प्रे- नं० ६३३६ ता० ११-९ स. १८९८

श्रीयुत पं० महावीरप्रसाद जी द्विवेदी

सुपारी बाजार, झाँसी

मान्य महाशय,

आपका कृपापत्र ता० ९।९।९८ का मिला पूर्णाशय जान प्रसन्नता भई उत्तर में सादर निवेदन है कि—

पेपर के विषय जो ६।।≡ का तकाजा आपसे किया गया सो वास्तव में भूल से किया गया है क्षमा करना—अब आपसे दाम न माँगा जायगा—यदि ताजी चुट पुटी खबरें भेजते रहिए तो कृपा होगी।

आपका कृपाभिलाषी—खेमराज श्री कृष्ण दास,

श्री वेंकटेश्वर प्रेसाध्यक्ष

खेतवाडी—मुंबई

(पत्र की दूसरी पीठ पर)

बा० रामदास को तो आप अच्छी प्रकार जाने रही है यहाँ भी अपनी कीर्ति फैलाने में कसर नही रक्खी—यहाँ योग्य काम काज सदैव लिखावें और कृपादृष्टि रक्खें।

भवदीय शुभचिन्तक

(ह०) खेमराज श्रीकृष्णदास

अध्यक्ष, श्री वेंकटेश्वर प्रेस मुम्बई

इस पत्र में रेखांकित अंश लाल रंग में मुद्रित है। कागज के दोनों ओर लाल रंग का बार्डर भी मुद्रित है। शीर्ष की पत्र संख्या द्विवेदी जी द्वारा दी गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[७]

१७२१ 'Bharat Kirt office,
P. O. Girgaon
Bombay the 17th Octo. 1898

श्रीमान् पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी, झाँसी

मान्यवर!

आपको यह समाचार सुनकर वास्तव में आश्चर्य हुआ होगा कि मैंने अनुमान एक मास हुआ श्री वेंकटेश्वर समाचार के संपादक का पद त्याग कर दिया है। अब मैंने 'भारतकीर्ति' नामक एक स्वतंत्र मासिक पत्रिका का यहाँ से प्रकाशन करने का दृढ़ विचार ठान लिया है। आप इस विषय को स्वयं भी स्वीकार करेंगे कि साप्ताहिक पत्र की अपेक्षा हिंदी में एक उत्तम मासिक पत्रिका की कितनी आवश्यकता है।

मैंने श्री वेंकटेश्वर प्रेस क्यों छोड़ा, बस इसे कुछ न पूछिए। उसे कहने में मेरी कृतघ्नता प्रमाणित होगी। किसी अवसर पर यह प्रगट कर दूँगा। बंबई नगर में बैठकर मुझ सरीखे असहाय पुरुष के लिये मासिक पत्र भी प्रकाशित करना कितना गुरुतर विषय है जिसे आप भलीभाँति समझ सकेंगे पर मैंने यह साहस केवल आप ही सरीखे कृपालु मित्रों की सहायता की आशा पर किया है। बस अब इसका निर्वाह आप ही के हाथ है।

क्या आप अनुग्रहपूर्वक हमारी मासिक पत्रिका के आनरेरी सहकारी संपादक का पद स्वीकार कर हमें बाधित करेंगे? कृपाकर लिखियेगा।

यहाँ के योग्य कार्य से आपका सच्चा मित्र जान बाधित करते रहिएगा।

यह पत्र शीर्ष मुद्रित कागज पर लिखा गया है। पत्र संख्या द्विवेदी के हाथ की है।

आपका मित्र
रामदास वर्मा

श्री वेंकटेश्वर प्रेस के संबंध में मुझने जो कुछ अपराध बन पड़ा हो वह क्षमा के योग्य है क्योंकि मैं परतंत्र था।

[८]

१७२२

१७२२ 'भारतकीर्ति' कार्यालय, पोष्ट गिरगाँव,

बंबई, ता २३-१०-१८९८

श्रीयुत पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी, झाँसी

महाशय!

कार्ड आपका मिला समाचार जाना—आपने लिखा कि 'हम आपकी पत्रिका के आनरेरी सहकारी संपादक होने के सर्वथा अयोग्य हैं'—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रिय मित्र। मैं समझ नहीं सका कि इसका तात्पर्य क्या है? इतना मैं आपके इस कथन से अवश्य समझा हूँ कि आप मुझसे अप्रसन्न हैं—भाई अब तो अपराध क्षमा करो मैं आपका पुराना मित्र हूँ और आपको यह विश्वास दिला कर कहता हूँ कि यह श्री वेंकटेश्वर प्रेस की नीति थी जिसने आप सरीखे परम योग्य मित्रों को मुझसे अप्रसन्न कर दिया। केवल आपके नाम मात्र से हमारी पत्रिका की प्रतिष्ठा होगी और मुझे अभी अभी आपके सारगर्भित लेखों द्वारा सहायता मिलते रहने के अतिरिक्त भाषा तथा देश का बहुत कुछ हित होगा अतएव मेरी प्रार्थना स्वीकार करने योग्य है।

आपने यथासंभव हमारा काजकाम करने को लिखा, इस हेतु हम आपके कृतज्ञ हैं और आपको अनेक धन्यवाद देते हैं।

अँगरेजी के नोट पेपर तथा लिफाफों पर आपने Bharat Kirt के स्थान में Bharat Kirti कर देने की अनुमति दी इस हेतु आपको धन्यवाद है। वास्तव में भूल रह गई है सो सुधार दी जायगी—

यहाँ के योग्य कार्य लिखते रहियेगा।

आपका मित्र
रामदास वर्मा

पत्रशीर्ष मुद्रित कागज पर लिखा गया है। लेखक ने एक स्थान पर भूल से 'कभी कभी' के बदले 'अभी अभी' लिख दिया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा अंकित है।

[६]

१७३६ खंडवा

२१-३-६६

प्रियप्राया वृत्तिर्विनय मधुरो वाचि नियमः
प्रकृत्या कल्याणी मतिरनवगीतः परिचयः।
पुरो वा पश्चाद्वा तदिदम विपर्य्यासित रसं
रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते।

—भवभूति।

प्रियवर

यों तो जब से आपकी कविता हमारे दृष्टिपथ में आती है तभी से आपकी सेवा में एक निवेदन करने की लालसा उत्पन्न हुई है पर इधर जब से पत्र द्वारा आपके साथ कुछ स्नेह हो गया है तब से हमारी उक्त लालसा विशेष दृढ़ हो गयी है। कई दिनों से विचार करते २ आज वह निवेदन करने का साहस करते हैं और भरोसा करते हैं कि आप हमारी चिरोदित लालसा को पूर्ण करने के हेतु यत्नवान हो यशराशि बटोरेंगे।

आप चाहें मानें चाहे न मानें पर हमें सुदृढ़ विश्वास है कि कविता के यथार्थ तत्व को आज दिन उत्तमतता के साथ समझनेवाले हिंदी भाष

पत्र सादे कागज पर लिखा गया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी के हाथ की है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के प्रेमियों में आप जैसे सहृदय बहुत ही थोड़े हैं और जो हैं वे भी समय दूषित हैं। ऐसी अवस्था में यदि आप चाहें तो हिंदी पर एक विराट् उपकार कर सकते हैं अर्थात् उसके करने की शक्ति आपमें विद्यमान है। अब रहा उसका करना, सो आपके अधीन है। करें अथवा न करें।

अंग्रेजी, संस्कृत मराठी और भाषा के काव्य तथा काव्यनियम प्रधान ग्रंथों के पठन द्वारा आपने जो काव्यामृत पान-पटुता प्राप्त की है उसका साफल्य हम तभी समझेंगे कि जब आप डाक्टर जॉनसन् के कविचरित्र की नांई हिंदी भाषा के कवियों की जीवनी तथा उनके ग्रंथों की यथार्थ समालोचना स्वरूप एक उपयुक्तग्रंथ लिपिबद्ध कर हिंदी भाषा को भेंट करेंगे। यह कार्य वास्तव में बड़ा प्रचंड कार्य्य भाग है। पर यदि आप हमारी प्रार्थना पर विचार कर उसे स्वीकृत करेंगे तो आज दिन हिंदी भाषा की कविता में जो अव्यवस्था देख पड़ती है वह दूर हो जायगी और यथार्थ कवि तथा उनके गुणविशिष्ट ग्रंथों का परिचय सर्वसाधारण को अल्प प्रयास में ही हो जायगा।

'रसिकवाटिका' के द्वितीय भाग की ११वीं क्यारी के १६वें पृष्ठ में 'रसविवेचन' शीर्षक लेख तथा 'केरल कोकिला' में 'तृ, दृ' के संयुक्ताक्षर माने तथा न माने जाने के प्रश्नोत्तर पढ़ परम प्रसन्नता हुई। अनुभव से बोध होता है कि संस्कृत के कवियों ने ऋ को स्वर ही माना है अतः तदाश्रित व्यंजन के पूर्वस्थ वर्ण को प्रायः गुरुता प्राप्त नहीं होने दी है। पर मराठी तथा हिंदी के कवियों ने इस मत का अनुधावन नहीं किया है एतदर्थ भाषा छंदोग्रंथ के प्रणेतृगणों ने यह नियम बाँध दिया है कि जहाँ वर्ण पर आघात हो वहीं गुरुता मानी जाय अन्यथा न मानी जाय, यथा—

'शरद जुन्हैया मोदप्रद करत कन्हैया रास' उक्त पद्य में यदि 'जु' और 'क' गुरु मानें जाँय तो छंदशास्त्र की अवज्ञा कर उक्त अर्धाली में मात्रा की संख्या बढ़ी हुई पाई जाती है पर 'जु' और 'क' पर आघात नहीं होता अतः छंदोनियमानुसार उन्हें अगुरु मान उक्त अर्धाली शुद्ध मानी जाती है। सारांश संयुक्त वर्ण के भी पूर्ववर्ण का गुरु अथवा लघु होना उसके आघात पर निर्भर माना गया है।

समालोचनादर्श के देखने का अवकाश मिला हो तो उसकी सूचना दीजियेगा। पत्रोत्तर तो आप देवें होंगे। आज एक लंबा चौड़ा पत्र आपको लिख परिश्रम दिया है तदर्थ आपसे क्षमा प्रार्थी होते है।

भवदीय

गंगाप्रसाद अग्निहोत्री

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[१०]

१७३७

२७ ३-९९

प्रियवर नमस्कार,

आपका कृपापत्र प्राप्त हुआ। उसे पढ़ प्रसन्नता और खेद का आविर्भाव साथ ही साथ हुआ। प्रसन्नता का कारण आपका स्नेह संमिलित अनुग्रह है और खेद का कारण आपके नेत्रों का अस्वास्थ्य है। आपके इस नेत्रास्वास्थ्य को हम आपके देहप्रारब्ध का अभीष्ट फल न कहकर दुखिया हिंदी के मंदभाग्य का ही कारण मानेंगे।

आपने निज की योग्यता के विषय में जो कुछ लिखा है सो सब पंडित जी ने लिखा है। जो यथार्थ में पंडित होते हैं वे यह कदापि नहीं मानते कि हम पंडित हैं। वे तो सदा यही समझा करते हैं कि अमुक व्यक्ति हमसे अधिक ज्ञाता है। रमेशचंद्र दत्त वास्तव में महान् पंडित हैं और आपने अपनी जन्मभाषा की प्रशंसाई सेवा की है। पर हमने जिस समय आपसे प्रार्थना की उस समय हमारी दृष्टि के समीप केवल हिंदी की दशा विद्यमान थी। यदाकदा हिंदी के वर्तमान अभिभावक कहानेवाले लोगों का विचार करते समय हमें उक्त प्रार्थना के लिये आपही उचित दाता प्राप्त हुए। अब आपकी बहिरंग अवस्थाओं ने हमारी प्रार्थना स्वीकृत करने के लिये आपको असमर्थ कर दिया इसका कारण हिंदीपठित समाज की अरसिकता का उचित दंड कहा जा सकता है वा बापुरी हिंदी का दुर्भाग्य माना जा सकता है।

अस्तुः

'केरल कोकिला' विषयक draft प्राप्त हुआ। अभी पढ़ने का अवकाश नहीं मिला है। पढ़के लौटा देंगे।

आपकी समालोचना भी प्राप्त हुई। वास्तव में हमें आपसे जितनी आशा थी उससे कहीं बढ़के आपने हमारा उत्साह बढ़ाया है। एतदर्थ हम आपके अत्यंत अनुग्रहीत हैं और भरोसा करते हैं कि भविष्य में भी आप हमपर ऐसी ही कृपा की दृष्टि बनाए रखेंगे।

आपको परिश्रम तो होगा पर उससे हमें बहुत लाभ होगा। अतः सानुनय निवेदन करते हैं कि निबंधमालादर्श की भाषा जहाँ जहाँ उद्वेगकारिणी हो गई है, वहाँ वहाँ की सूचना उचित सुधार के साथ दे हमें बाधित कीजिएगा।

कृपा बनी रहे।

भवदीय
गंगाप्रसाद अग्निहोत्री

पत्र द्विवेदी जी को संबोधित है। पत्र संख्या उन्हीं के हाथ की है। इस पत्र के साथ उत्तर के लिये द्विवेदी जी का एक नोट भी है जो रेलवे रजिस्टर के कागज के एक टुकड़े पर लिखा गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द्विवेदी जी का उत्तर के लिये नोट

इस ग्रंथ में महाकवि भवभूति की यथार्थ जीवनी तथा उससे संबंध रखनेवाली लौकिक दंतकथाओं का सविस्तर उल्लेख होने के अनंतर इस बात का निर्णय किया है कि वह कालिदास का समकालीन था अथवा नहीं। इसमें कवि भवभूति प्रणीत मालती माधव आदि तीनों नाटकों की परमोत्तम आलोचना भर की गई है तथा इसके कवित्व के सब प्रसिद्ध गुण, यथा पदों का लालित्य, करुण रस की उद्दामता, सृष्टि के दृश्य और मानसिक वृत्तियों के विपाकादि विषयों के मनोहर वर्णन भी नितांत गंभीर एवं प्रसादसंपन्न भाषा में उदाहरणसहित किए गए हैं। यह ग्रंथ भी 'कालिदास' नामक ग्रंथ के समान हाथों हाथ बिका जाता है।

इस नोट में बहुत काट छाँट की गई है।

[११]

१७८८

उपन्यास-मासिक-पुस्तक आफिस,

ज्ञानवापी, बनारस सिटी।
ता० २३-१२-१९०२

नं० ५...

महाशय

कृपा कार्ड पाया, मैंने बाबू गिरिजाकुमार घोष महाशय को अवश्य लिखा था। अप्पय दीक्षित की तो बात जाने दीजिए—आपने राजा लक्ष्मण सिंह के मेघदूत पर कुछ कहने के समय आदर्शतुच्छ व्यक्ति का नामोल्लेख कहीं कहीं केवल—(पंडित किशोरीलाल) कहकर क्या नहीं किया है? क्या गोस्वामी शब्द के निकाल देने से कुछ लाघव हुआ? और क्या जो व्यक्ति जिस पोजीशन का हो, उसका उल्लेख तदनुकूल करना अनुचित है? आप निज लेख की लिखावट, जो हिंदी प्रदीप जि० २३ सं० ९ में है, देखें और यदि इस विषय में मैंने कुछ अयोग्य लिखा हो तो कृपा कर क्षमा करें।

भवदीय
श्री किशोरीलाल गोस्वामी

कार्ड का पता

श्री युत पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदीजी
Jhansi
झाँसी

यह पत्र उपन्यास पोस्टकार्ड नामक शीर्ष मुद्रित कार्ड पर लिखा गया है। इसके दूसरी ओर उपन्यास मासिक पुस्तक का विज्ञापन भी मुद्रित है। अंग्रेजी में 'झाँसी' लालस्याही से संभवतः डाक-विभाग द्वारा लिखा गया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा दी गई है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कार्ड पर मुद्रित विज्ञापन

"उपन्यास-मासिक-पुस्तक" को निकलते यह दूसरा वर्ष है, और बराबर हर महीने निकलती है। दाम दो रूपये साल डाक महसूल कुछ नहीं। 'हिंदी बंगवासी' आदि हिंदी के सभी प्रसिद्ध समाचारपत्रों ने इसकी तारीफ की है। यकीन न हो तो मँगाकर खुद देख लीजिए। नमूने का नंबर चार आने के टिकट भेजने से भेजा जाता है। लीलावती उपन्यास दाम सवा रूपया। प्रेममयी उपन्यास दाम तीन आने।

[१२]

१७६१

खंड्गविलास प्रेस
बाँकीपुर
१४।१२।१६०२

पूज्यवर पंडितवर कविवर
महावीरप्रसाद द्विवेदी जी

झाँसी

प्रणाम—आपका कृपा कार्ड पाया। अत्यंत प्रसन्नता हुई। सरस्वती में आपका लेख भी प्रतिभावाला पढ़ा था। पण्डितवर प्रतापनारायण मिश्र जी के जीवनचरित्र मेरे यहाँ उनका लिखा हुआ कुछ है वह ब्राह्मण में छपा था इसमें से आप भी कुछ ले रहे हैं। कुछ चिट्ठियाँ और ब्राह्मण का पूरा फाइल मैंने पंडित प्रभुदयाल पांडेय को दिया था परंतु उन्होंने उनकी जीवनी नहीं बनाई और न कागजों को लौटाया। मैंने उनकी जीवनी लिखने को पं० प्रभुदयाल पांडे तथा शेठ बालमुकुंद गुप्त भारत मित्र के संपादक और सुदर्शन के संपादक पंडित माधव मिश्र को कहा है परंतु अब तक किसी ने नहीं लिखा। संभव है कि अब कुछ लिखा जाय।

हमने बाबू गोकर्ण सिंह को कहा है कि जो कुछ वस्तु उन्हें मिले प्रकाश कर दी जाये। उसके अनुसार छपना प्रारंभ हो गया है। एक फार्म कंपोज हो गया है। जो कुछ चिट्ठी है उसके छपने पर और जो कुछ बातें होंगी वह छप जायँगी। तब उनकी जीवनी बननी उचित है। एक अँगरेज ने भी कुछ लिखने को कहा है। फिर आप भी कुछ लिखेंगे तब जीवनचरित्र पूरा होगा। अब जीवनी की सामग्री इकट्ठी होगी। मेरी राय है कि तब आप लिखें।

पंडित अंबिकादत्त व्यास की जीवनी उनकी लिखी हुई छपी है। उनके बाप की जीवनी भी उनके हाथ की लिखी हुई छपी है। ये दोनों भेजता हूँ। संस्कृत कवियों की जीवनी भी जाती है। और ८ वा १० जीवनी की पुस्तक (संस्कृत कवियों की) शीघ्र ही—छपकर मिलेगी।

पत्र मोटे कागज पर लिखा गया है। पत्रसंख्या द्विवेदी जी के हाथ की है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्याविनोद ६वाँ खंड जाता है। शांकुतल भी जाता है। आठ खंड और भी छपा है।

यदि उचित हो तो कृपा कर पत्रव्यवहार रखिएगा, यह मेरी प्रार्थना है।

समस्तीपुर से मुझे भी एक कार्ड मिला है परंतु उनके हाथ की जीवनी मेरे पास नहीं है। उनकी चिट्ठियों से बहुत कुछ बातें उनकी मालूम होंगी। मझौली के महाराजकुमार लाल खड्गबहादुर की जीवनी है।

ब्राह्मण के लिये मैंने प्रतिज्ञा की थी कि निकालूँगा परंतु खेद की बात है कि मैं उसे पालन नहीं कर सका। ५० ग्राहक होने पर भी उसे निकालने को मैं तैयार हूँ। उनकी लिखी और संग्रहीत बहुत सी पुस्तकें तय्यार हैं। संभव है कि ३।४ वर्ष क्या १० वर्ष तक ब्राह्मण चल सकता है। इस पर भी ध्यान रखियेगा। विशेष पत्र आने पर लिखूँगा।

आपका स्नेहाभिलाषी
रामदीन सिंह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विमर्श

संत नामदेव की हिंदी पदावली : एक आलोचना

माताप्रसाद गुप्त

'संत नामदेव की हिंदी पदावली' नाम से एक बहुत उपयोगी और सुसंपादित कृति अभी निकली है, जिसके संपादक हैं, डा० भगीरथ मिश्र और डा० राजनारायण मौर्य, और जिसका प्रकाशक है पूना विश्वविद्यालय। नामदेव हिंदी के अति प्राचीन संतों में से हैं, कबीर तथा परवर्ती प्रायः समस्त हिंदी संतों पर उनका व्यापक प्रभाव रहा है, और एक अन्य भाषाभाषी होते हुए भी अपनी मान्यताओं का प्रचार करने के लिये अपनी भाषा के अतिरिक्त उन्होंने हिंदी का भी आश्रय लिया, उनकी ये विशेषताएँ ऐसी हैं कि उनकी हिंदी वाणी का एक प्रामाणिक रूप प्रस्तुत होना हमारे शोध की बड़ी भारी आवश्यकता थी। बड़े हर्ष की बात है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता से पूना विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग ने इस आवश्यकता की पूर्ति की है और प्रसशनीय ढंग पर की है।

ग्रंथ का प्रथम खंड भूमिका है जिसके अंतर्गत युगीन परिस्थितियों और संत नामदेव के जीवनवृत्त का निरूपण करते हुए प्राप्त संपादन सामग्री की परीक्षा की गई है और संपादन सिद्धांतों का निर्धारण किया गया है। द्वितीय खंड संत नामदेव की वाणी का है, जिसमें विभिन्न प्रतियों में प्राप्त उनके समस्त पदों और साखियों का निर्धारित पाठ पूरे पाठांतरों के साथ दिया गया है। परिशिष्ट में कठिन शब्दार्थ, सहायक ग्रंथसूची तथा नामानुक्रमणिका दिए गए हैं। इसलिये यह प्रकट है कि प्रयास को अधिक से अधिक पूर्ण और उपयोगी बनाने का यत्न किया गया है और इस महत्वपूर्ण कार्य के लिये हमें पूना विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग का आभारी होना चाहिए।

नामदेव जैसे पुराने संत की वाणी विभिन्न पाठशाखाओं में जिनमें परस्पर संकीर्ण संबंध नहीं ज्ञात होता है— बहुत स्वल्प पाठभेद के साथ सुरक्षित रह सकी है, इस संस्करण से यह जानकर आश्चर्यमिश्रित प्रसन्नता हुई। काश कि यही स्थिति कबीर आदि उनके परवर्ती संतों और भक्तों की वाणियों की भी होती।

इस सुंदर प्रयास को देखने के अनंतर निर्धारित पाठ और शब्दार्थ के संबंध में संशोधन के कुछ सुझाव देना आवश्यक प्रतीत हुआ है, जो नीचे दिए जा रहे हैं। प्राचीन रचनाओं के पाठ और शब्दार्थ के संबंध में मतभेद होना एक अति सामान्य बात है। पाठसंशोधन के सुझाव बहुत कम दिए जा सके हैं, क्योंकि विभिन्न पाठशाखाओं में, जैसा ऊपर कहा जा चुका है, पाठांतर एक प्रकार से नाममात्र को ही हैं। शब्दार्थसंशोधन के सुझाव संख्या में कुछ अधिक हैं। किंतु जितने भी ये हैं, नीचे इसी दृष्टि से दिए जा रहे हैं कि कृति के योग्य संपादक और प्रेमी पाठक इनपर विचार करें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

और इनमें से जो भी स्वीकार्य हों उन्हें स्वीकार करें।

पाठसंशोधन के सुझाव

(१) अर्थ धरम की कहा मोषि मागे।
दास नामदेव प्रेम भगति अंतरि जो
जागे ॥३.३

इसके पूर्व की पंक्तियाँ हैं :—
देव दानव जाहिं संपदा करि मानैं।
गोविंद सेवग ताहि आपदा करि
जानैं ॥ ३.२

'मोषि' के स्थान पर पंढर० में 'मोषीन' (मोषि न) पाठ है। मध्ययुग का भक्त मोक्ष भी नहीं माँगता है। तुलसीदास ने 'रामचरित-मानस' में यह बात बार बार कही है :

(१) अरथ न धरम न काम रुचि
पद न चहों 'निरबान'
जन्म जन्म रति राम पद
यह बरदान न आन ॥ अयोध्या २ ४।
अति दुरलभ 'कैवल्य' परम पद।
संत पुरान निगम आगम बद।
राम भजत सोइ मुकुति गोसाईं।
अन इच्छित आवइ बरिआईं।
अस बिचारि जे परम सयाने।
मुकुति निरादर भगति लोभाने।
॥उत्तर० ११९।

और 'अरथ धरम की कहा' से प्रकट है कि आगे जो पदार्थ गिनाया जा रहा है वह इनसे भी महत्त्वपूर्ण होते हुए ऐसा ही हो सकता है जिसकी कामना न की जाय, फलतः पाठ 'मोषि न' होना चाहिए।

(२) रतन पारषूं नीरा रे।
'मुलमा' मंझे हीरा रे॥ २७ टेक ॥

बाद की पंक्तियाँ हैं—

संष पारषूं निरषी जोई!
बेरागर क्यूँ षोटा होई॥

'शंख के पारखी ने जो देखा तो [हीरे को खोटा बताया किंतु] बैरागर [का हीरा] कैसे खोटा हो सकता है ?' यह भाव है बाद की पंक्तियों का। विवेच्य पंक्तियों में 'रतन पारखी' का साम्य उल्लिखित है, वह अवश्य ही शंख पारखी से भिन्न होना चाहिए, इसलिये 'मुलमा' के स्थान पर पाठ 'मुलमा' नहीं होना चाहिए, जो पंढर में मिलता है।

(३) अनिल बेडा पेहन जानूं।
पार दे पार दे बीठला ॥ ३ ॥

'अनिल' अर्थहीन है, 'अनिल' के स्थान पर पाठ 'आंनिले' पटि०, 'आंनिदे' सभा, आंणि दे बुमान०, आनी (आनि) दे पंढर में मिलता है। इसलिये पाठ एक तो 'अनिले' या 'आनिदे' होना चाहिए। दूसरे, 'बेडा' पाठ संभवतः ग्रंथ० के आधार पर दिया गया है, क्योंकि जिन छह प्रतियों में यह पद मिलता है, उनमें से पाँच का पाठान्तर 'भेला' (जिनमें से एक में 'भेला' है दिया हुआ है। कबीर ने भी शब्द के 'भेला' ही रूप का प्रयोग किया है—

भेला' पाया श्रम (स्वप्न) सौं—
ग्रन्थावली, साखी ३.४३

'भेरा देख्या जरजरा—
वही, १.२५

अतः 'भेला' पाठ अधिक प्रामाणिक लगता है।

(४) सहजै पुषमन ताग मंडल।
इह बिधि त्रिस्नां पीडी ॥६५.१

इसके तीन ही चरण बाद आता है।

गगन मंडल में रहनि हमारी।
'सहजि' सुनि गृह मेला।

'सहज' और 'शून्य' का 'युग्म' कबीर में प्रायः मिलता है।

सहज सुन्नि में जिन रस चाखा—
ग्रंथावली, गौडी ७२।
सहज सुन्नि महँ रह्यो समाइ—
वही, भैरूं ४।
गंग जमुन के अंतरै सहज सुन्नि लौं घाट।
वही, साखी १०. ३।

और प्रथम चरण के 'सहजै' के स्थान पर पाँच प्रतियों में से—जिनमें पद पाया जाता है—तीन में 'संजम' (जिनमें से एक पंढर में उसका विकृत रूप सज्जन' है) पाया जाता है। इसलिये पुनरुक्तियुक्त गृहीत पाठ के स्थान पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाठांतर के रूप में प्राप्त पाठ 'संजम' ही ग्रहण किया जाना चाहिए।

शब्दार्थ संशोधन के सुझाव

हरि नांव जाती हरि नाँव पाँती।
हरि नाँव सकल जीवन में 'क्रांती' ॥१.१॥

'क्रांती' का शब्दार्थ किया गया है 'कांति' परिवर्तन'। मध्ययुग में क्रांति शब्द 'कांति' के स्थान पर भी प्रयुक्त होता था, यथा :

सूरुज 'क्रांति' करा जस निरमल नीर सरीर
पद्मावत ४६८, ८:

सूरुजी 'क्रांति' करा निरमली।
वही, ५८१. ६।

चमकहिं चंद्र 'क्रांति' आकार।
छिताई वार्त्ता ६५३। १।

सूर 'क्रांति' बरनी मुख जोती।
नलदमन २६.४।

'आईन ए-अकबरी' में भी 'सूर्यकांत' को 'सूरज क्रांत' कहा गया है। अंग्रेजी अनु० जिल्द १, पृ० ५०।

'जीवन क्रांति' के आधुनिक अर्थ में संत नामदेव ने शब्द का प्रयोग किया होगा, यह संदिग्ध लगता है, इसलिये मेरा सुझाव है कि 'कांतिवाले' अर्थ पर भी विचार किया जाए। 'जीवन में कांति' का आशय होगा जीवन में चेतना, ओज, दीप्ति आदि जोकि जीवन के अनिवार्य तत्व हैं।

नामदेव कहै मेरे क्रिसन सोई।
'कूंत मसाहति' करै न कोई ॥२.३

'कूंत मसाहति' का शब्दार्थ किया गया है 'तर्कवितर्क, मीनमेष'। 'कूंत का अर्थ होता है 'किसी परिमाण का अनुमान या अंदाज' और 'मसाहत' (अ०) का अर्थ होता है नाप-जोख। पद की टेक से प्रकट है कि उक्तियाँ 'खेती बारी' और 'धनसंपदा' से ली गई है।

राम नाम 'षेत' राम नाम 'बारी'।
हमारे 'धन' बाबा बनवारी॥ २ टेक

इसलिये 'कूंत मसाहत' से 'अटकल और नाप जोख' का अर्थ लेना अधिक संगत होगा।

(३) लोक कहैं 'लोकाइ' रे नामा। १७ टेक

'लोकाइ' का शब्दार्थ 'निंदा करना, लोकापवाद' किया गया है, किंतु 'लोकाइ' का अर्थ 'लोकप्रवृत्त होना' ज्ञात होता है।

(४) आगा पर नहिं चीन्हीला।
तौ चित्त 'चितारै' डहकीला ॥२० टेक

'चितारै' का शब्दार्थ किया गया है 'चारो ओर'। यह 'चितार' क्रिया है और 'ढोला मारूरा दूहा' में अनेक बार आया हुआ है।

कूंझां लाल वचांह ज्यउं,
खिणखिणं 'चीतारेह'। १९८. २।
चुगइ 'चितारइ' भी चुगइ,
चुगि चुगि 'त्तितारेह'।
कुरझो बच्चा मेल्हि कर,
दूरिथका पालेह ॥ २०२॥

'चीतारंती' चुगतियाँ, कुंझी रोवहियाँह।
दूर हुँता तउ पालइ, जज न मेल्ह हियाँह
॥ २०३ ॥

'चीतारंती' सज्जणाँ, नीहालंती मग्ग।
घण कुंझाह वचाहि जिउँ, लाँबा हूया
पग्ग ॥ २०५ ॥

इस 'त्रितार' को 'त्रित' चिंता करना, याद करना से व्युत्पन्न किया गया है। 'चित' का एक अर्थ ध्यान करना भी होता है। विवेच्य स्थल पर 'चित र्' शब्द का प्रयोग 'ध्यान करने' के अर्थ में ही किया गया ज्ञात होता हैं।

(५) नामदेव का स्वामी मांनिले झगरा।
रांम रसांइन पीव रे 'भगरा'
॥२३, ३॥

'भगरा' का शब्दार्थ 'पागल, भांग पीनेवाला, भांग' किया गया है। यह 'भगरा' 'बगाड' शब्द लगता है जिसका अर्थ 'अर्ध सभ्य' या 'असंस्कृत व्यक्ति' होता है।

(६) साचे आचरि गोठिं बिनासे।
'भाजै' हाड अभावै हासे ॥

'भाजे' का शब्दार्थ (म०) भाजणें जलना' किया गया है' यह 'मनज्-भूनना' से व्युत्पन्न न होकर 'भज्' से व्युत्पन्न है, जिसका अर्थ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'टूटना' होता है। हड्डी तोड़ी जाने का ही मुहावरा है हड्डी जलाई जाने का नहीं।

(७) नामदेव कहै थे 'संव' सरापी।
पुंडरीनाथ न सुमिरै पापी॥

'संप' का शब्दार्थ 'मूर्ख' किया गया है। 'शंख' में ध्वनि कदाचित् उसके ऊपर से उजले किंतु भीतर से हाहाकारपूर्ण होने की है। कबीर ने इसी ध्वनि का उपयोग निम्नलिखित प्रकार से किया है—

रैंणादूर (रैंणाईर:) बिछोहिया,
रहु रे संप मझूरि।
देवलि देवलि धाहड़ी,
देसी ऊगे सूरि॥
॥ ग्रंथावली, साखी॥ ३,४४

(८) राम 'जुहारि' न और 'जुहारों
॥३०, टेक॥

'जुहारों' का शब्दार्थ 'याचना करूँगा, चाहूँगा' किया गया है। 'जुहारना' का अर्थ 'नमस्कार करना' होता है और शब्द उसी अर्थ में यहाँ प्रयुक्त भी हुआ है।

(९) हरि हैं हमची नावरी।
हरि उतारै 'पैली तिरी'॥३४, १॥

'पैली तिरी' का शब्दार्थ किया गया है 'उस पार'। किंतु यह शब्द 'पेलि तरी' का किंचित् विकृत रूप लगता है, जिसका अर्थ होगा तरी (डोंगी या नाव) को पेल (या खे) कर।

(१०) 'आरो मांडि' राम रटि लेहूँ।
औरे बिसारौं तौ रोइ देहूँ॥३८,३

'औरो मांडि' का शब्दार्थ 'ध्यानस्थ होकर' किया गया है। 'आरो' 'आ+रव' है जिसका अर्थ है 'आवाज'। 'आरो मांडि' का अर्थ होगा 'आवाज ऊँची कर'।

(११) राम राइ 'उलगू' और न जाचूं
॥ ३८, टेक॥

'उलगू' का शब्दार्थ किया गया है '(म०) औलगैं छोड़कर'। 'उलगना-ओलगना' का अर्थ 'सेवा करना' और 'ऊलग' का 'सेवा' होता है और इसी अर्थ में यह प्राचीन साहित्य में बहुशः प्रयुक्त हुआ है।

कुलीय छत्तीसह रे ऊलगइ'।
(बीसलदेव रास ३, ३)
'ऊलग' कइ मिलि गम करउ'।
(वही ३५,५)
संइभरि धणीयै किउ 'ऊलग' जाइ।
(वही, ३७, १)
ऊलग' जाण कहइ धणी कउण।
(वही ३८, १)
किणि तुष देवर 'ऊलग' जाइ।
(वही ४६, ६)
'ऊलग' जाण कउ धरउ कुसूत।
(वही ४८, ?)
स्वामी 'ऊलग' जाण की परीय जगीस।
(वही ६०, १)
सखीय इणि कंतिनाह कोइ 'ऊलग'
जाइ। (वही, ६५, ३)
तिहि घरि 'ऊलग' काइं करेइ।
(वही ७४, ६)
'ऊलग' पूगि घरि आवियउ
भरतार। (वही १२१, १)
म्हाकउ वार्‌यउ तूं किउ 'ऊलगइ'
जाइ। (वही, १२५, ४)
पंथी एकू संदेस डउ,
भल माणस. नइ सख्ख।
आतम तुझ्क पासइ अछइ,
'ओलग' रूड़ा रख्ख॥
(ढोलामारू रा दूहा, ११४)

(१२) 'बीहौं बीहौं तेरी सबइ माया।
१६, टेक

'बीहौं' का शब्दार्थ किया गया है 'बीठल', किंतु 'बीह्' का अर्थ होता है 'भय खाना' कबीर ने इस शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया है—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मृतक कूं धरजौं नहीं' मेरा मन 'बीहै'।
बाजै बाव बिकार की, भी मूवा जीवै ॥
(ग्रंथावली, साखी २३)

(१३) डाइन डिंभ सकल जग 'षाधा'।

'षाधा' का शब्दार्थ किया गया है 'नष्ट किया'। 'षाधा' प्राकृत 'षद्ध' है, जिसका अर्थ होता है 'खाया' या 'खाया हुआ'। कबीर ने शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया है।

संसै खाया सकल जग,
संसा किनहु न 'खद्ध'।
जे बेधे गुरु अष्षिरां,
ते संसा चुनि चुनि 'खद्ध' ॥
(ग्रंथावली, साखी १, २२)

(१४) कंपै पीर पैकंबर देव
रिसि कंपै चौरासी 'जेव'।
४४.२

'जेव' का शब्दार्थ 'जितने' किया गया है। किंतु 'जेव' 'एव' का ही प्राकृत रूप है। देखिए 'पाइअ सद्द महण्णवो':

(१५) भगति न आवै तौ तन 'आड़ौ':
कोटि करै तो भगति न छाड़ौ ॥
४६.१

'आड़ौ' का शब्दार्थ किया गया है 'नष्ट करूँगा' हठ करना। किंतु इसके ठीक उलटे 'आड़ना' का अर्थ होता है 'रखना', 'रोकना', 'रक्षा करना'।

(१६) 'बोलिधौं' निर्वाणे पद राम नाम।
ठाली जिभ्या कौणे है काम ॥
५६. टेक

'बोलिधौं' का शब्दार्थ दिया गया है 'बोलूँगा। कहूँगा'। किंतु 'बोलिधौं' में दो शब्द हैं—'बोलि' तथा 'धौं'। 'बोलि' 'बोल' क्रिया का विधि रूप है — 'तू बोले', 'धौं' ब्रजभाषा का चिरपरिचित अव्यय है।

(१७) आंधिलै केसरि 'सूकडि' समसरि
बाल गोविंदहिं पौलि रचूं।
पहली बासं भुवंगम लीन्ही
जूंठणि मैला कांइ करूं ॥ ६१.१

'सूकड़ि' का शब्दार्थ (म०) 'मिट्टी का एक पात्र, सुगड' किया गया है, किंतु यह 'शुक्ल चंदन' का पर्याय है, चंदन की ही वासना भुजंग ने लेकर उसे जूठा कर रखा है, 'केसर' से तो भुजंग का कोई संबंध होता नहीं है। शब्द का इतिहास कदाचित् है : सूकड—सुक+डा=शुक्ल (चंदन)। 'समसरि' का अर्थ है बराबर बराबर मात्रा में। अतः पहले चरण का अर्थ होगा 'केसर और शुक्ल (श्वेत) चंदन बराबर बराबर लाकर बालगोविंद के (मस्तक पर) तिलक लगाने की सामग्री निर्मित करता हूँ।'

(१८) भीतरि मैला 'धूतिग' फिरै
क्यूं उतरै भव पार ॥ ६४. टेक

'धूतिग' का शब्दार्थ 'गंदा' किया गया है। किंतु 'धूतिग' कदाचित् 'धाव्' धातु से है जो प्राकृत में 'धुअ' या 'धुव' हो जाती है और अर्थ होगा 'धोया हुआ'। चरण का आशय होगा 'जो (ऊपर से) धोया हुआ फिर रहा है और भीतर से मैला है, वह भव के पार कैसे उतर सकता है?'

(१९) सींगी जटा त्रिभूति लगावै।
'संबर' सिध कहावै है ॥ ६४.२

'संबर' का शब्दार्थ किया गया है 'म० सौ० बार'। यह 'संबर' संभवतः 'सेंवर-सेमल-शाल्मली' है। शाल्मली का वृक्ष फूलने पर अपने वर्णसौंदर्य में अद्वितीय होता है। 'सेमल सिद्ध' से तात्पर्य इसी प्रकार की 'रंगी हुई वेश भूषा के सिद्ध' से है।

(२०) देवा नदणी को तनमन
'बाँसा' बरता माँहि रे।

'बाँसाँ' का शब्दार्थ किया गया है 'बसता है, रहता है'। 'बाँसा' संज्ञा है और 'बास-वास' का बहु० है जिसके साथ 'माँहि' विभक्ति उसी प्रकार लगी हुई है जैसे 'बरताँ' बरत-व्रत के बहु० के साथ। इस 'वास' का आशय तीर्थादि में 'वास' है, प्रयाग में माघ में एक मास

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तक जो 'वास' किया जाता है वह कलपवास कहलाता है।

(२१) मृग पेत बिभूका देखै।
सैचकि मैचकि पेखै॥
निकट गया सुधि पाई।
'अडवा थै' कहा डराई॥ ७२.२

'अडवाथै' का शब्दार्थ 'व्यर्थ में' किया गया है। 'थैं' तो 'तें' 'से' है ही, 'अडवा' है 'अद्व्व-अद्रव्य = अवस्तु, वस्तु का अभाव'। खेत में जो बिभूका (धोख) खड़ा किया जाता है वह इसी प्रकार का 'अद्रव्य' होता है।

(२२) 'महणारंभ' होत घट भीतरि।
रवि ससि नेत बिलोके॥ ७२.२

'महणारंभ' का शब्दार्थ 'नाद' किया गया है। यह है 'मथनारंभ = मथन का वृहत् आयोजन'। यथाः

नीर होइ तर ऊपर सोई।
'महनारंभ' समुंद जल होई॥
(पद्मावत १५९.५)

धरती डोली कूरंभ खरभरा।
'महनारंभ' समुंद मह परा॥
(वही, ४६९.३)

(२३) मनसा को दरस परस।
गुरु थैं 'गम' होई॥ ७७.२

'गम' का शब्दार्थ 'संतोष, शांति' किया गया है, यह 'गम' अरबी 'गम' नहीं है, 'गति' के अर्थ में प्रयुक्त सं० की 'गम्' धातु से व्युत्पन्न है।

(२४)सजीवन सूरि सोई'नटारंभ'संगि गाई।
राम नाम बिन नाहीं आन उपाई॥
८६.२

'नटारंभ' का शब्दार्थ किया है 'सृष्टि के आरंभ का नट' — आशय कदाचित् ईश्वर से है। 'नटारंभ' है 'नाटारंभ = नृत्य अथवा अभिनय का वृहत् आयोजन'।[१]

पहले चरण का अर्थ होगा 'वही संजीवनी मूल है। इसलिये उसका गान नृत्य का विशाल आयोजन करके सोत्साह कीजिए।

(२५) जल सींचें करि जतन 'प्रवालै'।
आंब बबूल न फलही रे नर॥९२, टेक

प्रथम चरण का अर्थ किया गया है। 'यत्न करके मूँगे के पानी से सींचे'। 'मूँगे का पानी' कोई होता नहीं है। 'प्रवालय्' कदाचित् है 'प्रपालय्' = पालना, पालन पोषण करना। आशय होगा 'बबूल को जल से सींचा जाए और यत्न करके पाला पोसा जाए तो भी वह आम नहीं फल सकता है।'

(२६) आव कलंदर केसवा।
धरि 'अबदालव' भेष बावा॥
६४ टेक

'अबदालव' का शब्दार्थ किया गया है 'साधु या फकीर जैसा', किंतु 'अबदालव' है अवदालिय—अवदालित = विकसित, विजृंभित' (दे० पाइय सद्द महण्णवो)

(२७) अबला को बल कहा गुंसाई।
परतषि 'जाइ न पेली'॥६६, टेक

'जाइ न पेली' का शब्दार्थ किया गया है 'सही नहीं जाती है'। 'पेलना' है 'प्रेरय् = ठेलना, हटाना।

आएउँ तात बचन मैं पेली।—मानस
यह सिद्धांत अपेल।—मानस

अतः 'जाइ न पेली' का अर्थ होगा' हटाई या मिटाई नहीं जा सकती है'।

---

१. 'पुरातन-प्रबंध-संग्रह' (भारतीय विद्याभवन से प्रकाशित) के 'पृथ्वीराज प्रबंध' में पृथ्वीराजि के एक घोड़े का नाम 'नाटारंभ' बताया गया है जो रणवाद्यों को सुनकर नाचने लगता था और जिसके नृत्य में पृथ्वीराज को युद्ध का स्मरण नहीं रहता था। (पृ० ८७)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(२८) जिन कूँ तुम 'हरिकारी' कीन्हीं।
विधा और न्हीं व्यापी ॥६६,२

हरिकारी' का शब्दार्थ किया गया है 'ओषधि, दवा'। 'हरि'—'हड़' है 'काठ की बेड़ी (दे० पाइअ सद्द महाण्णवो), इसलिये हरिकारी करने का अर्थ होगा 'बंधन या दासता में डालना।'

(२६) राज सभा मिलि मंत्र उपायो।
बालिक बुधि 'घरोरी' ॥११८, ३

'घरोरी' का शब्दार्थ किया गया है 'गंदगी'। 'घरोरी' है 'घनी', 'सघन'।

(३०) दिवस चारि का 'गोवलि' बासा।
तामे तोहिं क्यों आवे हासा॥
१२२. १

'गोवलि' का शब्दार्थ किया गया हैं 'अरथाई, दोपहर में गायों के ठहरने की जगह'। 'गोवल, है 'गोकुल,। इस 'गोकुल,'से कदाचित् तात्पर्य है 'सुख समृद्धिपूर्ण समाज' से।

(३१) ये बांभण मोंहि सुद्र कहत हैं।
तेरी 'पैज' पिछौड़ी होई हो।
१३१.२

'पैज' का शब्दार्थ किया गय है 'दरवाजा'; 'पेज' है 'प्रतिज्ञा'। यथाः

जानहुँ नहिं कि 'पैज' पिय खाँचौं।
पिता संपथ हौं आजु न बाँचौं॥
(पद्मावत ३३३.४)
'पैज' टेकि तब पंडितन्ह बोला।
झूठा बेद बचन जौं डोला।
(वही, ४४७.५)
तेहि बर भए पैज कै कहा।
झूठ होइ सो देस न रहा॥
(वही, ४४७.७)

अतः उद्धृत चरण का अर्थ होगा 'ये ब्राह्मण जो मुझे शूद्र कहते हैं, इससे तेरी (मानव मात्र को समभाव से उत्पन्न करने और जीवनोपाय देने की) प्रतिज्ञा पिछड़ रही है।'

(३२) नाम भयो मैं सेवग तेरा।
जनमि जनमि हरि 'उरगिला' ॥
१३१.२

'उरगिला' का शब्दार्थ किया गया है 'रक्षा की, बचाया'। किंतु यह है उस 'उरगु—उलगु का भूत काल, जो पद ३८ में भी आया है और जिसके संबंध में ऊपर विचार हो चुका है।

(३३) गगन मंडल म्हारो 'वैपणो' है
साधो भाई बाजै अनहद तूरो ऐ॥
१३५.२

'वैपणो' का शब्दार्थ 'वैठना, वैठकर' किया गया है। किंतु यह 'पेपणों' की भाँति 'प्रेक्षणक' =खेल, तमाशा, नाटक का प्राकृतिक रूप लगता है।

(३४) तोपहि दुगुनी मजूरी देहउँ।
मोकउ 'बेढ़ी' देहु बताई हो॥
१५३.२

'बेढ़ी' का शब्दार्थ 'कारीगर' किया है। 'वेड़' है वेष्ट्=वेष्टन करना, लपेटना' अतः 'वेढ़ी' का अर्थ होगा 'वेष्टन करनेवाला' अर्थात 'छाजन निर्मित करनेवाला।'

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० पुष्पा हजेला

आंचलिक उपन्यास

सन् १९५५ में फणीश्वरनाथ 'रेणु' के 'मैला आँचल' नामक उपन्यास का प्रकाशन हिंदी उपन्यास साहित्य के लिये एक अद्भुत घटना बन गया। लेखक ने उपन्यास की भूमिका में इसको आंचलिक संज्ञा दी थी और उसमें बिहार के पूर्णिया जिले के मेरीगंज नाम के एक गाँव को वहाँ के अनेक पिछड़े हुए ग्रामों का प्रतीक मानकर ग्रामीण जीवन के यथार्थ को, उसके भले और बुरे सभी रंगों में सजीव कर दिया था। प्रयोग तथा उद्देश्य की दृष्टि से 'मैला आँचल' ने हिंदी उपन्यास को एक नवीन दिशा का संकेत किया और 'रेणु' द्वारा प्रयुक्त आंचलिक शब्द को आलोचकों ने इस नवीन दिशा की संज्ञा मान लिया। 'अंचल' शब्द का अर्थ है जनपद अथवा क्षेत्रविशेष और किसी अंचलविशेष के जनजीवन का समग्र चित्रण करना ही आंचलिक उपन्यासों का लक्ष्य है। इनमें किसी विशेष अंचल की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक वैभव, सामाजिक एवं आर्थिक ढाँचों, राजनीतिक हलचलों, वहाँ रहनेवालों के जीवन की समता, विषमता, आशा, निराशा आदि का छोटे छोटे विवरणों के साथ ऐसा चित्रण किया जाता है कि वह अंचल अपनी भेदक विशेषताओं में प्रत्यक्ष हो उठता है। विषय की दृष्टि से हिंदी के उपन्यासों को जिस प्रकार सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक आदि कोटियों में वर्गीकृत किया गया है ठीक उसी प्रकार अंचलविशेष की कथा के आधार पर उपन्यास का आंचलिक वर्गीकरण स्वीकार किया गया।

अंचल शब्द अंग्रेजी के रीजन शब्द का पर्याय है। इंगलैंड में सर्वप्रथम टामस हार्डी और आर्नल्ड बैनेट ने अपने अपने उपन्यासों में क्रमशः वेसेक्स और स्टैफोर्डशायर अंचलों के जनजीवन का यथातथ्य एवं बिंबात्मक चित्रण किया था। इन दोनों ने अपने अपने अंचलों में जीवनयापन करनेवालों की प्रकृति का सूक्ष्मातिसूक्ष्म अध्ययन किया था और उनके चरित्रों को यथार्थ एवं विश्वसनीय बनाने के हेतु उनकी क्षेत्रीय बोलियों, उनके रीति रिवाजों, अंधविश्वासों आदि का सजीव चित्रण किया था। हार्डी के उपन्यासों में तो अंचल एक पात्र बन गया है। चित्रण की उपर्युक्त विश्वसनीयता के कारण ही हार्डी के उपन्यास आज तक लोकप्रिय हैं। बाद में यूरोपीय और अमेरिकी साहित्य से इस कोटि की अनेक रचनाएँ आईं। मार्क ट्वेन के उपन्यास अपने अपने अंचल की संस्कृति के जीते जागते इतिहास हैं। उनके लाइफ आन मिसीसिपी उपन्यास में मिसीसिपी नदी घाटी की निवासी आदिम जातियों के जीवनचित्रण में वहाँ के आंचलिक शब्दों का खुलकर प्रयोग किया गया है और वहाँ की भौगोलिक स्थिति का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसी प्रकार औद्योगिक केंद्रों, नगरों प्रदेशों और वर्गों को लेकर अमरीकी उपन्यासकारों ने प्रचुर आंचलिक उपन्यास लिखे। किंतु हिंदी उपन्यास में आंचलिकता की प्रवृत्ति को पाश्चात्य साहित्य का प्रभाव नहीं कहा जा सकता। आंचलिकता की प्रवृत्ति हिंदी साहित्य की मौलिक प्रवृत्ति है। इसका प्रादुर्भाव प्रेमचंद के पूर्व ही हिंदी साहित्य में हो चुका था परंतु इतने घनीभूत रूप में नहीं जितना स्वतंत्रताप्राप्ति के उपरांतवाले दशक के उत्तरार्ध में हुआ। आंचलिकता का आंदोलन वस्तुतः प्रगतिवादी आंदोलन का अंग था, जिसकी माँग थी कि जनजीवन एवं जनपदीय भाषाओं को महत्व दिया जाय। जनवादी विचारधारा के तीव्र प्रसार के फलस्वरूप प्रेमचंद और उनके युग के उपन्यासकारों ने आज से तीन दशक पूर्व ही साहित्य को कल्पना और रोमांस से दूर करके यथार्थ की भूमि पर प्रतिष्ठित कर दिया था। परंतु प्रेमचंद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शिवपूजन सहाय अथवा वृंदावनलाल वर्मा प्रभृति उपन्यासकारों के उपन्यासों में स्थानीय रंगत और क्षेत्रीय भाषा के संस्पर्श केवल सामाजिक एवं ऐतिहासिक यथार्थ को उभारने के साधन ही हैं, जनपदविशेष के बहुरंगी व्यावहारिक जीवन के उद्घाटन के प्रयास नहीं। प्रेमचंद के ग्रामजीवन को लेकर लिखे गए उपन्यासों में आदर्शवाद का मोह बराबर बना रहा है। इस प्रकार के उपन्यासों की विषय वस्तु और कथाकल्प में एक पुरानापन भी था जिससे ऊबकर सामाजिक यथार्थ के विशिष्ट रूप को चित्रित करने और अनेक मानवीय संवेदनाओं को प्रत्यक्ष करने के लिये प्रायोगिक नव्यता के साथ आंचलिक उपन्यास लिखे गए। एक प्रकार से आंचलिक उपन्यास प्रेमचंद की ही परंपरा के परवर्ती विकास हैं जो स्वतंत्रताप्राप्ति के बाद की परिस्थितियों में पूर्णतः पल्लवित हुए। आंचलिकता प्रेमचंद के कथासाहित्य में आ तो गई थी परंतु उनके व्यापक उद्देश्य, युग प्रतिनिधित्व और कथानक की सूत्रबद्धता में वह पूर्णतः पल्लवित नहीं हो पाई थी। उसका वास्तविक पल्लवन नागार्जुन के 'बलचनमा' एवं रेणु के 'मैला आँचल' उपन्यासों के प्रकाशन के बाद हुआ।

रेणु के मैला आँचल के पूर्व ही अनेक ऐसे उपन्यास प्रकाशित हो चुके थे जो आंचलिक संज्ञा से अभिहित न किए जाकर भी आंचलिक ही थे जैसे शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र' का 'बहती गंगा,' 'निराला' का 'बिल्लेसुर बकरिहा' और नागार्जुन के 'बलचनमा' और 'बाबा बटेसरनाथ'। निराला ने आंचलिकता का माध्यम अपनाकर प्रेमचंद के आदर्शवाद के विरुद्ध ग्रामीण जीवन और जनजीवन की दुर्बलता को उभारा है। नागार्जुन ने अपने उपन्यासों में मिथिला का अंचल साकार कर दिया है। परंतु फणीश्वरनाथ रेणु के 'मैला आँचल, और 'परती परिकथा' ये दो उपन्यास आंचलिक शब्द के वास्तविक अर्थों में आंचलिक हैं। इनके उपन्यासों में पूर्णिया अंचल के बहुविध यथार्थ अविकल बिंबात्मक चित्रण को लेकर आलोचना जगत में उठ खड़ी होनेवाली चर्चाओं एवं परिचर्चाओं ने अनेक लेखकों को इस दिशा में बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रत्येक लेखक ने अपने चिरपरिचित अंचल का यथातथ्य चित्र उरेहने का प्रयास किया और फलस्वरूप देश के अनेक चीन्हें अनचिन्हे विशिष्ट अंचल अपनी भाषा, वेश भूषा, धर्म, जीवन, समाज, संस्कृति, आर्थिक एवं राजनीतिक जागरण आदि के प्रश्नों को लेकर हमारी संवेदनाओं के भागी बने। वस्तु और शैली की नवीनता भी संमुख आई। नई पीढ़ी के अनेक तरुण कलाकारों ने इस कोटि की रचनाएँ प्रस्तुत कर हिंदी के उपन्यास अंग को पर्याप्त समृद्धि प्रदान की। उपरिनिर्दिष्ट उपन्यासकारों के अतिरिक्त उदयशंकर भट्ट कृत 'सागर लहरें और मनुष्य' तथा 'लोक परलोक', देवेंद्र सत्यार्थी कृत 'दूधगाछ' एवं 'ब्रह्मपुत्र', भैरवप्रसाद कृत 'गंगा मय्या' बलभद्र ठाकुर कृत 'आदित्यनाथ' शैलेश मटियानी कृत 'चिट्ठी रसैन' एवं 'हौलदार' राजेन्द्र अवस्थी तृषित कृत 'जंगल के फूल' और 'सूरज किरण की छाँव' रांगेय राघव कृत 'कब तक पुकारूँ' अमृत लाल नागर कृत 'बूंद और समुद्र' तथा 'सेठ बाँके लाल' आदि ने हिंदी उपन्यास साहित्य की श्रीवृद्धि करके इस भ्रमपूर्ण नारे को कि उपन्यास में गतिरोध आ गया है, समाप्त कर दिया। आंचलिकता की प्रवृत्ति वस्तुतः सामाजिक चेतना की एक अत्यंत स्वस्थ प्रवृत्ति सिद्ध हुई है।

किंतु यह भी सत्य है कि आंचलिक नाम से प्रस्तुत किए जानेवाले सभी उपन्यास आंचलिक शब्द के यथार्थ अर्थ में आंचलिक नहीं हैं। ऐसा आंचलिक शब्द के अनावश्यक अर्थविस्तार की चेष्टा के कारण है। सामान्यतः आंचलिक उपन्यास हम उनको कहते हैं जिनमें अपरिचित भूमिखंडों एवं अज्ञात जातियों के जीवन का वैविध्यपूर्ण चित्रण हो। असभ्य और पिछड़ी हुई आदिम जातियों के जीवन में नैसर्गिक प्राणशक्ति का बाहुल्य होता है, जिसे आंचलिक उपन्यास का आधार बनाया जा सकता है, परंतु यह कहना ठीक नहीं कि आंचलिक उपन्यासकार एक पिछड़े अंचल या आदिवासियों के प्रदेश को ही अपनी रचना का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आधार बनाए । आरंभ में प्रस्तुत सफल आंचलिक उपन्यासों में क्योंकि ग्रामजीवन को ही आधार बनाया गया था, अतः यह भ्रांति अवश्य उत्पन्न हो गई है कि आंचलिक उपन्यास केवल ग्रामीण जीवन पर ही आधारित हों और वहीं की संस्कृति का चित्रण करें; परंतु उपलब्ध आंचलिक उपन्यास परंपरा में प्राप्त वैविध्य से, जिसमें नगर के जीवन को लेकर भी ऐसे प्रयास हुए हैं, यह निष्कर्ष सहज ही निकल आता है कि आंचलिक उपन्यास किसी भी अंचल की समग्रता को भी आधार बना सकता है और किसी जातिविशेष के जीवन को भी। अंचल एक ग्राम भी हो सकता है, एक नगर भी। किसी बड़े नगर का एक मुहल्ला भी और इन सबसे दूर कोई एकांत पर्वतीय उपत्यका भी। रेणु के दोनों उपन्यास यदि ग्रामीण अंचल का चित्रण करते हैं, अमृतलाल नागर का 'बूँद और समुद्र' नगर का। रांगेय राघव का 'कबतक पुकारूँ' यदि नटों के जीवन का अंकन करता है तो उदयशंकर भट्ट ने 'सागर, लहरें और मनुष्य' में मछुओं के जीवन का चित्रण किया है। इस प्रकार आंचलिक उपन्यासों में गृहीत अंचल विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। फिर भी आंचलिक शब्द के अर्थविस्तार पर सतर्क दृष्टि रखना आवश्यक है। प्रेमचंद और वृंदावनलाल वर्मा के उपन्यासों को आंचलिक उपन्यासों की कोटि में गिनने से आंचलिकता का अभिप्राय ही लुप्त हो जाता है। इनकी रचनाओं में सार्वभौमता है, आंचलिकता मात्र नहीं। इनमें आंचलिकता एक क्षुद्र साधन है, स्वयं में एक साध्य नहीं।

आंचलिकता की इस प्रवृत्ति ने प्रेमचंदोत्तर काल के हिंदी उपन्यास साहित्य में दृष्टिगोचर होनेवाली दो प्रबल धाराओं के मध्य एक सेतु बनाने का कार्य किया। प्रथम धारा थी प्रेमचंद की ही परंपरा को नए रूपविधान एवं शिल्प देकर देशकाल के योग्य बनाने की और द्वितीय थी व्यक्ति की सत्ता को सर्वोपरि मानकर उसे साहित्य में प्रतिष्ठित करने के प्रयत्न की। आंचलिकता की इस नई धारा ने प्रेमचंदयुग की पिछड़ी हुई परंपराओं को त्यागकर व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता की प्रतिष्ठा से उत्पन्न विनाशकारी तत्वों के विरुद्ध नए युग की नई चेतना और नए मूल्यों को ईमानदारी के साथ प्रस्तुत करने की चेष्टा की है। आधुनिक कथा साहित्य में मनोवैज्ञानिकता के प्रबल आग्रह ने व्यक्ति के मानस के आलोड़न विलोडन, अवसाद और कुंठाओं के नीरस चित्र यहाँ से वहाँ तक भरकर संवेदनात्मक रसानुभूति को सुखा सा दिया था। चेतना और उपचेतना की इन भूल भुलय्यों में भटककर थके हुए पाठकों को आंचलिक उपन्यास में मानवता के सहज और सरस स्पंदनों में सुरक्षा का आभास सा हुआ। नवीनता या अछूतेपन की माँग को आंचलिक उपन्यासों ने पूरा किया, साथ ही उनके मूल में आज के वैज्ञानिक युग की एक अन्य देन भी वर्तमान है — वह है अणुवीक्षणीयता के दृष्टिकोण की। सामान्य के स्थान पर विशेष के प्रति आग्रह की प्रवृत्ति आज अंचल को उसकी सभी भेदक विशेषताओं में प्रत्यक्ष कर लेना चाहती है। समग्र मानव जीवन पर ऊपर से नीचे तक दृष्टि डाल लेने के उपरांत अब उसके प्रत्येक अंग का अलग अलग वैज्ञानिक निरीक्षण अनिवार्य लगने लगा है और आंचलिक उपन्यास इसी दृष्टि का परिणाम है। इस प्रवृत्ति का विश्लेषण करते हुए श्री रामरतन भटनागर का कथन द्रष्टव्य है — 'विश्लेषण के इस युग में जीवन की विराट् संवेदना अथवा संश्लेषणात्मक जीवनबोध देना असंभव हो गया है। विज्ञान ने हमारे शिल्प को ही विघटित नहीं किया है हमारी सहज दृष्टि को भी विश्लेषण के बोझ से दबा दिया है। तथ्य को ही हम सत्य मानने लगे हैं। इसलिये आज अखंड जीवनदृष्टि का अभाव है। आधुनिक उपन्यास में खंड जीवन का आग्रह विशेष है जो आंचलिक उपन्यासों, रिपोर्ताजों, स्केचों आदि आणविक मनोलेखों में द्रष्टव्य है।'[1]

राष्ट्रीय चेतना की जागृति ने भी इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहन दिया है। आत्मान्वेषण एवं

---

१. हिंदी उपन्यास : सिद्धांत और विवेचन, पृष्ठ ६०–६१.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्मपरीक्षण की प्रवृत्ति ने हमारा ध्यान उस लोकसाहित्य की ओर आकृष्ट किया जिसमें मौखिक परंपरा का प्रत्येक रूप आ जाता है। लोककथाएँ, लोकगीत, लोकोक्तियाँ, बुझौवल, टोने टोटके, मंत्रोच्चार, लोकवार्ता, लोकोत्सव आदि अलग अलग तो विशेष अध्ययन का विषय बने ही, साथ ही इन तमाम लोकोपकरणों का प्रयोग लोकजीवन की समग्रता की अभिव्यक्ति के लिये आंचलिक उपन्यासों में किया गया। स्वतंत्रताप्राप्ति के अनंतर समाजवादी चेतना ने भी जब जब निम्न वर्ग के उत्थान का प्रश्न उठाया तब तब राष्ट्र के विभिन्न प्रांतों के विभिन्न अंचलों में बिखरी हुई संस्कृति को सँजोने की दिशा में आंचलिक उपन्यासों ने पर्याप्त योग दिया है। देश की वास्तविक स्वतंत्रता वस्तुतः अंचलों की जाग्रति पर निर्भर है। यह जनपदीय भाषाओं के आंदोलन से आगे की स्थिति है। स्थानीय भाषा का प्रयोग यद्यपि ऐतिहासिक उपन्यासों में आज से बहुत पहले ही हो चुका था, तथापि अब लोकजीवन के प्रत्येक पार्श्व का चित्रण प्रमुख हो गया। इस दृष्टि से आंचलिक उपन्यास हमारे सांस्कृतिक उपादान सिद्ध होते हैं। श्री रामरतन भटनागर की दृष्टि में प्रेमचंद के बाद उपन्यास अपने स्वस्थ और संतुलित क्लासिकल दृष्टिकोण को पीछे छोड़कर जिन रोमांस की भूमियों को अपना चुका है। आंचलिकता भी उनमें से एक है। यह मानव की उस दृष्टि का विकास है जो अनेकरूपता में मानव जीवन का आभास पाना चाहती है।

आंचलिक उपन्यासों के विषय और उद्देश्य के विवेचन के उपरांत उसके स्वरूप का प्रश्न उठता है। उपन्यास होने के नाते आंचलिक उपन्यासों के मानदंड भी उपन्यास के ही मानदंड होते हैं। अंतर केवल इन उपन्यासों की अंचलकेंद्रित दृष्टि का है जो अंचल को ही उपन्यास के सभी तत्वों का दृष्टिकेंद्र बना देती है।

आंचलिक उपन्यास में कथा के संगठन का आधार कथानक, पात्र अथवा उद्देश्यविशेष न होकर एक विशिष्ट भूभाग होता है, अतः कथानक अंचलकेंद्रित होता है। कथा का आरंभ और अंत भी जनपद विशेष के चित्रण से ही किया जाता है। श्री जैनेंद्र के शब्दों में आंचलिक प्रवृत्ति वह दृष्टि है जिसके केंद्र में कोई पात्र या चरित्र उतना नहीं जितना वह भूभाग स्वयं है। अतः अंचल की रूपरेखा को उभारने के लिये वर्णनात्मकता का विशेष महत्व होता है और कथाविकास की दृष्टि से अनुपयोगी दृश्य का भी समावेश कर दिया जाता है। वर्णनात्मकता की स्थिरता कथा की गतिशीलता को मंथर कर देती है। इसमें अंचल विशेष का व्यवस्थित और गहन अध्ययन प्रस्तुत किया जाता है, फलस्वरूप उपन्यासकार को अपने कथाक्षेत्र की एक एक इंच भूमि से अभिज्ञता का विश्वास दिलाना पड़ता है। उसे अपनी आँखों देखे परखे तथा अनुभूत जीवन का चित्रण करना पड़ता है तभी वह अपने निर्दिष्ट अंचल के व्यावहारिक जीवन की वास्तविकता का विश्वास दिला सकता है।

वर्णनात्मकता का यही आग्रह आंचलिक उपन्यास में नायक की अवतरणा नहीं होने देता। नायकशून्यता आंचलिक उपन्यासों की एक विशेषता कही जा सकती है, यद्यपि कुछ आंचलिक उपन्यासों में उसे (नायक को) खोजा जा सकता है। अंचलकेंद्रित कथानक के आस पास पात्रों की एक भीड़ उपस्थित कर दी जाती है। क्योंकि कथा व्यक्तिविशेष की न होकर संपूर्ण अंचल की होती है, अतः इन बहुसंख्यक पात्रों की अपनी अपनी कहानी होती है। विभिन्न पात्रों की अलग अलग विशेषताएँ मिलकर अंचल के सामूहिक चरित्र को प्रदर्शित करती हैं। इनमें से अनेक पात्र वर्गगत होते हैं और उनके चरित्र की स्थानीय विशेषताओं पर प्रकाश डाला जाता है। इनके व्यक्तिगत चरित्र का अध्ययन भी आंचलीय परिस्थितियों से उनके योगदान को प्रधानता देते हुए किया जाता है। यदि किसी एक पात्र को प्रधानता मिलती भी है तो अंचल से उसका तादात्म्य दिखाने के निमित्त ही। वस्तुतः इन उपन्यासों में अंचल स्वयं एक वैशिष्ट्यवान् नायक बन जाता है और इस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशिष्ट पात्र के बाह्य रंग रूप का चित्रण और उसकी आंतरिक चेतना को उभारकर रखना ही लेखक का लक्ष्य बन जाता है। फलस्वरूप एक ओर तो वह अंचल की भौगोलिक स्थिति, उसकी प्राकृतिक विभूतियों, बाधाओं आदि का यथातथ्य चित्रण करके उसके बहिरंग का मानचित्र प्रस्तुत करता है, तो दूसरी ओर वहाँ के वासियों के सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विचारों और उनकी परंपराओं का अंकन करके उस अंचल की आंतरिक चेतना को निरूपित करता है।

देशकाल का उपयोग भी इन उपन्यासों में अन्य उपन्यासों की भाँति कथा और पात्रों को वास्तविकता प्रदान करने के लिये केवल पृष्ठभूमि रूप में नहीं किया जाता, अपितु उसे प्रमुखता दी जाती है। अंचल का वैशिष्ट्य उसकी स्थानीय रंगत में ही है और इस स्थानीय रंगत के वातावरण को यथार्थ और सजीव बनाने के लिये लेखक लोक-उपादानों का पर्याप्त प्रयोग करता है। लोककथाएँ, लोकगीत कथाएँ, लोकगीत, लोक पहेलियाँ, कहावतें, लोकपर्व, लोकभाषा आदि मिलकर लोकजीवन की समग्रता का वातावरण प्रस्तुत कर देती हैं। इसे उभारने में सबसे अधिक योग रहता है स्थानीय बोली और लोकोच्चारणों का, जो सामान्य कथन को भी अंचल का वैशिष्ट्य प्रदान कर देते हैं। स्थानीय रंगत की प्रगाढ़ता ही एक अंचल से दूसरे अंचल के प्रभेद की स्थापना करती है।

आंचलिक उपन्यासों की भाषा केवल भाषा ही न होकर वातावरण भी बन जाती है। वातावरण-विधान के निमित्त आंचलिकता का समावेश हिंदी के अन्य उपन्यासों में भी किया गया है, परंतु आंचलिक उपन्यासों में स्थानीय बोलियों और शब्दों का खुलकर प्रयोग किया जाता है, पात्रों के वार्तालाप में तो संपूर्णतः आंचलिक भाषा का प्रयोग कराया ही जाता है. कुछ उपन्यासों में उपन्यासकारों की भाषा में भी जनपदीय शब्दों का बाहुल्य है, जिनमें से कुछ के अर्थ लेखक दे देता है कुछ के नहीं देता। इस प्रकार की भाषा का प्रयोग लेखक के अपने अंचल से घनिष्ठ संबंध की प्रतीति अवश्य कराता है और यथार्थता को बढ़ाता है, परंतु उसमें क्लिष्टता भी आ जाती है। बहुत से शब्द ऐसे होते हैं जो अपने टेढ़ेपन के कारण प्रसंग से भी स्पष्ट नहीं हो पाते और उनके कारण संप्रेषणक्षमता में व्याघात पहुँचता है। किंतु यह भी सत्य है कि आंचलिक बोलियों, उच्चारणों एवं ध्वनियों का चित्रण पाठक को उस अंचल में विचरण की सी अनुभूति कराने में भी सफल हो जाता है।

आंचलिक उपन्यास शैली के क्षेत्र में भी एक नवीनता लेकर आए। किसी ठोस कथानक के अभाव को तथा कथासूत्रों की विच्छिन्नता के दोष को शैलीपक्ष द्वारा ढकने की कोशिश की गई। संस्मरण शैली, डायरी शैली, आत्मकथा शैली, रिपोर्ताज और अनेक कथासूत्रों की शैली में शिल्प के नए प्रयोग किए गए हैं। उपन्यासकार के लिये अब अनिवार्य मानी जानेवाली तटस्थता इन उपन्यासों की विशेषता है। इसी निर्वैयक्तिकता के कारण ये उपन्यास प्रेमचंद के उपन्यासों से अलग उभरकर आ सके हैं। लेखक तटस्थ रहता है और अंचल की कथा अंचलीय पात्रों के दृष्टिकोण से ही कही जाती है। चित्रण से ही उद्देश्य की व्यंजना कर दी जाती है। तटस्थता से तात्पर्य दृष्टिराहित्य से नहीं, कलात्मक व्यंजना से है।

आंचलिक उपन्यासकार विशिष्ट अंचल तक अपने को सीमित अवश्य रखता है पर जहाँ तक जीवन के भौतिक पहलुओं के चित्रण का संबंध है, वह किसी परिमिति के अंतर्गत कार्य नहीं करता। मनुष्य की जितनी भी सार्वभौम एवं सर्वजनीन समस्याएँ हो सकती हैं उनका चित्रण आंचलिक उपन्यासों में विशद रूप से किया जाता है और उनमें किसी न किसी चिरंतन सत्य का प्रतिपादन अवश्य किया जा सकता है।

सब मिलाकर उपन्यासकार जनजीवन को अधिक तटस्थ और यथार्थवादी ढंग से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चित्रित करने का प्रयत्न करता है। आंचलिक प्रवृत्ति जनजीवन को तटस्थ दृष्टि से देखने की प्रबल आकांक्षा का ही परिणाम है और इनके माध्यम से हिंदी उपन्यास को एक नई सक्रियता और उत्साह मिला है।

परंतु ये विशेषताएँ होते हुए भी इनमें अनेक ऐसी कमियाँ भी हैं जो इन आंचलिक उपन्यासों की उपलब्धियों के आगे प्रश्नचिह्न लगा देती हैं। सबसे अधिक विचारणीय है इनमें किसी सुनिश्चित कथाधारा का अभाव, वर्णनात्मकता का आधिक्य और नायक की अनुपस्थिति। इनके बिना न तो पाठक के ऊपर कोई समन्वित प्रभाव पड़ता है और न लेखक का कथ्य पाठक तक पहुँच पाता है। उपन्यासकार छोटे छोटे विवरणों को प्रस्तुत करने में इतना रत हो जाता है कि पाठक इन्हें पढ़ते पढ़ते ऊब जाता है फलस्वरूप उपन्यास के कलेवर में अनावश्यक विस्तार आ जाता है। अंचल की संस्कृति को समग्र रूप से प्रस्तुत करने की धुन में कथासंगठन की उपेक्षा भी चिंतनीय है। उपन्यासकार का इष्ट कथानक और उसमें भी मानवीय संवेदना, होना चाहिए। ठोस कथानक भले ही गौण हो, परंतु मानवीय संवेदना का विस्तार उपन्यासकार का लक्ष्य होना चाहिए। नवीन तथा विविध जीवनखंडों को लेखक अपनी कला से उभारे, परंतु वैचित्र्य सर्जना मात्र उसका लक्ष्य न बन जाय। पिछड़ी हुई जातियों की संस्कृति को भारतीय संस्कृति की धरोहर बनाकर उसे पिछड़ेपन से चिपका न रहने दें अपितु उनको पिछड़ेपन से उबारने के संकेत भी प्रस्तुत करें। तब कहीं ये उपन्यास विभिन्न अंचलों में बिखरी हुई हमारी संस्कृति का एकीकरण कर सकते हैं और उनमें उपलब्ध समान तत्वों, समान विचारों और समान प्रश्नों की खोज कर उन्हें हमारे स्वाधीन देश की अमूल्य थाती बना सकते हैं। अनजाने मनुष्यों के भीतर जानी पहचानी मनुष्यता का बोध कराने में ही इन उपन्यासों की सार्थकता है।

आंचलिक उपन्यासों की भाषा का प्रश्न भी अत्यंत विवादास्पद है। विवाद इस बात को लेकर है कि उनमें आंचलिक भाषा का प्रयोग किस सीमा तक किया जाय? किसी भी कृति का मूल्य उसकी सरसता और सुबोधता पर निर्भर होता है, विशेषतः कथासाहित्य में तो कथासूत्र की सरसता में व्याघात पहुँचानेवाला हर तत्व बाधक ही माना जाएगा चाहे वह भाषा संबंधी हो अथवा बोली संबंधी। यह ठीक है कि आंचलिक उपन्यासों ने बड़े सुंदर शब्द हिंदी को दिए हैं, जो न केवल अपने अर्थों में, अपितु ध्वनियों में भी आकर्षक लगकर हिंदी की अनुपम निधि बन गए हैं। परंतु यह देखना होगा कि इन उपन्यासों की भाषा अंचलविशेष के बाहर भी क्या इतनी ही लोकप्रियता प्राप्त कर सकेगी जितनी अंचल से अभिज्ञ पाठकों में उसे मिली है। आंचलिक भाषा में जिस अनगढ़पन और अटपटेपन की आपत्ति हिंदीवाले प्रायः उठाते हैं उसकी अति को मर्यादित करना चाहिए। जहाँ तक हो इस अटपटेपन को टाला जाय और अर्थ की गंभीरता तथा ध्वनिसौंदर्य से युक्त सुबोध आंचलिक शब्दों, लोकोक्तियों और मुहावरों की अवहेलना न की जाय। प्रेमचंद के उपन्यासों की भाँति भाषा में आंचलिकता का आभास मात्र भी न हो और उसका घटाटोप भी नहीं। किसी मध्यम मार्ग का अवलंबन निश्चय ही हिंदी के शब्दभांडार को भरेगा और देश की भावात्मक एकता में योग देगा।

इसी अतिवाद से देशकाल के चित्रण में बचना चाहिए। स्थानीय रंग की प्रगाढ़ता ऐसी न हो कि उपन्यास उपन्यास न रहकर भूगोल बन जाए। आंचलिकता हमारा जीवनदर्शन बनकर राष्ट्रीय चेतना में विसंवादी स्वर न बनने लग जाए। इसी प्रकार किसी भी शैली का अवलंबन करते समय रोचकता और जीवन की संवेदना की अभिव्यंजना की कसौटियों पर उसे अवश्य कस लेना चाहिए। निराला से लेकर रेणु तक आंचलिक उपन्यासलेखन में अनेक शैलियों का उपयोग हुआ है। उपयुक्त मात्रा में एवं औचित्य का ध्यान रखते हुए उन सभी शैलियों का उपयोग संभव है। बचना उस एकरसता से है जो किसी भी शैली के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आत्यंतिक प्रयोग से उपन्यास की रोचकता में क्षति पहुँचाए।

यह भी ठीक है कि आंचलिक उपन्यासों में मनुष्य की विविध आंतरिक अनुभूतियों एवं जीवन की विविध दार्शनिक समस्याओं से उलझना नितांत आवश्यक नहीं, किन्हीं नीति-सिद्धांतों का खंडन मंडन करना या नए मानव-मूल्यों का अन्वेषण करना आवश्यक नहीं है; परंतु किसी एक अंचल के जीवनस्पंदन का पर्यवेक्षण तटस्थ दृष्टि से कर देना मात्र भी आंचलिक उपन्यासकार का कर्तव्य नहीं है। साहित्य की लोकप्रियता लोकमंगल की आधार-शिला पर अवस्थित होती है। मतवाद से उसे बचना चाहिए और अंचल के यथार्थ को भी एक संभावित स्थिति तक ही मुखरित करना चाहिए। साथ ही नवीन के निर्माण और अवांछनीय के ध्वंस के लिये जनता को तैयार करना इन उपन्यासों का लक्ष्य होना चाहिए।

इन त्रुटियों के परिहार की दिशा में सतर्क रहने पर आंचलिक उपन्यास निश्चय ही कथा-साहित्य की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होंगे। सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता लाने में इनका योग स्तुत्य है ही; भाषा, शिल्प एवं रूपविधान के क्षेत्र में भी इनकी उपलब्धियों को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। ये उपन्यास जनजीवन की पहचान कराने में अत्यधिक उपयोगी सिद्ध हुये हैं और इस क्षेत्र में असीम संभावनाएँ हैं। हिंदी उपन्यास की इस विकासशील परंपरा का भविष्य अत्यंत उज्ज्वल प्रतीत होता है।

जोधराज : हम्मीररासो के रचयिता या परिष्कारक ?

मूलचंद 'प्राणेश'

इतिहासविश्रुत शरणागतपाल रणथंभौराधिपति चौहान हम्मीरदेव के समुज्वल चरित को आधार बनाकर कवि जोधराज ने १८८५ वि० में 'हम्मीररासो'[1] की रचना की। हम्मीररासो के समालोचक श्रीतोमर ने उक्त रचना को चंदकृत पृथ्वीराज रासो तथा तुलसीकृत रामचरितमानस से प्रभावित बताया है;[2] परंतु रासोकार जोधराज ने अपनी कृति में कहीं भी ऐसा उल्लेख नहीं किया है, वलिक नीमराणा के चौहान वंशीय राजा चंद्रभान की जिज्ञासा के पूर्त्यर्थ 'हम्मीररासो'

१. सं० श्री श्यामसुंदरदास बी. ए., काशी नागरीप्रचारिणी सभा से प्रकाशित।
२. श्री तोमर, हिंदी वीर काव्य, पृ० ५१–५२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की रचना का उल्लेख करते हुए अपनी कृति की सर्वथा मौलिक सिद्ध करने का प्रयत्न किया है।[३] तत्कालीन कविसमाज तथा अपने आश्रयदाता को उक्त कृति के माध्यम से आकर्षित करके जोधराज ने प्रचुर मान एवं धन की प्राप्ति के साथ साथ अयाची पद प्राप्त कर लिया था;[४] परंतु अभी अभी कवि महेश कृत 'हम्मीररासो' की उपलब्धि ने जोधराज के छद्म कविस्वरूप को छिन्न कर दिया है। महेशकृत हम्मीररासो से तुलना करने पर जोधराज कृत हम्मीररासो उसका रूपांतर मात्र प्रतीत होता है। जिसको जोधराज ने धन एवं पदलोलुपता के वशीभूत होकर अपने नाम से प्रसिद्ध करने का प्रयत्न किया है।

महेशकृत हम्मीररासो की दो त्रुटित प्रतियाँ श्री अभय जैन ग्रंथालय में तथा इस ग्रंथ की अन्य पूर्ण प्रतियाँ जोधपुर, जयपुर के भंडारों में उपलब्ध हैं। 'हम्मीरायण' के संपादक श्रीनाहटा इसे अपने ग्रंथ के परिशिष्ट में देना चाहते थे, पर अत्यधिक पाठभेद होने के कारण अन्य उपलब्ध प्रतियों के साथ स्वतंत्र संपादन[६] कार्य उचित समझकर प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक को सौंपा गया। महेशदासकृत उक्त 'रासो' का पाठ संपादित करते समय जोधराज कृत 'रासो' के पाठ में साम्य प्रतीत होने लगा। दोनों ग्रंथों का तुलनात्मक अध्ययन करने पर उपर्यंकित तथ्य प्रकट हुआ।

यद्यपि महेश कृत हम्मीररासो में रचनाकाल का उल्लेख नहीं है, फिर भी हम्मीररासो की उपलब्ध प्रतियों में एक प्रति में लिपिकर्ता ने — मिति आसोज सुदि ३ सं० १८२३ वि० प्रतिलिपिकाल दिया है, जिससे सिद्ध होता है कि जोधराज (रचनाकाल १८८५) से ६२ वर्ष पूर्व तक महेशदासकृत रासो का पर्याप्त मात्रा में प्रचार था। उपलब्ध प्रतियों के पाठभेदों को देखते हुए इस रचना का रचनाकाल अनुमानतः अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध का कोई वर्ष होना चाहिए।

३. नृप अेक समय दरबार माँहि, रासो हम्मीर कहि सुन्यो माहिं।
नृप प्रसन्न करिय यह उभै बात, सब कहो वंस उत्पति सु तात।
अरु कहो साहि हम्मीर बैर, किहिं भाँति कंक बड्ढ्यो सु फेर।
तब कही प्रथम ग्रह कल्प आदि, जल सेष सैन जब है अनादि।

—हम्मीररासो, छं० सं० १२–१४

४. सुनत राव हम्मीर जस, प्रीति सहित नृप चंद।
मनसा बाचा कर्मना, हरे जोध के द्वंद॥
\+ \+ \+
नृप करी कृपा तिहि पर अपार, धन धरा बाजि गृह बसन सार।
दिन अनेक सतकार भूरि, सब भाँति अयाची कियो सूरि।

—वही, छं० सं० ११–१२

५. श्रीभँवरलाल नाहटा — श्रीसादूल रिसर्च इंस्टीच्यूट, बीकानेर से प्रकाशित।
६. श्रीभँवरलाल नाहटा, हम्मीरायण, पृ० १२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधराज का हम्मीररासो महेशकृत हम्मीररासो का रूपांतर मात्र है। केवल धन एवं पद की लालसा से जोधराज ने कतिपय घटनाओं एवं छंदों को परिष्कृत करके अपने नाम से प्रचारित किया ज्ञात होता है। महेशकृत हम्मीररासो केवल ३२४ छंदों की लघुकाय रचना है। इसमें सबसे अधिक चौपाई (चार चरणोंवाली) छंद का प्रयोग हुआ है। दोहा तथा नेश्रक्खरी छंद का यत्र तत्र प्रयोग मिलता है। इसी प्रकार बचनिका एवं वार्ता का प्रयोग भी हुआ है। जोधराज ने अपने काव्य में कतिपय दोहे एवं बचनिकाओं को तो हूबहू स्वीकार कर लिया है एवं चौपाई छंदों के स्थान पर उन्हीं चार पदों को लेते हुए 'छप्पय' बना दिया है या फिर कहीं कहीं भावविस्तार करने लिये अन्य स्वतंत्र छंदों की योजना कर डाली है जैसा कि निम्नलिखित कतिपय उद्धरणों से स्पष्ट है।

महेश—

रनतभँवर रिखि पदम उगर तप तेज कराई
यंद्रासन डगमगे सुरपति संक्या खाई
यंद्र सहेत सब देवता दे सराप कहि येह
बरस सहस लौं पदम रिखि रहो श्राप की देह।[७]

जोधराज—

श्यात भँवर ऋषि पद्म उग्र तप तेज कराए
इंद्रासन डिगमिगिय देवपति संका खाए
तब कामादिक बोल सक्र ऋषि पास पठाए
करो बिघ्न तब जाय भंग परकाज नसाए
तब चल्यव मार निज सेन जुत ऋतु वसंत प्रगटिय तुरत
बह त्रिबिध पवन अद्भुत महा करहिं गान रंभा सुरति[८]।

जोधराज ने ऋषि के तपभंग का आधार लेकर ऋतुवर्णन करके रासो का विस्तार किया है[९]। महेशकृत रासो में एक भी छंद ऋतु-संबंधी नहीं है।

महेश—

समय येक पतिसाहि सिकार खेलन बन जाई
जिती साहि की हरम सकल बन में भरमाई
हुरम साहिके संगि सुतो बम गई भुलाई
लिखिया लेख नसीब का मिले ज महिमा साहि[१०]।

७. महेश, हम्मीरासो, छं० सं० २१।
८. जोधराज, हम्मीररासो, छं० सं ६६।
९. वि० दे० जोधराज कृत ह० रा०, छं० सं० १०० – १७१।
१०. महेश, ह० रा०, छं० सं० २७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जोधराज ने इसी भाव को विस्तार देकर सैन्य वर्णन आदि से युक्त कर दिया है तथा शेख एवं हुरम के वार्तालाप को उपदेशप्रधान बनाने का भी प्रयत्न किया है।[11]

महेश—

> अैसे गंध वसि कूरम भया भई मीर मति मंद।
> सेर मारि करि सेख रह्यो साहिकी हुरम संग[12]॥

जोधराज ने 'सेर मारि करि सेख' भाव को विस्तार देकर शिकार वर्णन तथा मूषक की कथा को लेकर हास्य वर्णन भी प्रस्तुत किया है। मूषक वाली लोककथा राजस्थान में बहुत प्रचलित है जिसका उपयोग कवि ने किया है।[13]

कवि महेश के रासो में सर्वत्र चार चरणवाले छंद का प्रयोग है जिसमें दो चरण रोला के तथा दो उल्लाला के हैं; पर इन्हीं छंदों को जोधराज ने 'छप्पयों' में बदल दिया है। उदाहरणार्थ दो चार छंद तुलनात्मक अध्ययन के लिये उद्धृत किए जाते हैं—

महेश—

> कहै हमीर सुनि दूति बचन सति असतन भाखौं।
> मोहि बिन अवर न कोय सेस को सरणै राखै॥
> गहु तेग पतिसाहि सौं जुडौं जंग छाडौं न हठ।
> कहियो निसंक यों जायके रह्यो सेख रणथंभगढ़[14]॥

जोधराज—

> कह हमीर सुनि दूत बचन निज असत न भाखौं
> मो बिन और न कोय सेख को सरने राखौं
> गहूं खाग सनमुक्ख दुहूँ अति गर्व सुद्ध दृढ़
> लहै मुक्ति मग सत्य किधौं रणथंभ महा गढ़
> कहियो निसंक पतिसाहि सों सेख सरनि हम्मीर किय
> सासान युद्ध जेते कछू सो अनंत दुग्गह जु लिय[15]।

११. वि० दे० जोधराज कृत ह० रा०, छं० सं० १६०–२३१।
१२. महेश ह० रा०, छं० सं० २८।
१३. जोधराज–ह० रा०, छं० सं० २३२—२५२।
१४. महेश—ह० रा०, छं० सं० ४१।
१५. जोधराज—ह० रा०, छं० सं० ३१६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महेश—

सुनि हमीर के बचन दूत दिल्ली दिसि धाया।
करि सलाम साहिकों जोड़ि कर सीस नवाया ॥
उत्तर दखिन पूरब पछिम सबै सेख फिरि थाकियो।
कौल बचन हम्मीर करि वो रणथंभोर गढ राखियो ॥[16]

जोधराज—

सुनि हमीर के बचन दूत दिल्लीय दिस आयव
करि सलाँम कर जोरि साहि कौं सीस नमायव
पूरब दच्छिन देस और पच्छिम दिसि आयव
सबै सेख फिरि थकि, कहूँ काहू न रखायव
तब सेख आय रणथंभ गढ, दीन बचन इम भक्खियो।
सुनि हमीर करुणा सहित, सेख बचन दै रक्खियो।[17]

महेश—

समंद पार गया सेख बार हजरति वो नाहीं।
राव सेख क्यों रखै रहै हजरति की हदमांही ॥
इसे बचन पतिसाहि सौं दूत न कहियो बहोरि फिरि।
नहीं तुझै सुधि वा सेख की तूं खबरदार नहीं बेखबरि ॥[18]

जोधराज—

समदपार गय सेख, बार हजरत वह नाहीं
राव सेख क्यों रखै, बार हजरत घर माहीं
फिर न कहो यह बचन, वृथा कबहू अनजा
दूत साह के बचन सुने सत्कार सुमाने
महरम्मखाँ इम उच्चरै, खबरदार नहिं बेखबरि।
कहिये जु बात निज द्रगन लखि, असी बात नहिं कहो फिरि।[19]

इसी प्रकार महेश के अन्य छंदों को जोधराज ने छप्पयों में बदला है। विस्तारभय से केवल छं० सं० दी जा रही है—

16. महेश—ह० रा०, छं० 46।
17. जोधराज—ह० रा०, छं० 217।
18. महेश—ह० रा०, छं० सं० 47।
19. जोधराज—हम्मी० रा०, छं० सं० 218

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

महेश कृत रासो छंद

४८, ५०, ५१, ५२, ६२, ६३, ७०, ८५, ८६, ८७ ८६, ९० , ९१, ९२, ९४ ९७, १०६, १०७, १०८, १०९, ११०, १३०, १३१, १३४, १३५, १३६, ३४१, १४३-१५१, १५३, १५४, १५६, १७५, १७६, १८२, १८३, २१३, २१४, २१६, २१७, २१८, २१९, २२०, २२१, २२३, २२५, २२६, २२७, २२८, २२९, २३१, २३३, २३४, २३५, २३६, २३९, २४०-२४२, २४५, २४७, २४९, २५०, २६८, २६९, २७०, २८०-२८१, इत्यादि

जोधराज कृत रासो छंद

३२०, ३२४, ३२५-२६, ३२७, ३२८, ३२९, ३३६-३९, ३६४, ३६५, ३६६-६७, ३६८ ३७०, ३६३, ३७१-७२, ४०८, ४०९, ४११, ४१२, ४१३, ४७२, ४७३-७५, ४७६, ४७७, ४७९, ४९२, ४९५-५०३, ५०५, ५०६, ५०७, ५६०, ५६१, ५८७, ५८८-५९०, ६३८-३९, ६४२, ६४३, ६४५, ६४६, ६४७, ६४८, ६५०-६५२, ६५८, ६५९, ६६०, ६६१, ६६२-६६३, ६६४, ६६६, ६७०-६७२, ६७३, ६७४ ६७७-७८, ६७९-६८८, ६९५, ६९७, ७००, ७०१, ८२७, ८२८, ८२९, ८४८, इत्यादि ।

इतना ही नहीं, जोधराज ने भावविशदीकरण में भी पटुता दिखाई है। कवि महेश कृत रासो के मीर महिमाशाह तथा मीर गाभरू के परस्पर वर्तालाप के भाव को जोधराज ने रूपांतरित करके विशदीकरण किया है, यथा —

महेशकृत वर्णन—

तब मीर गाभरू कहै, सार गहे महिमा भाई।
हुकुम धनी का येहु अदलि सिर ऊपरि आई।
मोदिसी साहि अलावदी तुम दिसि राव हमीर।
अपने अपने निमक की ना तजिये तासीर ॥

दोऊ वीर सफ जंग जुरै सार मिलि सनमुख बाहै।
धनि धनि कहै हमीर साहि मुख आप सराहै।
चलतै महिमा बोलिया सुनो अलावदी साहि।
हमतो पहुँचे भिसति में दिली उलटि तुम जाहि ॥[२०]

जोधराज कृत वर्णन—

चौपाई छंद

कहै मीर गाभरू ये बातैं। गहै सार नहिं करिये घातैं ॥
हुकम धनीकै कौ प्रति पालो। आई अदलि सीस पर चालो॥
सुनि गभरू के बचन सुभाए। महिमा फूलि खेत में आये ॥
सनमुख सार सम्हाय सुबढ्ढै, माया मोह त्यागि खग कढ्ढै ॥

२०—महेश—ह० रा०, छं० सं० २७५-२७६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दोहरा छंद

दोऊ बंधु रिसाई कै, लई बाग इमि संग।
उतरि खेत मैं मिलि उभै, कीनौ हरख उमंग॥
मीर गाभरू पायँ परि, हुकुम माँगि कर जोरि॥
स्वामी काज तन खंड़िये, लगै न कबहूँ खोरि॥

हनूफाल छंद

मिलि बंधु दोऊ ध्याय, बहु हरख कीन सुभाय।
अब स्वामी धर्म सुधारि, दोऊ उठै बीर हंकारि॥
असमांन लगिगय सीस, मनौ उभै काल स दीस।
इत कोप महिमा कीन्ह, हम्मीर नौन सु चीह्न॥
उत मीर गाभरू आय, मिलि सेख कै परि पाँय।
कर तेग बेग समाहि, रहे दुहुँ सेल सचाहि॥
कम्माँन लीन सु हत्थ, जनु सार कार सुपत्थ।
धरि स्वामि काज समत्थ, दोऊ उभै जुद्ध सपत्थ॥
दुहुँ दंद जुद्ध सुकीन, मनु जुटै मल्ल नवीन।
तरवारि बज्जिय ताय, मनु लगि ग्रीष्म लाय॥
कटि चरण सीसरु हत्थ, परि लुत्थ जुत्थ सुतत्थ।
घमसाँन थाँन सु धीर, धर धरण खेलत बीर॥
गजराज लुट्टत भुम्मि, बहु तुरंग परत सु झुम्मि।
त्रिव बीर बज्जिय सार, तरवारि बरसहु धार।
दोउ भ्रात सकाँम, जग मैं किये अति नाम।
दोहुँ बीर देखत हूर, चढ़ि गए सुख अति नूर॥
दल दोय दिक्खत बीर, पहुँचे बिहस्त गहीर॥

दोहरा छंद

तिल तिल भे अंग दुहुन कै, हनै बाजि गजराज।
हजरत राव हमीर कै, सबै सँवारे काज॥
मुसलमाँन हिंदवाँन कौं चलै सेख सिर नाय।
चढि बिमान दोऊ तहाँ, बिहस्त पहुँचे जाय॥[21]

21 जोधराज—ह० रा० छं० सं० ८३४-८४८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार जोधराज ने अन्य भी कई स्थानों में भावों का विशदीकरण किया है। फलस्वरूप महेश कृत ३२४ छंदों के रासो का कलेवर बढ़ाकर ९६९ छंदों का कर दिया है। रासो संज्ञक काव्यों के काव्यविस्तार का सबसे अच्छा नमूना इस रचना में उपलब्ध है। हम्मीर रासो की एक शती की अवधि में यदि इतना परिवर्तन परिवर्धन हो सकता है तो सूक्ष्मकाय चंदकृत पृथ्वीराजरासो में चार पाँच शताब्दियों में आकाश पाताल का परिवर्तन हो जाना कोई आश्चर्यजनक घटना नहीं है।

हम्मीररासो के मूल रचयिता महेशदास ने अपनी रचना में पूर्वप्रख्यात कविवर चंद के प्रभाव को स्वीकार किया है। यथा—

> कछु भवानी वर दियौ, कछु अपनी बुध उनमान।
> कछु बचन सुनि चंद के, कवि गुन कर्यो बखानि।[22]

कवि ने अपना तथा अपने आश्रयदाता का कुछ भी परिचय अपनी कृति में नहीं दिया है। संभव है, कवि ने उक्त रचना स्वांतःसुखाय लिखी हो और वह किसी का आश्रित न रहा हो।

कवि महेशदास का उद्देश्य केवल इतिहासविश्रुत वीरवर हम्मीर तथा अलाउद्दीन का यशोगान करना है।[23] जोधराज की तरह अपने आश्रयदाता को प्रसन्न करना नहीं है। तभी 'महेश' की रचना अपने आप में एक उत्कृष्ट रचना बन गई है। इस रचना में कवि ने तत्कालीन समाज में बहुप्रचलित कथा को आधार माना है। यदि इस रचना के सन् संवत् इतिहास से मेल नहीं खाते हैं तो भी इसमें रचयिता का इतना दोष नहीं है जितना आज समझा जा रहा है। रासो काव्य है, इतिहास नहीं, और उन दिनों आज की तरह जनसाधारण में ऐतिहासिक अभिरुचि भी नहीं थी।

जोधराज ने अपने चातुर्य से महेशकृत रासो का लाभ उठाया। जीवितावस्था में प्रचुर धन एवं यश उपलब्ध किया। मरणोपरांत वर्तमान काल के आलोचकों के मिष्ट कटु निर्णय प्राप्त किए, परंतु सत्य को छुपाने का लाख प्रयत्न करने पर भी वह छुप नहीं सकता है। आज जोधराज 'हम्मीररासो' का रचयिता नहीं रहा। हाँ, अलबत्ता जोधराज को हम्मीररासो का परिष्कारक कहा जा सकता है, क्योंकि इन्होंने अपनी कल्पनाशक्ति के योग से महेशकृत रासो को सुंदर से सुंदरतम बनाने का प्रयास किया है। रस, अलंकार भाव, भाषा छंद सभी में कुछ न कुछ नवीनता उत्पन्न करने की चेष्टा की है। 'मौलिक प्रतिभा जोधराज में नहीं थी,'[24] श्री तोमर का यह आलोचनात्मक निर्णय आज प्रत्यक्ष रूप से सिद्ध हो गया है।

*

२२ महेश—ह० रा०, छं० सं० १६

२३— आदि भवानी अंबिका, बरदे सुरसति माय।
अलादीनु हम्मीर के, कहूँ कछु गुन गाय।।—छं० सं० १८

२४. श्री तोमर—हिंदी वीरकाव्य, पृ० २३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राम-काव्य-धारा का एक दुर्लभ बृहत् काव्य

डा० गोपीवल्लभ नेमा

गोस्वामी तुलसीदास जी के पश्चात् राम-चरित् को लेकर अनेक काव्य विरचित हुए। रीतिकालीन मुक्तक प्रवृत्ति के साथ साथ प्रबंध-कारिता के उदाहरणस्वरूप ये काव्य अपना महत्व रखते हैं। इस संदर्भ में 'रामरसामृतसिंधु' (कृपानिवास) प्रबंधकाव्य उल्लेखनीय है। यह रचना ऐसे रचनाकार की है जिसे आचार्य रामचंद्र शुक्ल कल्पित कवि घोषित कर चुके हैं तथा जिसे परवर्ती इतिहासकार स्वीकार कर भी कृतित्व की दृष्टि से नगण्य समझते आए हैं। आज से छह वर्ष पूर्व डा० भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव' एवं डा० भगवतीसिंह द्वारा जिसका संक्षिप्त परिचय ही हिंदी संसार को प्राप्त हो सका है। इस उपेक्षा का प्रमुख कारण था कवि का रामानंदी संप्रदाय की शृंगार धारा से संबद्ध होना। वास्तव में कवि का 'रामरसामृतसिंधु' संप्रदाय से ऊपर उठकर जीवन की मार्मिक अनुभूतियों को हृदयंगम कराने में समर्थ है। क्योंकि संप्रदाय की शृंगारधारा कवि के बहुत पहले ही प्रतिष्ठित हो चुकी थी, इस कारण उसे कल्पना के असीम साम्राज्य में झाँकने का पर्याप्त अवकाश था। अतः 'रामरसामृतसिंधु' 'रामचरितमानस' की भाँति चरितकाव्य न होकर कल्पना प्रधान काव्य है।

रचनाकार एवं रचना का परिचय

'रसिकप्रकाश भक्तमाल' (जीवाराम युगलप्रिया) में कृपानिवास जी का उल्लेख रामसखेजी (रचनाकाल सं० १८०४) के पश्चात् किया गया है। इसकी पुष्टि उनकी 'रासपद्धति' से होती है जो रामसखेजी की इसी नाम की संक्षिप्त रचना का अनुसरण कर भाव एवं कल्पनायोजना की दृष्टि से उससे आगे है। इसी भक्तमाल की टीका में महादेव सिंधिया नरेश की उज्जैन में आपसे भेंट का भी उल्लेख हुआ है। यह नाम महादाजी सिंधिया का ही रूपांतर है जिनका मृत्यु सं० १८४९ है। अतः इस समय तक कृपानिवास जी अपनी रचनाओं के कारण ख्याति प्राप्त कर चुके थे। इस कारण उनका रचनाकाल सं० १८०५ से १८४५ के मध्य है। मिश्रबंधु उनका रचनाकाल अनुमानतः सं० १८४३ मानते हैं। इस निश्चित सं० के विरोध में संप्रदायमान्य 'कृपानिवास जी की रहस्योपासना' ग्रंथ की मान्यता है कि कृपानिवास जी का निधन सं० १८३५ है अतः तथ्यों की एकता की दृष्टि से उनका रचनाकाल सं० १८०५ से १८३५ तक ठहरता है। कृपानिवास जी की उन्नीस रचनाएँ मेरे देखने में आई हैं। इनमें से निम्नांकित सात रचनाएँ काव्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं—

(१) रामरसामृतसिंधु (५) रासपद्धति
(२) प्रार्थनाशतक प्रीतिप्रार्थना (६) रहस्योपास्य
(३) युगलमाधुरी प्रकाश (७) वसंतविहार
(४) लगन पचीसी

लगनपचीसी और रासपद्धति बहुत पूर्व ही प्रकाशित हो चुकी हैं। प्रीतिप्रार्थना का प्रकाशन गत वर्ष ही 'भारतीय साहित्य' में इन पंक्तियों के लेखक द्वारा हुआ है। शेष सब हस्तलिखित हैं। 'रामरसामृतसिंधु' की एक प्रति उज्जैन में, एक छतरपुर में तथा दो अयोध्या में उपलब्ध है। छतरपुरवाली प्रति का प्रतिलिपिकाल सं० १९५२, हनुमत्निवास, अयोध्या की प्रति का सं० १९४६ और उज्जैन के कृपानिवास मंदिर की प्रति का सं० १८४३ है। हनुमत्निवास की प्रति की पत्रसंख्या १९५, आकार १३·५"+६·५" एवं अनुष्टुप छंद सं० ११९९२ है। ग्रंथ की भाषा अवधी है।

इस ग्रंथ में श्रीराम का जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक का वर्णन किया गया है। इसका प्रधान उद्देश्य श्रीराम की दिव्य-प्रेम-भावना का निरूपण करना है। इस निरूपण में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि ने अपनी कल्पनाशक्ति का भी सम्यक् प्रयोग किया है। मुख्य कथा में संमिलित ऐसे प्रसंगों में से कतिपय इस प्रकार हैं—

(१) श्रीजानकी का श्रीराम को शुकी द्वारा प्रणयपत्रिका भिजवाना एवं योग-माया द्वारा श्रीराम-जानकी-मिलन एवं रास तथा स्वस्थानगमन।

(२) विश्वामित्र ऋषि को राम-प्राप्ति-हेतु दिव्य प्रेरणा होना।

(३) पुष्पवाटिका-मिलन के पश्चात् श्रीराम-जानकी का संकेत स्थल पर मिलन।

(४) धनुर्भंग के पश्चात् श्रीराम एवं लक्ष्मण द्वारा विवाह कार्य में बाधक राजाओं का दलन।

(५) वनवास-वर-प्रसंग के स्थान पर श्रीराम, सीता एवं लक्ष्मण का वनविहार के लिये चित्रकूट को प्रस्थान।

उपर्युक्त प्रसंगों में से प्रथम तीन सीताराम प्रणय की पीठिका उपस्थित करते हैं। इनके कारण उनके प्रेम के क्रमिक विकास की व्यंजना हुई है जिससे शेष कथा अधिक भावमय एवं सशक्त बन गई है। चौथा प्रसंग श्रीराम के वीरत्व का परिचायक है। जनकपुर-वासी उनके सौकुमार्य एवं शील पर तो मुग्ध थे ही परंतु उन्हें इस प्रसंग द्वारा श्रीराम की अकल्पनीय तेजस्विता के भी दर्शन हुए। अतः श्रीराम के अद्भुत नायकत्व के प्रतिपादन में इस प्रसंग का विशेष महत्व है।

पाँचवें प्रसंग की योजना द्वारा कवि ने कैकेयी महारानी को कलंकित होने से बचा लिया है। कवि ने राम की वनविहारेच्छा को वनवास का कारण बताया है। यद्यपि ऐसा करने से कथा की ऐतिहासिकता का विरोध हुआ है। परंतु आनंदवादी भावना को ध्यान में रखते हुए यह घटना आपत्तिकर नहीं है। ध्वन्या-चार्य श्री आनंदवर्धन ने इतिवृत्त की अपेक्षा मूल भावनानुकूल कथासंघटना पर बल दिया है।[२]

रसयोजना—

इस काव्य में बीभत्स और भयानक रसों को आनंदवादी भावना के कारण स्थान नहीं दिया गया है। वात्सल्य, शृंगार और वीर काव्य के मुख्य रस हैं। संसार की नश्वरता के परिचय के लिये अत्यंत प्रासंगिक रूप में शांत एवं करुण को स्थान दिया गया है। वात्सल्य का का परिपाक विशेषतः हनुमान के साथ बालक राम की क्रीड़ा में परिलक्षित है—

कबहिं नचावै हँसि किलकावै।
मोदक कर कौतुकं ललचावै॥
करि शृंगार प्यार वर प्यारे।
जकि रहे तकि रहे संकित वारे॥३

शृंगार रस तो काव्य का मूल आधार ही है। उसमें पूर्वराग, संयोग और विप्रलंभ के मौलिक चित्रों का भावपूर्ण अंकन किया गया है। प्रेम के प्रथम वर्णन से ही रास का वातावरण उसका अभिन्न अंग हो जाता है। यहाँ रास को दिव्य-चेतना-बोध के लिये इतने अनिवार्य रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह दिव्य चेतन पूर्व से ही जड़ चेतन में बीजवत् विद्यमान है। केवल आदर्श प्रेमी राम के सांनिध्य से उसमें भावमयता आ जाती है। संचारी, अनुभाव और हाव को मूर्तिमान करने की क्षमता रास की अपनी विशेषता है। इस कारण उसे आनंद-वादी कवि ने रामचरित्र के साथ विशेषतः सांकेतिक दृष्टि से जोड़ दिया है।

इससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण कवि का सजीव प्रेमांकन है। पूर्वराग की स्थिति में एक दिन व्याकुल होकर सीता अपने हृदयहार को शुकी द्वारा प्रणयपत्रिका भेजती हैं। पत्रिका की निम्न पंक्तियाँ देखिए—

प्रीति रावरी आनि मोहिं
करी बावरी प्रान।
बेगि भाँवरी जोरि प्रिय
तोरि दाँवरी कान॥४

यह प्रेम उभयपक्षीय है। श्रीराम की भी यही स्थिति है—

सिय दृग - कमल रुक्यो मन मधुकर॥
किधौं चंद्रमुख लग चकोर वर॥
प्रीति फाँस फँस सुमन बटोई।
जार जार गलि के खगि सोई॥५॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विवाह के पश्चात् भी यह आकर्षण बना रहता है। रूपासक्ति की भावना रूपजल से तृप्ति नहीं मानती। रति और सौंदर्य का अद्वय भाव यहाँ भी देखने को मिलता है। अतः विप्रलंभ केवल मान एवं मानांतर्गत श्रीराम के अदृश्य होने के प्रभाव तक सीमित है। यह वियोगानुभव जानकी-प्रेम-प्रसंग में न होकर सुरकन्याओं के साथ रास के प्रसंग में वर्णित है। रावण द्वारा छाया जानकी के हरण के कारण वहाँ भी वियोग पूर्णतः उपस्थित नहीं है।

रामरसामृत में वीर रस के भी प्रसंग उपलब्ध हैं। उदाहरणार्थ जब धनुषभंग करने पर भी क्रूर एवं दुष्ट नरेश सीता को बलपूर्वक छीन लेना चाहते हैं और एकत्र होकर श्रीराम-लक्ष्मण को ललकारते हैं तो रंगभूमि युद्धभूमि में परिणत हो जाती है। निम्न पंक्तियों में राजाओं का युद्धोत्साह चित्रित किया गया है—

वाहन चढ़ि सब साज समाजा।
अस्त्र सस्त्र धरि ठाढ़े राजा॥
सेना सहित निसान बजाये।
धुज पताक अगनित फहराये।
+ + +
मार मार धर रव सब करहीं।
वायू भइ रोगी जनु मरहीं॥[६]

प्रकृति का रसमय रूप –

प्रस्तुत ग्रंथ में प्रकृति के उद्दीपनकारी रूप का प्रायः वर्णन हुआ है। रास की जो प्रकृति सजीव हो शृंगार चेष्टा सी करती प्रतीत होती है वही अन्तर्ध्यान लीला में दंशकारक प्रतीत होती है। शीतल मलयानिल सर्प के निश्वास सा शरीर को दग्ध करता है।[७] काव्यसौष्ठव की दृष्टि से प्रकृति के आलंकारिक वर्णन की ओर भी कवि सचेष्ट रहा है। एक उदाहरण देखिए—

पूरण चंद चाँदनी धाई।
मनु दशरथ की रति सुभ्राई॥
प्रसर मरीचि दिशा दस मंडित।
मनु स्यामा कुच कुंकुम रंजित॥
कर पीयूष कन पुहुमी पोषी।
नाह नेह नव लाजनु तोषी॥
दमकै सलिल धरा प्रतिबिंबित।
मुकुर लसै रति मुख जनु चुंबित॥
विकसे कल कमोद सरिता सर।
नाह निरखि जनु नेही दृगवर॥[८]

उपासना तत्व—

भजनमहिमा, सखी भाव-महिमा, अवध-महात्म्य आदि के वर्णन भी काव्य में यत्र तत्र स्थान पा गए हैं। विभीषण की राज्यप्राप्ति के पश्चात् इस ओर कवि की विशेष प्रवृत्ति दिखाई देती है। संभवतः वह आनंदभावना के साधना पक्ष को भी समान महत्व देने के लिये इन्हें अंत तक प्रतिपादित करता है।

अंततः रामरसामृतसिंधु के आनंदवादी दृष्टिकोण की सीमाओं के होते हुए भी यह स्वीकार करना पड़ता है कि रीतिकालीन हिंदी साहित्य में यह स्वस्थ्य एवं आध्यात्मिक प्रेरणा का वाहक है।

*

संदर्भ

१. मिश्रबंधु विनोद, पृ० ७६८।

२. इतिवृत्तवशायातां त्यक्त्वाऽननुगुणां स्थितिम्।
उत्प्रेक्ष्याप्यंतराभीष्ट – रसोचित – कथोन्नयः
– ध्वन्यालोक, ३।११।

३. रामरसामृतसिंधु, पत्रसंख्या—४५ (प्रथम प्रवाह)

४. वही, पत्रसंख्या — ७२ (प्रथम प्रवाह)

५. ” ” — ७१ (प्रथम प्रवाह)।

६. ” ” — ५६ (तृतीय प्रवाह)।

७. ” ” — १० (द्वितीय प्रवाह)।

८. ” ” — ३४ (प्रथम प्रवाह)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साँया झुला कृत नागदमण

डॉ० अंबाशंकर नागर

चारण कवि साँया झुला कृत नागदमण पवाडा काव्य है। कवि ने मंगलाचरण में कहा है—

पौवाडौ पन्नगां तणों जदुपति कीनो जाय

गुजराती और मराठी भाषाओं में इस काव्यरूप का विशेष प्रचलन है। पवाड़ा शब्द संस्कृत प्रवाद, प्रा०पोइड़ से व्युत्पन्न प्रतीत होता है। इन काव्यों में ओजस्वी शैली में वीरों के आक्रमणों का वर्णन स्तवन रहता है। जनकवि जगनिक कृत आल्हा भी एक तरह से पवाड़ा ही है। प्राचीन पवाडों में राव लूणकरण रो पवडी, असाइत कृत हंसवच्छचरित पवाडो, संवत १४७१ तथा हीराणंद सूरि कृत विद्याविलास पवाडो (संवत १४८५) मुख्य हैं।

नागदमण काव्यपरंपरा

कृष्ण की लीलाओं में नागदमण, नागलीला, कालियादहलीला अथवा कमललीला का विशिष्ट महत्व है। इसका वर्णन भागवतपुराण, विष्णु पुराण, पद्मपुराण, हरिवंशपुराण एवं ब्रह्मवैवर्त पुराण में भी प्राप्त होता है। इन विभिन्न सूत्रों से प्राप्त कृष्णजीवन के इस प्रसंग को हिंदी तथा गुजराती के कवियों ने अपने अपने दृष्टिकोण से ग्रहण करके अभिव्यक्त किया है।

हिंदी (ब्रजभाषा) में इस परंपरा का प्रारंभ सूरदास की कालियदमन लीला से होता है।[1] लोककंठ में समाया हुआ सूर का एक पद अवलोकनीय है—

तांडव गति मुंडन पर निर्तत बनमाली।
पंपंपं पग पटकत फंफंफं फनन ऊपर। बिंबिंबिं बिनती करत नागवधू आली।
संसंसं सनकादिक नंनंनं नारदादि। गंगंगं गंधर्व सभी देत ताली।
सूरदास प्रभु की बानी किंकिंकिं किंहू न जानी। चंचंचं चरण धरत अभय भयो काली।

सूरदास के समकालीन गुजराती कवि नरसी मेहता ने भी इस लीला का संक्षिप्त किंतु हृदयस्पर्शी वर्णन किया है। शताब्दियाँ व्यतीत हो जाने पर भी नरसीकृत नागदमण गुजरात के लोककंठ में समाया हुआ है।

१. देखिए—सूरसागर, ना० प्र० सभा, पृ० ४४० से ४६१।
२. देखिए—रागरत्नाकर, भक्तचिंतामणि, प्रथम भाग, पृ० ४१, कालीदमन-लीला, पद १२६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नरसी मेहता के पश्चात् अनेक वैष्णव कवियों ने 'नागदमण' विषय पर गुजराती में काव्य रचे हैं। कवि श्री दयाराम ने सूरदासकृत कालियदमनलीला का पद्यानुवाद किया है।[1] जिससे इस प्रसंग की लोकप्रियता पर अच्छा प्रकाश पड़ता है।

कविपरिचय

चारण कवि श्री साँया झूला का जन्म संवत् १६६२ में ईडर राज्यांतर्गत लीलछा नामक ग्राम के चारण श्री स्वामीदास के यहाँ हुआ था और स्वर्गवास संवत १७०३ में हुआ था। बाल्यकाल से ही ये बड़े प्रतिभासंपन्न एवं प्रत्युत्पन्न मतिवाले थे। भगवद्भक्ति में भी प्रारंभ से ही इनकी रुचि थी। बड़े होने पर इन सद्वृत्तियों का समुचित विकास हुआ और ये चारण समाज में समादृत हुए। इनके आश्रयदाताओं में दानवीर वीरमदेव जी और कल्याणमल जी का नाम उल्लेखनीय है। इनके गुरु का नाम गोविंददास था।[2]

कवि श्री साँया झूला विरचित दो ग्रंथ उपलब्ध हैं एक रुक्मणीहरण और दूसरा नागदमण। ऐसा प्रसिद्ध है कि पृथ्वीराजकृत वेलीकृष्णरुक्मणीरी और साँया झूला के रुक्मणीहरण दोनों को सुनकर अकबर ने कहा था, पृथ्वीराज की वेली को साँया का हरण चर गया। इस उक्ति की प्रामाणिकता एवं सत्यता के संबंध में कुछ न कहकर हम इतना ही कहेंगे कि साँयाकृत रुक्मणीहरण भावसौंदर्य एवं भाषावैभव की दृष्टि से एक सुंदर रचना है। इसमें कृष्ण द्वारा रुक्मिणी का हरण वर्णित है। शकुन, संगीत, ज्योतिष आदि शास्त्रों की जानकारी से लेखक ने लोकप्रचलित कथा को एक नया रूप प्रदान किया है। अंगी रस वीर है। रसानुकूल पदयोजना एवं भावानुकूल भाषा के द्वारा कवि ने मार्मिक प्रसंगों का हृदयग्राही चित्रण किया है।

कृतिपरिचय

कवि का दूसरा ग्रंथ नागदमण है। जो अत्यंत लोकप्रिय एवं कलात्मक है। साँया-झूला की प्रसिद्धि का आधार भी यही ग्रंथ है। इस ग्रंथ में ४ दोहे, १२५ भुजंगप्रयात और एक छप्पय, इस प्रकार कुल १३० छंद हैं। पूरा ग्रंथ एक सूत्र में गुंफित है। इस दृष्टि से देखने पर यह काव्य सुगठित लघु प्रबंध प्रतीत होता है, जिसमें मार्मिक प्रसंगों का संवादात्मक शैली में बहुत ही सुंदर एवं स्वाभाविक चित्रण हुआ है। काव्य की सबसे बड़ी विशिष्टता चित्रोपमता है। कवि जिस वस्तु, व्यक्ति, दृश्य अथवा प्रसंग को लेता है उसका हूबहू चित्र आँखों के सामने खिंच जाता है। उदाहरणार्थ कृष्ण का गायों को वन की ओर लेकर जाना, श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिये गोपियों की विह्वलता, कृष्ण का सौंदर्यवर्णन, कालियनाग की विकरालता एवं क्रूरता, कृष्ण की कोमलता एवं कमनीयता, नागरानियों को कृष्ण की सीख, द्वंद्व-युद्ध-वर्णन आदि प्रसंग बहुत ही प्रभावोत्पादक हैं।

१. प्राचीन काव्यमाला, भाग १३, पृ० १ से २६।
२. नागदमण पद नं० १२४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कथासार

यशोदा श्रीकृष्ण को जगाती है। प्रेम से जिमाकर गोचारण के लिये भेजती है। मार्ग में गोपियाँ आ आकर अपनी गायों को श्रीकृष्ण के सपुर्द करती हैं। कुछ उनकी रूपमाधुरी का पान करने के लिये चौराहों पर खड़ी हैं। कुछ अटारियों एवं झरोखों से झुककर झांक रही हैं। झुकने के कारण उनकी माँग का सिंदूर गिरकर श्रीकृष्ण के मार्ग को रागरंजित कर रहा है। कृष्ण यमुना तट पर पहुँचकर गोपवृंद के साथ गेंद खेलते हैं। गेंद कालियदह में गिर पड़ती है जिसे निकालने के लिये वे तुरंत कूद पड़ते हैं। यह देखकर गोपवृंद घबरा जाते हैं। कृष्ण के माता पिता तथा समस्त ब्रजवासी सूचना पाकर वहाँ दौड़ आते हैं और कृष्ण से लौट आने की प्रार्थना करते हैं पर कृष्ण नहीं लौटते। वे गहरे पानी में पैठकर नागरानियों के पास पहुँच जाते हैं। वे श्रीकृष्ण के अमल स्वरूप पर मुग्ध हो जाती हैं और उन्हें समझा बुझाकर लौटाना चाहती हैं पर श्रीकृष्ण नहीं मानते। नागरानियाँ अंत में नाग को जगाती हैं। दोनों में भयंकर युद्ध होता है। धरती धूजती है, पवन वेग से चलने लगता है। सारा वातावरण आतंकित हो जाता है। अंततोगत्वा कृष्ण विजयी होते हैं। वे नाग को नाथ लेते हैं और उसके फन पर नृत्य करते हैं। नागरानियों की प्रार्थना स्वीकार करके वे नाग को जीवनदान देते हैं। ब्रजवासियों की प्रसन्नता का पार नहीं रहता। अप्सरा ये सुमन बरसाते हैं। यह देखकर कंस चकित रह जाता है।

इस कथासार से यह स्पष्ट हो जाता है कि साँया झूला ने परंपरागत कथा में अपनी सूझबूझ के अनुसार थोड़ा परिवर्तन किया है। जिन प्रसंगों में उनका मन रमा है उनका उन्होंने सविस्तार वर्णन किया है, शेष का उल्लेख मात्र कर दिया है। श्रीकृष्ण के कालीदह में कूद पड़ने पर ग्वालबालों तथा नगरवासियों में जो खलबली मची उसका प्रभावपूर्ण वर्णन देखिए—

जदूनाथ काली सभी बाथ जोडे,
घणी सांम चाली चडी वात छोडे,
उभा गाय गोवाल सूरंत ओंर,
हहाकार हक्कार संसार सारे ॥ १५ ॥

सुणे बात आघात माता सनेही,
जशोदा ढली कदली खंभ जेही,
सबाहे सखी लार हाली सयाणी,
रहावी विन्नाले थकी नंद राणी ॥ १६ ॥

तबे नंदरी नारि आहीर टोले,
खडे आपडे हेक हेका खलोले।
जुवे जोषिता जुथथ मेली जसूदा,
बपैयो हुई कानहो मेघ बूंदा ॥ १७ ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वहू लोचने नीर धारा बहंती,
कनैयो कनैयो जसोदा कहंती।
कालिंदी तणे आइ लोटंत कांठे
गयो जाणी चिंतामणी रंक गठे ॥ १८ ॥

श्रीकृष्ण के जिस मनोमुग्धकारी रूप को देखकर नागरानियाँ मोहित हो गईं उसका वर्णन भी द्रष्टव्य है—

इखे नाशिका सग्ग दीपक्ख एरी।
कली चंप जाणे लली लंप केरी ॥
नवे नेह दीरग्घ पंकज्ज नेत्रे।
सुभा मीन खंजन्न मृग्गी सवेत्रे ॥ २६ ॥

इस रूप को देखकर नागरानियाँ कहती हैं—अरे तू यहाँ कहाँ से आ गया, यहाँ क्या काम है? क्या तू रास्ता भूलकर सप के घर आ गया है? हाय हाय, आज यह बकरी बाघ की गुफा मे कहाँ से चली आई—

कठा हूंत आयो अठे काज केहा
अहा भूलियो बापरा साप गेहा
× × ×
महा काल काली न को बाल माने
पड़ी बोकरी आज हा काल पाने ॥ ३६ ॥

नागरानियाँ बहुत समझाती हैं, डराती हैं, पर कृष्ण विचलित नहीं होते। वे कहते है—मैं कबसे प्रतीक्षा में हूँ, कहाँ है नाग? बुलाओ, जगाओ, हारना जीतना तो कर्तार के हाथ हैं, पर जरा हमारा द्वंद्वयुद्ध तो देखो—

कहक्का खडा बाहरं नाग काछे
अमा नागणी पत्तरां झूझ आछे।
बुलाडो जगाडो जुओ जुद्ध बाथे
हार्‌या जीतिआँ वात कर्तार हाथे ॥ ४१ ॥

नागरानियाँ नाग को जगाती हैं। भयंकर द्वंद्वयुद्ध होता है। इस युद्ध का वर्णन कवि ने बहुत ही ओजस्वी शब्दों में किया है। इस वर्णन में भावसौंदर्य के साथ साथ भाषावैभव एवं नाद-सौंदर्य भी देखने योग्य है। केवल सिद्धहस्त कवियों से ही इस प्रकार की विलक्षण शब्द-योजना की आशा की जा सकती है—

तिसी तंत ताती बजी ताल तालो
मँड्या आव औरं भियों बन्नमाली।
तताथै तताथै तताथैं सतानं
उरं अंतये अंजयं सुक्ख नानं ॥११०॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गिड्यो गिड्ड थो गिड्ड गाजे
काली नाचियो उपरे नित्त काली,
वली रंभ नाटारंभ अंक वाली ॥ १११ ॥

छंदयोजना, अलंकारयोजना एवं रसनिरूपण की दृष्टि से भी यह काव्य एक सुंदर एवं सरस रचना है।

भाषाविवेचन —

नागदमण की भाषा डिंगल है। १७वीं शती की साहित्यिक डिंगल का यह अच्छा उदाहरण है। डा० टेसीटरी ने डिंगल को अनियमित, गँवारू तथा साहित्यशास्त्र का अनुसरण न करनेवाली भाषा कहा था। इस ग्रंथ की भाषा का अवलोकन करने से डिंगल के संबंध में फैलाई गई भ्रांतियों का सहज ही निराकरण हो जाता है। डिंगल का जो स्वरूप इस ग्रंथ में उपलब्ध है वह नियमित, शिष्ट एवं साहित्य-शास्त्र-संमत है।

कवि ने डिंगल भाषा के बहुप्रयुक्त छंद भुजंगप्रयात में इस काव्य की रचना की है। यह छंद डिंगल कवियों का प्रिय छंद है। यद्यपि डिंगल कवियों ने वर्णवृत्तों में से मदाक्रांता शार्दूलविक्रीडित, उक्तादाम आदि छंदों का प्रयोग किया है तथापि उनका सर्वाधिक प्रिय छंद गति के वैशिष्ट्य के कारण भुजंगप्रयात ही रहा है। साँया जी ने इस छंद का उचित प्रयोग एवं निर्वाह तो इस रचना में प्रारंभ से अंत तक किया ही है, साथ ही वयण सगाई से विभूषित करके छंद के गतिसौंदर्य के साथ नादसौंदर्य का भी समावेश कर दिया है। सारे ग्रंथ में वयण सगाई का निर्वाह सिद्धहस्त कवियों के द्वारा ही संभव हो सकता है, क्योंकि इसके लिये भाषा, छंद और अलंकार तीनों पर समान रूप से प्रभुत्व अपेक्षित रहता है। छंदयोजना और वयण सगाई के कुछ उदाहरण देखिए —

विहाणे नवे नाथ जागो वहेला,
हुवा दोहिवा धेन गोवाल हेला।
जगड़े जशोदा जदूनाथ जागो,
भहीं माट घूमे नवे निद्धि मागो ॥ १ ॥

उपर्युक्त छंद के प्रत्येक चरण में प्रथम तथा अंतिम शब्द का प्रारंभ एक ही वर्ण से होता है। साधारण दृष्टि से इसे अनुप्रास अलंकार का एक भेद कहा जा सकता है, पर इस वर्णमैत्री को डिंगल कवियों ने वयण सगाई कहा है तथा उसका प्रयोग डिंगल-काव्य-रचना में अनिवार्य माना है। साँया जी ने १२५ छंदों के नागदमण काव्य में प्रारंभ से अंत तक इस नियम का पालन किया है।

वयण सगाई के अतिरिक्त काव्य में उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक आदि सादृश्यमूलक अलंकारों का प्रयोग भी बहुत ही सुंदर एवं सुचारु रूप से किया गया है।

जैसा, ऊपर कहा जा चुका है, प्रस्तुत काव्य की भाषा साहित्यिक डिंगल है, जिसमें जूनी गुजराती का प्रभाव भी पर्याप्त मात्रा में है, किंतु गुजराती के इस प्रभाव से भाषागत सौंदर्य की वृद्धि ही हुई है। गुजराती संज्ञाएँ, क्रियाएँ एवं विभक्तियाँ जहाँ कहीं प्रयुक्त हैं वहाँ बहुत ही उचित एवं भावाभिव्यंजक हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शब्दों की तोड़फोड़ डिंगल के कवियों की सामान्य प्रवृत्ति है। इस काव्य को भी इस प्रवृत्ति का अपवाद नहीं कहा जा सकता। छंदयोजना, वयण सगाई एवं अनुप्रास के निमित्त यहाँ भी शब्दों को खूब तोड़ा मरोड़ा गया है जिससे भाषा में अत्यधिक क्लिष्टता आ गई है।

सारांशतः यह काव्य डिंगल भाषा में लिखा गया एक संक्षिप्त किंतु सरस पवाड़ा (काव्य) है। जिसमें वीर रस की सरस निष्पत्ति, सुंदर, मनोरंजक भाव, चमत्कृत शैली, मनोरंजक कल्पना, चित्ताकर्षक चित्रोपमता, मधुर संगीतात्मक छंदवत्ता है।

स्मृतिकाल में वैदिक एवं पांचरात्र विचारधारा का संबंध

प्रो० सिद्धेश्वर भट्ट, एम० ए०

अनिश्चित काल से भारतीय सांस्कृतिक धरातल पर दो विचारधाराएँ—वैदिक एवं आगमिक-समानांतर रूप से प्रवाहित होती रही हैं जिनके उद्भव के बारे में मौन रहना ही उचित जान पड़ता है, यद्यपि इनके विकसित स्वरूप की झाँकी हमें तत् तत् ग्रंथों में उपलब्ध होती है। वैदिक विचार धारा का मूल स्रोत वैदिक साहित्य है जिसमें चारों वेदों की संहिताओं, ब्राह्मणों, आरण्यकों एवं उपनिषदों का समावेश होता है। स्मृतिकाल में यही विचारधारा, श्रौत, धर्म, गृह्य एवं दर्शनसूत्रों तथा रामायण महाभारतादि इतिहास ग्रंथों एवं पुराणों में प्रस्फुटित और विकसित हुई है। इस विचारधारा का मूल एवं प्रारंभिक स्वरूप सुनिश्चित है और इसके बारे में सामान्य पाठक को पर्याप्त जानकारी है। इसी को ब्राह्मण संस्कृति की संज्ञा प्रदान की गई है।

इसके विपरीत आगमिक संस्कृति का मूल एवं प्रारंभिक स्वरूप अनिश्चित और विवादास्पद है। आगमिक विचारधारा के सिद्धांतों, मान्यताओं, परंपराओं तथा धार्मिक क्रियाओं के बारे में जिन ग्रंथों से हमें आज जानकारी प्राप्त होती है, उनकी अतिप्राचीनता सिद्ध नहीं की जा सकती, परंतु इसी आधार पर इसकी प्राचीनता का निषेध नहीं किया जा सकता। वस्तुतः आगमिक विचारधारा उतनी ही प्राचीन है जितनी वैदिक विचारधारा, और भारतीय संस्कृति पर इसका उतना ही गहन एवं विशद प्रभाव है जितना वैदिक संस्कृति का। हिंदू लोकधर्म या पौराणिक धर्म के निर्माण में आगमों का योग अमूल्य एवं अविस्मरणीय है। वैदिक साहित्य के ब्राह्मण ग्रंथों की तरह आगम साहित्य विशेषतः चर्यापाद का अध्ययन सामान्य पाठक को रुचिकर नहीं होता परंतु दर्शन, धर्म एवं साहित्य के विद्यार्थियों के लिये इनका अध्ययन अनिवार्य एवं अपरिहार्य है।[1]

१. डा० विंटरनित्स के शब्दों में, 'दे आर अनपैलेटेबल ऐज रीडिंग, बट इनडिस्पेंसेबल टु द अंडरस्टैंडिंग आव ह्वोल आव द लेटर रिलिजंस एंड फिलासफिकल लिटरेचर आव द इंडियंस एंड हाइली इंटरेस्टिंग फार द जेनरल साइंस आव रिलिजन'।—हिस्ट्री ऑफ इंडियन लिटरेचर, पृष्ठ १८७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जिस तरह वैदिक विचारधारा के मूलस्रोत वेदों को ईश्वरीय उद्घाटन माना जाता है, ठीक उसी तरह आगम साहित्य को भी इसके अनुयायी ईश्वरप्रदत्त मानते हैं। आगम शब्द की उत्पत्ति संभवतः इसी तथ्य को लेकर हुई है।[२] आगम साहित्य के निम्न लक्षण बताए गए हैं—

सृष्टिश्च प्रलयश्चैव देवतानां तथार्चनम् ।
साधनं चैव सर्वेषां पुरश्चरणमेव च ॥
षट्कर्म साधनं चैव ध्यानयोगश्चतुर्विधः ।
सप्तभिर्लक्षणैर्युक्तं त्वागमं तद्विदुर्बुधाः ॥

सामान्यतः आगम साहित्य में क्रिया, चर्या, ज्ञान और योग इन चार विषयों पर चर्चा की गई है। आगम साहित्य के ग्रंथों को संहिता[३] एवं तंत्र[४] भी कहा जाता है।[५]

२ 'आगम शब्द का निर्माण 'गम्' धातु में 'आ' उपसर्ग लगने से हुआ है, (आङ् + गम् + अच्) जिसका तात्पर्य 'आया हुआ या प्राप्त किया हुआ' (रिवील्ड) होता है; जैसा कि निम्न उद्धरण से स्पष्ट है—

आगतं पञ्चवक्त्रात्तु गतं च गिरिजानने ।
मत वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते ॥

अथवा—

शिववक्त्रादनुप्राप्तं पारम्पर्य्ये क्रमेण तु ।
छंदोलक्षण संसिद्धमागममित्यभिधीयते ॥

३. 'संहिता' शब्द की व्युत्पत्ति 'धा' धातु के साथ 'सम्' उपसर्ग से हुई है जिसका अर्थ 'एकत्रित करना' होता है । पौष्करसंहिता (४०.१५६) के अनुसार कोई भी ग्रंथ १२००० श्लोकों से युक्त होने पर संहिता कहा जाता है।

४. 'तंत्र' शब्द की व्युत्पत्ति अनेक प्रकार से की गई है। तंतु—जो तमिल शब्द 'नूलि' से अनूदित है—से कुछ विद्वान तंत्र शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हैं। इस धारणा के आधार पर उनका मंतव्य है कि आगम मूलतः तमिल में रचे गए थे और बाद में उनका संस्कृत में अनुवाद हुआ और इसी कारण इनका आगम नामकरण हुआ है। परंतु यह मत निराधार सिद्ध हो चुका है। काशिकावृत्ति तन् (तनोति), फैलाना, धातु में ष्ट्रन् प्रत्यय लगाने से इसकी उत्पत्ति बताती है। विष्णुसंहिता के अनुसार इसकी उत्पत्ति निम्न है—

सर्वे अर्था येन तन्यन्ते त्रायन्ते च भयाज्जनाः ।
इति तंत्रस्य तंत्रत्वं तंत्रज्ञाः परिचक्षते ॥

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आगम साहित्य के विभिन्न वर्गीकरण हुए हैं जिनमें हिंदू धर्म के अंतर्गत तीन प्रमुख हैं—शैव, शाक्त एवं वैष्णव। इनमें क्रमशः शिव, शक्ति और विष्णु को सर्वोच्च देव और शेष देवों को गौण देव के रूप में वर्णित किया गया है। इन संप्रदायों के अनुयायियों का यह गहन विश्वास है कि इनके आगम ग्रंथ क्रमशः इन्हीं देवों के मुख से निस्तृत हुए हैं। इन तीनों संप्रदायों के पुनः कई उपविभाग हो गए हैं जैसे वैष्णव संप्रदाय के अंतर्गत पांचरात्र, वैखानस आदि।

सुदीर्घ काल से वैदिक और आगमिक विचारधाराओं के पारस्परिक संबंधों के बारे में विवाद होता आया है। कट्टर वैदिक एवं कट्टर आगमिक अनुयायियों के बीच सदा से घातप्रतिघात होते आए हैं। यहाँ तक कि वीरशैवानंदचंद्रिका में वैदिक एवं तांत्रिक पक्ष का अनुसरण करनेवालों को परस्पर स्पर्श या संभाषण करने का निषेध किया गया है।[६] इस तरह दोनों के पृथक् मूल को स्वीकार करते हुए दोनों को भिन्न किंवा विरोधी माना गया है, परंतु कुछ विचारक वैदिक साहित्य से ही आगमसाहित्य के उद्भव को स्वीकार करते हैं। यहाँ हम समस्त आगमसाहित्य को न लेकर वैष्णवागम, जिसे पांचरात्र या भागवत कहा जाता है, पर ही अपना ध्यान केंद्रित कर यह देखने का प्रयास करेंगे कि स्मृतिकाल के विचारकों के वैदिक साहित्य एवं पांचरात्र साहित्य के संबंध के बारे में क्या विचार हैं।

वस्तुतः यह निश्चयात्मक रूप से नहीं कहा जा सकता है कि पांचरात्र संहिताओं के रचयिताओं ने अपने विचारों को वेदों पर ही आधारित रखा है, या अपने स्वयं के विचारों को वेदों पर आधारित बतलाकर प्रचारित किया है। परंतु इतना स्पष्ट है कि अधिकांश संहिताएँ अपने को वेदानुकूल ही घोषित करती हैं। कुछ संहिताएँ वेदों को अपना मूल मानती हैं[७] और कुछ अपने को ही वेदों का मूल मान लेती हैं।[८] परंतु स्मृति एवं पुराण के रचयिताओं में इस विषय

वाचस्पति मिश्र और आनंदगिरि तत्र या तंतु धातु से इसकी उत्पत्ति मानते हैं जिसका तात्पर्य व्युत्पादन या ज्ञान होता है। वस्तुतः तंत्र शब्द का प्रयोग भारतीय साहित्य में बड़ा व्यापक रहा है, जैसे न्यायतंत्र, योगतंत्र, धर्मतंत्र, ब्रह्मतंत्र आदि। संभवतः तंत्र शब्द का तात्पर्य वह शास्त्रीय ग्रंथ रहा होगा जिसमें आचार विचार के सिद्धांतों, परंपराओं, उत्सवों और धार्मिक क्रियाओं का विशद विवेचन किया गया है।

५. सामान्यतः वैष्णव संप्रदाय के ग्रंथों को संहिता, शैव ग्रंथों को आगम और शाक्त ग्रंथों को तंत्र के नाम से अभिहित किया जाता है।

६. तंत्रेषु दीक्षितो मर्त्यो वैदिकं न स्पृशेत्सदा।
वैदिकश्चापि तंत्रेषु दीक्षितं न स्पृशेत्सदा॥

७. 'मूल-वेदानुसारेण'—ईश्वरसंहिता।

अथवा

'सेतिहास पुराणैस्तु वेद वेदांत संयुतैः'—पौष्करसंहिता

८. 'महतो वेदवृक्षस्य मूलभूतो महानयम्॥
स्कंदभूता ऋगाद्यास्ते शाखा भूतास्तथा मुने॥'—ईश्वरसंहिता।१.२४५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में पर्याप्त मतभेद है। कुछ पांचरात्र को वैदिक, कुछ अवैदिक और वेदविमुख घोषित करते हैं।

जो स्मृतियाँ एवं पुराण पांचरात्र का समर्थन करते हैं और उसकी वेदानुकूलता घोषित करते हैं, उनमें विष्णु, भागवत, नारदीय, गरुड़, पद्म, वाराह आदि सात्विक पुराण तथा वसिष्ठ, हारीत, व्यास, जमदग्नि, पाराशर, काश्यप आदि स्मृतियाँ प्रमुख हैं। वाराहपुराण और जमदग्नि स्मृति में तो यहाँ तक कहा गया है कि पांचरात्र के बाद वेदमंत्र निरर्थक हो जाते हैं।[९] वाराह पुराण की यह मान्यता कि भागवत या पांचरात्री का स्पर्श, दर्शन या स्मरण करने से चांडाल भी पवित्र हो जाते हैं[१०] और भागवत ब्राह्मणों से भी श्रेष्ठ हैं।[११] वाराहमिहिर ने बृहद्संहिता में इसी बात का समर्थन किया है।[१२] विष्णुधर्मोत्तर पुराण पांचरात्र को परमात्मा की प्राप्ति का उपयुक्त मार्ग स्वीकार करता है।[१३] इन उपरिवर्णित स्मृतियों एवं पुराणों के अतिरिक्त महाभारत, गीता, प्रजापत्यस्मृति, इतिहाससमुच्चय, हरिवंश, वृद्धमनु, शांडिल्यस्मृति और ब्रह्मांड पुराण से श्लोकों को उद्धृत करते हुए प्रमाणसंग्रह में पांचरात्र की प्रामाणिकता प्रतिपादित करने का प्रयास किया गया है। श्री एम्बार कृष्णमाचार्य[१४] ने योग याज्ञवल्क्य, जमदग्निस्मृति, उत्तररामायण, महाभारत, वाराहपुराण, भागवतपुराण, ब्रह्मांडपुराण, कूर्मपुराण एवं स्कंदपुराण को उद्धृत करते हुए पांचरात्र की वेदमूलकता को प्रतिपादित करने का प्रयास किया है।

इसके विपरीत अधिकांश पुराणों एवं स्मृतियों में, जिनमें कुछ उपरिवर्णित का भी समावेश हो जाता है, पांचरात्र के प्रति घोर विरोधपूर्ण स्पष्टता एवं कटुता के साथ अभिव्यक्त हुआ है। कूर्मपुराण में इसे 'श्रुतिस्मृतिविरुद्ध' और इसके अनुयायियों को गोहत्या के पाप से कलंकित माना गया है।[१५] स्कंद, पाराशर और सांब पुराण, पांचरात्र में दीक्षित व्यक्ति को ब्राह्मणाधम, घोरपापी एवं पतित कहकर तिरस्कृत करते हैं।[१६] वाराह, कूर्म एवं सांबपुराण का

९. 'अलाभे वेदमंत्राणां पांचरात्रोदितेन वा'।—वाराहपुराण, ६६.११।

१०. वाराहपुराण, २११.६८।

११. ,, ,, १८१.२०,१८३.२५, १८३.२३।

१२. बृहत्संहिता ६०.१६।

१३. १.७४.३४।

१४. गायकवाड़ ओरिएंटल सीरीज में प्रकाशित जयाख्यसंहिता की प्रस्तावना।

१५. १.१२.२५७–२५६; १.१६.११५.११७।

१६. (अ) पंचरात्रे च कापाले तथा कालामुखेऽपि च।
शाक्ते च दीक्षिता यूयं भवेत् ब्राह्मणाधमाः॥—स्कंदपुराण।

(ब) पांचरात्रं प्रशंसन्ति केचित् भागवतं मुने।
केचिच्छाक्तं प्रशंसन्ति केचित् वामं तथैव च॥
अन्यानि यानि शास्त्राणि विरुद्धानि महामुने।
स्वतःप्रमाणभूतेन वेदेनाकृतकेन वै॥
तान्येव श्रद्धया युक्ताः परिगृह्य द्विजातयः।
आचरंति महापापाः युगांते समुपस्थिते॥—पाराशर पुराण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मंतव्य है कि इस शास्त्र का प्रणयन शिव ने वेदभ्रष्ट लोगों को विमोहित करने के लिये किया था।[१७] इसी तरह भट्टोजि दीक्षित ने 'तंत्राधिकार निर्णय' में वशिष्ठ, लिंग, स्कंद आदि पुराणों से ऐसे श्लोकों को उद्धृत किया है जो पांचरात्र के यथार्थ एवं प्रपंचात्मक स्वरूप को अभिव्यक्त करते हैं। ब्राह्मण वर्ग में इस प्रकार की जनश्रुति थी कि वासुदेव नामक किसी धूर्त व्यक्ति ने ही पांचरात्र तंत्र को प्रणीत किया है।[१८] बृहन्नारदीय पुराण के चतुर्थ अध्याय और कूर्मपुराण[१९] में पांचरात्र के प्रति घृणा एवं तिरस्कार की भावना इतनी प्रबल रूप से मुखरित हुई है कि वहाँ पांचरात्रियों के साथ की गई चर्चा रौरवनरक को ले जानेवाली मानी गई है। वायु, लिंग, अग्नि और आदित्य पुराणों में भी यह कहा गया है कि पांचरात्र धर्म को स्वीकार कर लेने पर समस्त पुण्य नष्ट हो जाते हैं।

इसी तरह वशिष्ठ, सूत, विष्णु, शीतातप, हारीत, बौधायन और यम संहिताएँ तथा आश्वलायन, मनु, याज्ञवल्क्य आदि स्मृतियाँ एवं इनपर मेधातिथि, अपरार्क आदि टीकाकार पांचरात्र की अवैदिकता को घोषित कर इसके प्रपंचमय स्वरूप से सावधान करते हैं। अत्रिस्मृति में भागवत वर्ग को कृषकवर्ग से भी निम्न कोटि का बताया गया है।[२०]

कुछ स्मृति एवं पुराण पांचरात्र की आलोचना और तिरस्कार करने में इतने निर्भीक तथा कट्टर नहीं हैं। वे पांचरात्र साहित्य को श्रौत एवं अश्रौत इन दो वर्गों में विभाजित कर अश्रौत

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

१७. पांचरात्रं भागवतं तंत्रं वैखानसाभिधाम्।
वेदभ्रष्टान् समुद्दिश्य कमलापतिरुक्तवान्॥—सांबपुराण॥
द्रष्टव्य, वाराहपुराण ७०.४१; ७१.६; कूर्मपुराण—
१.१२.२४६।

१८. वासुदेवाभिधानेन केनचिद्द्विप्रलिप्सुना।
प्रणीतं प्रस्तुतं तंत्रं इति निश्चिनुर्मो वयम्॥

१९. पाखण्डिनो विकर्मस्थान्वामाचारांस्तथैव च।
पांचरात्रान् पाशुपतान् वाङ्मात्रेणापिनार्चयेत्॥
—कूर्म, २.१६.१५

वृद्ध श्रावक निर्ग्रंथाः पंचरात्र विदोजना...
यस्याश्नंति हवींष्येते दुरात्मानस्तु तामसाः।
न तस्य भवेच्छ्राद्धं प्रेत्यं चेह फलप्रदम्॥
—कूर्म, २.२१.३२-३३।

२०. वेदैर्विहीनाश्च पठन्ति शास्त्रं शास्त्रेण हीनाश्च पुराणपाठाः।
पुराणहीना कृषिणो भवंति अष्टास्वतो भागवता भवंति॥३८३॥

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का ही निषेध करते हैं। पद्मपुराण[२१], भागवतपुराण[२२], अग्निपुराण[२३], वृद्धहारील[२४], हारीत-स्मृति[२५] आदि वैदिक एवं तांत्रिक दोनों मार्गों का प्रतिपादन करते हैं, परंतु केवल पद्मपुराण में इसके साथ साथ यह भी कहा गया है कि ब्राह्मणादि को वैदिक एवं मिश्र मार्ग का ही अनुसरण करना चाहिए और विष्णु के भक्त एवं शूद्र को ही तांत्रिक मार्ग को स्वीकार करना चाहिए।[२६] इसी तरह शिवपुराण की वायुसंहिता[२७] और वाराहपुराण[२८] में भी वैदिक एवं तांत्रिक दोनों मार्गों को स्वीकार किया गया। अपरार्क भी पांचरात्र को अर्द्धांश में ही वैदिक स्वीकार करते हैं[२९] परंतु उनका कथन है कि देवपूजा, मंदिर एवं मूर्तिनिर्माण तथा स्थापन कार्य में नृसिंहपुराण (६२वें अध्याय) में वर्णित पद्धति को ही अपनाना चाहिए, पांचरात्र या पाशुपत विधि को नहीं। देवीभागवत[३१] में कहा गया है कि श्रुति और स्मृति धर्म की आँखें हैं और पुराण उसका हृदय है। जो इन तीनों में घोषित किया गया है वही धर्म है। इनके अलावा अन्यत्र वह धर्म प्राप्त नहीं हो सकता। इसमें अन्यत्र यह भी कहा गया है कि वे सभी शास्त्र जो श्रुति-स्मृति-विरुद्ध हैं शिव के द्वारा लोगों को भुलावे में डालने के लिये रचे गए परंतु इनमें कहीं कहीं पर वेदानुकूल

२१. वैदिकस्तांत्रिको मिश्र श्रीविष्णोस्त्रिविधो मखः।
त्रयाणामुदितेनैव विधिना हरमर्चयेत्॥
वैदिको मिश्रको वापि विप्रादीनामुदाहृतः।
तांत्रिको विष्णुभक्तस्य शूद्रस्यापि प्रकीर्तितः॥–पद्म, ४.१०.३-४।

२२. वैदिको तांत्रिको मिश्र इति मे त्रिविधो मखः।
त्रयाणामीप्सितं नैव विधिनां मां समर्चयेत्॥—भागवत, ११.२७.७।
द्रष्टव्य, भागवत ११.३.४७–४८, ११.३.२२।

२३. भागवत ११.२७.७ ही अग्नि ३७.२. ३४ में उद्धृत।

२४. श्रौतस्मार्तागमैर्विष्णोस्त्रिविधं पूजनं स्मृतम् (११.७७)।

२५. श्रुतिश्च द्विविधा वैदिकी तांत्रिकी च।

२६. इनमें से कुछ वैदिक और तांत्रिक दो मार्ग ही बताते हैं और कुछ मिश्र मार्ग को भी स्वीकार करते हैं।

२७ उत्तर भाग, २४.१७७।

२८. ६६. ११.।

२९. याज्ञवल्क्यस्मृति टीका, पृष्ठ १३।

३०. ,, ,, पृष्ठ १४, १५।

३१. ११. १.२१-२२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बातें भी कही गई हैं जिनको ग्रहण किया जा सकता है।[32] उत्पलाचार्य ने 'स्पंदप्रदीपिका' में वैष्णवागम के अंतर्गत पांचरात्र श्रुति, पांचरात्र उपनिषद् और पांचरात्रसंहिता इन तीन प्रकार के पृथक् साहित्यों का उल्लेख किया है। कुछ विद्वानों का विचार है कि पांचरात्र श्रुति से उनका तात्पर्य एकायन शाखा से है जिसका उल्लेख पुरुषसूक्त और छांदोग्य उपनिषद् में भी मिलता है।[33] संभवतः पांचरात्र के अंतर्गत यह एकायन शाखा श्रौत हो और शेष अंश अश्रौत हो। अप्पय दीक्षित वैखानस संहिताओं को श्रौत और पांचरात्र संहिताओं को अश्रौत मानते हैं। मध्ययुग के स्मृति एवं धर्मशास्त्रों के रचयिताओं के पांचरात्र की मान्यता के बारे में विचार कृत-रत्नाकर (पृष्ठ ३७) में उद्धृत पारिजात नामक ग्रंथ से मिलता है जिसमें कहा गया है कि पांचरात्र तब तक ही प्रमाणस्वरूप है जब तक वह वेदविरुद्ध न हो।[34] इसी बात का समर्थन सूतसंहिता में मिलता है।[35]

इस तरह स्मृतिकाल में इस प्रकार की विचारधारावाले व्यक्तियों का एक विशेष वर्ग स्थापित हुआ जो पांचरात्र की प्रामाणिकता एवं वेदानुकूलता को स्वीकार करने लगे थे। इस वर्ग को 'स्मार्त वैष्णव' कहा गया जो वैदिक एवं आगमिक दोनों विधियों को स्वीकार करता था। वृद्ध गौतम (अध्याय ८) तथा 'बृहत्संहिता' में स्मार्त एवं पांचरात्र वैष्णवों का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। आचाररत्न में भी तीन प्रकार के वैष्णवों का वर्णन मिलता है—(१) वैदिक धर्म का अनुसरण करनेवाले, (२) तांत्रिक धर्म का अनुसरण करनेवाले, (३) दोनों का अनुसरण करनेवाले। संभवतः इसी तीसरे वर्ग द्वारा, जिसे स्मार्त वैष्णव कहा गया है, पौराणिक वैष्णव धर्म की स्थापना की गई, क्योंकि इसमें एक ओर तो पांचरात्रियों की तरह विष्णु की महिमा एवं महत्ता प्रतिपादित करने की सांप्रदायिक

३२. शैवाश्च वैष्णवाश्चैव सौराः शाक्तास्तथैव च।
गाणपत्या आगमाश्च प्रणीता शंकरेण तु॥
तत्र वेदाविरुद्धांशोऽप्युक्त क्वचित् क्वचित्।
वैदिकैस्तदग्रहे दोषो न भवेत्नैव कर्हिचित्॥ द्रष्टव्य ७.१६.२५ से ३१।

३३. नान्यः पंथा अयनाय विद्यते। —पुरुषसूक्त।
……वाको वाक्यमेकायनम्।—छांदोग्य, ७.१.२।
जयाख्य, ईश्वर, परमेश्वर, श्रीप्रश्नादि संहिताओं में पांचरात्र को एकायन वेद के नाम से अभिहित किया गया है (एष एकायनो वेदः प्रख्यातः सर्वतो भुवि)। नागेश नामक एक अर्वाचीन लेखक का मत है कि एकायनशाखा शुक्ल यजुर्वेद की काण्व शाखा ही है। काण्वशाखामहिमासंग्रह (हस्तलिपि, मद्रास गवर्नमेंट ओरियंटल लायब्रेरी)। इस बात की पुष्टि जयाख्यसंहिता से भी होती है—काण्वी शाखामधीयानावौपगायनकौशिकौ (१.१०६, जयाख्य)।

३४. पांचरात्र पाशुपतादिन्यपि शास्त्राणि वेदाविरुद्धानि प्रमाणमेवेति पारिजातः।

३५. योंऽशो मार्गाणां वेदेन न विरुध्यते सोंऽश प्रमाणमित्युक्तं। (४.४.१६)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लगन है और दूसरी ओर वर्णाश्रम धर्म एवं वैदिक व्यवस्था सुचारु रखने की ममता है। परंतु एक बात उल्लेखनीय यह है कि स्मार्त वैष्णव वर्ग द्वारा प्रतिपादित इस मिश्रित धर्म का यद्यपि सनातन ब्राह्मण वर्ग ने खंडन नहीं किया, तथापि इसे स्वीकार भी नहीं किया। उन्होंने इसे अपने वैदिक धर्म के साथ नहीं मिलाया और न इसे अपने धर्म से श्रेष्ठ ही माना। महर्षि व्यास का मतव्य है कि शुद्ध धर्मप्राप्ति वेद से ही हो सकती है और वैदिक धर्म ही श्रेष्ठ एवं श्रेयस्कर है। जो धर्म पुराणादि में वर्णित है वह निम्न कोटि का ही है।[36] इसी तरह देवीभागवत में कहा गया है कि श्रुति, स्मृति एवं पुराण ही धर्म के स्रोत हैं और जो इन तीनों में घोषित किया गया है वही धर्म है, परंतु पुराणों में कहीं पर कुछ बातें ऐसी कही गई हैं जो तंत्रों पर आधारित हैं और हमें उनको स्वीकार नहीं करना चाहिए।[37] 'व्यवहारमयूख' में कहा गया है कि पुराणों में अनेक स्थलों पर स्मृतिविरुद्ध आचार दिखाई देते हैं।[38]

उपरिलिखित से यह स्पष्ट है कि स्मृतिकाल के विचारक सर्वसंगति से पांचरात्र की वैदिकता एवं उपादेयता को स्वीकार नहीं करते। यदि हम निष्पक्ष रूप से पांचरात्र वर्ग के उपलब्ध साहित्य के आधार पर तथ्य की समीक्षा करें तो महाभारत से, जिसमें सर्वप्रथम पांचरात्र के बारे में जानकारी प्राप्त होती है, यह स्पष्ट विदित हो जाता है कि पांचरात्र मूलतः अवैदिक ही था, यद्यपि उसे वेदविमुख नहीं माना जा सकता।[39] इतिहास हमें बताता है कि सदा से ब्राह्मण वर्ग द्वारा पांचरात्र का तिरस्कार किया गया पर पांचरात्रिकों ने निरंतर ब्राह्मण मान्यता एवं वैदिक आधार प्राप्त करने का प्रयास किया है। इसके प्रमाण के रूप में हम पांचरात्र संहिताओं की अपनी वेदमूलकता घोषित करने की उत्सुकता को देख सकते हैं। इसके और भी ज्वलंत प्रमाण यमुनाचार्य रचित 'आगम प्रामाण्य', वेदांतदेशिक रचित 'पांचरात्ररक्षा', 'सेश्वर मीमांसा' आदि, वाधुलवरदाचार्य कृत 'पांचरात्रकंटकोद्धार' आदि ग्रंथ हैं। ऐसा ही प्रयास शैवागमों को वैदिक आधार प्रदान करने लिये भट्टारक वेदोत्तम ने तंत्रसुधा और हरदत्त शिवाचार्य ने तात्पर्यसंग्रह में किया है। ब्राह्मण वर्ग द्वारा पांचरात्र को हेय एवं कुत्सित मानने के निम्न कारण प्रमुख हो सकते हैं —

(१) सर्वप्रथम कारण जो पांचरात्र के प्रति घृणा एवं तिरस्कार के लिये उत्तरदायी है, यह है कि पांचरात्र धर्म के अनुयायी अपनी संहिताओं को वेदों से भी श्रेष्ठ या वेदों का मूल मानने लगे थे। वृद्धहारीतस्मृति में स्पष्ट कहा गया है कि शांडिल्य ने कृष्णोपासना के निमित्त अवैदिक प्रक्रिया के आधार पर एक ग्रंथ का निर्माण किया था।[40] जैसा श्री शंकराचार्य

३६. धर्मशुद्धिमभिप्सद्भिर्नवेदादन्यदिष्यति ।
धर्मस्य कारणं शुद्धं मिश्रमन्यत् प्रकीर्तितम् ॥
अतः स परमो धर्मः यो वेदादवगम्यते ।
अवरः स तु विज्ञेयो यः पुराणादिषुस्थितः ॥

३७. ११.१.२१-२३ ।

३८. पृष्ठ ६८ 'पुराणेषु स्मृति विरुद्धाचाराणां बहुशो दर्शनात्' ।

३९. १२.३३५. २७-२६, १२.३३५.४० ।

४०. ११.१८१-१६२ ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का मंतव्य है, 'शांडिल्य ने, जो पांचरात्र धर्म के प्रवर्तक थे, वेदों से असंतुष्ट होकर, वेदों में मुक्ति एवं सुख का सहज एवं पूर्ण साधन न पाकर, इस शास्त्र का प्रणयन किया था'। पांचरात्रवर्ग में ऐसी जो मान्यता है उसका तात्पर्य वेदनिंदा एवं वेद विमुखता ही है। पांचरात्र के अनुयायी अपने धर्म के ग्रंथों को ही आदर की दृष्टि से देखते हैं और उन्हीं का श्रद्धा के साथ पाठ करते हैं। यही नहीं, जैसा अपरार्क ने सूचित किया है, यदि ये लोग वेदों का अध्ययन करते हैं तो केवल परिचय प्राप्त करने की दृष्टि से ही।४१

(२) पांचरात्र के तिरस्कार का दूसरा कारण उसमें तांत्रिक क्रिया का प्रवेश है। यह कहना कठिन है कि क्यों और कब इसका प्रारंभ हुआ, परंतु इसकी प्राचीनता निस्संदिग्ध है। तांत्रिक क्रिया अपने उद्गम में पूर्णतः अवैदिक ही है और अपने प्रारंभिक एवं परवर्ती स्वरूप में वैदिक परंपराओं तथा सिद्धांतों के प्रतिकूल भी है। यही कारण है कि तंत्रप्रभावित संप्रदायों की स्मृतियों एवं पुराणों में अत्यंत ही कटु आलोचना एवं भर्त्सना की गई है।

(३) इसका तीसरा कारण पांचरात्रधर्म में अर्चा या प्रतिमापूजा को अत्यधिक महत्त्व देना है। प्रतिमापूजा को यद्यपि स्मृतिग्रंथों में स्वीकार किया गया है और गीता (९.२६) तथा मैत्रेय उपनिषद् (७.७) में भी इसका संकेत मिलता है, परंतु वहाँ पर वह पूजा प्रतीकात्मक ही है। इसके विपरीत पांचरात्रवर्ग, जिन्हें सात्वत के नाम से पुकारा जाता था, व्यवसाय के रूप में मंदिर एवं प्रतिमा का निर्माण और पूजा कर उदरपोषण किया

४१. कुछ तंत्र, जिनमें शैवतंत्र प्रमुख हैं, वेदों को तिरस्कार एवं ग्लानि की दृष्टि से देखते हैं और तंत्र में दीक्षित व्यक्ति को वैदिक क्रियाओं से विमुख रहने का उपदेश देते हैं। इस संदर्भ में अपरार्क ने (याज्ञवल्क्यस्मृति टीका१.७.) किसी ग्रंथ से निम्न पद्य उद्धृत किया है —

दीक्षितस्य च वेदोक्तं श्राद्धकर्म विगर्हितम् ।
इत्यैवं वैदिक श्राद्ध क्रिया नादीक्षितैरपि ॥

कुलार्णवतंत्र एवं कुब्जिकातंत्र में कलिकाल में तंत्रमार्ग ही श्रेयस्कर एवं उपयुक्त माना है—

कृते श्रुत्युक्त आचारस्त्रेतायां स्मृतिसंभवः ।
द्वापरे तु पुराणोक्तं कलौ आगम केवलम् ॥ —कुलार्णवतंत्र ।

काकचूडामणि में वेदों से तंत्रों की श्रेष्ठता बताते हुए लिखा है—

'वेदानां च वयोऽर्थेन न सिद्धिस्तेन जायते ।'

कुलार्णवतंत्र और ब्रह्मज्ञानतंत्र वेदों की अपेक्षा तंत्रों की महत्ता प्रतिपादित करते हुए वेदों की समता सामान्य गणिका और तंत्रों की समता कुलवधू से करते हैं—

वेदशास्त्र पुराणानि सामान्य गणिका इव ।
या पुनः शांभवी विद्या गुप्ता कुलवधूरिव ॥ —कुलार्णवतंत्र ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करते थे।[४२] इन देवपूजा से आजीविका उपार्जन करनेवालों को मनु, अत्रि, व्यास आदि स्मृति में अत्यंत ही हेय, हीन, निकृष्ट, पतित, तुच्छ, चांडाल आदि कहकर तिरस्कृत किया और इनके शव को दृष्टिपात करना भी पाप माना है।[४३] परंतु इन आलोचनाओं का यामुनाचार्य ने घोर प्रतिवाद किया है। इस संदर्भ में वे परमसंहिता का एक श्लोक उद्धृत करते हैं जिसमें यह कहा गया है कि पांचरात्रिक देवपूजा आजीविका के लिये नहीं करते हैं लेकिन संकटकाल में करते हैं।[४४]

(४) चौथा कारण पांचरात्र धर्म में भक्ति के स्थान पर भावावेश, भावातिरेक एवं प्रेमोल्लास का प्राधान्य है। इसमें कहीं कहीं तो भक्ति को 'पंचमपुरुषार्थ' या साध्य के रूप में ही मान लिया गया है। इसके विपरीत वैदिक परंपरा में भक्तिभाव को उपयुक्त स्थान प्रदान करते हुए भी उसका अतिरेक या अतिरंजन नहीं हुआ है। यहाँ भक्ति को सदैव कर्म एवं ज्ञान से अनुगृहीत एवं नियमित रखा गया है।

(५) पाँचवाँ कारण यह है कि प्रारंभिक पांचरात्रसंहिताओं के सिद्धांत और क्रियाएँ ब्राह्मणधर्म के प्रति अनादर एवं उपेक्षा की वृत्ति रखे हुए थीं। सात्वत एवं वृष्णि जातियाँ, जो इसकी अनुगामिनी थीं, ब्राह्मणपरंपराओं का खंडन एवं निषेध करने के लिये इतिहास में सुविदित हैं।[४५]

४२ यामुनाचार्य ने 'आगमप्रामाण्य' (पृष्ठ ८) में ब्रह्मपुराण को उद्धृत किया है जिसमें यह कहा गया है कि सात्वतराजाज्ञा से मंदिर में पूजा करते हैं। वहाँ यामुनाचार्य स्वीकार करते हैं कि सात्वतों को देवलक के नाम से पुकारकर तिरस्कृत किया जाता है और देवलक की निम्न व्याख्याएँ भी दी गई हैं—

'देवकोशोपजीवी यस्स देवलक उच्यते।'

और 'वृत्यर्थं पूजयेद्देवं त्रीणि वर्षाणि यो द्विजः।
स वै देवलको नाम सर्वकर्मसु गर्हितः॥' (पृष्ठ ९)।

(अ) वैश्यात्तु जायते व्रात्यात सुधन्वाचार्य एव च।
कारुषश्च विजन्मा च मैत्रः सात्वत एव च॥
पंचमः सात्वतो नाम विष्णोः आयतनं हि सः।
पूजयेदाज्ञया राज्ञां स तु भागवतास्मृता॥ —मनु।

(ब) विड्वराहं च षण्डं च यूपं देवलकं शवम्।
भुञ्जानो नेक्षयेद्विप्रो दृष्ट्वा चान्द्रायणं चरेत्॥ —अत्रि।

(स) आह्वायका देवलका नक्षत्रग्रामभाजकाः।
एते ब्राह्मण चांडाला महापथिक पंचमाः॥ —व्यास।

४४ आपद्यपि च कष्टायां भीतो दुर्गतोऽपि वा।
पूजयेन्नैव वृत्त्यर्थं देवदेवं कदाचन।

४५ अर्थशास्त्र आफ कौटिल्य, अंग्रेजी अनुवाद, शामशास्त्री, पृष्ठ १३८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(६) छठा कारण यह था कि पांचरात्रवर्ग द्वारा स्त्री एवं शूद्र को धर्म में प्रवेश, दीक्षा एवं ईश्वरपूजा का अधिकार प्रदान किया गया जो वर्णाश्रम धर्म तथा वैदिक व्यवस्था के पूर्णतया प्रतिकूल था। अतः ब्राह्मणवर्ग में इसका घोर विरोध किया गया।[४६] यही कारण है कि मनु, याज्ञवल्क्य एवं आश्वलायन स्मृति में, यह स्पष्ट आदेश दिया गया है कि केवल शूद्र वर्ग ही पांचरात्र के मंत्रों का पालन करें। मनु इन्हें पंचमवर्ग अर्थात् शूद्रों से भी पतित कहकर समाज में निंदनीय मानते हैं। इसी समय शूद्रवर्ग का राजकीय महत्व, नंद एवं मौर्य वंश की स्थापना आदि राजनीतिक एवं सामाजिक घटनाओं ने भी ब्राह्मणवर्ग को इस धर्म के विरुद्ध सचेत कर दिया था।

(७) अंत में जातिहीन विदेशियों का इस धर्म में मुक्त प्रवेश[४७] वर्णाश्रमधर्म के प्रतिकूल होने से रूढ़िवादी और पुरातनवादी कट्टर ब्राह्मणों के लिये पूर्ण असह्य था। यद्यपि इन विदेशियों ने वैष्णव धर्म को ग्रहण कर भारतीयता को अपना लिया था, परंतु इनकी ब्राह्मण-विरोधी प्रवृत्ति, आचारविचार एवं परंपराएँ अपने सहधर्मियों को प्रभावित करनेवाली थीं, अतः पुराणों में इन्हें न केवल पापी,[४८] म्लेच्छ[४९], अब्राह्मण्य[५०] आदि ही कहकर ठुकरा दिया, बल्कि यह भी आदेश दिया गया कि इन्हें धर्मग्रंथों के सार को नहीं बताना चाहिए[५१]।

उपर्युक्त चर्चा से यह स्पष्ट है कि पांचरात्रधर्म का मूल एवं प्रारंभिक स्वरूप, तद्विषयक सामग्री उपलब्ध न होने से पूर्णतः अनिश्चित एवं विवादास्पद है और निश्चयात्मक रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि पांचरात्र के प्रचारकों एवं अनुयायियों की यह माँग कहाँ तक उपयुक्त और सत्य है कि उनकी विचारधारा, सिद्धांत, परंपराएँ एवं रीतिरिवाज वेदमूलक है, परंतु कट्टर ब्राह्मणवर्ग में न केवल इनके सिद्धांतों तथा रीतिरिवाजों की कटु आलोचना एवं घोर भर्त्सना ही की गई लेकिन इन्हें स्वयं को भी हेय, पतित, पापी आदि कहकर तिरस्कृत किया गया। केवल स्मार्त वैष्णवों का ही एकमात्र वर्ग था, जिसका प्रभाव कुछ स्मृतियों एवं पुराणों में पूर्ण स्पष्टता से अभिव्यक्त हुआ है, जिसने पांचरात्र की वैदिकता और प्रामाणिकता

४६ अपि चाचारतस्तेषामब्राह्मण्यं प्रतीयते।
वृत्तितो देवतापूजा दीक्षा नैवेद्य भक्षणम्॥
गर्भाधानादि दाहान्त संस्कारांतर सेवनम्।
श्रौतक्रियाऽननुष्ठानं द्विजैस्सम्बंध वर्जनम्॥
इत्यादिभिरनाचारैर ब्राह्मण्यं सुनिर्णयम्॥

४७. द्रष्टव्य-बेसनगर शिलालेख, भागवतपुराण २.४.१८,।
४८. भागवतपुराण २.४.१८, २.७. ४६।
४९. विष्णुपुराण ५.३८.२८।
५०. विष्णुपुराण ४.२४ १८।
५१ वाराहपुराण १०३ ६९–७०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

को स्वीकार किया। इससे एक बात और यह स्पष्ट होती है कि पांचरात्र का उद्भव अवैदिक (नान वैदिक) परंपरा में ही होना चाहिए, यद्यपि इसे वेदविमुख (ऐंटी वैदिक) नहीं माना जा सकता, और बाद में वैदिक धर्म के वर्चस्व एवं एकाधिपत्य के कारण इसे अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिये अपने लिये वैदिक आधार ढूँढ़ने को बाध्य होना पड़ा।

*

राजस्थानी भाषा और बोलियाँ

रूपचंद पारीक, एम० ए०

भारतवर्ष में भाषाशास्त्र का अध्ययन अत्यंत प्राचीन काल से होता रहा है परंतु वह अध्ययन अधिकांशतः व्याकरण ग्रंथ और पिंगलशास्त्र तक ही सीमित था। इससे आगे सोचने की आवश्यकता उन आचार्यों ने अनुभव नहीं की थी। अपने क्षेत्र में वह कार्य भी वैज्ञानिक स्तर पर है परंतु सामान्य वर्णनात्मक अध्ययन आज के भाषाशास्त्र के विद्यार्थी को संतुष्ट नहीं कर पाता है। आधुनिक युग में नवीन दृष्टिकोण से भाषा के क्षेत्र में जो अनुसंधान और अनुशीलन चल रहे हैं, उनका श्रीगणेश भी पाश्चात्य मनीषियों के द्वारा ही हुआ है। भारतवर्ष की आधुनिक भारतीय आर्यभाषाओं का वैज्ञानिक विवेचन करने का गौरव भी उन्हें प्राप्त है। उनके अध्ययन में उनकी सीमाएँ स्पष्ट हैं, फिर भी मार्गप्रदर्शन के लिये उनका आभार स्वीकार करना पड़ता है। राजस्थानी भाषा के अध्ययन के विषय में भी डा० ग्रियर्सन और डा० टैसीटॅरी जैसी पाश्चात्य प्रतिभाओं का ऋण स्वीकार करना पड़ता है। अपने अध्ययन के लिये हम अपने मुख्य विषय को पृथक् शीर्षकों में विभाजित करते हैं।

(१) नामकरण

सामान्य रूप से राजस्थानी को 'डिंगल' का पर्यायवाची अथवा समानधर्मी समझा जाता है परंतु विविध कालों में इसके विविध नाम रहे हैं। डा० सुनीतिकुमार चटर्जी के अनुसार राजस्थान में कभी एक भाषा का व्यवहार नहीं रहा[1]। राजस्थान का एक वृहद् भूभाग मरुस्थल होने के कारण मरुप्रदेश कहलाता है। उसे मारवाड़ भी कहा जाता है। इसी आधार पर राजस्थान की भाषा को मरुभाषा अथवा मारवाड़ी भाषा भी कहा जाता है। इस भाषा का सर्वप्रथम उल्लेख नवीं शताब्दी में उद्योतन सूरि कृत 'कुवलयमाला' नामक ग्रंथ में मिलता

१. राजस्थानी भाषा : डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, पृष्ठसंख्या ६६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। इसके रचयिता ने भारतवर्ष की १८ भाषाओं की चर्चा करते हुए मरुप्रदेश की भाषा का भी उल्लेख किया है :—

अप्पा तुप्पा भणिरे अह पेच्छइ मारुए तत्तो
न उरे भल्लइ भणि रे अहपेच्छइ गुज्जरे अवरे
अम्हं काउं तुम्हं भणि रे अह पेच्छइ लाडे
भाइ य मइणी तुब्भे भणि रे अह मालवे दिट्ठे[2]।

सोलहवीं शताब्दी में अकबर के दरबार के एक नवरत्न अबुलफजल ने अपनी अमर कृति 'आईने अकबरी' में भारतवर्ष की प्रमुख भाषाओं की चर्चा करते हुए मारवाड़ी की भी चर्चा की है। सोलहवीं शताब्दी का प्रारंभ होने तक राजस्थानी में पर्याप्त मात्रा में साहित्यसृजन हो चुका था। डा० टैसीटरी ने इस काल की भाषा को 'प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी' कहा है। स्वयं उन्हीं के शब्दों में—

'मुझे यह स्थापित करने में कोई कठिनाई नहीं दीख पड़ती कि प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी का युग कम से कम सोलहवीं शताब्दी तक की लंबी अवधि तक जाकर समाप्त हुआ होगा। लेकिन बहुत संभव है कि प्राचीन पश्चिमी राजस्थानी इस सीमा के बाद भी रही हो—और नहीं तो इसकी कुछ विशेषताएँ तो निश्चय ही[3]"।

मारवाड़ी को 'डिंगल' भी कहा जाता है परंतु डिंगल नाम अधिक प्राचीन नहीं जान पड़ता। राजस्थान के सुप्रसिद्ध कवि बाँकीदास ने अपने 'कुकवि बत्तीसी' नामक ग्रंथ में 'डिंगल' शब्द का प्रयोग किया है —

'डिंगलियां मिलियां करै पिंगल तणो प्रकास।
संस्कृति है कष्ट मन पिंगल पढ़ियां पास'॥

राजस्थान के दूसरे महाकवि सूर्यमल मिश्रण ने भी 'डिंगल' शब्द का व्यवहार किया है —

'डिंगल उपनामक कहुँक मरु बानी हु विधेय।
अपभ्रंश जामें अधिक सदा वीर रस चेय'॥[4]

मरु भाषा के संबंध में अन्य उल्लेख निम्नांकित हैं —

(१) मरुभाषा निर्जल तजी करी ब्रजभाषा चोज।[5]
(२) मरुभूमि भाषा तण मरग रहै आधी रीत सूं।[6]
(३) कर आनंद कविश बदण मरुभाषा।[7]

२. परंपरा, अंक १२ : संपादक–नारायणसिंह भाटी, पृष्ठसंख्या १०४।
३. डा० टैसीटरी, पुरानी राजस्थानी, अनुवादक : नामवरसिंह, पृष्ठ — १०।
४. वंशभास्कर, चतुर्थ भाग।
५. गोपाललाल होरी कृत रसविलास तथा वेलि का पद्यानुवाद।
६. संघाराम सेवग कृत रघुनाथरूपक गीतौं रो।
७. कवि मोड जी कृत बापू प्रकासम।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रख्यात भाषावैज्ञानिक डा० ग्रियर्सन का कहना है :—

'मारवाड़ी हैज ऐन ओल्ड लिटरेचर एबाउट हिच हार्डली एनी थिंग इज नोन। द राइटर्स समटाइम्स कम्पोज्ड इन मारवाड़ी एंड समटाइम्स इन ब्रजभाषा। इन द फार्मर केस द लैंग्वेज वाज काल्ड डिंगल एंड इन द लैटर पिंगल।[८]

इसमें संदेह नहीं कि पिंगल के सादृश्य पर ही डिंगल नाम गढ़ा गया। प्राचीन काल में इस भाषा का नाम मरुभाषा, मध्यकाल में 'डिंगल' और आधुनिक काल में राजस्थानी रहा है।

(२) क्षेत्रफल और जनसंख्या

राजस्थानी को भाषावैज्ञानिकों ने भारत यूरोपीय भाषापरिवार की एक शाखा माना है। यह राजस्थान तथा मालवा में बोली जाती है। इसका क्षेत्रफल हिंदी के अतिरिक्त भारत की अन्य समस्त भाषाओं के क्षेत्रफल की अपेक्षा कहीं विस्तृत है। भारतवर्ष की भाषाओं में इसका स्थान छठा है और विश्व की भाषाओं में २१ से २४ के बीच आता है। इसका व्यवहार करनेवालों की संख्या अनुमानतः लगभग दो करोड़ है। व्यापारी वर्ग के व्यक्ति होने के कारण राजस्थान के निवासी भारत के कोने कोने में फैले हुए हैं परंतु इनका प्रांतप्रेम भी कम नहीं है। ये चाहें जहाँ रहें, चाहें जिस भाषा का व्यवहार दैनिक कार्यों में करें परंतु अपने घरों में वे लोग अपनी मातृभाषा राजस्थानी का ही व्यवहार करते हैं। हिंदी, हिंदुस्तानी, अंग्रेजी, मराठी, गुजराती, सिंधी तथा पंजाबी का व्यवहार करनेवाले लोग भी राजस्थान में बसते हैं। शिक्षा तथा राज्यकार्य में हिंदी ही प्रयुक्त होती है।

(३) भाषासीमाएँ

राजस्थानी के पूर्व में (उत्तर से दक्षिण तक) पश्चिमी हिंदी की ब्रज तथा बुंदेली शाखाएँ हैं। दक्षिण में (पूर्व से पश्चिम तक) मराठी, भीली, खानदेशी और गुजराती हैं। भीली विंध्याचल और अरावली की पहाड़ियों में बोली जाती है। पश्चिम में (दक्षिण से उत्तर तक) सिंधी और लँहदा भाषाएँ हैं। उत्तर में (पश्चिम से पूर्व तक) लँहदा, पंजाबी और पश्चिमी हिंदी की बाँगरू शाखा है।

(४) शाखाएँ

राजस्थानी में एक प्राचीन और प्रसिद्ध दोहा है —

'बारे कोसां बोली पलटै बनफल पलटै पाकां।
बरस छतीसां जीवन पलटै लखण न पलटै लाखां' ॥

८. लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इंडिया।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह दोहा न केवल उपयुक्त ही है अपितु महत्वपूर्ण भी है। डा० श्यामसुंदरदास,[९] डा० धीरेंद्र वर्मा,[१०] डा० उदयनारायण तिवारी[११] और श्री नरोत्तम स्वामी[१२] के अनुसार राजस्थानी की चार शाखाएँ हैं। डा० ग्रियर्सन[१३] ने इसके निम्नांकित विभाग किए हैं :—

(क) पश्चिमी राजस्थानी
(ख) उत्तर पूर्वी राजस्थानी
(ग) मध्य पूर्वी राजस्थानी
(घ) दक्षिण पूर्वी राजस्थानी
(ङ) दक्षिणीराजस्थानी

डा० ग्रियर्सन ने भीली तथा खानदेशी बोलियों को भी राजस्थानी के ही अंतर्गत माना है।[१४] इस विषय में डा० सुनीतिकुमार चटर्जी का यह कथन विशेष महत्व रखता है—

'पर भाषा की दृष्टि से भीली को राजस्थानी के अधीन रखना ही ठीक होगा, ऐसा मालूम होता है। 'भीली' बोलियों का गुजराती से काफी सादृश्य है, और खानदेशी बोलियाँ राजस्थानी अथवा गुजराती और मराठी के मिश्रण से उत्पन्न हुई हैं—संभव है कि ये प्राचीन मराठी के ऊपर राजस्थानी के गहरे प्रभाव का फल हैं'।[१५]

डा० चटर्जी डा० ग्रियर्सन के वर्गीकरण में कुछ परिवर्तन की आवश्यकता का अनुभव करते हैं। उनके अनुसार :—

'राजस्थान मालवे की बोलियों को दो ही मुख्य श्रेणियों में विभाजित करना बेहतर होगा। ग्रियर्सन की [१] तथा [३] को एक साथ लेकर, केवल उन्हें ही 'राजस्थानी' नाम देना ठीक होगा। इनमें [१] को अब जैसा 'पश्चिमी राजस्थानी' कहना चाहिए और [३] को पूर्वी राजस्थानी। बाकी श्रेणी की भाषाओं को या बोलियों को हम कितनी दूर तक 'राजस्थानी' में शामिल कर सकते हैं, यह विचारणीय है। अहीरवाटी, मेवाती, मालवी और निमाड़ी—ये पछाहीं हिंदी से ज्यादातर संपर्कित हैं या खास राजस्थानी से, इस विषय पर चरम निष्कर्ष अब तक नहीं निकला है। राजस्थान की बोलियों पर मध्यदेश की बोली का गहरा प्रभाव बहुत प्राचीन काल से पड़ता आता है'।[१६]

९. भाषारहस्य, पृष्ठ ६३।
१०. हिंदी भाषा का इतिहास, पृष्ठ ५५।
११. हिंदी भाषा का उद्गम और विकास, पृष्ठ १७६।
१२. राजस्थानी, भाग १, पृष्ठ १०।
१३. लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, भाग ९।
१४. लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया।
१५. राजस्थानी भाषा, पृष्ठ ६।
१६. राजस्थानी भाषा, पृष्ठ १०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० चटर्जी ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है परंतु जब तक स्वतंत्र रूप से इस विषय पर और पृथक् पृथक् रूप से इन बोलियों पर अनुसंधान नहीं हो जाता, इस विषय में कुछ भी कहना कठिन है।

(क) पश्चिमी राजस्थानी —

राजस्थानी भाषा की प्रमुख शाखा पश्चिमी राजस्थानी है। इसे मारवाड़ी भी कहा जाता है क्योंकि यह मारवाड़ की भाषा है। यह राजस्थानी का टकसाली रूप है।

मारवाड़ी जोधपुर राज्य की प्रधान बोली है। पूर्व में अजमेर-मेरवाड़ा, किशनगढ़ तथा मेवाड़ में कुछ मिश्रित रूप में इसका व्यवहार होता है। पश्चिम में सिंध और जैसलमेर में यह बोली जाती है। उत्तर में बीकानेर तथा जयपुर के शेखावाटी क्षेत्र में इसका प्रचलन है। दक्षिण में सिरोही और पालनपुर तक यह अपनी सीमा का विस्तार करती है। इन क्षेत्रों के अतिरिक्त राजस्थानी बंधु भारत के सभी प्रांतों में सुदूर देहातों तक में मिलेंगे।[17] भारत के सभी प्रमुख वाणिज्य केंद्रों पर ये बड़ी संख्या में मिलेंगे। इसका व्यवहार करनेवाले लोग अनुमानतः ८० लाख हैं।

मारवाड़ी के पूर्व में राजस्थानी की जयपुरी शाखा है, दक्षिण में मालवी और कुछ भीली बोलियों का क्षेत्र है। दक्षिण पश्चिम में गुजराती स्थित है। पश्चिम में सिंधी और लँहदा बोली जाती है। उत्तर पश्चिम में पंजाबी और बाँगरू है। उत्तर पूर्व में ठीक उत्तर में राजस्थानी की ही मेवाती शाखा है।

टकसाली मारवाड़ी मारवाड़ अर्थात् जोधपुर में बोली जाती है। उत्तर पूर्व में अजमेर मेरवाड़ा तथा किशनगढ़ में यह जयपुरी से मिश्रित है। पश्चिमी मारवाड़ी में थली और मिश्रित बोलियाँ हैं। उत्तरी मारवाड़ी में बीकानेरी, शेखावाटी और बागड़ी आती है। दक्षिणी मारवाड़ी में गोंडवाड़ी, सिरोही और देवड़ावाटी हैं। गोडवाड़ी तथा सिरोही मारवाड़ और मेवाड़ के संमिलित प्रदेश की बोली है। जालोर में कुछ लोग देवड़ावाटी का व्यवहार करते हैं। बाड़मेर में धाटकी का प्रचलन है।

(ख) उत्तर पूर्वी राजस्थानी —

राजस्थानी की उत्तरी पूर्वी शाखा की प्रमुख बोली मेवाती है। वैसे तो यह मेवों के देश की भाषा है परंतु इसका क्षेत्रफल उससे कहीं अधिक विस्तृत है। यह समस्त अलवर जिले की बोली है जबकि मेवात उसका एक खंड मात्र है। मेवात प्रदेश की सीमा इस प्रकार है —

मेवात का प्राचीन प्रदेश भरतपुर के डीग से लेकर रेवाड़ी के कुछ ऊपरी भाग तक वर्णित किया जाता है। पश्चिम में रेवाड़ी से अलवर के ठीक छह मील पश्चिम तक तथा दक्षिण में अलवर के वारासोती तक इसका विस्तार है। पूर्वी भाग में इसका क्षेत्र डीग तक है'।[18]

मेवाती अलवर, भरतपुर के उत्तर पश्चिम तथा पंजाब के गुड़गाँव जिले में बोली जाती है। जयपुर के कोट कासम तथा नाभा की बावल निजामत में मेवाती का प्रयोग किया जाता है। यहाँ मेवाती को वीघोता की बोली कहा जाता है[19]।

१७. लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, भाग १।

१८. अलवर गजेटियर, पृष्ठ १६७–६८।

१९. लिंग्विस्टिक सर्वे आव इंडिया, भाग ९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मेवाती के पूर्व में भरतपुर तथा पूर्वी गुरगाँव की ब्रजभाषा है। दक्षिण में जयपुरी की ढांग उपशाखा है। उत्तर में पश्चिमी गुरगाँव की अहीरवाटी है। दक्षिण पश्चिम में जयपुरी की तोरावाटी उपशाखा तथा उत्तर पश्चिम में पटियाला के नारनौल निजामत की मिश्रित बोली है।

मेवाती एक सीमाभाषा है। यह उस राजस्थानी का प्रतिनिधित्व करती है जो क्रमशः हिंदी की ब्रजभाषा शाखा में मिलती जाती है। स्थान स्थान पर इसमें वैभिन्य दृष्टिगोचर होता है। अलवर में ही इसके चार उपभेद हैं—खड़ी, खठी, नहेड़ा और कठेर। खड़ी मेवाती जयपुर के कोट कासम तथा नाभा के बावल की अहीरवाटी से मिश्रित है। नहेड़ा थाना गाजी के पश्चिमी भाग में बोली जाती है। कठेर भरतपुर के उत्तर पश्चिम और अलवर के दक्षिण पूर्व में बोली जाती है इसलिये ब्रजभाषा से मिश्रित है। शेष क्षेत्र में खड़ी मेवाती बोली जाती है।

(ग) मध्य पूर्वी राजस्थानी —

राजस्थानी की मध्य पूर्वी शाखा जयपुरी कहलाती है। इसके चार रूपभेद हैं—जयपुरी, अजमेरी, किशनगढ़ी तथा हाड़ौती। ये भेद इतने पुराने हैं कि अठाहरवीं शताब्दी के प्रारंभ में ईसाई धर्मप्रचारकों ने अपने धर्म का प्रचार करने के लिये बाइबिल के नए नियम का विविध भारतीय भाषाओं में अनुवाद किया तो जयपुरी और हाड़ौती में पृथक् पृथक् अनुवाद किए गए। फिर भी इन चारों में भिन्नता इतनी कम है कि इनको एक नाम से अभिहित किया जा सकता है और जयपुरी इनमें सर्वप्रधान है।

व्यापकता और विस्तार की दृष्टि से मारवाड़ी के पश्चात् जयपुरी का ही स्थान है। यह जयपुर, अजमेर, किशनगढ़, कोटा, बूँदी, टौंक, बीकानेर और अलवर के कुछ भागों में बोली जाती है। कोटा और बूँदी में इसका नाम हाड़ौती है।

जयपुरी के उत्तर पूर्व में राजस्थानी की मेवाती शाखा है। पूर्व में ब्रजभाषा की ढांग शाखा, बुंदेली तथा मालवी है। दक्षिण में फिर मालवी तथा मारवाड़ी का मेवाड़ी रूप तथा उत्तर और पश्चिम में मारवाड़ी है।

जयपुरी मध्य पूर्वी राजस्थानी का टकसाली रूप है। दादू तथा उनके शिष्यों की कुछ रचनाएँ इसमें मिलती हैं। जयपुरी की उपबोलियाँ निम्नांकित हैं:—

१. तोरावाटी, २. काठैड़ा, ३. नागरचाल, ४. राजावाटी, ५. चौरासी आदि। तोरावाटी जयपुर के तोरावट प्रदेश, खेतड़ी के कुछ भाग और नारायणपुर में बोली जाती है। काठेड़ा सवाई माधोपुर की बोली है। मालपुरा में भी इसका व्यवहार होता है। लावा की ठकुरायत और टौंक के कुछ भागों में नागरचाल का प्रचलन है। राजावाटी उनियारा ठिकाना और चौरासी दक्षिणी जयपुर में अपना क्षेत्र बनाती है। अजमेर में अजमेरी, किशनगढ़ में किशनगढ़ी, कोटा, बूँदी तथा शाहपुरा में हाड़ौती का प्रचलन है। ग्वालियर में हाड़ौती की एक उपबोली सिपरी बोली जाती है।

(घ) दक्षिण पूर्वी राजस्थानी—

यह मालवा की भाषा मालवी है जो श्रुतिमधुर है। यह मध्य प्रदेश के इंदौर, भोपाल तथा भोपावर क्षेत्र में बोली जाती है। पूर्व में यह ग्वालियर तक विस्तृत है तथा राजस्थान में कोटा और टौंक के चाब्रा परगने में बोली जाती है। नर्मदा नदी के पार कुछ विकृत रूप में भी यह होशंगाबाद आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मालवी के उत्तर में टकसाली जयपुरी का क्षेत्र है। पूर्व में ग्वालियर और सागर में प्रयुक्त होनेवाली पश्चिमी हिंदी की एक शाखा बुंदेली है। दक्षिण में बुंदेली, मराठी तथा राजस्थानी की निमाड़ी शाखा है। इसके उत्तर पश्चिम में मेवाड़ी तथा दक्षिण पश्चिम में गुजराती और खानदेशी हैं।

(ङ दक्षिण राजस्थानी —

यह नीमावर के क्षेत्र में बोली जानेवाली निमाड़ी है। भोपावर में भी निमाड़ी का व्यवहार होता है। इस भाषा का कोई साहित्य नहीं है। वैसे यह मालवी की ही एक उपशाखा है परंतु इसकी कुछ ऐसी निजी विशेषताएँ हैं जो इसे मालवी से पृथक् करती हैं।

भीली, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, कुशलगढ़, उदयपुर तथा प्रतापगढ़ में बोली जाती है। बाँगड़ी भीलोड़ी और गिरामिया भीली की उपबोलियाँ हैं। पंजाबी का प्रभाव गंगानगर की मारवाड़ी पर देखा जा सकता है। सिंध के निकटवर्ती भाग की मारवाड़ी पर सिंधी का प्रभाव है। गुजराती का प्रभाव मारवाड़ी और जयपुरी दोनों पर रहा है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चयन

राम और कृष्ण के मध्य कालांतर

[जर्नल आव द ओरिएंटल इंस्टिट्यूट, बड़ौदा के भाग १४, सं० १ में प्रकाशित श्री डी० आर० मंकड के निबंध 'क्रोनोलाजिकल डिस्टैंस बिट्विनं रामं एंड कृष्ण' का सारतत्व]

पारंपरित रूप से यह माना जाता है कि राम दाशरथि और कृष्ण के बीच पूरे एक युग का अंतर है। राम त्रेता के अंत में हुए थे और कृष्ण द्वापर के। यदि एक युग का कालपरिमाण १००० वर्ष माना जाय तो दोनों के जीवनकाल के बीच एक हजार वर्ष का अंतर होगा। किंतु दोनों महापुरुषों के समकालिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवनवृत्तों और उनकी वंशावलियों के साक्ष्य के आधार पर श्री मंकड महोदय ने यह प्रमाणित करने का प्रयत्न किया है कि इनके मध्य का कालांतर १०० वर्ष से अधिक नहीं हो सकता। राम की मृत्यु के लगभग १०० वर्ष बाद कृष्ण की मृत्यु हुई। बहुत संभव है राम की मृत्यु के पूर्व ही कृष्ण का जन्म हो गया हो।

भरद्वाज–द्रोण

भरद्वाज और द्रोण के बीच पिता-पुत्र-संबंध लोकविश्रुत है। भरद्वाज का संबंध निश्चित रूप से रामयुग के साथ है और द्रोण का कृष्णयुग के साथ। रामयुग के साथ भरद्वाज का संबंध स्थापित करने के लिये श्री मंकड ने कई प्रमाण दिए हैं। उनमें से कुछ प्रमुख ये हैं :—

(१) रामायण में भरद्वाज को बाल्मीकि का शिष्य कहा गया है।

(२) भरद्वाज ने अपनी पुत्री देववर्णिनी का विवाह रावण के पिता विश्रवस से किया था।

(३) राम ने वनगमन के समय प्रयागस्थित भरद्वाज आश्रम में एक रात बिताई थी। राम को लौटाने जाते समय भरत ने भी ऐसा ही किया था। वनवास के पश्चात् अयोध्या लौटते समय राम भरद्वाज से मिले थे। अश्वमेध यज्ञ करते समय भी राम भरद्वाज के आश्रम में गए थे।

(४) काशिराज दिवोदास और उसके पुत्र प्रतर्दन के साथ भरद्वाज का संबंध था। दिवोदास अहल्या का भाई था और प्रतर्दन राम को उनके राज्याभिषेक के समय बधाई देने गया था।

महाभारत में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि द्रोण भरद्वाज और घृताची के पुत्र थे। द्रोण कौरवों पांडवों के आचार्य थे तथा महाभारत में मारे गये थे। महाभारत में उल्लिखित है कि भरद्वाज द्रुपद के पिता पृषत के मित्र थे और द्रोण द्रुपद के। भरद्वाज की मृत्यु के बाद द्रोण ने शारद्वत की पुत्री कृपी से विवाह किया। शारद्वत अहल्या का पति था। इस प्रकार द्रोण रामयुग से बहुत दूर नहीं थे।

पार्जिटर ने कई भरद्वाजों की संभावना व्यक्त की है। अतः संभव है रामयुगीन भरद्वाज और द्रोण के पिता भरद्वाज का अलग अलग अस्तित्व मंकड ने संभावित अन्य भरद्वाजों की अस्तित्व कल्पना का निरास करते हुए अनेक तर्कों द्वारा रामयुगीन भरद्वाज को द्रोण के पिता से अभिन्न प्रमाणित किया है।

वसिष्ठ—द्वैपायन

वसिष्ठ दशरथ के पुरोहित थे। वसिष्ठ का पुत्र शक्ति था और शक्ति का पुत्र पाराशर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

था। पाराशर के पुत्र का नाम द्वैपायन था। द्वैपायन ने ही नियोग द्वारा पांडु और धृतराष्ट्र को जन्म दिया था। महाभारत के रचनाकार भी यही कृष्ण द्वैपायन माने जाते हैं।

निष्कर्षतः वसिष्ठ दशरथ और राम के समकालिक थे और उनके प्रपौत्र कृष्ण के। इस प्रकार राम और कृष्ण के बीच की दूरी बहुत अधिक नहीं ठहरती।

शकुनि—गांधारी

शकुनि का पितामह नग्नजित् प्रह्लाद का शिष्य था। प्रह्लाद का पौत्र बलि था जिसकी पौत्री का विवाह रावण के भाई कुंभकर्ण के साथ हुआ था। यदि हम प्रह्लाद के शिष्य नग्नजित् को बलि का समवयस्क मान लें तो नग्नजित् का पौत्र शकुनि राम और रावण से एक पीढ़ी नीचे पड़ेगा।

जरासंध

जरासंध बृहद्रथ का पुत्र था जो चंडकौशिक की कृपा से उत्पन्न हुआ था। चंडकौशिक कक्षीवत का पुत्र था और कक्षीवत भरद्वाज के भाई गौतम (दीर्घतमस) का पुत्र था।

इस प्रकार बृहद्रथ दीर्घतमस के पौत्र चंडकौशिक का समकालिक ठहरता है और जरासंध कृष्ण का समकालिक।

महाभारत के अनुसार बृहद्रथ के पिता वसु थे। वसु की पुत्री मत्स्यगंधा थी जिसने पराशर द्वारा द्वैपायन व्यास को जन्म दिया था।

द्विविद और मयंद

द्विविद और मयंद नामक दोनों वानर वाली की पत्नी तारा के भाई थे। सीता की खोज में दक्षिण की ओर जानेवाले वानरदल में ये भी संमिलित थे।

भागवत के अनुसार इस द्विविद ने रैवतक पर्वत पर विश्राम कर रहे बलराम के ऊपर आक्रमण कर दिया और युद्ध में मारा गया।

भागवत के प्रमाण के अनुसार द्विविद सुग्रीव, कंस और नरक का मित्र तथा बलराम का समकालिक था। मयंद भी कंस का मित्र माना गया है। इसका तात्पर्य यह है कि ये द्विविद और मयंद दीर्घजीवी थे।

नरकासुर

कालिकापुराण के अनुसार नरक भूमि का पुत्र था और उसका पालनपोषण विदेहराज जनक ने किया था। मेरी (मंकड की) व्याख्या के अनुसार इसका तात्पर्य यह है कि नरक जनक का पुत्र था जो भूमि नामक दासी से उत्पन्न हुआ था। इस प्रकार नरक का संबंध रामयुग के साथ हो जाता है।

इस नरकासुर की मृत्यु कृष्ण द्वारा हुई थी। महाभारत के अनुसार राजसूय यज्ञ के पूर्व जब अर्जुन दिग्विजय के लिये निकले तब भगदत्त प्राग्ज्योतिषपुर का शासन कर रहा था। भगदत्त नरक की मृत्यु के बाद सिंहासनासीन हुआ था।

कालिकापुराण के अनुसार बाणासुर नरक का मित्र था। इसी बाणासुर की पुत्री उषा के साथ कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध का विवाह हुआ था। बाणासुर बाली का पुत्र था। इससे यह प्रमाणित होता है कि नरकासुर और बाणासुर दोनों ही राम और कृष्ण दोनों युगों से संबद्ध थे।

हनुमान

हनुमान राम के साथ संबंधित तो थे ही, महाभारत में हनुमान और भीम के साक्षात्कार का भी उल्लेख हुआ है। ये चिरंजीवी कहे गए हैं।

मारकंडेय

महाभारत में कहा गया है कि मारकंडेय द्वैतवन में युधिष्ठिर से मिलने आए। वहाँ वे उनसे कहते हैं—

> स चापि राजा सह लक्ष्मणेन
> वने निवासं पितुरेव शासनात्।
> धन्वी चरन्पार्थ मयैव दृष्टो,
> गिरेः पुरा ऋष्यमूकस्य सानौ॥
> (वन० २५, ६)

इसका अर्थ यह है कि मारकंडेय राम और युधिष्ठिर दोनों के समकालिक थे। वे युधिष्ठिर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पर्वत पर हैं कि उन्होंने राम को ऋष्यमूक से कहते स्वयं देखा था।

मारकंडेय भी चिरंजीवी माने जाते हैं।

घोर आंगिरस

घोर अंगिरस गाधिपुत्र विश्वामित्र के साथ संयुक्त रूप से ऋग्वेद के मंत्ररचयिता हैं। (ऋ०, ३६, १०) संयुक्त रचयिता समकालिक होते थे। अतः घोर विश्वामित्र के समकालिक होने के नाते राम के भी समकालिक थे।

ऋग्वेद प्र०, ३६–४३; नवम्, ९४ के रचयिता कण्व को घोर कहा गया है अर्थात् वे घोर के पुत्र थे। फिर प्रगाथ काण्व ऋ० अष्टम् १, १–२; १०, ४८; ६२–६५ के रचयिता हैं। इनके संबंध में सायण का कथन है कि ये घोर अंगिरस के पुत्र थे और इस प्रकार कण्व के छोटे भाई लगते थे। किंतु बाद में कण्व ने उन्हें गोद ले लिया और इस प्रकार वे काण्व के नाम से प्रसिद्ध हुए। प्रगाथ का कथन है कि उसने पुरुकुत्स या त्रसदस्यु से उपहार प्राप्त किया था (ऋ० अष्टम्, ६५, १२)। पुरुकुत्स और त्रसदस्यु रामयुग में वर्तमान थे। अतः प्रगाथ और उसके पिता घोर आंगिरस राम के समय वर्तमान थे।

छांदोग्य उपनिषद् (तृ०, १७, ६) में कहा गया है कि घोर आंगिरस देवकीपुत्र कृष्ण के गुरु थे। ये घोर ऋग्वैदिक ऋषि से अभिन्न हैं। अतः घोर आंगिरस राम और कृष्ण दोनों के युगों से संबद्ध हैं।

मुचुकुंद

मुचुकुंद यौवनाश्व मांधाता का पुत्र था। मांधाता राम का प्रायः समकालिक था और लवण द्वारा मारा गया था। बाद में लवण को राम के अनुज शत्रुघ्न ने मारा था। इस प्रकार मुचुकुंद जो राम का समकालिक था, कृष्ण का भी समकालिक था। मुचुकुंद जब कृष्ण से मिला तब वह अत्यंत वृद्ध हो चुका था और कृष्ण युवावस्था में प्रवेश कर रहे थे।

मयासुर

रामायण (सप्तम, १२) के अनुसार मयासुर को हेमा से मायावी और दुंदुमी नामक दो पुत्र और मंदोदरी नामक एक पुत्री थी। मंदोदरी का विवाह रावण से हुआ था और मायावी तथा दुंदुभी, दोनों बालि द्वारा मारे गए थे। इस प्रकार मयसुर राम का समकालिक हुआ।

महाभारत (प्रथम, २२८) में कहा गया है कि अर्जुन ने खांडववन में मयासुर की रक्षा की थी और उसने अर्जुन को देवदत्त नामक शंख दिया था।

इस प्रकार मयासुर राम और कृष्ण दोनों युगों से संबंद्ध प्रमाणित होता है।

भीष्म

महाभारत के महान् योद्धा भीष्म भी दोनों युगों से संबद्ध थे।

(१) उन्होंने परशुराम के साथ युद्ध किया था।

(२) भीष्म रावण के पितामह पुलस्त्य से मिले थे।

(३) गंगा ने पहले उन्हें वसिष्ठ से शिक्षा दिलाई और बाद में परशुराम से।

परशुराम

परशुराम राम से संबद्ध तो थे ही, कृष्ण के युग से भी संबद्ध थे।

(१) उन्होंने भीष्म से युद्ध किया था।

(२) द्रोण भीष्म से मिले थे।

(३) परशुराम ने कर्ण को शिक्षा दी थी। ये भी चिरंजीवी माने जाते हैं।

शंखण

महाभारत के वनपर्व में कथा है कि इक्ष्वाकु वंश में परीक्षित नामक एक राजा हुए थे जिनके शल, बल और दल नामक तीन पुत्र थे। शल और दल ने वामदेव के आश्रम में जाकर उनसे झगड़ा किया था। वामदेव दशरथ के पुरोहित थे।

शल का पुत्र वज्र था जिसका पुत्र शंखण था। शंखण की मृत्यु महाभारत युद्ध में हुई थी।

ये सारे प्रमाण लेखक को यह निष्कर्ष निकालने के लिये विवश करते हैं कि राम और कृष्ण दोनों के मध्य कालांतर १०० वर्ष से अधिक नहीं हो सकता।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्देश

द विश्वभारती क्वार्टर्ली भाग २८ सं० ३-४, १९६२-६३

जेनरल ऐंड रीजनल ज्याग्रफी इन एंश्येंट इंडिया [संस्कृत वाङ्मय के साक्ष्य पर प्राचीन भारतीयों के भौगोलिक ज्ञान का विवेचन। लेखक ने प्राचीन भारत में ज्ञात देशों, नवीन देशों की खोजों, उपनिवेशीकरण, विभिन्न स्थानों के प्राणियों और वनस्पतियों, खनिजों उद्योग धंधों और जनसंख्या आदि का सामान्य, सर्वेक्षण प्रस्तुत किया है।]

मायाप्रसाद त्रिपाठी

भाग २९ सं० १-१९६३-६४

लाफ्टर इन सैक्रेड लिटरेचर [पवित्र शास्त्रों में हास्य तत्व] गीता, चंडी और बाइबिल में निहित हास्य के वर्णनों का अनुशीलन।]

—डी० पी० सेनगुप्त

जर्नल आव द यूनिवर्सिटी आव बांबे

भाग ३२, संख्या २

समुद्र इन द ऋग्वेद [ऋग्वेद में आए समुद्र संबंधी संदर्भों का अनुशीलन] —डा० बी० बी० गंगल

द होतृ ऐंड अदर प्रीस्ट्स इन द ब्राह्मणाज आव द ऋग्वेद [ऋग्वैदिक ब्राह्मणों के होतृ तथा अन्य पुरोहितों तथा उनके कार्यों का विवेचन]—डा० एन० जे० शिंदे।

मैक्सिम्स ऐंड पिथी सेइंग्स इन द पउमचरिय [पउमचरिय की सूक्तियों और कहावतों का अनुशीलन]—डा० पी० एम० उपाध्ये'

ए स्टडी आव देश्य वर्ड्स फ्राम द महापुराण आव पुष्पदंत [पुष्पदंत के महापुराण में आए देश्य शब्दों का अध्ययन] —श्रीमती रत्ना श्रीयन

ऐनल्स आव द भंडारकर ओरिऐंटल रिसर्च इंस्टिट्यूट, १९६३

द सेरेमनी आव नीराजना—[प्राचीन भारत में 'नीराजन' कृत्य के स्वरूप का अनुसंधान]—बी० एच० कापडिया।

सम न्यू ऐसपेक्ट्स आव पोलिटिकल हिस्ट्री इन बाणभट्ट—[बाणभट्ट की कृतियों में राजनीतिक इतिहास के संदर्भों का अनुसंधान]

—दिलीपकुमार कांजीलाल

द प्रबोधचंद्रिका आव बैजलदेव एलांग विद द इनकंप्लीट कमेंटरी, सुबोधिनी बाइ गोपालगिरी—[सात हस्तलेखों की सहायता से संपादित बैजलदेव कृत प्रबोधचंद्रिका की संपादनप्रक्रिया और समस्याओं का विवरण]

जर्नल आव द एशियाटिक, सोसायटी कलकत्ता

भाग ४ सं० ३-४

जासेफ टियेफेन्थलर ऐंड हिज ज्योग्रफी आव हिंदुस्तान [भारत के भूगोल निर्माण में अठारहवीं शताब्दी के पादरी टियेफेन्थलर की देनों का सचित्र विवेचन]

—एस० एन० सेन

ए लिथिक एपिक आव साउथईस्ट राजस्थान —ए फ्रेश स्टडी [दक्षिण पूर्व राजस्थन के बिडावा ग्राम में उपलब्ध शिलांकित महाकाव्य का नवीन अध्ययन]—अद्रा बनर्जी

श्री वेंकटेश्वर युनिवर्सिटी ओरियेंटल जर्नल

भाग ५ संख्या—१ और २ (संयुक्त) गोविंद दासाज डिफिनिशन आव अशौच [सोलहवीं शताब्दी के बंगदेशीय गोविंददास के अनुसार 'अशौच' का विवेचन]

—भावातोश भट्टाचार्य

ए कैंडुच आन द बफेलो [वाणकेश्वर कवि कृत संस्कृत की एक महत्वपूर्ण व्यंग कृति 'महिष शतक' और उसकी रचना का रोचक परिचय]—टी आर० राजगोपाल अय्यर

टेन्स आक्जिलियरीज इन हिंदी [हिंदी में कालरूपों के लिये प्रयुक्त सहायक क्रियायों का विवेचन]—चंद्रभान रावत।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शारदापीठ प्रदीप

भाग ४, संख्या २

उपक्रम उपसंहार—ऐज क्रइटेरियन फार टेक्स्चुअल इंटरप्रिटेशन [तात्पर्यार्थ निरूपण में उपक्रम-उपसंहार के महत्व और उनकी समस्याओं का विशद विवेचन]

डा० टी० ए० दवे

द जर्नल आव ओरिएंटल रिसर्च मद्रास

भाग ३१, संख्या १–४

द मिथिकल मैसेकर ऐट मोहेनजोदारो [मोहेनजोदड़ो के तथाकथित नरसंहार का विवेचन] जार्ज एफ० डेल्स, शिकागो।

जर्नल आव द एशियाटिक सोसायटी आव बांबे

भाग ३८। १९६३ (प्रकाशनकाल १९६४)

सिमलीज इन द अथर्ववेद [अथर्ववेद संहिता की उपमाओं का सविस्तर अध्ययन]

—एच० डी० वेलकर

द आर्यंस, द डोमिस्टिकेटेड हार्स, ऐंड द स्पोक्ड चैरिएट ह्वील [पालतू घोड़ों और अरियों वाले रथचक्रों के विकासक्रम के साक्ष्य पर आर्यों की ऐतिहासकता का अनुशीलन]

— के० डी० सेथ्ना

एंटीक्विटी आव माडर्न द्वारका ऐंड द्वारका इन लिटरेचर ऐंड आर्कियोलाजी [द्वारका की स्थिति संबंधी साक्ष्यों का पुनर्परीक्षण]

—एच० डी० सांकलिया

सोम इन द ब्राह्मणाज आव द ऋग्वेद [ऋग्वैदिक ब्राह्मणों के संदर्भ में सोम के स्वरूप का विवेचन]

—एन० जे० शेंदे

बुलेटिन आव द स्कूल आव ओरिएंटल ऐंड अफ्रिकन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आव लंदन

भाग १७ संख्या ३, १९६४

ऐस्पिरेटेड संधि [सघोष संधि का अनुशीलन]—जे० ई० बी० ग्रे, भाग १८, संख्या १, १९६५।

हरिभद्र [हरिभद्र और उनकी कृतियों का वैज्ञानिक विश्लेषण]

—आर० विलियम्स

जर्नल आव द ओरिएंटल इंस्टिट्यूट, बड़ौदा

भाग १४, अंक १

क्रोनोलाजिकल डिस्टैंस बिट्विन राम ऐंड कृष्ण [राम और कृष्ण के मध्य कालांतर का विवेचन]

—डी० आर० मंकड

आर्किटेक्चरल टर्मिनालाजी इन द वारांगचरित [वारांगचरित में आए हुए वास्तुशास्त्र संबंधी शब्दों का विवेचन]

—डा० वासुदेवशरण अग्रवाल

ए नोट आन द वर्ड कोष्ठागार [संस्कृत वाङ्मय के संदर्भों के आलोक में कोष्ठागार शब्द का अनुशीलन]

—राजेंद्रबिहारी पांडेय

ज्याग्रफी नोन टु द पउमचरित्र [पउमचरित्र में आए भौगोलिक संदर्भों का विवेचन]

पी० एम० उपाध्ये

नोवेना ऐंड नवरात्रि [नवरात्रि और ईसाई नोवेना उत्सव के मध्य संबंधसूत्रों की खोज]

—रामचंद्र-कृष्ण प्रभु

थ्री स्टेजेज इन द एडवेंट आव सोम [सोम एवं उसके आविर्भाव के तीन सोपानों का विवेचन]

—सदाशिव ए० डांगे

भाग १४, अंक २

सोर्सेज आव द रामस्टोरी आव पउमचरियम् [पउमचरियं की रामकथा के स्रोतों का विवेचन]

—के० आर० चंद्रा

द सोर्सेज आव हेमचंद्राज काव्यानुशासन [हेमचंद्र के 'काव्यानुशासन' के स्रोतों का विवेचन]

—वी० एम० कुलकर्णी

बुद्धिस्ट ग्लीनिंग्ज फ्राम द राजतरंगिणी [कल्हण की राजतरंगिणी में आए बौद्ध संदर्भों का अनुशीलन]

—एल. एम. जोशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समीक्षा

भागवतदर्शन[1]

भागवतदर्शन डाक्टर हरवंशलाल शर्मा की कृति है जो थोड़े दिन पहले भारत प्रकाशन मंदिर, अलीगढ़ से प्रकाशित हुई है। जैसा नाम से ही स्पष्ट है, इसमें भागवत महापुराण का विवेचन है। दर्शन शब्द देखकर किसी को संशय हो सकता है कि इसमें भागवत के केवल दार्शनिक पक्ष की ही मीमांसा होगी, किंतु बात वैसी नहीं है। दर्शन शब्द का प्रयोग यहाँ सामान्य अर्थ में हुआ है, अर्थात् भागवत का सांगोपांग और गंभीर अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। इतने व्यापक रूप में किसी पुराण के अध्ययन का हिंदी में यह प्रथम प्रयास है। पुस्तक बारह अध्यायों में विभक्त है, जिनके शीर्षकों से ही प्रतिपाद्य विषय की कुछ झाँकी मिल जाती है। अध्याय हैं भारतीय, वाङ्मय की परंपरा भारतीय वाङ्मय में पुराण, भारतीय धर्म और भक्ति का आंदोलन, श्रीमद्भागवत महापुराण, श्रीमद्भागवत में कृष्ण और गोपियाँ, कृष्ण का ऐतिहासिक विवेचन, श्रीमद्भागवत के दार्शनिक सिद्धांत, श्रीमद्भागवत में भक्ति, भागवत का साहित्यिक महत्व, श्रीमद्भागवत और वैष्णव संप्रदाय, श्रीमद्भागवत और मध्ययुगीन भक्ति-साहित्य, श्रीमद्भागवत तथा पुष्टि संप्रदाय का ब्रजभाषा साहित्य, श्रीमद्भागवत तथा हिंदीतर मध्ययुगीन भाषाओं का साहित्य। इस तरह भागवतदर्शन में न केवल भागवत पुराण की ही आलोचना है, बल्कि समग्र पौराणिक साहित्य की भी संक्षिप्त चर्चा आ गई है, जो जिज्ञासुओं के बड़े काम की है। दर्शन, भक्ति साहित्य आदि सभी महत्वपूर्ण दृष्टियों से भागवत का यह अध्ययन ग्रंथ के विस्तार और गांभीर्य के सर्वथा अनुरूप है। संस्कृत में एक कहावत है कि 'विद्यावतां भागवत् परीक्षा' अर्थात् विद्वानों की भागवत में परीक्षा होती है। डाक्टर शर्मा ने प्रस्तुत कृति के द्वारा यह प्रमाणित कर दिया है कि यह उक्ति उन्हीं जैसे विद्वान् को ध्यान में रखकर प्रचलित हुई होगी।

प्राचीन समय में पुराणों का बड़ा महत्व था और वेदों के अध्ययन के वे अनिवार्य साधन माने जाते थे। इतिहासपुराणाभ्यां वेदार्थ-मुपबृंहयेत् — यह कथन उसी का सूचक है। बाद में चलकर संस्कृत के ही पठन पाठन से विरक्ति हो गई, फिर कहाँ वेद, कहाँ पुराण! किंतु भारतीय संस्कृति और साहित्य को समझने के लिये पुराणों का अनुशीलन आवश्यक है। हमारे जीवन के समस्त स्रोत पुराणों से संबद्ध हैं। कुछ लोगों ने पुराणों को कपोलकल्पना मात्र मान रखा है जो दृष्टिविपर्यास के अतिरिक्त और कुछ नहीं। सच पूछिए तो पुराण इस देश की भावात्मक एकता के सबसे समर्थ माध्यम रहे हैं। उनसे लोगों को धर्म, दर्शन, अध्यात्म की शिक्षा ही नहीं मिलती थी, अपने पूर्वजों के महनीय चरित की स्मृति भी हरी हो उठती थी। इसीलिये पुराणों की कथा सुनने सुनाने की परंपरा हमारे यहाँ प्रचलित थी। उससे समाज का बड़ा कल्याण होता था। आज उस परंपरा के विच्छिन्न हो जाने से समाज का संयोजक सूत्र ही विच्छिन्न हो गया है जिसका परिणाम प्रत्यक्ष है।

भागवत पुराणों में सबसे प्रमुख तो है ही, उसका कवित्व भी अलौकिक है। मध्ययुगीन साहित्य पर उसका प्रभाव अपरिसीम है। कृष्णभक्ति के प्रायः सभी रूपों का वह प्रेरक है। भक्ति की अन्य शाखाओं पर भी उसका प्रभाव महत्वपूर्ण है। लेखक ने उन सारी विशेषताओं को बड़ी ही गंभीरता से उद्घाटित

---

1. प्र० भारत प्रकाशन मंदिर, अलीगढ़ पृ० २४ + ३२४ मू० रु० १२.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किया है। भागवतदर्शन की एक बहुत बड़ी विशेषता यह है कि इसमें लेखक का दृष्टिकोण सर्वथा तटस्थ और संप्रदाय निरपेक्ष रहा है। इसमें कहीं भी पूर्वाग्रह नहीं है और न अपनी भावना या धारणा के अनुसार व्याख्या करने की प्रवृत्ति ही है। शोध के अनुकूल जो वस्तु-परक दृष्टि होनी चाहिए, वह श्लाघ्य रूप में वर्तमान हैं। किसी लेखक का यह बहुत बड़ा वैशिष्ट्य है कि वह आलोच्य वस्तु की आड़ में अपने विचारों को आगे नहीं रखे। डाक्टर शर्मा इस वैशिष्ट्य के उल्लेखनीय निदर्शन हैं।

प्रस्तुत पुस्तक का प्रत्येक अध्याय सुविवेचित है। वे अध्याय विशेष महत्व के हैं, जिनमें दार्शनिक सिद्धांत, भक्ति, साहित्यिक महत्व, वैष्णव संप्रदायों पर प्रभाव आदि प्रदर्शित किए गए हैं। अंतिम अध्याय, जिसमें तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, मराठी, गुजराती, बँगला, असमिया, उड़िया, पंजाबी आदि साहित्य पर भागवत का प्रभाव दिखाया गया है भारत की भावात्मक एकता का अप्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जो सदा से इस देश में रहा है। डा० शर्मा का यह कथन सर्वथा सत्य हैं कि 'मध्ययुगीन भाषाओं' के साहित्य के अध्ययन से यह बात सहज ही हृदयंगम हो जाती है कि भाषाओं के कारण साहित्यपरिधान चाहे जैसा भी रहा हो, उसमें धार्मिक तथा सांस्कृतिक एकता सर्वत्र उपलब्ध होती है। आज राजनीतिक एकता के इस युग में उस सांस्कृतिक एकता का सूत्र विच्छिन्न हो जाने से ही भावात्मक एकता शिथिल पड़ गई है। वह तभी सुदृढ़ हो सकती है, जब अपने सांस्कृतिक साहित्य के माध्यम से हम अतीत के साथ वर्तमान का समन्वय करें।

भागवतदर्शन अध्यात्म, भक्ति, साहित्य आदि के विद्वत्तापूर्ण विवेचन की दृष्टि से अभिनंदनीय कृति तो हैं ही, विविध साहित्यों की मूलभूत एकता को प्रकाश में लाकर उनका पारस्परिक संबंध दिखाकर भावात्मक एकता का, जो आधार प्रस्तुत किया हैं वह भी राष्ट्रीय दृष्टि से प्रशंस्य है। पुस्तक की प्रतिपादन शैली गंभीर होते हुए भी प्रांजल हैं, शास्त्रीय होते हुए भी सरल है। भागवत का ऐसा व्यापक तथा सार्वांगपूर्ण अध्ययन प्रस्तुत कर डा० शर्मा ने वस्तुतः एक चिंत्य अभाव की पूर्ति की है। जिसके लिये वे साधुवाद के पात्र हैं। भागवतदर्शन से एक साथ ज्ञान और भावना दोनों की तृप्ति होती हैं। निःसंदेह इस पुस्तक से पुराणों के शास्त्रीय एवं सर्वांगीण अध्ययन की दिशा निर्दिष्ट होती है।

—डा० देवेंद्रनाथ शर्मा

*

हिंदी भाषा आंदोलन-एक समीक्षा[1]

प्रस्तुत पुस्तक में संसदसदस्य डा० गोविंददास के उन भाषणों का संकलन हैं, जो हिंदी को राजभाषा के पद पर प्रतिष्ठित कराने के लिये सार्वजनिक सभाओं, कौंसिल आफ स्टेट और संसद में दिए गए हैं। संसद में इसी विषय पर हुए प्रश्नोत्तर भी हैं। साहित्यिक मंच से दिए गए भाषण हैं, जो हिंदी भाषा के प्रचार की कठिनाइयों का विवेचन करते हैं और उसके साहित्य पक्ष को उद्भासित करते हैं।

सेठ गोविंददास कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता, पुराने नेता और हिंदी भाषा की प्रतिष्ठा के लिये आंदोलन करनेवाले ऐसे साहित्यकारों में से हैं, जिनकी राजनीतिक और साहित्यिक गतिविधि में सुखद समन्वय रहा हैं। हिंदी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए उन्होंने स्वतः लिखा है—मेरी वह माता रही है, जिसने मेरी आत्मा को पोसा है, उसका लालन पालन किया है……।

मध्यप्रदेश के निवासी सेठ जी की हिंदी सेवाओं से भली भाँति परिचित हैं और जानते हैं कि साहित्यसृजन की ओर उनका रुझान अल्पवय में ही प्रकट होने लगा था। १२ वर्ष की अवस्था में सेठ जी ने अपना पहला उपन्यास लिख डाला था और २० वर्ष की आयु से वे हिंदी की सेवा में अनवरत लगे हैं।

हाल ही में दिल्ली प्रादेशिक हिंदी साहित्य संमेलन द्वारा आयोजित हिंदी सप्ताह के अवसर पर जब उत्तर प्रदेश के एक युवक साहित्यकार

---

१. सं० लक्ष्मीचंद्र, प्र० हिंदी साहित्य संमेलन प्रयाग, पृ० ३१२, मू० रु० ३.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ने विनम्र अनुरोध किया कि हिंदी प्रसार आंदोलन को अब युवकों के हाथों सौंपकर सेठ जी जैसे नेताओं को अवकाश ग्रहण कर लेना चाहिए, तब अपने अध्यक्षीय भाषण में बाबू साहब ने जोर देकर कहा कि जब तक हिंदी को उसका संमानित आसन नहीं मिलता वे चैन से बैठने को तैयार नहीं हैं।

हिंदी को सारे देश में प्रचारित करने के उद्देश्य से केंद्रीय व्यवस्थापिका सभा में सन् १९२३ में बाबू साहब ने ही आवाज उठाई थी। इसके बाद उन्हें जब जब अवसर मिला, वे हिंदी के समर्थन में निःशंक बोलते और लिखते रहे। यद्यपि ऐसे अनेक अवसर उपस्थित हुए, जब उन्हें अपने मत पर बहुसंख्यक लोगों का स्पष्ट समर्थन कठिनाई से ही मिला।

हिंदी के प्रति उनके आग्रह से बहुतेरे रुष्ट भी हुए, तथापि उनकी हिंदीनिष्ठा के प्रति उनके विरोधी भी नतमस्तक होते हैं, इसमें संदेह नहीं है। सन् १९६३ में लोकसभा में एक सरकारी विधेयक पर बोलते हुए सेठ गोविंद दास स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू के ओजस्वी व्यक्तित्व से टकरा गए। इतना ही नहीं, भाषा-विधेयक पर लोकसभा में मतदान के समय उन्होंने अपने दल की नीति के विरुद्ध मतदान किया।

इस संकलन में डा० गोविंददास के जो भाषण और विचार संगृहीत हैं, उनसे यह जाना जा सकता है कि सबसे पहले १६ मार्च, १९२७ को गोविंददास जी ने यह प्रस्ताव किया था कि भारतीय विधानमंडल के सदस्यों को हिंदी और उर्दू में भाषण करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

हिंदी के विरोध में जो तर्क सामान्यतया प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, सेठ जी ने उनका न्यायोचित और तर्कसाध्य समाधान प्रस्तुत किया है। अपने मत की पुष्टि के लिये उन्होंने भारतीय विद्वानों और योरोपीय विशेषज्ञों के अभिमत प्रस्तुत किए हैं।

अधिकांश लोगों की आज भी यह धारणा है कि सूक्ष्म मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति और वैज्ञानिक तथा तकनीकी साहित्य के सृजन के लिये हिंदी तथा अन्य भारतीय भाषाएँ अनुपयुक्त हैं। इसके उत्तर में डा० गोविंददास ने अंग्रेजी के एक विद्वान् श्री कस्ट के कथन का उल्लेख किया है—यथा—'इंडियन वर्नाक्युलर्स आर मैग्नीफिशेंट वेहिकल्स आव स्पीच ऐंड कैपेबुल आव एक्सप्रेसिंग एनी ह्यूमन कंसेप्शन ऐंड बीइंग द वेहिकल आव द हायेस्ट साइंटिफिक एडूकेशन।'

हिंदी भाषा और देवनागरी लिपि तथा वैज्ञानिक और प्रशासकीय क्षेत्रों में इनकी क्षमता के विरुद्ध जो कारण अथवा तर्क दिए जाते हैं, अपने भाषणों में बाबू साहब ने उनका निराकरण किया है।

हिंदी के समर्थकों पर सांप्रदायिकता का जो आरोप लगाया जाता है, उसका उत्तर सेठ जी ने गांधी जी के इन शब्दों में दिया है कि जब तक हम अंग्रेजी की गुलामी से मुक्त नहीं होते, तब तक राजनीतिक स्वराज्य अधूरा है। प्रजातंत्र में प्रजा की भाषा की उपेक्षा घोर अन्याय है।

हिंदी के समर्थन में सेठ जी ने अहिंदी क्षेत्रों के महापुरुषों के उद्धरण दिए हैं। उनमें नेता जी सुभाषचंद्र बोस का उद्धरण इस प्रकार है—'मैं इस बात को मानता हूँ कि बंगाली लोग अपनी मातृभाषा से अत्यंत प्रेम करते हैं और यह कोई अपराध नहीं है। शायद हममें से कुछ ऐसे आदमी भी हैं, जिन्हें इस बात का डर है कि हिंदीवाले हमारी मातृभाषा को छुड़ाकर उनकी जगह पर हिंदी रखवाना चाहते हैं। यह भ्रम निराधार है। हिंदी के प्रचार का उद्देश्य केवल यही है कि जो काम आज अंग्रेजी से लिया जाता है वह आगे चलकर हिंदी से लिया जाय।'

हिंदी के प्रयोग और प्रसार के लिये 'हिंदी चलाओ' योजना के अंतर्गत कुछ व्यावहारिक सुझाव सेठ जी ने प्रस्तुत किए हैं। यथा—

१—हिंदी के प्रयोग के बारे में जो नियम अब तक बने हैं, उनका उल्लंघन करनेवाले छात्रों और संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई।

२—सरकारी कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने का प्रशिक्षण।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३—सरकारी नियमों, नियम पुस्तकों, मूल नियमावलियों आदि का अनुवाद।

४—अनुवाद की अपेक्षा मौलिक लेखन पर विशेष ध्यान।

५—वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली का निर्माण।

६—विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी अथवा प्रादेशिक भाषाओं का चयन।

७—अखिल भारतीय प्रशासकीय सेवाओं के लिये प्रतियोगिता परीक्षाओं के माध्यम के रूप में हिंदी का चलन।

इनमें से १ को छोड़कर शेष पर केंद्रीय सरकार, राज्य सरकारों, स्वैच्छिक हिंदी प्रचार-संस्थाओं और विश्वविद्यालयों द्वारा काम किया जा रहा है।

हिंदी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने के आंदोलन के संबंध में जिन्हें अधिकृत जानकारी प्राप्त करने की इच्छा है, उनके लिये यह पुस्तक संग्रहणीय है।

हिंदी के आंदोलन का क्रमिक इतिहास भी इसमें मिलता है। हिंदी के पक्ष में दिए गए भाषणों को समझ लेने के बाद यह बात पाठकों को बार बार कुरेदेगी कि इतना सब होने पर भी हिंदी को वांछित प्रतिष्ठा क्यों नहीं मिल पाई। इसका एकमात्र कारण यह है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी के लिये जैसी मनोभूमि वांछित थी, वैसी कदाचित् तैयार नहीं की गई और फलस्वरूप दक्षिण भारत में हिंदी साम्राज्यवाद का भय फैल गया। प्रत्येक राष्ट्रव्यापी आंदोलन में जनसाधारण का सहयोग आवश्यक होता है। हिंदी के प्रचार और प्रसार के आंदोलनों में ऐसे व्यापक सहयोग का भरपूर यत्न नहीं हुआ।

प्रस्तुत पुस्तक हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग द्वारा प्रकाशित की गई है। संकलनकर्ता श्री लक्ष्मीचंद्र हैं। पुस्तक में ३११ पृष्ठ हैं। मूल्य नौ रुपये है। मुद्रण आदि संतोषप्रद है।

—जी० नायक

*

साहित्य और मनोविज्ञान—ले० देवेंद्र इस्सर, बुक हाउस, नई दिल्ली, मूल्य ३, ५०।

रचनाप्रक्रिया को विवृत और विवेचित करने के जो प्रयास आधुनिक युग में हुए हैं उनका महत्व अक्षुण्ण है अतः साहित्य और मनोविज्ञान के संबंध का स्पष्टीकरण अत्यंत आवश्यक हो उठा है। फ्रायड ने मन के अंतःप्रदेश में प्रवेश करने की ताली दी जिसके संशोधन और संवर्धन की चेष्टाएँ युंग और एडलर ने कीं। पश्चिम में साहित्यिक रचनाओं का अध्ययन इन पद्धतियों के आधार पर किया गया और साहित्य की अंतर्मुक्त चेतना के विश्लेषण के प्रयास किए गए। श्री देवेन्द्र इस्सर ने इस संदर्भ में साहित्य और मनोविज्ञान के संबंध का विवेचन किया है। पुस्तक परिचयात्मक है और इससे दोनों के संबंध को समझने में सहायता मिलेगी। विषय की व्याप्ति इससे अधिक विस्तृत पुस्तक और व्यापक विवृति की अपेक्षा रखती है।

❀

राजवाड़े लेख संग्रह संपादक—तर्कतीर्थ लक्ष्मणशास्त्री जोशी, अनुवादक श्री वसंत देव, प्रकाशक-साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, मूल्य १२, ५०।

श्रीविश्वनाथ काशीनाथ राजवाड़े के महत्वपूर्ण निबंधों का संकलन और संपादन तर्कतीर्थ लक्ष्मणशास्त्री जोशी ने किया है। भारतीय और विशेष कर महाराष्ट्रीय इतिहास के अध्ययन के लिये श्री राजवाड़े के निबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनका इतिहास-दर्शन-संबंधी दृष्टिकोण मौलिक और महत्वपूर्ण था और मराठी इतिहास के साधनों तथा सामग्रियों के संकलन और विश्लेषण विवेचन में राजवाड़े ने अपूर्व प्रयास किए थे। अंग्रेजी इतिहासकारों के प्रति उनकी अनास्था ने इतिहास के अध्ययन को नई दिशा दी। मराठी भाषा और साहित्य, महानुभाव-संप्रदाय और उसकी चिंताधारा के उद्घाटन का श्रेय भी श्री राजवाड़े को है। नवीनतम आलोक में उनकी धारणाओं में संशोधन की अपेक्षा भले ही ज्ञात हो, उनके अनुसंधान का महत्व कम नहीं होता। इनके शोधात्मक निबंधों का यह संकलन अन्वेषियों के लिये अत्यंत उपादेय है। इसके अनुवादक बधाई के पात्र हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मानस मयूख—(त्रैमासिक शोध-पत्रिका) संपादक रामादास शास्त्री एम० ए०, वर्ष-१ प्रथम प्रकाश (३० जून, सन् १९६४ ई०) १७२ जे० एन० मुखर्जी रोड, सलकिया, हवड़ा, मूल्य दो रूपये।

संपादक मंडल में पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, डा० बलदेव प्रसाद मिश्र और पं० बलदेव उपाध्याय जैसे विद्वान् और पंडित हैं और इस अंक में कई निबंध उल्लेख्य और पठनीय हैं। मानस संबंधी रचनाओं की यह विशेष पत्रिका है और इस प्रकार का प्रथम प्रयास। संपादक ने महत्वपूर्ण निबंधों का संग्रह उपस्थित किया है। मानस संबंधी शोध को इस पत्रिका से विशेष बल मिलेगा। साहित्य के अध्यापक और छात्र, शोध कर्त्ता और मानस-प्रेमियों के लिए यह पत्रिका उपादेय है। ऐसे प्रयास की सफलता की कामना करता हूँ।

*

प्रासाद मंडन—(मंडन सूत्रधार विरचित) अनुवादक और संपादक पं० भगवान दास जैन प्रकाशक-बी० एस० शर्मा बी० एस० सी, विशारद; जयपुर सिटी, मूल्य सोलह रुपये।

प्राचीन भारतीय स्थापत्य कला के विस्मय-जनक आदर्श हमारे देश में उपलब्ध हैं, यद्यपि काल क्रम, विदेशी आक्रमण और हमारी उदासीनता के कारण अनेक की सुरक्षा संभव नहीं हो सकी। प्रासाद मंडन स्थापत्य कला का मैनुअल है जिसके आधार पर देवालयों का निर्माण होता रहा। इसमें देवालयों की जातियों तथा माप-परिमाण के साथ ही साथ उनके गुणदोष का विवेचन भी है। देवालय निर्माण परमार्थ लाभ की निष्ठा से अनुप्राणित रहा। प्रासादमंडन का रचयिता सूत्रधार मंडन राणा कुंभ (१४३३-१४६८ ई०) का समकालीन और सभासद था। उन्होंने कीर्तिस्तंभ का निर्माण कराया था। मुस्लिम काल में ऐसे ग्रंथों की रचना से सूचना मिलती है कि निर्माण कला उन्नत और सजीव थी। ईरानी कला से भारतीय कला की तुलना करने की सामग्री और सूत्र भी इसमें मिलते हैं। भारतीय संस्कृति और कला के उपादानों का अन्वेषण ऐसे ग्रंथों के आधार पर ही किया जा सकता है। लेखक और प्रकाशक दोनों का श्रम श्लाघ्य है, यद्यपि इसके संपादन में जिस विश्लेषणात्मक पद्धति की अनिवार्यता थी उसका अभाव हमें मिलता है।

*

औचित्य विमर्श—ले० प्रो० राममूर्ति त्रिपाठी प्रका० भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, मूल्य ६,०० रुपये।

क्षेमेंद्र कृत औचित्य विचार चर्चा के संदर्भ में प्रो० त्रिपाठी ने औचित्य की चर्चा की है और पाश्चात्य काव्यशास्त्र के तत्संबंधी सिद्धांतों के साथ क्षेमेंद्र के मत की तुलना भी की है। इसी संदर्भ में त्रिपाठी जी ने पं० नंददुलारे वाजपेयी, पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी, डा० नगेंद्र और कुछ इतर विचारकों मंतव्यों का भी अध्ययन किया है। औचित्य विषयक प्राचीन और आधुनिक विचारधाराओं के समेटने का उपक्रम इस ग्रंथ में उपलब्ध है। जब ऐसे सभी लेखकों की चर्चा यहाँ अभिष्ट थी, जो औचित्य की चर्चा करते रहे हैं तो पं० बलदेव उपाध्याय का छूटना आश्चर्यजनक है क्योंकि साहित्यशास्त्र में उन्होंने औचित्य संप्रदाय की चर्चा की है। पाश्चात्य काव्यशास्त्र के विकास का अध्ययन मूल ग्रंथों पर आधृत नहीं। ऐतिहासिक अनुक्रम एवं तत्कालीन काव्य-चेतना के संबंध के अभाव में यह अध्ययन गंभीर न होकर निर्देशन मात्र हो गया है। भारतीय साहित्यशास्त्र को बहिरंग और अंतरंग के वर्गों में वर्गीकृत करने का प्रयास भी सात्विक नहीं है। काव्य के परिपार्श्व में समस्त भारतीय साहित्यशास्त्र का अध्ययन करना अनिवार्य सा है। प्रो० त्रिपाठी की वृति संग्राहिका है और उपस्थापन विवृतिप्रधान। इतना होने पर भी औचित्य संबंधी चर्चा की ओर हमारा ध्यान जाता है यद्यपि यह विवेचन औचित्य की सीमा और व्याप्ति के निर्धारण में अक्षय ही रहा है।

*

भक्तिरसामृत सिंधु—(श्री रूपगोस्वामी) भाष्यकार, सिद्धांत शिरोमणि आचार्य विश्वेश्वर, प्रकाशक हिंदी अनुसंधान परिषद् हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, मूल्य २५ रुपए।

डा० नगेंद्र के निर्देशन में करनेवाली हिंदी अनुसंधान परिषद ने काव्यशास्त्रीय आकर ग्रंथों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के अनुवाद द्वारा हिंदी को समृद्ध करने का जो प्रयास किया है, यह अद्वितीय है। इस ग्रंथमाला में काव्यालंकार सूत्र, वक्रोक्ति जीवितम्, अरस्तू का पोएटिक्स काव्यादर्श, अग्निपुराण के काव्य-शास्त्रीय भाग, अभिनव भारती, नाट्य दर्पण के हिंदी अनुवाद उपस्थित किए गए हैं। आचार्य विश्वेश्वर ने इस ग्रंथ के अनुवाद में अपने काव्यशास्त्रीय ज्ञान का निस्संकोच उपयोग किया है। 'भक्तिरसामृतसिंधु' भक्ति रसप्रतिपादक शास्त्रीय ग्रंथ है, जिसमें भक्ति को रसत्व की गरिमा से मंडित करने का प्रयास किया गया था। काव्यशास्त्रीय आचार्य इसे भाव के अंतर्गत मानते थे। इसी क्रम में भक्ति के स्वरूप, लक्षण और प्रयोजन का निर्धारण है। श्री रूपगोस्वामी ने इसकी रचना शास्त्रीय ग्रंथों की परम्परा में की है और उज्ज्वल नीलमणि के साथ यह ग्रंथ सदा उल्लेख्य रहा है। डा० विजयेंद्र स्नातक और डा० रामसागर त्रिपाठी की भूमिका और भक्ति-रस-मीमांसा के द्वारा विषय का स्पष्टीकरण भी हुआ है। इसमें इस ग्रंथमाला के प्रधान संपादक डा० नगेंद्र की भूमिका का अभाव खलता है क्योंकि उनकी भूमिका से पाश्चात्य काव्यशास्त्र के साथ ही साथ मनोवैज्ञानिक दृष्टि का समावेश होता। भक्तिरस का व्यवहृत पक्ष यदि वल्लभसाहित्य में है तो शास्त्रीय पक्ष चैतन्यमत संबंधित। भक्ति के स्वरूप के स्पष्टीकरण के लिये भी इस ग्रंथ का अध्ययन अनिवार्य है। हिंदी अनुशीलन को ऐसे अनुवादों से अधिक क्षमता प्राप्त होगी। इसकी उपादेयता असंदिग्ध और महत्ता अक्षुण्ण है।

दसवेआलियं (दशवैकालिक) भाग—२ अनु० आचार्यतुलसी, प्रकाशक–जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा, ३ पोर्चुगीज चर्चस्ट्रीट, कलकत्ता—१, मूल्य पच्चीस रुपए।

दशवैकालिक की नई संस्कृत टीकाएँ हैं और हिंदी में भी कई अनुवाद प्रकाशित हैं किंतु अपेक्षाकृत सर्वांगपूर्ण यह टीका अत्यंत महत्व की है। जैनधर्म के आगमों की दो शाखाएँ कालांतर में विकसित हुईं और भगवान महावीर के निर्वाण के बहुकालबाद इनकी रचना हुई। जैन संघ ने इन्हें संकलित किया। जैन जीवन-दर्शन और आचारपद्धति के अध्ययन के साथ ही साथ समसामयिक चिंताधारा, सांस्कृतिक चेतना और आचार मीमांसा के अध्ययन के लिये ऐसे ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है। विदेशी विद्वानों द्वारा किए अपूर्ण, अपर्याप्त और अनुदार अनुवादों के आधार पर ऐतिहासिक सामग्री का संचयन होता आया है और उन आधारों पर निष्कर्ष दिए जाते रहे हैं जो अतात्विक और छलपूर्ण है। जैनसाहित्य अपेक्षाकृत सुरक्षित रहा है और इनके प्रकाशन से भारतीय धर्म-साधना के इतिहास की आवश्यक सामग्री प्रकाश में आ रही है। भूमिका में कई महत्वपूर्ण विषयों का विवेचन है जिसमें महत्वपूर्ण है—श्वेतांबर और दिगंबर परंपराओं के अनुसार आगमों का वर्गीकरण, आगम विच्छेद का क्रम, उपलब्ध आगम, प्रस्तुत आगम स्वरूप और परिचय तथा दशवैकालिक विभिन्न आचार्यों की दृष्टि में मूल की संस्कृत छाया के साथ टीका और संस्कृत टीका की हिंदी टीका भी संवलित है। परिशिष्ट की शब्दसूची भाषा के अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और उनकी व्युत्पत्ति अन्वेषण की चिंता भी उपनिविष्ट है। प्रकाशन सर्वांग सुंदर और अनुवादप्रक्रिया महत्वपूर्ण तथा उपादेय है। ऐसे प्रकाशन के लिये महासभा को बधाई देना चाहूँगा। धर्मसाधना सांस्कृतिक चेतना, आचार मीमांसा, व्यवहार दर्शन, भाषा विज्ञान और इतिहासिक के अध्येता के लिये यह ग्रंथ अनिवार्य महत्व का है, और ऐसी महत्वपूर्ण टीका के लिये आचार्य तुलसी के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता प्रगट करता हूँ।

—रामखेलावन पांडेय

शील निरूपण : सिद्धांत और विनियोग[1]

देशी और विदेशी कथा साहित्य में शील का बड़ा महत्वपूर्ण स्थान माना गया है।

---

१. लेखक श्री जगदीश पांडेय, पृ० सं० २६५ द्वि० सं० १९६३, मूल्य दस रुपये प्रकाशक अर्चना प्रकाशन, आरा (विहार)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाटकों पर विचार करते हुए भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में वस्तु और रस के साथ नेता को नाटक का प्रधान तत्व स्वीकार किया और उसके शीलगुण का परीक्षण कर उसके विभिन्न वर्गों एवं लक्षणों का निर्धारण किया। तबसे लेकर आधुनिक काल तक किसी न किसी रूप में शील निरूपण पर विचार किया जाता रहा है। रीतिकाल में नायक और नायिकाओं के नाना भेद प्रभेद उनकी अवस्था और स्थिति के आधार पर किए गये और वृहद् साहित्य रचा गया। यह सब पात्रों के शीलनिरूपण के लिये ही किया गया। पाश्चात्य कथासाहित्य में चरित्र चित्रण (कैरेक्टर राइजेशन) भी शीलनिरूपण का ही पर्याय है और चरित्रों के विविध वर्गों, उनके अंतर वाह्य संघर्ष और इस आधार पर चरित्रों का यथार्थ चित्रण कथाकार की सच्ची कुशलता मानी गई। शेक्सपीयर और 'शा' जैसे युग प्रवर्तक नाटककारों और माम् तथा जोला जैसे उपन्यासकारों की प्रसिद्धि बहुत कुछ उनके चिर नवीन चरित्रों पर ही आधारित है।

अंग्रेजी में कथासाहित्य के एक एक तत्व पर विशेषतया चरित्रचित्रण पर उच्चस्तरीय समीक्षा ग्रंथ उपलब्ध हैं। प्रस्तुत ग्रंथ-कर्ता श्री जगदीश पांडेय एच० डी० जैन कालेज आरा में अंग्रेजी के प्रवक्ता हैं और लगता है कि उस साहित्य से उनका अच्छा परिचय है। इस ग्रंथ में लेखक ने अपने उस परिचय का पूरा उपयोग किया है। (क्योंकि सिद्धांत खंड में प्रायः सभी उदाहरण अंग्रेजी कथा साहित्य से लिये गये हैं।) हिंदी में शीलनिरूपण पर स्वतंत्र ग्रंथ के रूप में उनका यह प्रयास अभिनंदनीय है। जैसा नाम से ही प्रकट है, इस ग्रंथ के दो खंड हैं: प्रथम खंड 'सिद्धांत' और द्वितीय खंड 'विनियोग'। प्रथम खंड (पृ० सं० ६४) में शीलनिरूपण के कुछ सिद्धांत स्थिर किए गए हैं और द्वितीय खंड में उन्हीं सिद्धांतों के आधार पर हिंदी के चार प्रमुख उपन्यासों, गोदान, सुनीता, शेखर एक जीवनी और मैला आँचल का परीक्षण, विश्लेषण किया गया है। पता नहीं क्यों शील निरूपण के लिये लेखक ने केवल उपन्यासों को ही उपयुक्त माना। वैसे उसके विचार क्षेत्र में तो नाटक, कहानी, उपन्यास सभी समाहित हैं और शील की सार्वत्रिक समीक्षा समीचीन होती।

'सिद्धांत' के अंतर्गत शील की व्याख्या और लक्षण तथा शील की श्रेणियों का निरूपण किया गया है। इसमें यत्र तत्र लेखक की मौलिकता के अच्छे नमूने मिलते हैं, जैसे शील की विविध श्रेणियों का नामकरण देखिये, (१) खड्गशील (आक्रामक और विरोध समर्थ) (२) छायाशील (डान विबक्जोट और सुग्रीव आदि) (३) आधार काष्ठशील (४) शिविकारूढ़ शील। शील निदान आदि का इसी प्रकार लेखक ने अपनी एक विशिष्ट शैली में ऐसा निरूपण किया है जो आलोचना से अधिक व्यक्तिगत निबंध का आनंद देता है। संस्कृत समीक्षा शास्त्र में गिनाये गये नायक के भेदों की सरसरी तौर पर विवेचना करते हुए प्रेमचंद जी के वर्गगत एवं व्यक्तिगत चरित्रों को सामान्य लक्षण शील और स्वलक्षशील के नाम से अभिहित करके उनपर अपेक्षाकृत विस्तार से विचार किया गया है।

विनियोग वाले द्वितीय खंड में ७५ पृष्ठ गोदान पर, ५०-५० पृष्ठ प्रायः सुनीता और शेखर एक जीवनी पर लगाया गया है किंतु मैला आँचल पर कुल दस पृष्ठ की समीक्षा है जिसमें से शील निरूपण पर एक पृष्ठ भी स्वतंत्र रूप से नहीं खर्च किया गया है। अधिकतर उपन्यास के रचना—शिल्प की चर्चा करके ही लेखक ने उसपर अपना फतवा दे दिया है और उसे विदेशी साहित्य की भद्दी नकल कहा है। शेखर के चरित्र को भी लेखक ने विदेशी उपन्यासों का स्टीरियो टाइप (मुद्रित सामान्य) चरित्र ही बताया है और पूरी पुस्तक का उपयोग शेखर की आत्मरति के विकृति उदाहरणों को चुनने के लिये किया है। और अंत में अपना मत भी दिया है कि। 'शेखर संग्रह की प्रतिष्ठा भले ही बढ़ाये, रस की सनातनकृति नहीं।' शील-निरुपण की दृष्टि से इस उपन्यास में बाबा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मदनसिंह महमन और रामजी के चरित्रों में लेखक को कुछ मौलिकता मिली है पर उपन्यास के प्रमुख स्त्रीपात्र शशि का शील बहन और प्रेयसी के द्वंद्व में उलझकर विकृत हो गया है। इसी प्रकार सुनीता में नारी का व्यक्तित्व पत्नी और मित्र की भाभी के बीच अटक गया है। वैसे सुनीता शरत् की टिपिकल नारी का नमूना भले लगे परंतु उसके चित्रांकन में जैनेंद्र जी ने अधिक मौलिकता का परिचय दिया है। प्रेमचंद और उनके गोदान पर पहले से काफी लिखा जा चुका है। प्रस्तुत लेखक ने उसपर जमकर विचार करते हुए कई स्थलों पर अपनी मौलिक सूझबूझ का परिचय दिया है और होरी के सील की कई नई बारीकियों का पता लगाया है।

यदि भाषा के क्लिष्ट और कहीं कहीं व्यर्थ आडम्बर को भेदकर कोई लेखक के मौलिक विचारों तक पहुँचने का कष्ट करे तो अवश्य उसे शील को समझने में सहूलियत होगी परंतु कहीं वह पिडरपाक, पीलुपाक जैसे दर्शन के पारिभाषिक शब्दों और हिमहृदयशून्य-मनस्कता तथा मतिद्वन्द्वपुरस्सर जैसे शब्दों की भयंकरता से भ्रमित हो गया तो ग्रंथ केवल उसके संग्रह की शोभा ही बढ़ाएगा।

—डा० शितिकंठ मिश्र

*

लक्ष्मीनारायण मिश्र के सामाजिक नाटक[१]

आलोच्य ग्रंथ श्री भारतभूषण चड्ढा की एम० ए० की थीसिस का रूपांतर है। ग्रंथ अत्यंत स्पष्ट और सरल अध्यापकीय शैली में लिखा गया है। अध्यापक की यह चिंता स्वाभाविक है कि उसकी बात विद्यार्थियों के लिये अधिकाधिक सुगम हो, पर वृहत्तर पाठक वर्ग के प्रति यही चिंता स्पृहणीय नहीं। श्री मिश्र जी के नाटक विश्वविद्यालयों की ऊँची कक्षाओं के पाठ्यक्रम में स्वीकृत हैं और उन नाटकों को समझने के लिये यह लघु प्रबंध सहायक ग्रंथ का कार्य करेगा। ग्रंथ के आरंभ में डा० विजयेन्द्र स्नातक की भूमिका है जिसमें लेखक की विवेचनपद्धति को तटस्थ कहा गया है और इस लघु प्रबंध को विवेचन विश्लेषण का एक स्तुत्य प्रयास बताया गया है। डॉ० स्नातक की दृष्टि में इस ग्रंथ की सार्थकता इस बात में है कि अध्येताओं का ध्यान एक बार फिर मिश्र जी के नाट्य साहित्य के मूल्यांकन की ओर जायगा। श्री लक्ष्मीनारायण जी मिश्र का आशीर्वाद भी संलग्न है और ये सारी चीजें मिल मिलाकर प्रबंध से इसे पुस्तक तो बना दी देती हैं।

इस पुस्तक में चार अध्याय हैं। इनमें तृतीय अध्याय ही, बकौल चड्ढा जी, इस ग्रंथ का मुख्य अंग है जिसमें श्री मिश्र जी के सामाजिक नाटकों के विविध वर्गों के विभिन्न नाटकों की पृथक् पृथक् समीक्षा की गई है। प्रारंभिक दो अध्यायों को इस अध्याय की विस्तृत और व्यर्थ भूमिका ही मानना पड़ेगा, क्योंकि 'मिश्र पूर्व हिंदी नाट्य परंपरा' किसी नाटक की भूमिका का अथवा किसी नाट्यशास्त्र पर रचित ग्रंथ का अंश या अध्याय हो सकता है। द्वितीय अध्याय में नाटक के भारतीय एवं पाश्चात्य शास्त्र के आधार पर विविध तत्वों का विवेचन एवं नाटक के प्रकारों पर विचार किया गया है। यह भी किसी शास्त्र अथवा इतिहास का एक अध्याय हो सकता है। अतः इन दोनों अध्यायों का विषय से प्रत्यक्ष संबंध नहीं है; वैसे कुछ न कुछ संबंध तो भारतेंदु एवं प्रसाद के अथवा भास और भवभूति के नाटकों से भी इस प्रबंध का जोड़ा ही जा सकता है और संस्कृत नाट्यशास्त्र की पूरी उद्धरणी की जा सकती है।

चतुर्थ अध्याय इस प्रबंध का उपसंहार है जिसमें तत्कालीन युगप्रवृत्तियों और यथार्थवादी नाटकधारा के संदर्भ में मिश्र जी के नाटकों की प्रेरणा की मौलिकता को स्पष्ट करते हुए उनपर तथाकथित 'इब्सन और शा' के अनुकरण के आरोपों का विश्लेषण किया गया है। कुल मिलाकर प्रस्तुत पुस्तक श्री लक्ष्मी-

१. लेखक-श्री भारतभूषण चड्ढा, पृ० सं० १५०, मूल्य पाँच रुपया; प्रकाशक-नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारायण जी मिश्र के नाटकों के एक वर्गविशेष को समझने में सहायक, अतएव संग्रहणीय है।

—डा० शितिकंठ मिश्र।

ईहामृग[1]

(कवितासंग्रह)

श्री वचनदेव कुमार जी नई पीढ़ी के कवि हैं। 'ईहामृग' उनकी ५२ कविताओं का संग्रह है। इस संग्रह की समस्त कविताओं में स्वरूप एवं आस्थागत साम्य भले हो, पर विषय की एकरूपता का अभाव है। अतीत की भूलों की ओर संकेत करनेवाली 'एकलव्य की पुकार' जैसी कविताओं से लेकर वर्तमान जनजीवन की संत्रस्त झाँकी देनेवाले 'हकीकत' और 'प्रतिक्रियाएँ' नामक शीर्षक तो इस संग्रह में मिलेंगे ही, साथ ही 'आस्थागीत', 'प्रयाणगीत' 'बिहारकेसरी के प्रति' तथा 'भंडार नायक के निधन पर' शीर्षक से लिखी गई कविताएँ संग्रह के शीर्षक से मेल नहीं खातीं। पर समस्त रचनाओं में कवि ने जो दृष्टिकोण अपनाया है, समाज की जिस विघटनवादी मूल प्रवृत्ति की ओर उसने संकेत किया है, उससे अनेकता में भी एकता का अद्भुत सूत्र स्थापित करने में कवि को सफलता मिली है। वचनदेव जी की मान्यताएँ न तो थोथी रूढ़ियों से संत्रस्त हैं और न वे अनावश्यक नवीनतावादिता की शिकार ही हैं। जीवन को प्रभावित करनेवाली जागतिक परिस्थितियों को देखने और समझने का जो संयत एवं संतुलित दृष्टिकोण इस संग्रह में पाया जाता है, उसने 'छंदः शास्त्र' का बाजाप्ता विरोध करनेवाली कविताओं को भी सुपाठ्य एवं आकर्षक बना दिया है और वह केवल गद्य होते होते बच गई है। जिंदगी की जिस 'हकीकत' का कवि अनुभव करता है, वह हकीकत है—दर्द !

> भोगना पड़ता है स्वयं ही।
> किंतु खुशी।
> बँट जाती है, अनजाने आप ही !!

इसका आज कौन ऐसा है जो समर्थन नहीं करेगा। जीवन से सीधे उतारकर मासूमियत के साथ दर्द को सामने रख देने की कला वचनदेव कुमार जी को मिली है, इसमें संदेह नहीं। 'उपेक्षा, उपालंभ, उपसंहार एवं उपासना' के सोपानचतुष्टय से होकर आगे बढ़नेवाली मानवता को समाज के नवीन मूल्यमान, केवल बाधा ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि उसे उसकी अतीतसंचित धरोहर से भी वंचित कर देने पर तुले हैं—

> 'भायप भगति' की टेक लिये पायँ पयादे
> दौड़नेवाले भरत
> 'भायप हड़प' का व्रत लिये
> ....
>
> सीता की पदरेख बचा चलनेवाले लक्ष्मण
> आज न जाने कैसे
> मशगूल हैं सीता की कटि पर हाथ दिये
> बालडांस में।

जिसे देखकर कवि तड़प उठा है। जीवन में स्वार्थ और असंयम के के बढ़ते वेग को देखकर कवि की भावुकता पर जो प्रभाव पड़ा है, उसके व्यंग्यात्मक चित्रों से, यह संकलन अत्यंत समृद्ध हो गया है। वर्तमान युगबोध के निर्जीव चित्र उतारने में ही कवि 'मशगूल' नहीं रहा है, बल्कि उसने अनौचित्य पर निर्मम प्रहार भी किए हैं।

शहरी यंत्रजीवन की नीरसता से ऊबकर जब कवि चाँदनी को टूटे छप्परों की याद दिलाता है, तो मानव जीवन के वर्तमान आर्थिक वैषम्य की ओर पाठक की आँखें सहसा उठ जाती हैं। 'ईहा' अर्थात् इच्छा की वर्तमान दौड़ (मृग) ने मानव को किस तनावपूर्ण स्थिति में ला उपस्थित कर दिया है, इसका भी उल्लेख कवि नहीं भूला। अभिव्यक्ति के निमित्त नए प्रतीकों के प्रयोग का यह आग्रह इस संकलन में सर्वत्र देखा जा सकता है—

> यह जिंदगी।

जैसे बम्बई मेल की तीव्र रफ्तार हो। संग्रह समाप्त कर लेने पर जो समन्वित प्रभाव पाठक पर पड़ता है, उसके आधार पर कहा जा

---

[1] ईहामृग, ले० श्री वचनदेवकुमार; प्र० सर्जना प्रकाशन, पटना—६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सकता है कि बच्चनदेव जी आस्थावादी कवि हैं जो अपने भाव को अनुकूल भाषा, एवं यथार्थ वातावरण का परिवेश देकर व्यक्त करना जानते हैं। विषयवैविध्य की दृष्टि से तो इस संग्रह का महत्व है ही, भाषा, भाव एवं कलात्मक चित्रयोजना की दृष्टि से भी यह संकलन अभिनंदनीय है।

—डा० त्रिभुवन सिंह

*

सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य[1]—अपने अंतःप्रकाश से सहस्रों मानवों के तमपूर्ण जीवन में ज्योति की शिखा प्रज्वलित करनेवाले भारतीय मनीषी, संत एवं आचार्य आत्मकथा लिखना अथवा राजन्यवर्ग का जीवनचरित लिखना परिपाटीविरुद्ध अथवा स्वाभिमान के प्रतिकूल समझते थे। प्राकृतजनों के गुणगान में वे भारती के कोप का इंगित पाते थे। पुराणों, महाकाव्यों तथा नाटकों में जिन चरितनायकों का उल्लेख हुआ है, उनमें ऐतिहासिक तथ्यों की अपेक्षा अतिरंजित एवं अतिप्राकृत तत्वों का ही आधिक्य है। यही कारण है कि भारतीय साहित्य में जीवनचरित और आत्मकथा ग्रंथों का सर्वथा अभाव है। परिणामस्वरूप हमारे प्राचीन इतिहास का उज्वल एवं गौरवपूर्ण अंश आज भी तिमिराच्छन्न है ही, साथ ही उसमें विदेशी अहंमन्य इतिहासकारों व लेखकों को भ्रमपूर्ण तथ्य एवं अपमानजनक निष्कर्ष प्रस्तुत करने का अवसर भी मिला है।

कहने का तात्पर्य यह है कि प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय साहित्य में वैज्ञानिक दृष्टि से जीवनी या चरित लिखने का सर्वथा अभाव मिलता है। इसका विकास आधुनिक युग में पाश्चात्य प्रभाव से हुआ है। हिंदी में जीवनी-लेखन का कार्य लगभग १८८० के बाद ही प्रारंभ हुआ। वैसे जैन कवि बनारसीदास द्वारा सत्रहवीं सदी में लिखा आत्मचरितकाव्य अर्ध कथानक भी मिल जाता है। कार्तिकप्रसाद खत्री, भारतेन्दु हरिचंद्र, राधाकृष्ण दास, और मुंशी देवीप्रसाद आदि ने जीवनचरितलेखन में विशेष रुचि ली। अब हिंदी का जीवनी साहित्य अतिरंजित उपाख्यानों, इतिवृत्तात्मक ब्योरों और अस्फुट प्रसंगों की स्थिति से आगे बढ़कर जीवनतथ्यों के वैज्ञानिक विश्लेषण, सम्यक् निरूपण और मनोवैज्ञानिक अध्ययन की दिशा में गतिशील हो रहा है।

सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य—आत्मकथा प्रो० भगवतीप्रसाद पांथरी द्वारा आत्मकथात्मक शैली में चंद्रगुप्त मौर्य की जीवनगाथा प्रस्तुत करनेवाला चरितग्रंथ है। इसे मैं इतिहास तथा कथासाहित्य दोनों से भिन्न जीवनी साहित्य के अंतर्गत ही रखना चाहूँगा, क्योंकि न तो इसमें ऐतिहासिक तथ्यों का शुष्क आकलन मात्र है और न केवल कल्पना की ऊँची उड़ान। वस्तुतः जीवनचरित में नायक के जीवन की बाह्य स्थूल घटनाओं तथा आंतरिक विशेषताओं दोनों का उद्घाटन होता है। शिप्ले के अनुसार जीवनी को नायक के संपूर्ण जीवन अथवा उसके यथेष्ठ भाग की चर्चा करनी चाहिए और अपने आदर्श रूप में एक विशिष्ट इतिहास होना चाहिए। इस दृष्टि से मैं इस कृति को सफल जीवन साहित्य मानता हूँ। इसमें मौर्य सम्राट् चंद्रगुप्त की जन्म से लेकर पचास वर्षों तक की कहानी सम्राट् के मुख से स्वयं कहलवाई गई है। वह अपने जन्म, चाणक्य से भेंट, तक्षशिला की शिक्षापद्धति, सिकंदर के आक्रमण, सामंती व्यवस्था के संदर्भ में भारत की तत्कालीन राजनीतिक स्थिति तथा अपने शासनस्वरूप का विश्लेषण स्वयं करता है। इस प्रकार एक नूतन शैली में हमें प्राचीन भारतीय आत्मा के दर्शन हो जाते हैं।

लेकिन रचना का महत्व उसकी प्रतिपाद्य शैली में ही नहीं है और न लेखक का उद्देश्य सिर्फ गड़े मुर्दे ही उखाड़ना है। वस्तुतः उसने अतीत के माध्यम से अनागत का निर्देशन किया है। सामयिक सत्य की व्यंजना इसकी मुख्य विशेषता है। पाकिस्तानी दावँ पेंच और चीनी आक्रमण के संदर्भ में ऐसे ग्रंथों

---

१. सम्राट् चंद्रगुप्त मौर्य की आत्मकथा, ले० भगवतीप्रसाद पांथरी, प्र० भगवतीप्रसाद पांथरी, काशी विद्यापीठ, वाराणसी, पृ० १२५, मू० रु० ३.७५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का महत्व आचार्य चाणक्य का यह कथन कि जब तूफान आता है तो जंगलों में जो पेड़ अकेले होते हैं, चाहे वे कितने ही बड़े और भारी हों, उखड़ जाते हैं; लेकिन जो पेड़ समूह में होते हैं, वे तूफान के झोंकों को आसानी से मिलकर सह लेते हैं। विदेशी आक्रमण के अवसर पर हमारा देश यदि मिलकर नहीं रहा तो कैसे हम पार पाएँगे? (पृष्ठ ३३) क्या आज की परिस्थिति पर लागू नहीं होता? चंद्रगुप्त की इस नीति से कि—संसार का यह कुछ नियम सा बन गया है कि सीधे से कोई बात नहीं मानता; इसलिये अपनी बात मनवाने को जब तब टेढ़ा बनना और शक्ति वर्तना जरूरी हो जाता है—शांति एवं अहिंसाप्रेमी कतिपय सर्वोदयी तथा अन्य नेताओं को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, जो पाकिस्तानी और चीनी चाँटा सह कर भी विश्वमैत्री के नाम पर अनर्गल बातों का प्रचार करते रहते हैं। काश, चाणक्य के इस सिद्धांत को हम अब भी मानते कि शत्रु को कभी घर में घुसने का मौका नहीं देना चाहिए और सीमा पार करने से पहले ही रोक देना चाहिए।' (पृष्ठसंख्या ६८) और पाकिस्तानियों को प्रारंभ में ही कश्मीर के बाहर खदेड़ देते तथा तिब्बत में ही चीनियों से मोर्चा लेते तो आज हमारी यह दुर्दशा न होती। वस्तुतः हमारे देश की वर्तमान परिस्थिति बहुत कुछ उसी समय के समान है। विघटनकारी प्रवृत्तियों तथा स्वार्थी एवं मिथ्या यशलोभी नेताओं का जमघट कहीं देश को रसातल न पहुँचा दे, इस चिंता से लेखक चिंतित हो उठा, जैसा कि मन की बात में उसने चंद्रगुप्त के माध्यम से स्वीकार भी किया है—भारत की जो स्थिति मेरे जमाने में थी—वैसी ही स्थिति में पुनः भारत को फँसा देखकर मेरा अदेही मन विकल हो उठा। यह रचना इसी आकुल चित्त की पुकार है। अतः लेखक बधाई का पात्र है।

—(डा०) वासुदेवसिंह

*

मूलबीजक

श्री सद्गुरु कबीर साहब कृत 'मूलबीजक' को श्रीमान् महंत रामखिलावन गोस्वामी जी ने संशोधन संपादन किया है। वे ही प्रकाशक भी हैं। इस ग्रंथ के संबंध में कहा यह जाता है कि 'भगताही कबीर पंथ' में 'प्राचीन कबीर साहब' के समय से ही 'भगवान् गोस्वामी के नाम के ऊपर भगताही फिरकर चला आता है।' इसके संधापक श्री भगवान् गोस्वामी बड़े विद्वान् और अच्छे संत थे। उन्होंने बीजक को स्वयं कबीर साहब से अर्थसहित पढ़कर लेखबद्ध कर लिया था। श्री भगवान् गोस्वामी द्वारा वही रक्षित प्रति 'धनौती' मठ में सुरक्षित है। उस मठ के श्रीमान् महंत श्री रामधारी गोस्वामी साहब की आज्ञा से वह प्रथम बार प्रकाशित हो रही है। इसके पूर्व—उस प्रति का आधार लेकर भी बीजक के अनेक संस्करण प्रकाशित हुए तथापि 'धनौती' से यह बीजक प्रथम बार छप रहा है। इसके संशोधन और संपादन का क्रम किसी भी प्रकार वैज्ञानिक नहीं कहा जा सकता। 'भूमिका' एवं वक्तव्य आदि भी पंथापरक ढरें के हैं। भूमिका आदि की भाषा भी उसी कोटि की। यदि सचमुच ही इस ग्रंथ की पांडुलिपि ५०० वर्षों से अधिक पुरानी है तो हिंदी साहित्य और उसके इतिहास के अध्येताओं के लिये इस ग्रंथ का कुछ महत्व हो सकता है। संपादक ने छंदों को ढूँढ निकालने और उसका लक्षण देने में विशेष श्रम किया है; तदर्थ वे धन्यवादार्ह हैं।[1]

—नैयायिक

---

१. मूलबीजक—गुटका आकार। संपादक, संशोधक और प्रकाशक—श्रीमान पं० महंत रामखिलावन गोस्वामी, आयुर्वेदाचार्य। पृ० सं० कुल २४८+१८, मूल्य २ रुपए ५० पै०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वगता[1]

अल्फा बीटा ग्रंथ प्रतियोगिता (१९६३ ई०) में प्रथम पुरस्कार प्राप्त इस संकलन में दिल्ली की प्राध्यापिका सुश्री मधु की सन् १९५० से ६२ तक लिखी ४९ रचनाओं का संकलन है। तरुण मन के सहज चंचल उच्छ्वास इन गीतों में अभिव्यक्त हैं। इसमें यौवन की आशा, निराशा, प्रेम, वेदना, आस्था एवं अनास्था की स्वानुभूति है। इन गीतों में कहीं कहीं संगीत की मधुर झंकार भी है। यद्यपि शैली की दृष्टि से छायावादी शिल्पविधान के दर्शन इस रचना में होते हैं, तो भी भावा, भिव्यक्ति सरल और स्पष्ट है।

संक्रांत[2]

'संक्रांत' में श्री कैलाश वाजपेयी की ६४ कविताएँ हैं। युगजीवन में व्याप्त अनास्था के प्रति इन रचनाओं में साग्रह जो आस्था व्यक्त की गई है। वह वर्तमान समाज के आदर्श और कर्म में व्याप्त असंगति के प्रति आक्रोश तो प्रकट करती ही है साथ ही उन परंपरागत सामूहिक मूल्यों के प्रति एकांत प्रतिक्रिया भी प्रकट करती हैं क्योंकि कवि उन मूल्यों को झूठा समझता है और उनसे समझौता करना नहीं चाहता।

नई कविता का आंदोलन गत अनेक वर्षों से चल रहा है। उसके समर्थन एवं विरोध में उठाए गए प्रश्नों को सोचने, समझने और चिंतन के लिये महत्त्वपूर्ण सामग्री प्रस्तुत की है। अपने अपने पक्ष के प्रतिपादन में विवेक एवं तर्क के साथ कहीं कहीं आक्रोश एवं असंयम का भी दर्शन हुआ है। प्रश्न उठा देने का भी अपना महत्व है। नई कविता ने साहित्य के संमुख एक समस्या खड़ी कर दी है, यह एक महत्व की बात है। प्रश्न उठानेवाला ही जब व्याख्याता और निर्णायक दोनों बन जाता है तो समस्या और भी उलझ जाती है यद्यपि यह स्थिति बहुत दिनों तक नहीं रहती, तो भी कुछ ऐसे तत्व इसके मध्य से प्रकट होते हैं जो सहज स्वीकृति के अधिकारी होते हैं। नई कविता इसका अपवाद नहीं है। नए काव्य के नाम से जो कुछ रचा जा रहा है सबका सब त्याज्य ही नहीं है। तभी कविता में कुछ नए सुंदर प्रतीक एवं श्रेष्ठ व्यंग के भी दर्शन हुए हैं। युग में व्याप्त कुंठा के प्रति घोर व्यक्तिपरक यथार्थ चित्रों का अंकन भी मिलता है। ये तथ्य भी अपने में महत्व रखते हैं। नई कविता की कुछ अपनी विवश सीमाएँ भी हैं। इन सीमाओं के मध्य उसका संयत मूल्यांकन किया जाना चाहिए क्योंकि उपेक्षा या आक्रोश समस्या का निदान नहीं कर सकते, उलझा उसे भले ही दें।

कैलाश वाजपेयी की इन रचनाओं में आशा एवं विश्वास भले ही न मिलें, और अतीत एवं परंपरा के प्रति नास्तिकता का व्यक्तिगत आक्रोशपूर्ण स्वर भी मिले, किंतु इसमें तीखे व्यंगों एवं कुछ स्वस्थ नवीन-प्रतीकों का अभाव नहीं मिलेगा। भाषा में भी नवीन प्रयोग मिलेंगे पर वे चौंकानेवाले नहीं हैं। आक्रोश एवं अनास्था का अनवरत आग्रह कहीं कहीं केवल विवेकवश इन रचनाओं में है जो संयम की सीमा भी स्वतः ही अपेक्षा नहीं करती। जो कुछ भी हो, संक्रांत इस संक्रांतिकाल की एक ऐसी रचना है जो वाजपेयी के माध्यम से नई कविता के कुछ सुंदर तत्वों को प्रस्फुटित करने में सहायक सिद्ध होगी।

—सुधाकर पांडेय

---

१ स्वगात—ले०कुमारी मधु; प्रकाशक अल्फा बीटा पब्लिकेशन, कलकत्ता; पृष्ठसंख्या ८४, मूल्य ४–५०।

२ संक्रांत—कवितासंग्रह (सजिल्द), प्रकाशक—भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, डबल डिमाई, पृ० १०४, मूल्य ३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाटक बहुरूपी[1] —

नाटक बहुरूपी डा० लक्ष्मीनारायण लाल के ग्यारह एकांकी नाटकों का संग्रह है। इनमें से दो—'वरुण वृक्ष का देवता' और 'गदर'—ऐतिहासिक एकांकी हैं तथा 'रावण' पौराणिक; शेष आठ सामाजिक एकांकी हैं।

'हँसी की बात' को छोड़कर सभी सामाजिक एकांकी समस्यामूलक हैं। इनकी समस्या भी समस्या नाटकों की भाँति गहन विद्रोह से आक्रांत है किंतु यह विद्रोह विवाह, विवाहविच्छेद (डाइवोर्स) प्रेमसंबंध एवं भावुकतापूर्ण रोमांस तक ही सीमित है। इनकी विषयवस्तु मुख्यतः एक ही समस्या पर केंद्रित है, और वह है, मानव मन तथा सेक्स। नारीमुक्ति की भावना से भावित प्रतिभाशील एवं विद्वान् लेखक ने कहीं कहीं यौन संबंधों को आवश्यकता से अधिक उभारा है। यह ठीक है कि यौन संबंधी समस्या भी समाज की एक समस्या है और वह गंभीर समस्या भी कही जा सकती है, पर वह समाज की एकमात्र समस्या न कभी रही है और न हो सकती है। पश्चिम में स्वच्छंदतावादी नाटकों के बाद विद्रोह का जो स्वर लेकर इब्सन, गाल्सवर्दी, पिनरी, जोन्स, और 'शा' नवीन मंच पर आए उनमें भी नारीमुक्ति की भावना प्रधान थी, किंतु उनके दृष्टिपथ में जो समाज था वह हमारे आज के समाज से सर्वथा भिन्न था। इनकी मान्यताएँ और इनके विश्वास भिन्न थे। इसी से इन पश्चिमी लेखकों के विचारों की प्रतिच्छाया में जिस कथानक का तंतु बुना जायगा उसमें हमारे समाज का यथार्थ चित्र नहीं होगा—और यदि होगा भी तो समाज के कुछ थोड़े से लोगों का। इसी से 'मोहिनी कथा' में गंगादास और कपूर (पिता और पुत्र) में और 'बसंत ऋतु का नाटक' में होनेवाले दामाद और श्वसुर में जो निस्संकोच संभाषण होते हैं, प्रेम और विवाह के संबंध में खुलकर जो बातें की जाती हैं, वे हमारे समाज के शिष्टाचार के अनुकूल नहीं हैं। उनपर पश्चिमी शिष्टाचर का प्रभाव स्पष्ट है।

डा० लाल के अधिकांश पात्र अवकाशभोगी एवं अभिजात्यवर्गीय समाज के हैं, किंतु ये अतिमानव या अपमानव नहीं हैं और न वे यंत्रवत् मानव ही हैं। वे वास्तव में मनुष्य हैं। उनमें मानव दुर्बलताएँ और सबलताएँ हैं। उनकी नारियाँ पुरुषों की दासी नहीं हैं। वरन् लेखक का आग्रह तो उन्हें जीवनसंगिनी के रूप में प्रस्तुत करने का है जिसे विचार और कार्य दोनों क्षेत्रों में पुरुषों के समान स्वतंत्रता हो। किंतु, अतिशय भावुकतापूर्ण प्रेमाधिक्य के कारण वह कहीं कहीं 'खिलौना' भी हो गई है; उदाहरणार्थ 'मीनार की बाहें' में नीरू अपने पापा से कहती है—'जब आप मेरी शादी तय कर रहे थे, मैंने आपसे संकेत किया था कि एक लड़की एक पुरुष के जीवन में उतार दी जाए, इसके अतिरिक्त क्या और कोई विकल्प ही नहीं [रुककर] क्या ऐसा नहीं हो सकता कि एक लड़की दो पुरुषों के दो अलग अलग महान् तत्वों के बीच में रहकर अपना जीवन······।'

दूसरी ओर लेखक का स्वाभाविक झुकाव पुराने आदर्शों की ओर भी दिखाई देता है। 'मोहिनी कथा' में गंगादास कपूर से कहता है—'मनुष्य केवल भूख नहीं है, जैसे तितली केवल पंख नहीं है। तुमने जो चाहा, मोहिनी ने तुम्हें वही दिया और मोहिनी ने जो चाहा, तुमने भी उसे वही दिया। इसमें विवाह कहाँ आता है? धर्म और आदर्श कहाँ है इसमें? (रुककर) तुमने उसे इतना अंधसमर्पण दिया कि कुरूप हो गया।'

इस प्रकार ये सामाजिक एकांकी मानसिक और वैचारिक संघर्षों से भरे हैं, वही हैं उनका प्राण। इनमें संघर्ष है संस्कारों और नए विचारों का, पुराने आदर्शों और नवीन मान्यताओं का, परंपरागत सीमाओं और उनसे मुक्ति के लिये नवीन आक्रोश का, या यों कहिए,

---

१. नाटक बहुरूपी, ले० डा० लक्ष्मीनारायण लाल, प्र० भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, पृ० २७८, मू० रु० ३.५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

थिसिस और ऐंटीथिसिस का। लेखक की प्रतिभा ने संघर्ष का ऐसा संतुलन रखा है कि कथानक एकाध स्थल पर शिथिल होने पर भी गतिहीन नहीं होने पाया है। संवाद अत्यंत चुस्त हैं। उनमें 'शा' जैसी तार्किक कटुता अवश्य है, पर यदि वैसी ही व्यंग्योक्तियाँ भी होतीं तो सोने में सुगंध आ जाती।

कौशल एवं शिल्प की दृष्टि से ये एकांकी उच्च कोटि के हैं। 'वसंत ऋतु का नाटक' की टेकनीक सर्वथा नवीन और प्रयोगात्मक है। 'शा' ने लिखा है—'द्वितीय श्रेणी के नाटककार नाटक का आरंभ कथा के आरंभ से करते हैं, प्रथम श्रेणी के नाटक का आरंभ मध्य से करते हैं और इब्सन जैसी प्रतिभाएँ नाटक का आरंभ कथा के अंत से करती हैं।' (अवर थियेटर इन नाइनटीज, खंड २, पृ० ४८)। 'शा' का यह कथन इस एकांकी पर भी यथार्थ सिद्ध होता है। इस एकांकी का अंत और आरंभ दोनों अद्वितीय हैं। इसी से मंच पर मध्य का गतिहीन और कोरा संवाद भी अधिक रुचिकर नहीं हो पाएगा। घटनाओं की तीव्र गतिशीलता एवं क्रियान्विति का अभाव 'ठंढी छाया' को रंगमंचीय एकांकी से दूर हटाकर रेडियो रूपक के क्षेत्र में ले जाते हैं और यही गति 'मीनार की बाहें' की भी है। इसके रंगमंचीय संकेत भी रंगमंचीय न होकर रेडियो रूपक जैसे हैं [सबके जाने की आवाज; काल-परिवर्तन-सूचक संगीत। संगीत के मिटते ही पृष्ठभूमि में मकान बनाने का आभास मिलता है। कभी कभी पीटने और तोड़ने की आवाज उभरती है।]

विशेष ध्यान देने योग्य बात यह है कि कई एकांकियों में ऋतुसंकेत वर्षा संबंधी हैं; यही नहीं, संवादों की भाषा और पुस्तक के आमुख के अंतिम वाक्य में भी वर्षा पर ही रूपक बाँधा गया है। वर्षा के संबंध में ऐसा प्रबल आग्रह वह सूत्र है जो लेखक के अचेतन मन से संबंध रखता है, जिसके विश्लेषण का यह अवसर नहीं है। हाँ, यह कहा जा सकता है कि वर्षा के प्रदर्शन में अन्य ऋतुओं की अपेक्षा गतिशीलता और नाटकीयता अधिक दिखाई देती है। किंतु दर्शकों को सूखा रखकर ओपेन थियटर के मंच पर वर्षा का दृश्य कहाँ तक स्वाभाविक या साध्य होगा, यह विचारणीय है। स्मरण रहे, आज के एकांकी के लिये मंच ओपेन थियटर का ही है।

शिल्प का नया चोला पहनकर एक गाथा के आधार पर, घृणा को प्रेम से जीतने की पिटी पिटाई 'थीम' पर 'वरुण वृक्ष का देवता' खड़ा किया गया है। यह ऐतिहासिक ओपेन एयर प्ले (मुक्त आकाशीय नाटक) है। मुक्त आकाशीय नाटक हिंदी में बहुत कम लिखे गए हैं; उनमें इसका महत्वपूर्ण स्थान होगा, ऐसा विश्वास है।

'गुड़िया', 'गदर' और 'हम सब जागते रहे' ये इस संग्रह के ऐसे एकांकी हैं जिन्हें सभी दृष्टियों से उत्कृष्ट कहा जा सकता है। इनके कार्यव्यापार और आकस्मिकता पर पूरा ध्यान रखा गया है। दृश्यविधान भी विवरणपूर्ण और अधिक स्पष्ट है। चरित्रों के स्वाभाविक कार्य-व्यापार का क्रमिक विकास उद्देश्य के प्रतिफलन में अधिक सफल है। संवाद की शब्दावली इतनी प्रांजल और बुद्धिप्रवण है कि दर्शकों को तन्मय रखने तथा कथानक की अन्यमनस्कता बनाए रखने में सर्वथा सक्षम है। इन एकांकी नाटकों की यूनिटी आरंभ से अंत तक बनी रहती है। मेरा पूरा विश्वास है कि इनकी गणना हिंदी के श्रेष्ठ एकांकियों में की जा सकती है।

पुस्तक की साज सज्जा एवं छपाई उत्तम है जो भारतीय ज्ञानपीठ की विशिष्ट परंपरा के अनुकूल है।

—मनु शर्मा

रागकोष—लेखक—वसंत, संपादक—लक्ष्मीनारायण गर्ग, पृष्ठसंख्या ८८ (रायल साइज) प्रकाशक : संगीत कार्यालय, हाथरस, मूल्य १)

प्रस्तुत लघुकोष में हिंदुस्तानी संगीत पद्धति के शीर्षक के अंतर्गत पाँच सौ रागों का वर्णन थाट, जाति, वादी, संवादी, कोमल, तीव्र स्वर, आरोह अवरोह, गायनसमय—इन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपशीर्षकों में किया गया है। इन रागों में से अनेक राग ऐसे हैं जो कर्णाटकीय मेल से उत्पन्न हैं, एवं तदनुसार थाट के उपशीर्षक में उन उन जनक मेलों का भी उल्लेख किया गया है। इन कर्णाटकीय रागों को हिंदुस्तानी पद्धति के रागों में समाविष्ट करने का क्या आधार माना गया है, इसका कोई संकेत नहीं दिया गया है। प्रचार का आधार भी नहीं समझा जा सकता, क्योंकि अनेक राग ऐसे मिलते हैं जो आज प्रचार में नहीं पाए जाते।

हिंदुस्तानी पद्धति के बाद कर्णाटक पद्धति के आधुनिक मेल के अन्य रागों में से ६३८ का केवल आरोह-अवरोह-सहित वर्णन किया गया है। इसके बाद कुल १४३८ हिंदुस्तानी तथा कर्णाटकीय रागों की अकारादि क्रम से सूची, कर्णाटक पद्धति के ७२ मेलों की तालिका (उन उन मेलों की स्वरश्रुति के प्रयोग के साथ) तथा अकारादि क्रम से ७२ कर्णाटकीय मेलों की सूची एवं उत्तर भारतीय थाट तथा तत्संबंधी रागों की सूची भी दी गई हैं। संदर्भ के लिये संग्रह उपयोगी है।

रवींद्र संगीत—ले० राधेश्याम पुरोहित, प्रकाशक: संगीत कार्यालय, हाथरस, पृष्ठसंख्या १२०, (रायल साइज) मूल्य २)।

प्रस्तुत गीतसंग्रह में रवींद्रनाथ ठाकुर के २५ गीतों के हिंदी रूपांतर महाकविकृत स्वर-ताल-बंध-सहित प्रस्तुत किए गए हैं। महाकवि की स्वरयोजनाओं को रागनाम भी दिए गए हैं। किंतु जो स्वरयोजनाएँ किसी राग के नियत परिवेश में बँधी रहने के लिये बनाई ही नहीं गई हैं, उन्हें उक्त परिवेश में बाँधने का प्रयास कुछ चिंत्य सा जान पड़ता है, क्योंकि उससे तत्तद् राग संबंधी मान्यता को यत्र तत्र ठेस अवश्य लगती है। अन्यथा बँगला गीतों को हिंदी में सुलभ करने का प्रयास अवश्य सराहनीय है।

—डा० प्रेमलता शर्मा

बिसराम के बिरहे—

भोजपुरी संसद काशी से प्रकाशित, ५६ पृष्ठ के प्रस्तुत संकलन में बिरहिया कवि बिसराम (१८०७-१८५० के २२ बिरहे संकलित हैं, संकलनकर्ता श्री मुखराम सिंह हैं; इन्होंने ४ बिरहे स्वयं रचयिता से शेष लोकगायकों से प्राप्त किए हैं। आरंभ में इसके संपादक ईश्वरचंद्र सिनहा, तथा संकलनकर्ता के प्राक्कथन बिसराम तथा उनके बिरहों पर अच्छा प्रकाश डालते हैं।

इन थोड़े से बिरहों में एक अल्पसाक्षर एवं ग्रामीण भावुक कवि की सरल करुण वाणी का जो मर्म व्यंजित हुआ है, वह एक ओर लोकभाषा की समर्थ व्यंजनाशक्ति और भावसंपत्ति की गूढ़ता को प्रमाणित करता है तो दूसरी ओर नागर प्रतिभाओं को चुनौती भी देता है। इसमें प्रकृति को संबोधित बिरहे अत्यंत मार्मिक हैं। इस प्रकाशन से निश्चय ही विरह-काव्य के एक अद्भुत रत्न का उद्धार हुआ है। किंतु संकलनकर्ता के 'साजने सँवारने' से कहीं कहीं आजमगढ़ी भोजपुरी पर बाहरी भोजपुरी की छौंक लगी प्रतीत होती है, दूसरे 'मग', 'गगनवाँ', 'ललाम', 'नभवा', 'सारे जग में', 'दिगंत', 'अभिराम' जैसे पदों की भरती भी हो गई है। इसके अतिरिक्त गद्य नुवाद शिथिल है तथा संपादन में भाषा और उच्चारण संबंधी वैज्ञानिकता का अभाव है। आशा है, अगले संस्करण में ये कमियाँ दूर कर दी जायँगी।

—श्याम तिवारी

एक शिकारी हजार शेर—

ले० कर्नल केसरी सिंह, प्र० भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पृ० सं० २३० मूल्य रु० ५.००

लेखक स्वयं शिकारी हैं अतः इस पुस्तक में संग्रहीत उसकी शिकार कथाओं में तथ्यगत सच्चाई है। विस्मय, आतंक, और उत्सुकता बढ़ाने के लिये कल्पना का प्रयोग कहीं नहीं किया गया है। भाषा स्पष्ट, सरल और प्रवाहपूर्ण है। इस पुस्तक से हिंदी के शिकार साहित्य की अभिवृद्धि हुई है।

स्कूल से पूर्व बच्चों का लालन पालन—

मूल ले० एल० कास्नोगोरस्काया, अनु० पूरन आचार्य, प्र० राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृ० सं० १६२, रु० ३.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छोटे बच्चों की पारिवारिक शिक्षा दीक्षा की महत्वपूर्ण समस्या पर अच्छी पुस्तकें हिंदी में विरल हैं अतः रुसी शिक्षिका की इस व्यावहारिक पुस्तक का हिंदी अनुवाद स्वागताई है। अनुवादक की भाषा अच्छी है।

सामुदायिक विकास : एक सिंहावलोकन

ले० एस० के० दे, प्र० राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृ० सं० ८८, मू० रु० ३·००

केंद्रीय सामुदायिक एवं पंचायत मंत्री द्वारा लिखित यह पुस्तक दो खंडों में विभाजित है। प्रथम खंड में १९५२ से ६२ तक प्रत्येक वर्ष २ अक्टूबर को सामुदायिक कार्यों पर लेखक द्वारा डायरीनुमा लिखित टिप्पणी है। दूसरे खंड में सामुदायिक विकास के इतिहास और उद्देश्यों पर संक्षेप में प्रकाश डाला गया है। पुस्तक अनूदित है किंतु मूल भाषा और अनुवादक का कहीं उल्लेख नहीं है। अनुवादक की भाषा स्पष्ट और सरल है।

कविता : १९६४

सं० ओम् प्रभाकर, तथा भागीरथ भार्गव, प्र० कविता प्रकाशन, अलवर, पृ० सं० १३२ रु० ३·००।

इस वार्षिकी का उपशीर्षक नवगीत का प्रथम समवेत संकलन' है। इसे तीन खंडों में विभाजित किया गया है। 'प्रवर्तन' में संपादकों ने उन कवियों की रचनाएँ उद्धत की हैं जिन्हें वे नवगीत की विभिन्न शैलियों के प्रवर्तक मानते हैं। 'प्रचलन' में केवल उन नवीन कवियों की रचनाएँ संकलित हैं जिन्होंने अपनी अभिव्यक्ति में संपादकों की परिभाषा के अनुसार किसी न किसी प्रकार की नवीनता लाने का प्रयत्न किया है। 'प्रस्थापन' में 'नवगीत' की सैद्धांतिक व्याख्या करनेवाले कुछ निबंधों का संग्रह है।

नन्हीं नर्तकी

ले० मृणालिनी साराभाई, चित्रकर्त्री, बी० प्रभा, प्र० राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृ० सं० १६ मू० रु० ·७५

यह पुस्तक बाल साहित्य के प्रति निरंतर बढ़ती हुई जागरूकता का एक और प्रमाण है। पुस्तक का रूपविन्यास आकर्षक है। सभी पृष्ठ चित्रों से अलंकृत हैं। किंतु इनमें प्रयुक्त रंग बच्चों के लिये अनुकूल नहीं। मिश्रित की अपेक्षा मूल रंग बच्चों के लिये अधिक उपयुक्त होते हैं। भाषा और लेखन शैली में बच्चों के मानसिक धरातल का और भी सतर्क ध्यान रखकर अवस्था निर्देश कर दिया गया होता तो पुस्तक की उपयोगिता और बढ़ जाती। मूल्य बच्चों के लिये अधिक है।

निमाड़ी और उसका लोकसाहित्य

ले० रामनारायण उपाध्याय, प्र० उषा प्रकाशनगृह, ललितपुर, झाँसी, पृ० सं० ११२, मू० रु० ३·००

इस पुस्तक में लेखक ने मध्य प्रदेश के एक अंचल 'निमाड़' के जनजीवन, भाषा, साहित्य, और लोककला का परिचयात्मक विवरण प्रस्तुत किया है। इससे भारतीय संस्कृति की विविधता में अंतःसलिला की भाँति निहित मूल एकता का एक और दर्शन प्राप्त होता है तथा लोकसंस्कृति की ताजगी के प्रति मन आकृष्ट होता है।

राजस्थानी लोककथाएँ, भाग १-२

सं० गोविंद अग्रवाल, प्र० भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पृ० सं० २६६+२६४, मूल्य रु० ५.०० प्रत्येक भाग।

प्रस्तुत पुस्तक में राजस्थान में प्रचलित लोककथाओं को संक्षिप्त कर संकलनकर्ता ने अपनी शैली और परिनिष्ठित हिंदी में लिखने का कार्य किया है। इन कथाओं से उनकी विषयवस्तु का परिचय तो मिल जाता है किंतु मूल कथा की कथनभंगिमा तथा राजस्थानी की भाषागत विशेषताओं का साक्षात्कार नहीं होने पाता। आशा है लोकगीतों की भांति लोककथाओं को भी उनके मूल रूप में लिपिबद्ध करने का कार्य किया जायगा।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रेल की पटरियाँ

ले० रामेश्वरनाथ तिवारी, प्र० अर्चना प्रकाशन, आरा, ई० सं० १०४०, मूल्य रु० ३.०० ।

लघुकथाओं का संग्रह। जीवन और समाज के अंतर्विरोध संबंधी भावचित्र अच्छे बन पड़े हैं। आरंभ में लघुकथा के स्वरूपविश्लेषण पर श्री जगदीश पांडेय की भूमिका भी है।

'जनसाहित्य' का नेहरू-स्मृति-अंक

संपादक—डा० परमानंद, हिंदी विभाग, पंजाब, पटियाला, पृ० सं० ४४०, मूल्य रु० १.०० मात्र

प्रस्तुत विशेषांक में विशेष रूप से नेहरू जी संबंधी विशिष्ट व्यक्तियों के संस्मरण संकलित हैं। इनके अतिरिक्त नेहरू जी पर कुछ कविताएँ, निबंध श्रद्धांजलियाँ तथा स्वयं नेहरू जी के कुछ निबंध, भी हैं। पत्रिका अनेक चित्रों से सुसज्जित है। मूल्य अत्यल्प रखकर इसे सर्वजनसुलभ कर दिया गया है।

अभिसार

ले० कुमुद झींगरन, प्र० मीरा सदन, मिर्जामंडी, चौक, लखनऊ, पृ० सं० ११० मू० रु० २.२५ ।

उषा अनिरुद्ध के पौराणिक रोमांस पर लिखा गया खंडकाव्य। पारंपरित शैली को आत्मसात् करने का प्रयास।

नेहरू : अंतिम झलक

ले० डा० प्रेमनारायण टंडन, प्र० हिंदी साहित्य भंडार, गंगाप्रसाद रोड, लखनऊ, पृ० सं० ११८, मूल्य रू० १.५०

लेखक की कल्पना है कि मृत्यु के पूर्व अचेतावस्था में नेहरू जी का मन सक्रिय था और उसमें वे विचार उमड़ते घुमड़ते रहे जिन्हें वे अंतिम संदेश के रूप में व्यक्त करना चाहते थे। उसी संदेश को लेखक ने नाटक विधा द्वारा प्रस्तुत करने का प्रयास किया है जो बिल्कुल ही नाटक नहीं बन पाया है।

'नटरंग' त्रैमासिक

संपादक और प्रकाशक, श्री नेमिचंद्र जैन ३-एफ, जंगपुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-१४, मूल्य वार्षिक रु० ६.००, एक प्रति रु० १.५०

हिंदी रंगमंच का आंदोलन अब उस सोपान पर पहुँच गया है जहाँ उसकी सैद्धांतिक और व्यावहारिक समस्याओं पर गंभीर विचार विमर्श आवश्यक है। प्रस्तुत पत्रिका इस उद्देश्य की पूर्ति कर सकेगी; इसका अनुमान प्रवेशांक को देखकर आसानी से किया जा सकता है। इसके संपादन में सर्जनात्मकता तथा सुनियोजन है। रंगमंचीय समस्या पर परिसंवाद, नाटक का रंगमंचीय विश्लेषण, रंगमंचीय तकनीक संबंधी सामग्री, तथा विभिन्न रंगमंचीय केंद्रों के नाट्यवृत्त आदि स्तंभों द्वारा रंगमंचीय चित्र को व्यापक परिप्रेक्ष्य में उपस्थित करने का प्रयत्न किया गया है। यह पत्रिका रंग कलाकारों में साहित्यिक एवं कलात्मक तथा नाटककारों में रंगमंचीय दृष्टि का और अधिक विकास कर सकेगी और संपादक इसे किसी वर्गविशेष की मुखपत्रिका न बनने देंगे, ऐसी आशा की जानी चाहिए।

—कुँअरजी अग्रवाल

*

समीक्षार्थ प्राप्त

हिंदी के आंचलिक उपन्यास, प्रकाशक वाजपेयी, नंद किशोर ऐंड संस, वाराणसी, मूल्य रु०५.००

नया हिंदी काव्य और विवेचन, डा० शंभुनाथ चतुर्वेदी, नंदकिशोर ऐंडसंस, वाराणसी, मू० रु० १०.००

प्राकृत और अपभ्रंश साहित्य, डा० रामसिंह तोमर, हिंदी परिषद् प्रकाशन, प्रयाग विश्वविद्यालय मू० रु० ८.००

कुतुबन कृत मृगावती, डा० शिवगोपाल मिश्र, हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग, मू० रु० ६.००

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भागवत दर्शन, डा० हरवंशलाल शर्मा, भारत प्रकाशन मंदिर, अलीगढ़, मू० रु० १२.००
एक रात एक अकेला, माधवप्रसाद पांडेय, साहित्यनिकेत, कुशीनगर (देवरिया), मू० रु० १.२५
मानस मयूख (त्रैमासिक), सं० रामादास, तुलसी मानस मंदिर, दुर्गाकुंड, वाराणसी मू० रु० २.००
जैन भक्तिकाव्य की पृष्ठभूमि, डा० प्रेमसागर जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, मू० रु० ६.००
वर्ण, जाति, और धर्म, फूलचंद, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, मू० रु० ३.००
कविता : १९६४, सं० ओम प्रभाकर, कविता प्रकाशन, अलवर, मू० रु० ३.००
पाही आदमी, शालिग्राम, पाही प्रकाशन, चित्रगुप्तनगर, सहरसा (बिहार) मू० रु० २.५०
स्वगता, कुमारी मधु, अलका बीटा पब्लिकेशंस, कलकत्ता, मू० रु० ४.५०
स्कूल से पूर्व बच्चों का लालन पालन, अनु० पूरन आचार्य, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली मू० रु०३.००
लड़खड़ाते जीवन, शिवपूजन सिंह, जयदेव ब्रदर्स, आत्माराम रोड, बड़ौदा–१ मू० रु० ०.५०
पंख और पत्ते, तेजनारायण लाल, वाइ० बी० सुब्बाराव, उमा कास्मेटिक्स, संनिधि स्ट्रीट, तिरुवान मियूर, मद्रास–४१, मू० रु० ०.७५
निराला : जीवन और साहित्य, तेजनारायणसिंह तथा अन्य, राजप्रकाशन, पटना–६ मू० रु० ८.००
तालमेल, विष्णुचंद्र शर्मा, संकल्प प्रकाशन, ४०/७३ कालभैरव, वाराणसी, मू० रु० ३.००
प्रागन कृत भवँरगीत, हरिमोहन मालवीय, हिंदी साहित्य संमेलन प्रयाग, मू० रु० १.५०
खैरा पीपल कबहुँ न डोले, रामवृक्षराय 'विधुर' भोजपुरी संसद, वाराणसी मू० रु० १.००
मानवता चौराहे पर, पूर्णचंद्र शर्मा, बी० १।४ अस्सी, काशी, मू० रु० १.००
रेल की पटरियाँ, रामेश्वरनाथ तिवारी, अर्चना प्रकाशन, आरा, मू० रु० ३.००
निमाड़ी और उसका लोकसाहित्य, रामनारायण उपाध्याय, उषा प्रकाशनगृह ललितपुर झाँसी मू० रु० ३.००
अभिसार, कुमुद झिंगरन, मीरा प्रकाशन, मिर्जा मंडी, चौक लखनऊ, मू० रु० २.२५
नन्हीं नर्तकी, मृणालिनी साराभाई, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, मू० रु० ०.७५
सामुदायिक विकास : एक सिंहावलोकन, एस० के० दे, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, मू० ३.००
शीलनिरूपण, जगदीश पांडेय, अर्चना प्रकाशन, आरा, मू० रु० १०.००
उदात्त : सिद्धांत और शिल्पन, जगदीश पांडेय, अर्चना प्रकाशन, आरा, मू० रु० १६.००
आधुनिक हिंदी काव्य, कुमारविमल, अर्चना प्रकाशन, आरा, मू० रु० ५.००
हिंदी भाषा आंदोलन, सेठ गोविंददास, हिंदी साहित्य संमेलन, प्रयाग, मू० रु० ६.००
नाटक बहुरूपी, लक्ष्मीनारायण लाल, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, मू० रु० ३.५०
संक्रांत, कैलाश वाजपेयी, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, मू० रु० ३.००
रेखा, भगवतीचरण वर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली मू० रु० ९.००
वे दिन, निर्मल वर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली मू० रु० ५.५०
जलती झाड़ी, निर्मल वर्मा, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली मू० रु० ४.००
रेखा और रंग, विनयमोहन शर्मा, शिवलाल अग्रवाल ऐंड कंपनी, अस्पताल रोड, आगरा, मू० रु० २.००
रजवाड़े (लेख संग्रह), तर्कतीर्थ लक्ष्मण शास्त्री, शिवलाल ऐंड कंपनी, अस्पताल रोड, आगरा मू० रु० १२.५०
सती पद्मावती, रावत हिम्मतसिंह, भारतीय भवन, भैंसरोडगढ़, वाया नींवा हेड़ा (राजस्थान) मू० रु० ५.००
पारिषदं शब्दार्थ शारीरं, पं० दामोदर शर्मा गौड़, वैद्यनाथ आयुर्वेदभवन, कलकत्ता, मू० रु० ४.५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दसवे आलियं, भाग २, आचार्य तुलसी, जैन श्वेतांबर तेरापंथी महासभा ३, पोर्चुगीज स्ट्रीट, कलकत्ता–१, मू० रु० २५.००

साहित्य और मनोविज्ञान, देवेंद्र इस्सर, बुक हाइव, ३६ नाईवाला, करोल बाग, नई दिल्ली–५ मू० रु० ३.५०

राजस्थानी लोककथाएँ, भाग–१,२, गोविंद अग्रवाल, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद मू० रु० ५.००

औचित्यविमर्श, राममूर्ति त्रिपाठी, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद मू० रु० ६.००

एक शिकारी हजार शेर, कर्नल केसरी सिंह, भारती भंडार, लीडर प्रेस, इलाहाबाद, मू० रु० ५.५०

कोयला और कवित्व, 'दिनकर', उदयाचल प्रकाशन, पटना–४, मू० रु० ३.५०

मृत्तितिलक, 'दिनकर', चक्रवाल प्रकाशन, पटना—४, मू० रु० २.००

आत्मा की आँखें, 'दिनकर', उदयाचल प्रकाशन, पटना–४ मू० रु० ४.००

नेहरू : अंतिम झलक, प्रेमनारायण टंडन, हिंदी साहित्य भंडार, गंगाप्रसाद रोड, लखनऊ मू० रु० १.५०

तेग अली और काशिका, रुद्र काशिकेय, ज्ञानमंडल लिमिटेड, वाराणसी, मू० रु० ३.००

अक्का महादेवी के वचन, प्रा० जी० एम० उमापति, कर्नाटक प्रांतीय हिंदी प्रचार सभा, धारवाड़, मू० रु० १.५०

मूल बीजक, महंत रामखेलावन गोस्वामी, सधवामठ, पो० सधवा नंदपुर, जि० चंपारण मू० रु० २.०५

बच्चन : व्यक्ति और कवि, बाँकेबिहारी भटनागर, नैशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली—६, मू० रु० ३.००

लक्ष्मीनारायण मिश्र के सामाजिक नाटक, भारतभूषण चड्ढा, नैशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली–६ मू० रु० ५.००

जैनेंद्र : व्यक्ति, कथाकार और चिंतक, बाँकेबिहारी भटनागर, नैशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली–६, मू० रु० ६.००

हिंदी की छायावादी कविता का कलाविधान, डा० बलवीरसिंह 'रत्न', नैशनल, पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली ६, मू० रु० १२.५०

रससिद्धांत, डा० नगेंद्र, नैशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली–६, मू० रु० २०.००

हिंदी भक्तिरसामृत सिंधु, विजयेंद्र स्नातक, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, मू० रु० २५.००

प्रासाद मंडन, भगवानदास जैन, बी० एस० शर्मा, मोती नोनिया का रास्ता, यति श्यामल जी का उपाश्रय, जयपुर मू० रु० १६.००

चिंतन के धागे, डा० वचनदेव कुमार, नोवेल्टी ऐंड कंपनी, अशोक राजपथ, पटना–४, मू० रु० ४.००

जनसाहित्य (नेहरू-स्मृति-अंक). डा० परमानंद, हिंदी विभाग, पंजाब, पटियाला, मू० रु० १.००

गुसाईं गुरु बानी, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, मू० रु० २०.००

बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' : व्यक्ति एवं काव्य, डा० लक्ष्मीनारायण दूबे, हिंदुस्तानी एकेडेमी, इलाहाबाद, मू० रु० १५.००

मराठी का आधुनिक साहित्य, प्रो० भी० गो० देशपांडे, नवयुग बुक स्टाल, अमरावती, मू० रु० १.५०

बिसराम के बिरहे, सुखरामसिंह, भोजपुरी संसद, वाराणसी, मू० रु० १.५०

किसलय, महेन्द्रनाथ सिंह, देश सेवा मंडल, ९२ विवेकानंद मार्ग, इलाहाबाद, ३—मू० रु० २.५०

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभा की प्रगति

(कार्तिक से चैत्र, सं० २०२१ तक)

सभा के विभिन्न विभाग इस अवधि में यथावत् कार्य करते रहे। इनका संक्षिप्त कार्यविवरण निम्नांकित है —

आचार्य महावीरप्रसाद द्विवेदी जन्मशती (उत्तरांश)

इस आयोजन का पूर्वांश इस वर्ष के आरंभ में ही अनुष्ठित हुआ था और उत्तरांश निश्चयानुसार २ और ३ पौष को समारब्ध हुआ। २ पौष को रात्रि में कविसंमेलन का आयोजन हुआ जिसमें स्थानीय और बाहर के अनेक शीर्षस्थ कवियों ने भाग लिया।

३ पौष को प्रातः ६ बजे से साहित्यगोष्ठी आयोजित हुई। अलीगढ़ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष श्री डा० हरवंशलाल जी शर्मा ने 'साहित्य : पुरातन और नवीन' विषय की प्रस्थापना की जिसके पक्ष विपक्ष में बड़े ही विचारगर्भित भाषण हुए। इस विचारगोष्ठी में भाग लेनेवालों में क्रमानुसार श्री पं० विद्यानिवास मिश्र, श्री डा० देवराज, श्री डा० श्रीकृष्णलाल, श्री पं० अमृतलाल नागर, श्री पं० लक्ष्मीनारायण जी मिश्र, श्री डा० किशोरीलाल गुप्त और श्री रामचंद्र वर्मा के नाम उल्लेख्य हैं।

मुख्य उत्सव ३ पौष को सायंकाल आयोजित हुआ। आरंभ में सभा के सभापति माननीय श्री पं० कमलापति जी त्रिपाठी ने समागत सज्जनों का स्वागत करने के अनंतर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष माननीय श्री लक्ष्मीनारायण जी 'सुधांशु' से समारोह का उद्घाटन करने का आग्रह किया। श्री 'सुधांशु' जी के उद्घाटन भाषण के अनंतर समारोह के संयोजक श्री पं० सुधाकर पांडेय जी ने इस समारोह के उपलक्ष्य में प्राप्त शताधिक संदेशों में से कतिपय चुने हुए संदेशों के मुख्यांशों का पाठ किया।

तदनंतर सभा के निश्चयानुसार विभिन्न विषयों की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं पर सभा द्वारा स्वीकृत पुरस्कार पदकों का समर्पण हुआ। पुरस्कृत रचनाओं और लेखकों की नामावली निम्नांकित है —

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेखक	ग्रंथ	अवधि	पुरस्कार और पदक
१–भरतसिंह उपाध्याय	बौद्धदर्शन और अन्य भारतीय दर्शन	२००६-१३	बिड़ला पुरस्कार-रेडिबपदक
२–डा० रामपूजन तिवारी	सूफीमत : साधना और साहित्य	२०१३–१७	,, ,,
*३–लक्ष्मीनारायणमिश्र	वितस्ता की लहरें, वत्सराज, चक्रव्यूह	२००७–१०	बटुकप्रसाद पु०+सुधाकर पदक
*४–भगवतीचरण वर्मा	भूले बिसरे चित्र	२०११–१४	,, ,,
*५–अमृतलाल नागर	बूँद और समुद्र	२०१५–१८	,, ,,
*६–हरवंशलाल शर्मा	सूर और उनका साहित्य	२००७–१०	रत्नाकर पु० (१) + राधाकृष्णदास पदक
७–डा० नगेंद्र	देव और उनकी कविता	२०११–१४	,, ,,
८–डा० माताप्रसाद गुप्त	छिताई वार्ता	२०१५–१८	,, ,,
९–सुमित्रानंदन पंत	रजत शिखर	२००८–११	रत्नाकर पु० (२) + बलदेवप्रसाद पदक
१०–महताबचंद खारेड़	कूर्मवंश प्रताप या लावारासा	२०१२–१५	,, ,,
११–दिनकर	उर्वशी	२०१२–१६	,, ,,
१२–डा० अतहर अब्बास रिजवी	आदि तुर्ककालीन भारत खलजीकालीन भारत तुगलुककालीन भारत	२०११–१३	जोधसिंह पुरस्कार + गुलेरी पदक
१३–डा० वासुदेव उपाध्याय	प्राचीन भारतीय अभिलेखों का अध्ययन	२०१४–१७	,, ,,
*१४–प्रो० फूलदेवसहाय वर्मा	ईख और चीनी	२००९–१२	डा० छन्नूलाल पुरस्कार + ग्रीव्जपदक
१५–कुँ० सुरेशसिंह	जीवजगत्	२०१३–१६	,, ,,
१६–डा० सत्यप्रकाश	प्राचीन भारत में रसायन	२०१७–२०	,, ,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इनमें ❀ चिह्नित महानुभाव ही समारोह में उपस्थित थे जिन्हें यथोचित सत्कारपूर्वक पुरस्कार की राशि और पदक अर्पित किए गए। शेष महानुभावों के पुरस्कार और पदक समारोह के अनंतर डाक द्वारा भेज दिए गए।

रात्रि में 'राज्यश्री' नाटक का अभिनय सभा के प्रधानमंत्री श्री शिवप्रसाद जी मिश्र 'रुद्र' के निर्देशन में हुआ जो पर्याप्त सफल रहा और जिसकी भूरि भूरि सराहना दर्शकों ने की।

नवीन भवन का शिलान्यास

सभा का कार्यविस्तार, विशेषत: स्वतंत्रताप्राप्ति के बाद से लेकर अब तक, अत्यधिक हो गया है। प्रत्येक विभाग की प्रगति स्थानसंकोच के कारण अवरुद्ध होने लगी है। अतः निश्चय किया गया है कि सभा की वर्तमान भूमि से सटी हुई पूरब ओर की समस्त भूमि अवाप्त कर ली जाय और उसपर लगभग चार लाख के व्यय से नवीन भवन का निर्माण कराया जाय। प्रस्तावित भवन के मानचित्र की लघ्वाकार प्रतिकृति नीचे दी जा रही है :

इस भवन का शिलान्यास १० पौष को सांगोपांग शास्त्रीय पद्धति से हमारे प्रधान मंत्री माननीय श्री लालबहादुर जी शास्त्री ने किया। वास्तुपूजन के अनंतर उत्तर ओरवाले मैदान में भव्य रूप से सजे हुए पंडाल में उन्हें सभा की ओर से प्रधान मंत्री श्री पंडित शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र' द्वारा मानपत्र अर्पित किया गया। मानपत्र के उत्तर में माननीय शास्त्री जी ने जो सारगर्भित भाषण दिया उसका मुख्यांश निम्नांकित है :

'वह समय अब दूर नहीं है जब हिंदी देश में अपना वैध एवं उचित स्थान ग्रहण करेगी। संविधान ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया है और जनवरी, १९६५ के बाद इसका प्रयोग देश में विभिन्न राज्यों के साथ, मुख्यतः सभी हिंदीभाषी राज्यों के साथ, सभी प्रकार के पत्रव्यवहार के लिये किया जायगा। हिंदी को किसी पर लादने का कोई प्रश्न नहीं है। अहिंदी भाषी क्षेत्रों में, मुख्यतः दक्षिण में, जनता उत्साह से और तीव्र गति से हिंदी सीख रही है। इस सभा की तो स्थापना ही इसीलिये हुई थी और यहाँ के लोगों ने तो निरंतर इसके लिये प्रयत्न किया है। मैं बचपन में जब हरिश्चंद्र स्कूल का विद्यार्थी था तब प्रायः यहाँ के पुस्तकालय में पढ़ने आया करता था। विभिन्न राज्यों ने शिक्षण संस्थाओं में हिंदी अनिवार्य बना दिया है और हिंदी की प्रगति एवं विकास के लिये सुविधाएँ प्रदान की हैं। धीरे धीरे हिंदी देश के सर्वसाधारण की भाषा हो जायगी और एक संपर्क भाषा बनेगी। हम लोग इसके लिये अधिक परेशान न हों। हिंदी जनता की भाषा है। देश को यह स्वीकार करना है कि

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह राष्ट्रभाषा है। कोई व्यक्ति हिंदी की प्रगति को रोक नहीं सकता, इसमें जरा भी संदेह नहीं।'



(सभा का प्रस्तावितभवन)

आर्यभाषा पुस्तकालय

उक्त अवधि में वाचनालय १६१ दिन और पुस्तकालय १३५ दिन खुला रहा। प्रतिदिन ४०० से अधिक पाठकों ने वाचनालय तथा पुस्तकालय से लाभ

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उठाया। उक्त अवधि में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के जिन शोधछात्रों एवं छात्राओं ने अनुशीलन और अध्ययन के लिये पुस्तकालय का उपयोग किया उनकी संख्या १०७ थी। इन्होंने पुस्तकालय के मुद्रित, हस्तलिखित ग्रंथों एवं पत्रपत्रिकाओं का अवगाहन किया।

इस अवधि में ३० नए सदस्य हुए और २२ सदस्यों ने अपना नाम कटाया। इस प्रकार आजीवन और साधारण सदस्यों की संख्या २३२ रही।

उक्त अवधि में पुस्तकालय के लिये ५५० रु० ३२ पै० मूल्य के ५९ ग्रंथ खरीदे गए तथा २०३८ रु० ८१ पै० मूल्य के ७५४ ग्रंथ भेंट में प्राप्त हुए। इनके अतिरिक्त 'सन्मार्ग साप्ताहिक' और 'जनसाहित्य' मासिक की जिल्दें प्राप्त हुईं।

सभा के अन्वेषण विभाग से हिंदी, संस्कृत और गुरुमुखी के ३४७ हस्तलिखित ग्रंथ प्राप्त हुए।

उक्त अवधि में पुराने ८२ ग्रंथों की मरम्मत कराके उनकी जिल्दें बँधवाई गईं।

पुस्तकालय उन सभी दयालु साहित्यप्रेमियों का विशेष आभारी है जिन्होंने पुस्तकालय की श्रीवृद्धि में योग दिया है।

हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों की खोज

इस वर्ष कार्तिक से चैत्र पर्यंत वाह्याभ्यंतर क्षेत्रों में खोजकार्य किया गया। मध्यप्रदेश से इस वर्ष खोजकार्य का अनुदान न मिलने के कारण कार्यव्यवधायक परिस्थिति बनी रही, अतएव एक वर्ष में समाप्त हो जानेवाला छतरपुर का शेष कार्य पूरा न हो सका। सभा की ओर से संपूर्ण मध्यप्रदेश में एक साथ खोजकार्य करने के लिये भावी बृहद्योजना की रूपरेखा बनाई गई है जो विचारार्थ मध्यप्रदेश की सरकार के पास भेज दी गई है। इस योजना के अनुसार तीन अन्वेषक मध्यप्रदेश में एक साथ कार्यारंभ कर देंगे। परिणामतः इस प्रदेश में खोज का समस्त कार्य आठ वर्षों में समाप्त हो जाने की आशा है। इस अवधि में १२००००) का व्यय संभावित है।

अबतक मध्यप्रदेश से जितने खोजविवरण प्राप्त हुए हैं वे संपादित, असंपादित रूप में संचित हैं। उनके प्रकाशन संबंधी व्यय का ब्यौरा एवं आनुमानिक कार्यविधि मध्य प्रदेश शासन के पास भेज दी गई है। आशा है, वहाँ की सरकार यथोचित अनुदान की व्यवस्था करके खोज के शेष कार्यों की पूर्ति में सहायक होगी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस अवधि में सभा के आर्यभाषा पुस्तकालय में संचित हस्तलेखों के विवरण लिए गए। विवृत हस्तलेख नागरी, फारसी, गुरुमुखी आदि विविध लिपियों में लिखित एवं १७वीं से लेकर २०वीं शताब्दी तक में रचित पाए गए हैं। इस अवधि के अंतर्गत ऐसे समस्त १०८ ग्रंथों के विवरण लिए गए। इस वर्ष भी अनेक शोधछात्रों एवं हिंदी के लब्धप्रतिष्ठ विद्वानों ने आकर विभागीय शोधसामग्री का लाभ उठाया। पत्राचार द्वारा भी खोज विभाग अनुसंधित्सुओं की सहायता करता रहा।

उत्तर प्रदेश (बिजनौर) में सभा की ओर से खोज कार्य यथावत् होता रहा। परिणामतः १८६ ग्रंथों के विवरण लिए गए और १६० हस्तलेख सभा को प्राप्त हुए। विवरणपत्रों में रचनाकाल १६वीं से २०वीं शताब्दी तक पाया गया।

प्रकाशन

इस अवधि के अंतर्गत जिन नवीन पुस्तकों का प्रकाशन हुआ, पूर्वप्रकाशित जिन पुस्तकों का पुनर्मुद्रण किया गया और जो पुस्तकें मुद्रण के क्रम में लगी रहीं, उनका विवरण ग्रंथमालाक्रम से निम्नांकित है :—

नागरीप्रचारिणी ग्रंथमाला

नवमुद्रित — खालिकबारी
हस्तलिखित हिंदी पुस्तकों की खोज का सं० विवरण भाग १,२

प्रतिमुद्रित—कीर्तिलता
कबीर ग्रंथावली
सूरसागर, भाग १

यंत्रस्थ— हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास, भाग २
„ „ „ भाग १३
भारतेंदु ग्रंथावली, भाग १
कवि तोष और सुधानिधि
मानस अनुशीलन
लालचंद्रिका
नाटक और यथार्थवाद
राजतरंगिणी
ज्ञानदीपक

मनोरंजन पुस्तकमाला—

प्रतिमुद्रित— कबीर वचनावली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शास्त्र-विज्ञान-ग्रंथावली

यंत्रस्थ— लक्षणा और काव्य में उसका प्रसार

हिंदी क्रिया में धातुपद

पाठोपयोगी पुस्तकमाला—

प्रतिमुद्रित—सूरसुषमा

त्रिवेणी

संक्षिप्त हिंदी व्याकरण

भाषाविज्ञान सार

कोश ग्रंथमाला

नवमुद्रित— लघु हिंदी शब्दसागर

लघुतर हिंदी शब्दसागर

हिंदी विश्वकोश, खंड ४

यंत्रस्थ— हिंदी विश्वकोश, भाग १

हिंदी विश्वकोश, भाग ५

बृहत हिंदी शब्दसागर, भाग १

राजा बलदेवदास बिड़ला ग्रंथमाला—

यंत्रस्थ— कागद और लुगदी

आकर ग्रंथमाला—

नवमुद्रित— मतिराम ग्रंथावली

मधुमालती वार्ता

यंत्रस्थ— यशवंतसिंह ग्रंथावली

दादूदयाल ग्रंथावली

नागरीदास ग्रंथावली

सूर्यकुमारी पुस्तकमाला—

यंत्रस्थ— ध्रुवा [अगले मास में प्रकाशित हो जायगी]

देवीप्रसाद ऐतिहासिक पुस्तकमाला—

यंत्रस्थ— मुगल दरबार, भाग ५

बालाबक्ष राजपूत चारण पुस्तकमाला—

प्रतिमुद्रित— बीसलदेव रासो

प्रादेशिक ग्रंथमाला—

इस माला में प्रथम पुस्तक प्रभुदेव वचनामृत प्रकाशित हो चुकी है। इस वर्ष इसमें शत ग्रंथों के प्रकाशन की योजना निर्धारित की गई है। प्रांतीय भाषाओं के प्रमुख विद्वानों द्वारा संस्तुत्य ग्रंथों की नामावली सभा के विचाराधीन है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नवभारत ग्रंथावली, महेंदुलाल गर्ग विज्ञान ग्रंथावली, रामविलास पोद्दार स्मारक ग्रंथमाला, रुक्मिणीदेवी ग्रंथमाला तथा देवपुरस्कार ग्रंथावली में इस अवधि में द्रव्याभाव के कारण कोई पुस्तक नहीं प्रकाशित हुई।

हिंदी विश्वकोश

इस अवधि में विश्वकोश के खंड ४ का प्रकाशन पूर्ण हुआ तथा खंड ५ के २६ फार्म मुद्रित हुए। इस वर्ष के पूर्वार्ध की समाप्ति तक खंड ४ के ४१ फार्म मुद्रित हुए थे। इस प्रकार आलोच्य छमाही में खंड ४ के २२ तथा खंड ५ के २६ अर्थात् कुल ४८ फार्मों का मुद्रणकार्य पूरा हुआ।

इस अवधि भर प्रधान संपादक जी छुट्टी पर विदेश में रहे तथा मानवतादि संपादक का पद रिक्त रहा। प्रधान संपादक जी के कर्तव्यों का निर्वाह विज्ञान संपादक श्री फूलदेवसहाय जी वर्मा ने किया।

विश्वकोश-परामर्श-मंडल की एक बैठक इस अवधिमें ३ पौष (१८ दिसंबर (१९६४) को सभाभवन में महामहिम डा० संपूर्णानंद जी की अध्यक्षता में हुई जिसके सामने खंड ४ मुद्रित रूप में प्रस्तुत किया गया। इस बैठक में विश्वकोश का कार्यकाल तीन वर्ष के लिये और बढ़ाए जाने की संस्तुति केंद्रीय शिक्षामंत्रालय से की गई। इसके अतिरिक्त संपादकमंडल के स्थानीय सदस्यों की कई अनौपचारिक बैठकें आवश्यकतानुसार सभाभवन में हुईं।

इस अवधि में एक नई नियुक्ति श्री रमेशचंद्र दुबे की संपादक सहायक (भूगोल) के पद पर की गई।

अवधि के प्रारंभ में विश्वकोश के खाते में १०, २५७–८८ रु० शेष थे। १,०० ०००–०० रु० का एक अनुदान इस अवधि में केंद्रीय शिक्षामंत्रालय से प्राप्त हुआ।

नागरी मुद्रण

नागरी मुद्रण में इस अवधि में सूरसागर भाग १, कीर्तिलता, कबीर ग्रंथावली, कबीर वचनावली तथा सं० हिंदी व्याकरण का पुनर्मुद्रण किया गया।

हिंदी विश्वकोश, खंड ४ का मुद्रण समाप्त किया गया तथा उसके ३६ एकरंगे चित्र तथा चार पाँच रंगोंवाले तीन चित्र ट्रेडिल पर छापकर समाप्त किए गए। हिंदी विश्वकोश, खंड ५ का मुद्रण भी प्रारंभ किया गया।

सं० खोज विवरण खंड १ व २, ना० प्र० पत्रिका वर्ष ६९ अं० १ व २, मुगल दरबार भाग ५, भारतेंदु नाटकावली, मानस अनुशीलन, लालचंद्रिका, मतिराम, नागरी दैनंदिनी, हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास खंड १३, मधुमालती

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वार्ता, यशवंतसिंह ग्रंथावली, दादूदयाल ग्रंथावली, हिंदी शब्दसागर भाग १, लुगदी और कागज, ध्रुवा, नाटक और यथार्थवाद, नागरीदास ग्रंथावली खंड १ व २, कवि तोष तथा कलानिधि, लक्षणा तथा उसका हिंदी में विकास, नागरीप्रचारिणी पत्रिका वर्ष ६६ अं० ३ का मुद्रण होता रहा।

नागरी मुद्रण ने इस अवधि में सभा की पुस्तकों के अतिरिक्त रसलीन, आकाश विभाजित है तथा विशिष्ट कहानियाँ इन तीन बाहरी पुस्तकों का भी मुद्रण किया।

गोष्ठी, व्याख्यान आदि

इस अवधि के अंतर्गत सभा के तत्वावधान में निम्नांकित आयोजन हुए :

२५ कार्तिक को श्री रघुनाथ सिंह जी, अध्यक्ष जहाजरानी बोर्ड का स्वागत किया गया।

१० पौष को माननीय श्री लालबहादुर जी शास्त्री के करमकमलों द्वारा सभा के नवीन भवन का शिलान्यास हुआ।

१७ माघ को आंध्र विद्वान् श्री बालशौरि रेड्डी का स्वागत हुआ।

१ फाल्गुन को 'प्रसाद' जयंती का आयोजन हुआ।

५ फाल्गुन को नेपाल के सांस्कृतिक शिष्टमंडल का स्वागत किया गया।

६ फाल्गुन को भारतीय गणराज्य की भाषासमस्या के संबंध में गोष्ठी हुई।

१४ चैत्र को जयपुर की महारानी श्रीमती गायत्री देवी महोदया का स्वागत हुआ।

६ फाल्गुन को हुई भाषा विषयक गोष्ठी में पारित प्रस्ताव निम्नांकित है :

'वाराणसी के नागरिकों की यह सभा राष्ट्रभाषा हिंदी के विरोध के नाम पर पिछले दिनों दक्षिण भारत के कुछ अंचलों में की गई हिंसात्मक स्वेच्छाचारिता पर अत्यंत क्षोभ और दुःख प्रकट करती है। ऐसी नाजुक परिस्थिति में भी कतिपय राजनीतिज्ञों ने अपने अवांछित प्रयत्नों द्वारा इस स्थिति को उत्तेजना प्रदान की है। राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिये कुछ लोग जान बूझकर परिस्थिति को उत्तरोत्तर बिगाड़ने के लिये यत्नशील हैं। अतएव हमारा सभी वर्गों के राजनेताओं से सविनय आग्रह है कि ऐसे अवसरों पर वे बहुत विचारपूर्वक व्यवहार किया करें और ऐसा कोई कदम न उठाएँ जिससे देश में विशृंखलता या विघटन होने की आशंका हो। हिंदीभाषियों को यह सभा बधाई देती है कि ऐसे अवसर पर उन्होंने शांति और सहिष्णुता का व्यवहार किया, दक्षिण भारत की नकल अथवा बदले की भावना का रंचमात्र प्रदर्शन नहीं होने दिया। भारतीय गणतंत्र और उसका स्वीकृत संविधान प्रत्येक देशवासी के लिये श्रद्धा और आदर का पात्र है,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अतएव उसके प्रतिकूल आचरण करके अथवा तोड़ फोड़, हिंसा आदि का भय दिखाकर संविधान या भाषा विधेयक में कोई विघटनकारी अथवा अवांछित संशोधन परिवर्तन की माँग सर्वथा देशद्रोह है, एवं ऐसा किए जाने पर सरकार दृढ़तापूर्वक उसकी शास्ति करे, यह हम सब की आंतरिक इच्छा और जोरदार माँग है। हमारी भारत सरकार से यह तात्कालिक माँग है कि वह हिंदी प्रदेशों में अँगरेजी का प्रयोग और व्यवहार तुरंत बंद करके समस्त कार्यों और व्यवहारों में एकमात्र हिंदी का ही प्रयोग तत्काल आरंभ कर दे।'

—सहायक मंत्री

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खोज में उपलब्ध हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का संक्षिप्त विवरण [सन् १९०० से १९५५ ई० तक]
दो खंडों में। प्रत्येक खंड लगभग ६७० पृष्ठ।
पूरे कपड़े की जिल्द, रायल आकार में।
प्रत्येक खंड का मूल्य ३०) मात्र

मतिरामग्रंथावली—इस ग्रंथ में रीतिकाल के रससिद्ध, ललितपदावली के कवि मतिराम की संपूर्ण रचनाओं के साथ ही उनके साहित्य एवं कृतित्व का बृहत् एवं गंभीर विद्वत्तापूर्ण मूल्यांकन भी किया गया है। ग्रंथ के संपादन में विभिन्न हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर पाठांतर दे देने से उसका अन्वेषणात्मक मूल्य भी बढ़ गया है। सुंदर पक्की जिल्द से समन्वित ग्रंथ का मूल्य केवल १२-५०।

मधुमालती वार्ता—हिंदी प्रेमकथाओं में मधुमालती वार्ता का विशिष्ठ स्थान है। अबतक मिली हुई चार भिन्न परंपराओं की प्रतियों से यह ग्रंथ संयोजित है। विद्वान संपादक ने एक विस्तृत एवं गंभीर विवेचना में कवि के कृतित्व पर बड़ा ही सुंदर विवेचन किया है। पक्की सुंदर जिल्द से समन्वित पुस्तक का मूल्य केवल ८-००।

ध्रुवा—राखाल बाबू के ऐतिहासिक उपन्यासों में गुप्त सम्राटों के चरित्र से संबंध रखनेवाला यह उपन्यास अत्यंत श्रेष्ठ है। गंभीर अनुवादक ने मूल लेखक के भावों और विचारों को अक्षुण्ण ढंग से हिंदी भाषा में ढाल देने का स्तुत्य एवं सफल प्रयत्न किया है। मूल्य ३-५०।

कवि तोष और सुधानिधि—हिंदी रीतिकाल के अत्यंत मधुर एवं सरस रचना करनेवाले तोष की इस कृति का विद्वान संपादक ने बहुत ही सुंदर संपादन किया है तथा उनकी कृति का इसमें गंभीर विवेचन भी हुआ है। मूल्य ५-५०।

—••—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नागरीप्रचारिणी सभा,
काशी

हिंदी शब्दसागर
और संक्षिप्त हिंदी शब्दसागर
के उपरांत
लघु हिंदी शब्दसागर
मूल्य ११.००
लघुतर हिंदी शब्दसागर
मूल्य ६.००
प्रकाशित
तथा
हिंदी विश्वकोश प्रथम खंड
(परिवर्धित एवं संशोधित, यंत्रस्थ)
हिंदी विश्वकोश चतुर्थ खंड प्रकाशित
मूल्य ३०)—२५)

मुद्रक—शंभुनाथ वाजपेयी, नागरी मुद्रण, वाराणसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

[संवत् २०२१ वि०]

वर्ष ६९ • अंक ४

गुरुकुल कांगड़ी

संपादकमंडल

डा० संपूर्णानंद : श्री कमलापति त्रिपाठी
डा० नगेंद्र : श्री शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र'
श्री करुणापति त्रिपाठी : श्री सुधाकर पांडेय
—संयो०, संपादकमंडल
—संयो०, पत्रिका एवं सह संयो०, संपादकमंडल

काशी नागरीप्रचारिणी सभा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्रिका के उद्देश्य

१—नागरी लिपि और हिंदी भाषा का संरक्षण तथा प्रसार।

२—हिंदी साहित्य के विविध का विवेचन।

३—भारतीय इतिहास और संस्कृति का अनुसंधान।

४—प्राचीन अर्वाचीन शास्त्र, विज्ञान और कला का पर्यालोचन।

सूचना

१—प्रति वर्ष, सौर वैशाख से चैत्र तक पत्रिका के चार अंक प्रकाशित होते हैं।

२—पत्रिका में उपर्युक्त उद्देश्यों के अंतर्गत सभी विषयों पर सप्रमाण और सुविचारित लेख प्रकाशित होते हैं।

३—पत्रिका के लिये प्राप्त लेखों की प्राप्तिस्वीकृति शीघ्र की जाती है और उनकी प्रकाशन संबंधी सूचना एक मास में भेजी जाती है।

४—लेखों की पांडुलिपि कागज के एक ओर लिखी हुई, स्पष्ट एवं पूर्ण होनी चाहिए। लेख में जिन ग्रंथादि का उपयोग या उल्लेख किया गया है उनका संस्करण और पृष्ठादि सहित स्पष्ट निर्देश होना चाहिए।

५—पत्रिका में समीक्षार्थ पुस्तकों की दो प्रतियाँ आना आवश्यक है। उनकी प्राप्तिस्वीकृति पत्रिका में यथासंभव शीघ्र प्रकाशित होती है। परंतु संभव है उन सभी की समीक्षाएँ प्रकाश्य न हों।

नागरीप्रचारिणी सभा, काशी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१६८६
२१-१-६६

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

वर्ष ६९
संवत् २०२१
अंक ४

भारत सरकार की ओर से भेंट

संपादकमंडल

श्री डा० संपूर्णानंद
श्री कमलापति त्रिपाठी
श्री डा० नगेंद्र
श्री शिवप्रसाद मिश्र 'रुद्र'
श्री करुणापति त्रिपाठी
—संयो०, संपादकमंडल
श्री सुधाकर पांडेय
—संयो०, पत्रिका एवं
सह संयो०, संपादकमंडल

वार्षिक मूल्य रु० १०.००
इस अंक का २॥)

नागरीप्रचारिणी सभा
वाराणसी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषयसूची

लेख

१. वैदिक साहित्य में संन्यास की परंपरा—डा० इंद्रचंद्र शास्त्री ... १

२. राजशेखर का प्रारंभिक जीवन : कुछ नवीन विचार —हरि अनंत फड़के ... २५

३. रीतिकाल से पूर्व खड़ी बोली गद्य —डा० प्रेमप्रकाश गौतम ... ३४

४. जनमेजय पारीक्षित और उसकी राजधानी— देवेंद्र हाँडा ... ४३

५. नियति और पुरुषार्थ के प्रकरण में 'दिनकर' —विकासचंद्र सिन्हा ... ५१

६. हिंदी में अनुस्वार और अनुनासिक वर्ण (प्रयोग और उच्चारण)—कमलमोहन ... ७७

पौराणिकी

सभासंग्रह से आचार्य द्विवेदी जी के कुछ पत्र ... ६४

विमर्श

१. 'गोविंदहुलास नाटक' का रचयिता—प्रभुदयाल मीतल ... १०४

२. हिंदी में 'बावनी' की परंपरा—अगरचंद नाहटा ... ११२

३. पाणिनिस्मृत शिशुक्रंदीय : एक वैद्यक ग्रंथ — रामशंकर भट्टाचार्य ... ११७

४. 'निज' कवि और उनका भ्रमरगीत —डा० भगवानदास तिवारी ... १२१

चयन

तारा का आविर्भाव ... १३८

निदेश १४२

समीक्षा

रससिद्धांत : अंतर्दर्शन—करुणापति त्रिपाठी ... १४५

वार्षिक विषयसूची ... १५८

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नागरीप्रचारिणी पत्रिका

वर्ष ६६] माघ, संवत् २०२१ [अंक ४

वैदिक साहित्य में संन्यास की परंपरा

[डा० इंद्रचंद्र शास्त्री]

भारतीय संस्कृति दो परंपराओं की देन है। एक ओर मोक्ष को जीवन का लक्ष्य माननेवाली श्रमण परंपरा है, और दूसरी ओर अभ्युदय या ऐहिक उन्नति को लक्ष्य माननेवाली ब्राह्मण परंपरा। दोनों में टक्करें हुईं, समझौते हुए और परस्पर प्रभाव पड़ा। वर्तमान हिंदू धर्म उसी संमिश्रण का परिणाम है। इन परंपराओं के परस्पर भेद और आदान प्रदान की चर्चा अत्यंत रोचक है। यहाँ मुनि धर्म से संबंधित कुछ बातों का निरूपण किया जाएगा।

वर्तमान हिंदू धर्म के मुख्य दो तत्व माने जाते हैं, वर्णधर्म और आश्रमधर्म इन्हीं को वैदिक या श्रौत-स्मार्त-धर्म कहा जाता है। श्रमण परंपरा इसके विपरीत न वर्णधर्म को मानती है और न आश्रमधर्म को। वैदिक परंपरा मुख्यतया समाजलक्ष्यी रही है, वर्णों और आश्रमों का विभाजन उसी की व्यवस्था के लिये किया गया। इसके विपरीत श्रमण परंपरा व्यक्तिलक्ष्यी रही है वहाँ वैयक्तिक विकास पर बल दिया गया। उसके लिये सामाजिक उत्तरदायित्व की अधिक चिंता नहीं की गई। वैदिक परंपरा का मुख्य बल गृहस्थ आश्रम पर रहा है। ब्रह्मचर्य को उसकी तैयारी के रूप में स्वीकार किया गया और वानप्रस्थ को जीवनसंघर्ष से निवृत्त होने के लिये। वह जीवनसाधना का अंग न होकर एक प्रकार की विश्रांति है। संन्यास का वैदिक साहित्य में वर्णन नहीं है इसके विपरीत

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

श्रमण परंपरा में संन्यास साधना का सर्वोच्च स्तर है। गृहस्थाश्रम उद्दाम वृत्तियों को शांत करने के लिये एक प्रकार की सुविधा है। जो व्यक्ति पूर्ण संयम का पालन नहीं कर सकता, उसके लिये विधान किया गया है कि वह अपनी पाशविक वृत्तियों को शांत करने के लिये मर्यादा स्थिर करे। उसे उत्तरोत्तर संकुचित करता हुआ संयम या पूर्ण त्याग के लक्ष्य पर पहुँच जाए। वानप्रस्थ उसी की तैयारी है और संन्यास चरम लक्ष्य। श्रमण परंपरा यह आवश्यक नहीं मानती कि संन्यास से पहले गृहस्थ तथा वानप्रस्थ होना आवश्यक है। वैराग्य होने पर किसी भी अवस्था में संन्यास लिया जा सकता है। इसी आधार पर श्वेताश्वतर उपनिषद् में श्रमणों को अत्याश्रमी कहा गया है।

आश्रम शब्द का अर्थ

साधारणतया आश्रम शब्द का अर्थ शांत वातावरण में बना हुआ विश्राम स्थान किया जाता है। किंतु यह वास्तविक अर्थ नहीं है। आश्रम शब्द 'श्रम' धातु से बना है, जिसका अर्थ है परिश्रम करना। आ उपसर्ग मर्यादा का द्योतक है; अपनी अपनी मर्यादा में रहकर सामाजिक उन्नति के लिये किया जानेवाला प्रयत्न ही आश्रम है। श्रमण शब्द में भी यही धातु है, किंतु यहाँ मर्यादा का बंधन नहीं है। इस प्रकार जीवनसाधना दो रूपों में विभक्त हो गई; एक ओर परंपरागत मर्यादाओं का पालन करनेवाली वैदिक साधना थी और दूसरी ओर उच्चतम लक्ष्य के लिये उसकी परवाह न करनेवाली श्रमण साधना।

वैदिक आर्यों में आश्रम व्यवस्था का क्या रूप था, इस विषय को लेकर भारतीय तथा पाश्चात्य विद्वानों ने पर्याप्त चर्चा की है। ज्ञात होता है, जीवन का तीन अवस्थाओं में विभाजन प्राचीन काल से चला आ रहा है। पारसियों का धर्मग्रंथ अवेस्ता, आर्य जाति के प्राचीनतम रूप को प्रकट करता है। उसमें भी यह विभाजन मिलता है, जो पारसी जाति में अब तक प्रचलित है। वैदिक साहित्य में भी तीनों का वर्णन है। प्राचीन उपनिषदों में कहीं दो और कहीं तीन का उल्लेख आता है। छांदोग्य उपनिषद् १५-१ में उल्लेख है कि गृहस्थ भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। यह भी उल्लेख है कि गुरु के पास वेदाध्ययन करने के पश्चात् सारा जीवन वेदाध्ययन, संतान और शिष्यों को धर्मशिक्षा देने, इंद्रियदमन तथा अहिंसा की साधना में व्यतीत करना चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया है कि वेदविहित हिंसा उसके लिये वर्जित नहीं है। इस प्रकार जीवन व्यतीत करनेवाला ब्रह्मलोक को प्राप्त कर लेता है, उसका पुनर्जन्म नहीं होता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राचीन उपनिषदों में वानप्रस्थ और संन्यासी में कोई भेद नहीं किया गया है। दोनों अवस्थाओं में त्याग की प्रधानता रही है, अतः दोनों के लिये मुनि एवं यति शब्द का प्रयोग होता रहा है।

बृहदारण्यक उपनिषद् में ऋषि याज्ञवल्क्य का वर्णन आया है। दो पत्नियों के होने पर भी वे ब्रह्मवादी थे। जब उन्होंने घर छोड़ना चाहा तो पत्नियों को बुलाकर संपत्ति का बँटवारा करने के लिये कहा। कात्यायनी ने अपना भाग ले लिया। मैत्रेयी ने उनसे पूछा—"क्या इस संपत्ति से मैं अमर हो जाऊँगी?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया—'नहीं। इससे इतना ही हो सकता है कि निर्वाह के लिये किसी की कमी न रहे, किंतु धन से अमर होने की आशा नहीं की जा सकती।" मैत्रेयी ने उसे अस्वीकार कर दिया और कहा—"मुझे तो वह बात बताइए जिससे मैं अमर हो जाऊँ।" इसपर याज्ञवल्क्य ने मैत्रेयी को ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया। इस कथानक से ज्ञात होता है कि याज्ञवल्क्य गृहस्थ होने पर भी ब्रह्मवेत्ता थे। इसी प्रकार जनक, रैक्व आदि अनेक व्यक्तियों के उदाहरण मिलते हैं।

जैनधर्म में सिद्धों के १५ भेद हैं। उनसे ज्ञात होता कि गृहस्थ वेश में रहते हुए भी कैवल्य प्राप्त हो सकता है। मरुदेवी माता तथा भरत चक्रवर्ती आदि के उदाहरण भी इस बात का समर्थन करते हैं। फिर भी उचित वैराग्य का होना आवश्यक माना गया है। साथ ही यह भी बताया गया है कि केवल ज्ञान प्राप्त होने के पश्चात् कोई भी गृहस्थ नहीं रहा। या तो वह मुनि हो गया या मृत्यु हो गई। इसके विपरीत वैदिक परंपरा में ब्रह्म का साक्षात्कार होने पर भी व्यक्ति गृहस्थ जीवन को नहीं छोड़ता। उस अवस्था में भी उसे ऋषि कहा गया है।

वैदिक परंपरा में सामाजिक उत्तरदायित्व का निभाना आवश्यक कर्त्तव्य माना गया है, इसलिये वहाँ संन्यास को अच्छा नहीं समझा गया। ऐसे अनेक उल्लेख मिलते हैं जो संन्यास का साक्षात् विरोध न करने पर भी यावज्जीवन गार्हस्थ्य के समर्थक हैं। शतपथ ब्राह्मण में आया है—"एतद्वै जरामर्यं सत्रंयद् अग्निहोत्रम्"—अर्थात् अग्निहोत्र एक ऐसा सत्र है जो मृत्यु पर्यंत चलता रहता है। तैत्तरीयोपनिषद् में आया है—'आचार्याय प्रिय धनमाहृत्य प्रजातंतुंमा व्यवच्छेत्सी:'। गुरु अपने शिष्य को अध्ययन पूरा कर लेने पर उपदेश देता है—'आचार्य को दक्षिणा के रूप में उचित धन देकर गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करना। संतान के धागे को टूटने न देना।' यहाँ गुरु का संकेत संन्यास न ग्रहण करने की ओर है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईशावास्य उपनिषद् में आया है—'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत् शतं समाः'—अर्थात् व्यक्ति को कर्म करते हुए चिरकाल तक जीने की इच्छा करनी चाहिए।

आपस्तंब धर्मसूत्र में बताया गया है कि ब्रह्मचर्य के पश्चात् गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करना चाहिए और सारा जीवन उसी में व्यतीत करना चाहिए।

महाभारत (द्वादश, १०) में संन्यास के संबंध में एक रोचक संवाद है। युद्ध से युधिष्ठिर का मन खिन्न हो गया और उसने संन्यासी बनने का निश्चय कर लिया। द्रौपदी तथा भाइयों ने उसे मनाना चाहा। भीम की युक्तियाँ विशेष रोचक हैं—

आपत्काले हि संन्यासः कर्त्तव्य इति शिष्यते।
जरयाभिपरीतेन शत्रुभिर्व्यसितेन वा॥

शास्त्र का उपदेश है कि आपत्तिकाल में, बुढ़ापे से जर्जर हो जाने पर अथवा शत्रुओं द्वारा धन संपत्ति से वंचित कर दिए जाने पर मनुष्य को संन्यास ग्रहण करना चाहिए।

तस्मादिह कृतप्रज्ञास्त्यागं न परिचक्षते।
धर्मव्यतिक्रमं चैव मन्यंते सूक्ष्मदर्शिनः॥

अतः विद्वान् पुरुष ऐसे अवसर में त्याग या संन्यास की प्रशंसा नहीं करते। सूक्ष्मदर्शी पुरुष तो ऐसे समय में क्षत्रिय के लिये संन्यास लेना उलटे धर्म का उल्लंघन मानते हैं—

श्रियाविहीनैरधनैर्नास्तिकैः सम्प्रवर्तितम्।
वेदवादस्य विज्ञानं सत्याभासमिवानृतम्॥

वेदवाक्य की यह शिक्षा मिथ्या होने पर भी सत्य सी प्रतीत होती है। इसे लक्ष्यरहित निर्धन नास्तिकों ने चलाया है।

शक्यं तु मौनमास्थाय बिभ्रताऽऽत्मानमात्मना।
धर्मच्छद्म समास्थाय च्यवितुं न तु जीवितुम्॥

धर्म के बहाने मौन लेकर बैठ जाना और पेट भरते रहना जीवन नहीं, पतन है।

शक्यं पुनररण्येषु सुखमेकेन जीवितुम्।
अविभ्रता पुत्रपौत्रान् देवर्षीनतिथीन् पितॄन्॥

पुत्र, पौत्र, देवता, ऋषि, अतिथि तथा पितरों के प्रति अपने कर्तव्य को छोड़कर वन में चले जाना और सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करना कोई कठिन कार्य नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि संन्यासतः सिद्धिं राजा कश्चिदवाप्नुयात् ।
पर्वताश्च द्रुमाश्चैव क्षिप्रं सिद्धिमवाप्नुयुः ॥

यदि राजा को संन्यास से सिद्धि प्राप्त होती हो तो पर्वत और वृक्षों को शीघ्र सिद्धि मिल जाना चाहिए ।

एते हि नित्यसंन्यासा दृश्यंते निरुपद्रवाः
अपरिग्रहवंतश्च सततं ब्रह्मचारिणः ॥

क्योंकि ये सदा संन्यास धारण किए रहते हैं, किसी को कष्ट नहीं देते, परिग्रह नहीं रखते तथा सदा ब्रह्मचारी रहते हैं ।

—महाभारत, शांतिपर्व, अध्याय १०, श्लोक १७, १८, २०, २२, २४, २५ ।

इन श्लोकों से ज्ञात होता है कि संन्यास किसी ऐसी वेदविरोधी परंपरा की देन है, जो वैदिक व्यवस्था को स्वीकार नहीं करती थी। अर्जुन ने अगले अध्याय में जो युक्तियाँ दी हैं उनसे भी इसी बात का समर्थन होता है। वहाँ उसने एक कथा उद्धृत की है : प्राचीन समय की बात है, बहुत से ब्राह्मण ब्रह्मचर्य आश्रम पूरा करके संन्यासी हो गए। इंद्र ने उनकी निंदा की और गृहस्थ बना दिया। महाभारत के इन अध्यायों में संन्यास को नास्तिक्य कहा गया है। इंद्र और ब्राह्मणों की कथा इस बात को प्रकट करती है कि उस समय संन्यास अनादर की दृष्टि से देखा जाता था।

अथर्ववेद २।५।३ में इंद्र द्वारा यतियों की हत्या का वर्णन है। ऐतरेय ब्राह्मण ७।२८ तथा पंचविंश ब्राह्मण ८।४।१७ एवं ८।१।४ में भी उल्लेख है। किंतु ऋग्वेद ८।१७।१४ में इंद्र को 'मुनीनां सखा' कहा गया है। पंचविंश ब्राह्मण में भी इसी बात को प्रकट किया गया है। वहाँ यह बताया गया है कि मुनिमरण नामक स्थान में असुरों ने बहुत से मुनियों को मार डाला। इंद्र ने उन्हें पुनः जीवन प्रदान किया। ऐतरेय ब्राह्मण में यह भी आया है कि यतियों को मारने के कारण इंद्र को बहिष्कृत कर दिया गया।

इन उद्धरणों से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि ऋग्वेद में इंद्र मुनियों का मित्र है और अथर्ववेद में यतियों का मारनेवाला। पंचविंश ब्राह्मण के अनुसार वह वैखानसों को पुनर्जीवन प्रदान करता है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार उसे यतियों की हत्या के अपराध में सोमपान से बहिष्कृत कर दिया गया।

श्रमण शब्द के विषय में भी कुछ बातें जाननी आवश्यक हैं। जैन और बौद्ध साहित्य में श्रमण ब्राह्मण (सम्मणा माहणा) शब्द इकट्ठे आते हैं और वे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चरित्रसंपन्न धर्मात्मा व्यक्ति के सूचक हैं। अशोक के शिलालेखों[१] में भी श्रमण शब्द का उल्लेख है। यूनानी इतिहासकार मैगस्थनीज ने उनका निर्देश इस प्रकार किया है[२]—जिन श्रमणों का सर्वाधिक आदर है, वे वानप्रस्थ कहे जाते हैं। वे वन में रहते हैं, पत्ते [३]और वन्य फलों पर निर्वाह करते हैं। वल्कल पहनते हैं, स्त्री तथा मदिरा का सेवन नहीं करते।

बृहदारण्यक उपनिषद् में श्रमण शब्द तापस के साथ आया है। शंकराचार्य ने श्रमण की व्याख्या परिव्राजक तथा तापस की व्याख्या वानप्रस्थ के रूप में की है। तैत्तिरीय आरण्यक में भी यह शब्द आया है। महत्वपूर्ण होने के कारण वह उद्धरण नीचे प्रस्तुत किया जाता है :

वातरशना ह वा ऋषयः श्रमणा ऊर्ध्वमंथिनो बभूवुः (२।७)। अर्थात् दिगंबर साधु श्रमण और ब्रह्मचारी थे। वातरशन शब्द का अर्थ है हवा को रशना अर्थात् कौपीन के रूप में धारण करनेवाले। अर्थात् जो किसी प्रकार का वस्त्र नहीं पहनते थे। सायण ने ऊर्ध्वमंथिनः की व्याख्या ऊर्ध्वरेता के रूप में की है। इससे यह अर्थ निकलता है कि श्रमण दिगंबर रहते थे और पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करते थे।

वातरशन शब्द तैत्तिरीय आरण्यक में भी आया है : स तपोऽतप्यता, स तपस् तप्त्वा शरीरं अधुनाते, तस्य यन् मांसं आसीत ततोऽरुणाः केतवो वातरशना ऋषय उदतिष्ठन्, ये नखाः ते वैखानसाः, ये बालाः ते बालखिल्याः (१।२३)।

प्रजापति ने तप किया। तपश्चरण के पश्चात् उसने अपने शरीर को हिलाया। उसके मांस से तीन प्रकार के ऋषि उत्पन्न हुए—अरुण, केतु और वातरशन। नखों से वैखानस उत्पन्न हुए और बालों से बालखिल्य।

ऋग्वेद (१०।१३६।२) में वातरशन शब्द मुनि के विशेषण के रूप में आया है। वहाँ मुनियों को दिगंबर (वातरशन), पीले (पिशंगम) तथा मैले कुचैले (मल) बताया गया है।

१. देखें—कोर्पस इंस्क्रिप्शनम् इंडिकेरम, जि० एल० चतुर्थ संस्करण में गिरनार के शिलालेख ३ और ४, शह्बाजगढ़ी लेख ३ और ४ तथा मनसेहरा का शिलालेख।

२. स्टीन. ओ०: मेगस्थनीज ऐंड कोटिल्य, कैंब्रिज हिस्ट्री आव इंडिया, जि० 1; अध्याय १६।

३. कैंब्रिज हिस्ट्री आव इंडिया, जि० १, पृ० ४२०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इन प्रमाणों से ज्ञात होता है कि बृहदारण्यक और तैत्तिरीय आरण्यक के समय श्रमण नाम के मुनि विद्यमान थे, वे नंगे रहते थे और ब्रह्मचर्य का पालन करते थे। इसके विपरीत ब्राह्मण ऋषि वस्त्र पहनते थे और पत्नी के साथ रहते थे। तैत्तिरीय आरण्यक में वातरशन शब्द व्यक्तिवाची है, किंतु प्रतीत होता है, वहाँ भी इसका प्रयोग दिगंबरत्व को लेकर हुआ है। दिगंबर साधु कभी कभी पीले या मैले वस्त्र भी पहनते थे, उनका उल्लेख ऋग्वेद में भी आया है।

प्रतीत होता है, ऋग्वेद के वातरशन ही ब्राह्मण काल में श्रमण कहे गए। वे वैदिक परंपरा के प्राचीनतम विरोधी थे। वे ही इंद्र द्वारा मारे जानेवाले यति हैं। श्रमणों का एक वर्ग वेद का उग्र विरोधी रहा होगा और दूसरा आंशिक समर्थक। वर्तमान भारत में भी दोनों वर्ग विद्यमान हैं। दूसरे वर्ग के संन्यासी वैखानस कहे जाते थे। उनकी हत्या के कारण इंद्र को दंडित होना पड़ा।

मुनियों की हत्या का उल्लेख जैन कहानियों में भी आता है।

वृत्रासुर की हत्या के लिये भी इंद्र को अपराधी माना गया। इससे ज्ञात होता है कि यतियों की हत्या के समान असुरों की हत्या भी बुरी समझी जाती थी। वृत्त के प्रति ऋषियों के मन में आदर रहा होगा।

श्वेताश्वतरोपनिषद् में श्रमणों को अत्याश्रयी कहा गया है। जैन और बौद्ध परंपराएँ आश्रम व्यवस्था की विरोधी रही हैं। धीरे धीरे विरोध घटता गया और परस्पर आदान प्रदान होने लगा। वैदिक परंपरा ने संन्यास को चौथे आश्रम के रूप में स्वीकार कर लिया। दूसरी ओर जैन और बौद्ध परंपराओं ने भी बहुत से वैदिक तत्व अपना लिए। दोनों के संमिश्रण से भारतीय संस्कृति का निर्माण हुआ। मनु तथा उत्तरकालीन समाजशास्त्रियों ने जिस समाज का चित्र उपस्थित किया है उसमें दोनों परंपराओं को उचित प्रश्रय मिला है। साथ ही यह भी मानना होगा कि धर्मजीवी वर्ग वर्ग में परस्पर विरोध चलता रहा जो अब तक विद्यमान है।

संन्यास के अधिकारी

संन्यास शब्द संस्कृत के 'अस्' धातु के साथ भाववाचक घञ् प्रत्यय लगाने पर बना है, इसका अर्थ है फेंकना। इसके पहले सम् और नि उपसर्ग लगे हुए हैं। उनका अर्थ है त्याग या निवृत्ति। मोनियर विलियम्स ने संन्यासी शब्द की व्याख्या नीचे लिखे अनुसार की है—

'जो व्यक्ति सामाजिक जीवन से निवृत्त हो चुका है या उसे त्याग चुका है, वह तपस्वी या योगी जो लौकिक स्वार्थों का परित्याग कर चुका है और सारा समय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ध्यान, आत्मचिंतन अथवा उपनिषद् और आरण्यकों के अध्ययन में व्यतीत करता है, वह ब्राह्मण जो चतुर्थ आश्रम में प्रवेश कर चुका है, धर्माचरण के लिये भिक्षा पर निर्वाह करनेवाला साधक।'

संन्यासोपनिषद् (एस० वी० पृ० २०) में इसका अर्थ अग्नि का परित्याग है। भगवद्गीता (१८।२) में संन्यास का अर्थ काम्य कर्मों का परित्याग बताया गया है। वैदिक परंपरा में तीन प्रकार के कर्मों का विधान है—

१. **नित्यनैमित्तिक**—संध्या वंदन आदि प्रतिदिन किए जानेवाले तथा ग्रहण, स्नान आदि विशेष अवसरों पर किए जानेवाले कर्म।

२. **काम्य** राज्य, संतान, स्वर्ग आदि फलविशेष की इच्छा से किए जानेवाले कर्म।

३. **निषिद्ध**—हिंसा, असत्य, चोरी आदि जिन कर्मों का निषेध किया गया है।

संन्यासी के लिये निषिद्ध और काम्य दोनों प्रकार के कर्म वर्जित हैं। नित्य नैमित्तिक कर्मों का विधान आत्मशुद्धि के लिये है। संन्यासी को उनका परित्याग नहीं करना होता, प्रत्युत उनके न करने पर पाप लगता है।

अब हमारे सामने यह प्रश्न आता है कि संन्यास का अधिकारी कौन है। इस संबंध में पर्याप्त मतभेद है। अधिकतर उपनिषद् और धर्मसूत्र आश्रमव्यवस्था के समर्थक हैं। उनका कथन है कि प्रत्येक व्यक्ति को ब्रह्मचर्य आश्रम के पश्चात् गृहस्थाश्रम में प्रवेश करना चाहिए। उसके पश्चात् वानप्रस्थ के रूप में जीवन व्यतीत करना चाहिए. तभी उसे संन्यासी बनने का अधिकार है। कठश्रुति उपनिषद् (के० एस० यू०, पृ० ३१) में बताया गया है कि जो व्यक्ति कर्म करता हुआ पाप से दूर रहता है, उसी को संन्यास का अधिकार है। नारायण (एस० टी०, पृ० ३८६) ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा है कि नित्य नैमित्तिक कर्मों के अनुष्ठान से व्यक्ति पापों से बच जाता है. और उसी को संन्यास का अधिकार है। कठश्रुति उपनिषद् में भी यह बताया गया है कि ब्रह्मचर्य के पश्चात् गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करना चाहिए, संतान उत्पन्न करनी चाहिए और उसे काम में लगा देने पर गुरुजन की अनुमति लेकर संन्यास में प्रवेश करना चाहिए। विष्णुस्मृति (६।६६१, ३।५६।१३८) में भी यही बताया गया है कि तीन आश्रमों के पश्चात् सभी इच्छाओं से निवृत्त होकर संन्यास में प्रवेश करना चाहिए। मनुस्मृति (६।३३–३७) में भी यही बात है। वहाँ कहा गया है कि व्यक्ति को तीन ऋण उतारने के पश्चात् ही मन को मोक्ष की ओर लगाना चाहिए। देवताओं का ऋण यज्ञों से उतारना है, पितरों का संतान उत्पन्न करने पर और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ऋषियों का वेदाध्ययन के द्वारा। जो व्यक्ति उऋण हुए बिना मोक्ष की ओर प्रवृत्त होता है वह नरक में जाता है। आपस्तंब धर्मसूत्र (द्वि० ६।२१।८) ने ब्रह्मचर्य के पश्चात् संन्यास की अनुमति दी है। किंतु टीकाकारों ने इसकी व्याख्या दूसरे रूप में की है। हरदत्त ने अपनी उज्वल नामक टीका में लिखा है, ब्रह्मचर्य के पश्चात् समस्त जीवन गृहस्थ के रूप में व्यतीत करना चाहिए। संन्यास का अर्थ है निषिद्ध कर्मों का परित्याग।

याज्ञवल्क्य का कथन है कि गृहस्थ भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है। जो व्यक्ति न्यायपूर्वक धर्मोपार्जन करता है, विश्व के मूलभूत रहस्य को जानता है, अतिथियों का स्वागत करता है, श्राद्ध करता है और सत्य बोलता है, वह मोक्ष का अधिकारी हो जाता है।

इन उद्धरणों से पता चलता है कि वैदिक धर्म में गृहस्थ आश्रम से पहले संन्यास लेने की मनाही थी। संन्यास का अर्थ है सामाजिक उत्तरदायित्व से छुटकारा यह उत्तरदायित्व तीन ऋणों के रूप में प्रकट किया गया है। जब तक वे उतर नहीं जाते, किसी को संन्यासी बनने का अधिकार नहीं था।

शास्त्रीय विधान होने पर भी वास्तविक जीवन में इस व्यवस्था का पालन कहाँ तक यह हुआ, विचारणीय है। उपनिषदों में श्वेतकेतु, नचिकेता, उद्दालक आरुण जाबाल आदि अनेक व्यक्तियों के उदाहरण मिलते हैं जो बचपन में ही संन्यासी हो गए थे। जाबाल उपनिषद् में यह विधान भी मिलता है कि वैराग्य आते ही मनुष्य को संन्यास ले लेना चाहिए, चाहे वह गृहस्थ आश्रम में हो, वानप्रस्थ में हो या ब्रह्मचर्य में हो।[1] रघुवंश हिंदू संस्कृति के उच्चतम आदर्श को उपस्थित करता है। वाल्मीकि, भवभूति आदि कवियों ने अपनी अमर कृतियों में उसका चित्रण किया है, किंतु वहाँ भी राजाओं के जीवन में वानप्रस्थ और संन्यास का वर्णन प्रायः नहीं मिलता।

आरुणी उपनिषद् में आया है कि वेदों का अर्थ समझ लेने पर यज्ञोपवीत से पहले भी संन्यास लेने का अधिकार है।

बौधायन (२।१०।३६) और वैखानस धर्मप्रश्न (२६) में संन्यास के लिये सत्तर वर्ष की आयु का विधान है। जो निस्संतान है या विधुर है और जरा तथा मृत्यु से भयभीत है, परिणामस्वरूप आत्मचिंतन और योगाभ्यास में लगा हुआ है, उसी को यह अधिकार दिया गया है। यदि संतान है तो उसे

१. यदहैव विरजेत तदहैव प्रव्रजेत्।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धंधे में लगाकर और पत्नी के भरण पोषण की व्यवस्था करके ही घरबार छोड़ना चाहिए। याज्ञवल्क्य (३।५७) ने भी इसी का समर्थन किया है।

बृहत्संन्यास तथा नारदोपनिषद् में भी इसका विस्तृत वर्णन है।

संन्यासियों के विविध रूप

अब हम संन्यास तथा संन्यासियों के विविध रूपों का वर्णन करेंगे। मनुस्मृति (६।८६) में दो रूप आए हैं—यति और वेदसंन्यासिक। बौधायन (द्वि० १०।१८।२४ सूत्र पर बुह्लर की टिप्पणी १४, पृ० २८३) ने भी वेदसंन्यासिक का प्रतिपादन किया है। इसका वास्तविक अर्थ विवादग्रस्त है। टीकाकार गोविंद का कथन है कि वेदसंन्यासिक का परित्याग नहीं है, क्योंकि मृत्युपर्यंत वेदाध्ययन करते रहने का विधान है। वशिष्ठस्मृति (१०।४) में वेदसंन्यास का निषेध है। वहाँ बताया गया है कि वेद का परित्याग करने पर व्यक्ति शूद्र हो जाता है। इससे ज्ञात होता है कि वेदसंन्यासिक का अर्थ वेदाध्ययन को छोड़कर अन्य साधनाओं में लगनेवाला व्यक्ति है। इसी के समान दूसरा शब्द घोरसंन्यासिक है। आश्रमोपनिषद् (पृ० ६६ ६८) में इसे गृहस्थ का एक प्रकार बताया गया है। वह कुएँ से स्वयं निकालकर छाने हुए पानी से नित्यकर्म का संपादन करता है, जमीन पर पड़े अनाज के दानों पर निर्वाह करता है, सारा जीवन यज्ञानुष्ठान में व्यतीत करता है और आत्मसाक्षात्कार के लिये प्रयत्नशील रहता है।

जाबाल उपनिषद् (पृ० ६८-७१) में तीन प्रकार के संन्यासियों का उल्लेख है — परिव्राट्, आतुर और परमहंस। परिव्राट् विवर्ण वस्त्र धारण करता है, बाल उस्तरे से मुँड़वाता है, संपत्ति नहीं रखता, हृदय से शुद्ध होता है, किसी के प्रति द्वेष नहीं रखता, भिक्षा पर निर्वाह करता है और ब्रह्मलीन होने के लिये प्रयत्नशील रहता है। आतुर का अर्थ है रोगी या अशक्त। वह केवल मन तथा वाणी द्वारा संन्यास ग्रहण करता है। परमहंस जाति या संप्रदाय का कोई चिह्न नहीं रखते। संवर्तक, आरुणी, श्वेतकेतु, दुर्वासा, क्रम, निदाघ, जड़भरत, दत्तात्रेय, रैवतक आदि (विंटरनित्स, एच० टी० एल्० १।५४६, ५६१) इसी कोटि के संन्यासी थे। उनकी चर्या का कोई निश्चित प्रकार नहीं है। विक्षिप्त न होने पर भी वे विक्षिप्त के समान आचरण करते हैं। परमहंस आत्मचिंतन में लीन रहता है। त्रिदंड, कमंडलु, झोली, भिक्षापात्र, पानी छानने का कपड़ा, शिखा तथा यज्ञोपवीत को 'भूः स्वाहा' कहकर छोड़ देता है। दिगंबर सुख दुःख, मान अपमान आदि द्वंद्वों से परे, अपरिग्रह ब्रह्मज्ञ तथा निर्विकार होता है। जीवननिर्वाह के लिये दिन में एक बार भिक्षा के लिये जाता है, भोजन एवं घरों के प्रति बिना किसी रागद्वेष के घूमता है और जो कुछ मिलता है वहीं खड़ा खड़ा खा लेता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हानि तथा लाभ के प्रति उदासीन रहता है। भग्नावशेषों देवालयों, पर्ण-शालाओं, वल्माकों, वृक्षों के नीचे, कुम्हार के आवों, यज्ञमंडपों, नदी के किनारे, गुफाओं, वृक्षकोटर अथवा शून्य-स्थल में निवास करता है। कहीं स्थायी रूप से नहीं रहता, किसी बात के लिये प्रयत्न नहीं करता, कहीं आसक्ति नहीं रखता सदा शुद्ध आत्मा के ध्यान में मग्न रहता है और उसके विकारों को दूर करने के लिये चिंतन करता रहता है। इस प्रकार जो संन्यासी अपने शरीर से भी ममत्व छोड़ देता है, उसे परमहंस कहा जाता है।

भिक्षुक उपनिषद् (पृ० २३३-२३६) में चार प्रकार के भिक्षुओं का वर्णन है—कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस। गौतम, भरद्वाज, याज्ञवल्क्य, वसिष्ठ आदि कुटिचक थे। वे प्रतिदिन भोजन में केवल आठ ग्रास ग्रहण करते थे और मोक्ष के लिये योगाभ्यास करते थे। बहूदक त्रिदंड, कमंडलु, शिखा, यज्ञोपवीत तथा गेरुए वस्त्र पहनते हैं। वे भी प्रतिदिन आठ ग्रास लेते हैं, मधु और मांस का सेवन नहीं करते। ब्रह्मर्षि के घर से भिक्षा लेते हैं और मोक्ष के लिये योगाभ्यास करते रहते हैं। हंस गाँव में एक दिन, नगर में पाँच दिन और खेत में सात दिन से अधिक नहीं ठहरते। गोमय तथा गोमूत्र का सेवन करते हैं और प्रतिदिन चांद्रायण व्रत रखते हैं। वे भी योगाभ्यासी होते हैं। परमहंस भी प्रतिदिन आठ ग्रास लेते हैं और योगाभ्यास करते रहते हैं। वृक्षों के नीचे, सूने घर या श्मशान में निवास करते हैं। सवस्त्र और दिगंबर दोनों प्रकार के होते हैं। पाप और पुण्य, हानि और लाभ सभी से दूर रहते हैं। उनकी दृष्टि में शारीरिक शौच या अशौच का कोई अर्थ नहीं होता। मिट्टी का ढेला, पत्थर और सोना उनके लिये सभी समान हैं। प्रत्येक जाति से भिक्षा ग्रहण करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा को देखते हैं। हारीत स्मृति (दशम्-१३-१४, पराशर की टीका में माधव द्वारा उद्धृत, पृ० १६०; एवं बंबई एस० ५ जि० ४८) में भी इसी प्रकार का विभाजन है।

आश्रमोपनिषद् (पृ० १००–१०३) में भी यही विभाजन है, किंतु चर्या में कुछ भेद है—कुटीचक केवल अपनी संतान के घर से भिक्षा ग्रहण करते हैं, बहूदक सच्चरित्र ब्राह्मणों के घर से। अन्य वस्तुओं के अतिरिक्त जूते, आसन तथा कटिवस्त्र रखते हैं। हंस एक दंड धारण करते हैं, शिखा नहीं रखते किंतु यज्ञोपवीत, झोली और पानी छानने का कपड़ा रखते हैं। तीर्थ में पाँच रात निवास करते हैं। कृच्छ्रचांद्रायण आदि व्रतों का अनुष्ठान करते रहते हैं। परमहंस दंड नहीं रखते। सारे बाल उस्तरे से मुँड़ाते हैं, कटिवस्त्र तथा कंथा पहनते हैं। सत्यनिष्ठ, सहनशील, समदर्शी तथा सभी वर्णों से भिक्षा ग्रहण करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारदपरिव्राजकोपनिषद् में दो प्रकार का विभाजन है। प्रथम प्रकार (पृ० १७४-१७५) में छह भेद बताए गए हैं—कुटीचक, बहूदक, हंस, परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत। कुटीचक शिखा, यज्ञोपवीत, दंड, कमंडल, कटिवस्त्र तथा चद्दर रखता है। माता पिता तथा गुरु की सेवा करता है, एक पात्र, चद्दर, तथा शिक्य (झोली) के अतिरिक्त कुछ नहीं रखता। एक ही स्थान से भिक्षा ग्रहण करता है। ललाट पर श्वेत लंबा तिलक लगाता है तथा त्रिदंड रखता है। बहूदक शिखा तथा वस्त्र आदि रखता है, ललाट पर तीन लंबे तिलक लगाता है, सभी बातों में प्रायः कुटीचक के समान रहता है। प्रतिदिन आठ ग्रास भोजन लेता है और भिक्षा के लिये भ्रमर के समान अनेक घरों में घूमता है। हंस जटाएँ रखता है, तीन तिलक लगाता है। भ्रमर के समान बिना किसी पूर्वसूचना के भिक्षा ग्रहण करता है और कंबल पहनता है। परमहंस शिखा तथा यज्ञोपवीत नहीं रखता, पाँच घरों से भिक्षा ग्रहण करता है, पाणिपात्र होता है, अर्थात् भिक्षा के लिये कोई पात्र नहीं रखता। कटिवस्त्र, चद्दर तथा दंड या केवल चद्दर रखता है। सारे शरीर पर भस्म लगाए रहता है। तुरयातीत गोचरी करता है अर्थात् गाय के समान झुककर खाद्य वस्तु को मुँह से उठाता है, हाथों का उपयोग नहीं करता, केवल फलाहार पर रहता है। आवश्यकता पड़ने पर केवल तीन घरों से अन्न ग्रहण करता है, दिगंबर रहता है तथा अपने शरीर को शव के समान समझता है। अवधूत किसी नियंत्रण को नहीं मानता, अभिशस्त और बहिष्कृत को छोड़कर सभी जातियों से अजगर के समान लेटकर भिक्षा ग्रहण करता है। आत्मचिंतन में लीन रहता है। उसी उपनिषद् (पृ० १७५) में दूसरा पाठ परमहंसों को दिगंबर बताता है, वहाँ कहा गया है कि अंतिम तीन प्रकार के संन्यासी मेखला, कटिसूत्र, वस्त्र, कमंडल तथा दंड धारण नहीं करते। प्रत्येक जाति से भिक्षा ग्रहण करते हैं तथा दिगंबर रहते हैं।

दूसरे विभाजन के आरंभ में नारद ने ब्रह्मा से (पृ० १७०-१७२) प्रश्न किया है—"भगवन्! आप कहते हैं कि संन्यासी के लिये कोई कर्तव्य शेष नहीं रहता, दूसरी ओर आप उनके लिये अनेक कर्त्तव्यों का प्रतिपादन कर रहे हैं। इन दोनों में सामंजस्य कैसे किया जाए?"

ब्रह्मा ने उत्तर दिया—"शरीरस्थ आत्मा की चार अवस्थाएँ हैं : जाग्रत, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय। प्राणियों का अपनी अपनी अवस्था के अनुसार जीवन-व्यवहार होता है। कोई कर्म करता है, कोई भक्ति की ओर झुका हुआ है और कोई अनासक्त होकर ज्ञान की उपासना में लगा है।"

इसपर नारद ने पूछा—"संन्यास कितने प्रकार का है और उनके क्या कर्तव्य हैं?"

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रह्मा ने उत्तर दिया—"वास्तव में देखा जाय तो संन्यास एक ही प्रकार का है, किंतु अज्ञान, अशक्ति और कर्मलोप के कारण इसके तीन भेद हो गए हैं। वे ही क्रमशः चार हो गए—वैराग्यसंन्यास, ज्ञानसंन्यास, ज्ञानवैराग्यसंन्यास और कर्मसंन्यास। जो व्यक्ति काम तथा अन्य इच्छाओं से विरक्त होकर पूर्वकृत शुभ कर्मों के कारण संन्यास ग्रहण करता है वह वैराग्यसंन्यासी है। जो व्यक्ति साधनचतुष्टय संपन्न है, शास्त्रज्ञान तथा अनुभव द्वारा बाह्य वस्तुओं की नश्वरता को जानकर सांसारिक भोगों को छोड़ता है वह ज्ञानसंन्यासी है। वह क्रोध, ईर्ष्या, शोक, अहंकार तथा गर्व छोड़ देता है एवं शरीर, स्त्री, धन आदि ऐहिक तथा पारलौकिक भोगों से भी अनासक्त हो जाता है, उन्हें वमन के समान घृणा की दृष्टि से देखता है। ज्ञानवैराग्य संन्यासी सभी आश्रमों का पालन करता हुआ क्रमशः संन्यास में प्रवेश करता है। ज्ञान और वैराग्य के द्वारा समस्त वस्तुओं से अनासक्त हो जाता है और दिगंबर रहने लगता है। जो व्यक्ति आश्रमों का पालन करते हुए वैराग्य न होने पर भी संन्यास आश्रम में प्रवेश करता है उसे कर्मसंन्यासी कहा जाता है।

जो व्यक्ति ब्रह्मचर्य से ही संन्यास ग्रहण कर लेता है उसे वैराग्यसंन्यासी कहा जाता है। जो ज्ञान हो जाने पर संन्यास में प्रवेश करता है उसे ज्ञानसंन्यासी कहा जाता है। इसके विपरीत जो ज्ञान प्राप्त करने के लिये संन्यास में प्रवेश करता है उसे कर्मसंन्यासी कहा जाता है। यह दो प्रकार का है—निमित्तसंन्यास अर्थात् किसी विशेष कारण या घटना के फलस्वरूप स्वीकार किया जानेवाला, और अनिमित्तसंन्या, सस्वाभाविक झुकाव के कारण स्वीकार किया जानेवाला। निमित्त-संन्यास को आतुरसंन्यास भी कहा जाता है और अनिमित्त को कर्मसंन्यास। आतुरसंन्यास मृत्यु के समय लिया जाता है, जिस समय व्यक्ति रोग या वृद्धवस्था के कारण अत्यंत अशक्त हो जाता है और कर्म करने का सामर्थ्य नहीं रहता। अनिमित्त संन्यास का अर्थ है जब व्यक्ति आत्मा के अतिरिक्त समस्त बाह्य वस्तुओं को नश्वर तथा हेय समझकर उनसे विरक्त होता है।

संन्यासी की वेशभूषा

मनुस्मृति (षष्ठ ५२)[1] में संन्यासी के नीचे लिखे बाह्य चिह्न बताए गए हैं। उसके सिर के बाल, दाढ़ी, मूँछ तथा नख कटे होने चाहिए। भिक्षापात्र, दंड और कमंडल रखना चाहिए। पात्र तुंबी, काठ, मिट्टी या बाँस के होने

१. इसके अतिरिक्त देखें; बौधायन धर्मसूत्र द्वि० १०।१७।१०; महाभारत द्वादश २४४।८६१४ एवं विष्णु० ९६।७–८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चाहिए, धातु के नहीं। साथ ही टूटे फूटे नहीं होने चाहिए। वे पानी से धोने पर शुद्ध हो जाते हैं, मिट्टी आदि से माँजने की आवश्यकता नहीं होती। याज्ञवल्क्य (तृ० ६०) ने सफाई के लिये गोपिच्छ की भी अनुमति दी है। बौधायन (द्वि० ६।११।१७-२०) का कथन है कि संन्यासी को वन में रहना चाहिए, सिर पूरा मुंडित होना चाहिए। कटिवस्त्र तथा चद्दर गेरुए रंग के होने चाहिए। गौतम (३।१७-१८, ११ तथा विष्णु० ६६।१३) का कथन है कि संन्यासी पूर्ण मुंडित और शिखासहित दोनों प्रकार का हो सकता है। शरीर पर वस्त्र धारण करता है। किसी के मतानुसार यह कपड़ा कूड़े के रूप में फेंका हुआ होना चाहिए, और उसे धोकर पहनना चाहिए।

संन्यासोपनिषद् (२०-२१) तथा बोधायन (द्वि० १०।१२, ३२) में बताया गया है कि संन्यासी को बगल तथा गुह्य भाग के बाल नहीं मुँडवाने चाहिए तथा अपने पास पवित्र (पानी छानने का) वस्त्र रखना चाहिए। उसी उपनिषद् में उद्धरण के रूप में कुछ और बातें भी बताई गई हैं, वे हैं—कुंडिक (जलपात्र), चमस (प्याला), शिक्य (झोली), त्रिदंड, उपानह, कंबल, कटिवस्त्र, छानने का कपड़ा, अँगोछा तथा चद्दर।

आरुणी और कठश्रुति उपनिषद् में सिर के बाल एवं शिखा के साथ यज्ञोपवीत का भी परित्याग बताया गया है। अनेक अन्य उपनिषदों में भी यज्ञोपवीत छोड़ने का विधान है। ऐसे भी अनेक उद्धरण मिलते हैं जहाँ यज्ञोपवीत रखना आवश्यक माना गया है। उनमें संध्यावंदन आदि नित्यकर्मों को ब्राह्मण के लिये आवश्यक माना गया है और वे यज्ञोपवीत के बिना नहीं हो सकते। कुछ विद्वानों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि परमहंस को छोड़कर अन्य भिक्षुओं के लिये यज्ञोपवीत आवश्यक है। परमहंस सभी बंधनों से परे होता है, अतः उसके लिये वह आवश्यक नहीं है। वस्तुतः इस संघर्ष का मूल है श्रमण और ब्राह्मण दो परंपराएँ। ब्राह्मण परंपरा ने अपने प्रारंभकाल में संन्यास को प्रश्रय नहीं दिया। कालांतर में जब उसने देखा कि सर्वसाधारण में उसका आदर बढ़ रहा है, तो उसे चतुर्थ आश्रम के रूप में स्वीकार कर लिया। साथ ही शूद्रों को अलग रखने के लिये यज्ञोपवीत तथा संध्यावंदन आदि नित्यकर्मों को आवश्यक बताना प्रारंभ किया, दूसरी ओर श्रमण परंपरा ने आत्मसाधना के लिये उन्हें अनुपयोगी समझा।

दंडधारण के विषय में भी विवाद है। कहीं एक दंड का विधान है और कहीं त्रिदंड का। मनुस्मृति (१२।१०-११ तथा ६।२९६) में त्रिदंड की व्याख्या मन, वचन और काया पर नियंत्रण के प्रतीक रूप में की गई है। जैन साधुओं में भी श्वेतांबर मूर्तिपूजक दंड धारण करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुरायातीतावधूतोपनिषद् (२४२) में बताया गया है कि संन्यासी कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस अवस्थाओं को पार करके क्रमशः तुरयातीत बनता है। तब वह दंड, कमंडलु, मेखला, कटिवस्त्र तथा चद्दर को पानी में बहा देता है।

किंतु आरुणी उपनिषद् (६) में कुटीचक के लिये भी इनके परित्याग का विधान है।

जाबाल उपनिषद् (७०) के अनुसार इनका परित्याग परमहंस करता है।

शाट्यायनीय उपनिषद् (३२३-३२४) में वैष्णव संन्यासियों का निरूपण है। वहाँ त्रिदंड को भगवान् विष्णु का चिह्न बताया गया है। साथ ही त्रिदंड, सूत्र कटिवस्त्र, झोली और पानी छानने का कपड़ा प्रत्येक संन्यासी के आवश्यक चिह्न माने गए हैं इन्हें पाँच मात्राएँ कहा जाता है। संन्यासी यावज्जीवन इन्हें धारण करता है और मृत्यु होने पर ये उसी के साथ दबा दी जाती हैं।

संन्यासी का दैनिक जीवन

संन्यासी को अकेले रहना चाहिए, किसी को अपने साथ नहीं रखना चाहिए। उसके न परिवार होता है, न घर। वह आग नहीं जलाता, गाँव में केवल भिक्षा के लिये जाता है। शत्रु और मित्र, दुःख और सुख प्रतिकूल और अनुकूल प्रत्येक बात में तटस्थ रहता है। एकमात्र अपने लक्ष्य को ध्यान में रखता है और उसपर दृढ़ रहता है। वह मौन, शांत तथा स्थिरचित्त होता है।[1] संन्यासी को किसी एक स्थान पर न रहकर अकेले घूमते रहना चाहिए।[2] जब तक अकेला है, उसे भिक्षु कहा जाता है, दो होने पर युगल, तीन होने पर ग्राम और चार या अधिक होने पर नगर। युगल, ग्राम तथा नगर बनने पर यति कर्तव्यभ्रष्ट हो जाता है। संपर्क बढ़ाने या अधिक एकत्रित होने पर संन्यासी राजनीति तथा भिक्षा की चर्चा करने लगते हैं, वृथा मोह में पड़ जाते हैं, निंदा तथा चुगलखोरी करने लगते हैं।

वर्षा के चार मास एक स्थान पर रहता है और शेष आठ मास घूमता रहता है (गौतम धर्मसूत्र, प्र० ३.१२; बौधायन० द्वि० ६. ११. २०)[3] उसे अपने

१. मनु० ६।४२-४३; बौधायन धर्मसूत्र द्वि० १०-१८-२१; महाभारत २४२। ८८१२।

२. पृ० २१, ४१, १४१, १४५ (पाराशर में माधव द्वारा उद्धृत, बंबई, पृ.५, जिल्द ४८); पृ० १८०, वैखानस तृ० ६।

३. जैन और बौद्ध भिक्षुओं में यह प्रथा अब भी विद्यमान है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पास किसी वस्तु का संग्रह नहीं करना चाहिए। गाँव में चातुर्मास के बिना एक रात्रि से अधिक नहीं ठहरना चाहिए।

वैखानस धर्मसूत्र (तृ० ६-६८) में आया है कि संन्यासी को मान और अपमान में समान रहना चाहिए। व्यर्थ की चर्चा, क्रोध, लोभ तथा असत्य से दूर रहना चाहिए। चातुर्मास को छोड़कर कहीं एक दिन से अधिक नहीं ठहरना चाहिए।

भोजन के लिये मनुस्मृति (षष्ठ ५५-५६; महाभा० शां० २४२. ८८३१ तथा २४५. ८९४०; विष्णु० ९६. २-६; वसिष्ठ० दशम्. २६; गोतम० प्र० ३. १३-१५) में आया है कि संन्यासी को दिन में एक ही बार भिक्षा लेनी चाहिए। स्वाद तथा अन्य बातों के प्रति आसक्ति नहीं रखनी चाहिए। भिक्षा से आसक्ति रखनेवाला यति इंद्रियलोलुप हो जाता है। भिक्षा के लिये उस समय जाना चाहिए जब घरों से धुँआँ निकलना बंद हो गया हो, मूसल का व्यापार अर्थात् धान्य का कूटना रुक गया हो, आग बुझ गई हो, घर के सदस्य भोजन कर चुके हों और थालियाँ हटा दी गई हों। भिक्षा न मिलने पर उसके मन में खेद नहीं होना चाहिए, और मिलने पर हर्ष नहीं होना चाहिए। उतनी ही भिक्षा लेनी चाहिए जितनी जीवननिर्वाह के लिये आवश्यक हो। बर्तन तथा अन्य सामग्री के प्रति किसी प्रकार का ममत्व नहीं रखना चाहिए। ऐसे भोजन को स्वीकार नहीं करना चाहिए जो उसी के लिये तैयार किया गया हो; क्योंकि मोहरहित संन्यासी भी ऐसी बातों से मोह में फँस जाता है। अल्पाहार तथा एकांतवास द्वारा मन को वश में करने का अभ्यास करते रहना चाहिए। मधुर या स्वादिष्ट भोजन की कामना नहीं करनी चाहिए।

बोधायन (द्वि० १०, १८, ४-१२ तथा वैखा० तृ० ७. १-९) का कथन है कि संन्यासी को केवल ब्राह्मण के घर से भिक्षा लेनी चाहिए, वह शालीन अर्थात् घर में रहता हो या यायावर अर्थात् घुमक्कड़ हो। भिक्षा के समय उसे भवत् शब्द का प्रयोग करना चाहिए। उसे भिक्षा में गोदोहन जितना समय लगाना चाहिए। भिक्षा लाकर उसे पवित्र भूमि पर रख देना चाहिए। हाथ, पैर धोकर प्रथम ग्रास के लिये 'उदत्यम्' (ऋक्० १.५०१) और 'चित्रम्' (ऋक्० १. २. ५. १) आदि मंत्र बोलना चाहिए। स्नान के पश्चात् आचमन करना चाहिए और 'ब्रह्मज्ञानम्' (T. A. X 1—10) आदि मंत्र बोलना चाहिए। संन्यासी को यज्ञ की अग्नि का रूपक दिया जाता है। उसके प्राण गार्हपत्य अग्नि हैं, अपान अंवाहार्यपचन, व्यान आहवनीय, उदान सभ्य और उसकी समान वायु, आवसथ्य अग्नि है। शरीर में ये पाँचों अग्नियाँ विद्यमान हैं। वह अपनी आत्मा में ही हवन करता है। इसी को आत्म-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यज्ञ कहा जाता है। भूतों को बलि देने के पश्चात् भोजन को पानी में मिला देता है। और अनासक्त होकर बिना स्वाद लिए ओषधि के रूप में उसका सेवन करता है। भोजन के पश्चात् पानी पीता है और नीचे लिखे मंत्र द्वारा सूर्य की पूजा करता है — 'उदः वये तमसस्परि' (T. S. N 1. 7. 4.) आदि। बोधायन ने कुछ श्लोक उद्धृत किए हैं, उनका आशय है :

संन्यासी को वही भोजन स्वीकार करना चाहिए, जिसके लिये उसने न भिक्षा माँगी हो और न कामना की हो। जो अपने आप प्राप्त हुआ हो और निर्वाह के लिये आवश्यक से अधिक न हो। मुनि को आठ ग्रास लेने चाहिए, वानप्रस्थ को १६ गृहस्थ को ३२ तथा ब्रह्मचारी के लिये कोई मर्यादा नहीं है। कहीं पर उसे सब जातियों से भिक्षा लेने का अधिकार दिया गया है और कहीं केवल ब्राह्मण से। उसे अनाज के दाने, पूरी, सत्तू, मट्ठा या दूध लेने का अधिकार है। नीचे लिखी आठ बातों से संन्यासी का व्रत नहीं टूटता। कंदमूल, घी, दूध, पुरोडाश (यज्ञान्न), ब्राह्मण की इच्छा, गुरु की आज्ञा और ओषधि[1]।

याज्ञवल्क्य (पृ० ५८-५९) का कथन है कि संन्यासी को भिक्षा के लिये तीसरे पहर निकलना चाहिए और उसके लिये सूचना नहीं देनी चाहिए। साथ ही जहाँ भिक्षु घूम रहे हों, वहाँ नहीं जाना चाहिए।

संन्यासोपनिषद्, (पृ० १८) में आया है कि संन्यासी को हवा, पानी, बिखरे हुए अनाज के दाने और पके फलों पर निर्वाह करना चाहिए; यदि वह भिक्षा ग्रहण करता हो तो उसे दूसरे को देने का अधिकार नहीं है।

विश्वेश्वर कृत यतिधर्मसंग्रह (६०।११०) में बताया गया है कि जो संन्यासी मधुकरी के रूप में ग्रहण की गई भिक्षा किसी ब्राह्मण को देता है वह नरक में जाता है। 'ऐसी भिक्षा लेनेवाला ब्राह्मण भी पातक का भागी होता है; उसे शुद्धि के लिये चांद्रायण व्रत करना चाहिए'।

कठश्रुतिउपनिषद् (पृ० ३२-३३) के अनुसार संन्यासी सभी जातियों से भिक्षा ग्रहण कर सकता है। हाथ के अतिरिक्त किसी पात्र को काम में नहीं लाता, भोजन का ओषधि के समान सेवन करता है, जो कुछ मिलता है, जीवननिर्वाह के लिये खा लेता है, जिससे उदरवृद्धि न हो। उसे दुबला पतला होना चाहिए। बौद्ध आचार्य नागसेन का कथन है कि भिक्षु शरीर को घाव के समान समझता है, जिसके नौ द्वारों से घृणित वस्तुएँ निकलती रहती हैं। जिस प्रकार रोगी घाव पर तेल या मरहम लगाता है, उसी प्रकार भिक्षुक भी शरीर को हेय समझकर भी भोजन प्रदान करता। (मिलिंद पञ्हो, पृ०।६)।

१. बौधायन धर्मसूत्र, द्वि०, १०, १८, १९।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नारदपरिव्राजकोपनिषद् (१७६–१७७) में आया है कि कुटीचक को एक ही घर से भिक्षा लेनी चाहिए। बहूदक भ्रमर के समान घूमता हुआ अनेक घरों से भिक्षा ग्रहण करता है, उनमें अच्छे बुरे आदि का भेद नहीं करता। हंस आठ घरों से आठ ग्रास लेता है। परमहंस पाँच घरों से भिक्षा ग्रहण करता है, वह पात्र नहीं रखता, भिक्षा को हाथ में लेकर खड़ा खड़ा खा लेता है। तुरयातीत गाय के समान झुककर मुँह से भोजन उठाता है, हाथों का प्रयोग नहीं करता। अवधूत सर्प के समान लेटकर भिक्षा ग्रहण करता है और सभी जातियों से सब कुछ स्वीकार कर लेता है।

वैखानसधर्मप्रश्न (तृ०।६, ६, ११) के अनुसार संन्यासी भगवे वस्त्र तथा पानी छानने का कपड़ा आदि वस्तुओं को त्रिदंड के साथ बाँधकर पीठ पर उठाए फिरता है। बाएँ हाथ में दंड रखता है और दाएँ में भिक्षापात्री केवल दिन में एक बार वैश्यदेवयज्ञ के पश्चात् ब्राह्मणों के घर से भिक्षा लेता है। जल्दी जल्दी या अत्यंत मंद गति से नहीं चलता। भिक्षासमय के अतिरिक्त दूसरे किसी समय किसी के घर नहीं जाता। और भिक्षा के लिये भी दो मील से अधिक दूर नहीं जाता। (वैखानस तृ०।७, ३–५)

संन्यासी का आचार

मनु[1] का कथन है कि संन्यासी को निरीह, अपरिग्रही, मौन तथा एकाग्र रहना चाहिए। शत्रु और मित्र, जीवन और मृत्यु सभी के प्रति समान होना चाहिए। जिस प्रकार भृत्य अपने वेतन की प्रतीक्षा करता है, उसी प्रकार उसे मृत्यु की प्रतीक्षा करते रहना चाहिए, सावधानीपूर्वक जमीन देखते हुये चलना चाहिए, छना हुआ पानी पीना चाहिए तथा मन और वाणी से पवित्र रहना चाहिए दूसरों के अपमानजनक या उत्तेजक वचनों को शांतिपूर्वक सहन करना चाहिए, किसी का अपमान नहीं करना चाहिए। जब तक शरीर है, किसी के प्रति शत्रुता नहीं रखनी चाहिए। क्रोध करनेवाले के प्रति क्रुद्ध नहीं होना चाहिए और निंदक की निंदा नहीं करनी चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या तथा गर्व से युक्त वचन नहीं बोलना चाहिए। परमात्मा के चिंतन में प्रसन्न रहना चाहिए। इंद्रियभोगों के प्रति अनासक्त होकर परमानंद की प्राप्ति के लिये अकेले, घूमते रहना चाहिए। इंद्रियनिग्रह, राग और द्वेष पर विजय तथा अहिंसा द्वारा वह अमृत पद को प्राप्त करता है। अनजान में की गई हिंसा के लिये यति को दोनों समय स्नान तथा प्राणायाम करने चाहिए। अहिंसा, इंद्रियनिग्रह, वैदिक अनुष्ठान

१. मनु० ६।४३–४६, ६०, ६६, ७५; विष्णु, ९६।१, १४–२३; अर्थशास्त्र (शाम शास्त्री) पृ० ८, ११, ४–६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा तपस्या के द्वारा मोक्ष प्राप्त होता है। जो व्यक्ति उसकी बाँह को काट डालता है, उसका बुरा नहीं सोचना चाहिए और जो चंदन का लेप करता है, उसका भला नहीं सोचना चाहिए।

गौतम (प्र०।३, १५, १७, १६, २२-२४) का कथन है कि भिक्षु को स्वादिष्ट भोजन की इच्छा नहीं करनी चाहिए। वाणी, दृष्टि और क्रिया पर नियंत्रण रखना चाहिए। वृक्षों से शाखा, पत्ते, फल या कोई वस्तु नहीं तोड़नी चाहिए, केवल उन्हीं को काम में लाना चाहिए जो अपने आप नीचे गिर पड़ी हों। बीजों की हिंसा नहीं करनी चाहिए, कोई प्रहार करे या सेवा, सभी के प्रति समान व्यवहार रखना चाहिए। किसी प्रकार के व्यसन में आसक्त नहीं होना चाहिए।

बोधायन (द्वि०।१०, १८, २३; १६-१८, २१-२२) ने संन्यासी के लिये नीचे लिखे व्रत बताए हैं—अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इनके साथ पाँच उपव्रत हैं—अक्रोध, गुरुसेवा, अप्रमाद, शौच और आहारशुद्धि।

वेद में कहा गया है कि संन्यासी को सर्वथा मौन रहना चाहिए। केवल वेदज्ञ गुरु या विद्वान् तपस्वी के साथ वार्तालाप करना चाहिए और वह भी दाँतों को दबाए, मुँह को बिना खोले। स्त्रियों के साथ संभाषण नहीं करना चाहिए।

दिन में खड़े रहना, मौन रखना या रात को पद्मासन से बैठे रहना, इन तीनों में से किसी एक व्रत का अनुष्ठान अवश्य करते रहना चाहिए। तीनों को एक साथ अंगीकार नहीं करना चाहिए। सायंकाल वारुणी और प्रातः मैत्री का पाठ करना चाहिए। केवल वेदपाठ के लिये ही वाणी का प्रयोग करना चाहिए। काम, क्रोध, लोभ, मोह, दंभ, गर्व, असत्य आदि दोषों से दूर रहना चाहिए (ऋक्० पृ० ८)।

परमहंस उपनिषद् (पृ० ५०-५४) में आया है कि संन्यासी को दिगंबर रहना चाहिए, किसी दूसरे को नमस्कार नहीं करना चाहिए। देवता या पितर किसी की वंदना या स्तुति नहीं करनी चाहिए। देवताओं का न आह्वान करना चाहिए और न विसर्जन। मंत्र, ध्यान तथा पूजा का भी उसके लिये कोई प्रयोजन नहीं है। उसकी प्रवृत्ति में लक्ष्य और अलक्ष्य भिन्न और अभिन्न, दिन और रात का कोई भेद नहीं रहता। उसकी दृष्टि में आत्मा के अतिरिक्त अन्य किसी वस्तु का महत्व नहीं है। उसका कोई निश्चित निवास नहीं होता। स्वर्ण को स्वीकार करना तो दूर रहा, वह उसे देखता भी नहीं। यहाँ एक प्रश्न किया गया है कि स्वर्ण को देखने में क्या दोष है। उत्तर में कहा गया है कि देखने से लोभ जाग्रत हो जाता है। प्रायश्चित्त के रूप में कहा गया है कि यदि भिक्षु स्वर्ण को लोभदृष्टि से देखता है तो ब्रह्महत्या का पाप लगता है, यदि छूता है तो शूद्र हो जाता है,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यदि स्वीकार करता है तो आत्मघात करता है। वह न दुःखों से घबराता है और न सुखों की कामना करता है। आसक्ति से दूर रहता है और भली बुरी समस्त वस्तुओं का परित्याग करता है। राग और द्वेष से दूर रहता है। इंद्रियों को वश में रखता है। ज्ञाननिष्ठ तथा ब्रह्मलीन होता है।

नारदपरिव्राजकोपनिषद् (पृ० १४६-१४७) में बताया गया है कि संन्यासी को १. अजिह्व, २. षंडक, ३. पंगु, ४. अंध, ५. बधिर और ६. मुग्ध के समान रहना चाहिए।

अजिह्व का अर्थ है भोजन के प्रति आसक्त न रहनेवाला, स्वादिष्ट तथा बेस्वाद सभी पदार्थों को समतापूर्वक स्वीकार करनेवाला। वह सत्य, मित और हित वचन बोलता है।

२. षंडक का अर्थ है नपुंसक के समान व्यवहार करनेवाला। स्त्री नवजात हो, षोडशी हो या सौ वर्ष की वृद्धा हो, सभी के प्रति वह समान भाव रखता है।

३. पंगु का अर्थ है जो भिक्षा और शौच के अतिरिक्त कहीं नहीं जाता और एक साथ एक योजन से अधिक नहीं चलता।

४. अंध का अर्थ है जो व्यक्ति चलते समय अथवा खड़े खड़े चतुर्दिक् चार युग (१६ हाथ) भूमि के आगे नहीं देखता।

५. बधिर का अर्थ है जो हित और अहित, मधुर और कटु सभी प्रकार के वचन सुनकर समभाव रखता है, विचलित नहीं होता। ऐसा व्यवहार करता है जैसे सुना ही न हो।

६. मुग्ध का अर्थ है सामर्थ्य होने पर भी इंद्रियविषयों के प्रति अनासक्ति, सुप्त के समान व्यवहार।

इसी उपनिषद् में अन्यत्र भिक्षु के दैनिक कृत्य और व्यवहार का वर्णन है। कुटीचक को दिन में तीन बार स्नान करना चाहिए, बहूदक को दो बार और हंस को एक बार। परमहंस केवल मानसिक स्नान करता है, तुरयातीत भस्मस्नान और अवधूत वायुस्नान।

कुटीचक के ललाट पर तिलक के रूप में एक खड़ी रेखा होती है, बहूदक और हंस के तीन रेखाएँ। परमहंस ललाट पर भस्म लगाता है, तुरयातीत पुंड और अवधूत कुछ नहीं।

कुटीचक प्रत्येक ऋतु में एक बार मुंडन कराता है 'बहूदक दो ऋतुओं में एक बार, हंस और परमहंस प्रायः मुंडन नहीं कराते, किंतु यदि वे चाहें तो छह महीने में एक बार करा सकते हैं। तुरयातीत और अवधूत मुंडन से दूर रहते हैं।

कुटीचक एक ही घर से भिक्षा लेता है, बहूदक अनेक घरों से। हंस और परमहंस पाणिपात्र होते हैं। तुरयातीत गाय के समान भोजन को मुँह से उठाता है और अवधूत साँप के समान लेटकर।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कुटीचक दो वस्त्र रखता है, बहूदक एक, हंस केवल कौपीन, परमहंस दिगंबर होते हैं। मृगचर्म को हंस और परमहंस ही धारण कर सकते हैं।

कुटीचक और बहूदक देवताओं की पूजा कर सकते हैं। हंस और परमहंस केवल मानसिक पूजा करते हैं। तुरयातीत और अवधूत जीवब्रह्मा एवं परमात्मा में अभेद का चिंतन करते हैं।

कुटीचक और बहूदक मंत्रजाप करते हैं, हंस और परमहंस ध्यान, तुरयातीत और अवधूत के लिये कोई विधान नहीं है।

परमहंस, तुरीयातीत और अवधूत ही महावाक्य के अधिकारी माने जाते हैं, अन्य तीन नहीं।

प्रथम दो मानुष प्रणव के अधिकारी हैं, बीच के दो आंतर प्रणव के और अंतिम दो ब्रह्म प्रणव।

प्रथम दो श्रवण करते हैं, द्वितीय दो मनन तथा अंतिम दो निदिध्यासे।

वैखानसधर्मप्रश्न (तृ०।६।१४,१०) में संन्यासी का नीचे लिखा आचार बताया गया है। उसे स्नान के पश्चात् 'ओ३म' के उच्चारण द्वारा आत्मा को तर्पण तथा नमस्कार करना चाहिए। छह प्राणायाम तथा सौ गायत्री पाठ के पश्चात् दैनिक प्रार्थना करनी चाहिए। छना हुआ पानी पीना चाहिए, गेरुए वस्त्र पहनने चाहिए। अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य तथा अस्तेय का पालन करना चाहिए। चलते समय दृष्टि भूमि पर रखनी चाहिए, जिससे जीवहिंसा न हो।

मनुस्मृति (षष्ठ। ५०-५१) में संन्यासी के लिये नीचे लिखी वस्तुएँ वर्जित बताई गई हैं। उसे भविष्यवाणी, शकुन, ज्योतिष, सामुद्रिक, उपदेश या अध्यापन के द्वारा भिक्षोपार्जन नहीं करना चाहिए। जहाँ बहुत से भिक्षुक, ब्राह्मण, पक्षी, कुत्ते या दूसरे संन्यासी रहते हों, ऐसे घर में भिक्षा के लिये नहीं जाना चाहिए।

नारदपरिव्राजकोपनिषद् (१४८) में नीचे लिखी छह बातें वर्जित हैं ; नट आदि का प्रदर्शन, जुआ, गोष्ठी, भक्ष्य (ऐसा भोजन जिसे चबाना पड़े), भोज्य (ऐसा भोजन जिसे चबाने की आवश्यकता नहीं होती) और ऋतुमती स्त्री को देखना। नीचे लिखी छह बातों का चिंतन भी नहीं करना चाहिए : ईर्ष्या(अहंकार), राग ईर्ष्या, माया, द्वेष और क्रोध। नीचे लिखी छह बातें संन्यासी के लिये गुरु अपराध हैं-शय्या, श्वेत वस्त्र, स्त्रीकथा, कामुकता, दिन में सोना और यात्रा। आत्मचिंतक को लंबी यात्रा नहीं करनी चाहिए।

कर्मकांड का अध्ययन अध्यापन नहीं करना चाहिए। वेदांत के अतिरिक्त अन्य बातों को सुनना भी नहीं चाहिए। ओ३म् के अतिरिक्त कोई पाठ नहीं करना चाहिए। न्याय तथा व्याकरण नहीं पढ़ना चाहिए। उनका अध्यापन भी नहीं करना चाहिए और न अधिक बोलना चाहिए भावों की अभिव्यक्ति के लिये जहाँ तक हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सके इशारों से काम चलाना चाहिए। संस्कृत के अतिरिक्त भाषा का प्रयोग नहीं करना चाहिए। शूद्र, पतित तथा स्त्रियों, विशेषतया रजस्वला, के साथ संभाषण नहीं करना चाहिए। देवताओं की पूजा, पर्व तथा मेलों में संमिलित होना भी वर्जित है (१७६)।

तैरकर नदी नहीं पार करनी चाहिए वृक्ष तथा गाड़ी पर नहीं चढ़ना चाहिए। क्रय, विक्रय तथा विनिमय नहीं करना चाहिए। दंभ तथा मिथ्याभाषण से दूर रहना चाहिए (१७७)।

संन्यासी का मरण

महाभारत (११।१४२) में वानप्रस्थ के लिये कहा गया है कि वह नीचे लिखे पाँच प्रकारों से अपने जीवन का अंत कर सकता है—अनशन्, समुद्रपतन, पत्थर से पैर कुचलकर, आग में जलकर अथवा युद्ध करते हुए। अनशन करनेवाला स्वर्ग में जाता है, डूबनेवाला वरुणलोक में, पैर से कुचलनेवाला गुह्यक अर्थात् यक्षलोक में, जलनेवाला ब्रह्मलोक में तथा युद्ध करनेवाला इंद्रलोक में।

मनु ने (६।३१) एक और प्रकार भी बताया है : वानप्रस्थ को पानी और हवा पर निर्वाह करते हुए उत्तर-पूर्व की ओर तब तक चलते रहना चाहिए, जब तक शरीर नीचे न गिर पड़े। याज्ञवल्क्य (३।५५) ने भी मनु का समर्थन किया है। संन्यासी के लिये भी इसी प्रकार के मरण का विधान है।

आपस्तंब धर्मसूत्र। द्वि०। ६-२२, ४ तथा द्वि०। ६-२३-२ एवं वसिष्ठ। ४ तथा वैखानस। ३२-३१ भी) में भी आया है कि संन्यासी को सर्वप्रथम पानी पर रहना चाहिए, फिर हवा पर और फिर केवल आकाश पर। इसका अर्थ है उपवास द्वारा प्राणों का त्याग।

जाबालोपनिषद् (६८, एवं विंटरनित्सकृत 'हिस्ट्री आव इंडियन लिटरेचर' जिल्द १, पृ० २४०) में भी उपर्युक्त प्रकारों का वर्णन है।

कठश्रुति उपनिषद् (३६) में उपर्युक्त पाँच प्रकारों के अतिरिक्त वृद्ध अर्थात् चौथे आश्रम में प्रवेश का भी विधान है।

इन उपनिषदों में संन्यासी के लिये दो मार्ग बताए गए हैं : यदि वह संन्यास में प्रवेश करते ही जीवन का अंत करना चाहता है तो उसके लिये प्रथम पाँच प्रकार हैं, दूसरी ओर यदि वह आयु पूरी होने तक जीना चाहता है तो उसके लिये चतुर्थ आश्रम में प्रवेश करने का विधान है। इन उद्धरणों से यह भी ज्ञान होता है कि उन दिनों वानप्रस्थ और संन्यास में विशेष अंतर नहीं किया जाता था।[१]

१. जैन मुनियों में भी दोनों प्रकार के उदाहरण मिलते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपसंहार

मुनि संस्था का इतिहास यह बताता है कि किस प्रकार बाह्य क्रियाओं तथा वेशभूषा को अधिक महत्व मिलता गया। वैदिक संहिताओं में मुनियों का निर्देश है जो या तो दिगंबर रहते थे या मलिन वस्त्र धारण करते थे। यतियों का भी उल्लेख आता है, किंतु वे वैदिक परंपरा के विरोधी थे, इसीलिये इंद्र द्वारा उनके मारे जाने की घटना आती है। संहिताओं के पश्चात् ब्राह्मणों का समय आता है। उनमें उपर्युक्त घटना के साथ वैखानसों का भी वर्णन है। प्राचीनतम उपनिषदों में तापस और परिव्राजकों का निर्देश है। इनमें वैदिक क्रियाकांड को पर्याप्त महत्व दिया गया है, जिससे ज्ञात होता है कि उस समय गृहस्थाश्रम की प्रधानता थी।

संन्यास की अनुमति के संबंध में समस्त साहित्य को चार श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। पहली श्रेणी सारा जीवन कर्म करते रहने पर बल देती है। वहाँ संन्यास के लिये कोई स्थान नहीं है, इसमें शतपथ ब्राह्मण, तैत्तरीयोपनिषद् तथा ईशोपनिषद् आते हैं। दूसरी श्रेणी गृहस्थाश्रम को महत्व देने पर भी कर्मसंन्यास या निवृत्ति को स्वीकार करती है। इसमें वानप्रस्थ और संन्यासी में विशेष भेद नहीं किया गया है। याज्ञवल्क्य स्मृति में यह विधान है कि ब्रह्मचर्याश्रम के पश्चात् गृहस्थाश्रम में प्रवेश आवश्यक है। उसके पश्चात् वानप्रस्थ या संन्यासी किसी भी रूप में जीवन व्यतीत किया जा सकता है। तीसरी श्रेणी क्रमशः चारों आश्रमों का विधान करती है। इसमें मनुस्मृति, विष्णुस्मृति, महाभारत और वैखानसधर्मप्रश्न आते हैं। चौथी श्रेणी आश्रम व्यवस्था को अनावश्यक समझती है, इसमें आपस्तंब, गौतम, वसिष्ठ और बोधायन धर्मसूत्र आते हैं।

जाबालोपनिषद् में केवल परमहंसों का उल्लेख है। आरुणी में कुटीचक और परमहंस उल्लिखित हैं। परमहंस उपनिषद् में परमहंसों के दो प्रकार बताए गए हैं। चार या पाँच प्रकार के संन्यासियों का उल्लेख करनेवाले उपनिषद् अर्वाचीन हैं। आश्रम और भिक्षुक उपनिषद् में चार प्रकार बताए गए हैं—कुटीचक, बहूदक, हंस और परमहंस। तुरीयातीतावधूतोपनिषद् में पाँचवाँ भेद तुरयातीत बताया गया है। नारदपरिव्राजक और बृहत्संन्यास में अनेक प्रकारों का वर्णन है, साथ ही उनके सूक्ष्म भेदों का भी विस्तार किया गया है। ये दोनों और भी अर्वाचीन हैं। शाट्यायन सबसे अर्वाचीन है और वैष्णव परंपरा से संबंध रखता है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तालिका

संन्यासी का नाम	स्नान	तिलक	मुंडन	भोजन	वस्त्र	पूजा	मंत्रोच्चारण	शिक्षा	प्रणव के भेद	श्रवण आदि
कुटीचक	दिन में तीन बार	खड़ी लकीर	प्रत्येक ऋतु में एक बार	एक ही घर से	धोती और चद्दर	देवपूजा	बाह्य उच्चारण करते हुए	अनिर्धारित	मानस	श्रवण
बहूदक	दिन में दो बार	तीन रेखाएँ	दो ऋतुओं में एक बार	भ्रमर की तरह अनेक घरों से	एक	,,	,,	,,	,,	,,
हंस	एक बार	तीन खड़ी रेखाएँ	नहीं	पाणिपात्र	कटिवस्त्र या मृगचर्म	मानस	ध्यान	,,	आंतर	मनन
परमहंस	मानस-स्नान	भस्म	वर्ष में दो बार या बिल्कुल नहीं	,,	दिगंबर कटि-वस्त्र या मृग-चर्म	,,	,,	महावाक्य	,,	,,
तुरीयातीत	भस्मस्नान	पुंड्र	नहीं	गोचरी	दिगंबर	सोऽहम्	कोई नहीं	,,	ब्रह्म	निदिध्यासन
अवधूत	वायुस्नान	नहीं	,,	सर्प के समान	,,	सोऽहम्	,,	,,	,,	,,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राजशेखर का प्रारंभिक जीवन : कुछ नवीन विचार

[श्री हरि अनंत फड़के]

कन्नौज के प्रतिहार सम्राट् महेंद्रपाल[1] के गुरु कविराज राजशेखर के प्रारंभिक जीवन को जानने के लिये हमारे पास साधन अल्प हैं। कवि के ग्रंथों में उसके प्रसिद्ध 'यायावर[2] कुल और पूर्वजों का उल्लेख है जिनके आधार पर विद्वानों के लिये उसके प्रारंभिक जीवन की स्थूल रूपरेखा मात्र ही देना शक्य हुआ है।

किन परिस्थितियों में राजशेखर कन्नौज गया, किस प्रदेश में किस प्रकार उसका बचपन बीता, आदि ऐसे प्रश्न हैं जिनका समाधानकारक उत्तर ही उसके प्रारंभिक जीवन को स्पष्ट कर सकेगा। इसके अतिरिक्त तत्कालीन राजनीतिक परिस्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक है जिसने राजशेखर के आरंभिक जीवन को निश्चय ही प्रभावित किया होगा। राजशेखर का उल्लेख से कवियों ने किया है[3]। उसके ग्रंथों से हमें पता चलता है कि वह प्रतिहार सम्राट् महेंद्रपाल और महिपाल के दरबार में था। और वहुत संभव है, उसने मिहिरभोज का समय भी देखा हो। इस आधार पर उसका समय लगभग ई० सं० ८६० से ९३० तक निश्चित किया जा सकता है। उसकी अनेक रचनाओं को देखते हुए यह समय उसके लिये अधिक नहीं। वह महेंद्रपाल का गुरु था, अतः निश्चय ही उससे अवस्था में बड़ा रहा होगा। अतः उसके पिता मिहिरभोज का भी शासनकाल देखना राजशेखर के लिये असंभव नहीं था।

यह युग भारत के राजनीतिक इतिहास में अत्यंत महत्व का रहा है। इस युग में बंगाल और बिहार के पाल, मध्यदेश के प्रतिहार तथा दक्षिण के राष्ट्रकूट अखिल भारतीय प्रभुता के लिये परस्पर निरंतर संघर्षरत रहे। गंगा और नर्मदा की

१. वि० भं० १, श्लोक ६; बा० रा १, श्लो० १८; क० मं० १, श्लो० ९।

२. महाभागस्तस्मिन्नयमजनि यायावरकुले।—बा० रा० १, श्लो० १३।

३. राजशेखर के समय पर विस्तृत विवेचना के लिये देखिए—सुरु 'कर्पूरमंजरी' प्रस्तावना पृ० ९६ — १०६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

घाटियाँ कितनी ही बार रणभेरियों के घोष से गूँज उठीं। राष्ट्रकूट अभिलेखों[४] से हमें पता लगता है कि, उनकी विजयवाहिनी ने गंगाघाटी को अनेक बार आक्रांत किया। गौडों और प्रतिहारों को भी उनका लोहा मानना पड़ा। इस विजय की स्मृति में गंगा और यमुना के चिह्न सदा के लिये उनके ध्वज पर अंकित हो गए।[५] कपूर्रमंजरी[६] में भी एक प्रसंग में उसके नायक चंडपाल द्वारा पूर्व देशों की विजय वर्णित है। संभवतः यह संकेत प्रतिहार और पालों के संघर्ष की ओर है। बिहार और बंगाल से प्राप्त प्रतिहार सम्राट् महेंद्रपाल के अभिलेखों[७] से हमें पता चलता है कि पूर्व में उसने अपने साम्राज्य का विस्तार किया था। इसी आधार पर चंडपाल और महेंद्रपाल में अभिन्नता स्थापित की जा सकती है दूसरी ओर यह संघर्ष प्रतिहारों और राष्ट्रकूटों के बीच नर्मदा घाटी पर प्रभुत्व के लिये हुआ था। इस प्रदेश के प्रमुख राज्यों में लाट, मालव और सुराष्ट्र के प्रदेश थे। प्रतिहार शिलालेखों से ज्ञात होता है कि ये प्रदेश समय समय पर उनके अधिकार में रहे। राष्ट्रकूट राजा दंतिदुर्ग के दशावतार अभिलेख[८] से उज्जैन में प्रतिहारों का अस्तित्व सिद्ध है। इसी प्रकार प्रतिहार शासक नागभट्ट प्रथम के सामंत भडौंच के चाहमान शासक भर्तृवध्ध के हंसोट अभिलेख[९] से पता चलता है कि लाट देश पर भी प्रतिहारों का प्रभुत्व था। मिहिरभोज की ग्वालियर प्रशस्ति[१०] से हमें ज्ञात होता है कि नागभट्ट द्वितीय ने आनर्त और मालव को जीता था।

४. गंगा यमुनयोर्मध्ये राज्ञो गौडस्य नश्यतः।
लक्ष्मीलीलारविंदानि श्वेतच्छत्राणि योऽहरेत् ॥ श्लो० १४॥ संजान ताम्रपत्र।

५. यो गंगा यमुने तरंग सुभगे गृह्णन्परेभ्य. समम्।
साक्षाच्चिह्न निभेन चोत्तमपदं, तत्प्राप्तवानीश्वरम् ॥ एपि० इंडि०, भा १८, पृ० १५६ आलतेकर — अर्ली हिस्ट्री ऑफ द डेक्कन, पृ० २६४।

६. जअ जअ पुव्व दिसंगणाभुअंग, चंपाचंपककणऊर, लीलाणिज्जिअराढदेस, विक्कमसक्कंत कामरुव, हरिकेलीकेलिआर, अवमणिणदजच्च सुवण्णवण्ण...।
—बुद्धप्रकाश, हिस्टारिकल ऐप्रोच टु कर्पूरमंजरी, कर्पूरमंजरी, प्रथम जवनिका।

७. भांडारकर, — 'उत्तर भारतीय अभिलेखसूची' नं० ४०, १६४३, १६४५ बनर्जी — 'मे० एशि० सो० बं०' भा० ५, पृ० ६४ और, स० इं०, रिपोर्ट १६२३-२४, पृ० १०२; १६२०-२१, पृ० ३५।

८. आर० स० इं०, रिपोर्ट, भाग ५, पृ० ६२।

९. एपि० इंडि०, भा० १२, पृ० २०२।

१०. वही, भाग १८, पृ० ९९-११४, श्लो० ११।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्यत्र[११] हमने यह दिखलाया है कि स्कंदपुराण और जैनग्रंथ बप्पभट्टिचरित के आधार पर सुराष्ट्र और गुजरात तक उसका प्रभाव सिद्ध हो जाता है। उसके प्रपौत्र मिहिरभोज के समय में सुराष्ट्र और काठियावाड़ पर प्रतिहारों के प्रतिनिधि शासन करते थे। उज्जैन के आसपास राष्ट्रकूट राजा कृष्ण द्वितीय के साथ मालव प्रदेश पर अधिकार करने के लिये उसने भयंकर संघर्ष किया था। एक राष्ट्रकूट शिलालेख[१२] के अनुसार तो परिवारों के बड़े बूढ़े उस भयंकर युद्ध की स्मृति बहुत बाद तक सुनाया करते थे। हमारे कविराज राजशेखर इसी मिहिरभोज के पुत्र महेंद्रपाल के गुरु थे।

अब प्रश्न यह है कि मिहिरभोज और राजशेखर का साक्षात्कार कहाँ हुआ? किस प्रसंग में वह कवि की प्रतिभा से प्रभावित हुआ और अपने पुत्र के लिये उपाध्याय के रूप में उसने उसको स्वीकार किया। अपने ग्रंथों में जिन प्रदेशों का वर्णन राजशेखर ने विशेष रूप से किया है उनमें कन्नौज के बाद लाट, विदर्भ और कुंतल देश आते हैं। उसके ग्रंथों में यदि कन्नौज की चर्चा है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात इसलिये नहीं कि कन्नौज प्रतिहार सम्राटों की राजधानी थी और राजशेखर वहाँ का राजगुरु था। लेकिन लाट, कुंतल और विदर्भ के प्रति कवि के मन में विशेष प्रेम है। क्या यह संभव है कि इन प्रदेशों में उसके पूर्वज रहते रहे हों, कवियों की वह परंपरा जिसमें राजशेखर का जन्म हुआ था इसी भूमि में निर्मित हुई हो या कवि का बचपन इन प्रदेशों के साथ संबद्ध हो? प्रश्न विचारणीय है। राजशेखर का 'यायावर' कुल ऐसा प्रतीत होता है, महाराष्ट्र का था। उत्तर में नर्मदा और दक्षिण में कृष्णा नदी के बीच के प्रदेश को उस समय महाराष्ट्र कहते थे[१३]। इस व्याख्या के अनुसार विदर्भ, कुंतल और लाट के प्रदेश भी इसके अंतर्गत आ सकते थे। बालरामायण में राजशेखर के पूर्वज कवि अकालजलद को महाराष्ट्रचूड़ामणि कहा गया है[१४]। यायावर कुल के दूसरे कवि सुरानंद के संबंध में प्रि० आप्टे ने[१५] लिखा है कि वह संभवतः राजशेखर का प्रपितामह था, जिसके

११. ह० अ० फड़के—'बप्पभट्टिचरित—ऐतिहासिक महत्व', श्री छोटेलाल जैन अभिनंदन ग्रंथ', कलकत्ता, १९६५।

१२. एपि० इं०, भाग ३, पृ० २४।

१३. नर्मदा कर्णाट विषयोर्मध्ये महाराष्ट्र विषयः। का० सू० द्वि० ५, २९ तथा उस पर यशोधर की जयमंगला टीका।

१४. तदामुष्यायणस्य महाराष्ट्रचूडामणेरकालजलदस्य। बा० रा०, प्र० १३।

१५. आप्टे: –'राजशेखर, हिज लाइफ ऐंड राइटिंग्ज' पृ० १६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवित्व की उसने बालरामायण में प्रशंसा की है[१६]। सूक्ति मुक्तावली[१७] के एक उद्धरण में नर्मदा तथा चेदिराज रणविग्रह के साथ उसका वर्णन किया गया है। संभव है, सुरानंद चेदि राजाओं के दरबार में रहा हो और इसी आधार पर राजशेखर ने भी बाद में चेदि राजाओं के दरबार में प्रवेश पाया हो। इसी कुल के एक अन्य कवि तरल के संबंध में प्रो॰ पिशेल को संदेह था, लेकिन जैसा कोनो ने[१८] लिखा है, सूक्तिमुक्तावली और हरिहरावली में राजशेखर के उद्धरण से इस संबंध में कुछ भी संदेह नहीं रहता। सुभाषित रत्नकोष में उद्धृत कविराज भी संभवतः इसी कुल का था।[१९] राजशेखर अपने को दौहिकि या दौर्दुकि कहता है[२०]। जिस तरह व्याकरण के नियमों के अनुसार दशरथ का पुत्र दाशरथी होता है उसी तरह दौहिकि या दौर्दुकि शब्द दुहिक या दुर्दुक से बने हैं[२१]। अगर यह व्युत्पत्ति मान ली जाय तो यह व्यक्ति महामंत्री था क्योंकि राजशेखर बालरामायण[२२] और बालभारत[२३] में अपना उल्लेख महामंत्री के पुत्र के रूप में करता है। यह महामंत्री किस राज्य का था, और उसका राजा कौन था, ये नए प्रश्न इसके साथ ही उपस्थित होते हैं। सुराष्ट्र के महासामंत बलवर्मन और अवनिवर्मन के, जो प्रतिहारों के अधीन शासक थे, ऊना अभिलेखों[२४] में धीइक नामक तंत्रपाल का उल्लेख है जो प्रतिहारों के प्रतिनिधि के रूप में सामंतों का निरीक्षक नियुक्त हुआ था। इस अभिलेख के अनुसार चालुक्यवंशी बलवर्मन सूर्यमंदिर के निर्माणार्थ भूमि दी थी। इस दानपत्र पर बलवर्मन के साथ तंत्रपाल धीइक के हस्ताक्षर हैं। बलवर्मन संभवतः मिहिरभोज का सामंत था और महेंद्रपाल के समय तक जीवित रहा। तंत्रपाल प्रतिहार शासन

१६. सुरानंदः सोऽपि श्रवणपुटपेयेन वचसा। बा॰ रा॰, १२।
१७. नदीनां मेकल सुता नृपाणां रणविग्रहः।
कविनांच सुरानंदश्चेदि मंडल मंडनम्॥
कर्पूरमंजरी, कोनो, पृ॰ १८२।

१८. वही, पृ॰ १८३।
१९. आप्टे : 'राजशेखर' हिज़ लाइफ ऐंड राइटिंग्ज़', पृ॰ १६।
२० चतुर्यो दौर्दुकिः।—बा॰ रा॰ १३, अये यायावरेण दौहिकिना कविराजशेखरेण······वस्तूपक्षेपो गीयते। वि॰ भं॰ प्र॰।
२१ दुहिकस्यापत्यं पुमानिति दौहिकिः।—वि॰ भं॰ टीका।
२२. उक्तं हि तेनैव महामंत्रिपुत्रेण।—बा॰ रा॰ प्र॰ ८।
२३. उक्तं हि तनैव महासुमंत्रिपुत्रेण।—बा॰ भा॰ प्र॰ ६।
२४. एपि॰ इंडि॰, भा॰ ९, पृ॰ ४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में एक महत्वपूर्ण अधिकारी का पद था। उसका कार्यालय तंत्राधिकरण कहलाता था। अंग्रेजी सल्तनत में भारत में सामंतों के कार्यों का निरीक्षण करने के लिये पोलिटिकल एजेंट हुआ करते थे। संभवतः तंत्रपाल भी उसी कोटि का पद था। सामंत राज्यों में भूमि के दान संबंधी महत्वपूर्ण विषयों में उसकी स्वीकृति आवश्यक थी। प्रतिहार शासक महेंद्रपाल द्वितीय के प्रतापगढ़ अभिलेख में[२५] चालुक्य सोमेश्वर के सूदी[२६], तथा बंगालके ईश्वरघोष के रामगंज[२७] ताम्रपत्रों में तंत्रपालों का उल्लेख है। यह इस बात का प्रमाण है कि तंत्रपाल और उसका कार्यालय इस समय तक शासन के महत्वपूर्ण अंग बन चुके थे। डा० जंत्रे[२८] ने धीइक और दुहिक को ध्वनिसाम्य के आधार पर अभिन्न व्यक्ति माना है। इस मत के अनुसार राजशेखर का पिता महामंत्री दुहिक ही तंत्रपाल धीइक था। संभव है, तंत्रपाल जैसे महत्वपूर्ण पद पर होने के कारण उसे महामंत्री कहा गया हो। सुभाषित रत्नकोष में अकालजलद से संबंधित एक श्लोक है[२९]। कुछ विद्वान् कहते हैं, यह अकालजलद का ही है। कोसंबी और गोखले ने अपने संपादित संस्करण में यह दिखाया है कि इस श्लोक की रचना द्वंदुक ने की। हमारे विचार में द्वंदुक और दुर्दुक में भी ध्वनिसाम्य स्थापित हो सकता है। यह संभव नहीं जान पड़ता कि प्रसिद्ध यायावर कुल में उत्पन्न होकर दुर्दुक या दुहिक के ऊपर कवित्व के कुछ भी संस्कार न पड़े हों।

महामंत्री तंत्रपाल दुहिक के संबंध में यह जानकारी निःसंदेह हमें उन परिस्थितियों को स्पष्ट करने में मदद देती है जिनके कारण राजशेखर का प्रतिहारों के दरबार से संबंध स्थापित हुआ। लेकिन हम इसके आधार पर उन परिस्थितियों को स्पष्ट करने में असमर्थ हैं जिनके कारण राजशेखर के पिता को अपना देश

२५. एपि० इं०, भा० १४, पृ० १७६।

२६. वही, भा० १५, पृ० ७७।

२७. इंस्क्रिप्शंज आव बंगाल' भाग ३, पृ० १४६।

२८. उद्धृत : एन० जी० सुरू : कर्पूरमंजरी, प्रस्तावना, पृ० ६६।

२९. भेकैः कोटरशायिभिर्मृतमिवक्ष्मान्तर्गतं कच्छपैः।
पाठीनैः पृथुपङ्ककूट लुठितैर्यस्मिन् मुहुर्मूर्च्छितम्।
तस्मिन् शुष्क सरस्य कालजलदे नागत्य तच्चेष्टितं।
येनाकण्ठनिमग्नवन्यकरिणां यूथैः पयः पीयते।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छोड़ना पड़ा। बालरामायण[३०] और काव्यमीमांसा[३१] में कवि ने लाट देश का वर्णन किया है। प्राकृत के प्रति उस देश के विशेष प्रेम की, वहाँ की परंपराओं की और वहाँ के स्त्री पुरुषों की कवि ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है। इस प्रदेश के साथ संपर्क होने से कवि में भी प्राकृत के प्रति प्रेम दिखाई देता है। इसी कारण संभवतः उसने कर्पूरमंजरी की रचना प्राकृत में की और अपने दूसरे ग्रंथों में भी उसका भरपूर उपयोग किया। बालरामायण[३२] से हमें पता चलता है कि प्राकृत और अपभ्रंश पर कवि का विशेष अधिकार था। जीवन के अंतिम दिनों में भी कवि को लाट देश का स्मरण होता है।[३३]

लाट देश अपनी आर्थिक समृद्धि के लिये भी प्रसिद्ध था। बंदरगाहों के कारण इसका व्यापार दूसरे देशों के साथ चलता था। देश के अंदर व्यापार के मार्ग भी लाट से होकर जाते थे। इसके इस आर्थिक महत्व को ध्यान में रखकर ही महत्वाकांक्षी प्रतिहार और राष्ट्रकूट सम्राटों ने अपने साम्राज्य की समृद्धि के हेतु इसके लिये निरंतर संघर्ष किया। एक लेखक ने[३४] लिखा है, संभवतः स्तंभतीर्थ को एक बंदरगाह के रूप में गुर्जर प्रतिहारों ने इसलिये विकसित किया था क्योंकि भड़ौंच का बंदरगाह उनके शत्रु राष्ट्रकूटों के अधिकार में था। लाट के लिये संघर्ष भारत के राजनीतिक इतिहास में कोई नई घटना नहीं थी। थानेश्वर के वर्धनों और बादामी के चालुक्यों के बीच लाट, मालव और गुर्जर देश के लिये संघर्ष हुआ था। यह संघर्ष इस समय भी पुनः चल रहा था। जोधपुर के प्रतिहार

३०. बा० रा० १० श्लो० ८८–८६।

३१. का० मी० १; स्मरण रहे कि कर्पूरमंजरी की नायिका घनसारमंजरी और विद्धशालभंजिका में वर्णित मृगांकावलि लाट देश की ही राजकुमारियां थीं।

३२. गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृति मधुराः प्राकृतधुराः
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसवचनं भूतवचनं ॥
देशविशेषवशेन च भाषा श्रवणं दृश्यते।—बा० रा० १ श्लो० ११
तदुक्तम् गौडाद्याः संस्कृतस्थाः परिचित रुचयः प्राकृये लाटदेश्याः॥का० मी०१०;
महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्ति रत्नानां सेतु बंधादि यन्मयम्॥ —कव्यादर्श १; ३४।

३३. लाटी बाहुविवेष्ठितश्च मलयस्त्रीतर्जनी तर्जितः।
सोऽयं संप्रति राजशेखरकविर्वाराणसी वांछति॥— औचित्यविचारचर्चा, २७।

३४. मजूमदार : चालुक्याज़ आफ गुजराथ, पृ० २६५

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शासक कक्कुक[३५] के ई० स० ८५६ के अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसने लाट देश पर विजय प्राप्त की थी। यह संभव है कि उसने सम्राट् मिहिरभोज के साथ लाट के युद्ध में भाग लिया हो, क्योंकि अभिलेखों से ज्ञात होता है कि मिहिर-भोज का साम्राज्य सौराष्ट्र तक विस्तृत था।

लाट देश के ब्राह्मणों की दूर दूर तक ख्याति थी। बंगाल के राजा धर्मपाल के लखीमपुर के अभिलेख[३६] से हमें ज्ञात होता है कि लाट के ब्राह्मणों को उसने भूमिदान दिया था। ग्वालियर के एक अभिलेख[३७] से यह सिद्ध होता है कि लाट के लोगों को ऊँचे पद पर नियुक्त करने के लिये मध्यदेश में भी आमंत्रित किया जाता था। प्रतिहार सम्राट् रामभद्र के शासन में वरजार वंश के नागरभट्ट के पुत्र वल्लभट्ट को, जो लाट के आनंदपुर का था, 'मर्यादाधुर्य' बनाया गया था। उसका पुत्र अल्ल मिहिरभोज के द्वारा ग्वालियर का दुर्गपाल नियुक्त हुआ था।[३८] लाट के इस वंश की तरह ही, संभव है, राजशेखर और उसके पिता दुर्दुक ने भी प्रतिहारों के शासन में कीर्ति अर्जित की थी।

अब हमें एक दूसरे और अंतिम प्रश्न का उत्तर देना है। दक्षिण के राष्ट्रकूट भी कला और साहित्य के संरक्षक थे। उनके दरबार में दुहिक और राजशेखर ने आश्रय क्यों नहीं लिया ? लाट और कुंतल उनके अधिकार में थे। लाट देश पर तो उनकी ही एक शाखा राज्य कर रही थी। ई० स० ८३५ के बाद मान्यखेट और लाट के राष्ट्रकूटों (जिनके देश में राजशेखर का बचपन बीता) अनेक वर्षों तक संघर्ष चलता रहा। इस संघर्ष में लाट देश को अपार क्षति उठानी पड़ी। वहाँ के शासक ध्रुव प्रथम को इन युद्धों में अपने प्राण गँवाने पड़े। उसके पुत्र अकालवर्ष को अपनी गद्दी से हाथ धोना पड़ा। बहुत प्रयत्नों के बाद वह उसे पुनः प्राप्त करने में सफल हो सका। उसके पुत्र ध्रुव द्वितीय के समय

३५. एपि० इंडि०; भा० ९, पृ० २१०, ई० स० ८५६।

३६. वही, भा० ४, पृ० २४३–२५४ पंक्ति ५१।

३७. वही, भा० १, पृ० १५६–५७ श्लोक ७।

३८. वही, पृ० १५४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में भी यह संघर्ष चलता रहा[३९]। एक अभिलेख[४०] के अनुसार उसे एक ओर प्रबल गुर्जरों का और दूसरी ओर वल्लभ का सामना करना पड़ा। ये गुर्जर, सम्राट् मिहिरभोज और उसका सामंत जोधपुर का प्रतिहार शासक कक्कुक थे। अभिलेख में वर्णित वल्लभ राष्ट्रकूट शासक ही हो सकता है। मान्यखेट के राष्ट्रकूट सम्राट् अमोघवर्ष की, जो इस समय शासन कर रहा था, एक पदवी वल्लभ भी थी और वह प्रतिहारों का शत्रु था। पटियाला अभिलेख में वर्णित लाट की विजय का संबंध भी इस समय की घटनाओं से है। युद्ध की इस अस्थिर परिस्थितियों के कारण मिहिरभोज के द्वारा लाट की विजय के बाद ही संभवतः राजशेखर और उसके पिता कन्नौज के दरबार में आश्रय ग्रहण किया।[४१] घटियाला अभिलेख का समय ई० स० ८५६ है। लाट के विजय की घटना इससे पहले की है अतः इसका समय ८५७ के लगभग होना असंगत नहीं। उस समय राजशेखर बहुत ही छोटा रहा होगा, लगभग ६-७ वर्ष का। बचपन के संस्कारों के अतिरिक्त अपने पिता के द्वारा भी उसने अपने देश के बारे में सुना होगा। अपने जीवन में उसने यात्राओं के द्वारा भी बहुत कुछ अनुभव प्राप्त किया था, ऐसा उसके ग्रंथों से परिलक्षित होता है। यह स्मरण रहे कि उस युग में राज्यों में परस्पर संघर्ष होने पर भी लोगों की यात्राओं में कोई बाधा नहीं पड़ती थी। अनेक कवि, विद्वान् और साधु संत

३९. ऐसा प्रतीत होता है, जैसा कि अल्तेकर महोदय ने (द अर्ली हिस्ट्री आफ द डेक्कन, भाग १ पृ० २८८) लिखा है, लगभग इ० स० ८६० में लाट और मान्यखेट में संधि हो गई क्योंकि दोनों ही राज्यों को प्रतिहार सम्राट् मिहिरभोज के आक्रमण की आशंका थी जो इस समय बहुत प्रबल हो रहा था। संभव है, इसका कारण मिहिरभोज के द्वारा लाट की विजय हो। मिहिरभोज लाट और मान्यखेट के राजाओं की संमिलित शक्ति के कारण लाट को अधिकार में न रख सका। बेगुआ ताम्रपत्र से ज्ञात होता है ध्रुव द्वितीय ने इ० स० ८६७ के पूर्व गुर्जरों को अकेले ही हराया था। बहुत संभव है कि उसे सम्राट् अमोघवर्ष का भी सहयोग प्राप्त रहा हो।

४० इं० डि० ए०, भा० १२, पृ० १७६, श्लोक ३७।
इतोऽभिमुखमापतत्प्रबल गूर्जराणां बलम्।
इतो विमुख वल्लभो विकृतिमागताः मान्धवाः॥

४१. अपने पिता के प्रभाव के कारण संभवतः चौहान राजकुमारी अवंतिसुंदरी के साथ उसका विवाह हुआ हो। क्योंकि चौहान भी प्रतिहारों के ही सामंत थे।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वच्छंद भाव से विभिन्न राज्यों में आ जा सकते थे। प्रतिहारों का राजकवि होने पर भी राजशेखर का अपने देश लाट के साथ संबंध बना रहा और इसी कारण उसके प्रति भावना कवि ने अपने साहित्य में व्यक्त की।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम जिन निष्कर्षों पर पहुँचते हैं वे संक्षेप में निम्नलिखित हैं :

(१) राजशेखर मिहिरभोज का भी समकालीन था। उसकी लंबी आयु को देखते हुए यह असंभव नहीं। उसका प्रारंभिक जीवन इसी राजा के संरक्षण में बीता था।

(२) राजशेखर का पिता दुर्दुक या दुहिक ऊना अभिलेख में वर्णित धीइक था जो मिहिरभोज का तंत्रपाल था, इसी कारण संभवतः राजशेखर अपने पिता का उल्लेख महामंत्री के रूप में करता है।

(३) राजशेखर लाट देश का निवासी था। इस प्रदेश के लिये प्रतिहार और राष्ट्रकूट निरंतर संघर्ष करते रहे। पटियाला अभिलेख के अनुसार जोधपुर के प्रतिहार शासक कक्कुक ने लाट देश की विजय की थी। एक छोटे शासक के लिये लाट तक आक्रमण करना संभव नहीं जान पड़ता। संभव यह जान पड़ता है कि उसने अपने सम्राट् मिहिरभोज के साथ इस युद्ध में भाग लिया। कर्पूरमंजरी में वर्णित वल्लभराज अमोघवर्ष था जिसके समय में लाट और मान्यखेट के बीच भयंकर संघर्ष चल रहा था। इन अस्थिर परिस्थितियों के कारण ही संभवतः राजशेखर ने अपने पिता के साथ देशांतर गमन किया था। उस युग की प्रधान राजनीतिक प्रवृत्ति त्रिकोणात्मक संघर्ष की ध्वनि भी उसकी रचनाओं में मिलती है।

(४) राजशेखर के प्रारंभिक जीवन का क्रम कुछ इस प्रकार हो सकता है—लाटदेश में बचपन, लाट और मान्यखेट तथा लाट और कन्नौज के बीच संघर्ष के समय अपने पिता के साथ देशांतर गमन, कन्नौज के तंत्रपाल के रूप में उसके पिता की सुराष्ट्र में नियुक्ति, राजशेखर का उपाध्याय होना, तथा प्रतिहारों के ही किसी सामंत चौहान कुल की राजकुमारी से विवाह।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रीतिकाल से पूर्व का खड़ी बोली गद्य

[डा० प्रेमप्रकाश गौतम]

हिंदी के प्राचीन गद्य वाङ्मय की समुचित शोध अभी तक नहीं हुई है। वस्तुतः इस ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है। यह मान लिया गया है कि भारतेंदुपूर्व की गद्यपरंपरा अत्यंत क्षीण थी। समसामयिक हिंदी लेखक प्रायः आचार्य शुक्ल के साहित्येतिहास को आधार बनाकर लिखते हैं। नवीन अनुसंधान की ओर वे यथोचित ध्यान नहीं देते। परिणाम यह है कि आचार्य शुक्ल की एतद्विषयक मान्यताएँ और उनसे हुई भूलें— विद्वज्जन क्षमा करें—ज्यों की त्यों उद्धृत होती चली आ रही हैं। प्राचीन गद्य पर शोध करते हुए इस अनुसंधायक को बहुत सी अज्ञात रचनाओं का परिचय तो प्राप्त हुआ ही है, यह भी विदित हुआ है कि आचार्य शुक्ल प्रभृति विद्वानों की एतद्विषयक अनेक सूचनाएँ और स्थापनाएँ वास्तविकता के विरुद्ध हैं।

भारतेंदुपूर्व के गद्य के संबंध साधारणतः यह धारणा है कि वह अत्यंत अल्प और हीन है। यह सत्य है कि पुरातन गद्य आधुनिक गद्य की अपेक्षा लघु एवं अविकसित है, परंतु वह इतना अल्प और तुच्छ नहीं, जितना साहित्येतिहास के लेखक उसे बताते रहे हैं। राजस्थानी, ब्रजभाषा, दक्खिनी और मैथिली में ही नहीं, खड़ी बोली में भी भारतेंदु के पूर्व पर्याप्त गद्य निर्मित हुआ है जो मौलिक, अनूदित, ललित, अललित, पद्यात्मक विशुद्ध अनेक रूपों का है। गद्य की बहुत सी विधाएँ और शैलियाँ प्राचीन काल में प्रचलित थीं। उनका प्रयोग विविध बहुल विषयों की अभिव्यक्ति के लिये होता था। १८५० ई० पर्यंत उपयोगी कथात्मक तथा धार्मिक गद्य ही नहीं, वर्णनात्मक, विचारात्मक, दार्शनिक तथा वैज्ञानिक गद्य का भी प्रभूत परिमाण में प्रणयन हो चुका था। वस्तुतः हिंदी का प्राचीन और मध्यकालीन गद्य पर्याप्त समृद्ध और महत्वपूर्ण है। टीकाओं का गद्य भी अधिकांशतः स्वच्छ और सशक्त है। मारवाड़ी और मैथिली में, इन्हें हिंदी के अंतर्गत माना जाए या न माना जाए, गद्य की परंपरा क्रमशः १३वीं–१४वीं शती से प्रारंभ होती है। ब्रजभाषा में भी १६वीं शताब्दी से समृद्ध और बहुमुखी गद्य वाङ्मय प्राप्त होता है। पूर्वी हिंदी की मैथिलीतर शाखाओं (अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, भोजपुरी आदि) में अवश्य प्राचीन गद्य वाङ्मय अत्यंत विरल है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जहाँ तक खड़ी बोली गद्य का प्रश्न है, उसकी परंपरा प्रामाणिक रूप में ईसा की १७वीं शती से उपलब्ध होती है। दक्खिनी के रूप में तो इस बोली का गद्य वाङ्मय १५वीं शताब्दी से प्राप्त है, परंतु १७वीं शती से पूर्व का उत्तर भारत में निर्मित प्रामाणिक खड़ी बोली गद्य अभी तक अनुपलब्ध है। १७वीं शती और उसके बाद की उपलब्ध खड़ी बोली रचनाओं को ललित अललित के भेद से दो वर्गों में विभक्त किया जा सकता है। ललित के भी अनेक रूप हैं—वारता, बात, कथा कहानी, वचनिका, दवावैत और पत्र। अललित गद्य धर्म, दर्शन, चिकित्सा, ज्योतिष, शकुन, इतिहास, भूगोल, गणित, धनुर्विद्या आदि विषयों पर प्राप्त होता है। उसके अन्य रूप हैं—टीका, टिप्पण, तफसीर, शिलालेख, पत्र, समाचारपत्र आदि। सानुप्रास और अनुप्रासरहित, की दृष्टि से भी प्राचीन गद्य वाङ्मय का वर्गीकरण हो सकता है। प्राचीन और मध्यकाल में तुकमय गद्य की प्रवृत्ति राजस्थानी, मैथिली, दक्खिनी, उर्दू, खड़ी बोली आदि प्रायः सभी भाषाओं में रही है। गद्य पद्य के समावेश की दृष्टि से खड़ी बोली की भारतेंदु युग से पूर्व की गद्य रचनाएँ स्थूलतः त्रिविध हैं—(क) पूर्ण गद्य की रचनाएँ, यथा—'गोरखगोसठ', 'भोगलु पुरान', 'सीधा रस्ता', 'कलिमतुलहकायक', 'मोक्षमार्ग प्रकाश', (ख) गद्य-पद्यमय-रचनाएँ, यथा—कुतुबुद्दीन री बात और (ग) यत्र तत्र पद्योद्धरणवाली गद्यप्रधान कृतियाँ, यथा—'सबरस'। इसके अतिरिक्त मौलिक और अमौलिक (टीकानुवादात्मक) के भेद से भी खड़ी बोली की प्राचीन गद्य रचनाओं को वर्गीकृत किया जा सकता है। मौलिक की अपेक्षा व्याख्यात्मक तथा अनूदित रचनाओं का आधिक्य है।

राजस्थानी तथा व्रजभाषा की अनेक प्राचीन गद्य रचनाओं में खड़ी बोली शैली के शब्दरूप यत्र तत्र दृष्टिगत होते हैं।[1] दक्खिनी की

1. इस प्रकार की कुछ रचनाएँ हैं—'षडावश्यकबालावबोध,' 'उपदेशमाला-बालावबोध,' 'पृथ्वीचंद्रचरित्र,' 'आदिनाथचरित्र,' 'धनपालकथा', 'अचलदास खीची री वचनिका,' 'मुत्कलानुप्रास' (राजस्थानी ग्रंथ), श्रीहितहरिवंश जी से संबद्ध पत्र, 'अगहनमाहात्म्य,' 'वैशाखमाहात्म्य', 'नासिकेतपुराण-भाषा' और 'वार्ता' ग्रंथ। १४वीं-१५वीं शती के मलफूजात अर्थात् मुसलमान संतों के लिखित प्रवचनों से संबद्ध ग्रंथों (सियरुलऔलिया, खैरुलमजालिस, सुरूरुस्सुदूर आदि) में भी खड़ी बोली के वाक्य प्राप्त होते हैं। इनमें मिलने-वाले कुछ वाक्य हैं—'खोजा बुरहानुद्दीन बाला है', 'पोनू का चाँद भी बाला होता है, 'रह रह, 'तू मेरा गुसाईं, 'तूं मेरा करतार, मुझ इस तप थई छुडा, जो मुडासा बाँधे सो पादन पसरे, 'अरे मौलाना यह बड़ा होसी। मौलवी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५ वीं–१६ वीं शती की पुस्तकों में तो इस बोली के रूप और प्रयोग प्रचुरतः प्राप्त होते हैं। उत्तर भारत में जहाँगीर अशरफ समनानी नामक सूफी संत द्वारा १४वीं शताब्दी में उर्दू शैली में निर्मित बताई जानेवाली 'अखलाको तसव्वुफ' शीर्षक रचना और दक्खिनी के शेख ऐनुद्दीन गंजुलइल्म की दक्खिनी पुस्तकों की प्रामाणिकता तो संदिग्ध है, परंतु गेसूदराज, बुरहानुद्दीन जानम वजही, मौला अब्दुल्ला आदि दक्खिनी लेखकों की अनेक छोटी बड़ी रचनाएँ उपलब्ध है जिनमें किंचित् अंतर के साथ प्रायः खड़ी बोली शैली का ही गद्य प्रयुक्त है। उत्तर भारत में खड़ी बोली में निर्मित गद्य रचनाएँ १७ वीं शती से प्रामाणिक रूप में प्राप्त होती है। गंग कवि रचित बताई जानेवाली 'चंद छंद बरनन की महिमा' की प्रामाणिकता संदिग्ध है।[1] 'योगाभ्यास-मुद्राटिप्पण', जिसे काशी की ना० प्र० सभा के खोज विभाग ने सिद्ध कुमरिपा कृत प्राचीन खड़ी बोली रचना घोषित किया है, वस्तुतः परवर्ती रचना है। मूल संस्कृत कृति सिद्ध कुमरिपा (अथवा कुमुटीपा) की रचित प्राचीन रचना हो सकती है, उसका टिप्पण बहुत बाद का है। फिर इस टिप्पण में खड़ी बोली के शब्द अत्यल्प हैं। वस्तुतः जैसा हम लिख चुके हैं, इस शैली की १७वीं शती से पूर्व की प्रामाणिक गद्य रचनाएँ अनुपलब्ध हैं। कुछ रचनाएँ प्राचीनतर प्रतीत होती हैं। परंतु उनके समय के संबंध में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार की तीन महत्वपूर्ण रचनाएँ हैं—'कुतुबशत' (प्रति सं० १६७०), 'भोगलु पुराण' (प्रति सं० १७६२) तथा 'गणेश गोसठ' (प्रति सं० १७१५)। इनके अतिरिक्त नवबोली छंद, नवभाषा, सकुनावली, 'महादेव गोरखगुष्टि' 'गोरक्षशतमटिप्पण' आदि रचनाओं में भी खड़ी बोली का प्रयोग प्राप्त होता है। ये सभी रचनाएँ

अब्दुल हक ने 'उर्दू की इब्तदाई नशो व नुमा में सूफीयाये कराम का काम' पुस्तक में फारसी के कुछ अन्य ग्रंथों से भी खड़ी बोली के वाक्य उद्धृत किए हैं जो इन ग्रंथों में यत्र तत्र आए हैं। राजा मानसिंह से संबद्ध एक फरमान में भी खड़ी बोली गद्य की कुछ पंक्तियाँ प्रयुक्त हैं। (देखिए–बंगाल पास्ट ऐंड प्रेजेंट, जिल्द ६६)

१ इस रचना के प्रकाशित पाठ में अपभ्रंश की प्रवृत्तियों का सर्वथा अभाव और 'ऊपर विराजमान हो रहे', 'भरने लगा है', करके 'बैठ जाया करे'; 'इतना सुनके चारण को दिया', हो गया, 'हुआ' ऐसे अर्वाचीन प्रयोगों और रूपों का समावेश इसे परवर्ती सिद्ध करता है। 'करके, 'सुनके, ऐसे पूर्वकालिक कृदंत १८ वीं शती की खड़ी बोली रचनाओं में भी बहुत कम प्राप्त होते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रायः लघुकाय हैं और साहित्यिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नहीं हैं। भाषा के अध्ययन की दृष्टि से ही इनकी कुछ उपयोगिता मानी जा सकती है। इन रचनाओं में खड़ी बोली व्रजभाषा और राजस्थानी या पंजाबी के साथ प्रयुक्त हुई है। १८ वीं शती की प्रतियाँ प्राप्त होने से और इनकी भाषा में प्राचीनता के पर्याप्त चिह्न होने से इन रचनाओं के समय के संबंध में निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि ये रीतिकाल से पूर्व की हैं।

उल्लिखित रचनाओं में 'कुतुबशत' ('कुतुबुद्दीन री बात') तथा 'भोगलु पुरान' (भूगोल पुराण) में खड़ी बोली शैली के शब्दरूप अपेक्षाकृत अधिक हैं। इनमें भी तत्कालीन जनभाषा के रूप की दृष्टि से 'कुतुबशतम' अधिक महत्वपूर्ण है। इसमें प्रयुक्त खड़ी बोली राजस्थानी तथा व्रजभाषा से प्रभावित है। इतर प्राचीन खड़ी बोली रचनाओं में भी व्रजभाषा, राजस्थानी, पंजाबी अथवा पूर्वी हिंदी से प्रभावित खड़ी बोली प्रयुक्त है। यह विभाषामिश्रण खड़ी बोली के उस समय दुर्बल तथा साहित्यक्षेत्र में अप्रतिष्ठित होने और गद्यकारों के अपनी प्रादेशिक बोली के संस्पर्श से बच न पाने के कारण है।

इन रचनाओं में एक ओर 'अम्हे', 'असे', 'तुम्हें', 'अम्हारा', 'उत्पन्या', 'कउन', 'आउर', 'जलकीआ' 'उत्पन्निआ', 'उत्पते, 'कथंति' 'भ्रमते', 'वरा', 'बूढ़ां', 'पावइ', 'जाणयाँ' ऐसे पुराने रूप हैं, दूसरी ओर 'पवतो', 'आँखों', 'देवों', 'यह', 'तूम', 'हम', 'तुमाहारा', 'जिसका', 'मारा', 'मीठा', 'खारा', 'बड़ा', 'आया' 'गावणा', 'सुनो', 'आवते', 'जाते', 'हो रहते', 'चाहता है', 'बैठा था', 'खुलावती थी', 'आकर खड़ा रहा', ऐसे आधुनिक ढंग के शब्दरूप और प्रयोग उपस्थित हैं। अर्धतत्सम और तद्भव शब्दों का बाहुल्य है। 'कुतुबशत' में तो जो अर्ध शिक्षित जनता के निमित्त लिखी गई है, भाषा प्रायः तद्भवनिष्ठ है। यत्र तत्र उकारांत संज्ञासर्वनाम और स्वर-संधि-रहित उद्वृत्त रूप — 'कउन, कहइ, करउ, तउ' जैसे रूप भी यत्र तत्र प्राप्त होते हैं। बहुवचन की विभक्तियाँ हैं — आं, यां, नि, न, । कर्तृ संज्ञा के रूपों में 'हार' परसर्ग मिलता है जिसके पूर्व 'नि' अथवा 'न' है। सर्वनाम रूप प्राचीन-अर्वाचीन दोनों प्रकार के हैं। आकारांत विशेषण लगभग सभी रचनाओं में हैं। बहुवचन अविकारी और एकवचन विकारी विशेषण पद प्रायः एकारांत हैं, यथा — ऐसे, जेते, ऊँचे (भूगोल पु०), दाहिणे (महादेव-गो०-गुष्टि)। पुल्लिंग विशेषण के विकारी बहुवचन रूप प्रायः 'आं' विभक्त्यंत हैं। यथा — बडाँ बूढ़ाँ के उट साफ करउ (कुतुबशत)। खड़ी बोली के कारक-चिह्नों में प्रायः 'से', 'का' 'में' 'पर' चिह्न ही मिलते हैं। 'भूगोलपुराण' में संबंधकारक का स्त्री० बहुवचन का परसर्ग 'कीआँ' है — 'जलकीआँ, नदीआँ वहतीआँ हैनि' और 'मेराजुल आशिकीन' में 'क्याँ' — यथा — 'मेरा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्याँ निशानियाँ'। शब्दरूपों में, विशेषकर कारकचिह्नों में बहुत अस्थिरता और अनेकरूपता है। इसका कारण व्रजभाषा आदि निकटवर्तिनी भाषाओं का संस्पर्श और खड़ी बोली का उस समय तक व्याकरणबद्ध न हो पाना है।

सं० १७०० से पूर्व का जो खड़ी बोली गद्य उपलब्ध है उसमें क्रिया का सम्यक् विकसित प्रयोग दृष्टिगोचर नहीं होता। क्रियारहित वाक्य भी प्रयुक्त हैं। संयुक्त क्रिया का प्रयोग प्रायः विरल है। संयुक्त काल का प्रयोग 'कुतुबुद्दीन री वात' और 'भोगलुपुरान' में अपेक्षाकृत अधिक है। इनमें कृत पद अधिक हैं, यथा—होइ है, धरै है, चाहता है, पिछाणताऊँ, करते हइ, बैठा था, 'पुलावती थी', इत्यादि। 'भूगोलपुराण' की एक प्रति में 'चलते ही', 'बैठे हैं', ऐसे अर्वाचीन रूप भी हैं। गोरखपंथी रचनाओं में प्राचीन रूप और प्रयोग अधिक हैं। इनमें सामान्य वर्तमान काल के रूप प्रायः तिङंत हैं — यथा— कहै, बूझै, आव, ऊतपैतते (गोरषग० गुष्टि), कथंति, उतपते, अनुसरै, भोगवै (महादेव-गोरष-गुष्टि')। इन रचनाओं में कृदंत पद कम हैं। 'दित्ता' ऐसे व्यंजनद्वित्ववाले रूप, 'अंचवते', 'अनुसरै', ऐसी नामधातु तिङंत क्रियापद और 'बहतीआँ हैनि', इस प्रकार के 'आँ' विभक्तिवाले स्त्री बहुवचन वर्तमान कृदंत भी प्रयुक्त हैं। — संज्ञा कृदंत के पदांत 'अ' -'आ' दोनों हैं परंतु उनमें प्रायः 'न' के स्थान पर 'ण' है और उसके पूर्व कहीं कहीं व यथा ध्यावणा, गावण,। पूर्वकालिक कृदंत अधिकतर इकारांत हैं। 'कर' परसर्गांत पूर्वकालिक प्रायः 'कुतुबशत' की परवर्ती प्रतियों में प्राप्त होते हैं। भूतकालिक (पूर्ण) कृदंत पु० एकवचन में आकारांत,'इआ' अथवा 'या' अथवा विभक्त्यंत और व्रजभाषा-शैली के 'इआ' इऔ अंतवाले — तीनों प्रकार के हैं — यथा— आया, कह्या (गोरष-गु०-गुष्टि) कीया, हुआ, कहा, कह्या, रहा, भया (कु० वात), रहिआ, रहिऔ, 'उत्पन्निऔ' (भूगोल पु०)। इनके बहुचन रूप अधिकतर एकारांत हैं। कहीं कहीं अकारांत भी हैं। भविष्यकाल में भी आकारांत पद प्राप्त होते हैं। इनमें 'गा' के पूर्व प्रायः 'य' अथवा 'इ' है; यथा — होयगा, होइगा ('कु० बात')। 'कुतुबुद्दीन री वात' की परवर्तिनी प्रतियाँ में 'था, थी, थे', और 'है, हैं, हूँ' का भी प्रयोग मिलता है। साथ ही, 'हइ', 'ऊँ', 'हैन' ऐसे रूप भी। 'भूगोल पु०' में तात्कालिक कृदंत 'चलते ही' भी एक स्थल पर आया है। 'कु० वात' में भी 'इतनी बात करतां ही' प्रयोग मिलता है। अन्य प्रवृत्तियां हैं — पुराने ढंग के और प्रायः व्रजभाषा शैली के अस्थिर और वैविध्यपूर्ण अव्यय, यत्र, तत्र, पंजाबी, 'तद', 'कदी', आदि अव्यय, यत्र तत्र कारकचिह्नों का अभाव, प्रायः लघु सरल वाक्य, उनके साथ जहाँ

† आकारांत शब्दों के पुल्लिग अविकारी रूप अधिकतर एकारांत हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तहाँ मिश्र संयुक्त वाक्य, भूतकाल की सकर्मक क्रिया का प्रायः कर्मणि प्रयोग, साथ ही अप्रत्यय कर्तावाले, साहिबाँ खबर पाई', 'साहिबा कही'; 'ढढणी प्रसाद कीया' ('कु० बात') ऐसे प्रयोग कहीं कहीं वाक्यारंभ में 'सो' का प्रयोग और शब्दक्रम का आधुनिक हिंदी से प्रायः अभिन्न होना। कुछ उदाहरण दिए जाते हैं : एक दिवसि साहिबा ढढणी कू षाणा पुनावती थी। ढढणी प्रसाद कीया। साहिबा तुम्ह कुँ क्या उपगार करूँ। हम कूँ क्या उपगार करहुगे, हमरे बड़ाँ बूढ़ाँ के उट साफ करउ। तेहउ अवर क्या उपगार करउगे, ('कुतुबशतम्'; पुरातत्वमंदिर जयपुर, में स्थित सं० ६७० की प्रति, प्रथम पत्र)। ऐसा कुतुबदी साहजादा दिल्ली बीच पिरोसाह पातस्याह का साहजादा भया। दाँवलदाँन फकीर की लड़की साहिबा से आसिक रह्या। बहुत दिनाँ प्रीत लागी। दुखपीड आपदा सहुँमागी। पीरोसासि का तखत पाया। साहजादा साह कहाया। यह सिफ्त कुतबद्दीन साहजादे की पढ़े बहुत ही वजन सुख से बढ़े। यह बात शाह जुग से रही। ढढणी ने जोड़कर कही। (कुतुबशतम् — भंडारकर ओ० इं० की सं० १७८६ की प्रति) सूरजु उदयचल ऊपरि उदै होता है। अस्ताचल ऊपरि अस्तु होता है। सूरज चलते ही सिख्या दोइ सहस्र जोजन एक निमिष महि सूरज चलता है। देवते रक्षिया करते हैं। शब्द सुनते हैं। पर अखों देखते न हैं। अमीजल अँचवते हैं (भोगलु-पुरान) गेरोस बुज गोरष कहै। स्वामी जी तूम काहाँ त आया। काहा तुमाहारा नाव। अवधू हम निरवर्त आया। जोगी है मारा नाव। स्वामी जी जोगी ते तो कून बोलिबे। स्वामी पृथ्वी का कौण वरण, आपका कौण वरण, तेज का कोण; वरण, वाई का कोण वरण; आकास का कोण वरण, ... 'गोरषगणेश गुष्टि', 'सेवादास की बानी' नामक गुटका, पत्र ६३२ ३३).

खड़ी बोली का दक्खिनी शैली का गद्य भी १६वीं शती से ही प्रामाणिक रूप में प्राप्त होता है। ख्वाजा गेसूदराज बंदानवाज के नाम से विख्यात 'मेराजुल आशकीन', 'हिदायतनामा', 'शिकारनामा' आदि ग्रंथों की प्रामाणिकता संदिग्ध है। शाह मीराँजी शम्सुल उश्शाक के नाम से प्रसिद्ध 'गुलबास', 'जलतरंग', 'शरहमरग्बुल कुलूब' और 'सबरस' तो और भी अप्रामाणिक हैं। गेसूदराज कृत 'मेराजुल आशिकीन' अपेक्षाकृत प्रामाणिक है क्योंकि डा० अब्दुलहक को, जैसा उनका कहना है, मेराजुल आशिकीन की १४९६ ई० और १५०३ ई० की दो समान पाठवाली प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं। इसके अतिरिक्त इसकी चर्चा ख्वाजा के शिष्य मु० अब्दुल्ला के 'इश्कनामा' में भी मिलती है। वस्तुतः अपने मूल और प्रामाणिक रूप में प्राचीन दक्खिनी गद्य की बहुत कम रचनाएँ उपलब्ध हैं। प्राप्त प्रतियों में प्रायः कालनिर्देश नहीं है। भाषा भी उनमें अधिकतर परिवर्तित है, लिपिकों द्वारा बदल दी गई है। 'मेराजुल आशिकीन' भी जिस रूप में प्राप्त है, १५वीं शती की प्रतीत नहीं होती। उसकी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषा पर्याप्त परवर्ती है और अन्य दक्खिनी रचनाओं की अपेक्षा उत्तर भारत की खड़ी बोली के अधिक निकट है। ऐसा प्रतीत होता है कि ख्वाजा गेसूदराज, शाह मीराजी शम्सुल-उश्शाक आदि सूफी संतों के कुछ फारसी ग्रंथों के उनके अनुयायिओं द्वारा किए गए दक्खिनी अनुवाद इन संतों के नाम से उनकी मौलिक कृतियों के रूप में प्रसिद्ध हो गए हैं। 'मेराजुल आशिकीन' के अतिरिक्त प्राचीन दक्खिनी गद्य की अन्य महत्वपूर्ण और विश्वसनीय कृतियाँ हैं—बुर्हानुद्दीन जानम कृत 'कलिमतुल् हकायक' (१५८० ई० के लगभग), मौला अब्दुल्ला कृत 'अहकामुस्सलात' (१६२३), मुल्ला वजही का 'सबरस' (१६३६) और अब्दुस्समद लिखित 'तफसीर बहावी' (१६४० के लगभग)। इनमें प्रथम प्रश्नोत्तर शैली में लिखित सिद्धांत विषयक, द्वितीय इस्लाम संबंधिनी, तृतीय अन्योक्ति पद्धति की सूफी प्रेमकथा और चौथी कुरान की व्याख्या है। इन ग्रंथों के अतिरिक्त १६वीं शती से लेकर १९वीं शती तक दक्खिनी में सैकड़ों अनुदित और मौलिक गद्य-ग्रंथ निर्मित हुए हैं जिनमें कुछ कथात्मक, कुछ इतिहास विषयक तथा कुछ चिकित्सा विषयक भी हैं। दक्खिनी गद्य अधिकतर सूफी और इस्लामी संतों द्वारा निर्मित हुआ है और अधिकांशतः अललित, धार्मिक तथा उपदेशात्मक है। जिन रचनाओं में ललित गद्य है उनमें प्रायः गद्य का सानुप्रास रूप प्रयुक्त है। वजही के 'सबरस' में भी अधिकांशतः तुकमय गद्य ही है।

दक्खिनी की इन रचनाओं की भाषा कुछ बातों में भिन्न होने पर भी खड़ी बोली के अत्यंत निकट है। संज्ञा बहुवचन के रूप राजस्थानी और पंजाबी के समान प्रायः 'आँ', 'याँ' विभक्तिवाले हैं। बहुवचन विशेषण रूपों और विशेषण कृदंतों में भी विशेष्य के अनुसार 'आँ', 'याँ' विभक्ति है। कर्ता प्रत्यय 'ने' का प्रायः अभाव है। संबंध कारक का स्त्री बहुवचन का प्रत्यय क्याँ' है—'मेराज क्याँ निशानियाँ' (मेराजुल आशिकिन)। अनेक सर्वनाम उत्तर की खड़ी बोली से भिन्न हैं, यथा—हमे, हमन, हमना, तुमे, तुमन, तुमना, ए, यू, इने, उने, अपे, अपस, अपन्या, कवन, तेते, तिते, विते, जेतियाँ, तेतियाँ। बहुत से क्रियारूप भी खड़ी बोली से भिन्न हैं, यथा होसी, लेसूँ, देको, अंपड्या, अछ, अह, हथ, थ्याँ। दक्खिनी में ऐसे अव्यय भी हैं जो खड़ी बोली में नहीं हैं। च, छ, होर, नको, जवाँ, तवाँ, आघें, संगात, अताल, अताल, नेमे, नमेन, घात, इत्यादि। कई संज्ञा शब्द भी असमान हैं—यथा—डोसा (बूढा), झाँप (छलाँग), खुई (पसीना), तमा (लालच), अँझू (आँसू), ठार (स्थान), खिलारा (खिलानेवाला), पलाओ (बुलाओ), लहे, गल (बात)। इनमें से कुछ शब्द तो व्रजभाषा के तद्भव रूप हैं, कुछ मराठी, पंजाबी आदि के हैं। यत्रतत्र संस्कृत शब्द भी हैं, विशेषकर बुरहानुद्दीद जानम कृत 'कलिमतुल हकायक' और वजही कृत 'सबरस' में। परंतु फ़ारसी अरबी के शब्दों का समावेश अधिक है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाक्यरचना भी फारसी से प्रभावित है। शब्दक्रम, और समासरचना प्रायः उसी प्रकार की है—वजूदे खाके तेरे जिक्रे बगैर (वजूदुलआरफीन) के जद अमर हता उसमें (कलिमतुल हकायक), गुनारू कबीरा' हाताँ दोनों' (अहकामुस्सलात)।

प्राचीन दक्खिनी गद्यभाषा की कुछ अन्य विशेषताएँ हैं—कहीं तो कारक-चिह्नों का बिलकुल अभाव और कहीं दुहरे कारकचिह्नों का प्रयोग, 'ठारेठार' ऐसे द्विरुक्त संज्ञापद, लिंगदोष, नामधातु, क्रियापद और कुछ विचित्र विशिष्ट प्रयोग।

परंतु दक्खिनी में इस वैषम्य की अपेक्षा साम्य अधिक हैं। संज्ञा के एकवचन अविकारी और विकारी रूप खड़ी बोली से अभिन्न हैं। आकारांत शब्द तो हैं ही, इनके एकवचन विकारी रूप भी सभी रचनाओं में खड़ी बोली के समान एकारांत हैं। कहीं कहीं संज्ञा के बहुवचन अविकारी और विकारी रूप भी खड़ी बोली के सदृश हैं—सजदे किए ठार, क्या समझेंगे दाने, किस्से घड़ेंगे इस ठार, (सबरस) दोनों कानों (मेराजुल आशिकीन), हाताँ दोनों (अहका-मुस्सलात)। हम लिख चुके हैं कि प्राचीन दक्खिनी रचनाओं में 'मेराजुल आशि-कीन' की भाषा खड़ी बोली के अधिक निकट है। इस पुस्तक में 'उसे', 'उसका', 'मैं', 'तुम्हारा', 'जो', दूसरा, 'दोनों', 'करता है', 'करते हैं', 'करेगा', 'लेकर, 'लेना, 'करे, 'सुनो', हूआ, इत्यादि खड़ी बोली शैली के प्रचुर रूप मिलते हैं। अनेक सर्वनाम रूप और सार्वनामिक विशेषण भी खड़ी बोली शैली के हैं। मेरठी बोली के 'यों' (यह), 'वो', (वह) जैसे सर्वनाम भी प्राप्त होते हैं।

वर्तमान कृदंत के पुल्लिंग एकवचन रूप, 'तो' प्रत्ययांत, पुल्लिंग बहुवचन रूप, 'ते' प्रत्ययांत और स्त्रीलिंग एकवचन 'तो' प्रत्ययांत हैं। भविष्य काल में 'सी' 'से' 'सूं' प्रत्ययवाले रूपों के अतिरिक्त 'गा', 'गी', 'गे' वाले पद भी पर्याप्त

ध्वनि संबंधिनी प्रवृत्तियों में उल्लेखनीय हैं—आद्य लघु को दीर्घ (यथा—पीलाना), दीर्घ को लघु (दुसरा, गुंगे), महाप्राण को अल्पप्राण (हात, देक, मुजे, रकता), दो शब्दों के समास में पूर्व या अपर पद के किसी व्यंजन, स्वर या अक्षर का लोप (यथा कुछ, जलग), कुछ क्रियारूपों में 'ह' या अन्य मध्य व्यंजन का लोप (यथा—कते), 'ह' का पर-व्यंजन में लीन होना (यथा—पछनता) दो मूर्धन्य ध्वनियोंवाले शब्दों में प्रथम मूर्धन्य के स्थान पर दंत्य (यथा—तुटे, थंडी), अंतिम 'म' को 'वं' और 'ग' को 'क' (यथा—नावँ, लोक), कुछ शब्दों में अनुस्वारांतता (यथा—याँ, वाँ, जधाँ, तधां); 'क' का 'ख' जैसा उच्चारण (यथा—'शौक' को 'शौख')।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

व्यवहृत हैं। पूर्वकालिक कृदंत के 'को', 'इ', 'य' पदांतों के साथ खड़ी बोली का 'कर' पदांत भी है। सहायक क्रिया के उल्लिखित रूपों के अतिरिक्त खड़ी बोली शैली के 'हूँ', 'हैं', 'हैं' 'हो' रूप भी बहुधा प्रयुक्त हैं। कुछ अव्यय भी इस शैली के हैं। खड़ी बोली प्रदेश की बोलचाल में व्यवहृत 'काँ', 'याँ', 'वाँ' 'जाँ', 'नई', 'अंगे', 'कने', 'सात', 'मौत' आदि अव्यय दक्खिनी गद्य में स्थान स्थान पर प्राप्त होते हैं।

कुछ गद्यांश द्रष्टव्य हैं—

'इनका माना तहकीक खुदा मिल्लत किया है मुसलमानां होर मुसलमानां की औरताँ को तुमारे तनों में मुहम्मद का नूर रखिया हूँ सो तुमीं बूझो होर जानो हरेक पराई पछांत करना वाजिब है ये बड़ी न्यामत है। ××× आरिफ के आँक सों जिबराईल कों देखना, कानां सो जिबराईल की बातां सुनना, नाक सों जिबराईल की बूई लेना, जबान सों जिबराईल की बातां बोलना, शहबत को जिबराईल लक उसे अँपड़ना, पीर के वाहिदुल वजूद का मुशाहिदा करना तौहीद के दरिया में ठैरना, जिक्रे खफी के महल में वहदहलाशरीका लहू की नींद लेना—इस जागा का हाल पैगंबर अलैहिस्सलाम कहे सो मालूम करना (मेराजुल आशिकीन) अल्लाह करे सो होवे कि कादिर तवाना लोइ् कि कदीमुल कदीम उस कदीम का भी करनिहार सहज सहज सो तेरा ठारो ठार सहज हुआ भी तोज (तुज) थे बार। जधाँ कुछ नहीं भी था नहीं दो चार शरीक कोई नहीं ऐसा हाल समजना खुदा थे खुदा को (कूँ) जिस पर करम खुदा का होते ××× ऐ आरिफ जाहिर तन के फैल सूँ बुजरिया व बातिन कातब दिस्ते। उसका नाँव सूँ मुमकिनुल वजूद दूसरा तन सा भी कि इसका इंद्रियन का विकार वे चेष्टा करन हारा सो नहीं तन, नहीं यू खाक व सुख दुख भोगन हारा जेता त्रिकार रूप वही दूसरा तन, त तूँ नजर कर देख ये तन फहम सूँ गुजरिया तो गुन उसका क्यूँ रहे।' (कलिमतुल हकायक)

'दुवा माँगने का तरीका यों है के हातों दोनों दराज करे। खांदयाँ के मुकाबिल होर दोनों हातों के दरमियानी खड्डा अछे होर दुआ माँगे बाद अज मूं पर सूँ हातों उतारे यो सब सुन्नत है।" (अहकामुस्सलात)।

"न आफत देखे न जलजला अपे भले तो आलम भला, किसी कूं बुरा बोलना यो बिसवास है, भलाई बुराई सब अपने पास है। आपे चल नीं जानते, दुसर्यां पर बुरा मानते, अव्वल अपनी खबर में आपे रहना, पीछे दुसर्यां कूं बुरा कहना, जिनें अपसकूं पछान्या, उने सब जान्या, जिधर ढलना है, उधर अक्ल के उजाले में चलना है'—(सबरस)।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जनमेजय पारीक्षित और उसकी राजधानी

[देवेंद्र हाँडा]

जनमेजय पारीक्षित और उसकी राजधानी के विषय में विद्वानों में कुछ भ्रांतियाँ चली आ रही हैं। प्रस्तुत लेख में विभिन्न विद्वानों के विचारों का विश्लेषण करते हुए नवीन सामग्री के आधार पर जनमेजय पारीक्षित तथा उसकी राजधानी के विषय में विवेचना की जा रही है।

जनमेजय पारीक्षित का सर्वप्रथम उल्लेख हमें ऐतरेय ब्राह्मण[१] में मिलता है जहाँ उसकी चतुर्दिक् विजय और अश्वमेध यज्ञ का वर्णन है। इस यज्ञ में उसका पुरोहित तुरकावेषय था। यज्ञ का घोड़ा आसंदीवत् नामक स्थान पर बाँधा गया था, जैसा ऐतरेय ब्राह्मण में उद्धृत निम्नलिखित गाथा से ज्ञात होता है :

आसंदीवति धान्यदं रुक्मिणं हरितस्रजम्
अबध्नादश्वं सारंगं देवेभ्यो जनमेजय इति ॥

इसके पश्चात् शतपथ ब्राह्मण[२] और शांखायन श्रौत सूत्र[३] में भी जनमेजय के अश्वमेध यज्ञ का उल्लेख है और दोनों में उक्त गाथा भी उद्धृत है। परंतु इन दोनों ग्रंथों में भी पुरोहित का नाम इंद्रोत दैवाप शौनक बताया गया है। बृहदारण्यक उपनिषद्[४] में पारीक्षितों की विगत ख्याति का संकेत है। पाणिनि[५] आसंदीवत् नामक स्थानविशेष से सुपरिचित था, जहाँ अश्वमेध का घोड़ा बाँधा गया था।

१. ऐ० ब्रा० ७. २७ ८. २१.

२. श० ब्रा० ११. ५. ५, १३। १३. ५. ४. १–४.

३. शां० श्रौ० सू० १६. ८, २७–२८। १६. ६, १.

४. बृ० उप० ३. ३.

५. अष्टाध्यायी ४. २, ८६।८. २, १२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आसंदीवत् जनमेजय पारीक्षित की राजधानी थी[६]। इसका समीकरण हस्तिनापुर से किया गया है[७] जिसके नागसाह्वय, नागासाह्वय, नागपुर, गजसाह्वय, गजाह्वय, गजपुर, वारणसाह्वय, वारणाह्वय आदि अनेक नाम थे[८]। इस समीकरण के आधारस्वरूप कोई तर्क उपस्थित नहीं किया गया है। निश्चय ही यह समीकरण ब्राह्मण ग्रंथों में वर्णित जनमेजय पारीक्षित तथा महाभारत युद्ध के पश्चात् राज्य करनेवाले अभिमन्यु के पौत्र जनमेजय पारीक्षित के नामों के मिलने से उत्पन्न हुए भ्रम के कारण किया गया है, क्योंकि अभिमन्यु के पौत्र जनमेजय की राजधानी हस्तिनापुर थी। यह भ्रम महाभारत,[९] भागवत[१०] तथा वराह[११] पुराणों में भी दृष्टिगत होता है। आसंदीवत् और हस्तिनापुर का समीकरण इस भ्रांति पर आधारित होने के साथ साथ कुछ अन्य दोषों से भी युक्त है। इसका विवेचन हम निम्नलिखित पंक्तियों में करने का प्रयत्न करेंगे। परंतु ऐसा विवेचन जनमेजय पारीक्षितों की वंशावलियों तथा तत्संबंधी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के ज्ञान के बिना असंभव सा है, इसलिये पहले हम दोनों जनमेजयों की वंशावलियों को देखते हुए उनकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विचार करते हैं।

सृष्टि का आरंभ भारतवर्ष में मनु से माना गया है। पौरव वंश का प्रारंभ मनु के ही एक वंशज ययाति के पुत्र पुरु से माना जाता है[१२]। पुरु के पुत्र का

६. मैक्डानेल और कीथ कृत वैदिक इंडेक्स, जिल्द १, पृष्ठ ७२; वासुदेवशरण अग्रवाल कृत इंडिया ऐज नोन टु पाणिनि, लखनऊ, १९५३, पृष्ठ ५४, ७१ तथा १४४.

७. ए० डी० पुसालकर, दि वैदिक एज, १९५२, पृष्ठ २५१; हेमचंद्र रायचौधरी कृत पोलिटिकल हिस्ट्री आफ एंश्येंट इंडिया, १९५३, पृष्ठ २३; भगवतशरण उपाध्याय कृत प्राचीन भारत का इतिहास, १९४७, पृष्ठ ४९; पावेलप्राइस, ए हिस्ट्री आफ इंडिया, १९५८, पृष्ठ १९; एच० एच० डाडवेल (सं०), दि कैंब्रिज शार्टर हिस्ट्री आव इंडिया, १९५८, पृष्ठ ८, इत्यादि.

८. एस० सोरेनसन कृत इंडेक्स टु नेम्ज इन दि महाभारत, १९१३, पृष्ठ ३२०.

९. महा० १. ३.

१०. भा० पु० ९. २२, ३५.

११. व० पु० १९३, १–५.

१२. महा० (क्रिटिकल एडीशन) १. ७०, ४५; १, ८९; वा० पु० ९९, २१७–१८, २२९–४९; ब्रह्मा० पु० १३, १०८–२३; हरि० पु० ३२, १८०१–२,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाम जनमेजय था जिसे पार्जिटर ने जनमेजय प्रथम कहा है[१३]। इसी पुरु के एक वंशज सुहोत्र के पुत्र हस्तिन् हुए जिन्होंने हस्तिनापुर की नींव डाली[१४]। हस्तिन् के एक पुत्र का नाम अजमीढ था जो हस्तिनापुर से राज्य करने लगा। अजमीढ के ही वंश में राजा संवरण हुआ जिसे किसी पांचाल राजा से युद्ध में हारकर हस्तिनापुर छोड़कर भागना पड़ा[१५]।

संवरण कई वर्षों तक सिंधु नदी के तट पर भटकता रहा। उसने विवस्वंत ऋषि की पुत्री तपती से विवाह किया और वसिष्ठ नामक ऋषि की सहायता से अपना राज्य पुनः प्राप्त कर लिया। तपती से उसका पुत्र कुरु हुआ। संवरण की शत्रुता पांचालों से बनी रही होगी और उसके पश्चात् भी चलती रही होगी, इसीलिये कुरु ने सरस्वती तथा दृषद्वती नदियों के मध्य भाग को आबाद किया जो उसी के नाम पर कुरुक्षेत्र कहलाया[१६] और उसकी तथा उसके वंशजों की कर्मभूमि बना।[१६अ] कुरु का पुत्र जनमेजय था।[१७] पार्जिटर ने इसे जनमेजय द्वितीय कहा है[१८]। ब्राह्मण ग्रंथों तथा शांखायन श्रौत सूत्र में इसी जनमेजय पारीक्षित के अश्वमेध का निर्देश है क्योंकि उनमें तुरकावषेय तथा इंद्रोत दैवाप शौनक नामक जिन पुरोहितों का नाम अश्वमेध के संबंध में आता है वे इसी जनमेजय पारीक्षित के समकालिक थे[१९]। रायचौधरी ने इस जनमेजय को छायात्मक व्यक्तित्व माना है[२०] परंतु पुसालकर ने सिद्ध किया है कि वह

१८११-२८; मत्स्य पु० ५०. २३- ३४-५६; वि० पु० ४. १६;१९। २, २०; अग्नि पु० २७७.२७, ३१-४०; ग० पु० १. १४०. १५, ३०-४०; भा० पु० ९. २२. ४, ९-३३; पार्टिजर कृत एंश्येंट इंडियन हिस्टारिकल ट्रैडिशन, १९६२, पृष्ठ ८४ और आगे तथा पृष्ठ १४४.

१३. पार्जिटर, पृष्ठ १४४.

१४. महा० (क्रि० ऐ०) १. ९०. ३६.

१५. वही० १. ८९, ३०-३४.

१६. महा० (सातवलेकर एडीशन) ९. ५३, २; महा० (क्रि० ऐ०) १, ८९, ४२-४३.

१६अ. देवराज पाटिल, कल्चरल हिस्ट्री आफ दि वायु पुराण, पृष्ट १२.

१७. सीतानाथ प्रधान कृत क्रोनोलाजी आफ एंश्येंट इंडिया, कलकत्ता, १९२७, पृ० २०.

१८. पार्जिटर, पृष्ठ ११४ और १४८.

१९, पुसालकर, पृष्ठ ३०९.

२०. रायचौधरी, पृष्ठ १२.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वास्तविक व्यक्ति था[२१]। इस जनमेजय पारीक्षित की राजधानी कुरुवंश की कर्मभूमि कुरुक्षेत्र में थी[२२] और, जैसा ऊपर लिखा जा चुका है, उसका नाम आसंदीवत् था।

यहाँ जनमेजय पारीक्षित के अश्वमेध के विषय में विचार कर लेना अनुचित न होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि जनमेजय पारीक्षित ने दो अश्वमेध यज्ञ किए — प्रथम यज्ञ चक्रवर्तित्व की प्राप्ति पर तुरकावषेय के पौरोहित्य में, जिसका उल्लेख ऐतरेय ब्राह्मण में है, और दूसरा यज्ञ गार्ग्य ऋषि के पुत्र को मारने पर ब्रह्महत्या के पाप से बचने के लिये इंद्रोत दैवाप शौनक के पौरोहित्य में, — जिसका उल्लेख शतपथ ब्राह्मण तथा शांखायन श्रौत सूत्र में है। यज्ञ करने पर भी जनमेजय गार्ग्य ऋषि के शाप के प्रभाव से न बच सका और उसे अपना सारा साम्राज्य खोना पड़ा, जिसे वह या उसके पुत्र फिर कभी प्राप्त नहीं कर पाए[२३]। बृहदारण्यक उपनिषद् में भी ऐसा ही संकेत है। इसी कारण महाभारत तथा पुराणों में इस जनमेजय पारीक्षित के श्रुतसेन, उग्रसेन तथा भीमसेन नामक तीन पुत्रों[२४] में से राजा के रूप में किसी का भी वर्णन नहीं हुआ और न इस वंशावली को आगे ही बढ़ाया गया है। इसके पश्चात् महाभारत तथा पुराणों की वंशावलियाँ कुरु के एकेतर वंशज जह्नु को लेकर आगे बढ़ती है क्योंकि अब साम्राज्य जह्नु के वंशजों के हाथ में आ गया था, जो फिर से हस्तिनापुर से राज्य करने लगे। आगे चलकर इसी वंश में पांडव तथा अभिमन्यु हुए जिन्होंने महाभारतयुद्ध में भाग लिया। युद्ध के उपरांत हस्तिनापुर की राजगद्दी पर अभिमन्यु के पुत्र के पुत्र परीक्षित को अभिषिक्त किया गया। परीक्षित की मृत्यु एक ऋषि के शाप से नागों के राजा तक्षक के दंश से हुई। उसके पुत्र जनमेजय ने अपने पिता की मृत्यु के बदले के रूप में एक सर्पसत्र किया जिसमें असंख्य नाग मारे गए[२५]।

२१. पुसालकर, पृष्ठ ३०३।

२२. वही०, पृष्ठ २५३।

२३. वही, पृष्ठ ३१०; पार्जिटर, पृष्ठ ११४।

२४. विष्णु तथा गरुड़ पुराण में इन्हें जनमेजय का भाई माना गया है। भा० पु० के अनुसार जनमेजय की कोई संतान न थी।

२५. महा० (क्रि० ऐ०) १.४७–४६। कुछ इतिहासकारों के मतानुसार यह सर्पसत्र जनमेजय द्वारा नाग जाति पर किए गए ऐतिहासिक आक्रमण का पौराणिकीकृत विवरण है। आगे टिप्पणी ३४ भी देखिए।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस जनमेजय पारीक्षित ने, जो पार्जिटर के अनुसार जनमेजय तृतीय है[२६], एक अश्वमेध यज्ञ का भी उपक्रम किया था, परंतु वह उसे संपूर्ण नहीं कर पाया[२७]।

इस प्रकार हम देखते हैं कि हमें दो जनमेजय पारीक्षितों का वर्णन मिलता है जिनके नामसाम्य के कारण विद्वानों में कुछ भ्रांतियाँ प्रचलित हो गई हैं। रायचौधरी ने जनमेजय तृतीय के सर्पसत्र को कोई ऐतिहासिक महत्व न देते हुए उसकी तक्षशिला विजय को ऐतिहासिक घटना समझा है और इसका आधार माना है ऐतरेय तथा शतपथ ब्राह्मण ग्रंथों में आए जनमेजय द्वितीय के अश्वमेध संबंधी संदर्भों को[२८]। यह एक अनुपेक्ष्य व्यतिक्रम है। इसी प्रकार दि कैंब्रिज शार्टर हिस्ट्री आफ् इंडिया[२९] में तो सर्पसत्र का कर्ता भी जनमेजय द्वितीय को ही बना दिया गया है। इन जनमेजय पारीक्षितों को अभिन्न समझ लेने के भ्रम से ही जनमेजय द्वितीय की राजधानी आसंदीवत को जनमेजय तृतीय की राजधानी हस्तिनापुर से समीकृत कर दिया गया है। यह समीकरण सदोष है और इसका विवेचन हम निम्नलिखित पंक्तियों में करते हैं।

हम ऊपर देख चुके हैं कि हस्तिनापुर की स्थापना जनमेजय द्वितीय के पूर्वज राजा हस्तिन् ने उससे पर्याप्त समय पूर्व की थी। अतः स्पष्ट है कि हस्तिनापुर, जो उससे कुछ समय पूर्व तक राजधानी था और उसके कुछ समय पश्चात् फिर राजधानी बना लिया गया था, उसके समय में भी वैभवशाली एवं महत्वपूर्ण स्थान रहा होगा। ऐसे वैभवशाली और महत्वपूर्ण स्थान को उसके लोकप्रिय और लोकप्रचलित नाम हस्तिनापुर के स्थान पर आसंदीवत् नाम से जानना असंभव सा लगता है। यदि दोनों एक ही स्थान के नाम थे तो निश्चय ही अधिक लोकप्रिय नाम का प्रयोग अधिक संगत प्रतीत होता है। महाभारत तथा पुराणों में हमें हस्तिनापुर के नागसाह्वय, गजाह्वय, वारणसाह्वय इत्यादि अनेक नाम मिलते हैं, परंतु कहीं भी इसका नाम आसंदीवत् नहीं कहा गया है। यदि हस्तिनापुर और आसंदीवत् एक ही नगर के नाम होते तो निश्चय ही हमें हस्तिनापुर के अनेक नामों में आसंदीवत् का नाम भी कहीं न कहीं, अवश्य मिलता। दूसरे, जैसा पहले कहा जा चुका है, आसंदीवत् कुरु की कर्मभूमि कुरुक्षेत्र में था, परंतु हस्तिनापुर कुरुक्षेत्र से पर्याप्त दूर, गंगा के तट पर स्थित है अतः दोनों का समीकरण ठीक नहीं।

२६. पार्जिटर।
२७. हरि० पु० ३. २। ५-६, २८ २९। ३. ४, ११-१७.
२८. पुसालकर, पृष्ठ २२९, पादटिप्पणी ३.
२९. पृष्ठ ६.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस समीकरण के विरुद्ध एक तर्क यह भी है कि आसंदी नामक एक ग्राम का उल्लेख महाभारत[३०] में पाया जाता है जो युधिष्ठिर द्वारा दुर्योधन से माँगे गए पांच गाँवों में से एक था। यह तो सुविदित ही है कि दुर्योधन हस्तिनापुर से राज्य कर रहा था। युधिष्ठिर द्वारा पाँच गाँवों में दुर्योधन की राजधानी को ही माँग लेना कितनी असंगत बात प्रतीत होती है। स्पष्टतः हस्तिनापुर राजधानी थी और आसंदी एक छोटा सा गाँव। हम ऊपर देख आए हैं कि जनमेजय द्वितीय गार्ग्य ऋषि के शाप से अपना साम्राज्य खो चुका था जिसे वह या उसके पुत्र पुनः प्राप्त न कर पाए। उसके पश्चात् हस्तिनापुर को ही राजधानी बना लिया गया था। अतः उसकी राजधानी आसंदीवत् का महत्व कम हो जाना तथा कुछ पीढ़ियों के पश्चात् उसका केवल एक छोटा सा गाँव रह जाना नितांत संभव है। यही छोटा सा गाँव युधिष्ठिर द्वारा माँगा गया था, न कि हस्तिनापुर।

पाणिनि ने अष्टाध्यायी में हस्तिनापुर[३१] तथा आसंदीवत्[३२] दोनों का भिन्न भिन्न निर्देश किया है और दोनों के निर्देशों में कहीं कोई ऐसा संकेत नहीं मिलता कि दोनों एक ही नगर के नाम थे। काशिका में आसंदीवत् का समीकरण अहिस्थल से किया गया है[३३]। हम जानते हैं कि जनमेजय तृतीय ने सर्पसत्र किया था[३४]। उसी सर्पसत्र के स्थान का नाम अहिस्थल पड़ा होगा और यह स्थान उसकी राजधानी हस्तिनापुर से अधिक दूर न होगा। यह असंभव नहीं है कि आधुनिक ऐथल[३५], जो उत्तर रेलवे के लक्सर-हरिद्वार-खंड पर एक स्टेशन है, प्राचीन अहिस्थल हो।

३०. महा० (क्रि० ऐ०) ५. ३१. १४.

३१. अष्टा० ४. २, १०१।

३२. वही० ४. २, ८६। ८. २, १२.

३३. काशिका ८. २, १२.

३४, हमारे विचार से यह सर्पसत्र केवल ऐतिहासिक घटना का पौराणिकीकृत विवरण नहीं है। पंचविंश ब्राह्मण (२५. १५, ३) में जिस प्रकार सर्पों की रक्षा तथा उनके कुशल क्षेम के लिये सर्पसत्र का वर्णन है उसी प्रकार जनमेजय तृतीय का यह सर्पसत्र सर्पों के प्रतिकूल था। "परीक्षित की सर्प द्वारा दंशित होने से मृत्यु कोई अस्वाभाविक या आश्चर्यजनक घटना नहीं है। इस सत्र का उद्देश्य सर्पों की विषैली शक्ति को नष्ट करना रहा होगा।

३५. कपिस्थल से कैथल (देखिए, वासुदेवशरण अग्रवाल, पृष्ठ ७१) की व्युत्पत्ति के समान अहिस्थल से ऐथल की व्युत्पत्ति भाषावैज्ञानिक दृष्टि से भी सिद्ध

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि आसंदीवत् का हस्तिनापुर से किया गया समीकरण युक्तिसंगत नहीं है। अब स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि यदि आसंदीवत् हस्तिनापुर नहीं था तो और कौन सा स्थान था ? आज से पर्याप्त समय पूर्व एक युक्तिहीन संभावना के रूप में आधुनिक आसंद को प्राचीन आसंदीवत् के रूप में प्रस्तुत किया गया था।[३६] आसंद करनाल से ३२ किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में चितांग नदी (प्राचीन दृषद्वती)[३७] के तट पर स्थित है। यह स्थान कुरुक्षेत्र के निकट है, जैसा प्राचीन आसंदीवत् था। इसके अतिरिक्त हम इस सायुज्य के पक्ष में दो अन्य तर्क भी प्रस्तुत करते हैं—एक भाषावैज्ञानिक और दूसरा पुरातात्विक। 'आसंदीवत्' नाम, जैसा महाभारत से ज्ञात होता है, बाद में केवल 'आसंदी' रह गया था। शताब्दियों के पश्चात् इस नाम का आसंदी से केवल आसंद रह जाना अत्यंत संभव एवं स्वाभाविक है। आसंदीवत् आसंदी आसंद भाषावैज्ञानिक दृष्टि से पूर्णतया न्याय्य है। पुरातात्विक दृष्टि से आसंद के अत्यंत प्राचीन होने में कोई संदेह नहीं है। महाभारत में निर्दिष्ट अनेक स्थानों की पुरातात्विक गवेषणा तथा उत्खनन से उन स्थानों से जो विशेष प्रकार के सुरमई रंग के ठीकरे पाए गए हैं, उन्हें आर्य लोगों के साथ संबद्ध किया गया है[३७]। आसंद का वर्णन भी हमें उत्तरवैदिककाल के साहित्य, महाभारत इत्यादि में मिलता है और वे सुरमई रंग के विशेष प्रकार के ठीकरे भी हमें यहाँ से उपलब्ध हुए हैं[३८]। अतः प्राचीन आसंदीवत् का आधुनिक आसंद से यह सायुज्य भाषावैज्ञानिक दृष्टि के साथ पुरातात्विक दृष्टि से भी पूर्णतया न्यायसंगत ठहरता है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवेचन से हमें ज्ञात होता है कि ऐतरेय एवं शतपथ ब्राह्मण ग्रंथों तथा शाखायन श्रौत सूत्र में जिस जनमेजय पारीक्षित का उल्लेख है वह पांडवों से बहुत समय पूर्व हुआ था और उसने दो अश्वमेध यज्ञ किए थे। उसकी राजधानी आसंदीवत् थी जिसका समीकरण आधुनिक आसंद से बिल्कुल युक्तिसंगत है। वह पांडवों के वंशज तथा महाभारत युद्ध के पश्चात् राज्य

होती हैं और हस्तिनापुर से इसकी समीपता इस समीकरण की पुष्टि सी करती है। महा० (निर्णयसागर प्रेस) ९. ३१, १६ में आसंदी के स्थान पर 'अविस्थल' संभवतया अहिस्थल का ही अशुद्ध पाठ है।

३६. रायचौधरी, पृष्ठ २३.

३७. ब्रजवासीलाल, एंश्येंट इंडिया १०-११ (१९५४-५५) पृष्ठ १८ और आगे।

३८. इंडियन आर्कियोलाजी—ए रिव्यू, १९६०-६१, पृष्ठ ६५.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

करनेवाले जनमेजय पारीक्षित से, जिसने एक सर्पसत्र का अनुष्ठान किया था और एक अश्वमेध यज्ञ का उपक्रम जिसे वह संपूर्ण नहीं कर पाया था और जिसकी राजधानी गंगा के तट पर हस्तिनापुर थी, नितांत भिन्न व्यक्ति था। अतः उसके संबंध में जो भ्रांतियाँ हैं वे निर्मूल हैं और उनका कारण केवल दोनों के नाम की समानता है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नियति और पुरुषार्थ के प्रकरण में 'दिनकर'

विकासचंद्र सिन्हा

यद्यपि जीवन और परमपुरुष के प्रकरण में दैव और पुरुषार्थ की गाथा प्रागैतिहासिक काल के भी अनादि अतीत से ही चली आ रही है, तथापि जिस प्रकार 'ब्रह्मविद्या के आदिस्रोत उपनिषद् ही हैं[1] उसी प्रकार दैव का भी मूलोद्गम उपनिषदों से ही उपलब्ध हो जाता है। जिस प्रकार ज्ञानाकांक्षी जिज्ञासुओं की मनस्विता ने ब्रह्मविद्या का आविष्कार किया, उसी प्रकार जनसाधारण की विस्मयविवशता ने, स्रष्टा के प्रकरण में, दैव, नियति वा भाग्य का भी आरोप कर लिया होगा। साधारण जीवन में, किंवा जनसाधारण के जीवन में, यह ब्रह्मविद्या के आगमन के भी पूर्व से चला आता रहा हो तो कोई आश्चर्य नहीं। विशेषकर, इस दृष्टि से कि भ्रांति एवं अज्ञान से ही ज्ञानोदय हुआ, दैवी धारणा की यह स्थिति उपनिषदीय विद्वानों को भी अमान्य नहीं होगी। वस्तुतः इसकी परंपरा की दीर्घता और दृढ़ता ही, प्रकारांतर से, उनके भाष्यों की एकाधिक शंकाओं में प्रतिच्छायित हुई है।[2] किंतु वेदोपनिषद् में पुरुषार्थ का ही स्वर प्रमुख एवं प्रधान है। विघ्नकारकों के रूप में अविद्या आदि अन्य कारणों के साथ देवता की भी सत्ता इंगित हुई है।

किंतु परम पुरुषार्थ की गति सर्वत्र अप्रतिहत मानी गई। यद्यपि यह कहा गया कि—'यस्त्वदूरदर्शी विमूढो हीयते वियुज्येतऽस्मादर्थात् पुरुषार्थात् पारमार्थिका-

१. ईशावास्योपनिषद्, प्रकाशक, गीताप्रेस, गोरखपुर, प्रस्तावना।

२. ननु श्रेयस्यनेके विघ्नाः प्रसिद्धाः अतः क्लेशानामन्यतमेनान्येन वा दैवादिना च विघ्नतो ब्रह्मविदप्यन्यां गतिं मृतो गच्छति न ब्रह्मैव।

—मुंडकोपनिषद्, प्रकाशक वही, मुंडक ३ खंड २, पृ० ११५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्प्रयोजनान्नित्यात् प्रत्ययवत्',[१] तथापि यह भी कहा गया है कि ब्रह्मार्थी पुरुषार्थी के विरुद्ध दैव भी विघ्नसृजन नहीं करते। यह उनके अनुकूल पड़ता है।[२] अन्य प्रकार के पुरुषार्थमार्ग में, अर्थात् 'बाह्य क्रियात्मक' पुरुषार्थमार्ग में ही स्यात् अवरोध उपस्थित करते हैं। ऐसा इसलिये भी कि बाह्य क्रियात्मकता एवं परम-पुरुषार्थ के उद्देश्य आत्मक्रीड़ता में परस्पर विरोध है।[३]

संभवतः यहीं से ब्रह्म से संबंधित तथापि, उससे पृथक् भी, दैव के अनुकूल प्रतिकूल व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व की कल्पना अग्रसर हो कालक्रम से, विवेकशीलों में भी, मान्यता में परिवर्तित हो गई। और यह बाह्य क्रियात्मक पुरुषार्थ ही कालांतर में, साधारण अर्थ में पुरुषार्थ के अभिधान में प्रचलित होकर रूढ़ हो गया।

'ब्रह्म का रहस्य उसी को ज्ञात होता है जिसपर उसकी कृपा होती है।' इस आशय के कथनों के कारण पीछे प्रश्न एवं शंकाएँ बढ़ती ही गईं। प्रश्न हुआ, किसपर उसकी कृपा होती है। यदि उत्तर हो, पुरुषार्थी पर, तो सब पुरुषार्थी क्यों नहीं हैं ? अगर उत्तर हो अविद्या अपकर्मादि के कारण, तो वह जो सर्वप्रेरक है और अविद्या आदि से अधिक समर्थ है—अविद्यात्मक अथवा अविद्याजन्य स्थिति का आरंभ में ही अंत क्यों नहीं कर देता, एवं सर्वत्र समान रूप से सुकर्मात्मक एवं सुखात्मक प्रेरणा ही क्यों नहीं उत्पन्न और परिपुष्ट करता ? सभी आत्मरति एवं आत्मक्रीड़ क्यों नहीं होते ? ऐसी शंकाओं एवं ऐसे प्रश्नों को उपनिषदीय भाष्यों के साथ भी संपृक्त पाकर हम इनकी स्वाभाविकता के संबंध में और भी निःसंशय एवं निर्विरोध हो जाते हैं।

यद्यपि ये प्रश्न उपनिषदों की परिधि को अतिक्रमित वा आक्रांत नहीं करते, तथापि पत्रोपलब्ध उत्तर के मर्म को पाने की चेष्टा एवं धारण करने के धैर्य में मानव मन शनैः शनैः दुर्बल, हतोत्साह और विषण्ण होता गया। कालांतर में वह कभी कभी प्रतिक्रियात्मक भी हो उठा। गौतम बुद्ध की प्रतिक्रिया बहुत कुछ ऐसी ही थी।

१. शांकर भाष्य सहित कठोपनिषद, प्रका० वही, द्वितीया वल्ली, पृ० ४०।
२. देवैरपि तस्य ब्रह्मप्राप्ति विघ्नो न शक्यते कर्तुम्।
आत्मा ह्येषां स भवति।—मुंडकोपनिषद् मुंडक ३, भाष्यक्रम, श्लोक ८-९, प्रकाशक वही, पृ० ११५-११६।
३. ......बाह्यक्रियात्मक्रीडयोर्विरोधात्। वही, तृतीय मुंडक, प्रथम खंड, श्लोक ४, भाष्यक्रम।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निष्कर्ष यह कि आध्यात्मिक व्याख्या में अपूर्णता किंवा दुरूहताबोध अथवा उसके द्वारा अभीप्सित संतुष्टि के अभाव ने, विशेषकर उपर्युक्त पृष्ठभूमि में, लोकानुभूति की सर्वमान्यता में, मानव मन और जिज्ञासा को दैव-नियत-काल आदि की बलशालिता की अवतारणा के लिये प्रेरित कर दिया। उपनिषदीय भाष्यों में दैवरूप में इंगित एवं प्रकारांतर से मान्य न्यूनाधिक भिन्न भासमान सत्ता ने कालक्रम से नियम्य नियामक की मध्यवर्ती स्थिति के कर्षण विश्लेषण के कारण नियति के आगमन अभिनंदन के लिये मार्ग प्रशस्त कर दिया। दैवसंज्ञक विघ्नकरी, विरोधिनी शक्ति धीरे धीरे नियामक के प्रायः समतुल्य होती गई और इसका विनाशक, विघटनकारी विकराल रूप उत्तरोत्तर भीमाकार होता गया। जैसे छांदोग्योपनिषद् का भूमा कालक्रम से श्रीमद्भागवत् में भृकुटिसंयुक्त हो जाता है[1] और जैसे बृहदारण्यक की जलभोज्या अग्निरूपा मृत्यु श्रीमद्भागवत् में देदीप्यमान, तेजोमय कालदेवरूप में एवं अध्यात्मरामायण में ब्रह्मपुत्र महाकाल सर्वहर[2] रूप में प्रकट होती सी दिखाई देती है, वैसे ही श्रीमद्भागवत् और अध्यात्मरामायण में यह (दैव) भी क्रमशः और प्रारब्ध[3] रूप में प्रकट होता पाया जाता है। श्रीमद्भागवत् में यह परमात्मा के पुरुषरूप को पृथक् दैवरूप में बहुवार कथित हुआ। यथा :

एतद्भगवतोरूपं ब्रह्मणः परमात्मनः।
परं प्रधानं पुरुषं दैव कर्म विचेष्टितम्॥ ३॥

— स्कंध ३, अध्याय २९।

(यह परब्रह्म परमात्मा भगवान् का रूप प्रधान पुरुष रूप है, उससे पृथक् रूप को दैव कहते हैं। — अनुवाद, गीता प्रेस)।

दैवहूति-कपिल-संवाद में, स्कंध ३, अध्याय २८ में दैव की व्यापकता इस प्रकार ध्वनित हुई :

१. अन्ये पुनर्भगवतो भ्रुव उद्विजृंभविभ्रंशितार्थ रचनाः किमुरुक्रमस्य। —श्रीमद्भागवत, तृतीय स्कंध, २९वाँ अध्याय; श्लोक ८ का अंश।

२. मायासङ्गजो वीरकालः सर्वहरः स्मृत : — अध्यात्मरामायण, उत्तरकांड, सर्ग ८, श्लोक २३ —पूर्वार्ध।

३. बुद्ध्यादिभ्यो बहिः सर्वमनुवर्तस्व मा खिदः।
भुंजन्प्रारब्धमखिलं सुखं वा दुःख मेव वा॥ ४१॥
— अध्यात्मरामायण, अयोध्याकांड, सर्ग ४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देहोपि दैववशगः खलुकर्म जावत्स्नारंभकं
— प्रति समीक्षत एव सासु :

— श्लोक ३८ का अंश।

निष्कर्ष यह कि दैव वा नियति की स्वीकृति, नियति के प्रति प्रवृत्ति अथवा इसके प्रति आस्था चाहे जिज्ञासा, विवशता, असमर्थता, लोभ, भय, प्रतिक्रिया अथवा असंतोष का ही साक्षात्-असाक्षात् परिणाम क्यों न हो, किंतु यह विश्वसाहित्य में न्यूनाधिक सर्वत्र पाई जाती है। मृत्यु, व्याधि अथवा वस्तुस्थिति की व्याख्या में बौद्धिक असमर्थता अथवा असंतोष ने इसके लिये अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल अवतरणभूमि प्रस्तुत की होगी। नियत्यार्थक दैव के व्यापक स्वरूप की व्याख्या और उसकी अप्रतिहत सत्ता का कथन लोकार्थ रचनाओं में प्रथमतः आदिकाव्य वाल्मीकि रामायण में सविस्तार एवं स्पष्टतः उल्लखित हुआ। वाल्मीकि के राम लक्ष्मण से कहते हैं :

यदचिंत्यं तु तद्दैवं भूतेष्वपि न हन्यते।
व्यक्तं मयि च तस्यां च पतितो हि विपर्ययः[1] ॥ २० ॥

(जो समझ के बाहर हो उसका नाम दैव अथवा भाग्य है। भाग्य की रेखा को ब्रह्मा भी नहीं मिटा सकते। इसी दुर्निवार्य दैव ने मुझमें और कैकेयी में इतना भेदभाव उत्पन्न कर दिया है।)

यह नियति कभी अनुकूल होती है और कभी प्रतिकूल। अनुकूलता एवं प्रतिकूलता, विधान की इन दोनों दुर्निवार्य क्षमताओं से युक्त इसकी सत्ता बारंबार उद्घोषित होती रही है। तथापि, प्रतिकूलता विधान में इसे स्वभावतः अधिक स्मरण किया गया है। राम इसकी अपरिहार्य शक्ति के संबंध में कहते हैं :

कश्चिद्दैवेन सौमित्रे योद्धुमुत्सहते पुमान्।
यस्य न ग्रहणं किंचित्कर्मणोऽन्यत्र दृश्यते ॥ २१ ॥[2]

(हे लक्ष्मण ! कर्मफल भोगने के सिवाय जिसके जानने का अन्य कोई साधन नहीं है, उस दैव अथवा भाग्य से लड़ने का कौन पुरुष साहस कर सकता है ?)

सुखदुःखे भयक्रोधौ लाभालाभौ भवाभवौ।
यच्च किंचित्तथा भूतं ननु दैवस्य कर्म तत् ॥ २२ ॥[3]

१. वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकांड, । सर्ग २२, अनुवादक, चतुर्वेदी द्वारका-प्रसाद शर्मा, प्रकाशक रामनारायण लाल।
२. वही।
३. वही।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(देखो, सुख दुःख, भय क्रोध, हानि लाभ और जीवन मरण तथा अन्य बातें जो इन्हीं के समान हैं वे सब दैव के ही कृत्य हैं।)

उपर्युक्त तथ्य की स्वीकृति रामचरितमानस में इस प्रकार है :—हानि-लाभ-जीवन मरण, जस-अपजस विधि हाथ।

दैव के कर्म को समझाते हुए राम कहते हैं :-- असंकल्पितमेवेह यदकस्मात्प्रवर्तते, निवर्त्यरिम्भमारब्धं ननु दैवस्य कर्म तत् ।। २४ ।।

दैव के कर्म को समझाते हुए राम कहते हैं—असंकल्पितमेवेह यदकस्मात्प्रवर्तते निर्वत्यरिम्भमारब्धं ननु दैवस्य कर्म तत (जिसे करने के लिये कभी विचार भी न किया हो और वह अचानक हो जाए और जिस काम को विचार कर करो वह न हो, बस इसी को कर्म समझना चाहिए।)

भाग्य की परिधि की व्यापकता एवं उसकी अपकारिणी क्रिया के विवरण एवं अनुभूति के प्रकरण में ये पुनः कहते हैं—

ऋषयोऽप्युग्रतपसो दैवेनाभिप्रपीडिताः
उत्सृज्य नियमांस्तीव्रान्भ्रंश्यन्ते काममन्युभिः ॥२३॥[1]

(बड़े बड़े कठोर तप करनेवाले तपस्वी लोग भी भाग्य के द्वारा सताए जाने पर, अपने उग्र नियमों का परित्याग कर काम और क्रोध से भ्रष्ट हो जाते हैं।)

पुनश्च :

न लक्ष्मणास्मिन्खलु कर्म विघ्ने
माता यवीयस्यति शंकनीया।
दैवाभिपन्ना हि वदत्यनिष्टं
जनासि दैवं च तथा प्रभावं ।।३०।।[2]

(हे लक्ष्मण ! राज्य मिलने में विघ्न पड़ने का कारण मेरी छोटी माता कैकेयी है, ऐसी शंका तुम अपने मन में कभी न करना, क्योंकि दैव के वशवर्ती होकर लोग अनिष्ट बातें कह डाला करते हैं। दैव का प्रभाव तो तुमको मालूम ही है।)

जिस प्रकार पुरुषार्थ काव्य के प्रणेता आदिकवि वाल्मीकि नियति के प्रति आस्थावान् हैं उसी प्रकार देशी विदेशी अन्य अनेक पुरुषार्थ काव्यकार भी।

१. वही, रामनारायण लाल।
२. वाल्मीकि रामायण, अयोध्याकांड, सर्ग २२।
३. वही, पृ० २६७।
४ 'मानव पुरुषार्थ के सर्वोत्तम स्वरूप को लेकर, इन दोनों काव्यों की रचना हुई।'— काव्यरूपों के मूलस्रोत और उनका विकास, पृ० ४७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विशेषकर, मृत्यु के प्रसंग में ये अपेक्षाकृत अधिक निर्वाक्, निरुपाय अतः आस्थावान् पाए जाते हैं। अंग्रेजी साहित्य के प्रथम महाकाव्य 'बियोयुल्फ' में क्रमशः साइल्ड एवं बियोयुल्फ के निधन पर नियति के आदेश की अनिवार्यता, इसकी निर्णायिका, नियामिका नियति का अथवा प्रेरणाशक्ति इस प्रकार व्यंजित हुई है :

'देन साइल्ड डिपार्टेड, ऐट वर्ड आव वायर्ड स्पोकेन
द हिरो टु गो टु द होम आव गाड्स
नो लेस् गिफ्ट दे गेव देन द अननोन प्रोविडेल
ह्वेन एलोन, ऐज ए चाइल्ड ही केम इन फ्राम द मियर ॥३॥
...एंड वायर्ड वाज ड्राइंग नाइ
हू नाउ मस्ट मीट एंड टच दि एजेड मैन
...ऐट होम आइ ब्रेटेड
फौर द टाइम दैट वायर्ड कंट्रोल्स[४] ॥

नियतिवादी साथ साथ ईश्वरवादी हुआ करते हैं। वे न केवल मरण की वरन् मरण एवं आगमन की मध्यवर्ती आधि व्याधि, सुखादि की भी चर्चा किया करते हैं। बियोयुल्फ के प्रणेता भी ईश्वर के घर और अज्ञात के नियम एवं दान का संकेत करते तथा जीवनसीमा का उल्लेख करते हैं। यह सांसारिक आच्छादन वस्तुतः यात्री के सामयिक आवास, मार्गगत पड़ाव मात्र के समान है। प्रसंगवश इस क्रम में हम निम्नलिखित पंक्तियाँ स्मरण कर सकते हैं :

यथा ग्रामान्तरं गच्छन्नरः कश्चित्क्वचिद्वसेत्
उत्सृज्य च तमावासं प्रतिष्ठेतापरेऽहनि ॥५॥
एवमेव मनुष्याणां पिता माता गृहं वसु।
आवास मात्रं काकुत्स्थ सज्जन्ते नात्र सज्जनाः ॥६॥

—अयोध्याकांड, अध्याय १०८।

नियति का अभिज्ञाता आस्तिक चौसर भी जगज्जीवन एवं जगदावास से भिन्न, लोकोत्तर एक अन्य जीवन एवं आवास की ओर आमंत्रित करता हुआ 'ट्रुथ आर गुड काउंसेल' में, उद्बोधनार्थ कहता है :

दैट दी इज सेंट, रिसेइन इन बक्सिमनीज
द रैस्लिंग फौर दिस वर्ल्ड ऐक्सेथ ए फाल
हर निस ननहूम, हर्निस बट वाइल्डरनेस
फोर्थ पिलग्रिम, फोर्थ ! फोर्थ बस्टि, आउट आव दे स्टाल,
नो दाइ कंट्री, लुक अप, थैंक गौड आव आल,
होल्ड द हाइवे एंड लेट द गास्ट दी लीड
एंड ट्रुथ शैल डेलिवर, हिट इज नो ड्रीड।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चौसर का परवर्ती एवं मिल्टन का पूर्ववर्ती, शेक्सपियर भी नियति के प्रति कम जागरूक नहीं है। यद्यपि वह भी सद्गुण की विजय में, चौसर और 'मास्क आव कोमस' के प्रणेता मिल्टन की ही तरह विश्वासी है एवं उसी की भाँति किसी अन्य सत्ता के प्रति आत्मसमर्पण करने को कदापि उद्यत नहीं है, तथापि उसकी रचनाओं में भी नियति के आक्रोश, आशंकाएँ एवं अनुकंपाएँ[1] प्रकार प्रकार के पात्रों के संपर्क में स्थल स्थल पर मूर्तिमान हो उठी हैं :

१. टु बी, आर नाट टु बी; दैट इज द क्वेश्चन,
ह्वेदर 'टिज नोब्लर इन द माइंड टु सफर
द स्लिंग्स ऐंड ऐरोज आव आउट रेजियस फारच्यून
आर टु टेक आर्म्स अगेंस्ट ए सी आव ट्रबुल्स
ऐंड बाइ अपोजिंग एंड देम ?

—हैमलेट, अंक ३, दृश्य १।

२. ऐंड फारच्यून आन हिज डैम्ड क्वैरेल स्माइलिंग
शोड लाइक ए रिबेल्स ह्वोर, बट आल्ज टू वीक
···'लाइक वैलर्स 'मिनियन'

मैकवेथ, अंक १, दृश्य २।

३. 'फारच्यून, गुड नाइट, स्माइल वंस मोर, टर्न दाइ ह्वील'

—किंग लियर, अंक २, दृश्य २।

वा

'फारच्यून, दैट ऐरैंट ह्वोर,
नेवर टर्न्स द की टु द पुअर।'

४. फेट, शो दाइ फोर्स; अवरसेल्व्स वी डू नाट ओ;
५. ह्वाट इज डिक्रीड मस्ट बी, ऐंड बी दिस सो[2]

—ट्वेल्फ्थ नाइट, अंक १, दृश्य ५।

१. शेक्सपियर के प्रसादांत नाटकों में इनका अनुकंपाप्रवण स्वरूप प्रायः इंगित हुआ है। एवं इससे स्थल स्थल पर अनुकूलता प्रसारण की योजना की गई है यथा—

२. फारच्यून फारबिड, माइ आउटसाइड हैव नाट चार्म्ड हर'

—वही, अंक २, दृश्य २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उपर्युक्त की पृष्ठभूमि में प्रासंगिक विषय का अधिक विस्तार न कर निष्कर्ष में इतना ही कह देना अलम् होगा कि विश्व के महान् कवियों, साहित्यकारों, आदि की रचनाराशि में नियति का एक स्पष्ट स्तूप है। इस स्तूप पर हम वाल्मीकि, व्यास, बियेवुल्फ के प्रणेता, कालिदास[१], चौसर, शेक्सपियर, मिल्टन एवं सूर और तुलसी से लेकर आधुनिक हिंदी तक के महान् मर्मशिल्पियों को उत्कीर्ण पा सकते हैं। अर्थात् नियति का प्रश्न कालक्रम से एक शाश्वत प्रश्न सा बना दिखाई देता है। जिस किसी महत् रचना में जीवन का व्यापक क्षेत्र विस्तृत अनावृत हुआ वहाँ इसे भी एक अंचल अवश्य उपलब्ध हो गया है। किंतु सर्वत्र इसे श्रद्धा आस्था ही मिली हो, और वह भी स्पष्टतः, ऐसी बात नहीं है।

अतीत की तुलना में, विशेषतः आज के भौतिकवादी घोर अश्रद्धा के युग में, नियति के प्रति अनास्थापूर्ण विद्रोही भाव व्यक्त करनेवाले एकाधिक विचारक उपलब्ध हो रहे हैं। द्वंद्वात्मकताप्रधान मार्क्सवाद, यत्किंचित फ्रायड-वाद आदि से प्रभावित विचारकवर्ग कार्य कारण-संबंध-संस्थापन में असमर्थ हो नियति की ओर नहीं मुड़ते, विज्ञान और अनुसंधान की ओर मुड़ते हैं। वे संघटनकारिणी परिस्थिति को समझने की चेष्टा करते हैं। उसे समझकर अनुकूल रूप में सँभाल लेने की मानव शक्ति में आस्था प्रकट करते हैं। अनेक अघटित घटनाओं को घटा देखकर वे न तो निर्वाक् होते हैं, न हतप्रभ, न किंकर्तव्यविमूढ़, वरन् उत्साहसप्राण होकर कारणान्वेषण के लिये कृतसंकल्प होते हैं। वे यह मानते हैं कि जीवनजगत् के विविध क्षेत्रों में अनुवीक्ष्य अनेक सूक्ष्मताओं के मर्म तक मानव अभी प्रवेश नहीं पा सका है। हठात् वा तत्क्षण प्रवेश पा भी नहीं सकता। किंतु कालक्रम से मानव की सक्रिय बुद्धि सब स्पष्ट कर देगी। वे नियति को अमान्य कर उसकी सत्ता में अविश्वास प्रकट करते हैं एवं पुरुषार्थ को मानव भाग्याभाग्य का कारक कारण मनते हैं। उनकी दृष्टि में नियति नाम की ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो मनुष्य के क्रियाकलापों का नियंत्रण अथवा उसके भाग्य पर शासन करे। मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता, विधाता वा विध्वंसक स्वयं है। वे :

१. भरत के यह पूछने पर कि माँ ये कौन हैं, जो मुझे पुत्र कह रहे हैं, कालिदास की शकुंतला का' उत्तर था, कि "बेटा, अपने भाग्य से पूछो और पूर्वमेघ में यक्ष मेघ से कहता है—

तेनार्थित्वं त्वयि विधिवशाद्दूर बन्धुर्गतोऽहं
यांचा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥ —पूर्वमेघ—६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अजगर करै न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका कह गए, सब के दाता राम ॥

पर तो क्या कान देंगे, इसे भी नहीं स्वीकारेंगे कि 'भ्राम्यण सर्वभूतानि यंत्रारूढ़ानि मायया।'

जहाँ पुरुषार्थवादी परिस्थिति की अनुकूलता प्रतिकूलता को आलोच्यार्थ अनुशासनार्थ, अनुसंधानार्थ अथवा ऐसे ही अन्य कारणों से महत्व देता है, वहाँ नियतिवादी परिस्थिति की इस अनुकूलता प्रतिकूलता, समता विषमता के कारणों को कर्पित करता हुआ उसे नियति और दैव के आश्रित कर देता है एवं इस प्रकार पुरुषार्थ पर भी नियति का प्रभाव प्रतिष्ठापित कर देता है। बहुत स्वाभाविक है कि पुरुषार्थवादी नियतिवादियों की इस स्थापना में, और अधिक जिज्ञासा एवं और अधिक अनुसंधान के लिये औदास्य एवं अवज्ञा की स्थिति में प्रयत्नलाघव की मनोवृत्ति की गंध पाएँ। ज्ञात की सीमा के अतिक्रमण में हतोत्साहजन्य अरुचि के आभास में उनके आत्मविश्वास का स्पष्ट अभाव उन्हें दिखाई दे जाए तो कोई आश्चर्य नहीं।

किंतु पुरुषार्थवादी मरण के प्रसंग में भी अनुत्साहित नहीं हैं। कभी प्रजनन पर मानव आधिपत्य का उद्घोष उन्हें आस्थावान् बना जाता है तो कभी यह सूचना कि विज्ञान की प्रक्रिया से एक स्कंध पर दो सग्रीव शिर संचालित हो रहे हैं (एक मूल, एक आरोपित) अथवा यह सूचना कि अस्वस्थ, क्षत हृदय को वैज्ञानिक मोटर से स्थानांतरित कर मानवजीवन संताप पा रहा है उन्हें आशावान् रखने के लिये अल्प नहीं है। प्राणरस एवं प्राणवायु के रहस्योद्घाटन के लिये निरंतर अन्वेषणात्मक अध्ययन जो अग्रसर हो रहा है वह पुरुषार्थवादियों के संबंधित आशावाद को उत्तरोत्तर प्राणपुष्ट करता जा रहा है।

अतः संबंधित प्रश्न के प्रकरण में परिशीलन करते हुए हम कालक्रम से कम से कम दो विचारमंडल पाते हैं। ऐसे दो विचारमंडलों एक वह जो नियति की अत्यंत अवज्ञा करता है और दूसरा वह जो नियति में अटूट श्रद्धा प्रकट करता है—को छोड़कर तीसरा भी एक मंडल है।

यह तृतीय मंडल उपर्युक्त दो मंडलों में मानो सामंजस्य संस्थापन की चेष्टा में यह मत प्रकट करता पाया जाता है कि नियति और पुरुषार्थ वस्तुतः सहगामी हैं, प्रतिगामी नहीं। भाग्य पुरुषार्थ का प्रेमी और सहायक है। यद्यपि ये मानते हैं कि पुरुषार्थ वा कर्तृत्वशक्ति के अभाव में प्रायः व्यक्ति का उदय नहीं होता, तथापि ये यह भी पाते हैं कि बहुधा नहीं तो कभी कभी अवश्य प्राणी का पुरुषार्थ वांछित फलोत्पन्न करने में असफल हो जाता है। ऐसी मंदभाग्यता किंवा नियति के अभिलेख के कारण होती है। निरुद्यमी भी कभी कभी, बिरले

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही सही, अप्रत्याशित सुखद जीवनदशा को प्राप्त होता है। ऐसा नियति की अनुकंपा से होता है। ये यद्यपि वैदिक ऋषियों की एतत्संबंधी पूर्वकृत कर्मात्मक व्याख्या सुन लेते हैं, तथापि इनकी आत्मा नियति की ओर ही अभिमुख रहती है।

निष्कर्ष यह कि ये इस लोकानुभूति की अवज्ञा नहीं करते कि जीवनक्रम में यदा कदा पुरुषार्थी भी श्रीहत पाए जाते हैं और निरुद्यमी भाग्याधारी भी श्रीमंत। तथापि ये इस प्रत्यक्षानुभूति से भी नहीं हटते कि पुरुषार्थी बहुधा श्रीहत नहीं, श्रीमंत ही पाए जाते हैं। अतः इन कीनिष्पत्ति है कि नियति का पुरुषार्थ से प्रातीप्य नहीं सामीप्य संबंध है।

हिंदी के आधुनिक काल के अग्रणी साहित्यिकों एवं कविपुंगवों में कतिपय जिन्न मूर्धन्य व्यक्तियों को इस प्रश्न ने अपेक्षाकृत अधिक आकर्षित-आंदोलित किया है, वे हैं :गुप्त, 'प्रसाद' और 'दिनकर'।

जिस प्रकार गुप्त जी की रचनाओं में उनके पात्रादि भाग्य और पुरुषार्थ के प्रति श्रद्धा और आस्था प्रकट करते हैं, उसी प्रकार 'प्रसाद' जी की अधिकांश रचनाओं में भी विशेषकर नाटकों में, श्रद्धा आस्था का यह प्रश्न प्रायः उदित होता रहता है। नियति और पुरुषार्थ का वहाँ पुनः पुनः उद्ग्रीव होना ही यह सूचित करता है कि इसने उन्हें विशेष रूप से आकृष्ट किया है।

स्व० श्री मैथिलीशरण गुप्त की दो कीर्तिस्तंभ रचनाओं की इन पंक्तियों का उल्लेख इस प्रसंग में अनपेक्ष्य नहीं होगा :

(क) 'अबल तुम्हारा राम नहीं, विधि भी इसपर वाम नहीं।[1]'
(ख) 'आए खेत पर ही दैव ओले[2]'
(ग) 'न जाने दैव को स्वीकार क्या है ?'
'रहो, देखूँ कि यह व्यापार क्या है ? — साकेत
(घ) 'भले ही दैव का बल दैव जाने, पुरुष जो है न क्यों पुरुषार्थ माने ?[3]'
(ङ) 'नियति सी पास बैठी कैकेयी थी[4]'

१. साकेत, पंचमावृत्ति, २००१ वि०, पृष्ठ ७७।
२. वही, पृ० ७०।
३. वही, पृ० ६३।
४. वही, पृ० ५४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(च) 'भाग्यवश रहते हैं बस दीन, वीर रखते हैं उसे अधीन।'[५]

(छ) 'नाथ कहाँ हो हाय तुम ? मैं अदृष्ट के हाथ।'[६]

(ज) 'मेरी नियति न क्षेत्रमय ये बीज अब भी बो रही। मैं भार फल की भावना का व्यर्थ ही क्यों ढो रही ?'[७]

(त) 'फिर भी गोपा के कपाल में कहाँ आज यह भोग ?'[८]

उपर्युद्धृत उदाहरणों से सिद्ध होता कि गुप्त जी नियति और पुरुषार्थ के महत्व पर दृष्टिनिक्षेप करना चाहते हैं। उनके मस्तिष्क में, जीवन में, इसकी महिमा एवं इसकी ग्राह्यता अग्राह्यता संबंधी द्वंद्व, विद्यमान है। स्पष्ट ही, उनकी रचनाओं में स्थल स्थल पर पुरुषार्थ के प्रति भी अतिमान्य भाव प्रदर्शित हुए हैं, तथापि जहाँ वे पुरुषार्थ की प्रबलता प्रतिध्वनित करते हैं, वहाँ वे विवेक और साहस से ही ऐसा करते पाए जाते हैं; यथा, 'साकेत' में लक्ष्मण के द्वारा झुँझलाहट और आक्रोश की अवस्था में एवं 'यशोधरा' में सिद्धार्थ द्वारा न्यूनाधिक समानांतर अवस्था में। अन्यथा वे अधिकांश में नियति की सत्ता स्वीकार करनेवाले ही हैं। ऐसा न होता तो उनके इतने पात्रों के भाव-विचार-विश्वास आदि नियति से आच्छादित न होते और न स्थितिविशेष की समता विषमता में प्रायः नियति का स्मरण ही करते पाए जाते।

स्व० गुप्त जी के ऊपर विविध भारतीय दर्शन के गूढ़ाध्ययन का एवं तज्जन्य वातावरण का यथेष्ट संस्कार रहा। अतः वे केवल नियतिवादी ही नहीं, मानवतावादी भी हैं। इसलिये वे केवल नियति में ही नहीं, कर्म में भी विश्वास प्रदर्शित करते हैं। तुलसी की इन पंक्तियों की नाईं :

'काहु न कोउ सुख दुःख कर दाता।
निज कृत करम भोगु सब भ्राता'॥

गुप्त जी की यशोधरा की इस पंक्ति में भी —'निज कर्मों की ही कुशल सदैव मनाऊँ' कर्म के प्रति बलवती आस्था प्रदर्शित करने का प्रयत्न है। किंतु उपर्युक्त पंक्ति के ठीक पूर्व की पंक्ति — 'भोगें इंद्रिय, जो भोग विधानविहित है।' में भाग्य की भी महिमा साथ ही समर्थित हुई है। अतः यद्यपि गुप्त जी नियति को

५. वही, पृष्ठ ३६।
६. यशोधरा, पंचमावृत्ति, १९९८ वि०, पृष्ठ ६०।
७. वही, पृ० ८७।
८. वही, पृष्ठ ४८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अप्रत्यक्ष मानकर भी नियतिवादिता के प्रति ही अधिक झुके हुए हैं, तथापि वे पौरुष के कर्तृत्व में अविश्वासी नहीं हैं। वे यह मानते हैं कि सुकर्म का फल सुंदर होता है। नियति अप्रत्यक्ष है, पुरुषार्थ की उपलब्धि प्रति दिन की प्रत्यक्षानुभूति।

वस्तुस्थिति तो यह है कि, जीवन-काव्य-प्रणेताओं ने ऐकांतिक अथवा आत्यंतिक नियतिवादिता को कभी भी अपने अनुकूल नहीं पाया। वस्तुतः, जो केवल नियतिवादी है, वह न तो नियतिवादी ही है, न पुरुषार्थवादी ही। वह है मात्र आलस्यवादी। स्व० गुप्त जी आलस्यवादी कभी नहीं हैं। अतः आप भाग्य और पुरुषार्थ में न्यूनाधिक सामंजस्य संस्थापनार्थ मानव मन को प्रेरित करते दिखाई देते हैं। निष्कर्ष यह कि भाग्य-पुरुषार्थ-वादी उपर्युक्त मंडलों में आप तृतीय मंडल में आसीन होंगे।

कथित प्रसंग में, श्री जयशंकर 'प्रसाद' के मानस के परिशीलनक्रम में, हमें श्री गुलाबराय की इन पंक्तियों का स्मरण हो आता है—'जनमेजय के नागयज्ञ में वेदव्यास जी को नियतिवादी दिखलाकर 'प्रसाद' जी ने इस ओर अपना झुकाव दिखलाया है। यह नहीं कहा जा सकता कि स्वयं उनके विचार क्या हैं।[१]

केवल 'नागयज्ञ' में नहीं ही नहीं, 'प्रसाद' के अन्य नाटकों में भी, नियति संबंधी उनकी धारणा अभिव्यक्ति हुई है। गुप्त जी के पात्रों की भाँति ही 'प्रसाद' जी के पात्र भी समय समय पर नियति और पुरुषार्थ के प्रति प्रतिक्रिया प्रदर्शित करते पाए जाते हैं। 'प्रसाद' जी की रचनाओं से अवतरित ये उद्धरण हमारी पूर्वोक्त एवं परवर्ती स्थापनाओं को बल प्रदान करेंगे :

(क) 'तब तो अदृष्ट ही कुमार के जीवन का सहायक होगा'।[२]

(ख) 'सो तो उनको अपने बाहुबल और भाग्य पर विश्वास है।'[३]

(ग) 'जीवन नियति के आदेश पर चलेगा ही ?
तो क्या यह मेरा जीवन भी अपना नहीं।'[४]

(घ) 'नहीं महाराज ! अदृष्ट तो मेरा सहारा है। नियति की डोरी पकड़कर मैं निर्भय कर्मकूप में कूद सकता हूँ। क्योंकि मुझे विश्वास है कि जो होना है, वह तो होगा ही, फिर कायर क्यों बनूँ—कर्म से क्यों विरक्त रहूँ ?'[५]

१. 'प्रसाद' जी की कला, गुलाबराय, प्रसाद की विचारधारा, पृष्ठ १७२।
२. ध्रुवस्वामिनी, पृष्ठ १३।
३. वही, पृष्ठ १४।
४. वही, पृष्ठ २८।
५. अजातशत्रु, अंक १, पृष्ठ ४५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ङ) 'नियति सुंदरी के भवों में बल पड़ने लगा है।'[1]

(च) 'तुम नहीं जानते कात्यायन, इसी सिल्यूकस ने चंद्रगुप्त की रक्षा की थी! नियति अब इन्हीं दोनों को एक दूसरे के विपक्ष में खड्ग खींचे हुए खड़ा कर रही है।'[2]

(छ) 'तो नियति कुछ अदृष्ट का सृजन कर रही है।'[3]

(ज) 'जीवित हूँ नंद! नियति सम्राटों से भी प्रबल है।'[4]

इस प्रकार हम पाते हैं कि 'प्रसाद' जी की रचनाओं में भी नियति के प्रति आस्था एवं उसकी सत्ता में विश्वास छाया हुआ है। गुप्त जी की तरह ही 'प्रसाद' जी भी पौराणिक ऐतिहासिक साहित्य एवं भारतीय दर्शन के मनस्वी अध्येता रहे हैं। भारतीय दर्शन के सार गीता के दृष्टिकोण से ये भी स्पष्टतः प्रभावित हैं। अतः इनकी रचनाओं में भी समन्वय एवं तज्जन्य समरसता की चेष्टा कम नहीं है। विविध दर्शनों के विवादी स्वरों का शमन समन्वय में है, इस तथ्य को वे स्वीकार करते हैं। विरोध का आरंभिक उत्तर समर्पण वा संहार कार्य नहीं, सामंजस्यचेष्टा है। ऐसे विचार में उनकी अनुरक्ति है। ये भी नियति के साथ पुरुषार्थकर्म के सामंजस्य संस्थापन के प्रयासी हैं। इसलिये, भाग्य के साथ बाहुबल की चर्चा के स्थल इनकी रचनाओं में थोड़े नहीं हैं। 'अजातशत्रु' के विरुद्धक की माता अपने पुत्र को पुरुषार्थ करने का आदेश देती है और 'चंद्रगुप्त' की अलका कहती है: 'वे वीर हैं मालव, उन्हें विश्वास है कि मेरा कुछ कार्य है, उसकी साधना के लिये प्रकृति, अदृष्ट दैव या ईश्वर कुछ न कुछ अवलंब जुटा ही देगा'[5]। अर्थात् पुरुषार्थी को दैवादि की भी सहायता मिल ही जाती है, वह कर्मक्षेत्र में निरवलंब अथवा एकाकी असहाय नहीं रह जाता। यह भाव यहाँ स्पष्टतः अभिव्यंजित है।

यद्यपि 'चंद्रगुप्त' ने चाणक्य के इस वाक्य में—तब हमलोग जिस सृष्टि में स्वतंत्र हों, उसमें परवशता क्यों मानें? चाणक्य के द्वारा दो क्षण के लिये दैव को अमान्य कर देने के संघर्ष का प्रयास पाकर प्रो० सत्येंद्र एम० ए० 'प्रसाद' जी के पात्रों के संबंध में लिखते हैं—"सभी नियतिवादी हैं, पर चंद्रगुप्त में नियति का यह

१. चंद्रगुप्त, प्रथम अंक, पृ० २८।
२. वही, चतुर्थ अंक, पृ० १७४।
३. वही, पृ० १७१।
४. वही, तृतीय अंक, पृ० १४६।
५. वही, चतुर्थ अंक, पृ० १८०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

खेल भी बदला हुआ है।[१] तथापि पूर्वोद्धृत उदाहरणों से ही यह विदित होगा कि उक्त चंद्रगुप्त नाटक में भी एकाधिक स्थलों पर, अन्य पात्रों को तो छोड़िए, स्वयं चाणक्य भी नियति को स्वीकारता आया है। एवं श्री सत्येंद्र के उद्धरण में भी दृश्यजगत् में नियति की सत्ता की अमान्यता के संबंध में चाणक्य का हृदय संघर्ष ही कर रहा है। उसका शंकाग्रस्त पग वस्तुतः विश्वासशृंखला को छिन्न-भिन्न कर नियतिपरिधि को पादाक्रांत करने में अपेक्षित ओज का अभाव अनुभव कर रहा है। अतः वह स्पष्ट निर्णय प्रदान करने में असमर्थ है। 'प्रसाद' जी के पात्र विशेषकर सद्गुणोंपेत वा पुरुषार्थी पात्र, नियति की एकांत उपेक्षा कर ही नहीं सकते क्योंकि पात्रकार की आस्था अनास्था से वे अछूते नहीं रह सकते। यह उनके साथ है।

'प्रसाद' जी को जहाँ कहीं स्वतंत्र कथनसंयोजन का एतत्संबंधी अवसर मिला है, वहीं उन्होंने नियति में अपनी आस्था का उद्घोष किया है। कामायनी की अधोद्धृत पंक्तियाँ 'प्रसाद' जी की नियतिवादिता की अनुच्छेदस्थापना करेंगी :

(क) चल रहा था विजन पथ पर मधुर जीवन खेल, दो अपरिचित से नियति अब चाहती थी मेल।[२]

(ख) देखते थे अग्निशाला से कुतूहल युक्त, मनु चमत्कृत निज नियति का खेल बंधनयुक्त।[३]

(ग) इस नियति नटी के अति भीषण अभिनय की छाया नाच रही। खोलती शून्य में प्रतिपद असफलता अधिक कुलाँच रही।[४]

(घ) तांडव में थी तीव्र प्रगति, परमाणु विकल थे, नियति विकर्षणमयी, त्रास से सब व्याकुल थे।'[५]

(ङ) नियति खेल देखूँ न, सुनो अब इसका अन्य उपाय नहीं।'[६]

(च) कर्मचक्र सा घूम रहा है यह गोलक, बन नियतिप्रेरणा।[७]

१. 'प्रसाद' जी की कला, श्री गुलाबराय, 'प्रसाद' जी के नाटक और पात्रकल्पना पृ० १२।
२. कामायनी, वासना, पृ० ६५।
३. वही, पृ० ६६।
४. वही, इड़ा पृ० १२२।
५. वही, संघर्ष, पृ० १५६।
६. वही, रहस्य, पृ० १८६।
७. वही, पृ० १०१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(छ) नियति चलाती चक्र यह तृष्णाजनित ममत्व वासना[1] ।

उपर्युक्त उद्धरण क, ख, और घ, में स्वयं कवि मुखर है। शेष, ङ, च और छ, में कवि का शक्तिरज्ज-जर्जरित विगतोन्माद मनु, एवं ग में आशंकित, ग्लानि से आतंकित, पथभ्रांत मनु ।

इनके अतिरिक्त अन्य प्रकार से भी विषयविशेष के संबंध में कवि के अभिमत को पकड़ा जा सकता है। जबतक किसी वस्तु की अनुकूलता प्रतिकूलता वा प्रकारान्य की उसकी सत्ता में उसका श्रद्धाविश्वास न हो, तब तक वह अपनी रचनाओं में यत्र तत्र सर्वत्र उसके स्तवन में शब्दांकन नहीं करेगा। 'प्रसाद' जी की रचनाराशि में ऐसे स्तवन स्थल स्थल पर मिलते हैं ।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर हम निश्चय ही कह सकते हैं कि 'प्रसाद' जी नियतिवादी हैं, तथापि वे कर्म और पुरुषार्थ में भी यत्किंचित् आस्था रखते हैं। वे कर्म और पुरुषार्थाश्रयण करना इसलिये चाहते हैं कि पुरुषार्थ को दैव वा नियति की सहायता की आशा है। और वे यह भी मानते हैं कि जब जो नियत है वह घटेगा ही, तो कर्म और पुरुषार्थ के त्याग से ही परिस्थिति में कोई सुधार वा उत्कर्ष आने को नहीं। अतः नियति की डोरी पकड़कर कर्मकूप में कूदना ही उचित है। नियति पर निर्भर रहकर पुरुषार्थ का परित्याग अनुचित है, अश्रेयस्कर भी। 'प्रसाद' जी यह मानते हैं कि भाग्यवाद मानव के लिये संतोषदायक एवं आश्वासनकारक अवश्य है, तथापि यह मानव जीवन के कर्ममय पक्ष को प्रेरणा न देकर अधिकांश में आहत ही करता है। इसलिये इनकी रचनाओं में भी प्रथममंडलागत अतिस्पर्शी विचार आहत न हुए, वरन् वहाँ से कर्मसंदेश ही निर्गत हुआ।

निष्कर्ष यह कि नियतिवादी होकर भी पुरुषार्थ, भुजबल, कर्म आदि की उपेक्षा न करनेवाले 'प्रसाद' जी भी सामंजस्यवादी प्रवृत्ति के द्योतन के कारण तृतीय मंडल में ही परिगणित होंगे। तथापि 'प्रसाद' जी के संशयालु विश्वास पर नियतिवादिता का रंग गहरा है ।

एकाधिक शाश्वत[2] प्रश्नों पर विचार करनेवाले कतिपय गण्य मान्य आधुनिक कवियों में 'दिनकर' एक हैं। उनका विचारप्रधान कविस्वरूप, कवित्वमय

१. वही।

२. 'कुरुक्षेत्र' में युद्ध और शांति जैसी शाश्वत समस्या पर विचार किया गया है।—राय कृष्णदास।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चिंतन के अनुपम निदर्शन 'कुरुक्षेत्र'[१] में विशेष रूप से प्रस्फुटित हुआ है। प्रतिपाद्य युगप्रश्न[२] किंवा शाश्वत प्रश्न के प्रति यहाँ वे अन्यत्र से अधिक जागरूक हैं। अतः वर्तमान पृष्ठभूमि में यह विवेचन भी अपेक्ष्य है कि जिस 'कुरुक्षेत्र' की भावधारा का उद्गम वेदव्यास का महाभारत है[३] उसके कवि के मस्तिष्क में नियति पुरुषार्थ का संबंधस्वरूप कैसा है। 'दिनकर' और वेदव्यास की तत्संबंधी धारणा में कितना साम्य वा वैषम्य है एवं इस प्रकरण में इनके भीष्म और उनके भीष्म में कितना आनुरूप्य वा प्रातीप्य है।

मानव के प्रति कृत अनय से क्षुब्ध कवि का दर्पयुक्त पौरुषाभिमानी मनुष्य दुष्ट दैव के दंभदलन के लिये यह कहकर कृतसंकल्प होता है :

प्रेम बिरवा आँगन में रोप,
रहे थे हम जब हिल मिल सींच।
अचानक कुटिल नियति ने मुझे,
लिया उस दिव्य लोक से खींच।
× × ×
मिटा दूँगा ब्रह्मा का लेख,
फिरा लूँगा खोया निज दाँव।
चलूँगा निजबल हो निःशंक,
नियति के सिर पर देकर पाँव॥

—रसवंती

और आगे जिस 'दिनकर' का पुरुषार्थप्रेम 'सामधेनी' में कहता है—

१. 'चिंतन कितना कवित्वमय किया जा सकता है, उसका विचित्र निदर्शन इसमें मिलता है'।—मैथलीशरण गुप्त (कुरुक्षेत्र पर संमति)।

२. बाहुबल अथवा आत्मबल, निवृत्तिमार्ग अथवा प्रवृत्तिमार्ग का प्रश्न आज सारे विश्व के सामने नए रूप में आ खड़ा हुआ है। 'दिनकर' ने इन सामयिक प्रश्नों का समाधान करने का प्रयत्न किया है।—'राष्ट्रभाषा', वर्धा (कुरुक्षेत्र पर संमति)

३. जो इसे पढ़ेगा वह महाभारत का हृदयसर्वस्व पा जाएगा।—शांतिप्रिय द्विवेदी।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

साँसों में बाँधो महाकाश,
मारुतपति नाम तुम्हारा है,
नाचती मही को थिर करना,
योगेश्वर! काम तुम्हारा है।[1]

तथा वहीं मानव शक्ति एवं पौरुष की प्रकर्षपूर्ण एवं प्रतिपन्न स्थिति—यौवन—के कर्तृत्व के प्रकाशनार्थ जो पुरुषार्थप्रगाढ़ इन प्रज्वलित पंक्तियों की सर्जना करता है :

"प्रभात शृंग से घड़े सुवर्ण के उंड़ेलती,
रँगी हुई घटा में भानु को उछाल खेलती,
तुषारजाल में सहस्र हेमदीप बालती,
समुद्र की तरंग में हिरण्यधूलि डालती,
सुनील चीर को सुवर्ण बीच बोरती हुई,
धरा के ताल ताल में उसे निचोड़ती हुई,
उषा के हाथ की विभा लुटा रही जवानियाँ"।[2]

× × ×

खगोल में धुआँ बिखेरती प्रतप्त श्वास से,
भविष्य को पुकारती हुई प्रचंड हास से,
उछाल देवलोक को मही से तोलती हुई,
मनुष्य के प्रताप का रहस्य खोलती हुई,
विराट् रूप विश्व को दिखा रहीं जवानियाँ"।[3]

उसी दिनकर के भीष्म 'कुरुक्षेत्र' में मनुष्य की कर्तृत्वशक्ति एवं पुरुषार्थ के गौरव पर प्रकाश डालते हुए सघोष कहते हैं :

"इस भुज, इस प्रज्ञा के संमुख
कौन ठहर सकता है?
कौन विभव वह जो कि पुरुष को
दुर्लभ रह सकता है?" —'कुरुक्षेत्र'।

१. सामधेनी, हे मेरे स्वदेश, पृष्ठ ३०।
२. वही, जवानियाँ, पृष्ठ ७४–७५।
३. वही, पृष्ठ ७६–७७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वे जानते हैं कि मनुष्य की नई प्रेरक जिज्ञासाएँ एवं सिंधुमंथन में दक्ष सुबलिष्ठ भुजाएँ प्रकृति के सारे रहस्यों को सहज ही हस्तामलकवत् कर सकती हैं। इच्छा मात्र से मनुष्य धरती को स्वर्ग में परिणत कर सकता है। उद्यमी नरों के लिये असाध्य वा असंभव कुछ भी नहीं है। मनुष्य अपनी स्थिति का सुधार स्वयं कर सकता है। मानव के सुख दुःख में नियति वा भाग्य का हाथ नहीं है। उद्यम निरुद्यम, पुरुषार्थ अपुरुषार्थ से ही सुख दुःख आविर्भूत होते हैं। अतः कोई पुरुषार्थी भी अगर यह समझता है कि उसकी अनुकूल स्थिति दैवानुकंपा से है, सौभाग्य के कारण है, तो वह भ्रम में है। प्रत्यक्ष प्रकृति किसी भाग्यबल से नहीं, मानव पुरुषार्थ से पराभूत, अधिकृत एवं अनुशासित होती है। अतः अनुष्ण अनुत्साही व्यक्ति ही नियति वा भाग्य पर विश्वास करते हैं। अन्यथा, जो वीर, साहसी और पौरुषवान् हैं, वे पुरुषार्थ से नियति की वक्रता को बरबस ऋजु कर देते हैं।

"प्रकृति नहीं डरकर झुकती है
कभी भाग्य के बल से,
सदा हारती वह मनुष्य के
उद्यम से, श्रमजल से।

× × ×

ब्रह्मा का अभिलेख पढ़ा
करते निरुद्यमी प्राणी,
धोते वीर कुअंक भाल का
बहा भ्रुवों से पानी—

—कुरुक्षेत्र, पृष्ठ १०६।

× × ×

ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने
भुजबल से ही पाया है।"

—वही।

भाग्यवाद, उनके अनुसार, पाप का आवरण है, अपनी दुर्बलताओं को भाग्यदि की दुहाई देकर ढँकने का प्रवंचनापूर्ण प्रयास है। वह पीड़ित व्यक्ति जो अपनी दीन हीन अवस्था को दैवी इच्छा अथवा नियति का अभिलेख मानकर उसके सुधारार्थ अथवा अनयमूल के उच्छेदनार्थ अग्रसर नहीं होता, वस्तुतः अपनी अकर्मण्यता ही प्रकट करता है। अन्यायी शोषक भी तब शोषण उत्पीड़न से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पराङ्मुख न होकर उनकी दयनीयता को दैवी कह उनके प्रति छलपूर्ण सहानुभूति प्रदर्शित करता हुआ उन्हें पुनः पुनः प्रवंचित करने की, चेष्टा करता है।

भीष्म पुनः कहते हैं कि भाग्यवादी से किंचित् पूछ देखो कि यदि विधि का अंक ही प्रबल है तो वसुधा स्वयं ही क्यों नहीं मानवों के पग पर रत्न उड़ेल देती है। उन्हें उतना परिश्रम पुरुषार्थ क्यों करना पड़ता है?

भाग्यवादी किंतु कवि के भीष्म के इस प्रश्न का उत्तर सहज ही प्रदान कर देगा और वेदव्यास का महाभारत भी तब मौन न रहेगा। स्वयं भीष्म भी, महाभारतकार वेदव्यास के, जो स्वयं कम पुरुषार्थशील नहीं है, इस संबंध में अपना एक मत रखते हैं। तथापि, उनका मत अधिकांश में पुरुषार्थाश्रयी है। अन्यथा, वेदव्यास की अनेक गाथाएँ[1] भाग्यवादियों का साथ देंगी कि जो भाग्यांकित है वही होगा एवं जो होगा वह सुनिश्चित है, पूर्वनियोजित है। अतः जो अभीप्सित है किंतु भाग्यांकित नहीं, वह नहीं होगा। वसुधा तब, वहीं और तभी रत्न उगलेगी जब और जहाँ रत्न उगलना पूर्वनियोजित है, भाग्याधारित है। भाग्यप्रेरित प्राणी ही एतादृश प्रयास भी करता है एवं उसी के कारण कोई मार्गांत तक जाता है, कोई अर्धमार्ग से ही प्रत्यावर्तित हो जाता है एवं कोई संकल्प कर ही विमूढ़ हो मुक्तिव्याकुलता में उसका परित्याग कर देता है। अर्थात् उनका निष्कर्ष होगा कि नियति द्वारा जो नियत है, उसमें तिल मात्र भी अंतर संभव नहीं[2]। निर्धारित क्रियाप्रणालियों में, निर्धारित अंश में निर्धारित प्रतिभाएँ निःसृत होकर निर्दिष्ट रहस्यो-पलब्धि में कृतकार्य वा विफल होती हैं। सफलताओं विफलताओं का अंत नहीं है, तथापि सर्वत्र यथांकित है। नियति जिस प्रकार सफलताओं के उत्स को उन्मुक्तकर सकती है उसी प्रकार प्रत्यूहों का पहाड़ भी खड़ा कर सकती है।

कवि के भीष्म को भाग्यवाद में अविश्वास एवं कर्म-फल-भोग में पर्याप्त संशय है। पूर्वजन्म परजन्म में उन्हें श्रद्धा नहीं और न जन्मांतरभोग में ही। उनकी दृष्टि के शल्य तो वे छल-छद्म-सेवी समर्थ भाग्यवादी हो रहे हैं जो कहते हैं कि धनिक वर्ग, श्रीमंत कुवेरकुलोद्भव समुदाय, अपने पूर्वार्जित पुण्य के प्रताप

१. अनुशासनपर्व दैव पुरुषार्थ संबंधी गाथा में यद्यपि आंदोलित स्थिति है एवं निश्चय का अभाव सा दिखाई देता है तथापि यह स्पष्ट कहा गया है: किंतु उससे यह नहीं समझना चाहिए कि दैव कुछ है ही नहीं, क्योंकि सारे जगत् की प्रवृत्ति ही दैव के अधीन है।

२. हे शचीपते ! दैव का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। — अनुशासनपर्व, पांचवा अध्याय, इंद्र-शुक-संवाद।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

से ही उपभोग की वर्तमान परिस्थिति को प्राप्त है। मानव सुख के सम्यक् विभाजन में विश्वास करनेवाले समतावादी इस भीष्म के लिये ऐसे तर्क असह्य हैं। अतः वह जुगुप्सा और विद्रोह में भरकर कहता है :

और मरा जब पूर्वजन्म में
वह धन संचित करके,
विदा हुआ न्यास समर्जित
किसके घर में धर के ?

—कुरुक्षेत्र।

ऐसे प्रवंचक, परपीड़कों के प्रति भीष्म का यह आक्रोश तो ठीक ही है, किंतु, इससे दार्शनिक भाग्यवादियों का सिद्धांत किसी प्रकार आहत नहीं होता। क्योंकि तब उनका तर्क होगा कि यह ठीक है कि जो वर्तमान जीवन मात्र को सत्य मानता है, विगत में जिसका विश्वास ही नहीं, वह इस विगत के प्रति कुतूहल ही प्रकट करेगा। वर्तमान का अतीत से संबंध जोड़ने में अक्षम वह अतीत की दृष्टि से वर्तमान की व्याख्या करने में स्वभावतः असमर्थ होगा। अतः इस दशा में वह कैसे ज्ञानाधीन कर सकता है कि किसने किस रूप में कहाँ पापपुण्यार्जन किया अथवा कौन किस विगत कर्माकर्म का परिणाम पा रहा है ? जिस प्रमाणाधार पर ऐसा व्यक्ति सिद्ध कर सकेगा कि प्राणिविशेष जो, आज स्थलविशेष में कायाबद्ध हो सुख-शांति-लाभ कर रहा है, वह उस स्थल को ही साक्षात् असाक्षात् रूप में कुछ दे नहीं गया था[1] ? स्मृति साथ नहीं देती, यह दूसरी बात है।

निष्कर्ष यह कि पूर्वजन्मवादी, कर्म-फल-विश्वासी भाग्याधारी के इस विश्वास को छिन्न भिन्न करने के लिये प्रयोगवादी पुरुषार्थी को प्रथम तो पूर्व एवं परजीवन, पूर्वजन्म एवं परजन्म के संबंध की परीक्षा करनी होगी, तब व्यक्तिविशेष के गतागत जीवन की आलोचना करनी होगी; तभी वह इस संबंध में कोई निर्णयात्मक, स्वीकार्य संमति प्रेषित कर सकेगा, अन्यथा यह दुःसाध्य है, क्योंकि नियतिवादियों को अपने पक्ष के पोषणार्थ और कुछ नहीं तो कम से कम अनेक विश्रुत गाथाएँ तो हैं ही, आगे भी बनती चल सकती हैं। अतः जबतक इनके विपक्षी ऐसा नहीं कर पाते तबतक इन प्रश्नों को खड़ा कर वे स्वभावतः स्वयं ही इनमें उलझ जाएँगे।

१. निरंतर कुछ राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय मनोविज्ञान संस्थान ऐसी घटनाओं के परीक्षण विश्लेषण में लगे हुए हैं जिनमें विगत जीवनस्मरण की चमत्कारी सूचना मिलती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किंतु 'दिनकर' जी के भीष्म को विषय के इस पक्ष को ध्यानाधीन करने का अवकाश नहीं। अभीष्ट पुरुषार्थ के पोषण में वे पुनः कहते हैं कि भाग्य के नहीं, इस पुरुषार्थ के ही अधीन सब कुछ है :

'नरसमाज का भाग्य एक है
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके संमुख झुकी हुई
पृथ्वी, विनीत नभतल है।

इसी स्थल पर व्यास के भीष्म के नियति-पुरुषार्थ-संबंधी दृष्टिकोण से भी अवगत हो लेना उचित है। हम देखते हैं कि न केवल व्यास के भीष्म ने ही स्थल स्थल पर इस संबंध में अपनी संमति प्रकट की है, अपितु व्यास के सद्गुणसंपन्न कुछ अन्य पात्रों ने भी इस प्रसंग में यदा कदा अपने अपने विचार प्रकट किए हैं। एक, भीष्म पर्व का ही अवलोकन कर हम पाते हैं कि धृतराष्ट्र, संजय तथा कर्ण से लेकर भीष्म एवं व्यास प्रभृति सभी एक प्रकार से नियतिवादी ही रहे हैं। पुष्ट्यर्थ निम्नोधृत पंक्तियाँ अवलोक्य हैं :

(क) "अब आप सुनें और वृथा दुःखी मत हों, क्योंकि यह सब भावी है।"[1]
(संजय, धृतराष्ट्र से)

(ख) "हे संजय ! मैं तो समझता हूँ कि जो कुछ हो रहा है वह सब दैवाधीन है।"[2]
(धृतराष्ट्र, संजय से)

(ग) "जो होनहार है उसे कोई टालना चाहे तो वह टाला नहीं जा सकता। ऐसा कौन पुरुष है जो अपने पुरुषार्थ से दैवी घटनाओं को रोक सके।"[3]
(कर्ण, भीष्म से)

(घ) 'जो होनहार था वही हुआ है, पुरुषार्थ से कोई भाग्य को पलट नहीं सकता है।"[4]
(भीष्म, कर्ण से)

इस प्रकार व्यास के अनेक पात्र नियतिवादी हैं। नियति की सत्ता में उनका विश्वास तो निश्चय ही स्पष्ट है। उसकी प्रबलता भी अधिकांश में मान्य है। अपने अनेक पात्रों की नियतिवादिता के कारण स्वयं व्यास भी यद्यपि निर्विवाद ही

१ भीष्मपर्व, १५वाँ अध्याय (अनुवाद), पृ० ४७।
२ वही, ६५ वाँ अध्याय, पृ० २३८।
३ वही, अध्याय १२, पृ० ४३६।
४ वही, पृ० ४३५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नियतिवादी सिद्ध होते हैं, तथापि अपनी नियतिवादी आस्था को और भी स्पष्टतः अभिव्यक्त कर देने के लिये ही मानो भीष्मपर्व में अवसर निकालकर उन्होंने धृतराष्ट्र के प्रति यह उक्ति की है:—

"हे नरेंद्र! अवश्यंभावी टल नहीं सकती। अतः इसके लिये तुम्हें शोक करना उचित नहीं।"[1]

अतः इस प्रसंग में व्यास-दिनकर-प्रातीप्य प्रायः प्रत्यक्ष है। व्यास के भीष्म भी यद्यपि अधिकांश में नियतिवादी ही हैं, तथापि हम पाते हैं कि अनुशासनपर्व में दैव-पुरुषार्थ-संबंधी युधिष्ठिर के प्रश्न का उत्तर देते हुए भीष्म ने वशिष्ठ और ब्रह्मा के इस आशय के संवाद की चर्चा की थी जो इस प्रकार है और जिससे दिनकर के भीष्म की पुरुषार्थास्था मिलती है एवं जो भीष्म के द्वारा कथित होने के कारण स्वयं भीष्म की दृष्टि को भी बहुत कुछ निश्चय ही अभिव्यक्त करता है—"जैसे बिना बीज के खेत जोतना व्यर्थ है, वैसे ही पुरुषार्थ के बिना भाग्य भी नहीं फलता। किंतु इससे यह नहीं समझना चाहिए कि दैव कुछ है ही नहीं। क्योंकि सारे जगत् की प्रवृत्ति ही दैव के अधीन है। अकेले दैव में इतनी सामर्थ्य नहीं कि, वह कुमार्ग में जानेवाले को समार्ग पर ले जाए। गुरु का अनुसरण करनेवाले शिष्य की तरह दैव भी कर्म के पीछे पीछे चलता है। देवता, नक्षत्र, नाग, सूर्य, चंद्रमा और यक्ष पुरुषार्थ के बल पर ही मनुष्य से देवता हुए हैं।[2]

अतः महाभारत के भीष्म नियति की सत्ता स्वीकार कर भी पुरुषार्थ से पराङ्मुख नहीं हैं। वे पुरुषार्थ की महिमा से भी परिचित हैं। इसकी क्षमता में विश्वास करते हैं। और यद्यपि वरीयता की दृष्टि से वे कहीं कहीं पुरुषार्थ के पक्ष में ही मत देंगे, तथापि इस संबंध में उनका मानस भी संशय एवं आंदोलन की स्थिति से ऊपर नहीं उठा है और निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उनकी आत्मा भी वस्तुतः दोनों के सामंजस्य से ही संतृप्त होगी।

प्रसंगविशेष में, वातावरणविशेष में, एकाधिक बार, व्यास के भीष्म के पुरुषार्थस्तवन के कारण भी मानो 'दिनकर' जी के भीष्म को पौरुषमहिमा का नियति आच्छन्नकारी विस्तार करने का अवसर प्राप्त हो गया। तथापि महाभारत के भीष्म के इस कथन के—'तब भी मैं पौरुष को दैव से अधिक मानता हूँ'—अभाव में भी स्वभाव से ही पौरुषप्रेमी "दिनकर" के भीष्म इस प्रश्न के प्रकरण में पौरुष-महिमा-स्तवन में ही संलग्न होते।

१. वही, अध्याय २, पृ० ५।

२. महाभारत, अनुशासन पर्व, छठा अध्याय, दैव और पुरुषार्थ।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यद्यपि 'दिनकर' जी भी नियति की एकांत उपेक्षा करने में आद्यंत कृतकार्य नहीं हुए हैं, तथापि यह उनके उत्कट पौरुषप्रेम का ही परिणाम है कि व्यास के भीष्म की, कई स्थलों पर, नियतिश्रद्धा देखकर भी तथा अन्य प्रसंगों में प्रायः सर्वांशतः व्यासीय होते हुए भी उनके भीष्म वर्तमान प्रसंग में व्यासीय भीष्म से अधिक उग्र व्यक्तित्व और अधिक नियतिविरोधी दृष्टिकोण रखते हैं।

'दिनकर' जी और व्यास जी में भी इसपर किंचित् मतवैभिन्य है। 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठ सर्ग में जब 'दिनकर' जी का बंधन-व्यवधान-हीन व्यक्तित्व विमुक्त होता है तब वह नियति की दासता के प्रति स्वतंत्र रूप से क्षोभ प्रकट करता हुआ कहता है कि इसकी सत्ता स्वीकार कर मानव अपने पौरुष का अपमान करता है। आज की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ, मानव की विशाल विस्मयकारी सफलताएँ किसी नियति की अनुकंपा अथवा अभिमुखता का परिणाम नहीं, अपितु पुरुषार्थ की कृतकार्यता के परिणाम हैं। कवि का नियतिक्षोभ और पुरुषार्थ का जयघोष, क्रमशः, इस प्रकार निःसृत और निनादित है :

"हाय रे मानव, नियति का दास।
हाय रे मनुपुत्र, अपना आप ही उपहास"

× × ×

"पूर्वयुग सा आज का जीवन नहीं लाचार"

× × ×

शीश पर आदेश कर अवधार्य,
प्रकृति के सब तत्व करते हैं मनुज के कार्य
मानते हैं हुक्म मानव का महावरुणेश,
और करता शब्दगुण अंबर वहन संदेश।
नव्यनर की मुष्टि में विकराल
हैं सिमटते जा रहे प्रत्येक क्षण दिक्काल।
यह प्रगति निस्सीम! नर का यह अपूर्व विकास!
चरण-तल भूगोल! मुट्ठी में निखिल आकाश!"

यद्यपि आधुनिक तर्क, विज्ञान एवं बुद्धि के भौतिकवादी युग में कुछ विचारक भाग्य एवं नियति की उपेक्षा एवं पौरुष का आत्यंतिक स्तवन करते दिखाई देते हैं, तथापि, अल्पाधिक, यह उनके संस्कारगत विश्वास एवं प्रयोगवादी युग के प्रमाणान्वेषी, वैज्ञानिक, प्रमाणाधारी, तर्क के संघर्ष का परिणाम है। इस संघर्ष के परिणामस्वरूप जो पुरुषार्थ का जयघोष करते हुए नियति की एकांत उपेक्षा करते पाए जाते हैं, उनमें सब नहीं तो अधिकांश स्वयम् आत्मप्रवंचना करते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हैं। स्वयं अपनी स्वाभाविक प्रवृत्ति के स्वरूपज्ञान में भ्रमित होते हैं, अथवा आवरण पर आवरण डाल उसे प्रच्छन्न कर देने का प्रयास करते हैं।

किसी भी देश का जागरूक प्राणी यदि दुर्बल क्षणों में आविर्भूत अपने भावों की परीक्षा करे तो स्यात् उसे यह जानकर आश्चर्य होगा कि वह अपने सारे प्रचारोद्देश्यपूरित अथवा अवांतरनिष्ठ तर्कों की विद्यमानता में भी अंतःकरण से प्रायः नियतिवादी ही है। यह दूसरी बात है कि कितने ही पुरुषार्थप्रेमी परमोद्यमी कर्मठों को इस आत्मनिरीक्षण का उनके संकुल जीवम में अवसर ही न मिले।

अतः शक्तिसंपन्नावस्था में, सफलताओं के सोपान पर मनुष्य चाहे तो प्रमादपूर्वक इसकी असीम उपेक्षा कर ले, किंतु दुर्बल असहाय क्षणों में मानव प्रायः इसी का शरणाश्रयी होता है।

उपर्युक्त संघर्ष की छाया गुप्त जी और 'प्रसाद' जी में भी विद्यमान है। तथापि उनकी रचना में प्रमाद का रंग प्रगाढ़ न होकर उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति का ही स्वरूप निखरा है। वहाँ उनके युग की प्रवृत्ति, उनकी अनुभूति एवं उनकी संशयास्था का संमिलित रूप उतर आया है।

एवं उपर्युक्त नियतिप्रवृत्ति, देवाभिमुखता 'दिनकर' जी में भी संलक्ष्य है। यद्यपि 'दिनकर' जी के भीष्म 'कुरुक्षेत्र' के सप्तम सर्ग में सगर्व कहते हैं :

"सब हो सकते तुष्ट, एक सा
सब सुख पा सकते हैं।
चाहें तो पल में धरती को
स्वर्ग बना सकते हैं।"

तथापि, षष्ठ सर्ग के 'दिनकर', सांकेतिक रूप से ही सही, देवता की ओर झुकते हैं एवं पुरुष के कर्तृत्व में विश्वास रखकर भी उसका धैर्यध्वतर हृदय ईश्वर के प्रति प्रार्थनापूर्ण प्रश्न प्रेषित करता है :

"साम्य की वह रश्मि स्निग्ध, उदार,
कब खिलेगी, कब खिलेगी विश्व में भगवान्?
कब सुकोमल ज्योति से अभिषिक्त
हो, सरस होंगे जलीसूखी रसा के प्राण?"

यद्यपि उसने यह जान लिया है, कि विधिविशेष से युद्धांत हो जायगा, शांति का साम्राज्य छा जायगा, अनर्थकारण विषमता का अंत हो जायगा और यह विधि है वैषम्योन्मूलन एवं समताप्रसार की विधि, फिर भी वह ईश्वर से पूछना चाहता है कि मानव कब अपने प्रयास में सफल होगा? ईश्वर कब उसकी सहायता कर उस सुदिन का दान देंगे? मानव के लिये उस सुदिन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का देखना कब बदा है ? और यहीं मानव का यह पुरुषार्थाभिमान कि वह चाहे तो पल में धरती को स्वर्ग बना सकता है– स्वयं कवि की ही लेखनी और प्रार्थना से दलित हो जाता है[1]।

अतः चूँकि 'दिनकर' जी की निरंतर साधनासिक्त प्रतिभा अभी अपनी क्षमता के उत्कर्ष पर से काव्यरत्नाकर की ऊर्मियों को अधिक से अधिक स्वर्णदान देने को उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही है, इसलिये इस कथित प्रवृत्ति को संलक्ष्य कर यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि कालक्रम से स्यात्, 'दिनकर' जी भी नियति-स्थिति की स्पष्ट स्वीकृति के लिये विवश हों एवं पुरुषार्थ के साथ इसके सामंजस्यसंस्थापन को प्रेरित हों और अंततोगत्वा इनके उत्कट पुरुषार्थप्रेम की चरम परिणति आध्यात्मिक पुरुषार्थ के अभीप्सित वैशिष्ट्य में हो।

ऐसे भी, पुरुषार्थ की चरम परिणति आध्यात्मिक पुरुषार्थ के अभीप्सित् वैशिष्ट्य में ही अभिप्रेत प्रतीत होती है। किंतु कालशंपाओं के विषम व्याघातों से प्रादुर्भूत नैराश्य ने जीवनप्राण के प्रज्वलनशील प्रवाह के लिये अपेक्षित पुरुषार्थप्रेम को उत्तरोत्तर अधिकृत, आच्छादित एवं आक्रांत कर आत्मविश्वास का दलन हनन कर दिया। वस्तुतः शक्ति के दलन एवं पराक्रम के पराभाव से उत्पन्न नैराश्य ने ही अतीत में भारत के भीरुओं को, पुरुषार्थ से पराङ्मुख कर, यहाँ की जनता को आत्मविश्वासहीन आतंकपूर्ण वातावरण में निपातित कर, एवं उन्हें निरुपाय निरवलंब बनाकर आवश्यकता से अधिक ईश्वराभिमुख कर दिया था। स्वस्थ वातावरण में भक्तिभावना से ईश्वराभिमुख होना एक बात होती, किंतु ये तो अधिकांश में भय, लाचारी; निराशा एवं पराश्रय की हीन भावना से प्रेरित होकर, विशेषकर अकर्मण्यता की मानसिक स्थिति से ग्रस्त होकर, ईश्वर, दैव आदि की ओर आकर्षित हुए थे। और, शनैः शनैः, प्रकारांतर से, अपने को मात्र भाग्याधीन छोड़कर ही आश्वस्त हो जाने का अभ्यास करने लगे थे।

अतः यद्यपि अभी, पुरुषार्थप्रेमी 'दिनकर' की रचनाओं की पुरुषार्थान्दोलित शिराओं प्रशिराओं की पीनता प्रचुरता से यही निर्णय निर्गत होता है कि कथित संघर्ष का पुरुषार्थाश्रयी सर्वाधिक उद्दाम रूप 'दिनकर' जी में विद्यमान है

१. कवि की, प्रकरण संबंधी धारणा में न तो रश्मिरथी में और न उर्वशी में ही कोई उल्लेख्य अंतर आया है। उर्वशी में तो प्रारब्ध का एक छोटा मोटा प्रकरण ही मानो आ धमका है जो एक प्रकार से नियति-सत्ता-उद्घोष में कालिदास के विक्रमोर्वशी के भी एतत्संबंधी संकेतों से अधिक सघोष एवं मूर्तिमान है, पर थोड़ा कर्म-संपर्कअ-भिमुख अवश्य है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

एवं इस दृष्टि से आपको अभी अपनी स्पष्टोक्तियों के कारण भाग्य पुरुषार्थवादियों के प्रथम मंडल में ही प्रतिष्ठित करना अधिक समीचीन होगा, तथापि आपके पुरुषार्थप्रेम की प्रवृत्ति आध्यात्मिक पुरुषार्थ की दिशा में उन्मुख है। उर्वशी में यह प्रवृत्ति अपेक्षाकृत अधिक स्पष्ट है।

किंतु अभी जितना भी स्पष्ट है, सोद्देश्यता की दृष्टि से उतना भी कम नहीं है। राष्ट्रजीवन-में आत्मविश्वास के पुनरावर्त्तन एवं प्रतिष्ठा के लिये 'दिनकर' जी द्वारा निर्दिष्ट पुरुषार्थपथ का अवतरण आलंबन भाँति भाँति से कविकाल में आकांक्षित हो उठा है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी में अनुस्वार और अनुनासिक वर्ण

(प्रयोग और उच्चारण)

[कमलमोहन]

१. परंपरागत व्याकरण के अनुसार उदितों के पंचम वर्णों को अनुनासिक कहते हैं। अनुनासिक वर्ण वर्गों के अंतिम अक्षर हैं जिनका उच्चारण मुख तथा नासिका से होता है। ये गिनती में पाँच हैं :

ङ् ञ् ण् न् म्

साधारणतया अनुनासिक वर्णों का चिह्न अनुस्वार है—शिरोरेखा के ऊपर स्थित बिंदी [ं]।

२.१ अनुस्वार यदि पंचवर्गीय अक्षरों (उदितों) के पहले आता है तो उसका उच्चारण संबंधित वर्ग के पंचम अक्षर की भाँति होता है। यह अनुस्वार, इस प्रकार, किसी व्यंजन ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है।

उदाहरण:—कंकाल→[कङ्काल्]
चंचल →[चञ्चल]
ठंढा →[ठण्ढा]
तंतु →[तन्तु]
पंप →[पम्प्]

२.२ उच्चारण की शीघ्रता, अथवा क्षेत्रीय (रीजनल) विशेषता, अथवा आगत (उधार लिए गए, लोन) शब्दों में, उपर्युक्त नियम का अपवाद भी मिलता है।

उदाहरण:—(शीघ्र उच्चारण के फलस्वरूप)—
नूनखार→[नून्खार]
कनखल→[कन्खल]

किंतु ऐसे शब्दों में यह अनुनासिक वर्ण निहित (इनहेरेंट)—स्वर— [अ] के साथ ही लिखने की प्रथा है।)

पंजाबी कश्मीरी हिंदी में विशेषता विशेष रूप से पाई जाती है। जैसे—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पनप→[पन्प]

(आगत शब्द)—**इन्कार**

(ऐसे शब्दों में अनुनासिक वर्ण अपने वास्तविक रूप में बोला लिखा जाता है; उसके स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता ।)

२.३ अनुनासिक के पूर्व अनुनासिक आने पर प्रायः उसका निर्देश अनुस्वार द्वारा नहीं किया जाता । ऐसी स्थिति में प्रत्येक अनुनासिक अपने वास्तविक, या निर्धारित, रूप में लिखा बोला जाता है ।

उदाहरणः—अनुगण

सन्नाटा पन्ना प्रसन्न सन्न

निम्नांकित चिम्नी निम्न

पराङ्मुख वाङ्मय वाङ्मुख

षण्मुख

चिन्मय तन्मय सन्मति[1] सन्मार्ग

सम्मति[1] सम्मान सम्मेलन पम्मी रम्मी

३.१ अनुस्वार यदि ऊपर २.१ में वर्णित स्थितियों के अतिरिक्त अन्यत्र आता है तो उसका उच्चारण भिन्न होता है। इस कारण इस अनुस्वार का 'व्यक्तित्व' भी भिन्न है ।

३.२ जब यह अनुस्वार किसी स्वर के साथ होता है तो इसके उच्चारण में केवल नासिका का प्रयोग होता है । इस प्रकार यह 'शुद्ध' अनुस्वार माना जा सकता है और प्रायः इसका चिह्न शिरोरेखा के ऊपर अर्धचंद्र और बिंदी—[ँ] —होता है[2] ।

१. यदि इन शब्दों में [न्] तथा [म्] के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग किया जाय तो सदैव **सम्मति** पढ़ा जायगा और कालांतर में **सन्मति** का लोप ही हो जायगा, ऐसी आशंका है ।

२. यह ध्वनि हिंदी में प्रत्येक स्वर के साथ संभव है । किंतु लिखने में अर्ध-चंद्र का प्रयोग अधिकतर उन्हीं स्वरों तक सीमित रहता है जिनकी मात्राएँ शिरोरेखा के ऊपर नहीं लगती; जैसे :— [अ] (ा), [आ] (ा), [उ] (ु), [ऊ] (ू), । जिन स्वरों की मात्राएँ शिरोरेखा के ऊपर लगती हैं उनके साथ खाली बिंदी का प्रयोग किया जाता है; जैसे :— [इ] (ि), [ई]. (ी), [ए] (े), [ऐ] (ै), [ओ] (ो),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह 'शुद्ध' अनुस्वार एक स्वरध्वनि का प्रतिनिधि है।

उदाहरण:— अँदरसा आँवला पें उँह ऊँट ऊँहुँ
फाँसी बिसवाँसी[३] ढलुवाँ साँसत
धौंस पहुँची हँसमुख

[औ] (ौ)। शब्दांत के स्वर के साथ भी प्रायः अर्धचंद्र का प्रयोग नहीं होता, केवल बिंदी से काम चलाया जाता है।

(कुछ वर्तमान कोशकार जिन्हें काफी नाम ईनाम मिला है, इस बिंदी तथा अर्धचंद्र के भेद को बिलकुल मिटा देना चाहते हैं और सभी 'बिंदी युक्त' शब्दों का क्रम वर्णमाला के नैसर्गिक क्रम से बदलकर 'स्वरों' के प्रारंभ में कर देना चाहते हैं। इससे वर्णमाला — द्वादशाक्षरी के क्रम में तो व्यक्तिक्रम आता ही है एक और बात की आशंका होती है। इस प्रकार इस भेद को मिटाने से शायद कुछ दिन बाद हिंदी का उच्चरित रूप ही बदल जायगा क्योंकि अनुस्वार के दोनों — 'शुद्ध' तथा 'विकृत' — रूप मिलकर केवल एक रूप रह जायगा, और सबका उच्चारण एक जैसा हो जायगा। विशेषकर हिंदी को अन्य भाषाभाषी सीखकर अनुस्वार के दोनों रूपों का भेद कठिनाई से कर पाएँगे क्योंकि उन्हें तो अधिकतर कोश का ही सहारा लेना होगा। इस प्रकार कुछ दिन बाद हिंदी उच्चारण में शांत क्रांति हो चुकी होगी और उसका श्रेय बहुत कुछ इन कोशकार महानुभावों की इस स्वेच्छ, अथवा मनमानी (आर्बिट्रेरी) लाघव विधि (शार्टकट मेथड) को होगा जो हिंदी को सरल करने के बहाने अर्धचंद्र तथा वर्ण क्रम के श्रम से बचना चाहते हैं।)

३. पंजाबी कश्मीरी क्षेत्र के निवासी अपनी हिंदी में 'शुद्ध' अनुस्वार के स्थान पर (न्) जैसी ध्वनि का प्रयोग करते हैं। इस प्रकार वे लोग **हँस** और **हंस** में या **पंच** और **पँच** में भेद नहीं करते। वे लोग **पाँच** को [पाञ्च] तथा **खींच** को [खीञ्च] कहते हैं। हिंदी में प्रायः 'शुद्ध' अनुस्वार, [ँ], के स्थान पर 'विकृत' अनुस्वार [ं], रख देने से शब्द के अर्थ में अंतर आ जाता है; जैसे — **हँस** और **हंस**, **पँच** (मेल) और **पंच**। पर कुछ शब्द ऐसे भी हैं जिनमें 'शुद्ध' अथवा 'विकृत', किसी भी, अनुस्वार का प्रयोग हो अर्थ नहीं बदलता; जैसे — **अँधेरी** और **अंधेरी**; **जँगली** और **जंगली**।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

३.३ ऊपर २.१ में वर्णित अनुस्वार को 'विकृत' अनुस्वार माना जा सकता है।

४. जब यह अनुस्वार वर्गों के तथा स्वरों के अतिरिक्त किसी अन्य वर्ण[४] के पूर्व आता है तो उसका उच्चारण भिन्न भिन्न रूपों में होता है—कभी 'शुद्ध' रूप में, कभी 'विकृत' रूप में।

उदाहरण:—संयम संरक्षण संलग्न परिसंवाद

दंश[५] पंसारी[५] उपसंहार

प्रस्तुत लेख में वर्गाक्षरों तथा स्वरों के अतिरिक्त वर्णों के पूर्व आए अनुस्वार तथा अनुनासिकों के विभिन्न उच्चारणों की चर्चा है।

५.१ जैसा ऊपर १ में आ चुका है अनुनासिक वर्ण पाँच हैं। इनके उच्चारण में नासिका के साथ मुँह के किसी भाग का भी प्रयोग होता है।

नीचे बनी तालिका से इनके उच्चारणस्थान स्पष्ट हो जाएँगे :

अनुनासिक वर्ण	उच्चारणस्थान
ङ्	नासिका+कंठ[६]
ञ्	नासिका+तालु[७]
ण	नासिका+मूर्धा[८]

४. ये वर्ण हैं :—य् र ल् व श् ष् स् ह

५. हिंदी में एक या दो संस्कृत से लिए गए शब्दों, जैसे: दंष्ट्र, को छोड़कर [ष्] के पूर्व अनुस्वार का उदाहरण नहीं मिलता।

६. कंठ [क्] वर्ग का उच्चारण-स्थान है, किंतु [ङ्] के उच्चारण में जीभ के पीछे के भाग का स्पर्श तालु के पिछले भाग से [क्], [ख्], [ग्], [घ्] की अपेक्षा कुछ अधिक देर तक होता है और [ङ्] का स्पर्शस्थान बाकी चार वर्णों की अपेक्षा पश्चतर (बैक) भी है।

७. तालु [च्] वर्ग का उच्चारणस्थान है किंतु [ञ्] के उच्चारण में जीभ का स्पर्श (या घर्षण) वर्ग के बाकी वर्णों की अपेक्षा कुछ अधिक देर तक रहता है और [च्], [छ्], [ज्], [झ्] के उच्चारण में जीभ की नोक का स्पर्श (या घर्षण) तालु से होता है, जबकि [ञ्] के उच्चारण में जीभ की नोक के पीछे (अंदर) के भाग का।

८. मूर्धा (ट्) वर्ग का उच्चारणस्थान है। इस वर्ग के वर्णों के उच्चारण में जीभ गोलाई लेकर पीछे ऊपर को मुड़ जाती है और फिर आगे को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

न् नासिका+दंतमूल[१]

म् नासिका+ओष्ठ[१०]

५.२ इनमें [ङ्], [न्] तथा [म्] के उच्चारण में तो साधारणतया अंतर स्पष्ट हो जाता है किंतु [ञ्] तथा [न्] के उच्चारण में नहीं होता। [ञ्] तथा [न्] के उच्चारणस्थान अवश्य भिन्न हैं किंतु सुनने में अधिकतर इनमें अंतर स्पष्ट नहीं होता और दोनों का प्रभाव (इफेक्ट) एक सा— [न्] जैसा—प्रतीत होता है।

इसी प्रकार [ण्] तथा [न्] का उच्चारण भी अधिकतर एक—सा लगता है हालाँकि [ण्] के उच्चारण में जीभ ऊपर पीछे को मुड़ती है जबकि [न्] के उच्चारण में नहीं मुड़ती और इन दोनों के उच्चारणस्थान भी अलग-अलग हैं।[११]

[नीचे ११ (ख) .२ देखें]

६. सभी अनुनासिक हिंदी में स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त नहीं होते। [न्] तथा [म्] का प्रयोग सभी स्थितियों (पोजीशन) में—आरंभ, मध्य, अंत[१२],

झटके से आ जाती है। [ण्] के उच्चारण में वर्ग के अन्य वर्णों की अपेक्षा जीभ कुछ अधिक मुड़ती है।

९. [त्] वर्ग का उच्चारणस्थान दाँत माने जाते हैं किंतु अब इस वर्ग के वर्णों का उच्चारण दंतमूल से होता है। [त], [थ्], [द],[ध्] का उच्चारण जीभ की नोक तथा दंतमूल के स्पर्श से होता है, किंतु [न्] के उच्चारण में जीभ की नोक के पीछे (अंदर) के भाग का स्पर्श दंतमूल के कुछ पीछे के भाग से होता है।

१०. [प्] वर्ग के वर्णों का उच्चारण ओठों से होता है। [म्] के उच्चारण में [प्]-वर्ग के अन्य वर्णों की अपेक्षा ओठों का स्पर्श कुछ अधिक स्थायी होता है।

११. वैसे [न्] और [ण्] को अलग (फोनीम) माना जाता है। उसी शब्द में [न्] के स्थान पर [ण्] रख देने से शब्द का अर्थ बदल जाता है, हालाँकि इस प्रकार के शब्दयुग्म कम ही हैं।

उदाहरण: - वेना वेणा पन पण

१२. हिंदी में [अ]-से अंत होनेवाले शब्दों में यह स्वर निहित माना जाता है, किंतु उच्चारण में अधिकतर इसका लोप हो जाता है और अंतिम वर्ण का उच्चारण व्यंजन की भाँति होता है:

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[12]—किसी स्वर के साथ अथवा बिना स्वर के भी, होता है।

[ण] का प्रयोग शब्द के आरंभ में नहीं होता; किंतु मध्य या अंत में होता है।

अन्य दोनों अनुनासिकों—[ङ्] तथा [ञ्]—का प्रयोग शब्द के केवल मध्य[13] में होता है, वह भी किसी अन्य व्यंजन के साथ।

७.१ जैसा ऊपर आ चुका है, देवनागरी लिपि और हिंदी भाषा में इन पाँचों अनुनासिकों का एक चिह्न, [ं], है। यदि यह चिह्न वर्गाक्षरों के पूर्व आता है तो इसके उच्चारण में कठिनाई नहीं होती।

[ऊपर २ देखें]

७.२ और जब 'शुद्ध' अनुनासिक ध्वनि का चिह्न किसी स्वर के साथ आता है तब भी उच्चारण में कठिनाई नहीं होती।

[ऊपर ३.२ तथा नीचे .२, ३ देखें]

७.३ (१) किंतु जब अनुस्वार[14] स्वरों के अतिरिक्त उदितेतर वर्गों के पूर्व आता है तब उसका कोई एक उच्चारण हिंदी में प्रचलित नहीं है और उसका उच्चारण भिन्न भिन्न लोग भिन्न भिन्न प्रकार से करते हैं।

जैसा ऊपर—४ में—आ चुका है, प्रस्तुत लेख में इन उच्चारणों के विषय में भी चर्चा है।

उदाहरण—चूरन → [चूरन्]
परम → [परम्]
चरण → [चरण्]
(प्रायः शब्दों के बीच में [अ]- युक्त व्यंजनों में भी बोलने में [अ] का लोप हो जाता है।)

१३. हिंदी में विदेशी शब्दों को लिखते बोलते समय प्रारंभ या अंत में भी ये अनुनासिक प्रयोग में आते हैं।
उदाहरण—ङूमा उणिणनञा

१४. जब अनुनासिक अपने वास्तविक (या निर्धारित) रूप में लिखा जाता है तब यह कठिनाई या समस्या उपस्थित नहीं होती।
[ऊपर ८ (य). २, ९ (र). २, १० (ल). २, ११ (व). २, १२ श) २ १४ (स). २ तथा १५ (ह). २ देखें।]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

७.३ (२) ये वर्ण और इनके उच्चारणस्थान नीचे तालिका में दिए हैं :

वर्ण	उच्चारणस्थान
ह्	कंठ
य् श्	तालु[15]
र् ष्	मूर्धा[16]
ल् स्	दंतमूल[17]
व्	ओष्ठ अथवा दंत+ओष्ठ[18, 19]

१५. [य्] और [श्] दोनों का उच्चारणस्थान तालु है, किंतु [य्] का उच्चारण- [श्] से अग्र (फारवर्ड) है और [य्] के उच्चारण में जीभ की नोक काम में नहीं आती, उसका उच्चारण जीभ की नोक के कुछ पीछे के भाग की सहायता से होता है जबकि [श्] का उच्चारण जीभ की नोक की सहायता से होता है।

१६. [र्] तथा [ष्] दोनों मूर्धन्य ध्वनियाँ हैं, किंतु [र्] के उच्चारण में जीभ की नोक ऊपर मूर्धा से एक से अधिक बार टकराती है और जीभ पीछे ऊपर इतनी नहीं मुड़ती जितनी वह [ष्] के उच्चारण में मुड़ती है। [ष्] के उच्चारण में जीभ मूर्धा से बार बार टकराती भी नहीं।

१७. [ल्] तथा [स्] दोनों का उच्चारणस्थान दंतमूल है, किंतु [स्] की अपेक्षा [ल्] अग्र (फारवर्ड) ध्वनि है। [ल्] का उच्चारण जीभ की नोक की सहायता से होता है जबकि [स्] के उच्चारण में जीभ की नोक काम में नहीं आती बल्कि जीभ की नोक के पीछे का भाग आता है।

१८,१९. हिंदी में [व्] के दो उच्चारण हैं: पहला ओष्ठ्य, जिसमें दोनों ओठों में गोलाई लाकर [व्] का उच्चारण किया जाता है; दूसरा दंतौष्ठ्य, जिसमें ऊपर के दाँत नीचे के ओठ को छूकर हट जाते हैं।

व्यंजन के बादवाले [व्] का उच्चारण ओष्ठ्य होता है।

उदाहरण —वचन सँवारना वास्तव

किंतु कुछ हिंदीभाषी (विशेषकर जिनकी हिंदी पर उर्दू का प्रभाव है), तथा अन्य भाषाभाषी (विशेषकर पंजाबी-कश्मीरी), हिंदी बोलते समय [व] के दूसरे (दंतौष्ठ्य) रूप का उच्चारण नहीं कर पाते और [व] को सब स्थितियों में पहले (ओष्ठ्य) रूप की भाँति बोलते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

८ (य). १ (१) [य्] के पूर्व जिन हिंदी शब्दों में अनुस्वार आता है वे अधिकतर [स] से आरंभ होते हैं।

उदाहरण—संयत संयम संयंत्र संयान
संयुक्त संयोग संयोजक

८ (य). १ (२) ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण 'शुद्ध' रूप में होता है और उसके बाद छोटी सी (शार्ट) [इ] जैसी स्वरध्वनि का आरोप (इंटरपोजीशन) होता है; और [इ] के बाद [य्] का घर्षण (फ्रिक्शन) साधारण [य्] की अपेक्षा कुछ अधिक होता है।

उदाहरण:—संयम →[सँइयम्]
संयोग→[सँइयोग्]

८ (य).२ (१) बहुत से शब्द ऐसे हैं जिनमें [य्] के पूर्व अनुनासिक अपने वास्तविक, या निर्धारित रूप में लिखा बोला जाता है और जिनमें अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता।

उदाहरण:—अरण्य गण्यमान पण्य
न्याय न्यास अन्याय उपन्यास विन्यास
संन्यास[20] अन्य जघन्य वन्य अभिमन्यु
उपमन्यु कन्या म्याऊँ म्योर सम्यक् साम्यवाद
काम्य आम्या तारतम्य साम्य सुरम्य

८ (य).२ (२) हिंदी में प्रचलित कुछ विदेशी शब्दों में कभी कभी [य्] के पूर्व [न्] को अनुस्वार के रूप में लिख दिया जाता है—जैसे, **सान्यो** के स्थान पर **सांयो**[21]।

८ (र).१ (१) [र] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द हिंदी में गिने चुने हैं और वे भी अधिकतर [स] से प्रारंभ होते हैं।

२०. इस शब्द में 'विकृत' अनुस्वार का उच्चारण, नियमानुसार, [न्] होता है।

२१. किंतु कदाचित् ऐसे शब्दों को अनुस्वार के साथ न लिखकर [न्] के साथ ही लिखना अधिक संगत होगा—अन्यथा **सान्यो** का उच्चारण [साँइयो] भी संभव हो जायगा। (अगर जापानी उच्चारण बादवाला ही हो तो अनुस्वार से ही लिखना उचित होगा।)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदाहरण:—संरक्षा संरक्षक

९ (र). १ (२) ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण अधिकतर [न्]—जैसा होता है।

उदाहरण:—संरक्षा→[सन्रक्षा]

९ (र). १ (३) कुछ लोग ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण उसके 'शुद्ध' रूप में करते हैं और आगेवाले [र्] को दुहरा (डबल) कर देते हैं।

उदाहरण:—संरक्षा→[सँर्रक्षा]

९ (र). १ (४) किंतु ऐसे शब्दों के उच्चारण की प्रथमविधि (ऊपर ९ (र). १ (२) में वर्णित) ही अधिक प्रचलित है।

९. (र). २ कुछ शब्दों में [र्] के पूर्व अनुनासिक [म्] अपने वास्तविक (या निर्धारित) रूप में लिखा बोला जाता है; इनमें अनुस्वार का प्रयोग नहीं होता।

उदाहरण:— धूम्रपान आम्र उम्र

प्राय: [ऋ] का उच्चारण हिंदी में [रि]—जैसा होता है। इस प्रकार—

मृतक→[म्रितक]
अमृत→[अम्रित]

१० (ल). १ (१) [ल्] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द भी हिंदी में गिने चुने मिलते हैं और वे भी अधिकतर [स] से आरंभ होते हैं।

उदाहरण:—संलग्न संलाप

१० (ल). १ (२) ऐसे शब्दों में भी अनुस्वार का उच्चारण अधिकतर [न्] जैसा होता है।

संलग्न→[सन्लग्न्]
संलाप→[सन्लाप्]

१० (ल). १ (३) कुछ लोग ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण उसके 'शुद्ध' रूप में करते हैं और आगेवाले [ल्] को दुहरा (डबुल) देते हैं।

उदाहरण:—संलग्न→[सँल्लग्न्]

१० (ल). १ (४) किंतु ऐसे शब्दों के उच्चारण की प्रथम विधि (ऊपर १० (ल) १ (२) में वर्णित ही अधिक प्रचलित है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१० (ल). २ [ल] के पूर्व अनुनासिक [म्] अनुस्वार द्वारा निर्देशित न होकर अपने अपने वास्तविक, या निर्धारित, रूप में ही लिखा बोला जाता है।

उदाहरण:—म्लान म्लेच्छ अम्लीय अम्ल उच्चारण की शीघ्रता के कारण गमला→[गमूला]

११ (व). (१) (१) [व्] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द हिंदी में थोड़े-से हैं और वे अधिकतर [स] से आरंभ होते हैं।

उदाहरण:—संवहन संवत् संवर्धन संवाहन संवाद संविधान संवेग संवेदना और भी, स्वयंवर

११ (व). १ (२) ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण [म्] जैसा होता है (और [व्] का ओष्ठ्य-[व्]-जैसा)।

उदाहरण:—

संवत्→[सम्वत्]

स्वयंवर→[स्वयम्वर]

११ (व). १ (३) कण्व (ऋषि का नाम) तथा आण्विक—ये दोनों शब्द हिंदी में अनुस्वारयुक्त नहीं लिखे जाते और इनमें [ण्] का उच्चारण भी [ण]-जैसा ही होता है।

इसी प्रकार तन्वंगी में [व] के पूर्व का [न्] अनुस्वार द्वारा नहीं लिखा जाता वरन् [न्] जैसा ही लिखा बोला जाता है। उच्चारण में शीघ्रता के कारण सनवाल, [सन्वाल्]—जैसा बोला जाता है।

१२ (श). १ (१) [श्] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द भी हिंदी में अधिक नहीं हैं।

उदाहरण:—वंशावली संशय संशोधन अंश दंश सारांश

१२ (श). १ (२) ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण [ञ्] (अथवा [न्]) के समान होता है, किंतु अधिकतर, दोनों रूपों में, [न्]-जैसा ही सुनाई पड़ता है, हालाँकि [श्] के पूर्व के अनुस्वार का उच्चारणस्थान तालु ही होता है, दंतमूल नहीं।

[ऊपर ५.२ देखें।]

उदाहरण:—संशय→[सञ्शय]

१२ (श). १ (३) कुछ अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोग, अथवा उनके

२१. जीभ मोड़कर (रेक्ट्रफ्लर),

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

संपर्क में आनेवाले, ऐसे शब्दों में (श्) के पूर्व के अनुस्वार का उच्चारण [म्] जैसा करते हैं।[२३] किंतु ऐसे लोग बहुत कम हैं।

[नीचे १४ (स). १ (३) देखें]

१२ (श). २ विदेशी भाषाओं से हिंदी में आगत (उधार लिए गए) शब्दों में [श्] के पूर्व [न्] का उच्चारण ऊपर १२ (श). १ (१), (२) में वर्णित नियमों के अनुसार ही होता है। अतः लिखने में, कभी कभी उसका—[न्] का निर्देश अनुस्वार द्वारा किया जाता है और कभी कभी [न्] द्वारा—दोनों प्रथाएँ हिंदी में प्रचलित हैं।

उदाहरण—

पेंशन अथवा **पेन्शन**

शाहंशाह

१३ (ष) १ (१) [ष][२४] के पूर्व अनुस्वार का उदाहरण हिंदी में कठिनाई से मिलता है—केवल एक या दो संस्कृत से लिए गए (लोन) शब्दों को छोड़कर जैसे **दंष्ट्र**।

[नीचे ५ देखें]

१३ (ष). १ (२) ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण [न्][२४] के समान सुनाई पड़ता है, हालाँकि उसके उच्चारण में जीभ ऊपर पीछे मुड़ती है। (अतएव, वास्तव में उसे [ण्] ही मानना चाहिए)।

उदाहरण—

दंष्ट्र – [दंष्ट्र्]

१४ (स). १ (१) [स्] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द हिंदी में काफी मिलते हैं।

२३. कदाचित् इसका कारण यह है कि किसी योरोपीय विद्वान् ने संस्कृत शब्दों को किसी योरोपीय लिपि में लिखते समय [श् / स्] के पूर्व के अनुस्वार का चिह्न [ṃ] बनाया था। कालांतर में [ṃ] के नीचे की बिंदी पुँछ गई और केवल [m] रह गया। इन भारतीय पढ़े लिखे विद्वानों ने बिना सोचे समझे उसे [म्] का योरोपीय रूप मान लिया। अन्यथा, [श्] तालव्य ध्वनि है और [स्] दंतमूलीय (अथवा दंत्य), उनके पूर्व के अनुस्वार का उच्चारण ओष्ठ्य हो, यह संगत नहीं प्रतीत होता। कम से कम, अधिकांश हिंदीभाषी ऐसा नहीं बोलते।

२४. [ष्] का उच्चारण अधिकतर [श्]-जैसा किया जाता है। उस स्थिति में **दंष्ट्र** → [दञ्श्ट्र्]।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदाहरण :—

संसद् संसार संस्कृत संस्कृति
मांसल पंसारी अवतंस
कंस हंस अभिशंसा प्रशंसा
और भी **स्वयंसिद्ध**[२५,२६] **स्वयंसेवक**[२५,२६]

१४ (स). १ (२) (१) ऐसे शब्दों में (ऊपर १४ (स). १ (१) के अंतिम दो उदाहरणों को छोड़कर) अनुस्वार का उच्चारण (न्) के समान होता है।

उदाहरण —

कंस → [कन्स्]

१४ [स]. १ (२) (२) किंतु जिन समस्त (कंपाउंड) शब्दों में पूर्वपद **स्वयम्** (अथवा **स्वयं**)[२५,२६] होता है उनमें अनुस्वार का उच्चारण (म्) जैसा होता है।

[ऊपर ११ (व) (१) में **स्वयंवर**[२५,२२] भी देखें।

१४ (स). १ (३) कुछ अंग्रेजी पढ़े लिखे लोग, अथवा उसके संपर्क में आनेवाले – ऊपर १४ (स). १ (२) (१) में वर्णित स्थिति में भी अनुस्वार के लिये [न्] के स्थान पर [म्] का प्रयोग करते हैं। किंतु ऐसे लोग कम ही हैं।

[ऊपर १२ (श). १ (३) देखें।

१४ (स). २ हिंदी में आगत कुछ विदेशी शब्दों में भी [स्] के पूर्व कभी कभी अनुस्वार का प्रयोग किया जाता है। ये शब्द अधिकतर ऐसे हैं जिनमें [स्] के पहले के [न्] को ही अनुस्वार के रूप में लिखा जाने लगा है। अतः ऐसे शब्दों में, स्वभावतया, अनुस्वार का उच्चारण [न्] के समान होता है।

२५. इस प्रकार के शब्द समस्त शब्द (कंपाउंड वर्ड्स) हैं जिनका पहला पद (कंस्टीट्युएंट) **स्वयम्** है। हिंदी में इन शब्दों के विभिन्न पदों का उच्चारण उसी रूप में होता है जैसा तब होता जब ये विभिन्न पद अलग अलग पूर्ण शब्द होते।

२६. उत्तर प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों तथा भोजपुरी क्षेत्र के हिंदीभाषी **स्वयम्** का उच्चारण [स्वयङ्] करते हैं। वे **स्वयंसेवक, स्वयंसिद्ध** आदि शब्दों में भी (ऊपर २५ के अनुसार) अनुस्वार का उच्चारण [ङ्] जैसा करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उदाहरण—

चांस्लर (चान्स्लर)
पेंसिल (पेन्सिल)
मंसूख (मन्सूख)
मंसूर (मन्सूर)
मंसूबा (मन्सूबा)

किंतु कुछ शब्दों में अनुस्वार का प्रयोग न होकर (न्) अपने वास्तविक (या निर्धारित) रूप में लिखा जाता है ।

उदाहरण—

परकिन्स ट्रान्समिटर ट्रान्जिस्टर

शीघ्र उच्चारण के कारण **तनसुखराय** का उच्चारण [तन्सुखराय] जैसा होता है हालाँकि **तनसुखराय** में **न** निहित (इनहेरेंट) स्वर—[अ] के साथ ही लिखा जाता है ।

१५ (ह). १ (१) [ह] के पूर्व अनुस्वारवाले शब्द हिंदी में कम ही मिलते हैं, और जो मिलते हैं उनमें अधिकतर [ह्] के पूर्व अनुस्वारयुक्त [स] होता है ।

उदाहरण—

संहत (कौंसोलिडेटेड) उपसंहार
संहार संहिता सिंह

१५ (ह). १ (२) ऐसे शब्दों अनुस्वार का में उच्चारण प्रायः 'शुद्ध' रूप में होता है और उसके तथा [ह्] के बीच छोटी सी स्वरध्वनि [अ] (अथवा [स]) का आरोप कर दिया जाता है ।

उदाहरण—

संहत → [संऽहत]
सिंह → [सिँऽह्][*२७]

१५ (ह). १ (३) कुछ अंग्रेजी पढ़े लिखे लोग—अथवा उनके संपर्क में आनेवाले—ऐसे शब्दों में अनुस्वार का उच्चारण [म्] जैसा करते हैं। ऐसे लोग बहुत कम हैं।

२७. [ह्] तथा [अ] दोनों कंठ्य ध्वनियाँ हैं, और [म्] ओष्ठ्य ध्वनि है। अतः, १५ (ह), १ (२) में वर्णित उच्चारणविधि अधिक संगत प्रतीत होती है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

१५ (ह). १ (४) कुछ लोग ऐसे शब्दों में [ह्] का उच्चारण कुछ कुछ [घ्] जैसा करते हैं—विशेषकर **सिंह**[२८] शब्द में। फलतः वे लोग उसके पूर्व के अनुस्वार का उच्चारण [ङ्] के समान करते हैं।

उदाहरण—

सिंह → [सिंङ्घ्]

१५ (ह). २ (१) [ह्] के पूर्व के अनुनासिक [म्, तथा न्] का निर्देश, बहुत से शब्दों में, अनुस्वार द्वारा नहीं होता। इन अनुनासिकों को, इन शब्दों में अपने अपने वास्तविक (या निर्धारित) रूपों में लिखा बोला जाता है।

उदाहरण—

उन्हीं उन्होंने
कुँम्हार तुम्हारा सम्हलना[२९] **सम्हासना**[१]
तुम्हें

१५ (ह). २ (२) व्यंजनझुंडों [ह्न्][३०] तथा [ह्म्][१०] का उच्चारण क्रमशः [न्ह्] तथा [म्ह] होता है।

उदाहरण—

चिह्न → [चिन्ह]
ब्रह्मा → [ब्रम्हा]

सारांश (१) किसी अनुनासिक वर्ण के पूर्व वही या अन्य अनुनासिक वर्ण अपने वास्तविक (या निर्धारित) रूप में लिखा बोला जाता है।

(२) **य्, र्, ल्, श्, स्, ह्** के पूर्व कुछ अनुनासिक (विशेषकर **म्, न्** और कभी कभी, हिंदी में अन्य भाषाओं से आगत शब्दों में **ण्, ङ्** भी) अपना विशिष्ट उच्चारण कायम रखते हैं और अनुस्वार द्वारा निर्देशित न होकर अपने साधारण, प्रचलित रूप में ही लिखे जाते हैं।

२८. कुछ अपढ़ या उच्चारणश्रम से बचनेवाले आलसी लोग इस शब्द का उच्चारण [सिङ्ग] भी करते हैं।

२९. क्रमशः **सँभलना** तथा **सँभालना** के रूपांतर।

३०. इसी प्रकार अन्य [ह्व्यं] झुंडों का उच्चारण हिंदी में, विपर्यय के फलस्वरूप, [व्य+ह] हो जाता है।

उदाहरण—आह्लाद → [आल्हाद]
प्रह्लाद → [प्रल्हाद]
आह्वान → [आव्हान]

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

(३) (क) किसी स्वरध्वनि के साथ अनुस्वार का उच्चारण 'शुद्ध' रूप में होता है।

(३) (ख) किसी पंचवर्गी अक्षर के पूर्व अनुस्वार का उच्चारण 'विकृत' रूप में (और संबंधित वर्ग के पंचम वर्ण के समान) होता है।

(३) (ग) (१) अन्य वर्णों के पूर्व अनुस्वार का उच्चारण साथवाली (या समीपवर्ती) ध्वनि अथवा ध्वनियों से प्रभावित होता है। (नीचे बनी तालिका में इस कथन का स्पष्टीकरण है)।

अनुस्वार के पूर्व वर्ण का	अनुस्वार का उच्चारण	अनुस्वार का (अधिक प्रचलित) रूप	अनुस्वार का अन्य (कम प्रचलित) रूप	विशेष
१	२	३	४	५
य्	[ँइ]	'शुद्ध' पश्चवर्ती (फालोइंग) छोटे से सवर्ण स्वर से युक्त	×	(१) [य्] तथा [इ] सवर्ण ध्वनियाँ हैं : दोनों तालव्य हैं।
१	२	३	४	५
				(२) अधिकतर प्राप्य शब्द जिनमें [य्] के पूर्व अनुस्वार मिलता है [स] से प्रारंभ होते हैं।
र्	[न्]	'विकृत'	[ँ]–पश्चवर्ती आरोपित (इंट्रेसिव) [र्] के साथ	अधिकतर प्राप्य शब्द जिनमें [र्] के पूर्व अनुस्वार मिलता है [स] से आरंभ होते हैं। [न्] तथा [स्] दंतमूलीय हैं, तथा [र्]—शब्दगत तथा आरोपित— तालव्य। इस प्रकार प्रथम रूप में अनुस्वार का उच्चारण पूर्ववर्ती सवर्ण ध्वनि द्वारा तथा द्वितीय रूप में (आरोपित ध्वनि का उच्चारण) पश्चवर्ती ध्वनि द्वारा प्रभावित होता है।

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ल्	[न्]	'विकृत'	[ँ]-पश्चवर्ती आरोपित [ल्] के साथ	अधिकतर प्राप्य शब्द जिनमें [ल्] के पूर्व अनुस्वार मिलता है [स] से आरंभ होते हैं।
१	२	३	४	५
				[ल्], [न्] तथा [स्] दंतमूलीय हैं। इस प्रकार प्रथम रूप में अनुस्वार का उच्चारण पूर्ववर्ती तथा पश्चवर्ती सवर्ण ध्वनि द्वारा प्रभावित होता है तथा द्वितीय रूप में पश्चवर्ण सवर्ण ध्वनि द्वारा।
व्	[म्]	'विकृत'	×	(१) [व्] तथा [म्] दोनों सवर्ण ध्वनियाँ— ओष्ठ्य— हैं। (व्यंजन के पश्चात् सदैव ओष्ठ्य [व्] ही आता है, दंतौष्ठ्य [व्] नहीं)। (२) अधिकतर प्राप्य शब्द जिनमें [व्] के पूर्व अनुस्वार मिलता है [स] से आरंभ होते हैं।
श्	[ञ्] [न्]	'विकृत'	[म्]	[श्] तथा [ञ्] सवर्ण-तालव्य-ध्वनियाँ हैं।
ष्	[ण्] [न्]	'विकृत'	×	[ष्] तथा [ण्] सवर्ण-मूर्धन्य-ध्वनियाँ हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्	[न्] **अपवाद** [स्वयम् स्-] शब्दों में [म्]	'विकृत'	[म्]	[स्] तथा [न्] सवर्ण — दंतमूलीय— हैं।
ह्	[ँ] [ँऽ]	'शुद्ध' पश्च-वर्ती छोटी सी सवर्ण स्वर-ध्वनि से युक्त	[म्]; कभी कभी [ङ्] भी अंतिम स्थिति में [ह्] के स्थान पर [घ्] होता है।	(१) [ह] तथा [अ] सवर्ण ध्वनियाँ हैं— दोनों कंठ्य हैं। (२) अधिकतर शब्द जिनमें [ह्] के पूर्व अनुस्वार मिलता है [स] से आरंभ होते हैं।
१	२	३	४	५

३ (ग) (२) श्, ष्, स्, के अतिरिक्त जिन अन्य पंचमेतर वर्णों (य्, र्, ल्, व्, ह्,) के पूर्व जिन शब्दों में अनुस्वार पाया जाता है वे अधिकतर [स] से आरंभ होते हैं और यह [स] किसी न किसी उपसर्ग का प्रथम वर्ण होता है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पौराणिकी

[इस स्तंभ के अंतर्गत ऐतिहासिक महत्व की अप्रकाशित मूल सामग्री का प्रकाशन किया जाएगा। इस अंक में आचार्य पं० महावीर-प्रसाद द्विवेदी के कुछ पत्र सभासंग्रह से प्रस्तुत किए जा रहे हैं। ऐसी सामग्री इस स्तंभ के लिये आमंत्रित है।]

इन सभी पत्रों में पत्रसंख्या द्विवेदी जी द्वारा अंकित है।

नागरीप्रचारिणी सभा, आगरा।

सं० १०७ १३-१२-१९१२

सेवा में

विद्वद्वर श्रीमान् पंडित महावीर प्रसाद जी द्विवेदी

संपादक 'सरस्वती'

जुही-कानपुर,

महानुभाव,

मैं आप को सहर्ष सूचित करता हूँ कि आप सभा की प्रबंधकारिणी समिति के अधिवेशन में श्रीमान् पं० श्रीधर जी पाठक (प्रयाग) के प्रस्ताव, गोस्वामि व्रजनाथ जी शर्मा (आगरा) के अनुमोदन और सर्व सम्मति से सभा के माननीय सभ्य बनाये जाना निश्चित होकर साधारण सभा की स्वीकृति से आप नागरीप्रचारिणी सभा, आगरा के माननीय सभ्य निर्वाचित किये गये हैं। आशा है कि आप इसको स्वीकार कर अपनी स्वीकृति भेज अनुगृहीत करेंगे।

श्रीमान् की जानकारी के लिये, इस पत्र के साथ सभा की नियमावली की भी एक प्रति भेजी जाती है।

भवदीय

चतुर्वेदी अयोध्याप्रसाद पाठक

बी० ए०, एल-एल० बी०

मंत्री

यह पत्र सभा के शीर्षमुद्रित कागज पर लिखा गया है। शीर्ष पर हिंदी विषयक कुछ पद्य भी मुद्रित हैं। पत्र पर द्विवेदी जी ने रोमनलिपि में 'रिप्लाईड १८।१२।१२ और इलेक्टेड प्रेसिडेंट आव द ऐनुँअल मीटिंग एँड रिफ्यूज्ड १२।६।१३' लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पत्रशीर्ष पर मुद्रित पद्य--

हिंदी भारतवर्ष की भाषा सर्वप्रधान।
आरज कुल जातीय धन जीवन प्रान समान॥
निज भाषा बोलहु लिखहु पढ़हु गुनहु सब लोग।
करहु सकल विषयन विषैं निज भाषा उपयोग॥
निज भाषा में करहु तुम ममता को संचार।
भरहु ज्ञान विज्ञान लहि विविध तासु भंडार॥

[२]

२६५६

कुर्री सुदौली
६ अप्रैल—११

मान्यवर द्विवेदी जी,

कृपापत्र प्राप्त हुआ। पढ़कर बड़ा संतोष हुआ। मुझे पहले ही से यह विश्वास था कि आप मेरे प्रस्ताव स्वीकार कर अवश्यमेव उसमें सहायक बनेंगे। धन्यवाद है।

आपके 'internal suggestion, allusion इत्यादि वाली बात पढ़कर मुझे हँसी आ गई। कहते तो आप सच हैं। करनेवाले अर्थ का अनर्थ सहज ही कर सकते हैं। और उस दशा में शांतिप्रिय सज्जनों के चित्त यदि कुछ भयभीत रहें तो अचंभे की बात नहीं स्वाभाविक ही है।

कृपाकर गुप्त जी को उस पद्य प्रबंध को बनाने में उचित सहायता दीजिए। वह मुझसे पूछा करते हैं कि उस कविता में किन किन बातों का सविशेष वर्णन किया जावै। मेरे आशय को आप भली भाँति समझ चुके हैं इसलिये मुझे आशा है कि आप इस विषय में उन्हें अच्छी तरह बतला सकते हैं। हाली का मुसद्दस मैंने उनके पास भेज दिया है। उसके देखने पर भी जो कमी रह जायगी उसकी पूर्ति आप ही कर सकेंगे। गुप्त जी ने मुझसे पूछा, यवन राजत्वकाल की कैसी चर्चा की जावै। यह सवाल जरा गौरतलब है। मैंने उनको लिखा है कि वह इस विषय में आपकी संमति लें। आप ऐसे अनुभवी लेखक ही इस विषय में उचित परामर्श दे सकते हैं। और मुझे आशा है, गुप्त जी को आप अपने सत्परामर्श से वंचित न रखेंगे,

आपका कृपाकांक्षी
रा० रामपालसिंह

यह पत्र राज्यचिह्नांकित कागज पर लिखा गया है। राज्यचिह्न में 'कुर्री सुदौली इस्टेट, रायबरेली, राइटस्वेस इज द पाथ आव विज़डम' रोमन लिपि में अंकित है। द्विवेदी जी ने इसपर रोमन लिपि में 'रिप्लाइड १३।४।११' लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

[३]

२६५५

कुर्री सुदौली
जि० रायबरेली
३ मई, १९११ ई०

मान्यवर द्विवेदीजी,

आपके १४ अप्रैल के कृपापत्र के लिये अनेकानेक धन्यवाद। मुझे खेद है कि उसके उत्तर में विलंब हुआ।

प्रस्तावित कविता के विषय में आपने जो कुछ किया, खूब किया, इसके लिये मैं आपका कृतज्ञ हूँ। उसके तय्यार होने पर और भी कमी बेशी की जा सकती है।

मुझे खेद है कि मेरी हँसी वाली बात का, आप कुछ और ही मतलब समझे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि वह उपहास हँसी नहीं थी। दूसरी ओर की गलतफहमी का खियाल कर मुझे खेद हुआ। आप जानते ही होंगे कभी कभी विवशता की दशा में खिन्नता में हँसी आ जाती है। यह वही खेदसूचक मार्मिक हँसी थी। अनेक जगह आज रोने, दाँत कटवाने के स्थान में मुस्कुराना पड़ता है।

आपका कृपापात्र
रामपाल

यह पत्र राज्यचिह्नांकित कागज पर लिखा गया है। द्विवेदी जी ने इसपर रोमन लिपि में 'नो रिप्लाई ४।५' लिखा है।

[४]

२६५३

कुर्री सुदौली
जि० रायबरेली
१ नवंबर

मान्यवर,

कृपापत्र के लिये हार्दिक धन्यवाद स्वीकार कीजिये। आपका शरीर अच्छा नहीं रहता, यह जानकर और आपके पत्र में अनेक नैराश्यसूचक बातों को पढ़कर मुझे बड़ा दुःख हुआ। सज्जनों को इस प्रकार क्लेशित देखकर कौन है जो इस संसार को असार न समझेगा। आपको पूर्णतयः सुखी

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri
CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

देखने के लिये, बहुत से आदमी आज देश मे ऐसे निकलेंगे, जो अपनी जिंदगी का सबसे अच्छा हिस्सा आप पर निछावर कर दें। परंतु खेद इस बात का है कि ईश्वरी नियम ऐसे अदल बदल को अंगीकार नहीं करता। परमेश्वर आप पर अपनी कृपा करें, मैं सच्चे मन से यह प्रार्थना करता हूँ।

जरमनी के डाक्टर लुई कुइनी की जल चिकित्सा प्रणाली का हाल आप जानते होंगे। मुझे इसका अच्छा तजुरबा है। दरजनों आदमी मैंने इससे अच्छे किये हैं मैं खुद उसे बराबर करता हूँ। यदि आप भी उसे करें तो मुझे आशा है, अवश्य लाभ होगा। मैं उसके सब तरीकों से पूरी तौर पर वाकिफ हूँ और यदि आप उसे करना पसंद करें तो मैं खुद एक दिन के लिये आकर अपने हाथ से सब प्रबंध कर दूँगा और जरूरी बातें आपसे निवेदन कर दूँगा। यदि आप पसंद करें तो मुझे आज्ञा देकर बाधित कीजिये। मैं इसे अपना सौभाग्य समझूँगा यदि मेरे द्वारा आपकी कोई सेवा हो सके।

राजा साहब की राय है कि मैं Kamala's Letters को अनुवाद करूँ। और मैंने इरादा भी कर लिया। शीघ्र ही ग्रंथकार को आज्ञा के लिये लिखता हूँ। सहायता की आवश्यकता पड़ने पर आपको कष्ट दूँगा। हां। इस समय केवल इतना ठीक कर दीजियै कि हिंदी अनुवाद में ग्रंथ का नाम क्या रखूं। अंग्रेजी में उसका नाम है Kamala's Letters to her husband'

हिंदी में इसका अविकल अनुवाद रखने से तो कुछ रोचक न होगा। नाम ग्रंथ के अनुकूल हो और रोचक भी हो यह कृपया आप तजवीज कर दें। यह वही मदरास-वाली कमला है जिसे आप पढ़ चुके हैं। मुझे आशा है मेरे इस प्रकार बार बार तकलीफ देने के लिये आप मुझे क्षमा करेंगे।

आपका कृपाकांक्षी
तिलकसिंह

पत्र सादे कागज पर है। द्विवेदी जी ने अँगरेजी में इसपर 'रिप्लाइड ३।११।११' लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[५]

२६५२

कुर्री सुदौली
१३ नवम्बर

मान्यवर,

कृपापत्र मिला। मुझे यह जानकर संतोख हुआ कि आप लुई कूने की प्रणाली से लाभ उठा चुके हैं। अब विश्राम की आवश्यकता है तो विश्राम अवश्य कीजियै जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक रहे वह कीजियै। जैसे हो सके, जैसे बने, हिंदी को थोड़े दिन अभी सनाथ बनाये रहियै, बस यही प्रार्थना है। मैं या मेरे राजा साहब किसी प्रकार आपके काम आ सके तो निःसंकोच भाव से आज्ञा कीजियै, मानो हम लोगों को इससे आप अनुग्रहीत करेंगे।

कमला के रचयिता को अनुवाद विषयक आज्ञा प्रदान करने को लिखा है। उनकी स्वीकृती आने पर कार्य आरंभ करूँगा, परंतु इस दरबार के झगड़े की बातों से अब जनवरी तक शायद कुछ न कर सकूँगा चाहे उसकी स्वीकृती अभी ही प्राप्त हो जावे। चतुर्थांश हो चुकने पर आपकी सेवा में भेजूँगा।

सदैव दया भाव बनाये रखियै और मेरे योग्य सेवा लिखते रहियै।

आपका कृपाकांक्षी
तिलकसिंह

पत्र सादे कागज पर लिखा गया है। द्विवेदी जी ने इसपर अँगरेजी में 'जो रिप्लाईड १४।११।११' लिखा है।

[६]

२६५१

४ सितम्बर

प्रियवर द्विवेदी जी,

मेम्बरी की बधाई के लिये आपको हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। देहाती होकर मैं देहातियों को भला कैसे भूल सक्ता हूँ। यदि भूलूँ तो आप याद दिलाइयेगा।

हितैषी
रामपाल

यह पत्र राज्यचिह्नांकित कागज पर लिखा गया है। राज्यचिह्न में 'राजकुर्री-सुदौली-डिस्ट्रिक्ट रायबरेली तथा राइटियस्नेस इज द पाथ आव विजडम' अँगरेजी में अंकित है। द्विवेजी ने इसपर अँगरेजी में 'रिप्लाइड ६।६।१४' लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[७]

२६४६

कुर्री सुदौली
६-५-१५

प्रिय द्विवेदी जी,

राजा साहेब शिवगढ़ ने एक पुस्तक बनवाई है उन्होंने उसी के संबंध में मुझसे अपनी इच्छा प्रकट की है कि आपके द्वारा वह संशोधित और परिमार्जित हो जाय।

यदि उनका आदमी वह पुस्तक लेकर आपकी सेवा में उपस्थित हो तो क्या आपको इतना अवकाश मिल सकेगा कि आप उसे संशोधित कर दें ?

पत्रोत्तर से शीघ्र अनुग्रहीत कीजिए,
भवदीय :—
आनरेबिल राजा रामपाल
सी० आई० ई०

यह पत्र सादे कागज पर किसी लिपिक द्वारा लिखा गया है। हस्ताक्षर राजा साहब का है। इसपर द्विवेदी जी ने उत्तर के लिये यह टिप्पणी लिखी है :—एक हफ्ते से अधिक का काम न हो तो डाक से भिजा दीजिए। उन्होंने, अंगरेजी में 'रिप्लाइड १।१३।५।१५' भी लिखा है।

[८]

२६५८

प्रयाग
२०।१।१३

महाशय

आपकी तीव्र विभीषिका मुझे होली तक रुकने का अवकाश न दे सकी। इससे मैंने कुछ लिख डाला है। मैंने 'धार्मिक विषय' जो लिखा (अपने गत पत्र में) सो मेरी भूल थी। मेरा अभ्यास दर्शन शास्त्र में ही यत्किंचित रहा। इससे दार्शनिक ही विषयों पर लिखना मुझे अनुकूल होता है। इस लेख को पढ़कर आप लिखिये कि यह आपकी Policy के अनुकूल है वा नहीं। यदि न हो तो लौटा दीजिये। नहीं तो यथावकाश 'सरस्वती' देवी के पैरों पर अर्पित कर दीजिये।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेख देखने से आपको मालूम हो जायगा कि मैं हिंदी में लिखने में संकुचित क्यों होता हूँ। मेरी भाषा रोचक नहीं होती—ऐसी अनुमति एक महान हिंदी वेत्ता की है। और अशुद्धियाँ भी बहुत होती हैं—इसे मैं स्वयं जानता हूँ। इन्हीं सब कारणों से इधर उधर कभी कुछ लिख डालता हूँ परंतु 'सरस्वती' ऐसी प्रतिष्ठित मासिक पत्रिका को कलुषित करने का साहस नहीं करता। परंतु आपकी आज्ञा इतनी जोर से आई कि सब बातों को भूलकर मैं लिखकर भेजता हूँ। आप इतनी कृपा करें की अपनी लेखनी द्वारा अशुद्धियों का शोधन कर दीजिये। नहीं तो मेरी अप्रतिष्ठा तो होगी साथ साथ सरस्वती की कीर्ति पर भी धब्बा लग जायगा।

आप मेरे उपर कृपा रखते हैं और इससे मेरी प्रतिष्ठा की रक्षा का उपाय अवश्य करेंगे इसी विश्वास पर लेख भेजता हूँ।

यह लेख आपको पसंद होगा तब इसके आगे के अंशों को लिखूँगा।

कृपाकाङ्क्षी

गंगानाथ झा

इस पत्र पर द्विवेदी जी ने अँगरेजी 'रिप्लाइड २२।१।१३' लिखा है।

[६]

२६५७

प्रयाग

२४।१।१३

महाशय

परिमार्जित कापी के साथ यदि अपरिमार्जित कापी भी भेज दें तो किस ढंग का परिमार्जन अपेक्षित होता है सो भी मुझे ज्ञान होता जायगा। जिससे कुछ सुधर जाने की सम्भावना होगी।

कृपाकाङ्क्षी

गंगानाथ झा

कार्ड का पता

Pandit
Mahavir Prasad Dwivedi
Juhi
Cawnpore

यह पत्र सरकारी पोस्ट कार्ड पर लिखा गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

[१०]

२६७२

309 Fifth Avenue
Pittsburgh Pa U. S. A.
1st October 1911

प्रिय पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी को जगन्नाथ खन्ना का प्रणाम पहुँचे—आगे इसके साथ के लेख को सरस्वती पत्रिका के लिये भेज रहा हूँ आशा है कि आप इसे अपने अमूल्य पत्रिका में स्थान देकर अनुगृहीत करिये गा—इस लेख से आप को पता लग जावेगा कि मैं इस अमेरिका देश में विद्याध्ययन करने को अभी प्रयाग से आ रहा हूँ और इस University of Pittsburgh में Electrical Engineering सीखता हूँ। दो साल में डिगरी मिल जावेगी—अमेरिका के विषय में आप की पत्रिका के लिये सब प्रकार के लेख लिख सकता हूँ—जिस विषय पर आप कहेंगे—आशा है इस मेरी इच्छा को आप पूरी करेंगे और उत्तर इसका शीघ्र देंगे—सरस्वती भी आगामी मास से कृपा कर भेज दिया करिये इससे हिंदी संसार से प्रथक न हों—

आपका देशबंधु
जगन्नाथ खन्ना

पत्र सादे कागज पर है। द्विवेदी जी ने इस पर अँगरेजी में 'रिप्लाइड २।११।११' लिखा है।

[११]

२६६६

309 Oakland Avenue
Pittsburgh Pa. U. S. A.
Feb. 4, 1912

श्री मान पंडित जी को प्रणाम्

आपका १ जनवरी का लिखा पत्र पाकर चित्त बड़ा प्रसन्न हुआ—हृदय से आपको आपकी नये दिन की बधाई के लिये धन्यवाद देता हूँ—ईश्वर से प्रार्थना है कि आप-को कुशलपूर्वक रक्खे जिससे आप बहुत समय तक मातृ देश और मातृ भाषा की सेवा कर सकें—

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सरस्वती की उन्नति से मुझे सदा खुशी होगी—अल्प शक्ति के साथ यह दास भी सेवा करने के लिये तैयार है—हिंदी की उन्नति मेरा धर्म है—

बड़ी कृपा होगी यदि इसी प्रकार मुझे अवसर देते रहिये--मुझे सलाह की जरूरत है—मेरी गलतियों को बतलाते और ठीक करते रहिये—

यह लेख मेरे चित्त का उद्वेग है—बड़ी कृपा होगी यदि इसी प्रकार ज्यों का त्यों अलबत्ता शुद्ध कर छपा दीजिये।

समय मिलने पर हमेशा भिन्न मनोरंजक विषयों पर वार्ता करता रहूँगा—

अब रात अधिक हो गई है, डेढ़ बज गये हैं—प्रणाम

आपका
जगन्नाथ खन्ना

पत्र सादे कागज पर है। द्विवेदी जी ने इस पर अँगरेजी में 'रिप्लाइड १२।३।१२' लिखा है।

[१२]

२६६५

Prem Mahavidyalaya
Brindaban, Muttra
26th Jan. 1914

श्रीयुत पंडित महावीरप्रसाद जी द्विवेदी को नमस्कार

इसके साथ मैं आज आपको एक लेख नियाग्रा झरना के विषय में सरस्वती की अगली संख्या के लिये भेज रहा हूं—कृपा कर प्राप्त स्वीकार भेजियेगा।

स्वदेश को लौटे मुझे कई महिने हो गये परंतु मेरा असबाब नहीं आया था और कुछ इधर उधर मित्र बंधुओं में मिलने मिलाने में समय चला गया, इस कारण मैं आप को कोई लेख नहीं भेज सका—इधर आपने सरस्वती भेजना बंद कर दिया,

मैं अब आप को बराबर बड़े रोचक लेख लिख कर भेजा करूँगा क्योंकि अपनी यात्रा में मैंने अपने बहुत लेख के सामान इकट्ठा किये हैं।

पत्र सादे कागज पर है। द्विवेदी जी ने इसपर अँगरेजी में 'रिप्लाइड' लिखा है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

परंतु अब मैं अपने लेखों का मूल्य लिया करूँगा, क्योंकि मेरा समय यह बहुत लेता है- इसलिये यदि आप इस लेख जिसे मैं भेज रहा हूँ उसका मूल्य दस रूपये देना स्वीकार करें तब छपवाना, नहीं तो कृपा कर लौटा देना।

मैंने लौटती बार अमेरिका की खूब यात्रा की है और यूरोप के अनेक देशों में जैसे कि इङ्गलैंड, फ्रांस, जर्मनी, स्विट्जर लैंड, इटली इत्यादि २ में बहुत दिनों तक भ्रमण की है मेरा विचार है कि धीरे धीरे सरस्वती में अपनी यात्रा का वृतांत दूँ—यदि आप मेरे लेखों का मूल्य यथेष्ठ देंगे तो तो मैं अवश्य ऐसा करूंगा—

आप का मित्र
जगन्नाथ खन्ना
B. Sc. (Pittsburgh)
Professor
Electrical Engineering
Prem Mahavidyalaya
Brindaban

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विमर्श

'गोविंदहुलास नाटक' का रचयिता

प्रभुदयाल मीतल

'गोविंदहुलास नाटक' व्रजभाषा हिंदी के अब तक प्राप्त नाटकों में सर्वाधिक प्राचीन और सर्वांगपूर्ण बतलाया गया है। लगभग ढाई सौ वर्ष तक अंधकार के गर्भ में रहने और पूरे बारह महीने तक मुद्रण की प्रसववेदना सहनेवाले इस ग्रंथ को प्रकट करने का श्रेय कुँवर चंद्रप्रकाश सिंह जी को है। इसकी एकमात्र उपलब्ध हस्तलिखित प्रति गौड़ीय संप्रदाय के शोधक विद्वान् बाबा कृष्णदास जी के संग्रह में थी। वहीं से प्राप्त कर उक्त कुँवर साहब ने इसे संपादित रूप में वृहत् प्रस्तावना के साथ प्रकाशित किया है।

इस नाटक की मूल पांडुलिपि में रचनाकार या रचनाकाल का कहीं पर उल्लेख नहीं है। यहाँ तक कि इसके लिपिक के नाम या लिपिकाल का उल्लेख भी इसमें नहीं हुआ है। इसलिये संपादक महोदय को इस ग्रंथ की प्रस्तावना में 'रचनाकार और रचनाकाल' के निर्णयार्थ पर्याप्त उहापोह करना पड़ा है। फिर भी इसके संबंध में वे कोई निश्चित मत व्यक्त नहीं कर सके हैं।

इस ग्रंथ के रचयिता के रूप में नायक, जीवगोस्वामी और रूपगोस्वामी के नामों की संभावना पर विचार करने के उपरांत कुँवर चंद्रप्रकाश जी ने अपना अभिमत इस प्रकार प्रकट किया है। 'अब तक उपलब्ध सामग्री के आधार पर रूपगोस्वामी अथवा जीवगोस्वामी ही इस नाटक के प्रणेता कहे जा सकते हैं।'

इसके रचनाकाल का कोई निश्चित संवत् बतलाने के स्थान पर उन्होंने लिखा है 'यह नाटक ढाई सौ वर्ष से भी अधिक पुराना है।' उक्त मत किसी लिखित प्रमाण पर आधारित नहीं है, बल्कि इसके संभावित रचयिताओं के उपस्थितिकाल के आधार पर ही इसका अनुमान किया गया है।

गोविंदहुलास नाटक मौलिक कृति नहीं है। इसकी रचना चैतन्य संप्रदाय के प्रकांड विद्वान् श्री रूपगोस्वामी के प्रसिद्ध नाटक 'विदग्ध माधव' के आधार पर कुछ साधारण परिवर्तन के साथ की गई है। चूँकि इसमें उक्त आधारग्रंथ का भी नामोल्लेख नहीं हुआ है, अतः कुँवर साहब ने समझा है, कदाचित् रूपगोस्वामी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जी ने अपने विख्यात संस्कृत नाटक के आधार पर स्वयं ही उसे ब्रजभाषा में भी लिख दिया होगा। रूपगोस्वामी को इस ग्रंथ का प्रणेता अनुमानित करने का यही प्रधान कारण बतलाया गया है। नायक और जीवगोस्वामी में से किसी के रचनाकार होने की संभावना का आधार इस नाटक के आरंभ में आए हुए 'नाइक' और 'जीउ' दो श्लिष्ट शब्द हैं।

इस नाटक के रचनाकार और रचनाकाल के संबंध में विचार करते हुए कुँवर साहब ने सर्वप्रथम इसकी मूल पांडुलिपि पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने इसकी वर्तनी विषयक तथाकथित कुछ विशेषताओं के कारण आरंभ में ही यह पूर्वाग्रह बना लिया है कि इस नाटक का लेखक कोई अहिंदीभाषी व्यक्ति है। उसके बाद उन्होंने जीउ' और 'नाइक' दो श्लिष्ट शब्दों के आधार पर जीव और नायक नामधारी कवियों की खोज का प्रयास किया है, किंतु उनका ध्यान पूर्वग्रह के कारण नायक पर से हटकर पहिले जीव गोस्वामी पर और फिर रूपगोस्वामी पर आकर जम गया है।

नायक पर से कुँवर साहब का ध्यान हटने का कारण एक यह भी था कि उन्हें उक्त कवि के संबंध में कोई ऐसा उल्लेख नहीं मिल सका, जिससे उसे इस प्रौढ़ नाटक का प्रणेता बतलाया जा सकता। मिश्रबंधु विनोद में जिस नायक कवि का उल्लेख हुआ है, उसे निम्न श्रेणी का कवि बतलाया गया है। इसलिये कुँवर साहब ने इस ग्रंथ के प्रणेता के रूप में नायक को अस्वीकार करते हुए लिखा है—'गोविंदहुलास के कवि निम्न श्रेणी के कवि नहीं हैं, इसलिये उन नायक के साथ इनका साम्य साधना संभव नहीं प्रतीत होता।' फिर जीव के संबंध में विचार करते हुए उन्होंने नायक को जीव के नाम का ही अंग समझ लिया है, यद्यपि इसके लिये वे कोई उपयुक्त कारण नहीं बतला सके हैं। उन्होंने लिखा है 'यह भी संभव प्रतीत होता है कि 'नायक' शब्द जीव के नाम का अंग हो और इस कृति के लेखक का पूरा नाम 'नायक जीव' या 'जीवनायक' हो।'

इस प्रकार कुँवर साहब ने इस ग्रंथ के प्रणेता के रूप में नायक की संभावना को एकदम समाप्त कर जीवगोस्वामी की संभावना पर बल देना चाहा है। किंतु इसके संबंध में एक कठिनाई यह थी कि आज तक किसी ने भी जीव गोस्वामी को हिंदी लेखकों में नहीं बतलाया है। उनकी कोई भी हिंदी रचना आज तक उपलब्ध नहीं हुई है। ऐसी दशा में उन्हें गोविंदहुलास जैसी प्रौढ़ हिंदी रचना का प्रणेता कैसे कहा जा सकता था!

उक्त कठिनाई उन्हें रूपगोस्वामी को इस ग्रंथ का प्रणेता बतलाने में नहीं जान पड़ी। इस संबंध में कुँवर साहब ने आत्मसंतोष प्रकट करते हुए लिखा है: 'जीवगोस्वामी के विषय में भले ही अभी यह कहा जा सके कि उनकी हिंदी रचना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं मिलती, पर सनातन और रूप ने हिंदी में लिखा था, इसके प्रमाण मिलने लगे हैं।

और वे तथाकथित प्रमाण कुँवर साहब को नागरीप्रचारिणी सभा की सन् १९०६–८ की खोज रिपोर्ट में उल्लिखित 'शृंगार सुख' नामक हिंदी ग्रंथ की सूचना में तथा श्री अगरचंद जी नाहटा द्वारा सं० २०१३ के फाल्गुन मास की 'व्रजभारती' में उल्लिखित विभिन्न नामों के एक व्रजभाषा गद्य ग्रंथ से संबंधित लेख में मिले हैं। सभा के रिपोर्टकार और श्री नाहटा जी ने उक्त ग्रंथों को रूपसनातन कृत बतलया है।

रूपसनातन किसी एक लेख या कवि का नाम नहीं है। ये दो नाम हैं, जो चैतन्य संप्रदाय के सर्वमान्य विद्वान् दो गौड़ीय गोस्वामी बंधुओं के हैं। उनमें पहिला नाम अनुज का है और दूसरा नाम अग्रज का। रूपगोस्वामी अनुज थे, जो अपने अग्रज सनातन गोस्वामी के प्रति अत्यंत श्रद्धाभावना रखते थे, इसलिये अपने नाम को अपने आदरणीय अग्रज से पहिले लगाना उनके लिये संभव नहीं था। फिर उन दोनों ने पृथक्-पृथक् ग्रंथरचनाएँ की हैं और उनमें नामों का स्पष्ट उल्लेख किया है। उनकी कोई भी प्रामाणिक रचना उन दोनों के संमिलित नामों से नहीं मिलती है। इसलिये रूपसनातन जैसे असंगत और कल्पित नामों की प्रामाणिकता स्पष्ट है।

श्री अगरचंद जी नाहटा ने जिस गद्य ग्रंथ का उल्लेख किया है, वह राधा मिलन, राधामाधव मिलन, श्री माधो राधा विलास, राधा माधो लीला विलास पूर्णमासी जी की कथा, विदग्ध माधो, आदि अनेक नामों से मिलता है। इसी ग्रंथ की एक हस्तलिखित प्रति बाबा कृष्णदास के पास है जिसपर ग्रंथ का नाम गोपेश्वर-रूपगोस्वामी संवाद लिखा हुआ है; किंतु उसे बाबा जी ने 'विदग्धमाधव वार्ता' के नाम से प्रकाशित किया है।

इस संबंध में तथ्य की बात यह है कि रूपगोस्वामी ने संस्कृत भाषा में 'विदग्ध माधव' नामक एक नाटक की रचना व्रज के गोकुल ग्राम में सं० १५६० में की थी। वह नाटक संस्कृतज्ञ भक्तजनों में बड़ा लोकप्रिय हुआ था। उसका लाभ संस्कृत से अनभिज्ञ भक्त-जन-समुदाय को पहुँचाने के लिये उसके आधार पर व्रज-भाषा गद्य में अनेक प्रतियाँ तैयार की गई थीं। उन्हें लिखनेवाले वे विभिन्न भक्त जन थे, जो रूपगोस्वामी और उनके अग्रज सनातन गोस्वामी के प्रति अत्यंत श्रद्धा रखते थे। उन प्रतियों पर अनुवादकों ने अपना नाम देने की इसलिये आवश्यकता नहीं समझी थी कि उनमें उनका कोई कृतित्व नहीं था। जो कुछ था, वह रूपगोस्वामी का था, किंतु उनका नाम भी इसलिये नहीं दिया गया कि वे प्रतियाँ उनके नाटक का अविकल अनुवाद भी नहीं थीं। किसी किसी प्रति पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उनका और उनके अग्रज सनातन गोस्वामी का नाम इसलिये लिख दिया गया था कि अनुवादक उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करना चाहता था।

जिस भक्तिकाल में वे प्रतियाँ तैयार की गई थीं, उस काल में मौलिक कृतिकार भी अपने नाम और रचनाकाल देने के प्रति अधिक जागरूक नहीं हुआ करते थे। फिर अनुवादकों को इस संबंध में सावधान होने की आवश्यकता ही नहीं समझी जाती थी। उनका उद्देश्य उस प्रकार की कृतियों को तैयार करने में नाम और रचनाकाल जैसी लौकिक बातों की विज्ञप्ति करने की अपेक्षा उनके द्वारा भक्तिभावना का प्रचार करना मात्र होता था।

फिर उस काल के भक्त कवियों में एक और परंपरा प्रचलित थी। वह थी, या तो अपने नाम को न देकर अपने गुरु या आदरणीय का ही नाम देना, अथवा अपने नाम के साथ अपने गुरु या आदरणीय का भी नाम लगा लेना। इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। वल्लभ संप्रदायी भक्त कवयित्री गंगाबाई की समस्त रचनाएँ "श्री विट्ठल गिरिधर" के नाम से हुई हैं। उनमें श्री विट्ठल से अभिप्राय उनके गुरु गो॰ विट्ठलनाथ जी से और गिरिधर से अभिप्राय उनके उपास्य देव से है। हरिदासी संप्रदाय के एक भक्त कवि पीतांबरदास ने अपने अनेक पदों में संप्रदाय के प्रथम आचार्य श्री हरिदास स्वामी का ही नाम रखा है। चैतन्य संप्रदायी सूरदास की रचनाओं में उसके नाम के साथ उसके उपास्य देव मदनमोहन जी का नाम भी जुड़ा हुआ है। वल्लभ संप्रदायी भगवानदास की रचनाओं में उनके आदरणीय रामराय का नाम लगा मिलता है। राधा-वल्लभीय भक्त कवि चंदसखी और चाचा वृंदावनदास के नामों के साथ उनके गुरु बालकृष्ण और रूपलाल के नाम भी लगे हुए हैं।

कृतिकारों की इस विनम्रता के कारण गलत नामों का प्रचार हो जाने से अनेक साहित्यिक उलझनें उत्पन्न हो गई हैं। ऐसी ही उलझन विदग्ध माधव नाटक के आधार पर तैयार किए हुए उक्त गद्य ग्रंथों के संबंध की है और ऐसी ही गोविंदहुलास नाटक के विषय में भी है। उन सबका आधार रूपगोस्वामी की रचना अवश्य है, किंतु उनमें से किसी के भी लेखक रूपगोस्वामी स्वयं नहीं हैं।

गोविंदहुलास नाटक के प्रणेता के रूप में रूपगोस्वामी अथवा जीवगोस्वामी का नाम देने में कुँवर चंद्रप्रकाश जी को एक सात्विक प्रलोभन भी रहा है। वह प्रलोभन हिंदी साहित्यकारों की पंक्ति में उक्त गोस्वामियों जैसे प्रकांड विद्वानों को संमिलित करना है। निस्संदेह प्रत्येक हिंदीप्रेमी को हार्दिक प्रसन्नता होगी, यदि किसी प्रकार रूपगोस्वामी अथवा जीवगोस्वामी को व्रजभाषा हिंदी का कवि या लेखक सिद्ध किया जा सकता, पर दुर्भाग्य से ऐसा होना संभव नहीं है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जीवगोस्वामी के हिंदी कवि या लेखक होने की सूचना किसी भी सूत्र से आज तक नहीं मिली। रूपगोस्वामी के संबंध में ग्रियर्सन का हवाला देते हुए कुँवर साहब ने लिखा है कि कृष्णानंद व्यास कृत विशाल संगीत ग्रंथ राग सागरोद्भव राग कल्पद्रुम के हिंदी रचयिताओं की सूची में रूपसनातन का भी नाम है। यदि कुँवर साहब ने स्वयं वह ग्रंथ देखा होता, तो वह कदापि ऐसा नहीं लिखते। उक्त ग्रंथ की वर्णानुक्रमिक नामसूची में सनातन या जीव के तो कतई नाम नहीं हैं, रूप और रूपस्वामी के नाम अवश्य हैं। उनकी रचनाएँ क्रमशः पृष्ठ ५३५ और ६६ पर होने की सूचना दी गई है। उक्त ग्रंथ के पृष्ठ ५३५ पर जो रचना है, वह रूपगोस्वामी की नहीं है, बल्कि रूपरसिक नामक दूसरे संगीतज्ञ कवि की है। पृष्ठ ६६ पर रूपस्वामी के नाम की भी कोई रचना नहीं है। उसी ग्रंथ में रूपनिधान, रूपनिधि, रूपमति, रूपरंग और रूपरास की रचनाएँ होने की भी सूचनाएँ हैं, किंतु वे सब नाम रूपगोस्वामी से भिन्न व्यक्तियों के हैं। इस प्रकार राग कल्पद्रुम में जीव, रूप और सनातन में से किसी की भी कोई रचना नहीं है।

उक्त गोस्वामीगण अपने समय के विख्यात साहित्यकार और चैतन्य संप्रदाय के सर्वमान्य व्याख्याकार थे, अतः उनकी रचनाएँ उन्हीं के समय में खूब प्रचलित हो गई थीं। उनकी बहुसंख्यक प्रतिलिपियाँ व्रज से बंगाल तक के चैतन्य संप्रदायी भक्तों में प्रचुरता से प्रचारित हुई थीं। तब से उनके ग्रंथों के मूल तथा टीका, टिप्पणी और व्याख्यासहित अनेक संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। गोस्वामियों के सभी ग्रंथ संस्कृत भाषा में है, व्रजभाषा हिंदी में उनकी कोई रचना नहीं है। वे संस्कृत रचनाएँ इतनी सर्वविदित हैं कि अब उनके संबंध में कोई अप्रकट या अप्रकाशित बात शेष नहीं है। ऐसी दशा में उक्त गोस्वामियों को हिंदी लेखकों की पंक्ति में बैठाने का कोई भी प्रयास सफल नहीं हो सकता। यह प्रलोभन छोड़ना ही पड़ेगा।

मैंपिछले २५—३० वर्षों से व्रज साहित्य का अन्वेषण, अवलोकन और आलोड़न करता रहा हूँ। इस अवधि में मुझे सैकड़ों कवियों की हजारों रचनाएँ देखने का सुयोग मिला है, किंतु मुझे उक्त गोस्वामियों में से किसी की व्रजभाषा हिंदी में रची हुई एक पंक्ति भी नहीं मिली। ऐसी दशा में गोविंदहुलास जैसे सर्वांगपूर्ण और प्रौढ़ नाटक का उन्हें प्रणेता बतलाना वास्तविकता से रहित और व्यर्थ की कल्पना मात्र है।

फिर इस नाटक का प्रणेता कौन है? मेरे विचार से वह नायक नाम का भक्त कवि है। उसने ग्रंथ के आरंभिक मंगलाचरण में ही अपने आदरणीय सर्वश्री सनातन और रूप गोस्वामियों के श्लिष्ट नामों के साथ अपने नाम की भी स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रुचिर सनातन तनु विमल, रूप सील कोविद सरस।
बसहु सदा नायक हिए, श्रीकृष्ण नाम पारस परस ॥

ऐसी स्पष्टोक्ति के होते हुए भी इस नाटक के प्रणेता की खोज में कुँवर साहब को इधर उधर भटकने का व्यर्थ श्रम करना पड़ा, यह आश्चर्य की बात है। उन्होंने मिश्रबंधु विनोद, शिवसिंह सरोज, और सूदन कृत सुजान चरित्र में नायक को खोजने का प्रयास किया था, किंतु उन ग्रंथों से उन्हें संतोष नहीं हुआ। उनमें जिस नायक कवि का उल्लेख है, वह इस नाटक का प्रणेता नहीं समझा गया। इसीलिये उनका ध्यान नायक की तरफ से हटकर अन्यत्र जम गया था।

असल में नायक की खोज उपयुक्त रचनाओं में की ही नहीं गई। नायक भक्तकवि है और भक्तों का प्रामाणिक उल्लेख भक्तमाल अथवा भक्तनामावली जैसी रचनाओं में ही हुआ है। ध्रुवदास कृत भक्तनामावली के दोहा सं० ४७ में नायक का उल्लेख मिलता है; किंतु वह रचना कुँवर साहब की दृष्टि में नहीं आई थी। उसका उल्लेख इस प्रकार है :

अति अनन्य निज धर्म में, नाइक रसिक मुकुंद।
बसे विपिन रस भजन कै, छांड़ि जगत सुख दुंद ॥४७॥

उक्त दोहे में नायक और रसिक मुकुंद नामक भक्तों का उल्लेख है। उसमें बतलाया गया है कि वे दोनों भक्तजन अपने धर्म के प्रति अनन्य भाव रखते थे और जगत् के दुःखद्वंदों को छोड़कर भजन करने के लिये वृंदावन में आकर बस गए थे। इससे ज्ञात होता है कि नायक वृंदावन का मूल निवासी नहीं था, बल्कि धार्मिक भावना के कारण अपने निवासस्थान को छोड़कर वृंदावन में रहने को आया था। ध्रुवदास की रचना में उसके नाम का उल्लेख होने से उसका काल १७वीं शताब्दी के बाद का नहीं हो सकता।

ध्रुवदास ने नायक के नाम का उल्लेख राधावल्लभ संप्रदायी भक्तकवियों के सिलसिले में किया है। उन्होंने व्यास जी, सेवक जी, नरवाहन जी जैसे विख्यात राधावल्लभीय भक्तों का नामोल्लेख करने के पश्चात् नायक और रसिक मुकुंद के नाम लिखे हैं। उनके बाद फिर राधावल्लभीय चतुर्भुजदास और वैष्णवदास के नाम आए हैं। कदाचित् इसीलिये श्री किशोरीशरण अलि ने नायक और रसिक मुकुंद को राधावल्लभीय भक्त कवि समझकर उनके नामों का उल्लेख श्री हित-राधा वल्लभीय साहित्य रत्नावली में किया है और उन्हें १७ वीं शताब्दी का कवि बतलाया है। नायक के राधावल्लभीय होने का समर्थन गोविंदहुलास की मूल पांडुलिपि से भी होता है, उसमें १ से २३ तक के पृष्ठों में श्री व्यास जी और राधावल्लभीय भक्तों के पदों का संकलन है तथा अंतिम पृष्ठ ७६ की समाप्ति भी श्री राधावल्लभो जयति, श्रीराधा श्रीराधा शब्दों के साथ हुई है। फिर भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह निश्चयपूर्वक कहना कठिन है कि वह राधावल्लभीय ही था। गौड़ीय गोस्वामियों के प्रति श्रद्धाभावना के कारण उसे चैतन्य संप्रदाय का अनुयायी भी माना जा सकता है।

जिस भक्तनामावली में नायक का उल्लेख हुआ है, उसका संपादन बा० राधाकृष्णदास जी ने किया है। उन्होंने नायक के नाम पर टिप्पणी करते हुए केवल इतना बतलाया है "डा० ग्रियर्सन ने सरदार कवि के संग्रह के आधार पर इनका और मुकुंद कवि का नाम लिखा है"। इससे ज्ञात होता है कि उक्त बाबू साहब नायक का विशेष वृत्तांत उपलब्ध नहीं कर सके थे।

नायक का विशेष वृत्तांत ही नहीं, उसकी अधिक रचनाएँ भी उपलब्ध नहीं हैं। उसकी कुछ स्फुट रचनाएँ संगीत ग्रंथों में मिलती हैं, जिनसे ज्ञात होता है कि वह भक्त कवि होने के साथ ही साथ संगीतज्ञ और गायक भी था। राग कल्पद्रुम की वर्णानुक्रमिक सूची में नायक का नाम है और उसकी रचना प्रथम खंड के पृष्ठ १७२ पर बतलाई गई है। यह रचना अपूर्ण और अशुद्ध मालूम होती है जो इस प्रकार है :

कटाछ वाढ़ देत कर पल्लव वस्तर लिए,
अंजन सुधारत तिय चाहत अवास रे।
एक कर दर्पन लिए वदन निहारत ऐसी लागे,
मानों "नायक" द्रष्टि परत तब रहे न सुध संभार रे॥

इसी खंड के पृष्ठ २२२ पर नायक की एक और रचना है, किंतु उसके पृष्ठांक का संकेत उक्त सूची में नहीं दिया गया है। वह रचना इस प्रकार है :

मोसों नंद को सुवन उरझै।
कैसो हों पनघटवा जाऊँ, अब मोरा जिय लरजै॥
और सखी कोई मनहिं न भावै, हमहीं सों हठ रार मचावै,
ब्रज में भयौ यह निपट निडर, को "नायक" बरजै॥

नायक की एक संगीत रचना श्री भरत व्यास जी से प्राप्त कर स्वयं कुँवर चंद्रप्रकाश जी ने भी उद्धृत की है, किंतु उसे उन्होंने रूप सनातन की रचना समझा है। वह रचना इस प्रकार है :

बगरे लतान युत सगरे विटप वर,
सुमन सुगंध मय समीर मयन की।
चातक चकोर चक्रवाक पिउ पुकार,
धँवनि विचित्र चातक सुवयन चयन की॥
पुलिन कालिंदी की, सुदेस बेंस जुवति जूथ,
मध्य राधिका सु स्याम,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रास नाद टेरि मुरलि
वादित वर राग रति गहन की ॥
ऐसी न देखिन छवि,
कहत सनातन रूप जीव,
'नायक' सोभा सरद रयन को ॥

उक्त ध्रुपद में नायक के नाम के साथ सनातन रूप और जीव के नाम भी हैं। यदि इन नामों के कारण ही इस ध्रुपद को रूपसनातन की रचना कहा जा सकता है, तो फिर इसे रूप, सनातन, जीव और नायक चारों की संमिलित रचना कहना अधिक उपयुक्त होगा। किंतु इस प्रकार का कथन सर्वथा हास्यास्पद ही कहा जायगा। वास्तव में उक्त ध्रुपद का रचयिता नायक है, जिसने अपने नाम के साथ अपने आदरणीय गुरुजन सनातन, रूप और जीव गोस्वामीगण के नाम भी लगा दिए हैं। इस प्रकार से नाम लगाने की परंपरा भक्तिकाल में प्रचलित थी, जिसके विषय में पहले कहा जा चुका है।

यह प्रसन्नता की बात है कि जिस नायक नाम के भक्त कवि और गायक की कुछ स्फुट रचनाएँ ही अब तक प्राप्त थीं, उसकी एक सर्वांगपूर्ण नाट्य रचना गोविंदहुलास के रूप में भी उपलब्ध हो गई है। इसका श्रेय कुँवर चंद्रप्रकाश सिंह जी को है, भले ही वह स्वयं अभी तक इसके संबंध में अँधेरे में ही हों।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिंदी में 'बावनी' की परंपरा

अगरचंद नाहटा

नागरीप्रचारिणी पत्रिका के वर्ष ६७ अंक २ में श्री वासुदेवसिंह का 'हिंदी में बावनी काव्यपरंपरा' लेख प्रकाशित हुआ है। उसमें उन्होंने मेरे द्वारा संपादित राजस्थान में हिंदी के हस्तलिखित ग्रंथों की खोज भाग ४ को मुख्य आधार मानकर बावनी काव्यपरंपरा पर प्रकाश डाला है : पर ऐसा प्रतीत होता है उन्होंने अब से २७ वर्ष पूर्व प्रकाशित ('मधुकर', जून-जुलाई, १९४६ के अंक में) 'हिंदी भाषा में बावनी साहित्य' नामक मेरे लेख को नहीं देखा है। मैंने उस लेख में श्री वासुदेव सिंह द्वारा उल्लिखित रचनाओं के अतिरिक्त और भी कई रचनाओं की जानकारी दी थी। यदि श्री वासुदेवसिंह उसे देख लेते तो उनको और भी अधिक सूचनाएँ प्राप्त हो जातीं। जैसा उन्होंने लिखा है, १३वीं शताब्दी की पृथ्वीचंद्र की रचना के बाद कबीर रचित एक बावनी का पता चलता है। पर वास्तव में इसी बीच में जैन विद्वानों की रची हुई और भी ऐसी बहुत सी रचनाएँ प्राप्त हैं जिनसे स्पष्ट है कि यह परंपरा अविच्छिन्न रूप से आजतक चली आ रही है। मैंने अपने लेख में २१ बावनी और ४ बारहखड़ी संज्ञक रचनाओं की सूची दी थी। इधर कई वर्षों में तो मुझे ऐसी और भी बहुत सी रचनाएँ प्राप्त एवं ज्ञात हुई हैं। मैंने अपने पूर्ववर्ती लेख में राजस्थानी भाषा को हिंदी से स्वतंत्र एवं अलग मानते हुए केवल हिंदी रचनाओं की ही सूची दी थी। वैसे राजस्थानी भाषा में भी २५-३० बावनियाँ प्राप्त हैं और उनमें से अधिकांश मेरे संग्रह में हैं।

अब मैं अपने उक्त लेख का आवश्यक अंश यहाँ उद्धृत कर रहा हूँ क्योंकि 'मधुकर' के अंक अब सुप्राप्य नहीं हैं। नागरी लिपि में अ से अः तक १६ स्वर के और व्यंजन के ३६ कुल पूरे ५२ अक्षर हैं। इन अक्षरों में से प्रत्येक अक्षर से प्रारंभ होकर अक्षरानुक्रम से रची हुई बावन पद्योंवाली (अर्थात् बावन अक्षरों पर बावन पद्य रचे जाने के कारण) कृति को 'बावनी' संज्ञा दी गई है। 'आपणो कविओ'[1] नामक गुजराती ग्रंथ के अनुसार वे बावन अक्षर इस प्रकार हैं :

१. गुजरात वर्नाक्युलर सोसायटी से प्रकाशित।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वर—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, रि (ऋ), री (ॠ), लि (ऌ), ली (ॡ) ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः।

व्यंजन—क, ख, ग, घ, ङ (न), च, छ, ज, झ, ञ (ज), ट, ठ, ड, ढ, ण। त, थ, द, ध, न। प, फ, ब, भ, म। य, र, ल, व, श, ष, स, ह, क्ष, त्र, ज्ञ। पर कई रचनाओं में कई अक्षर भिन्न प्रकार के भी पाए जाते हैं—जैन रचनाएँ ऊं, न, म, सि, ध, (ॐ नमो सिद्ध) इन पाँच अक्षरों से प्रारंभ होती हैं। बावनियों में ङ, ञ के स्थान पर न; ष के स्थान पर क्ष; य और अः के स्थान पर ज और अ (रचना में कठिनता के कारण) प्रयुक्त किए गए हैं। कुछ कवियों ने ऋ ॠ ऌ ॡ को कुछ ने क्ष, त्र, ज्ञ को छोड़ दिया है।

विभिन्न नाम

'बावनी' नामकरण तो बावन पद्यों एवं बावन अक्षरों पर रचे जानेवाले पद्यों के कारण हुआ है, पर मुसलमान लेखकों ने ऐसी वर्णमाला पर की जानेवाली रचनाओं को अखरावट[1] या ककहरा[2] की संज्ञा दी है। कहीं कहीं ऐसी रचनाओं की संज्ञा बारहखड़ी भी पाई जाती है, क्योंकि अनेक रचनाओं मे स्वराक्षर प्रयुक्त न होकर व्यंजनाक्षर ही प्रयुक्त हुए हैं। कुछ रचनाएँ क, का, कि, की ऐसी ऐसी बारहखड़ी[3] के रूप में भी रची गई है।

बावनी रचनाओं का प्रारंभ एवं विकास

वर्णमाला पर रची जानेवाली रचनाओं का प्रारंभ कब से हुआ, यह कहना कठिन है, पर उपलब्ध रचनाओं के आधार पर इसका प्रारंभ अपभ्रंश काल से ही हुआ प्रतीत होता है।[4] जैन लेखक ही संभवतः इस प्रणाली आविष्कर्ता थे।

१. मलिक मुहम्मद जायसी रचित।

२. महात्मा कबीर का बीजक एवं ककहरा। महाराजा विश्वनाथसिंह एवं रामसहाय रचित ककहरे भी पाए जाते हैं। कक्कावली की सबसे बड़ी रचना जैन योगी बुद्धिसागर सूरि जी रचित कक्कावली सुबोध है जिसकी रचना सं० १९८० में ११११ पद्यों में गुजराती भाषा में हुई है। अध्यात्म ज्ञान प्रसारक मंडल पादुरा से उपर्युक्त ग्रंथ प्रकाशित हुआ है।

३. जनकराज किशोरीशरण रचित बारहखड़ी आदि।

४. हिंदी साहित्य में वर्णमाला के अक्षरों से आरंभ होनेवाली पद्य कृतियों में जायसी का 'अखरावट' एवं कबीर के 'ककहरे' सबसे प्राचीन हैं। अतः हिंदी भाषा की दृष्टि से ऐसी रचनाओं का प्रारंभिक काल १६वीं शताब्दी माना जा सकता है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अद्यावधि उपलब्ध ऐसी रचनाओं में निश्चित समय की जानकारीवाली पृथ्वीचंद रचित 'मातृका प्रथमाक्षर दोधक' (दो० ५८) सबसे प्राचीन है जिसकी प्रति (हमारी खोज से) बीकानेर के महिमाभक्ति भंडार में सं० १४०० के आसपास की लिखित उपलब्ध है। जैसा पृथ्वीचंद्र ने अपनी उक्त रचना के अंत में निर्देश किया है, वे अभयदेवसूरि के शिष्य थे, जिनका सं० १२७८ में रचित जयंतविजय काव्य निर्णयसागर प्रेस से प्रकाशित है। श्रीयुत मोहनलाल दुलीचंद देसाई ने अपने जैन गुर्जर कविओं' (भाग ३) में पृथ्वीचंद का समय १४२६ के लगभग लिखा है। पर हमारे नम्र मतानुसार इनका समय सं० १३०० के लगभग होना चाहिए। इसके पश्चात् १४वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में कवि पद्मरचित 'दूहा मातृका' और 'मातृका चौपाई' 'प्राचीन गुर्जर काव्यसंग्रह' में प्रकाशित है। इसी ग्रंथ में प्रकाशित शालिभद्र कक्क (गा० ७१) है, जिसमें स्वर को छोड़कर व्यंजनों पर ही पद्य लिखे गए हैं। 'सम्यकत्व माई चउपई' (गा० ६४) जिनेश्वर सूरि के शिष्य जगडू रचित भी इसी रचना प्रकार की रचना है। इस ग्रंथ के संपादक स्व० दलाल ने ऐसी एक अन्य रचना 'संवेग मातृका' का उल्लेख किया है। १५वीं शताब्दी की ऐसी रचना देवसुंदर सूरि के शिष्य द्वारा रचित 'काकबंध चौपाई' (गा० ६७) उपलब्ध है। प्रस्तुत शालिभद्र कक्क के समान क का, ख खा, इस प्रकार प्रत्येक व्यंजनाक्षरों पर दो दो पद्य रचे गए हैं। १६वीं शताब्दी में कवि पद्म की 'डूँगर बावनी' (गा० ५४) हमारे संग्रह में है। इसी प्रकार कवि खेम ने 'खेम बावनी' तथा छीहल ने 'छीहल बावनी' सं० १५८४ में बनाई। १७वीं शताब्दी की, बावनी संज्ञक रचनाओं में जैन कवि जिनसिंह सूरि, श्रीसार जटमल एवं लालचंद्रादि की बावनियाँ हमारे संग्रह में हैं, एवं 'दुर्जनसाल बावनी' 'अध्यात्म बावनी' भी अन्यत्र प्राप्त हैं।

१८ वीं शताब्दी 'बावनी' संज्ञक रचनाओं का मध्याह्न काल है। इस शताब्दी की 'बावनी' संज्ञक बहुत सी रचनाएँ पाई जाती हैं, जिनमें धर्मसिंह की बावनी त्रय, जिनहर्ष की दो, रघुपति के तीन एवं खेतल, केशव, किशन, राजलाभ, बालचंद, जिनरंग सूरि, हंसराज, समरथविनय, भक्त उदयराज, सुंदरदास आदि की रचित एक एक बावनी उपलब्ध हैं।

१९ वीं शताब्दी में इसके प्रति कवियों का आकर्षण कम हो गया, जैन कवियों में ज्ञानसार, निहालचंद, ब्रह्म, रूपचंद एवं २०वीं सदी के प्रथम दशक में रचित चिदानंद की बावनी उपलब्ध हैं।

जैनेतर कवियों की ऐसी रचनाओं में केशवदास रचित 'रतनबावनी' और भूषण रचित 'शिवा बावनी' हिंदी साहित्य में प्रसिद्ध हैं।

'बावनी' संज्ञा की प्रसिद्धि इतनी अधिक हुई कि पिछले कवियों ने वर्ण-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

माला पर न रचे जानेवाली एवं बावन से अधिक पद्यों की संख्या होने पर भी अपनी कई रचनाओं को 'बावनी' नाम से प्रसिद्ध किया है।

ऊपर जिस 'बावनी' साहित्य की चर्चा की गई है, वह अधिकांशतः जैन कवियों द्वारा रचित है, एवं गुजराती, हिंदी और राजस्थानी तीनों भाषाओं में रचा गया है। उनमें केवल हिंदी भाषा में रचित 'बावनी' साहित्य की सूची नीचे दी जा रही है :

ग्रंथ नाम	रचयिता	संवत्
१. अध्यात्म बावनी	हीरानंद	संवत् १६६८ के पूर्व रचित
२. दुर्जनसाल बावनी	कृष्णदास	संवत् १६५२
ज्ञान बावनी (बनारसीदास नामांकित)	पीतांबर संवत् १८८६ से बनारसीदास	
३. ज्ञान बावनी	हंसराज	—
४. अन्योक्ति ,,	विनयभक्ति	—
५. धर्म ,,	धर्मवर्धन	संवत् १७२५.
६. दोहा ,,	जिनहर्ष	,, १७३०
७. केशव ,,	केशवदास	,, १७३६
८. दोहा ,,	राजकवि	,, १७४१
९. सवैया ,,	बालचंद	,,
१०. किसन ,,	किसन	संवत् १७६७
११. जसराज ,,	जिनहर्ष	,, १७३४
१२. मान ,,	मान कवि	,,
१३. हेमराज ,,	राजकवि	,,
१४. प्रबोध ,,	जिनरंग सूरि	,, १७३१
१५. प्रबोध ,,	सुंदरदास	,,
१६. जैनसार ,,	रघुपति	,, १८०२
१७. निहाल ,,	ज्ञानसार	,, १८८१
१८. ब्रह्म ,,	निहालचंद	,, १८०१
१९. लघुब्रह्म ,,	ब्रह्म रूपचंद	,,
२०. सवैया ,,	चिदानंद	,,
२१. (भीखजन) पद्य ५४	भीखजन	संवत् १६७२
बावनी दोहा चौपाई पद्य ५७	सुंदरदास	सुंदरदास ग्रंथावली
२२. आध्यात्म ,,	चेतन	सं० १८५३
२३. जैन बारहखड़ी (पद्य४१)	सूरत	

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

२४. बारहखड़ी (पद्य ३६) लच्छीलाल
२५. बारहखड़ी (पद्य ७४) दत्त

(इनमें से नं० २१, २४, २५, के अतिरिक्त सभी के रचयिता जैन हैं)

राजस्थानी भाषा में तो बावनियाँ पचासों हैं पर हिंदी के दि० जैन कवियों आदि की रचित दसों बावनियों, कक्का, बारहखड़ी आदि रचनाओं का विवरण जयपुर शास्त्र भंडार सूची में प्रकाशित हो चुका है।

'बावनी' साहित्य के प्रमुख छंद दोहा, सवैया, कवित्त, छप्पय, एवं कुंडलियाँ हैं और विषय नैतिक धार्मिक उपदेश है। जैन कवियों की रचित बावनियाँ सर्वजनोपयोगी नैतिक साहित्य है। व्याख्यानादि में इनके पद्यों का उपयोग सुभाषितों की तरह होता है। स्वतंत्र शोध करने पर और भी बहुत सी रचनाएँ मिलेंगी तथा बहुत कुछ नवीन ज्ञातव्य मिलने की संभावना है[१]।

*

१. विविध विषयक हिंदी साहित्य के संबंध में मैंने अपने कई लेखों में प्रकाश डाला है। पाठकों की जानकारी के लिये उनकी सूची यहाँ दी जाती है :

१. विविध विषयक हिंदी जैन साहित्य —— संमेलन पत्रिका, वर्ष २८, अंक ११
२. रत्नपरीक्षा विषयक हिंदी साहित्य — राजस्थान साहित्य वं० १ अं० १
३. संगीत ,, ,, ,, — ,, ,, ,, २
४. शब्दकोष ,, ,, ,, — ,, ४
५. विक्रमादित्य ,, ,, ,, — ,, ,, ,, ३
६. जैनों द्वारा रचित हिंदी पद्यमय वैद्यक ग्रंथ – हिंदुस्तानी, भाग ११, अंक २
७. हिंदी शतक साहित्य — मधुकर, वर्ष ५, अंक १५-१६
८. छंदशास्त्र संबंधी हिंदी ग्रंथ — संमेलन पत्रिका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पाणिनिस्मृत शिशुक्रंदीय : एक वैद्यक ग्रंथ

रामशंकर भट्टाचार्य

आचार्य पाणिनि का सूत्र है - 'शिशुक्रन्दयमसभद्वन्द्वेन्द्रजननादिभ्यः छः' (४।३।८८)। इस सूत्र में 'अधिकृत्य कृते ग्रंथे' (४।३।८७) सूत्र का अधिकार प्रवर्तित होता है, जिससे ग्रंथविशेष के अर्थ में 'शिशुक्रंदीय' शब्द सिद्ध होता है। इस शिशुक्रंदीय ग्रंथ का स्वरूप क्या है, इस विषय में विभिन्न मत मिलते हैं[1], पर प्रचलित सभी मत भ्रांत हैं। हमारे विचार में 'शिशुक्रंदीय' आयुर्वेद का कौमारभृत्य अंगांतर्गत एक ग्रंथ है। इस विषय में निम्नोक्त तथ्य द्रष्टव्य हैं :

क — जो विद्वान् यह समझते हैं कि शिशुक्रंदीय या तो कोई काव्य होगा या नाटक, उनको यह जानना चाहिए कि 'अधिकृत्य कृते ग्रंथे' (४।३।८७) सूत्र में ऐसा कोई संकेत नहीं है कि इस सूत्र के अधिकार में जो पद सिद्ध होंगे, वे काव्य, नाटक, आख्यान या आख्यायिका ही होने के लिये होंगे। इस अधिकार में जो शब्द हैं, वे काव्यादि हो भी सकते हैं, नहीं भी; उनपर लोक में 'ग्रंथ' की बुद्धि होनी चाहिए; वह प्रकार काव्यजातीय हो, या नाटक जातीय हो, इत्यादि कोई विवक्षा सूत्रकार की यहाँ नहीं है।

ख—पूर्वाचार्य भी ऐसा ही समझते थे। नारायणभट्ट ने प्रक्रियासर्वस्व व्याख्या में ४।३।८७ के उदाहरण में 'ज्योतिष' शब्द के विषय में कहा है। 'यह

१. डा० राधाकुमुद मुखर्जी लिखते हैं—'ही न्यू आव ए वाइड वेराइटी आव सेक्युलर लिटरेचर कंप्राइजिंग ड्रामा (इ० जी० शिशुक्रंदीय इन ४. ३. ८८)' हिंदू सिविलिजेशन, पृ० १२२। डा० वासुदेव शरण अग्रवाल कहते हैं—'विषय पर आश्रित ग्रंथों के कुछ नामों का उल्लेख स्वयं पाणिनि ने किया है, जैसे शिशुक्रंदीय (बच्चे के रोने की घटना पर लिखा हुआ नाटक या काव्य, संभवतः कृष्णजन्म की कथा इसका विषय था।'—पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० ३०२; पुनः 'काव्य साहित्य के अंतर्गत पाणिनि ने शिशुक्रंदीय का उल्लेख किया है''—पाणिनिकालीन भारतवर्ष, पृ० ३३१।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज्योतिष काव्य, नाटक, आख्यान, आख्यायिका नहीं है, बल्कि ज्योतिर्विद्यापरक ग्रंथ-विशेष है'।[१] अन्यान्य उदाहरण भी सिद्ध करते हैं ४।३।८७ सूत्र 'विषयाधिकार-पूर्वक कृत ग्रंथ' में ही प्रवृत्त होता है, उसमें काव्य नाटकादि शैली की कुछ भी विवक्षा नहीं है। किसी भी प्राचीन व्याख्यान में ४।३।८७ सूत्र से निश्चित काव्यादि शैली का कोई भी संबंध कहा नहीं गया है, और न कोई 'ज्ञापक' ही ऐसा है, जिससे यह कहा जा सके कि ४।३।८८ सूत्रसिद्ध शिशुक्रंदीय आदि शब्द काव्यादि के नामविशेष होने के लिये बाध्य हैं। आख्यान आख्यायिकादि का संबंध इस अधिकार में है, यह दूसरी बात है। (द्र० भाष्य, प्रदीप, उद्योत)।

ग—विचारने से पता चलता है कि पूर्वाचार्य निश्चित रूप से जानते थे कि ४।३।८७-८८ सूत्र तर्कोपजीवी ग्रंथ, प्रयोगमूलक ग्रंथ आदि सर्वप्रकार के ग्रंथों में भी प्रवृत्त होते हैं। यही कारण है कि इस प्रकरण के अंतर्गत 'द्वंद्वे देवासुरादिभ्यः प्रतिषेधः' वार्तिक के उदाहरण में, 'गौणमुख्यम्' यह उदाहरण काशिकाकार ने दिया है। गौणमुख्यम् किसी काव्य - नाटक - आख्यान - आख्यायिका का नाम है, ऐसा प्रतीत नहीं होता, बल्कि मुख्यगौणभाव-विचार-परायण यह कोई ग्रंथ है, यह स्पष्टतया ज्ञात होता है। यह भी सोचना चाहिए कि ४।३।८७ यदि काव्यादि विषयक होता तो ४।३।८८ के उदाहरणों में 'वाक्यपदीय' नाम न लियागया होता (काशिका में), वाक्यपदीय काव्य - नाटक - आख्यान - आख्यातिका में अन्यतम नहीं हैं, यह तो शब्दशास्त्रीय प्रकरणग्रंथ है।

घ—अनुसंधान करने से ज्ञात होता है कि शिशुक्रंदीय रोगविशेष से संबद्ध आयुर्वेदीय ग्रंथ है, और पाणिनि के द्वारा यही ग्रंथ लक्षित हुआ है, अन्य शिशुक्रंदीय नामक काव्य, नाटक या आख्यायिका नहीं। किसी भी प्राचीन ग्रंथ में इस नाम के काव्य, नाटक या आख्यायिका का उल्लेख भी नहीं है। इस शब्द के अर्थ के विषय में काशिका में कहा गया है—'शिशूनां क्रंदनं शिशुक्रंदः

१. 'ग्रंथ' से पाणिनि की विवक्षा वस्तुतः कैसी है, यह ज्ञातव्य है। निरुक्तकार ने स्वकृत 'निरुक्त' को ग्रंथ ही कहा है—इमं ग्रंथं समाम्नासिषुः (१।२०)। जहाँ शब्दों का सन्निवेश निश्चित है और उस सन्निवेश का परिमाण भी निश्चित किया गया है, वहीं ग्रंथ पद व्यवहार्य है, ऐसा अत्यंत प्राचीन काल में माना जाता था। लिखित पत्रों को बाँधने की क्रिया से ग्रंथ का संबंध है, ऐसा कहना भी संगत है, जो अपेक्षाकृत अर्वाचीन है—'ग्रंथ संदर्भे, संदर्भो बंधनम्' (क्र्यादि गण ४६ सूत्र, क्षीरतरङ्गिणी) वचन इस प्रसंग में द्रष्टव्य है। निरुक्त ग्रंथ है, पर वह न काव्य है, न नाटक।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तमधिकृत्य कृतो ग्रंथः[1] शिशुक्रंदीयः। नारायणभट्ट ने भी यही कहा है– 'शिशूनां क्रंदनविषयो ग्रंथः शिशुक्रंदीयः' (प्रक्रियासर्वस्व)। इन दो व्याख्यानों में 'शिशूनाम्' यह बहुवचनांत पद स्वीकृत हुआ है, अतः 'कृष्णनामक एक शिशु के क्रंदन को लेकर यह काव्य लिखा गया था' ऐसा कहना न्यायसंगत नहीं है। सभी व्याख्याकार यहाँ बहुवचनांत पद ही स्वीकार करते हैं; जब तक इसमें दोष न दिखाया जाय, तब तक स्वतंत्र कल्पना का कोई भी अवकाश नहीं है।

ङ—उपर्युक्त विचार से यह सिद्ध हुआ कि शिशुक्रंदीय ग्रंथ शिशुरोदनविषयक है। यह रोग से संबद्ध है, जैसा पुरुषोत्तमदेव ने कहा है—शिशुक्रंदं रोगमधिकृत्य कृतोग्रंथः शिशुक्रंदीयः (भाषावृत्ति)। यह शिशुक्रंदनरोग चिकित्साशास्त्र का विषय है जो अष्टांग आयुर्वेद के कौमारभृत्य अंग में गिना जाता है। अशुद्ध दुग्धपान, ग्रहाभिभूतता आदि के कारण शिशु व्याधित हो जाते हैं और व्याधित शिशु का प्रधान लक्षण है—क्रंदन। इस शिशुक्रंदन को लेकर किसी प्राचीन आचार्य ने 'शिशुक्रंदीय' नामक कोई प्रकरणग्रंथ लिखा था (क्योंकि यह कौमारभृत्य अंग का एक प्रधान विषय है, पूर्ण अंग नहीं) जिसका स्मरण पाणिनि ने ४।३।८८ सूत्र में किया।

च—आयुर्वेदीय ग्रंथ में कौमारभृत्य विवरण में शिशुक्रंदन रोग और उसकी चिकित्सा विवृत हुई है (द्र० सुश्रुत, उत्तरतंत्र २७-३८ अध्याय)। इस प्रकरण में जहाँ बाल, दारक आदि शब्द स्वल्पमात्रा में प्रयुक्त हुए हैं, वहाँ 'शिशु' शब्द बहुल प्रयुक्त है (सुश्रुत, उत्तरतंत्र २७।७, २७ १२; २७।१५; २६।२; ३१।२; ३३।२; ३६।२ देवेंद्रनाथ कविराज संस्करण)। 'क्रन्दित' शब्द भी २७ ४ में है। शिशुरोग का क्रंदन ही बाह्य लक्षण है, अतः 'शिशुक्रंद' शब्द प्रयुक्त होता है, जो कौमारभृत्य अंग का मुख्य विषय है। कुमारभृत्यं तंत्र तो कुमारव्याधि उपशमार्थ ही है।

[1]. इससे यह भी सिद्ध हुआ कि 'शिशुक्रंदीय' किसी एक ग्रंथ का ही नाम होगा, ऐसी बात नहीं। शिशुक्रंद रोग पर लिखित सभी ग्रंथ शिशुक्रंदीय हैं। शंका होगी कि तब 'इंद्रजननादि' गण में ही शिशुक्रंद का पाठ क्यों नहीं किया गया? 'इंद्रजननीय' शब्द किसी निश्चित ग्रंथ का नाम है, जो इंद्रजनन पर लिखा गया गया हो और शिशुक्रंदीय तो 'शिशुक्रंद' पर लिखित सभी ग्रंथों के नाम हैं अतः शिशुक्रंद को पृथक् पढ़ा गया है। यह समाधान पुनः विचारार्ह है यद्यपि इससे शिशुक्रंद के रोगनामविशेष का खंडन नहीं होता।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छ--अंत में यह प्रश्न उठता है कि पाणिनिस्मृत यह शिशुक्रंदीय ग्रंथ किसके द्वारा रचित है। यह अज्ञात है। शिशुक्रंदीय किसी एक ही ग्रंथ का नाम है, यह भी कहना कठिन है; शिशुक्रंदन विषय का अधिकार कर जो भी ग्रंथ लिखा जाएगा, वह शिशुक्रंदीय पदवाच्य होगा और कौमारभृत्य अंग के अंतर्गत अनेक शिशुक्रंदीय थे, यह भी कहा जा सकता है। इस विषय में अनेक ग्रंथ थे, जिसका एक उपलब्ध रूप काश्यपसंहिता है, जो राजगुरु हेमराज शर्मा द्वारा संपादित होकर प्रकाशित हुई है। 'आयुर्वेद का इतिहास' (कविराज सूरमचंद्रकृत) ग्रंथ में इस शास्त्र के ग्रंथों एवं ग्रंथकारों का विवरण द्रष्टव्य है (१३वाँ अध्याय)।

ज-'कौमारभृत्य' आयुर्वेद के आठ अंगों में आद्य है (काश्यपसंहिता, पृ० ४२)। क्या इसीलिये 'शिशुक्रंद' को सूत्र में सर्वादि में रखा गया है और इंद्रजननादि गण (जो आकृतिगण है--पदमंजरी) में इसका समावेश नहीं किया गया। चूँकि 'विरुद्धभोजनीय' आदि छोटे छोटे अवांतर विषयनामों का पाठ इंद्रजननादि में किया गया है और शिशुक्रंद तो एक पूर्ण अंग है। अभी यह उत्तर संदिग्ध है।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'निज' कवि और उनका भ्रमरगीत

भगवानदास तिवारी

महाकवि नंददास प्रणीत भँवरगीत की प्राचीनतम हस्तलिखित प्रति खोजते खोजते जब मैं वाराणसी पहुँचा तब यहाँ के वयोवृद्ध साहित्यसेवी बाबू व्रजरत्नदासजी के निजी संग्रह में मुझे 'निज' कविकृत 'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' नामक एक बृहद ग्रंथ देखने को मिला। इस ग्रंथ के प्रारंभ में कवि ने अपना परिचय इस प्रकार दिया है :

संप्रदाय माधव मध्य आचारज,
गौडेश्वर कृष्ण चैतन्य महाप्रभू अवतार धार।
जगत उधारन को पतितन तारन को,
श्रीभट्ट गोपाल आदि शिष्य षट निरधार॥
जासु सीस रांधारौन प्रगट भए हैं व्रज,
सेवा को दई है राधा रमनी गुसाँईं तार।
सोई वंस अवतंस रहस बिहारीलाल,
तासु सुत निजदास रच्यो यह ग्रंथसार॥

राधा रमन सु इष्ट मम, आचारज चइतन्य।
जाति द्विजन्मा गौडिया, मध्व संप्रदाय जन्म॥
रासबिहारी जू पिता, परम भागवत धाम।
श्री राधागोविंद मम, बड़े भ्रात को नाम॥
ए मेरे हैं मंत्र गुरु, श्री राधागोविंद।
बार बार बंदउँ सदा, चरन उभय अरविंद॥[1]

उक्त अवतरण से पता चलता है कि श्री कृष्णचैतन्य गोस्वामी, राधारमणी गोस्वामी रसिकबिहारीलाल जी के पुत्र थे। श्री राधागोविंद जी इनके अग्रज और मंत्रगुरु थे। श्री कृष्णचैतन्य गोस्वामी कविता में अपना नाम 'निज कवि' लिखा करते थे। निज जी संस्कृत, व्रजभाषा, काव्यशास्त्र और ज्योतिष के अधिकारी

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति; पत्र १–२, छंद ३–६।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विद्वान् थे। इनकी प्रतिभा और विद्वत्ता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि राजा शिवप्रसाद, भारतेंदु हरिश्चंद्र, गोस्वामी दंपतिकिशोर जी, मन्नालाल 'द्विज' आदि इन्हें गुरुवत् संमान देते थे और पंडित अंबिकादत्त व्यास के पिता पंडित दुर्गादत्त जी व्यास, लोकनाथ चौबे, और हनुमान कवि इनके सत्संग से लाभान्वित होते थे। गोस्वामी किशोरीलाल जी इनके दौहित्र तथा शिष्य थे।

'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' में निज जी के जन्मसंवत्, जन्मस्थान, शिक्षा-दीक्षा, निवासस्थान और मृत्युतिथि का कहीं परिचय नहीं मिलता। बाबू ब्रजरत्नदास जी का कथन है कि लगभग १५० वर्ष पहले गोस्वामी रसिकबिहारीलाल जी काशी के गोलघर महाल में आकर बसे थे और मैदागिन पर वर्तमान जैनमंदिर के पूर्व की ओर इनका एक बाग था। श्रीकृष्णचैतन्य गोस्वामी का परिचय देते हुए बाबू ब्रजरत्नदास जी ने लिखा है कि गो० किशोरीलाल जी का जन्म संवत् १९२२ वि० में हुआ था, अतः उनकी मातामह की आयु उस समय कम से कम चालीस बयालीस वर्ष की रही होगी। इस प्रकार इनका जन्मसंवत् १८८० के लगभग आता है। राजा शिवप्रसाद का भी यही जन्मसंवत् है, जो इन्हें गुरुवत् मानते थे। अतः गोस्वामी जी का जन्म संवत् १८७० के लगभग मान लेने में कोई अनौचित्य नहीं है। इनकी रचनाओं की पांडुलिपि का काल संवत् १९३४ से १९३७ तक है। भारतेंदु जी की पत्रिकाओं में इनकी स्फुट रचनाएँ छपा करती थीं तथा बाद में उन्होंने इनकी विशद रचना का कुछ अंश पुस्तकाकार भी छपाया था। भारतेंदु जी का निधन संवत् १९४२ में हुआ, अतः इसी संवत् के आसपास गोस्वामी जी गोलोक सिधारे।[१]

'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' एक बृहदाकार ग्रंथ है, जो दो जिल्दों में बँधा है। पहली जिल्द में चार कलाएँ और १४७ पत्र अर्थात् २९४ पृष्ठ हैं। इसमें प्रत्येक पृष्ठ का आकार ८″×१२.७″ है। प्रत्येक पृष्ठ के मध्य में ४.८″×८.३″ आकार की एक पीली फ्रेम है, जिसके बीच में प्रत्येक पृष्ठ पर २३ पंक्तियाँ हैं और प्रत्येक पंक्ति में लगभग ९–१० शब्द हैं। पहली जिल्द का अंतिम पत्र क्रमांक १४८ कोरा है। दूसरी जिल्द में पत्र क्रमांक १४९ से २४४ तक १९२ पृष्ठों में १२ कलाएँ दी गई हैं। इस जिल्द के प्रत्येक पृष्ठ का आकार ७.२″×१२″ है। इसके मध्य में ४.८″×८.३″ का फ्रेम है जिसके बीच में प्रत्येक पृष्ठ पर २१–२२ पंक्तियाँ हैं और प्रत्येक पंक्ति में लगभग ८–९ शब्द हैं। सारा ग्रंथ एक

१. श्री गौरांग—संपादक: श्री ब्रजरत्नदास, वर्ष ५, अंक २, अप्रैल १९६४, पृष्ठ २६–२७।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ही प्रकार की हस्तलिपि में लिखा गया है। अंतर केवल इतना है कि दूसरी जिल्द के हस्तलेख में अक्षरों का आकार कुछ बड़ा है।

ग्रंथ के प्रारंभ में ही कवि ने निज-वंश-वर्णन के उपरांत ग्रंथरचना का प्रयोजन और उसकी विषयानुक्रमणिका दी है। यथा—

अथ ग्रंथप्रयोजनं

बहु कवि की कविता विमल, लाषन कोटि कवित्त।
ताहू में जो जो अधिक, सुंदर बानी मित्त॥ ८॥

तिन बानी हू मैं भली, भली चुटीली उक्त।
सो सब जुवितनु छाँटि के, रच्यो ग्रंथ अभिजुक्त॥ ६॥
लाषन कवि के कवित की, उक्ति जुक्ति कौं छाँटि।
परम चुटीली ढूँढि निज, धरी ग्रंथ में साँटि॥१०॥

उक्त कविनु की जुक्ति को, जुक्त करी इक ठाम।
उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, निज कवि राष्यौ नाम॥११॥

सहसनि ग्रंथनि को सुरस, एक ग्रंथ विचलेतु।
उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, यही प्रयोजन हेतु॥१२॥[1]

अथ ग्रंथ अनुक्रमणिका॥

अब बरनो या ग्रंथ को, सकल अनुक्रम रास।
उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, सोलह कला प्रकास॥१३॥

ग्रंथारंभन कैरवी, प्रमथ कला को नाम।
मंजु प्रेम शाला रची, दुतिय कला अभिराम॥१४॥
नाम सौंदर्य चंद्रिका, तीजी कला प्रमान।
दृग मंजूषा सुकवि निज, चौथी कला बषान॥१५॥

भाव कुमुद अहलादिनी, पंचम कला अनूप।
नव रस सरस चकोरिनी, छटी कला को रूप॥१६॥

नायक इंदु प्रभा करी, सप्तम कला उजास।
नाम सु अष्टम कला को, है नायका प्रकास॥१७॥

सर्व दूतिका दुति कला, नवमी करौ बखान।
नाम सुरति किरनावलि, दसई कला प्रमान॥१८॥

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, पत्र १–२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

षटरितु मंजु मरीचिका, कला इकादस नाम।
पाँच कला करिके कहौं, अलंकार गुन ग्राम ॥१९॥
राख्यौ पाँचहु कला को, निजकवि एकै नाम।
सु अलंकार छपा विषै, अलंकार गुन ग्राम ॥२०॥
उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, इमि सोलह अध्याय।
बरनी सोलह कला करि, कवि निजदास बनाय ॥२१॥[२]

सोलह-कला-संपन्न इस ग्रंथ में ५२९५ छंद हैं। अलग अलग कलाओं के अनुसार इनकी संख्या इस प्रकार है —

ग्रंथारंभ कैरवी-४१९, प्रेम-सुधाकर-शाला-१०३७, सौंदर्यचंद्रिका नख-शिख-४१८, नेत्रमंजूषा-२७४, भावकुमुद आह्लादिनी-२११, नवरस चकोरिनी-३८७, नायक इंदुप्रभा-३४७, नायिकाप्रकाश—८६८, सर्वदूतिका द्युति—२७५, सुरतिकिरणावलि—१७९, षटऋतु मरीचिका—३२७, अलंकारछपा—४३, दूषणवर्णन—२५, दूषणोल्लास दूषणसमाधान —३०, शब्दालंकार गुणालंकार —४०, अर्थालंकार—४१५। इनमें से भाव-कुमुद-आह्लादिनी तथा सर्वदूतिकाद्युति का लिपिकाल क्रमशः संवत् १९२८ तथा १९३१ दिया गया है। अलंकारछपा में वार्ता का अंश प्रचुर परिमाण में है। इस छपा में कुल मिलाकर २०० से भी अधिक अर्थालंकार दिए गए हैं, किंतु छंदशास्त्र पर इस ग्रंथ में कुछ नहीं लिखा गया है। समस्त ग्रंथ में दोहा, सोरठा, कवित्त और सवैए प्रमुख छंद हैं तथा बीच बीच में कवि ने वार्ताओं द्वारा काव्य की बारीकियों पर प्रकाश डाला है।

इतना सब कुछ होने पर भी ग्रंथप्रयोजन में दी गई कवि की सूचना के अनुसार उक्ति जुक्ति रस कौमुदी 'लाखों करोड़ों कवित्तों' में से चुनी हुई वाणी का संकलन नहीं कहा जा सकता और न वह 'लाषन कवि के कवित्त', या 'सहसनि ग्रंथन को सुरस' है। ये सभी संख्यावाचक विशेषण सही नहीं हैं। वास्तव में यह कवि की सुदीर्घ संकलनसाधना और सुरुचि के द्योतक मात्र हैं, जिनके आधार पर यह कल्पना की जा सकती है कि निज जी ने बड़े परिश्रम से केशवदास, कालिदास, बनवारी कवि, ग्वाल, आनंदघन, गुसाईं दयालदास, आलम, नाथ कवि, गुलाब-कुँवर, पद्माकर, नूर कवि, मोहन कवि, बेनी आदि की रचनाओं को मनोयोग से पढ़कर अपनी आवश्यकता के अनुसार उन्हें संकलित किया है। अतः संकलन की

२. वही, पत्र २।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दृष्टि से 'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' 'कालिदास हजारा' की परंपरा की रचना है। फिर भी यहाँ यह बात स्पष्ट कर देना अत्यंत आवश्यक है कि निजी जी केवल संकलनकर्ता ही नहीं, उच्च श्रेणी के भावुक कवि और रीतिकालीन काव्यपरंपरा के आचार्य भी थे। उनकी उक्ति जुक्ति रस कौमुदी में लगभग पचास प्रतिशत काव्य उनका अपना प्रदेय है।

उक्ति जुक्ति रस कौमुदी का वर्ण्य विषय

'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' काव्य के विविधांगनिरूपक ग्रंथों की शृंखला की भारतेंदु कालीन कड़ी है। ग्रंथारंभ में कवि ने विविध देवी देवताओं, श्री राधारमण जी, शुकदेव आदि की वंदना के बाद यमुनाजी[1] तथा गंगा जी[2] की अष्टोत्तरियाँ, इष्टमूर्ति बाईसी[3], त्रिवेणी तैंतीसी[4] लिखी हैं। ये सभी अंश ग्रंथारंभ कैरवी में हैं, जिसे भारतेंदु बाबू हरिश्चंद्र ने संवत् १६२४ में 'कविवचन सुधा, वर्ष १ में प्रकाशित किया था और फिर संवत् १६२६ में इसे लीथो में पुस्तकाकार भी छापा था।

गंगा अष्टोत्तरी में गंगा के माहात्म्य का वर्णन देखिए—

पापी आयो कूल तव मेटन को भव सूल।
गंग कौन सो ढंग यह, बकस्यो ताहि त्रिशूल॥
गंग कूल भूले मर्योउ जम की सुनी न बात।
बावा भयो गनेश को[5], दे दिनेस सुत लात॥[6]

इसी तरह त्रिवेणी तैंतीसी में त्रिवेणीसंगम की महिमा गाई गई है। त्रिवेणी तैंतीसी के अंत में कवि ने कामना की है कि बेनी जू सों सुकवि निज, चहत तीन वरदान।

हरि की भक्ति, समीप गति, इज्जत सहित पयान।[7]

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, प्रथम कला, पत्र ३–८, छंद ४७ से १२४.
२. वही, पत्र ११–१५, छंद १७१–२११.
३. वही, पत्र ८–११, छंद १५५–१७८.
४. वही, पत्र ११–२०, छंद २१२–३३६.
५. गनेश को बाबा अर्थात् शिव जी,
६. सूर्य के पुत्र, यमराज.
७. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, पत्र २०, छंद ३३६.

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कवि की उक्त कामना उसके भक्तिभाव का निदर्शन कराती है।

दूसरी कला 'प्रेमसुधाकर शाला' या 'प्रेमसुधा शाला' है। इसमें प्रेम के स्वरूप, पात्र, पंथ, भेद, विरह आदि का विशद वर्णन किया गया है। प्रेम के स्वरूप की मीमांसा करते हुए निज जी कहते हैं—

आदि अंत जाको न कछु रह्यो एकरस पाग।
बीच न लेस निमित को, सो अभंग अनुराग॥
रहन देत न आन रस, इहै प्रेम की टेक।
हित को सहज सुभाव है, करत दोइ तें एक॥[१]

प्रेमपात्र का परिचय केवल इतना ही है कि—

प्रीतम चाह अवाँ अगिनि, जाको घर पकि जात।
निज कवि सोई हिए में, प्रेम अमी ठहरात॥[२]

प्रेमपंथ के पथिक की आंतरिक अतृप्ति का संक्षिप्त संकेत इस प्रकार है—

अंग अंग सब मिलि रहे, मन सों मन अरुझाइ।
प्रेमपंथ अटपट अहो, कबहुँ न चित अघाइ॥[३]

इसके बाद प्रेमपंथ पर मर मिटनेवाले उन प्रेमियों का उल्लेख किया गया है, जिन्हें कबीर या जायसी आदि ने 'मरजीवा' कहा है। निज जी के शब्दों में मरजीवा के प्रमाण हैं—

सती, सूर, चातिक, मकर, मधुप, हंस, कपि हनं।
मकरी, सूआ, सर्प, निधि, दादुर, गोहनि, वनं॥
सीप, चकोर, दूध, जल, भृंगी, मीन, कपोत।
सुरभी, पौन, पतंग, इमि, बहु मरजीवा होत॥[४]

इन मरजीवों के प्रेम का परिचय 'उक्त जुक्ति रस कौमुदी' में बड़े सरस ढंग से दिया गया है।[५] प्रेमियों के विवेचन के बाद कवि ने प्रेमतत्व का द्विविध विश्लेषण किया है—

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, पत्र २७, छंद ९, १२।
२. वही, पत्र २७–२८, छंद २०।
३. वही, पत्र २८, छंद २८।
४. वही, पत्र २८, छंद ४१, ४२।
५. देखिए—उक्त प्रति में पत्र २८ से ३२ तक, छंदसंख्या ४३–१२८।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रेम जु नर नारीन को, सो संसारी जानु।
भक्तन को भगवंत सों, परमारथी बषानु ॥[६]

उत्तम प्रकार का प्रेम भगवद्विषयक प्रेम है। महर्षि नारद ने जिस प्रकार भक्ति को 'परम-प्रेम-रूपा' कहकर आदर्श प्रेमकर्त्री के रूप में 'यथा व्रजगोपिकानाम्' प्रमाण दिया है, उसी तरह निज जी का मत है कि—

प्रेम प्रकार अनेक विधि, तिनमैं उत्तम भाँति।
अद्भुत प्रीति गोविंद की, जिनके उर झलकाँति ॥
सो यह प्रेम विलोकि निज श्री बृजवनिता माँहि।
जिन बिच अंतर निमिष को, होत जु कबहू नाँहि ॥[७]

निज जी का विचार है कि जिस प्रकार शास्त्रज्ञान के लिये ककहरा पढ़ना आवश्यक है, उसी तरह परमार्थी प्रेम की उपलब्धि के लिये सांसारिक प्रेम प्रथम सोपानस्वरूप है। प्रेम के ये उभय पक्ष मुक्तिमार्ग के साधन हैं—

संसारी परमारथी द्वै विधि को यह प्रेम।
दुहूँ भाँति सो देत है, महा मुक्ति गति छेम ॥
संसारी ही प्रेम सों परमारथी पिछान।
बिना ककहरा पढ़े नहिं, होत शास्त्र विज्ञान ॥[८]

इसके उपरांत निज जी ने बड़ी बारीकी से प्रेमियों की दशा के भेद किए हैं—

'प्रेमीनु की दसा के भेद अनेक ॥ अभिलाष ॥ श्रवण ॥ उत्कंठा ॥ दरसन॥ लज्जा ॥ सज्जा ॥ प्रेम ॥ चिंता ॥ गुप्त ॥ अगुप्त ॥ संकल्प ॥ विकल्प ॥ स्मृति ॥ स्तंभ ॥ स्वेद ॥ रोमांच ॥ सुरभंग ॥ कंप ॥ वैवर्ण ॥ अश्रु ॥ प्रणय ॥ गुण ॥ हर्ष ॥ ईर्षा ॥ विमोह ॥ अपस्मार ॥ उद्वेग ॥ वस्तु ॥ देश ॥ काल ॥ प्रलाप ॥ स्नेह ॥ ज्ञान ॥ वैराग्य ॥ उपदेश ॥ संसय ॥ बिभ्रम ॥ निश्चय ॥ उन्माद ॥ मद ॥ मोह॥ विस्मरणं ॥ विक्षेप ॥ विमोह ॥ जड़ता ॥ व्याधि ॥ संताप ॥ अत्यंत ॥ पश्चात्ताप ॥ मूर्छा ॥ मरण ॥

यह विश्लेषण विरह की दस दशाओं में समाहित किया जा सकता है। निज जी ने अभिलाषा के पाँच भेद यथा श्रवण, दर्शन, उत्कंठा, लज्जा और प्रेम,

६. वही, पत्र ३२, छंद १२१.
७. वही, पत्र ३३, छंद १४३-१४४।
८. वही, पत्र ३३, छंद १५०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तथा दर्शन के तीन उपभेद स्वप्न, चित्र तथा साक्षात् दिए हैं। कवि के ही शब्दों में साक्षात्कार के प्रभाव का साक्षात्कार कीजिए —

गोरी गरबीली लषी, गजगामिनि उह बाल।
वा दिन तें ता गली के, भए गुलाम गुपाल ॥[१]

गुपाल जी गजगामिनि गरबीली गोरी के गुलाम नहीं, उस गली के गुलाम हो गए हैं जहाँ वह सुंदरी मिली थी। उक्ति का यह चमत्कार निज जी की विशेषता मानी जानी चाहिए।

प्रेम की जिन दशाओं का ऊपर संकेत किया गया है, उनका ३११ छंदों में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।[२] इस प्रकार से प्रेमतत्व, प्रेमी और उनकी प्रेमदशा के विधिवत् वर्णन के बाद निज जी ने इसी प्रकरण में 'उद्धवचरित' नामक बृहत् काव्य रचा है, जिसमें लगभग ५०० से अधिक छंद हैं।

उद्धवचरित प्रेम की महनीयता का परिचायक है। कथा यों है कि एक बार भगवान् कृष्ण को अपने प्रिय व्रजवासियों का स्मरण हो आया। उन्होंने अपने परम प्रिय मित्र उद्धव को बुलाया और उन्हें पाँच पत्र देते हुए कहा—

नंद जसोमति सषागन, गोपीजन मन प्रान ॥
श्रीराधाजुत पाँच ए, पाती लेहु सुजान ॥[३]

पत्र हस्तांतरित कर कृष्ण ने उद्धव को व्रज भेजा। विशेष रूप से राधा के पास पहुँचाने के लिये श्रीकृष्ण ने उन्हें अपने वस्त्र, आभूषणादि दे अपना सा ही वेश बनाकर जाने की आज्ञा दी। उद्धव जी —

सुनि प्रेम के बैन सु नैन भरे, अति सादर लै संदेस सबै।
निज स्वामिहि सीस नवाइ चले चढ़िकै रथ पै व्रज ओर तबै ॥
पहुँचे सइ साँझ ही गोकुल माँझ बिलोकि छके छिति चारु छबै।
खुर रेनु छप्यो रथ उद्धव को सुबहोरती धेनु की बेर जबै ॥[४]

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, पत्र ३५, छंद १७६।
२. वही, पत्र ३७ से ४५ तक, छंद २१५ से ४३८।
३. वही, पत्र ५६, छंद ४६६।
४. वही, पत्र ५७, छंद ५०२।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्धव को आता हुआ देखकर —

गोप अरु ग्वाल सषा बालकनि बृंद
हाथ बेणु दल शृंगबेत लकुट उठाए हैं।
काँच गुंज मोती मनि हाटक अभूषनादि
गात बन धातनि सों चित्रित सुहाए हैं॥
निज जू मदन राग प्रेम अनुराग भरे
राम कृष्ण लीला गुण बिरहा मैं गाए हैं।
दूरि ही ते आवत बिलोकि रथ पथ माँझ
'हरिजू हैं आये' यों कहत सब धाए हैं॥[1]

सबने दौड़कर देखा तो रथ में कृष्ण नहीं, उद्धव थे। उद्धव ने सबसे भेंट की और श्रीदामा को उसका पत्र दिया।[2] यों, गोप ग्वालों को उद्धव से मिलने की जितनी प्रसन्नता थी उससे अधिक वेदना कृष्ण के न आने की थी। उद्धव को देख सारे ग्वाल बाल —

'अब न प्रान धारत बने, बिना अवधि की आस।'
यौं कहि गिरे सुमूरछित बिरह, दसा दस भास॥[3]

गोप-ग्वालों की यह दशा देख उद्धव जी घबरा गए और उन्हें सांत्वना देते हुए बोले —

सोच परिहरो, धरो धीरज सखा की सौंह,
रावरी कुसल हित हरि जू को लाऊँगो।
निज जू तिहारे पासु, यही ब्रज माँझ तासु,
राखिए बिसासु खासु दरस दिखाऊँगो॥
मथुरा में जाइ ऐन बिरह निवेदन कै,
नैन वारि चरन पखारि समझाऊँगो।
सपथ किए हौं कहूँ लाए बिन रहूँ नाहिं,
कान्ह हू कही है यहि बेगि ब्रज आऊँगो॥[4]

१. वही, पत्र ५७, छंद ५०४।
२. वही, पत्र ५७, छंद ५०७।
३. वही, पत्र ५८, छंद ५१८।
४. वही, पत्र ५८, छंद ५१३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

फिर गोप-ग्वालों-सहित उद्धव जी नंदगृह आए। नंदबाबा और यशोदा ने उनका बड़ा आदर सत्कार किया, कुशल क्षेम पूछा। सहसा यशोदा कृष्ण और बलराम के बचपन की याद आते ही यशोदा बहुत दुखी हो उठीं। उद्धव ने नंद बाबा को समझाते हुए कहा —

माया के सतोगुन रजोगुन, तमोगुन
जे भक्त हेत निर्गुन ह्वै गुन में पुहुत है।
त्रिगुन ते न्यारो ही अजन्मा सुत तेरो नंद,
षेले उपजावे पारै मारैं को गहतु है ॥[1]

कृष्ण सर्जक, पालक, संहारक, गुणातीत, अजन्मा ब्रह्म है। नंद को उन्होंने कृष्ण का ब्रह्मत्व समझाया और कहा कि —

कृष्ण भगवान वह तेरोई न पूत नंद,
पुत्र सबकौ है आतमा विश्व भरि को।
ईश्वर को ईश्वर है, वा बिन कछू न कहूँ,
नैन श्रौन गात गतागतिहूँ ते फरि को॥
जो कछु चुक्यौ है होइ, होइ रह्यौ, होइगो
जो, कहा बड़ो छोटो कहा जंगम थविर को।
उन बिन वस्तु एक कहूँ न कहिवे के जोग
सबही सरूप परमार्थ रूप हरि को॥[2]

उद्धव की यह उक्ति 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' तथा 'कृष्णस्तु भगवान् स्वयं, के संयोजन से बनी है। ब्रज में उद्धव के आते ही सर्वत्र हलचल मच गई। गोपियों के झुंड के झुंड आकर उद्धव से पूछने लगे —

पेषि हरि जू को मीत बाढ़ी अति उर प्रीति,
अहो कहो साँची तुम किनिके पठाये हो।
कृष्ण को सो स्वाँग साज, आए इत कहा काज,
कैसे ब्रजभूषन के भूषन धराए हो॥

१. वही, पत्र ६१, छंद ५४४।
२. वही, पत्र ६१—६२, छंद ५४५।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

राधाकृष्ण गोपीकृष्ण प्रेम सों कहत यामैं,
प्रश्न है हमारो यह कहा सीषि आए हौ;
हम व्रजवासी वे मथुरा के वासी हाय,
करत क्यौं हाँसी, कौन गुरु के पढ़ाए हौ ॥[1]

यों कुछ देर तक बातचीत कर गोपियाँ उद्धव को श्री राधा जी के पास ले गईं। मार्ग में उद्धव ने व्रज के स्वर्गतुल्य प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया, जिसका कवि ने बड़ा हृदयहारी वर्णन किया है।[2]

उद्धव श्री राधाजी से मिले और उन्होंने उनके आद्याशक्ति रूप की वंदना की। राधा ने भी लोकाचार की दृष्टि से उद्धव जी का सत्कार किया, उन्हें सिरोपाव दिया तथा कृष्णवियोग में अत्यंत क्षीणकाय होने के कारण बड़ा साहस और प्रयत्न कर श्रीकृष्ण के उन वस्त्राभूषणों को देखा जिन्हें उद्धव धारण कर आए थे।[3] उन्होंने अपना दुःख प्रकट नहीं किया, विरहनिवेदन भी नहीं किया, किंतु अन्य गोपियों का विरह उनसे न देखा गया। तभी अकस्मात् एक भ्रमर आकर उनके पदपंकज पर बैठने का प्रयास करने लगा। उसे संबोधित कर राधा जी ने जो उक्तियाँ कहीं हैं वे भ्रमरगीत परंपरा में कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण हैं।

अन्य भ्रमरगीतों में जहाँ गोपियाँ अपने भावोद्रेक से उद्धव के ज्ञान, योग और अंतःसाधनापरक दर्शन की बखिया उधेड़तीं हैं, वहाँ निज जी ने गोपियों की अपेक्षा प्रेम, भक्ति और अनन्यता की प्रतिमा राधा को वाणी दी है। विरह-विदग्धा राधा को वाणी देकर निज जी ने एक बड़ा मौलिक और स्तुत्य कार्य किया है। साथ ही अन्य भ्रमरगीतों में ज्ञान भक्ति, निर्गुण सगुण, योग प्रेम संबंधी तर्क वितर्क और उपालंभों के बाद सामान्यतः उद्धव पराजित हो प्रेम को ज्ञान और योग से श्रेष्ठतर स्वीकार कर लेते हैं और जाकर कृष्ण से उनकी निर्दयता की शिकायत कर चुप हो जाते हैं। कृष्ण भी गोपियों के प्रति अपना आंतरिक लगाव प्रकट कर मौन रह जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उद्धव के ज्ञानगर्व को चूर करना कृष्ण का अभिप्रेत प्रयोजन था और गोपियों का प्रेम तथा उपालंभ प्रकट करना कवियों का ध्येय। इन दोनों ध्येयों के बीच बेचारे ऊद्धव संदेशवाहक से

१. वही, पत्र ६३, छंद ५६१।
२. वही, पत्र ६४–६७, छंद ५६३–६२०।
३. 'श्री अंग के भूषन बसन पेखि कियो सतकार।' — वही, पत्र ६७, छंद ६२०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अधिक कुछ नहीं थे। उनका अपना अस्तित्व, उनकी अपनी आंतरिक प्रतिक्रिया, उनके मनोद्वेग भ्रमरगीत के कवियों ने नहीं आँके। केवल गोपियों को 'धन्य-धन्य' कहकर, या 'व्रज के तरु, तृण, गुल्म, लता, पथरेणु' बनने की कामना प्रकट करने से ही उद्धव के मन पर पड़े हुए गोपियों के प्रेमविरह का प्रभाव नहीं आँका जा सकता क्योंकि वह उद्धव की वास्तविक मनोदशा का चित्रण नहीं है। अन्य भ्रमरगीतों में उद्धव कवियों के हाथ की कठपुतली बने रहे और गोपियों के आक्षेपों के श्रोता। संवादात्मक भ्रमरगीत के लेखकों (यथा नंददास) ने उद्धव को तार्किक और वक्ता जरूर चित्रित किया है किंतु जिन गोपियों के कृष्णविरह को लेकर मनों कागज रँगा गया है, उनके दुःखों की उद्धव पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया न दिखलाना उन कवियों की भूल ही मानी जाएगी। निज जी ने इस भूल का परिमार्जन किया है और उद्धव द्वारा गोप ग्वालों को आश्वत कर कृष्ण को पुनः व्रज बुलाया है, जहाँ कृष्ण सबसे आकर मिलते है, सबके दुःख हरते हैं और गोपियों के साथ पुनः रास रचते हैं। निज जी की यह उद्भावना अधिक मानवीय धरातल से संबंध है। उनके उद्धव कृष्ण के एकांगी, एकपक्षी संदेशवाहक नहीं, उभयपक्षी संदेशवाहक, भावुक, विचारशील और सक्रिय व्यक्ति हैं। निज जी ने उन्हें गोपियों का संदेशवाहक बनाकर उनका हितचिंतक भी सिद्ध किया है।

'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' का भ्रमरगीत प्रसंग मूलतः इस प्रकार है :

भागवतोक्ति ॥ भ्रमरगीत ॥

कबित ॥ सुनि व्रजबालनि के बिरहा बचन वाधे।
साधे नहिँ बन्यौ मौंने राधे अकुलानी है।।
निज जू मधुप एक बैठो पद पंकज पैँ, वाहि।
दूत थाप तासोँ आप बतराँनी है॥
प्यारे जू के संगम को ध्यान धरि धीर धारि,
कृष्णहीँ को भेज्यो जानि प्रीति उमँगानी हैं॥
बोलूँ ना पुरुष आँन योँही जन सदा ठान,
मधुव्रत तोहीं तैँ उचारी आजु बानी है।।

रे रे अलि कलिनु कलिनु रस लेनहारो,
कृष्ण कपटी को मित्र पग तैँ हो गतु रे।।
सौति कुच कुंकुम विलुलित भालनि सोँ
रंजित पराग मुष रोम छवाउ मतु रे।।
मथुरी की दामिनी सी भामिनी मनायो करि,
परसत दयौं है मोहि न्हाइबो परतु है।।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

याही रूप यादव सभा में जाइ धूतकी,
वहाँ हँसी कोँ करावै तू तो ऐसो दूत हतु रे ॥
मोहनी अधर अमीं पुहुपहिं प्याइ भौर
तूरत तूँ तजै तैसे इते स्याम त्यागी है।
कमला कमलनैन जू के पग सेवैं कैसे ऐसे
कहूँ पूछे जो तू आइ हम लागी है ॥
निज जू वा ठगिया ने झूँठी मिठबोलन तेँ
वाहु वै ठगी है तातैं सों धौं रस पागी हैं ॥
कैधौं पेषि चंचल चपल नहि छोड़ी हरि,
मोहि तजि गयो देषि अचलानुरागी है ॥

पसु के तो चारि पाउँ तेरैं छह पाउँ तातैं
डेढ़ पसु के घमंड रे अलि तू कूँजे आजु ॥
वह तो पुरानो जानो बूझो है हमारो 'निज'
जादोपति जस ह्याँ क्यों विना वात गुँजे आजु।
तेरो गाँन काँन मैं न नेकहूँ सुहात भौंर,
षग कहा जाने राग हाय वृथा भूँजे आजु ॥
अर्जुन के सषा की सषीन कों सुनाउ जाकी
रुजगत छाती रीझ दैहै तोहि दूजे आजु ॥

कपट की मंजु हाँस, वंक भृकुटी विलास,
ठग की सी फाँस छबि रास जो गुपाल है ॥
ए हो भृंग कौन जग अंगना अलग आहिं,
तीनो लोक की पै जाको जाहर जमाल है ॥
पद की उपासी कमला सी षासी दासी अहो,
तहाँ कहाँ गनती से वनवासी वाल है ॥
निज सी अनाथ की जो आइ सुधि लेगो नाथ
तव तो रहेगी ताकी गाथ दीनद्याल है ॥

राधे के चरन तेँ न चल्यो चंचरीक तव
कह्यो रे उठाउ सीस पाउँ क्योँ परत है।
उड़त रड़ाएँ हूँ न सुघर सिषायो नूत
धूत को पठायो दूत चातुरी ठरत है ॥
हम नाहिं माननी हैँ विरही बिचारी वाम
काहि तू मनावै औ बिसास को धरत है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

याही मनिबे में सुत पति दोऊ लोक छोड़े
तऊ छोड़ गयो तापैं गोड़ तू पड़त है ॥

ए रे कारो भौंर तेरो कौन जु पत्यारो करै
कारे के करम सभी भली भाँति जानैं है।
कारो रघुबीर रनधीर ह्वै बिचारो बाली
छल छपि मारो यौं तौ बधिक के बाने हैं ॥
सुंदर बिलोकि सूपनषा बरिबे को आई
सीता के सुबस ताके नाक कान हाने हैं।
बौंना बनि छलिया ने बलि बाँध्यौ तौ हू कारे
दुषद की कथा हम सुषद ही माने हैं ॥

निज कवि जाके चारु चरित सुलीला रूप
अमृत को कणा नेक पीवत ही जन को।
छूटि जाहि रागादिक देह को वे गेह नेह
दीन परिवार तजैं लागै नहिं छन को ॥
पच्छिन लौं इछाचारी भिच्छा को करत डोलैं
श्रवन सुने ही ऐसो ष्याल होत तन को।
नैन लषि पाए औ रमाए उर लाए जिन्हें
तहाँ कहाँ बूझै हाल भौंर गोपी गन को ॥

कृष्णसार हिरना की हिरनी ज्यौं गान सुनि
मोहित ह्वै बधिक सौं धाय षाय जाती हैं।
त्यों ही बंसीधर जू के नष छत घायल ह्वै
हायल ह्वै हाय हम पीरनी पिराती हैं ॥
तातैं सुनि अलि उन छलिया की बातैं तजि
भए हैं न होने जैसे स्याम बामघाती हैं।
ऐसैं कहि बाल ने रुमाल तैं उड़ाय दयो
आयो हैं बहोरि तबै भरि आई छाती है ॥

ए रे प्रान प्यारे के सषा क्यौं फेर फिरि आयो
पिय है पठायो कहा पग क्यौं गहत हैं।
हमैं नाहिं मान मधु सीस पैं विराजि आँन
पूजिबे समक्ष तू तो माँगि जो चहत है ॥
लक्ष्मी जाकी बाँम निज ऐसे घनस्याम जू पैं
कैसैं लै चलैगो सौति संग ही रहत है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ताहि करि न्यारी भौंर औ.र न मरोर हमैं
लाल की समीपिनि टरे की ह्याँ सरत है ॥
ए रे भौंर मथुरा में स्याम कछू सूधो भयो
पितु मातु हू की कभी सुधि अभिलाषेगो।
बंधुन कौं भैयन कौ गोपन कौं गैयन कौं
निज किंकरीनु भूलि जैबे कब नाषेगो ॥
कोऊ समय याद करि मेरी हू चलावे बात
साँची कहु चंचरीक व्रजरस चाषेगो।
नीलमणि जैसी कब जगर मगर बाहु
अगर सुगंध भरी मेरे कंध राषेगो ॥

इति भ्रमरगीत ॥ उक्ति जुक्ति रस कौमुदी—पत्र ६८-६६, छंद ६३८-६४८.
भ्रमरगीत के उपरांत उद्धव जी ने राधा को पत्र दिया। लिखा था—

हे राधे मम प्रान धन, छन छन प्रेम अगाध।
हम से कृतघन को अहो, छमो कोटि अपराध ॥
सिंधु मसी तरु लेखनी, वसुधा कागद माँहि।
प्रिया सनेह सरूप गुन, क्यों हू लिपि न समाहि ॥[1]

इसके बाद गोपियों ने कृष्ण के प्रति अपना प्रेमोद्रेक प्रकट किया। इसी क्रम में कुब्जा चौरासी लिखी गई है तथा राधा की ललिता, विशाखा, चंपकलता, चित्रा, तुंगविद्या, इंदुलेषा, रंगदेवी और सुदेवी नामक अष्टसखियों ने कृष्ण के प्रति बड़े मर्मस्पर्शी वचन कहे हैं।[2] यह संपूर्ण प्रकरण उपालंभ और विरह काव्य की अमूल्य निधि है, प्रेमभावना का महोदधि है इसका उद्धव पर इतना गहरा असर हुआ कि वे अपनी सारी ज्ञानगरिमा भूल गए। उनके मस्तिष्क से योग और निर्गुणोपासना के सारे उपदेशात्मक विचार हवा हो गए और वे ज्ञानी से प्रेमी भक्त बनने के लिये विकल हो गए। बुद्धि हार गई हृदय जीत गया। ज्ञान के मैदान में तर्क ने हथियार डाल दिए और सरस प्रेमाभक्ति विजयिनी हुई। चिंतनाक्रांत हृदय की रूक्षता में भावना लहलहा उठी और वे बोले—

अहो सकल धीरज धरो, सपथ करी मैं साँच।
लाय मिलाय मुकुंद कों, हरहुँ विरह की आँच ॥[3]

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी—हस्त० प्रति, पृ० ६१, छंद ६५२-६५३।
२. वही, पत्र ६६-७८, छंद ६५४-७६७।
३. वही, पत्र ७८, छंद ७११।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उद्धव गोपियों से पत्रोत्तर माँगते हैं, इसलिये एक पत्रिकाशतक (पत्र ७८-८२ : छंद ७७४-८६१) लिखा गया है, किंतु बेचारी राधा पत्र भी न लिख सकी। राधा के पत्र लिखते ही—

कलम बरी, स्याही जरी, कागद गरि गरि जात।
यह गति देषि भ्रनोपिये, उधो हियो दुषात ॥[1]

राधा के हाथ के स्पर्श से कागज कलम का जल जाना और आँसुओं से कागज का गल जाना अतिशयोक्ति के सुंदर दृष्टांत हैं। कविकथन है—

निज जू सुकवि व्रज छोड़िबो न भावे ऊधो,
चराचर कृष्ण महँ पेखि अनुरागे हैं।
समाधान करि बनितान को सुजान मति,
भान की कुमारी जी के पायँ पुनि लागे हैं॥
आज्ञा लेइ हरि की प्रियानि तें चढ़े हैं रथ
सफल संदेस धारि द्वैत रस पागे हैं।
प्रेम में मगन भूलि गए ब्रह्मज्ञान सबै,
आए तो हैं गुरु होन चेला होइ भागे हैं॥[2]

प्रेममग्न होकर उद्धव जी व्रज के लीलास्थानों के सौंदर्य को देखते हुए मथुरा गए और उन्होंने उन्मत्त दशा में कृष्ण को व्रज का समस्त वृत्तांत सुनाया। उनकी भावदशा देख कृष्ण बोले—

ऊधव लखि हरि मोह मैं बिहँसि कह्यौ कर मींजि।
ह्याँ सों तो कोरे गए, ह्वाँ से आए भींजि॥
अहो कहो व्रज की कुशल, तुम क्यों विकल सुजान।
ब्रह्मज्ञान निधान ह्वै, कत बिसरयो विज्ञान॥[3]

इसके उपरांत कृष्ण व्रज में जाकर कुछ दिन रहे, गोप ग्वालों से मिलकर उनका दुःख दूर किया तथा उन्होंने राधा, उनकी आठ सखियों, चौंसठ सहेलियों और अन्य सभी गोपियों के साथ मिलकर रासक्रीड़ा की। इसी राधा प्रसंग में ब्रह्मा ने एक युगलोपासक ऋभु नामक ऋषि को राधा के साथ युगलस्वरूप के दर्शन को भेजा तथा व्रज से मथुरा लौटने के पूर्व—व्रजभक्तन के बेन सुनि, बोले कृपानिकेत :

१. उक्ति जुक्ति रस कौमुदी, हस्तलिखित प्रति, पत्र ८२, छंद ८६१।
२. वही, पत्र ८३, छंद ८६७।
३. वही, पत्र, ८५, छंद ८८२-८८३।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ब्रज भक्तन के बेन सुनि, बोले कृपा निकेत।
माँस माँस प्रति आइहौं, अबसि तिहारे हेत ॥[१]

'उक्ति जुक्ति रस कौमुदी' का यह भ्रमरगीत और रासप्रसंग पत्र क्रमांक ६६, छंदसंख्या १०३७ पर समाप्त हुआ है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि निज जी का 'भ्रमरगीत' प्रेम की मनोवैज्ञानिक भूमिका पर अधिष्ठित है, जिसमें उन्होंने प्रेम के स्वरूप, प्रेमसाधना के सोपान, प्रेमियों के प्रकार, प्रेमपथ की विशेषता आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन कर भगवदीय प्रेम की महत्ता के प्रतिपादनार्थ भ्रमरगीत प्रसंग की अवतारणा की है। उन्होंने देवत्व से कुछ नीचे लाकर मानवीय धरातल पर कृष्ण से पत्रादि लिखवाए हैं तथा उद्धव को कोरा ज्ञानी बनाकर सहृदय दूत सिद्ध किया है। निज जी के उद्धव बड़े विनीत, धीर, भावुक, चिंतक और सहानुभूतिप्रदर्शक सत्पुरुष हैं, जो ब्रज के दीन दुखियों को पूर्ण सांत्वना नहीं देते बल्कि कृष्ण को लाकर मिलाने का आश्वासन भी देते हैं। उनका यह कार्य भागवतकार के भावजगत् से आगे की चीज है। भागवत में या अन्य भ्रमरगीतों में जहाँ गोपी उद्धव के तर्क वितर्क होते हैं, राधा अज्ञात सी या चुप रहती है, वहाँ निजजी ने भ्रमरगीत प्रसंग में उपेक्षिता राधा को अपना नारीसुलभ आक्रोश और प्रेमिकासुलभ भावुक हृदय खोलकर रखने का अवसर दिया है। यह निज जी की मौलिकता है। राधा का प्रिय के अतिरिक्त परपुरुष से संभाषण न करना उसके चरित्र की दिव्यता का परिचायक है। आदर्श प्रेमिका का यह रूप अपने आपमें अपूर्व है किंतु भ्रमर पर राधा का पहले कुपित होना और उसके पुनः चरण के निकट आने पर क्रोध का एकदम गायब होना अस्वभाविक है। फिर राधा का भ्रमर के लिये जो चाहे सो देने को तैयार हो जाना तो स्पष्टतः कवि की अतिभावुकता का लक्षण है। राधा का यह 'औचक' परिवर्तन मनोवैज्ञानिक नहीं है। मथुरा से कृष्ण का ब्रज लौटना, गोप ग्वालों को संतुष्ट करना और गोपियों के साथ रास करना निज ज़ी की निजी कल्पना है, विशेषकर युगलस्वरूपोपासक ऋभु को मोक्षदान देने का प्रसंग रास के साथ रखना निज जी की एक अनोखी सूझ है, जिसके पीछे चैतन्य संप्रदाय की युगलोपासना की भावना विद्यमान है। आवश्यकता है—निजजी के उक्त भँवरगीत के अध्ययन, अनुशीलन की तथा उसे हिंदी साहित्य की भ्रमरगीत परंपरा में यथोचित स्थान देने की। आशा है उक्त रचना की ओर हिंदी के विद्वान् ध्यान देंगे।

*

१. वही, पत्र ६८, छंद १०२४।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चयन

[बुलेटिन ग्राव द डेकन कालेज रिसर्च इंस्टिट्यूट, भाग १४, १९६३-६४ में प्रकाशित श्री एम० के० धवलिकर कृत 'द ओरिजिन ग्राव तारा' नामक निबंध का सारतत्व]

तारा का ग्राविर्भाव

बौद्धधर्म के महायान संप्रदाय में बोधिसत्वों की कल्पना के फलस्वरूप देव-देवियों का एक जटिल देवकुल तैयार हो गया। अवलोकितेश्वर की नारी-प्रतिरूप तारा उनमें अत्यंत महत्वपूर्ण देवी हैं। बौद्ध देवकुल में इनका वही स्थान है जो हिंदू देवकुल में दुर्गा का। तारा को बुद्धों और बोधिसत्वों की जननी माना गया है और उनकी स्थिति स्वतंत्र सी प्रतीत होती है।

नाम की व्युत्पत्ति के अनुसार तारा रक्षिका या मुक्तिदायिका हैं जो अपने आराधकों को कष्टों के सागर से पार करती हैं। तिब्बत, चीन, कोरिया और जापान में इन्हें जो नाम मिले हैं उनका भी यही अर्थ है। इसीलिये जलराशि का संतरण करते समय उनका आह्वान किया जाता है और उन्हें जलमार्ग का नियंत्रक माना जाता है।

बौद्ध देवकुल में तारा के आगमन की ठीक तिथि ज्ञात नहीं हो सकी है। वैसे तो उन्हें काफी प्राचीन समझा जाता है, किंतु उनकी प्रतिमाएँ ईसा की छठीं शताब्दी से ही मिलनी शुरू होती हैं। तब से मुसलमानों के शासन के आरंभ तक उनका व्यापक प्रसार हुआ।

सामान्यतया तारा का उद्गमस्रोत बौद्ध धर्म माना जाता है। हीरनंद शास्त्री ने अपनी पुस्तक 'ओरिजिन ऐंड कल्ट आव तारा' में ऐसा ही मत प्रतिपादित किया है। उनका कथन है कि पुराने ब्राह्मण ग्रंथों में तारा का उल्लेख नहीं मिलता और यदि कहीं मिलता भी है तो वह बौद्ध अधिक और ब्राह्मण कम प्रतीत होता है। वे संबद्ध तांत्रिक ग्रंथों के उद्धरण देते हुए प्रमाणित करते हैं कि ब्राह्मणों ने अपने पुराण में तारा को बौद्ध देवकुल से ग्रहण किया है। तारा की आराधना 'चीनाचार' (अर्चना की चीनी पद्धति) द्वारा होती है और उनके मस्तक पर 'अक्षोभ्य' रखा जाता है। इन तथ्यों से भी इसी कल्पना को बल मिलता है कि इनका मूलोद्गम बौद्ध धर्म ही है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्ध-प्रतिमा-विज्ञान के एक दूसरे विद्वान् भट्टाचार्य का मत भी इसी पक्ष में है। साधनमाल में उल्लिखित तारा के ध्यान की तुलना तंत्ररहस्य और तंत्रसार से करने पर उन्हें समानताएँ मिलीं। तंत्रसाहित्य द्वारा प्राप्त प्रमाणों के आधार पर श्री शास्त्री ने तारा का उद्गमस्थल उत्तर में लद्दाख के आसपास कहीं माना है। लद्दाख से तिब्बत और नेपाल जाकर तारा ने लोकप्रियता अर्जित की और फिर वहाँ से वह भारत आईं।

ईसा की पाँचवीं शताब्दी के पूर्व तारा की स्थिति संभव नहीं प्रतीत होती क्योंकि परवर्ती गांधार कला तक में उनकी प्रतिमा नहीं मिलती। तारा की प्राचीनतम प्रतिमाएँ छठी सातवीं शताब्दी में पश्चिम भारत की बौद्ध गुफाओं में प्राप्त होती हैं और ऐसा लगता है कि उस काल में वे काफी प्रचलित हो चुकी थीं। छठी शताब्दी में बौद्धधर्म के महायान संप्रदाय में शक्तिपूजा आ चुकी थी। इन सबसे यह निष्कर्ष निकलता है कि तारा का प्रत्यय पाँचवीं शती में आविर्भूत हुआ और सातवीं शती में, जब तांत्रिक प्रभाव अपने चरमोत्कर्ष पर था, द्वितीय महाविद्या के रूप में उन्हें ब्राह्मण धर्म में अंगीकार किया गया और तब वह भारत तथा अन्य अनेक देशों में प्रचलित हो गईं।

तारोपासना के संबंध में उपर्युक्त मत परंपरित रूप से प्रायः सर्वमान्य हो चुके हैं किंतु यदि हम प्राचीन ब्राह्मण साहित्य और शिल्प संबंधी प्रमाणों का आलोचनात्मक पुनः परीक्षण करें तो ये हमें निस्सार प्रतीत होंगे।

परवर्ती ब्राह्मण साहित्य विशेष रूप से तांत्रिक साहित्य में हिंदूदेवी के रूप में जिस प्रकार तारा का उल्लेख हुआ है वह निस्संदेह हिंदू की अपेक्षा बौद्ध अधिक प्रतीत होता है; किंतु प्राचीन ब्राह्मण साहित्य में तारा का उल्लेख दुर्गा के एक उपनाम के रूप में हुआ है। पृथक् और स्वतंत्र देवी के रूप में तारा का उल्लेख पुराणों में हुआ है। ब्रह्मानंद पुराण के ललितोपाख्यान में न केवल तारा का उल्लेख किया गया है बल्कि ब्राह्मण धर्म की एक पृथक् देवी के रूप में उनका पूरा वर्णन भी किया गया है। संभवतः प्राचीन काल में हिंदू इनकी पूजा करते रहे होंगे। इस पुराण में इनका वर्णन महाशक्ति और तारांबा (तारा+अंबा) के रूप में है। वह अमृत सरोवर में जलमार्ग का नियंत्रण करनेवाली असंख्य नाविकाओं की प्रधान मानी गई हैं। वह जलप्लावन को नियंत्रित कर सकती हैं। अग्निपुराण में तारा का उल्लेख योगिनी के रूप में किया गया है। पुराणों में तारा का उल्लेख जिस प्रकार देवी के रूप में हुआ है, वह तंत्र साहित्य में उनके उल्लेखों से बाह्यरूप में भिन्न है। तंत्रसाहित्य में उन्हें महाविद्या के रूप में स्मरण किया गया है। बहुत संभव है, पुराणों की तारा तंत्रों की तारा की पूर्वगामिनी हों।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

डा० हाजरा के विश्लेषणों के अनुसार ब्रह्मानंद पुराण चौथी शती के आस पास की रचना है। अतः यह प्रमाणसिद्ध है कि पाँचवीं शती के पूर्व ही तारा जलयात्रा की देवी के रूप में हिंदू देवकुल में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी थीं। बौद्ध साहित्य में तारा का उल्लेख छठी शती के पूर्व नहीं मिलता और वहाँ उन्हें जलयात्रा से भी नहीं जोड़ा गया है। तारा की शिल्पाकृतियाँ या प्रतिमाएँ भी छठी शती के पूर्व नहीं मिलतीं। इन सबसे यही लगता है कि तारा का प्रत्यय बौद्ध महायान संप्रदाय ने हिंदू देवकुल से ग्रहण किया। बौद्धों के और भी बहुत से देवताओं का मूलोद्गम हिंदू देवकुल है। सरस्वती और कुबेर तो अपने मूलरूप में ही ले लिए गए हैं, अवलोकितेश्वर के बहुत से रूपों पर भी ब्राह्मण देवताओं का स्पष्ट प्रभाव है। बौद्ध धर्म स्वीकार करनेवाले हिंदू अपने साथ अपने बहुत से पुराने देवताओं के प्रति श्रद्धासंस्कार भी लिए आते थे अतः उन्हें अपने देवकुल में संमिलित कर लेना बौद्धों को हितकर प्रतीत हुआ।

पुराणों के साक्ष्यानुसार तारा हिंदुओं के लिये जलमार्ग की देवी थीं अतः बहुत संभव है, उनकी आराधना करनेवालों में मुख्य रूप से मल्लाह, नाविक, और व्यापारी रहे हों। अत्यंत प्राचीन काल से ही इनका एकमात्र पथप्रदर्शक ध्रुवतारा रहा है अतः संभवतः इसीलिये उन्होंने जलयात्रा की देवी का नाम भी तारा रख दिया। यह स्वाभाविक ही था कि तटवर्ती प्रदेशों के इन जनसमुदायों को बौद्ध धर्मानुयायी अपनी ओर आकृष्ट करने के लिये उनकी अधिष्ठातृ देवी तारा को अपने देवकुल में स्थान देते। जैनों ने इन्हें संभवतः बौद्धों से ग्रहीत किया।

अब हम तारा के उद्गमस्थान की भी कुछ विवेचना कर लें। शास्त्री जी की धारणा है कि तारा का उद्गम और विकास लद्दाख के आस पास कहीं हुआ और वहाँ से तिब्बत और नेपाल होते हुए वह उत्तर भारत (मगध) में आईं। मगध से इनका प्रसार सारे भारत में हुआ। किंतु उपयुक्त प्रमाणों के अभाव के कारण यह सिद्धांत ठीक नहीं जँचता। यदि यह धारणा सत्य होती तो तारा की प्रथम प्रतिमाएँ लद्दाख, तिब्बत, या नेपाल में मिलतीं। इसके विपरीत उनका आदि स्रोत पश्चिमी भारत सिद्ध होता है जहाँ उन्हें अवलोकितेश्वर के ही समान शक्तियों से मंडित देखा गया है और उनके सदृश ही उन्हें भी श्रेणी और श्रद्धा दी गई है। उत्तरी दकन और पश्चिमी भारत की बौद्ध गुफाओं में उनकी प्रतिमाओं की बहुतायत देखने से लगता है कि कांचेरी, एलोरा, नासिक, औरंगाबाद और अजंता में उनकी अर्चना काफी प्रचलित हो चुकी थी। शैली के आधार पर इन सभी प्रतिमाओं का कालनिर्धारण छठी सातवीं ईसवी शती के

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आसपास ही ठहरता है और चूँकि इससे पूर्व की कोई प्रतिमा कहीं उपलब्ध नहीं, हम इन्हें प्राचीनतम मान सकते हैं। वे मूलतः जलयात्रा की देवी थीं अतः भारत के पश्चिमी तट पर उनकी प्रतिमाओं का पाया जाना आश्चर्यजनक नहीं लगता। पश्चिमी तट उन दिनों समुद्री यात्रा का प्रसिद्ध केंद्र था। यहाँ नाविक और व्यापारी अपनी सुरक्षा के लिये तारा का आह्वान और उनकी उपासना करते थे। उन्हीं के वैयक्तिक या सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप पश्चिमी भारत की बौद्ध गुफाओं में उनकी मूर्तियों का उत्कीर्णन हुआ।

पार्वती और तारा की समानता भी उल्लेखनीय है। प्राचीन ब्राह्मण साहित्य में तारा का उल्लेख पार्वती के ही एक अन्य नाम के रूप में हुआ है। शिव की सहवासिनी पार्वती का एक और नाम दुर्गा भी है। दुर्गा को सभी देवताओं की जननी माना गया है और बौद्ध धर्म में तारा को भी सभी देवताओं की जननी माना जाता है। अतः बौद्ध देवकुल में तारा को लाने का उद्देश्य उक्त धर्म में एक शक्तिशाली नारी अधिष्ठातृ को संमिलित करना जान पड़ता है। एलोरा में तारा की मूर्तियों के साथ उनकी जो स्तुतियाँ उत्कीर्ण हैं उनकी समता मारकंडेय पुराण में प्राप्त होती है। इससे महत्वपूर्ण एवं रोचक तथ्य प्राप्त होता है कि अष्ट महामाओं से रक्षा के लिये हिंदुओं द्वारा चंडी की पूजा ने भी बौद्धों को प्रेरणा दी कि वे अपने धर्म में भी ऐसी देवी की स्थापना करें।

*

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

निर्देश

ब्रह्मविद्या, द आद्यार लाइब्रेरी बुलेटिन, भाग १८, सं० ३-४, दिसंबर १९६४

सम सिमिलीज इन द ऋग्वेद [ऋग्वेद की कतिपय गूढ़ एवं अस्पष्ट उपमाओं का विवेचन]

—ए० वेंकटासुब्बैश्रा

एपिग्राफिकल नोट्स [मंदसोर अभिलेख का विवेचन]

— साधु राम

महाविद्या सिलोजिज्म [ग्यारहवीं शती के कुलार्क पंडित द्वारा प्रतिपादित महाविद्या न्याय का विवेचन]

—ई० आर० श्रीकृष्णशर्मा

शैविज्म इन मेडीवल राजस्थान [मध्यकालीन राजस्थान में शैवमत की स्थिति का विवेचन]

—जी० एन० शर्मा

द बुद्धचरित ऐंड द सांख्य आव अराड़कालम [अराड़कालम के दार्शनिक सिद्धांतों तथा सांख्य और बौद्ध दर्शनों पर उनके प्रभाव का विवेचन]

—के० वी० रामकृष्ण राव

द गद्यकर्णामृत आव सकलविद्याचक्रवर्तिन [सकलविद्या चक्रवर्ती कृत संस्कृत आख्यायिका गद्यकर्णामृत का विवेचन]

—एस० एस० जानकी

द निरुक्त वार्तिक आव नीलकंठ [यास्क के निरुक्त पर नीलकंठ के पद्यवार्तिक का विवेचन]

— के० कुंजुन्नि राजा

वाक, संख्या ६, दिसंबर १९६४

ग्लासरी आव संस्कृत फ्राम इंडोनेशिया [हिंदेशिया के संस्कृत आम लेखों, प्राचीन संस्कृत ग्रंथों, एवं पुराणों तथा महाकाव्यों के प्राचीन जावाई रूपांतरों में निहित संस्कृत सामग्री से संगृहीत शब्दों का उनके अर्थों के साथ संकलन]

—जे० ए० बी० वान बुइटेनेन तथा जे० एनसिंक

बुलेटिन आव द दकन कालेज रिसर्च इंस्टिट्यूट, भाग १४, १९६३-६४

द ओरिजिन आव तारा [तारोपासना के बौद्ध और ब्राह्मण स्रोतों का अनुशीलन]

—एम० के० धवलीकर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द सप्तनागाज आव देवगिरी [धारवाड़ जिलांतर्गत देवगिरि गाँव के मल्लिकार्जुन मंदिर में उत्कीर्ण सप्तनागों का विवेचन]

—नागराज राव तथा जमखेडकर

विष्णु इन विश्वरूप फ्राम नेपाल [विष्णु के विश्वरूप को व्यक्त करनेवाली नेपाल में प्राप्त प्रतिमाओं की विवेचन]

—पी० आर० शर्मा

परख, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़, संख्या १, १९६४

ए क्रिस्टिकल स्टडी आव आदिग्रंथ [आदिग्रंथ का आलोचनात्मक अध्ययन]

— डा० सुरिंदर सिंह कोहली

पंजाबी शार्टस्टोरी, इट्स ओरिजिन ऐंड डेवलपमेंट [पंजाबी कहानियों के उद्गम और विकास का अध्ययन]

—डा० एस० एस० उप्पल

द कंप्लीट पोएटिकल वर्क्स आव बाबा साधुजान [अठारहवीं शती के पंजाबी रहस्यवादी कवि बाबा साधुजान की कृतियों का अध्ययन]

—डा० धरमवीरसिंह जोल्ली

ए साइंटिफिक एप्रोच टु लैंग्वेज [पंजाबी का वर्णनात्मक भाषावैज्ञानिक विवेचन]

—डा० हरजीतसिंह गिल

ऐन एनालिसिस आव पंजाबी वावेल्स [पंजाबी भाषा के स्वरों का विवेचन]

—डा० गुरुबख्श सिंह

मिर्जा साहिबाँ [मिर्जा और साहिबाँ के लोकप्रिय पंजाबी प्रेमकथा का विवेचन]

—डा० वी० एन० तिवारी

परख संख्या १, १९६५

द कंसेप्ट आव माया इन आदि ग्रंथ [आदि ग्रंथ में वर्णित माया के स्वरूप का विवेचन]

— डा० सुरिंदरसिंह कोहली

ए क्रिटिकल स्टडी आव पंजाबी प्रोवर्ब्स [पंजाबी मुहावरों और कहावतों का आलोचनात्मक अध्ययन]

—डा० सोहिंदरसिंह बनजारा बेदी

सम ऐस्पेक्ट्स आव डोगरी लिंग्विस्टिक्स [डोगरी की कतिपय भाषावैज्ञानिक प्रवृत्तियों का विवेचन]

—प्रो० गौरीशंकर

द रोमांस आव सस्सी पुन्नुं [पंजाब की लोकप्रिय प्रेमकथा सस्सी पुन्नुं का विवेचन]

—डा० हरनामसिंह शान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

द ड्रैमेटिक ट्रेडिशन आव पंजाब [पंजाब की नाट्यपरंपरा का अनुशीलन]

—डा० हरचरन सिंह

बुलेटिन आव द स्कूल आव ओरिएंटल ऐंड अफ्रिकन स्टडीज, यूनिवर्सिटी आव लंदन, भाग १८, संख्या २, १९६५

इंडियाज फिलासफीज—हूज प्रीसपोजिशंस ? [भारतीय दर्शन का तात्विक विवेचन]

—ट्रुबिया जेलब्लम

द इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली, भाग ३८, संख्या ४, दिसंबर १९६२

भट्टोत्पल : हिज डेट, लाइफ, ऐंड राइटिंग्ज [संस्कृत में ज्योतिष के सुप्रसिद्ध लेखक भट्टोत्पल के जीवनवृत्त, कालनिर्णय तथा उनकी रचनाओं का विवेचन]

—अजयमित्र शास्त्री

इंटरेस्टिंग कुषाण टेराकोटाज ऐंड स्कल्पचर्स फ्राम राजस्थान [राजस्थान की कुषाणकालीन मृण्मूर्तियों तथा शिल्पकृतियों का परिचय]

— आर० सी० अग्रवाल

आन द हिस्टारिसिटी आव रामगुप्त [रामगुप्त की ऐतिहासिकता का विवेचन]

—निसार अहमद

वेदिक डीटीज : द मिस्ट्री बिहाइंड देयर मल्टिपुलनेस [वैदिक देवताओं की नामबहुलता का विवेचन]

—अमियकुमार चक्रवर्ती

प्लेस नेम्स इन वामनपुराण [वामनपुराण में आए भौगोलिक नामों की तालिका]

—शिवदास चौधरी

मुस्टैचिस—ए रेयर डिवाइस इन अर्ली इंडियन विष्णु ऐंड शिव इमेजेज [प्राचीन भारतीय मूछोंवाले विष्णु और शिव मूर्तियों का वर्णन]

—आर० सी० अग्रवाल

ए नोट आन द ब्रह्मदत्ताज आव काशी [काशी के प्राचीन राजा ब्रह्मदत्त की परंपरा का संक्षिप्त विवेचन]

—आर० बी० पांडेय

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

समीक्षा

रससिद्धांत : अंतर्दर्शन[1]

समीक्षापद्धति

हिंदी साहित्य के वर्तमान श्रेष्ठतम आलोचकों में डा० नगेंद्र का स्थान महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी आलोचनापद्धति को जिस रूप में पुष्ट और विकसित किया है उसमें साहित्यबोध, आलोचनसामर्थ्य और गंभीर अध्ययन की चेतना का अत्यंत स्वस्थ विकास लक्षित होता है। सौंदर्यबोध, विश्लेषणप्रतिभा, साहित्यिक सहृदयता और शास्त्रीय प्रज्ञा का संतुलित समन्वय उनकी आलोचनापद्धति का मूलाधार है।

पाश्चात्य आलोचनाशास्त्र के सिद्धांतभूत तत्वों का मंथन, मनोविज्ञान और मनोविश्लेषणशास्त्र की चेतना का प्रकाश और भारतीय काव्यशास्त्र की उपलब्धियों का समन्वय करते हुए उन्होंने साहित्यालोचन की समर्थ शैली का निदर्शन उपस्थित किया है।

प्रस्तुत आलोच्य ग्रंथ का उन्हीं के शब्दों में परिचय देते हुए कहा गया है—'पिछले ३० वर्षों में काव्य के मनन और चिंतन से मेरे मन में जो अंतःसंस्कार बनते रहे हैं उनकी संहति इस सिद्धांत में हो सकी है' और उनकी साहित्यसाधना का उत्तमांश 'रससिद्धांत' नामक प्रस्तुत ग्रंथ में परिणत है।

इस ग्रंथ में डा० नगेंद्र ने भारतीय रसशास्त्र का सैद्धांतिक और मूल रूप उपस्थित करने का सफल प्रयास किया है। उनकी सैद्धांतिक विवेचना का दृष्टिबोध मुख्य रूप से नाट्यशास्त्र, उसकी अभिनवभारती टीका और लोचनकार की व्याख्या से युक्त ध्वन्यालोक का सैद्धांतिक पक्ष उपस्थित करना है। पर इसका यह अर्थ नहीं कि भारतीय साहित्यशास्त्र के रससिद्धांत का निरूपण करनेवाले प्रमुख आचार्यों की विवेचना को उन्होंने उपेक्षित किया है। उन्होंने संस्कृत के साहित्यशास्त्रीय रससिद्धांत के प्रायः सभी प्रमुख आचार्यों के सैद्धांतिक पक्षों का

१, रससिद्धांत —लेखक, डा० नगेंद्र; अध्यक्ष, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रकाशक—नैशनल पब्लिशिंग हाउस, २६-ए, जवाहरनगर, दिल्ली–६। पृ० संख्या ३६३ मूल्य रु० २०।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तुलनात्मक और विश्लेषणात्मक मत भी उपस्थित किया है। इसके अतिरिक्त हिंदी, अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी के भारतीय काव्यशास्त्र संबंधी अथवा रससिद्धांतनिरूपक ग्रंथों के मतसार का उद्धरण मात्र ही नहीं दिया है अपितु उनका यथावश्यक व्याख्यान और प्रत्याख्यान भी किया है।

पाश्चात्य काव्यशास्त्र की संदर्भसंपृक्त मान्यताओं को, तुलनात्मक दृष्टि से उपस्थित करने के साथ साथ, आधुनिक मनोविज्ञान की प्रसंगानुकूल मान्यताओं और सिद्धांतों की वैज्ञानिक तुला पर रससिद्धांत को परखने का पूरी ईमानदारी के साथ प्रयत्न किया गया है। सब मिलाकर कह सकते हैं कि रससिद्धांत के विविध पक्षों को संस्कृत की साहित्यशास्त्रीय दृष्टि से एवं तलस्पर्शी शैली में डा० नगेंद्र की आलोचक मनीषा ने साकार और स्पष्ट रूप में मूर्तिमंत किया है। साथ ही उसे काव्यालोचन की पाश्चात्य दृष्टि से भी विश्लेषित और मूल्यांकित करने का उन्होंने प्रयत्न किया है। इसके अतिरिक्त मनोविज्ञान की कसौटी पर रस के स्थायी भावों, सात्विक भावों आदि की स्वरूपानुभूति और बोधप्रक्रिया को कसने का जो प्रयास ग्रंथकार ने किया है वह अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ग्रंथ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि लेखक ने बड़े ही व्यापक परिवेश में रससिद्धांत के विभिन्न पक्षों का स्पष्टता के साथ निरूपण किया है। जिस आचार्य के जिस सिद्धांतपक्ष का उपन्यास किया गया है उसकी प्रमुख उपलब्धियों और भेदक विशेषताओं की सूत्रबद्ध विवृति भी उपस्थित की गई है। शास्त्रीय प्रज्ञा, सौंदर्यबोध की चेतना सिद्धांतनिरूपण की क्षमता और रसबोध की सहज प्रतिभा ने ग्रंथ के सैद्धांतिक पक्ष को बुद्धिग्राह्य और तर्कपुष्ट बना दिया है।

ग्रंथकार द्वारा निष्कर्षित सभी मान्यताएँ और उपलब्धियाँ पूर्णतः स्वीकार्य ही हों, ऐसी बात नहीं है। फिर भी लेखक ने जिस आलोचकोचित निःसंगभाव से प्रज्ञा के पथ पर चलने का प्रयास किया है, वह उच्च कोटि की आलोचकमनीषा का स्वरूप उपस्थित करता है। अतः विचारों, तर्कों और उपलब्धियों से मतभेद रखते हुए भी प्रस्तुत कृति का मूल्य किसी प्रकार भी घटाया नहीं जा सकता।

आलोच्य कृति : अंतर्वीक्षण -

छह अध्यायों के इस ग्रंथ में लेखक ने रस के अनेक महत्वपूर्ण पक्षों का गंभीर अनुशीलन के साथ अध्ययन उपस्थित किया है। प्रथम अध्याय 'रस' शब्द और 'रस संप्रदायों' का ऐतिहासिक पक्ष सामने रखता है। 'रस' शब्द के ऐतिहासिक अर्थों का अनुमित विकासक्रम मनोवैज्ञानिक और अर्थवैकासिक क्रम से दिखाया गया है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

'रससंप्रदाय' का इतिवृत्त उपस्थित करते हुए लेखक ने संप्रदाय के उद्गम के संबंध में दो परिकल्पनाएँ प्रस्तुत की हैं। डा० कीथ की कल्पना को मानते हुए शृंगारमुक्तकों का आरंभिक स्रोत अथर्ववेद को माना गया है। अथर्ववेद के शृंगारपरक अभिचारमंत्रों में डा० नगेंद्र ने रस के मूल बीज की उद्भूति मानी है।

अपने इस मत का समर्थन उन्होंने 'रसानाथर्वणादपि' नाट्यशास्त्र के इस वचन से किया है। आगे चलकर लेखक का अनुमान है कि 'अथर्ववेद' के शृंगारपरक मंत्रों से रसपरंपरा का विकास—लौकिक प्रेमकथाओं से होता हुआ, कामसूत्रों तथा नाट्यकला से संबद्ध भरतपूर्ववर्ती आचार्यों से चलकर– भरत के नाट्यशास्त्र तक आया। 'रस' की विवेचना का उपलब्ध प्रथम ग्रंथ निश्चय ही 'नाट्यशास्त्र' है। उससे पूर्व भी नाट्यशास्त्रीय ग्रंथों में ही रससिद्धांत का संकेत मिलता है। पर वे ग्रंथ अब तक अनुपलब्ध हैं।

इस प्रसंग में लेखक ने वाल्मीकि रामायण को रसदृष्टि का आदि लौकिक काव्य माननेवाले विद्वानों के मत को यह कहकर अस्वीकृत किया है कि रामायण और महाभारत दोनों ही नीति-धर्म-परक ग्रंथ थे। परंतु 'रसदृष्टि' का घनिष्ठ संबंध था आमोदप्रधान लौकिक प्रेमाख्यानों तथा कामसूत्र के साथ। अथर्ववेद की शृंगारी परंपरा की धारा लौकिक प्रेमाख्यानों में बहती रही। शास्त्रीय पक्ष से कामसूत्र में ही उसका अब तक उपलब्ध आधारस्रोत कहा जा सकता है।

यह अनुमान मात्र है, निश्चित मत का निर्धारण यहाँ संभव नहीं। फिर भी दो बातें विचारणीय हो सकती हैं। प्रथम यह कि वाल्मीकि रामायण को रसदृष्टि का आदिग्रंथ माननेवालों में 'अभिनवगुप्त' का भी नाम महत्वपूर्ण है जिन्होंने नाट्यशास्त्र की विस्तृत टीका लिखी है और जो भरत के उस मत से परिचित थे जिसके अनुसार नाट्यवेद नामक पंचम वेद में 'अथर्वण' से रसग्रहण बताया गया है। दूसरी बात यह है कि 'कौटिल्य' के अर्थशास्त्र का समय यदि वात्स्यायन के 'कामसूत्र' के पूर्व का है तो अर्थशास्त्र के अनेक अंश भी इस सिद्धांत के उद्गमबीज की परिकल्पना में सहायक हो सकते हैं।

काव्यमीमांसा में पौराणिक शैली के क्रम में रसविवेचन का आरंभ शिव, ब्रह्मा और इंद्र से चलकर लोक में आचार्य नंदिकेश्वर तक पहुँचा है। लोक में उन्होंने ही उक्त परंपरानुसार 'रससिद्धांत' का सर्वप्रथम प्रवर्तन किया। कीर्तिधर के आधारपर अभिनवगुप्त आदि में भी रसपक्ष का उल्लेख किया गया है।

इन सबका निष्कर्ष इतना ही है कि भरत के पूर्व भी रससंप्रदाय प्रचलित था। स्वयं भरत ने अनेक रूपों से इसका संकेत दिया है और अनेक स्थानों पर विभिन्न मतमतांतर उद्धृत किए गए हैं। 'आनुवंशय' श्लोक भी इसी के समर्थक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

है। पर इस संदर्भ में इतना ही कह सकते हैं कि भरत से पूर्व शास्त्रीय स्तर पर रस का निरूपण करनेवाला कोई ग्रंथ आज उपलब्ध नहीं है। इसी कारण ग्रंथकार ने भरत के नाट्यशास्त्र से विवेचन आरंभ किया है।

प्रथम अध्याय के द्वितीय अंश में रससिद्धांत का इतिवृत्त बड़े ही विवेकपूर्वक क्रमबद्ध रूप में उपस्थित किया गया है।

इस प्रसंग में भरत का मत प्रस्तुत करते हुए उनकी रसदृष्टि का स्पष्टता और सूक्ष्मता के साथ, पर साथ ही संक्षेप में, सर्वांगीण रूप रखा गया है। नाट्यशास्त्र में बिखरी हुई नाना-संदर्भ-नियोजित रससामग्री का जो निरूपण हुआ है वह निश्चय ही ग्रंथकार का तत्वबोध सूचित करता है। इसमें रस को भरतमत से नाटक का प्राण बताया गया है। सूत्रधार और प्रेक्षक दोनों की दृष्टि से नाट्यसिद्धि के लिये जहाँ एक ओर 'भाव' और 'रस' प्रमुख स्थान रखते हैं, वहाँ दूसरी ओर नाट्य की प्रतिमा के घटक तत्वों में भी उन्हीं का प्राधान्य है। नाट्य के चार मुख्य अंगों (पाठ्य, अभिनय, संगीत और रस) में रस ही अन्य तीनों का नियंता है। फलत: नाट्य के उद्देश्यों में इसकी प्रधानता मानी गई है।

रससंप्रदाय का इतिवृत्त तीन चरणों में—(१) ध्वनिपूर्वकाल (रुद्रट तक), (२) ध्वनिकाल (आनंदवर्धन से भोजराज तक) तथा (३) ध्वनिपरवर्ती काल (मम्मट से पंडितराज जगन्नाथ तक) ग्रंथकार ने विभाजित किया है। प्रथम काल के अंतर्गत दो धाराओं का निर्देश हुआ है—(१) रसविरोधी धारा (जिसके समर्थक मम्मट, दंडी, वामन, उद्भट और रुद्रट आदि बताए गए हैं) और (२) रसवादी (या रससमर्थक) धारा। यह दूसरी धारा मुख्यतः नाट्यशास्त्र के व्याख्याकार 'भट्टलोल्लट' 'शंकुक' प्रभृति तथा 'रुद्रभट्ट' आदि की थी। यहाँ जिस धारा को 'रसविरोधी' कहा गया है उसे काव्य में (मुख्यतः श्रव्य काव्य में) 'रस को सर्वप्रमुख तत्व न माननेवाला' कहना अधिक संगत है। जिन 'भामह' को पहला रसविरोधी आचार्य कहा गया है उसके विषय में स्वयं लेखक कहता है 'भामह रसवर्णन की उपेक्षा कर सकते थे परंतु रस का बहिष्कार करना संभव नहीं था।' लेखक का कहना है कि 'भामह' काव्य को शब्दार्थरूप मानकर चले हैं और अलंकारयुक्त शब्दार्थ को वे काव्य मानते हैं। यहाँ यह ध्यान देने की बात है कि अर्थ की परिधि में आनेवाले रसभाव भी अर्थरूप ही हैं। परंतु उनका अलंकृत होना अनिवार्य है। रसादिरूप अर्थ को भी वे अलंकार का ही एक रूप मानकर काव्य का उपजीव्य स्वीकार करते हैं। अतः इस धारा के सभी आचार्यों में रस के प्रति कोई विरोधी भाव नहीं है। वे केवल रस की प्राणतत्वता और मुख्यता नहीं मानते। स्वयंआनंदवर्धन और उनके अनुयायी भी ध्वनि को काव्यात्मा घोषित करते हुए अव्यंग्य, पर अलंकारयुक्त, काव्य को भी काव्य का एक रूप तो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्वीकार करते ही हैं। वह अव्यंग्य काव्य भले ही तृतीय कोटि का काव्य हो पर वह भी काव्य ही कहा गया है। रस के विषय में दंडी अधिक उदार हैं और वामन ने भी किसी न किसी रूप में रसभावादि की सत्ता को (गौण रूप में ही सही) स्वीकार कर लिया है। उद्भट की नाट्यशास्त्रीय व्याख्या अनुपलब्ध है। अतः वे रस को चाहे वस्तुनिष्ठ ही मानते रहे हों, उसके विरोधी नहीं थे। रुद्रट ने अलंकारवादी परंपरा का अनुसरण करते हुए भी चार अध्यायों में स्वतंत्र रूप से रसविवेचन किया है। फलतः रस की महत्ता को वे स्पष्टतः स्वीकार करते हैं। संभवतः उन्हीं के रसाध्यायों की व्याख्या के रूप में रुद्रभट्ट ने 'नैव काव्ये रसाः स्मृताः' – का उद्घोष किया है।

रसवादी धारा में 'भट्टलोल्लट' आदि आचार्यों के ग्रंथ अनुपलब्ध हैं। भट्टतोत की स्थिति भी यही है। आनंदवर्धन के पूर्व का केवल रुद्रभट्ट का ही रसवादी ग्रंथ शृंगारतिलक आज प्राप्त है। हिंदी के उत्तरमध्यकालीन रीतिग्रंथों के अंतिम छोर तक उस प्रेरणा की प्रभावपरंपरा चलती रही, श्रव्यकाव्य और अलंकारशास्त्र के क्षेत्र में रुद्रभट्ट ने जिसे सर्वप्रथम स्फूर्ति प्रदान की थी।

ध्वनिकाल को लेखक ने रससिद्धांत को स्वर्णयुग कहा है। इसके अंतर्गत आनंदवर्धन, अभिनवगुप्त, भट्टनायक, भट्टतोत, धनिक, धनंजय, क्षेमेंद्र, भोजराज, आदि आते हैं। ध्वनिसिद्धांत की उपलब्धि इस युग की मुख्य देन है। लेखक ने अपने आलोच्य ग्रंथ में इस युग की मुख्य प्रवृत्तियों का बड़ी स्पष्टता से प्रज्ञासंमत विवेचन किया है। उन्होंने ध्वनिकाल को (१) रसवादी, (२) समन्वयवादी और (३) स्वतंत्र, इन तीन धाराओं में विभक्त किया है तथा तत्संबद्ध आचार्यों के दृष्टिपक्षों का तुलनात्मक विश्लेषण के साथ निरूपण भी किया है। रसवादी धारा में प्रत्यक्ष रसवादी भट्टनायक, भट्टतोत, अभिनवगुप्त, धनंजय, 'धनिक' और महिमभट्ट आदि हैं। अप्रत्यक्ष रसवादी धारा के अंतर्गत आनंदवर्धन, क्षेमेंद्र आदि का मतसार निरूपित किया गया है। यह प्रकरण जिस शास्त्रीय स्तर की ऊँचाई व्यक्त करता है उससे डा० नगेंद्र की मर्मग्राहकता का भव्य परिचय मिलता है। इस संदर्भ में लेखक ने औचित्यवादी 'क्षेमेंद्र', समन्वयवादी भोजराज, ध्वनिवादी आनंदवर्धन, और वक्रोक्तिवादी कुंतक के पक्षों का जैसा शास्त्रीय विवेचन किया है और उन्हें विश्लेषित रूप में जिस स्पष्टता के साथ सामने रखा है वैसा हिंदी अँग्रेजी के आलोचना ग्रंथों में कम ही उपलब्ध है। ऐसी ही मर्मज्ञता का आगे भी अनेक प्रसंगों में डा० नगेंद्र की लेखनी ने परिचय दिया है।

इसका अर्थ यह नहीं कि उनके सभी निष्कर्ष और सभी स्थापनाएँ सर्वथा मान्य हैं। कुछ प्रत्याख्येय भी हैं और कुछ मतभेद्य भी। उदाहरण के लिये भट्ट-

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नायक को असंदिग्ध रूप से शैव आनंदवादी निर्धारित किया गया है। यह सही है कि भट्टनायक की दृष्टि साधारणीकरण के वस्तुनिष्ठ और आत्मनिष्ठ मतों की मध्यवर्ती है और अधिक व्यावहारिक भी, फिर भी, उनका भोज्यभोजकवाद शैव आनंदवाद का ही एकांततः अनुगामी सिद्धांत है, यह सर्वथा असंदिग्ध रूप से स्वीकार्य नहीं हो सकता। विस्तार में न जाकर इतना ही कहना यहाँ पर्याप्त है कि शास्त्रीय दृष्टि से विचार करने पर उनका भोगवाद या भावकतावाद मीमांसकों की दार्शनिक मान्यता के अत्यंत निकट है। भावना शब्द और अर्थ संभवतः मीमांसादर्शन से यहाँ लिए गए हैं। अतः डा० नगेंद्र की स्थापना सर्वमान्य नहीं हो सकती। परंतु ऐसे अन्य मतभेदों के रहने पर भी इतना निःसंकोच कहा जा सकता है कि प्रस्तुत ग्रंथ के निर्माता ने अपने अध्ययन की जो उपलब्धियाँ उपस्थित की हैं वे अपने आपमें तर्कपुष्ट और असंगतिहीन हैं।

रस : आस्वाद्य या आस्वाद

प्रस्तुत ग्रंथ के दो अध्याय, (२) और (३), अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दूसरे अध्याय में विषयगत और विषयिगत रस की परिभाषा दी गई है। विषयगत रसदृष्टि के अनुसार रस आस्वाद्य होता है। वह अनुभूति का विषय है। वस्तुतः रमणीय भावमूलक स्थिति ही रस है। दूसरे शब्दों में, नाट्यसौंदर्य के माध्यम से स्थायी (भाव) की उपस्थिति रस है।

इस मत के प्रवर्तक भरत हैं। इसका स्वरूप उनके रसविवेचन में मिल जाता है। ध्वनिपूर्वकाल के अलंकारवादियों ने थोड़े बहुत परिवर्तन के साथ रस को विषयगत और आस्वाद्यरूप माना है।

शैवाद्वैतवादी अभिनवगुप्त ने अपने दार्शनिक सिद्धांत के अनुरूप रस को विषयिगत भूमिका पर प्रतिष्ठित किया। आलोच्य ग्रंथकार ने इस पक्ष को तर्कपुष्ट ढंग से सामने रखा है। उनके अनुसार रस का अर्थ है आनंद और आनंद विषयगत न होकर आत्मगत ही होता है। विषय तो आत्मपरामर्श या आत्मास्वाद का माध्यम मात्र है जिसके द्वारा प्रमाता को संविद्विश्रांति का लाभ होता है। यह संविद्विश्रांत ही आनंद है। तात्पर्य यह है कि जब प्रमाता वीतविघ्न और वेद्यांतरसंपर्कशून्य आत्मविश्रांतमयी आनंदचेतना में पूर्णतः निमग्न और तन्मय हो उठता है तब उसी तन्मयीभूत भावभूमिका की आत्मविश्रांतिमयी आनंदचेतना को रस कहा जाता है।

इस पक्ष में रस आस्वाद्य नहीं, आस्वाद है। वह आनंदस्वरूप है, ज्ञान या चेतनास्वरूप है और वही स्थितिविशेष में आत्मस्वरूप भी हो उठता है। इस पक्ष के अनुसार आस्वाद, आनंद, चेतना और तद्रूप आत्मा में पार्थक्य या

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भेद नहीं रह जाता। वह (रस) अनुभूति का विषय और आस्वाद का विषय न होकर रसमय अनुभूतिरूप और आस्वादरूप प्रमाता की रसचेतना है और साथ ही तदभिन्न चेतनारूप आत्मा भी है। अतः रस विषयगत नहीं, विषयिगत है; वस्तुरूप नहीं, आत्मस्थानीय है।

इस मत का अनुसरण अभिनवगुप्त के परवर्ती प्रायः अधिकांश आचार्यों ने किया है। पंडितराज जगन्नाथ तक यह मत पर्याप्त प्रचलित रहा और बाद में भी उक्त परंपरा चलती रही।

प्रस्तुत ग्रंथ में यह पक्ष स्पष्टता और गहराई के साथ विश्लेषित है। इस विवेचना से सिद्धांत और स्वरूप दोनों ही पाठक के समक्ष पूर्णतः स्पष्ट हो उठते हैं। तीसरा अर्थ भी (सामान्य काव्यसौंदर्य) बताया गया है। रस का स्वरूप निरूपित करते हुए बताया गया है कि विषयगत रस के रूप का मतप्रवाह अभिनवगुप्त तक पहुँचकर रुक गया और अभिनव द्वारा प्रतिपादित आस्वादपरक पक्ष ही आगे मान्य और प्रचलित हुआ। आस्वादपरक स्वरूप का निरूपण डा० नगेंद्र ने काफी विस्तार और गहराई के साथ किया है। इस प्रसंग में उन्होंने अभिनवगुप्त, साहित्यदर्पणकार विश्वनाथ और पंडितराज जगन्नाथ, तीनों की दृष्टि से स्पष्ट व्याख्या उपस्थित की है। इन समस्त विवरणों और व्याख्यानों में निष्कर्ष-सूत्रों द्वारा आधुनिक आलोचना की पदावली में प्राचीन सिद्धांतों का प्रस्तुतीकरण ग्रंथकार की अपनी विशेषता है। क्रमबद्ध निष्कर्षसूत्रों का विवेचन और तटस्थ भाव से उनका परीक्षण करते हुए ग्रंथकार ने मतप्रतिपादन की अत्यंत प्रौढ़ शैली सामने रखी है। सबसे बड़ी विशेषता यह है कि लेखक ने एक ओर तो भारतीय आचार्यों के पक्षों और दृष्टियों को आस्था और ईमानदारी के साथ उपस्थित किया है, दूसरी ओर मनोविज्ञान के शास्त्रीय बोध और पाश्चात्य आलोचना की नूतन चेतना के आलोक में भी उन मतों का निरीक्षण और मूल्यांकन करने का प्रयास किया है। उदाहरणार्थ निम्नांकित पंक्तियाँ उपस्थित की जा सकती हैं :

'संस्कृत काव्यशास्त्र के प्रतिनिधि आचार्यों के अनुसार शब्दार्थ के माध्यम से विशुद्ध भावभूमिका में आत्मचैतन्य के (आनंदमय) आस्वाद का नाम रस है।'

× × × ×

'आज ये प्रायः सभी स्थापनाएँ विवादास्पद हैं। रस के उपर्युक्त स्वरूप से तीन मौलिक प्रश्न उठते हैं—

(१) भावानुभूति और रसानुभूति का क्या संबंध है ?
(२) क्या रसानुभूति अनिवार्यतः आनंदमयी चेतना है ?
(३) यदि है, तो इस आनंद का स्वरूप क्या है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इनके समाधान के बिना आज के काव्यजिज्ञासु का परितोष नहीं हो सकता; अतः आधुनिक आलोचनाशास्त्र के प्रकाश में इनका विवेचन करना अनिवार्य है।'

शास्त्रीय स्थापनाओं को निर्भीक भाव से विवादास्पद कहते हुए जिन तीन मौलिक प्रश्नों को उठाकर आधुनिक आलोचनाशास्त्र के प्रकाश में परखने की बात लेखक ने कही है उनका भी विश्लेषण और परीक्षण किया गया है। क्रमशः लेखक के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं :

(१) भाव पर आश्रित होते हुए भी रस भावानुभूति से भिन्न है।

(२) दूसरे प्रश्न के संबंध में अत्यंत विस्तार से भारत और यूरोप के काव्यालोचकों (प्राचीन और आधुनिक) के मतसार के प्रकाश में विविध दृष्टियों का विस्तार से परिशीलन किया गया है। पाश्चात्य काव्यशास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, ललितकला-शास्त्र और आलोचनाशास्त्र की प्रमुख दृष्टियों से भी यह परखने का प्रयास हुआ है कि क्या रसानुभूति अनिवार्यतः आनंदमयी चेतना है? मनोवैज्ञानिक दृष्टि को भी प्रस्तुत विश्लेषण में अपनाने की चेष्टा हुई है। समर्थ तर्कों और बुद्धिसंमत वक्तव्यों द्वारा निष्कर्ष उपस्थित किया गया है : 'रस की अनुभूति प्रतिकार ही है। वह आनंदमयी चेतना ही है, विवाद शाब्दिक ही है, तार्किक नहीं।'

(३) तीसरे प्रश्न के संदर्भ में इसी प्रकार आनंद के ऐंद्रिय, रागात्मक, बौद्धिक (तीनो भौतिक) और आध्यात्मिक—इन चतुर्विध रूपों की भारतीय आलंकारिकों, और पाश्चात्य आलोचकों, दार्शनिकों और मनोवैज्ञानिकों के मतप्रकाश को लेकर विवेचनक्रम से निष्कर्ष निकाला गया है। कहा गया है – 'यह वास्तव में एक प्रकार का समंजित आस्वाद है जिसमें ऐंद्रिय, रागात्मक और बौद्धिक तत्वों का लवण-नीर-संयोग रहता है।' 'काव्य की अनुभूति या आनंद संवेदनरूप ही है। परंतु ये संवेदन स्थूल एवं प्रत्यक्ष न होकर सूक्ष्म एवं प्रतिबिंब-रूप होते हैं।'....'इस प्रकार काव्य से प्राप्त संवेदनों की स्थिति प्रत्यक्ष मानसिक संवेदनों से सूक्ष्मतर और बौद्धिक संवेदनों से अपेक्षाकृत अधिक प्रत्यक्ष एवं स्थूल ठहरती है। इसीलिये तो काव्यानुभूति में एक ओर ऐंद्रिय अनुभूति की स्थूलता एवं तीव्रता (ऐंद्रियता एवं कटुता) नहीं होती और दूसरी ओर बौद्धिक अनुभूति की अरूपता नहीं होती; और इसीलिये वह पहले से अधिक शुद्ध, परिष्कृत तथा दूसरी से अधिक सरल होती है।'

करुण रस और सुखास्वाद

इस अध्याय के अगले अंश में करुण रस के आस्वाद पर भारतीय साहित्य-शास्त्र के आचार्यों का मत उपस्थित किया गया है और उक्त रस के सुखात्मक एवं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

दुःखात्मक स्वरूप को सप्रमाण उद्धृत किया गया है। इतना ही नहीं, यूरोप के साहित्यालोचकों की स्वीकृत दृष्टियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं। प्लेटो से लेकर रिचर्ड्स तक के मुख्य मुख्य आलोचकों और दार्शनिकों के विचार सूत्ररूप में बताने की चेष्टा की गई है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल के पक्ष का भी विश्लेषण किया गया है।

रस के आनंदस्वरूप की विवेचना करते हुए शुक्ल जी के मत से यह बताया गया है कि—'हृदय की मुक्तावस्था रसदशा कहलाती है।' उन्होंने यह भी कहा है कि काव्य में प्रस्तुत विषय का साक्षात्कार व्यक्तित्व संबंध से मुक्त होता है। उसका ग्रहण योग-क्षेम-वासना की उपाधि से ग्रस्त हृदय द्वारा न होकर निरुपाधि, निर्विशेष, शुद्ध और मुक्त हृदय द्वारा होता है। उस अवस्था में अहं का विसर्जन और निस्संगता रहती है। शुक्ल जी कहते हैं—'इसी को चाहे लोकोत्तरत्व या ब्रह्मानंद का सहोदरत्व कहिए चाहे विभावन व्यापार का अलौकिकत्व।' शुक्ल जी के मत से उपर्युक्त कथन के आधार पर करुण रस का अनुभव भी कायमनःक्लेशी सुखदुःखानुभूति से भिन्न ऐसी मुक्तावस्था है जो क्षोभकारी लौकिक सुख दुःख की अपेक्षा अत्यंत उदात्त और अवदात भी है। डा० नगेंद्र जिसे काव्य से प्राप्त सूक्ष्म बिंबरूप संवेदन कहते हैं और जिसमें सामंजस्य और अन्विति की स्थिति मानते हैं वह अवस्था भी शुक्ल जी द्वारा कथित निस्संगता की अवस्था का ही एक स्वरूप है। उपकरणरूप में शुक्ल जी भी करुणादि रस में सुखसंपृक्ति मानते हैं और डा० नगेंद्र भी सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम बिंबबोध की लघुचेतना का संपर्क स्वीकार करते हैं। भेद में अभेदबुद्धि जिस प्रकार दुःखांशी उपकरण के अति सूक्ष्म बन जाने पर अभेद और अन्विति की सुखचेतना बन जाती है, उसी प्रकार शुक्ल जी का असंगतामूलक और विभावन व्यापार से अन्य भूमिकाधारी अनुभव भी दुःखाभावमय सुखरूप प्रत्यासत्ति का रूप धारण करता है। इस प्रसंग में शुक्ल जी का भी वही फलितार्थ है जिसे डा० नगेंद्र, स्वांतःसमाधानपरक मत कहते हैं। फलतः ग्रंथकार द्वारा शुक्लमत का प्रत्याख्यान शाब्दिक ही है, तात्विक नहीं।

इस संदर्भ में एक बात और भी ध्यान में रखनी चाहिए। शुक्ल जी ने प्राचीन रसमत का समर्थनमात्र नहीं किया है, अपितु उक्त सिद्धांत की नवीन व्याख्या भी की है और उसका नूतन परिष्कार भी किया है। स्वयं डा० नगेंद्र ने भी उनके मत को मौलिक चिंतन बताया है। अतः शास्त्रीय स्तर पर शुक्ल जी का दृष्टिभेद वस्तुतः उनकी आलोचनप्रज्ञा द्वारा नूतन मतप्रवर्तन है। अतः वह नई परिकल्पना है; त्रुटिपूर्ण पुरातन पक्ष नहीं।

रसनिष्पत्ति

तृतीय अध्याय में रस की निष्पत्ति का लेखक द्वारा विवेचन अत्यंत प्रौढ़ होने के साथ साथ प्रामाणिक और गंभीर अंतर्दृष्टि का परिचायक है। ४४ पृष्ठों में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

लेखक ने भरत के रससूत्र की शास्त्रीय व्याख्या की है। आगे चलकर लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक तथा अभिनवगुप्त, इन चार व्याख्याकारों के मतों का लेखक ने शास्त्रीय और विश्लेषणात्मक विवेचन किया है। इस निरूपण में भट्टलोल्लट के पक्ष का भाष्यात्मक व्याख्यान ग्रंथकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अभिनवगुप्त और मम्मट के ग्रंथों में लोल्लटमत के उद्धरणों को आधार मानकर विवेचना की गई है। प्राचीन और अर्वाचीन, दोनों प्रकार के व्याख्याकारों की व्याख्यादृष्टि से समस्त पक्षों का मूल्यांकन किया गया है। इस विवेचन का महत्व यह है कि लेखक ने शास्त्रीय बोध की प्रामाणिक चेतना को प्रस्तुत करने के साथ साथ आधुनिक मनोविज्ञान और आलोचनाशास्त्र की प्रौढ़ पदावली एवं अभिव्यक्ति शैली का पूर्ण परिचय दिया है।

रसव्याख्या

लेखक ने इस विवेचन में यहाँ और आगे भी इन आचार्यों के मतों की सीमा और शक्ति का विवेचन किया है; लोल्लट मत के सबल दुर्बल, उभय पक्षों का स्वरूप सामने रखा है। उन्होंने सप्रमाण सिद्ध किया गया है कि भट्टलोल्लट के मत से भरतसूत्र में प्रयुक्त रसनिष्पादक संयोग उत्पाद्य-उत्पादक गम्य-गमक पोष्य-पोषक संबंध हैं, अर्थात् उपचेय-उपचायक-संबंध। लोल्लट के विवेचन की दार्शनिक दृष्टि को असंदिग्ध रूप में वे निर्णीत नहीं मानते। इसी प्रकार शंकुक के मत का भी विस्तृत विवेचन किया गया है। उनके मत से रस का आधार नट को बताया है। रस भाव पर आश्रित ऐसी कलात्मक स्थिति है जिसमें अभिनयतत्व की प्रधानता और काव्यतत्व की गौणता है। यह मत भी भरतसंमत अर्थ के निकट है क्योंकि इसमें रस को अनुभूतिरूप न मानकर स्थितिरूप माना गया।

भट्टनायक की देन

रससिद्धांत के विकास में भट्टनायक का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ही सबसे पहले निर्भ्रांत रूप में रस का विवेचन किया। उन्होंने आत्म-विश्रांति तथा साधरणीकरण द्वारा करुणादि रस को भी आनंदरूप सिद्ध किया है। 'साधरणीकरण' का सिद्धांत उनकी सर्वोत्कृष्ट उपलब्धि है। लेखक के शब्दों में उक्त सिद्धांत के द्वारा भट्टनायक ने भारतीय आलोचनाशास्त्र के इतिहास में अभूतपूर्व सिद्धि प्राप्त की : "मेरी धारणा है कि विश्व के आलोचनाशास्त्र में भट्टनायक से पूर्व किसी आलोचक ने इस मूल प्रश्न का ऐसा प्रामाणिक समाधान प्रस्तुत नहीं किया।"

\+ \+ \+

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस अध्याय का 'ख' अंश 'रस का स्थान' निरूपित करता है। इसमें लेखक ने अनेक महत्वपूर्ण प्रश्नों को उठाकर शास्त्रीय और आधुनिक आलोचना-शैली में उनका समाधान किया है। लेखक का कथन है : "शब्दार्थ के माध्यम से भाव की कलात्मक अभिव्यक्ति काव्य है और उसका आनंदमय आस्वाद रस है"; अर्थात् शब्दार्थ के माध्यम से अभिव्यक्त भाव के आनंदमय आस्वाद का नाम रस है.। निश्चय ही यह आस्वाद विषयगत न होकर विषयिगत है, क्योंकि यह तो आस्वादयिता की ही अनुभूति है। लेखक कहता है, "अभिनव को यह सम्यक् रूप से ज्ञात था कि काव्यगत भाव का मूल आधार है कवि का अंतर्गत भाव।" ···"कवि का अंतर्गत भाव कविगत रस की ओर संकेत करता है जो काव्यरस का मूल है।···और उसका अनुसंधान कर लेने पर रस की स्थिति की समस्या हल हो जाती है।"

आस्वादन

डा० नगेंद्र ने काव्य के आस्वादन से संबद्ध तीन मूल सत्ताओं को लेकर—अर्थात् कवि, वस्तु और सहृदय की परिधि में—आधुनिक आलोचना, मनोविज्ञान और सौंदर्यबोध के दृष्टिकोण से विचार करते हुए गहराई से नाना पक्षों पर विचार किया है। उसका निष्कर्ष है काव्य पढ़कर या नाटक देखकर सहृदय को जो रसास्वादन होता है, उसकी मूल स्थिति उसी के हृदय में है, अर्थात् मूलतः वह उसी की 'अस्मिता' का आस्वादन है। परंतु यह तभी संभव है जब कवि अपनी अनुभूति को उस तक पहुँचाने में स्वयं अपनी अस्मिता का रस ले सका हो। नाटक में नट नटी के विषय में भी यह सत्य मानना पड़ेगा। ग्रंथकार ने उदाहरण द्वारा इस पक्ष को और स्पष्ट किया है।

साधारणीकरण

इस अध्याय का तृतीय अंश 'साधारणीकरण' के प्रसंग का विवेचन है। इस संदर्भ में लेखक ने आरंभ में भट्टनायक के मूल मत और अभिनवगुप्त के सपरिष्कार पक्ष का निरूपण किया है। साहित्यदर्पण और रसगंगाधर में विवृत मतदृष्टि से भी वह विवेचित है। आगे चलकर लेखक ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल के एतद्विषयक सिद्धांत का पक्ष बड़ी ईमानदारी से प्रस्तुत किया है। लेखक मानता है कि शुक्ल जी का मत भारतीय काव्यशास्त्रविषयक अनुसंधान का अंग न होकर स्वतंत्र चिंतन का ही परिणाम है और उस चिंतन की दृष्टि अतीत पर स्थिर न होकर वर्तमान पर है। उसका प्रतिपादन शुक्ल जी ने स्व-अभिमत लोकधर्म सिद्धांत के समर्थन में उद्धृत और व्याख्यात किया है। अतः उनका साधारणीकरण सिद्धांत भारतीय काव्यशास्त्र के सिद्धांतपक्ष का प्रतिपादन नहीं है, नवीन व्याख्या है। डा० नगेंद्र इसी रूप में उसका मूल्यांकन करते हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस अध्याय के अंत में कवि की अनुभूति का साधारणीकरण किस रूप में होता है, इसपर भी प्रकाश डाला गया है।

भाव : अभिधेय और व्याप्ति

चतुर्थ अध्याय के 'क' अंश में भावों का विवेचन किया गया है। भरत से आरंभ करके संस्कृत काव्यशास्त्र में भाव शब्द के प्रयोग का निर्धारण करते हुए बताया गया है कि सामान्यतः स्थायी और संचारी के लिये 'भाव' शब्द प्रयुक्त है। यद्यपि भारतीय काव्यशास्त्र में उसका अर्थ लौकिक मनोविकारों से भिन्न काव्यगत मनोविकार ही निश्चित रूप से स्वीकृत है, तथापि उसके आधार लौकिक मनोविकार ही हैं। पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक विवेचन के आधार पर भावों के अस्तित्व अनस्तित्व और उनके मानसिक एवं शारीरिक रूपों तथा क्रियाओं और प्रतिक्रियाओं पर विचार उपस्थित किए गए हैं। साथ ही संस्कृत काव्यशास्त्रीय स्वरूप से इतर, मनोवैज्ञानिकी दृष्टि से मौलिक, व्युत्पन्न और मिश्रित मनोविकार के रूप में उनका स्वरूप समझाने की चेष्टा हुई है। पाश्चात्य काव्यशास्त्र में केवल 'अरस्तू' ने भावों का जो थोड़ा बहुत स्वरूपांकन किया है, उसकी 'भरत' और अभिनव की मान्यताओं के संदर्भ में तुलना भी की गई है।

भावों के संख्यानिर्धारण में मैकडुगल के विचारों और उनके द्वारा विभिन्न स्तरों पर स्वीकृत और संशोधित धाराओं के अनुरूप मूल वृत्तियों और सहवर्ती मनोवेगों का विचार किया गया है। नव्य मनोविज्ञानवेत्ता रेनल्ड फ्लैचर के मत का आधार लेकर, भारतीय काव्यशास्त्र के स्थायी भावों की संख्या का निर्धारण सर्वथा निराधार नहीं माना जा सकता है, यह भी दिखाया गया है। इसी प्रकार का विवेचन संचारी भावों के संबंध में भी है।

इस संदर्भ में अनेक शंकाएँ भी अंकुरित होती और हुई हैं। इनका भी संक्षिप्त विवेचन इस प्रकरण के अंत में किया गया है। निष्कर्ष रूप में लेखक ने साहस के साथ कहा है : "संचारियों का विवेचन कम से कम यथावत् (संख्या और स्वरूप की दृष्टि से) स्वीकार्य नहीं कहा जा सकता।'

रससंख्या

'ख' अंश में रससंख्या पर लेखक ने काफी विस्तार से विचार किया है। भारतीय परंपरा में 'नवरस' की स्वीकृति सर्वाधिक मान्य और ग्राह्य है। संभवतः भरतकाल में ही या उससे भी पूर्व रससंख्या की मान्यता में मतभेद था। 'रुद्रट' ने एक और प्रेयान् रस जोड़ने का यत्न किया। पर वह मान्य नहीं हुआ। 'भोज' के ग्रंथों में प्रेयान्, उदात्त और उद्धत रसों का भी अभिवर्धन हुआ है। रामचंद्र गुणचंद्र ने व्यसन, दुःख और सुख, इन तीनों की संख्या और

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बढ़ाई। भानु मिश्र ने वात्सल्य, लौल्य और भक्ति के अतिरिक्त कार्पण्य और माया नामक रसों को बढ़ाया। इन सबकी चर्चा प्रस्तुत ग्रंथ में संक्षेप से मध्ययुगीन, रीतिकालीन ग्रंथकारों और भारतीय भाषाओं के आधुनिक आचार्यों के प्रमुख विचारों का संक्षिप्त मतसार और उनके रसनिष्ठ उपभेदों की भी चर्चा की गई है।

मूलरस : एक

एक मूलरस की कल्पना को लेकर और भवभूति के 'एको रसः करुण एव' से आरंभ कर लेखक ने काफी स्वच्छ विवेचन किया है। मूलरस के रूप में शांत रस की अभिनवगुप्त द्वारा की गई स्थापना का भी संक्षिप्त परिचय मिल जाता है। भोज और अग्निपुराण के शृंगार की मूलरसता की, जो अलंकार या अहं-वृत्ति-संभूत है, चर्चा की गई है। इस संदर्भ में केशव, चिंतामणि आदि की विवेचना का संक्षिप्त परिचय भी दिया गया है। अद्भुतरस को भी एकमात्र मूल रस नारायण पंडित ने चमत्कारसारता के आधार पर माना है। यहाँ एक और बात विचारणीय है। आजकल के व्यवहार में चमत्कार का जो अर्थ प्रचलित है उसी को पकड़कर चमत्कारवादी मान्यता की आचार्य शुक्ल ने काफी खिल्ली उड़ाई है। परंतु जैसा डा० नगेंद्र ने दिखाया है, चमत्कार शब्द भारतीय साहित्यशास्त्र का अत्यंत महत्वपूर्ण शब्द है। उसका संबंध जादूगरी या हाथ की सफाई से चौंकानेवाला न होकर लोकविलक्षण अनुभूतिबोध को सूचित करनेवाला है। अभिनव ने विघ्नरहित अर्थात् वीतविघ्न संवित्ति अर्थात् आंतरिक संवेदना अथवा आत्मप्रतीति को चमत्कार बताया है। यह संवित्ति, आत्मा के आनंदमय आस्वादनरूप की अबाधित प्रतिपत्ति है जो साधारणीकरण के तथाकथित लोकोत्तरसंवेद से अभिन्न है और जिसमें समस्त इतर वेद्य विगलित हो जाते हैं। उसे ही अभिनवगुप्त और मम्मट ने चमत्कारैकसार या चमत्कारैकप्राण बताया है। शुक्ल जी की भावुकताजन्य उक्त भ्रांति का यह निवारण बहुत ही स्वाभाविक है।

भक्तिरसावदियों के अनुसार भक्ति ही मूलरस है। इसका विस्तार 'भुक्तिबोध', 'भगवद्भक्तिरसायन' और गौड़ीय कृष्णभक्तों के संबद्ध ग्रंथों में मिलता है। इसी को भक्तों ने अप्राकृत रस का नाम देकर मूलरस कहा है।

अन्य प्रश्न : समाधान : मूल्यांकन

पंचम अध्याय के चार उपप्रकरणों में क्रमशः (१) रसों का परस्पर संबंध, (२) अंगी रस, (३) रसविघ्न (सामान्य-रस-दोष, प्रबंध-रस-दोष आदि) का, जिसे रसभंग भी कहा गया है, कवि की दृष्टि से तथा सहृदय की दृष्टि से भी विचार किया गया है और (४) रसाभास का शास्त्रीय परिचय प्रस्तुत हुआ है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छठा अध्याय वस्तुतः उपसंहारात्मक है। वहाँ रस की शक्ति और सीमा के परिप्रेक्ष्य में ग्रंथकार ने आकलनात्मक पक्ष के साथ साथ उक्त सिद्धांत का मूल्यांकन भी किया है। 'रस तथा भारतीय काव्यसिद्धांत' उपशीर्षक के अंतर्गत भारतीय दृष्टि का आकलनात्मक रूप से संक्षिप्त संकलन हुआ है; इसी प्रकार 'रस तथा पाश्चात्य काव्यशास्त्र के विभिन्न वाद' उपशीर्षक के अंतर्गत अनेक पाश्चात्य काव्यसिद्धांतों के साथ रसवाद की संगति या विसंगति दिखाने का क्रमिक रूप में प्रयास किया गया है। यहाँ अनेक वादों की संक्षिप्त, पर सारगर्भित समीक्षात्मक व्याख्या के प्रकाश में रसदृष्टि को समझने का प्रयत्न लक्षित होता है। 'रस तथा विभिन्न काव्यमूल्य' उपशीर्षक के अंतर्गत आधुनिक दृष्टि से प्राच्य मान्यताओं के प्रकाश में रसदृष्टि का मूल्यांकन किया गया है। ग्रंथकार ने इस अध्याय में कुछ उसी प्रकार रससिद्धांत की व्यापकता और अधिकाधिक संगतिशीलता दिखाने का मार्ग अपनाया है जो प्राचीन आचार्यों की पद्धति रही है। उस पद्धति में आग्रह और बुद्धिकौशल के साथ इतर तत्वों को स्वीकृत तत्वों के अंतर्गत समाविष्ट दिखाया जाता है। कुछ उसी प्रकार के उत्साह और आग्रह से डाक्टर साहब इस आलोचक-कर्म में प्रवृत्त दिखाई पड़ते हैं।

'रससिद्धांत के विरुद्ध आक्षेप और उनका समाधान' शीर्षक के अंतर्गत उक्त पद्धति से प्रयास किया गया है और आग्रहपूर्ण तर्कों से समाधान करने की चेष्टा की गई है। यहाँ भी लेखक के व्यापक अध्ययन और अनुशीलन तथा गंभीर मनन और चिंतन की परिणति दिखाई देती है। विवेच्य विषय के यथार्थ रूप को ग्रहण करने की जिस प्रज्ञा का स्वरूप आचार्य शुक्ल की समीक्षा में लक्षित हुआ है और विषय के संबंध में जैसी पैठ और पकड़ शुक्ल जी के निबंधों और ग्रंथों में दिखाई पड़ती है, वैसी पकड़, पैठ, गहराई और अभिव्यक्ति की स्पष्टता हिंदी के अंगुलिगण्य आलोचकों में विकसित हो पाई है। डा० नगेंद्र निश्चय ही उसी शृंखला के आलोचकों में अन्यतम समीक्षक हैं और उनका यह ग्रंथ असंदिग्ध रूप से महनीय कृति है। पुस्तक का मुद्रण और प्रकाशन अत्यंत शुद्ध, सुंदर तथा आकर्षक है एवं तदर्थ प्रकाशक भी धन्यवादार्ह हैं।

करुणापति त्रिपाठी

———

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

110783 ... विश्वविद्यालय

वार्षिक विषयसूची

निबंध

१—भारतीय और इस्लामी तत्वचिंतन की मूलभूत एकता —डा० रामप्रसाद त्रिपाठी ... १

२—शब्ददर्शन—रामस्वरूप शास्त्री ... १४

३—उत्तर क्षेत्रीय काली पालिश वाले भांड—शैलनाथ चतुर्वेदी ... ३५

४—अपभ्रंश और देशी—परममित्र शास्त्री ... ५७

५—प्रसादोत्तर नाटकों में संगीत—डा० श्रीमती गिरीश रस्तोगी ८२

६—अलीगढ़ विश्वविद्यालय के आजाद पुस्तकालय में संरक्षित कतिपय हिंदी पांडुलिपियाँ—शैलेश जैदी ... ६८

७—हिंदी भाषा का उद्भवकाल और मूलस्रोत—डा० शंभुनाथ सिंह १२१

८—अर्जुन का विषादयोग—एक मनोवैज्ञानिक विश्लेषण —डा० कन्हैयालाल सहल ... २४१

९—समुद्रगुप्त : मेहरौली-स्तंभ-अभिलेख का नरेश—श्रीराम गोयल २६१

१०—अमरकोश का मध्यकालीन हिंदी कोशों पर प्रभाव —डा० अचलानंद जखमोला ... २८२

११—भर्तृहरि की दृष्टि में अष्टाध्यायी का 'प्रकार' शब्द —डा० कपिलदेव शास्त्री ... ३०२

१२—बंबई का पारसी रंगमंच—डा० रणधीर उपाध्याय ... ३१६

१३—हिंदी नखशिख-काव्य-परंपरा—डा० शालग्राम गुप्त ... ३२५

१४—इतिहासवाद और ऐतिहासिक उपन्यास की सामाजिक उपयोगिता —डा० रमेश 'कुंतलमेघ' ... ३३५

१५—हिंदी व्याकरण का संक्षिप्त इतिहास—डा० राजाराम रस्तोगी ३४८

१६—वैदिक साहित्य में संन्यास की परंपरा —डा० इंद्रचंद्र शास्त्री अंक ४–पृ० १

१७—राजशेखर का प्रारंभिक जीवन : कुछ नवीन विचार —हरि अनंत फड़के अंक ४–पृ० २५

१८ रीतिकाल से पूर्व का खड़ी बोली गद्य —डा० प्रेमप्रकाश गौतम अंक ४–पृ० ३४

१९—जनमेजय पारीक्षित और उसकी राजधानी डा० देवेंद्र हाँडा अंक ४–पृ० ४१

२०—नियति और पुरुषार्थ के प्रकरण में दिनकर' —विकासचंद्र सिन्हा अंक ४–पृ० ५१

२१—हिंदी में अनुस्वार और अनुनासिक वर्ण—कमलमोहन अंक ४–पृ० ७७

पौराणिकी

पं० महावीरप्रसाद द्विवेदी के सम्रहसंग्रह से प्रस्तुत कुछ पत्र १५२, ३६३, अंक ४, पृ० ६४

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

110783

विमर्श

१ – वेलि किसन रुकमणी री का रचनाकाल
—मदनराज दौलतराम मेहता ... १७२

२—महाराष्ट्र के व्यवसायपरक उपनामों का विश्लेषण
—रामगोपाल सोनी ... १७३

३—छत्तीसगढ़ के लोकसाहित्य में वर्णित सिक्का 'कौड़ी' का विवेचन
—चंद्रकुमार अग्रवाल ... १७६

४—'खरभरा' या 'खरपरा'—डा० व्रजनारायण पुरोहित ... १७८

५—राजगिरि दुर्ग : एक टिप्पणी—हरिअनंत फड़के ... १८२

६—गोरक्ष मल्लिका संवाद और मल्लिका नाथ
डा० नागेंद्रनाथ उपाध्याय ... १८४

७—कवींद्राचार्य सरस्वती और कवींद्र परमानंद—प्रा० कृ० गं० दिवाकर १९०

८ - हिंदी अंग्रेजी कुमारी वीणा व्यास ... १९४

९ – संत नामदेव की हिंदी पदावली—डा० माताप्रसाद गुप्त ... ३७४

१०—आंचलिक उपन्यास—डा० पुष्पा हजेला ... ३८१

११—जोधराज हम्मीर रासो के रचयिता या परिष्कारक ?
—मूलचंद्र 'प्राणेश' ... ३८७

१२– रामकाव्य धारा का एक दुर्लभ वृहत् काव्य
—डा० गोपी वल्लभनेमी ... ३९५

१३—सायाँ झुला कृत नागदमण—डा० अंबाशंकर नागर ... ३९८

१४—स्मृतिकाल में वैदिक एवं पांचरात्र विचारधारा का संबंध
—सिद्धेश्वर भट्ट ... ४०३

१५—राजस्थानी भाषा और बोलियाँ—रूपचंद पारीक ... ४१४

१६—गोविंद हुलास नाटक का रचयिता—प्रभुदयाल मीतल अंक ४–पृ० १०४

१७—हिंदी में बावनी की परंपरा – अगरचंद नाहटा अंक ४–पृ० ११२

१८—पाणिनिस्मृत शिशुक्रंदीय : एक वैद्यक ग्रंथ
—रामशंकर भट्टाचार्य अंक ४–पृ० ११७

१९—निज कवि और उनका भ्रमरगीत—डा० भगवानदास तिवारी अंक ४–पृ० १२१

चयन २०१, ४२१, अंक ४-पृ० १३८

निर्देश ४२४, अंक ४-पृ० १४२

समीक्षा २०८, ४२६, अंक ४-पृ० १४५

पुस्तकालय
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभा के कुछ कोश—

लघुतर हिंदी शब्दसागर—संपा० पं० करुणापति त्रिपाठी। मूल्य ६.००
लघु हिंदी शब्दसागर—संपा० पं० करुणापति त्रिपाठी। मूल्य ११.००
संक्षिप्त हिंदी शब्दसागर—संपा० श्री रामचंद्र वर्मा। मूल्य १८.००

हिंदी शब्दसागर—संपूर्ण कोश १० खंडों में पूर्ण करने की योजना है। इसका प्रथम खंड प्रायः प्रकाशित हो गया है। दूसरा खंड प्रेस में है। अन्य खंडों का संपादनकार्य प्रायः समाप्त हो चला है। मूल्य प्रति भाग १८.००

हिंदी विश्वकोश—अंग्रेजी इनसाइक्लोपीडिया के ढंग का यह हिंदी विश्वकोश १० भागों में प्रकाशित करने की योजना है। इसके ५ भाग प्रकाशित हो चुके हैं। छठवाँ भाग प्रायः छप चुका है। अन्य भाग भी शीघ्र ही प्रकाशित होने वाले हैं। मूल्य साधारण संस्करण का २५) और विशेष संस्करण का ३०)

शीघ्र प्रकाशित होने वाली पुस्तकें—

१. धातु और क्रियापद—ले० पं० करुणापति त्रिपाठी
२. लालचंद्रिका—संपा० पं० सुधाकर पांडेय
३. मानस अनुशीलन—संपा० पं० सुधाकर पांडेय
४. कागद और लुगदी—ले० डॉ० फूलदेव सहाय वर्मा
५. लक्षणा और उसका हिंदी काव्य में प्रसार—ले० डॉ० राममूर्ति त्रिपाठी
६. हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास भाग २—संपा० डॉ० धीरेंद्र वर्मा
७. हिंदी विश्वकोश खंड ६

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सभा के कुछ नवीन प्रकाशन

हस्तलिखित हिंदी ग्रंथों का संक्षिप्त विवरण—(दो खंडों में)

सन् १६०० से १६५५ के प्राप्त हिंदी हस्तलिखित ग्रंथों का संक्षिप्त परिचय। मूल्य प्रति खंड ३०.००

मतिराम ग्रंथावली—संपा० स्व० कृष्णबिहारी मिश्र एवं डा० व्रजकिशोर मिश्र। यह पुस्तक मतिराम का सर्वांगीण अध्ययन प्रस्तुत करती है। ३५ वर्ष पूर्व प्रकाशित पुस्तक का पुनः संपादित एवं परिवर्धित संस्करण। प्रस्तुत पुस्तक में इस शोधयुग के अनुरूप गंभीर और अनुशीलन युक्त श्री करुणापति त्रिपाठी की भूमिका भी दी गई है। मूल्य १२.५०

मधुमालती वार्ता—संपा० डा० माता प्रसाद गुप्त।

हिंदी प्रेमाख्यानक काव्यों की परंपरा में 'मधुमालती' का प्रेमाख्यान कई लेखकों द्वारा प्रस्तुत किया गया है, किंतु चतुर्भुज दास की यह रचना उन सबसे लोकव्यवहार-परक है। मूल्य ८.००

खालिकबारी—संपा० डॉ० श्रीराम शर्मा—

अमीर खुसरो कृत खालिकबारी का अद्यतन मौलिक संपादन है। शोधपूर्ण विवेचनात्मक भूमिका तथा हिंदी शब्दों का भाषा वैज्ञानिक अभिधान भी है। मूल्य २.७५

हिंदी सगुण काव्य की सांस्कृतिक भूमिका—ले० डॉ० रामनरेश वर्मा। हिंदी सगुण काव्य के औचित्य पर शोधग्रंथ। मूल्य ११.००

निर्गुण साहित्य की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि—ले० डॉ० मोती सिंह। प्रस्तुत शोधग्रंथ में हिंदी के निर्गुण साहित्य पर पूर्ण विवेचनात्मक भूमिका है। मूल्य ७.५०

हिंदी साहित्य का बृहत इतिहास भाग १३—संपा० डॉ० लक्ष्मीनारायण 'सुधांशु'। बृहत इतिहास के इस भाग में सं० १६७५ से ६५ तक की अवधि में हिंदी समालोचना, निबंध और पत्रकारिता का विकास ऐतिहासिक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। मूल्य २५.००

मैंने कहा—ले० श्री लक्ष्मीकांत झा। मूल्य ५.५०

प्रस्तुत पुस्तक झा जी के वैयक्तिक निबंधों का संकलन है, इसमें लेखक की विद्वत्ता और सरल मनोभावों की बड़ी सुंदर व्यंजना है।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यह पुस्तक वितरित न की जाय
NOT TO BE ISSUED

सन्दर्भ ग्रन्थ
REFRENCE BOOK

Compiled
1999-2000

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri